हिन्दी में जिन उपन्यासों में दलितों/दलितों की जीवन स्थितियों का कमोबेश वर्णन हुआ उनकी संख्या पचास के लगभग है। इनमें भी पूर्णत: दलित विषयक उपन्यास आधे भी नहीं। दलित-चेतना सम्पन्न दृष्टिकोण से तो कोई भी उपन्यास सवर्ण-लेखक नहीं लिख पाये। दलित-विषयक तथा दलित-चेतना सम्पन्न उपन्यास में अन्तर है।गिरिराज किशोर (1937-2020) समकालीन हिन्दी साहित्य के प्रमुख यथार्थवादी- आदर्शवादी बहुमुखी प्रतिभा-सम्पन्न लेखक हैं। आपने उपन्यास के अतिरिक्त कहानी, नाटक, निबन्ध आदि विधाओं में बड़ी संख्या में रचना-कर्म किया। महात्मा गांधी के अफ्रीका प्रवास पर लिखा उपन्यास **'पहला गिरमिटिया'** गिरिराज किशोर की पहचान बन गया। 1966में प्रथम उपन्यास प्रकाशित होने से लेकर आपने दो दर्जन के करीब उपन्यास लिखे, जिनमें 'यथा प्रस्तावित', 'परिशिष्ट', 'ढाई घर', 'यातनाघर' आदि प्रमुख हैं। एक दर्जन कहानी संग्रह और इतने ही नाटक लिखने वाले इस लेखक ने बड़ी संख्या में ज्वलंत विषयों पर निबन्ध-लेखन भी किया है। आपको साहित्य अकादमी पुरस्कार, पद्मश्री अलंकरण व्यास पुरस्कार आदि अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिले। भारतीय उच्च अध्'न संस्थान, शिमला के फैलो रहे। आप कानपुर से निकलने वाली त्रैमासिक पत्रिका 'अकार' के संपादन मे भी संलग्न रहे।

विवेच्य उपन्यास **'परिशिष्ट'** का पहला संस्करण 1984 में निकला। लेखक का उद्देश्य आई.आई.टी. जैसे संस्थानों में पहली बार आरक्षण द्वारा दाखिला पास के दलित छात्रों के प्रति घृणा, द्वेष, ईर्ष्या, हिंसा की दमघोटू जानलेवा स्थितियों का चित्रण करना है जो उन्हें या तो पढ़ाई छोड़ने या आत्महत्या करने के लिए बाध्य करती हैं।

अनुकूल को उसके पिता जो एक फैक्टरी में कारीगर हैं तथा अपनी जाति (शायद चमार) के छोटे नेता, इलाके के लोकसभा सदस्य की सिफारिश से कानपुर आई.आई.टी. में उसे दाखिल करवा देते हैं। दसवीं के बाद हिन्दी माध्यम का छात्र अनुकूल आई.आई.टी. के दमघोटू माहौल में गांधीवादी धैर्य व सहनशीलता का परिचय देता है। फाईनल का दलित-छात्र राम उजागर

साहसी है, विद्रोही है तथा दलित-छात्रों की ही नहीं संस्थान के कर्मचारियों की भी ढाल बनता है। वह तकनीक व कैरियर की इस अंधी दौड़ में भी अपनी इन्सानियत बचाए रखता है। नीलम्मा (दक्षिण भारतीय सवर्ण लड़की) जो संस्थान में पीएच.डी कर रही है, का दोस्त मरणासन्न था तो राम उजागर उस लड़के की देखभाल करता है। बाद में नीलम्मा राम की दोस्त बनती है। पढ़ाई के अत्यन्त दबाव के कारण यहां हर वर्ष कोई-न-कोई छात्र आत्महत्या कर लेता है। एक छात्र की पंखे से लटकती हुई लाश को राम ही नीचे उतारता है। उसे गहरा आघात लगता है, तथा दिमागी रूप से बीमार पड़ने पर वह साल की छुट्टी लेकर गांव चला जाता है। नीलम्मा राम के गांव जाकर पुन: अपनी पढ़ाई शुरू करने के लिए उसे प्रेरित करती है। वापिस आकर वह कुछ स्थिर हुआ तो संस्थान द्वारा उसके अथक प्रयासों के बावजूद फिर से दाखिला नहीं मिल रहा। अन्तत: वह आत्महत्या कर लेता है। अनुकूल और नीलम्मा आत्मबल के सहारे आगे पढ़ाई जारी रखते हैं। जातिगत अपमान, संताप का मुख्य कारण दबंग सवर्ण छात्र गुट का नेता खन्ना है। राम उजागर साहस से उसका मुंह तोड़ जवाब देता रहा। अनुकूल उसे गांधीवादी अहिंसात्मक विनम्रता से पेश आता है। हालांकि खन्ना उसकी टांग तोड़ देता है। खन्ना धनाढ्य है तथा उसे फैकल्टी तथा प्रबन्धन की शह है। उपन्यास के प्रारम्भ में अनुकूल व उसके पिता से (एम.पी. के निवास पर) सवर्णों के अपमान का व्यवहार का वर्णन है तथा अन्त में राम की मृत्यु सम्बन्धी जांच रिपोर्ट तथा जांच अधिकारी के नाम राम के पिता सुबरन चौधरी का पत्र परिशिष्ट के रूप में दिया गया है।

गांधीवादी-आदर्श व आत्म-क्रान्ति के तौर तरीकों के गलबे ने उपन्यास में प्रस्तुत जीवन-यथार्थ को इकहरा तथा एकांगी बना दिया है। दलित-आंदोलन व अस्मिता का प्रतिरोधी स्वर यहां हारते हुए, खण्डित होते हुए दिखाया गया है लेकिन सवर्ण मानसिकता खलनायक नहीं बनती। हिन्दू-समाज की कुत्सित जातिगत-संरचना सम्बन्धी लेखक की समझ (समझदारी) का पता तो भूमिका में उनके वतव्य से ही लग जाता है - 'सच पूछिए तो जातियां अनुसूचित नहीं होतीं। मानसिकता ... होती है। मानना और समझना दोनों।'[6] उपन्यास में जो नायक (अनुकूल) है उसका परिचय लेखक ने इस प्रकार दिया है - 'अपनी उम्र के हिसाब से अनुकूल का कद लम्बा निकला था। काठी भी अच्छी थी। लोगों का कहना था, बामन-ठाकुर का-सा लगता है। आँखें बड़ी थीं। बाल घुंघराले थे। बोलता भी धीरे-धीरे था।'[7]

एक दो जगह 'अम्बेडकर महाराज' का नामोल्लेख भर है। बाबनराम (अनुकूल के पिता) लिखते हैं - 'तुम्हारी चिट्ठी आई तो घर में सत्यनारायण की कथा जैसा माहौल हो गया। ... लोग हमसे नफरत करते हैं, उन्हें करने दो। नफरत दीपक की तरह उसी घर को खाती है, जिसमें रहती है। हमें अपनी तरफ से किसी को नफरत करने की जरूरत नहीं। जाति के कारण क्या नफरत और क्या प्यार। हम तो हिन्दू हैं ... कौन जाने मरने के बाद कहाँ जन्म लें।'[8]

पूरे विमर्श को लेखक क्या कोण देना चाहता है, उपरोक्त उद्धरणों से स्पष्ट है। सदियों से शूद्रों पर निर्योग्यताएं लागू करने वाली, अपनी श्रेष्ठता का दम्भ पालने वाली ब्राह्मणवादी संस्कृति हर युग में नए-नए रूपों में सामने आती है। मानव-इतिहास में कमेरे-वर्ग के योगदान, उसकी योग्यता को इसी तरह उच्च जातियों के खाते में डाला जाता रहा। किसी को ब्राह्मणी का बेटा' (कबीर) कह दिया। किसी को 'ब्राह्मणी-सवर्ण' संस्कारों वाला दिखा दिया (अनुकूल)। उपन्यास में सत्यनारायण-कथा तथा पुनर्जन्म आदि मे दलित-पात्रों का विश्वास दिखाना दलित-चेतना व संस्कृति के प्रति गहरी मानसिक साजिश का आभास देता है। 'अनुसूचित जातियां नहीं मानसिकता होती है' कह कर लेखक सामाजिक-विमर्श तथा विश्लेषण को ही सिर के बल खड़ा कर देता है। आत्मशुद्धि, आत्मत्याग, आत्मिक-क्रान्ति, आत्म-विश्लेषण, आत्म-सन्तोष आदि शब्द दलित-विमर्श व चेतना के शब्द कदापि नहीं बल्कि दलित-दासत्व के काले-लेख लिखने वाले वे शब्द हैं जो सदियों से कर्मफल, भाग्य, पुनर्जन्म, स्वर्ग-नरक, आत्मा-परमात्मा की ब्राह्मणी विचारधारा के पोषक/संवाहक रहे। राम उजागर अपने मरने से पहले नीलम्मा, पिता तथा अनुकूल के नाम चिट्ठियां लिखता है। इन पात्रों में लेखक ने अपनी विचारधारा की जमकर मिलावट की है। एक बानगी ही बहुत होगी - 'हम हिन्दू हैं। हिन्दू ही पैदा होते हैं। जितना लेकर पैदा होते हैं, उसमें रत्ती-भर भी घटा-बढ़ा नहीं पाते लेकिन कभी-कभी बहुत भारी पड़ जाता है लेकिन एक आशा भी बंधती है कि इस चौरासी लक्षी यात्रा में शायद कभी कहीं भिन्न परिस्थितियों में पैदा होने का संयोग मिल जाए।'[9] यह वही राम है जो 'हिन्दू निरंकुशता' का मुकाबला करने के लिए भंगी, चमारों, धोबियों, गोंडों आदि सब दलितों के बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा देने की बात करता है। 'कबीर के निर्गुण बाने से काम चलने वाला नहीं है।' - यह उसका कथन है। यह वही राम है तो मैस में सवर्णों द्वारा दलित छात्रों से अपने जूठे बर्तन साफ करने को कहने पर शर्त रखता है। 'अगर सब अपने-अपने जूठे बर्तन साफ करेंगे तो हम भी करेंगे। ... इस तरह दलित-आत्म-सम्मान की रक्षा हुई। मैस वर्करों को हाऊस अलाउंस दिलवाने, खाना-भत्ता आदि बंधवाने की लड़ाई जीतने वाला राम इन चिट्ठियों में (लेखक की ही) पिलपिला नज़र आता है। यह मनोवैज्ञानिक रूप से भी अतार्किक है कि मृत्यु से पहले इतना कुछ लिखकर अथवा 'कथार्सिस' करने वाला व्यक्ति तत्काल उसी क्षण आत्महत्या कर ले, असंभव है।

राम उजागर को इस हालात में (आत्महत्या के समय) मैस वर्कर किसन आत्मीय व सांगठनिक समर्थन देता है। सभी वर्कर उसके अहसानों में दबे हैं। सामूहिक-संघर्ष में तपा व्यक्तित्व इस तरह भरभरा कर गिर जाए - यह संभव नहीं। तमाम अन्तर्विरोधों को लेखक जानबूझ कर स्वयं के वैचारिक पूर्वाग्रहों की वजह से अनदेखा ही नहीं करता, रचना की अन्तर्वस्तु का हिस्सा भी नहीं बनाता। समाज के ठोस धरातल पर भी लेखक कथानक में उभरे प्रश्नों, अन्तर्विरोधों, आत्मसंघर्षों को नहीं आने देता। समूची वस्तु, किसी धार्मिक बाबा के प्रवचनों की तरह दलित-जीवन यथार्थ को ही नहीं समूचे सामाजिक ढांचे के 'यथार्थ सृजनात्मक रूपान्तरण के कथानक' को क्षत-विक्षत कर देती है।

पूरे उपन्यास में 'दलित' शब्द का लेखक द्वारा प्रयोग न करना रचना व रचनाकार के उद्देश्य पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। गिरिराज किशोर जी का नायक अनुकूल नीलम्मा के बार-बार जोर देने पर भी जांच-अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं होता। राम की आत्महत्या की जांच व दोषी अधिकारियों को सजा दिलवाने के लिए कुछ छात्र तथा अध्यापक नीलम्मा के साथ राजधानी तक जाते हैं परन्त अनुकूल उनका साथ नहीं देता। जी.बी.सी. (जनरल बॉडी मीटिंग) में भी न चाहते हुए उसे आना पड़ा और बोलना भी पड़ा। यहां भी वह 'हम अपने-अपने गिरेबां में झांक-झांक कर देख लें। वहां जो लहूलुहान धरती है, उसे पोंछ दें।'[10] - कहकर मंच से चल दिया। 1984 तक (उपन्यास का प्रकाशन वर्ष) भारत में अम्बेडकर के चिन्तन का इतना प्रसार-प्रचार तो था ही जिससे लेखक अपनी यथार्थ-दृष्टि से गांधी की

उपरोक्त फिलॉसफी के बराबर उसे खड़ा करता, परन्तु लेखक अपने संस्कारों से मुक्त हो पाता तभी तो, दलित चिन्तकों का यह मत कि 'दलित ही दलित की पीड़ा को सही व विश्वस्त तरीके से अभिव्यक्त कर सकते हैं', गलत साबित हो पाता। काश! ऐसा हो पाये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. सोहनपाल सुमनाक्षर; विश्व धरातल पर दलित साहित्य; भारतीय दलित साहित्य अकादमी, दिल्ली; प्रथम संस्करण 1999; पृ. 84
2. डॉ. ए. अच्युतन; 'केरल का दलित साहित्य : एक विश्लेषण'; दलित साहित्य (वार्षिकी) सं. जय प्रकाश कर्दम; 2002; पृ. 87-88
3. कंवल भारती; दलित साहित्य की अवधारणा; बोधिसत्व प्रकाशन, रामपुर (उ.प्र.); प्रथम संस्करण 2006; पृ. 15
4. डॉ. विवेक कुमार; अम्बेडकरवादी लेखक का काव्य शास्त्र (लेख); अपेक्षा(पत्रिका) सं. तेज सिंह; अंक जुलाई-सितम्बर 2004; पृ. 21
5. रैल्फ फॉक्स; उपन्यास और लोकजीवन; पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली; दूसरा संस्करण 1979; पृ. 32
6. गिरिराज किशोर; परिशिष्ट; राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली; संस्करण 2003;
7. वही; पृ. 13
8. वही; पृ. 63
9. वही; पृ. 207
10. वही; पृ. 217

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भगवद्गीता गीता के संदर्भ में विभिन्न विचारधाराएं

डॉ. संध्या दावरे *

* सहायक प्राध्यापक, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,किला मैदान, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भगवद्गीता के चतुर्थ अध्याय में ही भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को भगवद्गीता कहने के पूर्व कहा था कि–

'इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम् ।
विश्वस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत्।।' (1)

भगवान् बोले– मैंने इस अविनाशी योग को सूर्य से कहा था, सूर्य ने अपने पुत्र वैवस्वत मनु ने कहा और मनु ने अपने पुत्र राजा इक्ष्वाकु से कहा।'(गवद्गीता 4.1)

अर्जुन ने गवान् का प्रतिवाद करते हुए कहा था कि– प्रभु! आपको जन्म तो अर्वाचीन–अभी हाल का है और सूर्य का जन्म तो बहुत पुराना है अर्थात् कल्प के आदि में हो चुका था, तब में इस बात को कैसे समझूं कि आप ही ने कल्प के आदि में सूर्य से यह योग कहा था?

भगवान् ने इस बात का खण्डन करते हुए कहा कि–

'बहूनि में व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन।
तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परन्तप।।'

भगवान् बोले– हे परन्तप अर्जुन! मेरे और तेरे बहुत से जन्म हो चुके हैं। उन सब को तू नहीं जानता, किन्तु में जानता हूँ। (गवद् गीता 4/5)

अर्जुन के द्वारा प्रत्यक्ष गवान् ने ही अर्जुन को दिया गया उपदेश सुरक्षित है। 'महा भारत' के शान्ति पर्व से ज्ञात होता है कि गवान् श्रीकृष्ण ने ही विवस्वान्, मनु, इक्ष्वाकु आदि की परम्परा से प्रवर्तित होता हुआ त्रेतायुग में ब्रह्म द्वारा लोक विख्यात हुआ। (महाभारत, शांति पर्व/348, 51, 52)

इसी शांति पर्व में वैशम्पायन, जनमेजय से ही बात कही है।

इस उपदेश के माध्यम से भागवत–धर्म का प्रधान ग्रंथ माना गया है। लोकमान्य तिलक ने व्यापक विवेचन के अनुसार भागवत धर्म का प्रादुर्भाव 1400 ईसा पूर्व पूर्ण किया है। (लोकमान्य तिलक–गीतारहस्य, पृ. 539–55 सन् 1917)

महाभारत की अपेक्षा भगवत् गीता को प्राय: सभी वाचकों ने महत्त्वपूर्ण माना है। 'गीता' के नीति–निर्देशों के अनुसार अपने मतों का सभी सम्प्रदायों ने समर्थन किया।

इस समय के विचारकों में, भारत के धार्मिक सम्प्रदायों के लिए उपनिषद्, गीता और ब्रह्मसूत्र के आधार रहे जिनके बिना समाज की परिपुष्टि नहीं की जा सकती।

भगवत्गीता में शंकर, रामानुजन, निबार्क, मध्व और वल्लभ जैसे गंभीर विचारकों ने अपने भाष्य लिखे हैं।

शंकराचार्य (745) – शंकराचार्य ने 'महाभारत' की तर्ज पर ही गीता का अर्थ ज्ञान–कर्म–समुच्चयात्मक किया है। शंकरार्चा ने वैदिक धर्म का खण्डन कर दूसरी ही गीता का भाष्य किया है।

शंकराचार्य का अभिमत है कि प्रवृत्ति प्रधान कर्मो को करने से ज्ञान की उपलब्धि नहीं हो सकती है। निवृत्ति प्रधान संन्यास–ज्ञान से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

रामानुज (1073 वि.) – रामानुजाचार्य ने अपने मत को 'विशिष्टाद्वैत' की प्रतिष्ठा की। अपने इस नए सम्प्रदाय की प्रतिष्ठा के लिए गीता भाष्य के 'प्रस्थानत्री' के रूप में व्याख्यायित किया है जिसमें गीता, उपनिषद और ब्रह्म सूत्र' के रूप में उनका भाष्य प्रसारित हुआ है।

शंकराचार्य ने मायावाद या अद्वैतवाद को मिथ्या सिद्ध किया है। एक चिद्विशिष्ट ईश्वर का प्रतिवादन करके भागवत् धर्म के अन्दर से एक विशिष्टाद्वैत की एक नई भावना को जन्म दिया।

निबार्क – निबार्काचार्य ने तीसरे सम्प्रदाय के रूप में 'द्वैताद्वैत' संप्रदाय जिनके प्रवर्तक निबार्क (1219 वि.) हुए। इन्होंने राधाकृष्ण की भक्ति का प्रतिपादन किया। निबार्क के मतानुसार जीव, जगत् और ईश्वर यद्यपि तीनों भिन्न है तथापि जीव और जगत का समग्र व्यापार ईश्वर के अधीन होने से स्वतंत्र नहीं है।

मध्व (1294 वि.)– प्रस्तुत सम्प्रदाय के प्रवर्तक मध्वार्चा (आनंद तीर्थ) हुए। उन्होंने भी प्रस्थानत्री पर भाष्य लिखा। इन्होंने भी गीता–भाष्य के अनुसार भक्ति को ही अंतिम निष्ठा बताया है। उनके अनुसार भक्ति की सिद्धि हो जाने पर कर्म करने की आवश्कता नहीं रहती है।

वल्लभाचार्य (1536 वि.) – पाँचवे शुद्धाद्वैत सम्प्रदाय के पहले आचार्य वल्लभ हुए। उन्होंने गीता धर्म को निवृत्ति विषयक पुष्टिमार्गी भक्ति कहा है। इनके अनुसार भगवान् ने अर्जुन के पहले सांख्य और कर्म का उपदेश दिया था और अन्त में भक्ति ही का अमृत पिलाकर पूर्ण काम किया। अनुग्रहपूर्वक भक्ति ही 'गीता' का अभीष्ट विषय है।

गीता का वास्तविक मर्म – इस प्रकार कम से कम 5 विद्धान आचार्यों ने अपने अपने विचारों के अनुसार गीता के मर्म को व्यक्त किया है। उपनिषदों के अद्वैत सिद्धांत के साथ भक्ति का सामंजस्य स्थापित करके बड़े बड़े कर्मवीरों के चरित्र और उनके जीवन की क्रमिक उत्पत्ति बनाना 'गीता' का प्रमुख उद्देश्य कहा है। अर्थात् ज्ञान–भक्ति–युक्त कर्मयोग को ही गीता का वास्तविक मर्म विद्धानों ने तय किया है।

वस्तुत: गीता में मीमांसकों ने तांत्रिक कर्मों का ही प्रतिपादन भर है, न ही उपनिषदों के लोक अमान्य ज्ञान का वर्णन और न ही उसका एकमात्र

उद्देश्य संन्यास जैसे कठिन जीवन का प्रतिपादन भर, न ही उपनिषदो के लोक-अमान्यं ज्ञान का वर्णन और न ही उसका एकमात्र उद्देश्य संन्यास जैसे कठिन जीवन का प्रतिपादन करना है। गीता का धर्म ऐसा धर्म है जिन में बुद्धि अर्थात् ज्ञान, प्रेम और भक्ति का सांमजस्य लोकानुग्रही मोक्ष का प्रतिपादन बडी सरलता से वर्णित है।

लोकमान्य तिलक ने गीता पर एक बृहद् ग्रंथ लिखा है जो श्रीमद्भागवत गीता-रहस्य अथवा कर्मयोग शास्त्र कहा गया है।

'गीता' की समग्र टीकाओं में शांकर भाष्य सर्वाधिक प्राचीन और प्रामाणिक है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने विविध भाष्य ग्रंथों में गीता और महाभारत के उद्धरणों को प्रमाणिक रूप से उद्धृत किया है। लोकमान्य तिलक के विचारों के अनुसार शंकराचार्य का समय 610 शक संवत् (745 विक्रम' संवत् 572)

'विष्णुपुराण' और 'पद्म पुराण' आदि ग्रथों में गवद्गीता' के अनुकरण पर गीता के अनेक संकलित पुराणों को दर्शाये गये हैं।

भारतीय दर्शनशास्त्र के सुविख्यात विद्वान् डॉ. राधाकृष्णन् के मतानुसार 'गीता' की रचना 500 ई.पूर्व में हुई। (डॉ. राधाकृष्णन्- इंडियन फिलासफी, जिल्द पहली,पृ.524)

कुछ विद्वानों ने 'गीता' तथा तथागत के सिद्धांतों का तुलनात्मक अध्ययन करने पर स्पष्ट किया कि 'गीता' में बौद्ध-विचारों का निर्देश पाया जाता है। जिनके अनुसार 'गीता' में दोषुक्त कर्म त्याग देने की बात कहीं गई।

'गीता', 'महाभारत' का ही अंश है। भारत युद्ध में होने वाले जाति क्षय और कुलक्षय को देखकर अर्जुन के मन में संन्यास ग्रहण करने की प्रबल इच्छा हो गई थी उसे दूर कर अर्जुन को कर्ममार्ग में प्रवृत्त करने के उद्देश्य से गवान् श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिया था वही 'गीता' में वर्णित है। 'गीता' में बताया गया है कि बुद्धि को सामवस्था में रखकर स्वधर्मानुसार जो कर्म किये जाते है वे ही मोक्ष देने वाले होते हैं। यही गीता का निष्कर्ष है। इसी का उपदेश देकर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को युद्ध में प्रवृत्त किया था। गवान् श्रीकृष्ण कहते हैं-

'अथ चेत्त्वमिमं धर्म्य सङ्ग्रामं न करिष्यसि।
ततः स्वधर्मं कीर्तिं च हित्वा पापमवाप्स्य॥' (33) 'गीता' 2/33)

किन्तु यदि तू इस धर्मयुक्त बुद्ध को नहीं करेगा तो स्वधर्म और क्रीर्ति को खोकर पाप को प्राप्त होगा।

भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बार बार बुद्ध के लिए निश्चय करने को कहा है।

'हतो वा प्राप्स्यसि स्वंर्ग' जिष्वा वा भोक्ष्य से महीम्।
तस्मादुत्ष्ठि कौन्तेंय युद्धाय कृतनिश्चयः॥ (2/37)

या तो तू युद्ध में मारा जाकर स्वर्ग को प्राप्त होगा अथवा संग्राम में जीतकर पृथ्वी का राज्य भोगेगा। इस कारण हे अर्जुन! तू युद्ध के लिए खड़ा हो जाएगा।

आगे भी यहीं कहा गया है कि-

'सुखदुःखे समे कृत्त्वा लाभालाभौ जयाजयौ ।
ततो युद्धा युज्स्व नैवं पापमवाप्ससि॥' (2/38)

जय-पराज, लाभ-हानि और सुख-दुःख को समान समझकर उसके बाद युद्ध के लिए तैयार हो जा, इस प्रकार युद्ध करने से तू पाप को नहीं प्राप्त होगा।

इस प्रकार उक्त श्लोकों से श्रीकृष्ण को अर्जुन ने युद्ध करने को प्रेरित करता है। अत: कर्म करने की प्रेरणा ही अर्जुन को दी गई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संस्कृत साहित्य का इतिहास- लेखक वाचस्पति गैरेला। चौखम्बा विद्या वन, वाराणसी 1,1960
2. श्रीमद्भागवत गीता-गीता प्रेस, गोरखपुर।
3. लोकमान्य तिलक-गवत् गीता रहस्य।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

वेदो में 'योग की प्राचीनता एवं उपादेयता'

डॉ. सविता वशिष्ठ*

* सहायक आचार्या एवं विभागाध्यक्षा (संस्कृत) जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुज़फ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – योग एवं यज्ञ भारतीय धर्म और अध्यात्म में मुख्य स्तम्भ के रूप में है। योग का वर्णन वेदों, उपनिषदों, भारतीय दर्शनों, श्रीमद्भगवतगीता आदि ग्रन्थो में मुख्य रूप से किया गया है।

योग एक अति प्राचीन क्रियात्मक विद्या है। भारतवर्ष में प्राचीनकाल से ही ऋषि, मुनि, साधु, महात्मा, ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थी, सन्यासी आदि सभी योगाभ्यास करते रहे हैं। यहाँ तक कि राजा–महाराजा भी ब्रह्ममुर्हत में जागृत होकर योगाभ्यास किया करते थे। पारम्परिक विचारधारा के अनुसार योग का लक्ष्य उस अवस्था को प्राप्त करना है, जिसे प्राप्त करके जीवात्मा समस्त दु:खों से मुक्त हो जाता है।

योग एक महत्वपूर्ण भारतीय विद्या है। अन्य विद्याओं की भाँति इस विद्या का मूल स्रोत भी वेदो में ही दृष्टिगोचर होता है (1) वेदों में योग से सम्बन्धित प्रमुख विचार सूत्र किसी एक स्थान पर नहीं अपितु चारों वेदों में ही यंत्र–तंत्र योगमूलक विचार दृष्टिगोचर होते है। प्रस्तुत शोध–पत्र में वर्णित विभिन्न गृन्थों के आधार पर योग की प्राचीनता और उपादेयता को दर्शाने का प्रयास किया जा रहा है।

वेदों में योग शब्द और इसका अर्थ– वेदों में योग मूलक अनेक ऋचाएं और मन्त्र प्राप्त होते है। जिनके आधार पर यही सिद्ध होता है कि योग एक वैदिक परम्परा है। यस्मादते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चना। स धीनां योगमिन्वति। (3) इस ऋचा का भाव यह है कि जिस देव के बिना ज्ञानी, विद्वान योगी का जीवनरूपी यज्ञ सिद्ध नहीं होता। उस देव में ज्ञानियों को अपनी बुद्धि एवं कार्यो का योग करना चाहिए। इस ऋचा में 'योग' शब्द का प्रयोग संयोग जोड़ने इत्यादि के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है यजुर्वेद के निम्न मंत्र के युक्तेन शब्द परमात्मा के साथ मन को जोड़ने के अर्थ में आया है– युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितु: सर्वे। स्वर्ग्याय शक्त्या। (4) अर्थात् सर्वस्रष्टा परमात्मा की भक्तिरूप यज्ञ में संलग्न मन से परमात्मा की प्राप्ति हेतु हम शक्तिपूर्वक यत्न करें अर्थात् हमारा मन सर्वदा परमेश्वर की आराधना में तल्लीन रहे। इस संलग्नता से व्यक्ति सीढ़ी दर सीढ़ी स्वर्गलोक पर आरोहण कर लेता है। इसके अतिरिक्त निम्न वेद मन्त्रो में भी युञ्जते 'युक्ताय' जैसे शब्द भी योग की प्राचीनता को स्पष्ट करते है। यथा 'युञ्जते मनठउत युञ्जते धिय:'(5) इस मन्त्र में युञ्जते शब्द दो बार प्रयुक्त हुआ। इस मंत्र के अतिरिक्त यजुर्वेद का निम्न प्रसिद्ध मंत्र में भी योग शब्द योगे योगे तपरन्तरं वाजे वाजे हवामहें। सरवाय S इन्द्रमूर्तये।। इसी के साथ ही साथ ऋग्वेद की निम्न ऋचाओं में 'योग' शब्द प्राप्त होता है–

इन्द्र: क्षेमें योगे हव्य इन्द:।(7)

इसमें योग शब्द का अर्थ प्राप्त होना अथवा प्राप्ति के अर्थ में किया गया है। इन्ही के साथ सामवेद के निम्न सन्दर्भो में भी यहाँ उल्लेखनीय है–

युञ्जन्ति ब्रह्ममरूषं चरन्तं परि तस्युब:
रोचन्ते रोचना दिवि।
युञ्जन्त्पस्य काम्या हरी विपक्षसारथे।
शोणा धृष्णु नृवाहसा।।

इस मंत्र में योग शबद 'युञ्ज' मूलक दोनो शब्द जीव और मनुष्य को परमेश्वर के साथ जोड़ना था संयुक्त होने के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है अथर्वेद के एक मन्त्र में भी योग शब्द निम्न रूपो में प्रयुक्त हुआ है। (10)

योग का अन्य समान अर्थवाची शब्द उपासना भी (11) उपनिबद् साहित्य में उपासना का अनेकश: वर्णन मिलता सक्षेप में हम कह सकते है कि योग एक प्राचानीतम् परम्परा है। वस्तुत: योग एक अत्यन्त समृद्ध तथा बहु आयामी परम्परा रही है परम्परा के अलग–अलग आयाम अलग–अलग साधना पद्धतियों पर आधारित है जैसे अष्टांग योग, क्रिपा योग, बंध योग, उपासना योग आदि। विभिन्न कालो में योग में श्रीमदभगवत्गीता में ज्ञान योग कर्मयोग, भक्तियोग भी विशेष रूप में चर्चित है। जिनके विषय में अध्ययन करने के लिए वेद ही प्रासंगिक है। इस महत्वपूर्ण विषय पर विचार करते समय अष्टांग योग, क्रियोयाग, ज्ञान योग कर्म योग और भक्ति योग पर दैनिक सन्दर्भ के साथ विचार किया जा रहा है।

अष्टांग योग– अथर्ववेद का एक महत्वपूर्ण मंत्र के जिसके अन्तर्गत इस यवमष्टा योगै:(12) इस मंत्र में अष्ट साधनाओं अथति अष्टांग का उल्लेख मिलता है यदि पातञ्जल योग प्रजीत अष्टांग योग के सम्दर्भ में इसका अर्थ ग्रहण करे तो इसमें थम नियम आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा ध्यान और समाधि वाला योग चिन्तनीय हो जाता है। (13)

महर्षि पतञ्जलि प्रतीत अटांग यौग में पाँच यम यनि गये है अहिंसा साथ, अस्तेप ब्रह्मचर्य और योग विद्या में शिव को प्रथम योगी, अदियोगी, आदि गुरू के रूप में माना जाता है भगवान शिव के पश्चात वैदिक ऋषि–मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। तत्पश्चात कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने इस योग अपने अपने अनुसार व्यक्त किया। इसके पश्चात महर्षि पतंजलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप से परिभाषित किया। इस रूप को सिद्धपंथ, शैवपथ, नागपथ, वैष्णवपंथ और शाक्त पंथ क्षरा अपने अपने अनुसार प्रदर्शित किया गया।

माहर्षि पतञ्जलि प्रवीत अष्टांग योग में पाँच यम माने गये है अहिंसा, साथ आन्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह (14), ये पंच महावृत दे और योगाभ्यासी को शासित करने वाले है (15) वेदों में इनके सन्दर्भ के कई मंत्र प्राप्त होते है। जैसे मा मा हिसी (16)। अर्थात हे रुद्र। मेरी हिंसा मत

करों।(17) अग्ने मा हिंसी (4) 'सत्येन(18) सत्यं यज्ञेन यज्ञ:'

ऋतं सत्यम्, ऋततं सत्यम्। वि मा पाप्मा पृडक्तम् (19) अर्थात मुझे पाप से हटाओं। अथर्ववेद में ब्रह्मचर्य और तप का प्रतिपादन किया गया है यथा- 'ब्रह्मचर्य तपाना देवा मृत्युमपाघ्नत' (20)। मा ग्रध कस्य स्विद्धनम् अर्थात् किसी के धन की लालसा न करना।

महर्षि पतञ्जलि द्वारा वर्णित नियमों की संख्या भी पांच शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान (22) इन सबके संकेत भी हमे वेदो में प्राप्त होते है जिनके आधार पर हम कह सकते है कि योग एक अति प्राचीन विद्या है यहाँ इस विषय में वेदों में कुछ मंत्र प्राप्त होते है यजुर्वेद के अनुसार पुनन्त मा देव जना। (23) विद्यया S मृतमश्नुते (24) वेदों में आसन विषपक भी प्राणायाम, प्रत्यांहार, धारणा ध्यान समाधि विषयक संकेत दृष्टिवय है तथा 'प्रणाय स्वाहा' वायवे विणपक संकेत द्रष्टव्य हो तथा प्राणाय स्वाहा वायवे स्वाहा, साम प्राण: प्रपहो (25) अर्थात प्राण की रक्षा से सामवेद को प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त श्रीमतदभगवद गीता में वर्णित जिन योगो का वर्णन किया गया है उनके सन्दर्भ में भी वेंदो में वर्णन प्राप्त होने से इस योग की प्रचीनता को जाना जा सकता है। ज्ञानयोग, कर्म योग एवं भक्ति योग के विषयक मत्रं हमे वेदों में देखने को मिलते है यथा -गीता के अनुसार 'ज्ञांन लव्ध्यवा' परां शान्तिम'। (24) अर्थात ज्ञान को पाकर मनुष्य परम शान्ति को प्राप्त करता है। इसी सन्दर्भ में ऋग्वेद की एक ऋचा में देखने को मिलता है। सुपर्णा संयुजा सखाया समान वृक्ष परिबस्वजाते। तयोस्य पिप्पलं स्वादत्यनश्नथ्यों अभ्यिचाकशीति। (25)

इसके अतिरिक्त कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। (26) का आधार यजुर्वेद के निम्न मंत्रो में देखने को मिलता है- ईवावास्यमिदं सर्व यत्किञ्च जगत्या जगत। कुर्वमेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छत समा:। (28)

वेदों भक्तियोंग उपासना ईश्वरप्रांजधान विषयक मंत्रों का अनेकश: उल्लेख मिलता है जिनके अनुशीलता से यही कहा जा सकता है कि योग का मूलाधार वद है वेदों में ही योगमलक तत्व बीज रूप में निहित है। वेद हमारी प्राचीनतम धरावर है जिसका विभिन्न काल खण्ड़ो में विकास होता रहा है। योग एक अति प्रचीन क्रियात्मक विद्या है योग के परम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जो योगाभ्यास किया जाता रहा है उनसे जो लाभ प्राप्त होता है इससे शरीर प्राप्त इन्द्रियां, मन, बुद्धि, स्वास्थ्य और बलवान होते है। इनमें अध्यात्मिक और लोकिक उपलब्धियां सम्मिलित की जाती है यमों और नियमों का पालन करने से बाहय और अन्त: करण शुद्ध हो जाते है प्राचीन काल में तो मोक्ष प्राप्ति के लक्ष्य को ध्यान में रखकर साधना की जाती थी। आधुनिक समय में योग-साधना का उपयोग मोक्ष के अतिरिक्त अन्य लाभो के लिए भी हो रहा है योग एक विस्तृत विज्ञान है। जिस प्रकार अन्य सब प्रकार के विज्ञान अनेक प्रकार की सुविधा प्रदान करके मानव जाति की सेवा कर रहे है उसी प्रकार योग विज्ञान भी मानवजाति की आत्यधिक सेवा करने में सम्पर्क है उदाहरण के रूप चिकित्सा विज्ञान जो कि शारीरिक और मानसिक रोगो को दूर करने के लिए योग उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करता है योग बौदिक क्षेत्र सामाजिक दोनो राजनेतिक क्षेत्र और मानसिक एवं धार्मिक क्षेत्र में भी योगदान करता है। शारीरिक स्तर पर योग के द्वारा शारीरिक बल बढ़ेगा विभिन्न प्रकार के शारीरिक रोग को नष्ट करने में उपयोगी है आसन और प्रणायाम् के अभ्यासे से शरीर में कृशल, मुख पर प्रसन्नता, नाद की स्फफटटा, शारीरिक स्वास्थ्य, वीर्य की स्थिरता, जठराग्नि की तीव्रता, नाडियों की विशुद्धता अनुभव होती है।

मनुष्य को योग के द्वारा सुन्दर बनाया जा सकता है योगाभ्यास द्वारा व्यक्ति दीघयिु होता है।हमारे ऋषि-मुनि के दीर्घजीवी होने का एक महा-कारण योग ही है।

प्राणिक स्तर पर योगाभ्यास द्वारा मनुष्य अपनी प्राणिक शक्ति (प्राप्त-शक्ति) की वृद्धि करता है।

इन्द्रियों के स्तर पर योगाभ्यास से इन्द्रियों में शक्ति बढ़ती है और इन्द्रियां मनुष्य के वश में हो जाती है। मानसिक स्तर पर योग द्वारा मन की एकाग्रता की वृद्धि होती है जैसे-जैसे मन की एकाग्रता बढ़ती है जैसे-जैसे मन की शक्ति में वृद्धि होती है प्रणायाम से यह एकाग्रता आती है।

बौद्धिक स्तर पर योगाभ्यास से मनुष्य अपनी बौद्धिक क्षमता की वृद्धि कर सकता है सत्यार्थ प्रकाश के तृतीय समुल्लास में कहा गया है कि बल पुरूषार्थ बढ़कर बुद्धि तीव्र सूक्ष्मरूप हो जाती है को बहुत कठिन और सूक्ष्म विषय को भी ग्रहण करती है।(29) समाजिक स्तर पर भी योग से बहुत लाभ प्राप्त होता है। यम और नियम के पालन से समाज में सुख-शान्ति की वृद्धि होती है हिंसा, झूठ, चोरी, बलात्कार की घटनाओं में कमी आयेगी। समाज के सामजस्य में वृद्धि होगी है। धार्मिकता में वृद्धि होती है विश्वशान्ति के लिए यम एक महत्वपूर्ण अंत है इसी प्रकार शान्ति के लिये नियम का पालन आवश्यक होता है राजनैतिक स्तर पर भी योग हमारी सहायता करता है यदि शासक और प्रशासक यन और नियम का पालन करने और कराने वाले होगी तो न्यायपूर्वक कार्य करेंगे।

इस प्रकार निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि योग आर्यो की सब से प्राचीन सम्पत्ति है यह एक ऐसी विद्या है जिसमें विषाद का स्थान नही है परन्तु संवाद का तो है क्योकि 'वादे वदि जायते तत्वबोध:' यह एक सर्वसम्मत अविसंवादि तथ्य है योग ही सर्वोत्तम मोक्षोपाय है । भव-ताम तापित जीवो को सर्व-सन्तापहार परमात्मा से मिलाने में योग और वेद ज्ञान साधन है कालक्रम से वैदिनक संसकृति का निरीक्षण करने से यह स्पष्ट हो जाता है।कि वैदिक काल से ही भारतीय जन के मानस संयम का प्रमुख साधन योग ही प्रचलित रहा है।

वैदिक संहिताँए एवं सहितेत्र साहित्य इसके पुष्ट प्रमाण है योग की अंतिम परिणति परमशान्ति है तथा वेद की अंतिम परिणति मोक्षप्राप्ति है। परमशान्ति एवं मोक्षप्राप्ति संसार के प्रत्येक समुदाय, सम्प्रदाय, मत और पन्थ को अपेक्षित है। वेद सर्व सत्यविधाओं का ग्रन्थ है। मानवीय जीवन की समस्याअें का समाधान वेद में निबद्ध है। यह मान्यता भी सर्वाविदित है।, सब सत्य विद्याओं में प्रमुख रूपेण ब्रह्मविद्या, आध्यात्मविद्या है, यह भी सर्वगत है। अत: सिद्ध हो जाता है कि वेदों को योमविद्या से घनिष्ट सम्बन्ध है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. अत्र चत्वारों विष्या: सन्ति, विज्ञान कर्मोपसनाज्ञान काण्ड में दात्। श्रीमद्दयानन्द सरस्वती स्वामी: ऋग्वेदादि भाष्य भमिक, 1987, पृष्ठ 39, भा0सा0 प्र0 ट्रस्ट दिल्ली।
2. ऋग्वेद
3. ऋग्वेद 1,18,7
4. यजुर्वेद 11,2
5. यजुर्वेद 11,4
6. यजुर्वेद 11.4 एवं ऋग्वेद 01-30-07
7. यजुर्वेद 10-11-10

8. सामवेद 1468
9. सामवेद 1469
10. अथर्ववेद 19-8002
11. श्रीमदयानन्द सरस्वती ऋग्वेदादिभाष्य।
12. अथर्ववेद- 06-09-1
13. पातञ्जल योमसूत्र - 2-29
14. पातञ्जल योगसूत्र
15. पा0-यो0 02 . 31
16. पा0पो0. 2-34
17. यजुर्वेद
18. यजुर्वेद
19. यजुर्वेद
20. यजुर्वेद
21. अथर्ववेद
22. यजुर्वेद
23. पातञ्जल पो0
24. श्रीमदभगवद्गीता ज्ञानयोग
25. ऋग्वेद 1-64-20
26. श्रीमदभगवद्गीता कर्मयोग
27. यजुर्वेद 40.1
28. यजुर्वेद 40.2
29. सत्यार्थ प्रकाश तृतीय समुल्लास पृ0 28

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

चिन्तन योग्यता प्रशिक्षण कार्यक्रम का विद्यार्थियों की समस्या-समाधान योग्यता पर प्रभाव का अध्ययन

डॉ. रेखा चौर्डिया*

* सहायक प्राध्यापक, महाराजा महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – शिक्षा मानव विकास की पूर्ण अभिव्यक्ति है। शिक्षा का अर्थ ज्ञानार्जन करने के साथ सुसंस्कारों एवं उत्तम व्यवहारों का निर्माण करना है। केवल तथ्यों का संग्रह करना ही शिक्षा नहीं बल्कि तथ्यों का विश्लेषण कर उससे ज्ञान का सृजन करने की योग्यता का विकास शिक्षा के अंतिम उद्देश्यों में सम्मिलित करना आवश्यक है। जीवन में उचित निर्णय लेने की क्षमता अर्जित करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। 'शिक्षा','शिक्षण' एवं 'अधिगम' व्यवहार में परिवर्तन लाने की प्रक्रियाएँ है। अधिगम के माध्यम से व्यक्ति के चिन्तन कौशल एवं अनुभूति करने सम्बन्धी व्यवहार में परिवर्तन लाया जाता है। चिन्तन-क्षमता का विकास शिक्षा की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण परिणाम है। शिक्षा के परिणामस्वरूप व्यक्ति उचित और अनुचित में भेद करना सीखता है और अपेक्षित दिशा में चिन्तन करते हुए सही निर्णय पर पहुँचता है। भारतीय वैदिक साहित्य में न्याय दर्शन में चिन्तन कौशल के विकास पर बल दिया गया है। सिल्वरमेन (1978) ने चिन्तन को परिभाषित करते हुए कहा है कि –'चिन्तन एक ऐसी मानसिक प्रक्रिया है जो उद्दीपक तथा घटनाओं के प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व द्वारा किसी समस्या का समाधान करने में सहायक होती है।' मनुष्य के व्यवहार में स्पष्टता, सुसंगतता, वस्तुनिष्ठता, निर्णयन क्षमता, यथार्थता एवं तर्क क्षमता के साथ तथ्यों को स्वीकार या अस्वीकार करने की क्षमता व्यक्ति की चिन्तन योग्यता स्तर पर निर्भर करती है। इस तरह चिन्तन एक ऐसा प्रयोजनपूर्ण प्रतीकात्मक संज्ञानात्मक व्यवहार है जिसमें विभिन्न मानसिक बिम्बों तथा प्रतीकों का प्रयोग करते हुए समस्या विशेष का मानसिक समाधान खोजा जाता है।इस प्रकार चिन्तन क्षमता शिक्षा की प्रक्रिया से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण पक्ष है।

अधिगम एवं चिन्तन : अधिगमकर्ता की सक्रिय सहभागिता के लिए उसकी बौद्धिक सहभागिता महत्वपूर्ण होती है। बौद्धिक सहभागिता के लिए चिन्तन का होना आवश्यक है। इस प्रकार गुणवत्तापूर्ण अधिगम तभी सम्भव है जब अधिगमकर्ता शिक्षण-अधिगम की सम्पूर्ण प्रक्रिया में विषय-शिक्षक के मार्गदर्शन में स्वयं चिन्तन करते हुए किसी निर्णय पर पहुँचने की क्षमता अर्जित करे। इस दृष्टि से चिन्तन के विविध आयामों की पहचान करके विषयवस्तु के अध्यापन में उन आयामों को सम्मिलित करना अध्यापन-कौषलों का एक महत्वपूर्ण घटक होना चाहिए।

औचित्य एवं समस्या कथन : कक्षा-शिक्षण में शिक्षकों द्वारा विषय-अध्यापन के माध्यम से विद्यार्थियों में चिन्तन-योग्यता विकसित किए जाने के लिए आवष्यक है कि शिक्षकों को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाए कि वे

1. अपने विद्यार्थियों में चिन्तन-योग्यता को अधिगम कौशल के रूप में पहचानना सीखें।
2. कक्षा-अध्यापन में अभ्यास की अवधि में ऐसे पाठों के निर्माण पर बल दिया जाए।

सकारात्मक चिंतन व्यक्ति को उच्च स्तर का आत्मविश्वास तो प्रदान करता ही है साथ ही समस्या समाधान में भी सहायक होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में आरम्भ में ही परिचय के अन्तर्गत विषयवस्तु के विस्तार की तुलना में विद्यार्थियों की समस्या-समाधान और तार्किक क्षमता के विकास पर बल दिया गया है। रचनात्मक रूप से चिन्तन करते हुए विविध विषयों के मध्य अंतर्संबंधों को देख पाने की क्षमता और नयी जानकारी को नए और बदलती परिस्थितियों या क्षेत्रों में उपयोग में लाने की क्षमता के विकास करने की आवश्यकता पर भी बल दिया है।

विद्यालयों में विद्यार्थियों से कक्षा अध्यापन के दौरान चर्चा करने पर अनुभव हुआ कि उनको यदि प्रेरित किया जाए तो स्मरण स्तर से ऊपर के स्तर के प्रष्नों के उत्तर वे विश्लेषणात्मक विचार प्रक्रिया के आधार पर देने का प्रयास करते हैं। इस आयु में यदि विद्यार्थियों को दैनिक अध्यापन के साथ चिन्तन योग्यता विकसित करने हेतु योजनाबद्ध प्रशिक्षण दिया जाए तो संभावना है कि किशोर विद्यार्थी लाभान्वित हों। इस आधार पर चिन्तन योग्यता प्रशिक्षण कार्यक्रम का विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता पर प्रभाव देखने की योजना बनाई गई।

चिन्तन योग्यता विकास शिक्षण कार्यक्रम (Thinking Ability Training Programme - TATP): चिन्तन के विभिन्न आयामों **स्पष्टता (Clarity), सुसंगतता (Relevance), वस्तुनिष्ठता (Objectivity), यथार्थता (Precision), तर्क क्षमता (Reasoning), निर्णयन क्षमता (Decision Making)** के आधार पर विद्यार्थियों के चिन्तन के विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का अभिकल्पन किया गया जिसमें कक्षा 9 में सामाजिक अध्ययन विषय के अन्तर्गत अर्थशास्त्र विषय से सम्बन्धित विषयवस्तु के अध्यापन के लिए कुछ विशिष्ट गतिविधियों का संयोजन किया गया । चिन्तन के विभिन्न आयामों के आधार पर विभिन्न गतिविधियों का संयोजन किया गया जैसे – मस्तिष्क मानचित्रण (Mind Mapping), आरेख, अपठित गद्यांश का प्रश्नात्मक विश्लेषण,विषय से सम्बन्धित अवधारणाओं को दैनिक जीवन से सम्बन्धित कर उदाहरण देना K-W-L गतिविधि, शब्दों में सम्बन्ध

स्थापित करना या सादृष्य स्थापित करना, क्रम निर्धारण गतिविधि, संख्याओं एवं पाठ्य वस्तु को कूटबद्ध करना , दी गई घटना का लिखित विवरण पढ़ कर सम्बन्धित तथ्यों का विवरण प्रस्तुत करना, दिए गए चित्र का विवरण प्रस्तुत करना आदि। इस प्रकार लगभग 10 गतिविधियों का संयोजन किया गया।

स्वतंत्र एवं आश्रित चर : चिन्तन योग्यता प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वतंत्र चर एवं समस्या समाधान योग्यता आश्रित चर के रूप में लिये गये।

उद्देश्य : चिन्तन योग्यता प्रशिक्षण कार्यक्रम का विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता पर प्रभाव का अध्ययन करना। इसी उद्देश्य के सन्दर्भ में शून्य परिकल्पना के निर्माण के साथ अध्ययन किया गया।

प्रविधि: प्रस्तुत अध्ययन में प्रयोगात्मक अध्ययन अभिकल्प को अपनाया गया।

न्यादर्श : शा.क.उ.मा.वि.दशाहरा मैदान उज्जैन की 143 बालिकाओं को न्यादर्श के रूप में सम्मिलित किया गया।

उपकरण : शोधाकर्ताओं द्वारा निर्मित समस्या समाधान योग्यता परीक्षण (विश्वसनीयता गुणांक मान 0.79 उच्च धनात्मक)

सांख्यिकीय विश्लेषण : प्रयोगात्मक एवं नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता,के तुलनात्मक अध्ययन के लिए M (Mean), SD (Standard Deviation) एवं t (t-test) के मानों की गणना की गई।

चिन्तन योग्यता के प्रशिक्षण हेतु विकसित कार्यक्रम के द्वारा प्रयोगात्मक समूह को प्रशिक्षित करने के पश्चात् विद्यार्थियों की चिन्तन योग्यता के विकास का प्रभाव विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता पर देखने के लिए प्रयोगात्मक एवं नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता के मध्यमानों की तुलना 't' परीक्षण के माध्यम से की गई। जिसका विस्तृत विवरण तालिका क्रमांक 1 में प्रस्तुत है।

Group	Sample	Mean	S.D.	df	t-value
प्रयोगात्मक समूह	71	67.02	12.20	141	5.817**
नियंत्रित समूह	72	52.46	17.32		

तालिका क्र. 1 के अनुसार प्रयोगात्मक एवं नियंत्रित समूहों के विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता के मध्यमानों की तुलना के लिए t का मान 5.817 पाया गया जो 141 df के लिए 0.01 स्तर पर सार्थक पाया गया एवं प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों के मध्यमान नियंत्रित समूह की तुलना में उच्च स्तर के पाये गये।

निष्कर्ष : प्रयोगात्मक समूह के विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता का स्तर नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की समस्या समाधान योग्यता स्तर से उच्च पाया गया।

उपरोक्त शोध-परिणाम के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रचलित अध्यापन पद्धति में आवश्यक संशोधन किए जाएँ। प्रस्तुत शोधकार्य में निर्मित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रयुक्त गतिविधियों को प्रशिक्षु-अध्यापक अध्यापन-अभ्यास में सम्मिलित करने का प्रयास करते हुए चिन्तन के आयामों के आधार पर शिक्षण करें तो विद्यार्थी लाभान्वित होंगे परिणामत: शिक्षा, शिक्षण और अधिगम की क्रिया सफलता पूर्वक सम्पन्न होगी साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर यह एक सकारात्मक कदम होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Silverman (1978). Psychology. p.138. Quoted in Singh, Arun kumar (2008). Sangynatmak Manovigyan, Delhi : Motilal Banarasi Das. (P. 502).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

आज की ज्वलन्त समस्या- डिप्रेशन या तनाव

डॉ. अर्चना बापना *

* एडवान्स महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - आज विश्व की प्रमुख समस्याओं में से एक सबसे बड़ी समस्या है- बढ़ता मानसिक तनाव या अवसाद। यह एक ऐसी समस्या है जिससे आधुनिकता और विकास के हमारे सारे तर्क बेमानी लगने लगे है। इतना पैसा, समृति) विकास आखिर किस काम का यदि हम सुख और शन्ति की नींद भी न ले सकें। आखिर ऐसी उन्नति किस काम की जो अशन्ति पैदा करती है हमें सुख से जीने नहीं देती। विकास की इस आधुनिक दौड़ ने हमें संचय करना तो सिखाया, लेकिन त्याग के मूल्य को समाप्त कर दिया जो हमें सुख देता था। विकास ने हम सोने के लिए मखमली गेद्दे तो दे दिए लेकिन वो नींद छीन ली जो चटाई पर भी सुकून से आती थी। निश्चित ही हम किसी परिपूर्ण दिशा में आगें नहीं बढ़ रहे है। विकास को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जीवन की सुख शन्ति से भी समझौता नहीं किया जा सकता।

डिप्रेशन या अवसाद क्या है- अवसाद या डिप्रेशन का तात्पर्य मनोविज्ञान के क्षैत्र में मनोभाव- सम्बन्धी दुख है। यह एक मानसिक समस्या है। हम सभी ने अपनी जिन्दगी के किसी न किसी पड़ाव पर स्वंय को उदास और हताश महसुस किया होगा। असफलता संघर्ष और किसी अपने से बिछुड जाने के कारण दुखी होना बहुत ही आम और सामान्य है। परन्तु अगर अप्रसन्नता, दुख, लाचारी, निराशा जैसी भावनायें कुछ दिनों से लेकर कुछ महीनों तक बनी रहती है और व्यक्ति को सामान्य रूप से अपनी दिनचर्या जारी रखने में भी असमर्थ बना देती है तब यह डिप्रेश्न नामक मानसिक रोग का संकेत हो सकता है।

आर्युर्विज्ञान में कोई भी व्यक्ति अवसाद की अवस्था में स्वंय को लाचार और निराशा महसूस करता है। उस व्यक्ति विशेष के लिए सुख-शन्ति, सफलता, खुशी यहां तक कि सम्बन्ध तक बैमानी हो जाने है। उसे सर्वत्र **निराषा, तनाव, अशान्ति, अरूचि** प्रतीत होती है।

अवसाद जिसे हम डिप्रेशन के नाम से जानते है एक ऐसी बीमारी है जिसने पुरे विश्व को हैरान कर रखा है। भारत में भी आर्थिक और भैतिक उन्नति के साथ-साथ यह बीमारी तेजी से अपने पांव पसार रही है। भारत में आज चार महिलाओं में से एक महिला और दस में से एक पुरूष अवसाद प्रवृत्त होते है। कुछ युवा पीढ़ि अवसाद के लक्षणों के बाद शराब और मादक दवाओं को ग्रहण करने लगते है डेली चौथ बड़ कारण था। युवा अवस्था प्रेम सम्बंध को लेकर भी गंभीर होती है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में अपने जीवन साथी के प्रति बहुत अधिक लगाव प्रमुखता या असफल प्रेमी होना भी इसकी वजह है।

डिप्रेशन की अवस्था में व्यक्ति स्वयं को लाचार और निराशा महसूस करता है। उस व्यक्ति विशेष के लिए **सुख-शान्ति, सफलता, खुशी को रिश्ते-नाते सब बेमानी** लगते है।

डिप्रेश्न के भैतिक कारण भी अनेक होते है इनमें **कुपोषण, अनुवांशिकता, हार्मोन, मौसम, तनाव, बीमारी,** नशा अप्रिय स्थितियो में लम्बे समय तक रहना आदि प्रमुख है। इनके अतिरिक्त डिप्रेशन के 90% रोगियों में नींद की समस्या होती है। डिप्रेशन अक्सर दिमाग के न्यूरो टोसमीटर्स की कमी के कारण भी होता है। न्यूरो टासमीटर्स के दिमांग में पाए जाने वाले रसायन होते है।

डिप्रेशन के कुछ प्रमुख कारण- डिप्रेशन का कोई एक कारण नही होता क्योंकि यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि किसी को डिप्रेशन किस कारण से हुआ है। चिकित्सकों व एक्सपर्टस का यह मानना है कि डिप्रेशन के पीछे किसी कारण की कोई भूमिका नहीं होती। ये अलग-अलग कारणों से हो सकता है।

डिप्रेशन के कुछ सामान्य कारण निम्नलिखित है:

1. **अस्वस्थ मनोदशा-** एक, ऐसी मनोदशा होती है। जिसके ठीक नहीं होने से हमें सुख का अनुभव नहीं होता। इसमें चिंता उदासीनता, खालीपन, निराषा, घबराहट आदि सम्मिलित है। इन सभी के कारण अगर हमें सुख ना मिले तो हम हमेशा दुखी रहते है। हमारा मानसिक स्तर प्रभावित होता रहता है। हमारे मन में नकारात्मक विचार उठते रहते है। इससे हमें डिप्रेशन की समस्या हो सकती है।
2. **निंद की कमी-** मनुष्य को मानसिक व शरीरीक रूप से स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी है नींद पूरी करना 24 घंटे में कम से कम 7-8 घंटे की अच्छी नींद लेने की आवश्यकता होती है। अगर वह अपनी नींद जो पूरी नहीं कर पाता है तो उसे थकावट महसूस होगी। व आलस्य उसे हर काम में लगेगा। फलस्वरूप वो अपने काम को टालता रहता है। इससे न सिर्फ काम ही पीछे रह जाता है बल्कि व्यक्ति को भंयकर डिप्रेशन भी हो सकता है।
3. **संज्ञानात्मक-** संज्ञानात्मक अर्थात सोचने की क्षमता का कम होना इसके कारण व्यक्ति की एकाग्रता में कमी हो सकती है। वह हर छोटी-छोटी चीजों को भूल जाता है और उसे कुछ भी याद नहीं रहता। ये सब चीजे है जो मनुष्य को डिप्रेशन का शिकार बना सकती है।
4. **नशा-** नशा करने वाला कोई भी व्यक्ति जीवन के उत्तार-चढ़ाव का सामना करने की क्षमता को खो देता है। नशें से ग्रस्त लोग डरपोक है सकते है। और वास्तविकता से इतना दूर हो जाते है कि यदि उसे वास्तविक जीवन की थोड़ी सी परेशानी सामने दिखती है तो वह तुरंत डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। नशा डिप्रेशन का एक बहुत बड़ा कारण है।
5. **सामाजिक-** बंधन डिप्रेशन का एक कारण हमारा समाज भी है। समाज

के डर से कुछ त्योंग डिप्रेशन का शिकार हो जाते है। समाज में लोग क्या कहेगें इस डर से इंसान अपनी बनी बनाई हुई जिंदगी को बेकार कर लेता है।

अन्य कारण:

1. तनावपूर्ण घटनाएं।
2. आर्थिक समस्याए।
3. पुरानी बीमारी।
4. अनुवांशिक।
5. मनो.सामाजिक अंसतुलन।
6. हार्मोन असंतुलन।

डिप्रेशन के लक्षण:

1. आत्मसम्मान की कमी।
2. बेबजह थकान महसूस होना।
3. उदास मन।
4. बेचैनी।
5. चिडचिडापन।
6. निराशा महसूस करना।
7. सोचने और निर्णय लेने में कठिनाई।
8. अपराध बोध।
9. नकारात्मक सोचना।
10. नींद में गडबड़ी।
11. सिर व शरीर में दर्द।
12. भूख में परिवर्तन।

डिप्रेशन का निवारण– यदि आप डिप्रेशन से पीडित है तो घवराइये नहीं इसका इलाज है। बस आप को थोड़ा हौसला रखना पडेगा जो आप को डिप्रेशन से निकालने में सहायक होगा इसका निवारण हम निम्न प्रकार से कर सकते है।

1. **नियमित व्यायाम योग–ध्यान–** मनुष्य को हफ्ते में कम से कम उसे 5 दिन 30 मिनिट के लिए व्यायाम अवश्य करना चाहिए। नियमित व्यायाम शरीर में एंडोर्फिन्स नामक हार्मोन्स को बढ़ाता है जो मूड को अच्छा करता है जिसके कारण हम स्वस्थ रहते है।
2. **नशीले पदार्थ का सेवन ना करें–** शराब और नशीले पदार्थ आपको कुछ समय के लिए राहत पहुंचा सकते है पर लम्बे समय तक इसका सेवन डिप्रेशन और चिंता को और बढ़ा सकता है।
3. **अच्छी भरपूर नींद–** इसके लिए अच्छी नींद लिजिए। 7–8 घंट की पर्याप्त नींद से डिप्रेशन से काफी हद तक राहत मिलती है। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखिए।
4. **मनो चिकित्सक की सहायता ले–** इसमें आप मनो चिकित्सक के साथ बात करके नकारात्मक भावनाओं से निपटने के लिए कौशल सीख सकते है। आप परिवार या समूह चिकित्सा सत्र से भी लाभ उठा सकते है।
5. सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीये, सकारात्मक सोच से परिणाम भी सकारात्मक होते है।
6. प्रतिस्पर्धा से बचे। दूर रहे।
7. हीन भावना सोच से बाहर निकले। इश्वर भक्ति पूजा भजन से भी मानसिक, आत्मिक शान्ति मिलती है और डिप्रेशन से निकलने में बहुत अधिक मदद मिलती है।
8. **प्रतिस्पर्धा से बचे, दूर रहें–** आधुनिक युग में प्रतिस्पर्धा दिनों दिन बढ़ती जा रही है। प्रतिस्पर्धा के कारण व्यक्ति में तनाव की स्थितियॉ निर्मित होती जा रही है। अत: अनावशयक प्रतिस्पर्धा से बचे। अपनी जितनी आय हो उतना ही खर्च करें। बराबरी न करें।
9. हीन भावना से बचें। हर व्यक्ति में अपना–अपना हुनर होता है प्रतिभा होती है किसी व्यक्ति को ज्यादा मान सम्मान प्राप्त हो तो हीन भावना से ग्रसित नहीं होना चाहिए। हमेशा प्रसन्नसित रहना चाहिए। स्वस्थ मस्त रहना चाहिए। अपने जीवन को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाना चाहिए डिप्रेशन को कभी अपने जीवन में स्थान न दे।

डिप्रेशन से मुक्ति में जैन सिद्धान्त उपयोग– जैन धर्म के संस्थापक भगवान महावीर ने अपनी साधना के बल से कुछ ऐसे नवीन अनुसन्धान किये है, जिन्हे यदि स्वीकार कर लिया जाए तो मनुष्य अवसाद में जा ही नहीं सकता।

अनेकान्तवाद और अवसाद से मुक्ति – भगवान महावीर ने वस्तु का स्वरूप समझते समय उसे अनेकान्तात्मक बतलाया है आचर्य अमृतचन्द्र ने आत्मख्याति टीका में लिखा है जो तत् है वही अतत है, जो एक है वही अनेक है, जो सत् है वही असत है, जो नित्य है वही अनित्य है, इस प्रकार एक वस्तु में वस्तुत्व की उपजाने वाली परस्पर विरूद्ध दो शक्तियों का प्रकाशित के स्वभाव में है। यह दार्शनिक सिद्धान्त समझ लिया जाय तो मनुष्य विरोध को स्वीकार कर पायेगा और जीवन में मानसिक सन्तुलन नहीं खोएगा। यह स्वीकार ही व्यक्ति को आधे से अधिक तनाव से मुक्त कर देता है और वह सुखी हो जाता है।

कर्म सिद्धान्त और अवसाद से मुक्ति– जो जैसा करता है वह वैसा ही भरता है। यह सामान्य कर्म सिद्धान्त है, जो सम्पूर्ण भारतीय जनमानस में समाया हुआ है जैन कर्म सिद्धान्त में इसकी गहरी मीमांसा की गयी है। जैन दर्षन के अनुसार यह सृष्टि अनादि अनन्त है। इसका कोई निर्माता या नियन्ता अनुकूल या प्रतिकूल भोगते है। इस सिद्धान्त के अनुसार व्यक्ति अपने कर्मो के लिए स्वंय उत्तरदायी होता है। वह जानता है कि यह अपने द्धारा किए गये। शुभाशुभ भावों का फल खुद ही भोगने वाला है, पाप के फल में उसे कोई शरण देने वाला नहीं है। अत: अशुभ कर्मो से यथा शक्ति बचाने का प्रयास करता है। तथा प्रतिकूलताओं में स्वंय कृत कर्मो का ही प्रतिफल जानकर शान्तचिन्त ही रहता है। ऐसा चिन्त करने से मनुष्य व्यर्थ ही तनावग्रस्त नहीं होता और अवसाद से बचा रहता है।

रत्नत्रय का सिद्धान्त और अवसाद से मुक्ति– जैन दर्शन में रत्नत्रय कहलाते है सम्यग्दर्शन–ज्ञान चारित्र इन्हे मोक्ष का मार्ग कहा गया है सम्यग्दर्शन का अर्थ है सच्चा विश्वास, भगवान द्धारा उपदिष्ट सिद्धान्तों पर विश्वास। वर्तमान में बौद्धिकता और तार्किकता के अतिरेक ने हमारे भीतर विश्वास करने की सहज प्रवृत्ति को बहुत खण्डित किया है। सम्यग्ज्ञान के माध्यम से किसी भी घटना, परिस्थिति या परिणाम सही जानकारी होती है जो वस्तु जैसी है उसका जो स्वरूप है, उसको वैसा ही जामना सम्यस ज्ञान है। प्राय: सही ज्ञान के अभाव में मनुष्य तनाव ग्रस्त रहता है। अत: रत्नत्रच को धारण करने वाला कभी तनाव से ग्रस्त नहीं होता है और अवसाद से मुक्त रहता है।

अंहिसा का सिद्धान्त और अवसाद से मुक्ति– जैन धर्म अंहिसावादी है। अंहिसा का सिद्धांत प्रत्येक सिद्धान्त की पृष्टभूमि में रहता ही है। मन–वचन–काया से किसी जीव को दुखी करना या उसके प्राणों का हरण कर लेना ही मुख्य रूप से हिंसा है। हिंसा करने से पहले व्यक्ति का मन, विचार, भाव

आदि स्वयं हिंसक हो जाता है। लगातार हिंसा की विचारधारा होने से मनुष्य तनाव में रहता है। दूसरों को दुखी करने वाले को सबसे पहले स्वयं परेशन होना पड़ता है अंहिसा का भाव मन को शान्त रखता है, अत: तनाव मुक्त रहने के लिए अंहिसक विचार धारा बहुत आवश्यक है।

अपरिग्रह का सिद्धान्त और अवसाद से मुक्ति –भगवान महावीर ने माना कि दुखों का मूल कारण परिग्रह भी है। चीजों का संग्रहणन ही परिग्रह हो आवश्यकता से ज्यादा अचेतन पदार्थो का संग्रह मनुष्य को तनाव में डाल देता है। जो मनुष्य जितना कम परिग्रह रखता है उतना ही तनाव मुक्त रहता है। मनुष्य जिस भी पदार्थ में आसक्त रहता है, उस पदार्थ का वियोग होने पर वह अत्यन्त दुखों को भोगता है जो तनाव का कारण बनता है। अत: जितना कम परिग्रह तथा आसक्ति उतनी ही तनाव मुक्ति।

स्वाध्याय और अवसाद मुक्ति – स्वाध्याय भी तनाव को घटाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। तृीव कशायी व्यक्ति भी यदि स्वाध्याय करता या सुनता है तो शनै: शने: वस्तु स्वरूप के यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति होने से उसमे कशाय में कमी आने लगती है वास्तविक वस्तु स्वरूप का ज्ञान होने से व्यक्ति किसी भी परिस्थिति का मार्ग निकाल ही लेता है। और तनाव रहित जीवन जीने की कला सिख जाता है।

धार्मिक क्रियाएँ और अवसाद से मुक्ति – अनेक वैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात सिद्ध हो चुकी है कि प्रात: नित्य कर्म से निवृत्त होकर किये जाने वाले सस्वर देव पूजन भक्ति स्तुति पाठ शरीर में कोलेस्ट्रोल व हानिकारक द्रव्यों की मात्रा में कमी करते है। इन क्रियाओं के माध्यम से शरीर में कशायों को बढ़ाने वाले हानिकारक हारमोन का स्त्राव बन्द हो जाता है सस्वर वाचन से तन्त्रिका तन्त्र, रक्त एवं नाड़ियों का लचीलापन बढता है, जो शरीर की तनाव सहन करने की क्षमता को बढ़ाता है।

ध्यान एवं अवसाद मुक्ति –ध्यान के लाभों से आज पूरा विश्व आज सुपरिचित है अत: जैन दर्शन में सामायिक व ध्यान तनाव घटाने में महत्वपूर्ण यागदान है। लोगों को अलग–अलग तरह से डिप्रेशन महसूस हो सकता है डिप्रेशन की वजह से किसी के काम पर असर पड़ सकता है डिप्रेशन से निजी जिन्दगी के रिश्तों पर भी असर पड़ता है।

दुनिया के हर शख्स की जिन्दगी में दुख और तकलीफ का समय आता है हालात और परिस्थितियों अलग–अलग होती है डिप्रेशन और मानसिक बीमारिया उतनी ही रियल और प्राकृतिक है जितना आपका सांस लेना, सूर्योदय, सूयास्त, बारिश, इन्दधनुष मतलब उसका अस्तित्व नहीं है ऐसा नहीं होता हवा दिखाई नहीं देती, उसका अस्तित्व है। डिप्रेशन को नकार कर, मानसिक बीमारियों की वजह से दुनिया को अलविदा कहने वाले लोगो को कमजोर कहना आज ही बंद करिए इस छोटे से कदम से शुरूआत हो सकती है। उन चीजों को करे जो आपको पंसद है और जो आपको दिलचस्प लगती है। इससे तनाव कम हो सकता है। डिप्रेशन हमेशा अपने आप ठीक हो जाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. हिन्दी मासिक पत्रिका जिनवाणी, जून 2022

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली

डॉ. सविता गुप्ता*

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – सार्वजनिक वितरण प्रणाली से अर्थ उस प्रणाली से है, जिसमें उपभोक्ता वस्तुओं को सार्वजनिक रूप से इस प्रकार वितरित किया जाता है कि सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्यों पर उचित मात्रा में प्राप्त हो सके।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का मुख्य उद्देश्य राशन की दुकानों, उचित मूल्य की दुकानों एवं नियंत्रित कीमत की दुकानों द्वारा सस्ती कीमत पर अनिवार्य वस्तुयें उपलब्ध कराकर आय हस्तांतरण करना है। मुद्रास्फीति एवं अनिवार्य आवश्यकता की वस्तुओं की पूर्ति के संकट के संदर्भ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विकास हुआ और उसके महत्व को स्वीकार किया जाने लगा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में व्याप्त निर्धनता आर्थिक विषमता और कुपोषण के संदर्भ में इस प्रणाली का महत्व और बढ़ जाता है। मूल्यों में स्थिरता लाने व समाज के कमजोर वर्गो को जीवन की मूलभूत आवश्यक वस्तुओं को उचित मूल्यों पर उपलब्ध कराने के लिये सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विस्तार महत्वपूर्ण हो गया है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शुरूआत देश में अंग्रेजो द्वारा वर्ष 1939–1942 के दौरान की गई थी। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेज अर्थशास्त्री सर ग्रेगरी ने अनाज की कमी से निपटने के लिये यह योजना बनाई थी। बहुतायत में अनाज पैदा करने वाले राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, आदि से अनाज की कमी वाले राज्यों तक राशन पहुँचाने तथा उसे वितरण की व्यवस्था की गई। 1954 में इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

भारत सरकार ने दिनांक 01.07.79 से इस प्रणाली को लागू किया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली वस्तुत: केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके बाबजूद सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बिकनेवाले अनाज पर दी जाने वाली सब्सिडी को बोझ केन्द्र सरकार उठाती है। इस प्रणाली को देश के सभी राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में उचित दर के दुकानों के माध्यम से चलाया जा रहा है। श्री के.एन. काबरा के अनुसार हरितक्रांति के बाद रसायनिक उर्वरको संकर बीजों तथा कीटनाषकों के उपयोग के कारण अनाज महंगा पड़ता था इसलिये गरीबों को अनाज रियायती दरों पर देने तथा अनाज की कालाबाजारी पर अंकुश रखने के लिये बैंकटैया समिति ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने तथा इसे संस्थागत स्वरूप देने की सिफारिश की थी। उनकी सिफारिशों के अनुरूप ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपने वर्तमान स्वरूप में है। श्रीमती इंदिरा गांधी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को देश के दूरदराज एवं पिछड़े इलाकों तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई। लोक तंत्र में समानता की स्थापना और गरीबी से लड़ने का एक प्रमुख औजार सार्वजनिक वितरण प्रणाली है।

दिनांक 01.06.1997 से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रारंभ की गई जिसके अंतर्गत, ए.पी.एल. बी.पी.एल. अन्योदय अन्य योजना, अन्नपूर्णा योजना लागू है। वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा अनाज, चीनी मिट्टी के तेल की आपूर्ति की जा रही है।

24 मार्च 2020 से घोषित लॉकडाउन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली भारत में सामाजिक समर्थन और खाद्य सुरक्षा के लिए एक प्रमुख सार्वजनिक योजना के रूप में उभर कर सामने आई है। कई संशयवादियों एवं पीडीएस के आलोचकों ने महामारी के दौरान लाखों भारतीयों के लिए बुनियादी खाद्य सुरक्षा प्रदान करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना तो की है परंतु यह भी उजागर करते हैं कि अभी भी इस पर काफी कुछ किए जाने की जरूरत है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या के 75% और शहरी के 50% भाग को पीडीएस के माध्यम से सब्सिडी वाला अनाज प्रदान किया जाना अनिवार्य है इसके तहत राशन कार्ड की भी दो श्रेणियां है प्राथमिकता एवं अंत्योदय ।इस अनुपात को राज्यवार अनुपात में परिवर्तन किया गया है जिससे गरीब राज्यों को अधिक कवरेज मिला है। एनएफएसए सार्वजनिक वितरण प्रणाली में मूलभूत सुधार ले आया है एवं इसके जरिए कानूनी रूप से भोजन का अधिकार दिया गया है ।


जून 2019 वन नेशन वन राशन कार्ड की शुरुआत कि जिसे जुलाई 2021 में ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा संपूर्ण देश में लागू करने की अनुमति दी गई थी सरकार ने मार्च 2020 में पीएम जी के वाई PMGKY के एक भाग के रूप में महिलाओं वरिष्ठ नागरिकों और किसानों को मुफ्त खाद्यान्न और नगद भुगतान की घोषणा की है । कुछ सकारात्मक गतिविधियों के प्रमाण भी हैं जैसे परिवारों का कवरेज लेकिन अन्य क्षेत्रों में सुधार की काफी गुंजाइश है अनाज की कीमतों एवं मात्रा के अलावा अनाज की गुणवत्ताा उसकी विविधाता और एफपीएस पर सेवाओं की गुड़ बताओ जैसे भी मुद्दे जिन के परिणाम स्वरूप एनएफएस लागू होने के बाद भी पीडीएस में हुए बड़े पैमाने पर बदलाव के बावजूद इससे लाभार्थियों पर बड़े प्रभाव काफी हद तक अपर्याप्त हैं।

कोरोना काल में कुछ राज्य में स्थाई एवं अस्थाई राशन कार्ड जारी किए गए NFSA से मानदंडों के अनुसार लगभग 90 करोड लोगों को PDS कवरेज मिल रहा है और 5.1 करोड़ को NFSA की तुलना में PDS से कम

15. Parwate, P.,Sharma, M.L., and Maske M. (2012). A study on utilization pattern of Kisan credit card (KCC) among the farmers in Raipur district of Chhattisgarh. International journal of Agronomy and Plant Production,

3(2),54-58.
16. Rajmohan, S., Subha. K. (2014),"Kisan Credit Card Scheme in India", International journal of Scientific research, vol.3, Issue.10
17. R.Ki Khatkar and others: Role of Kisan Credit Cards and Self Help Groups in Rural Financing in Haryana' Indian Journal of Agricultural Economics. Vol|60. No 3. July- September 2005.
18. Samberni, I, (1977) Area Planning for Tribal Development: Concept and Experiments". In Gupta ed. 'Planning for Tribal Development' Ankur Publishing House. New Delhi. P. 193-211.
19. Sanleer Kumar : 'Kishan Crdit Card. Cross Road Ahead" Vilakshan. XIMB Journal of Management. Sept 2009.
20. Santhi, A. (2012). Impact of Kisan Credit Card Scheme on the Farmers of Kanyakumari District A study (Ph.D Thesis, Manonmaniam Sundaranar University). Retrieved from shodhganga.inflibinet.ac.in/ handle/ 15603/27862
21. Sharma Anil (2005) The Kisan Credit Card Scheme: Impact, Weaknesses and Further reforms. Published by National Council of Applied Economics Research, New Delhi
22. Sharma, A., Choudhary, S., Swarnakar, V.K. (2013). A Study on Impact of Kisan Credit Card Scheme among the Beneficiary Farmers in Sehore District of Madhya Pradesh. International Journal of Science and Research, 2(1), 154-157.
23. Singh Harpreet and M.K. Sekhon. 'Cash in Benefits of the Kisan Credit Card Scheme. Onus is up on the farmer'. Indian Journal of Agricultural Economics. Vol. 60. No 3 July-Sept 2005.
24. Singh, S. N. (1976) "Modernization of Agriculture-A Case Study in eastern U. P.". Heritage Publisher, new Delhi.126-137.
25. S.S. Sangwan. 'Innovative Loan Products and Agricultural Credit: A study of Kisan Credit Card scheme with special reference to Maharashtra, Sunmmary. Indian Journal of Agricultural Economics. Vol 60. No 3. July -September 2005.
26. Uppal, R. K., Juneja, A. (2012). Kisan Credit Card Scheme in India-Issues and Progress. Asian Journal of Research in Social Science and Humanities, 2(6), 17-26.
27. Vohra, B.B. (1980) Policy for Land and Water. Sardar Patel Memorial Lecture: New Delhi. December. P. 22-23.
28. Yogesh Kumar Dubey. 'Access to Kisan Credit Cards in Uttar Pradesh by different Social groups in Different Regions'-. Summary. Indian Journal of Agricultural Economics. Volume 62. No 3 July - Sept 2007.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

मेहरुन्निसा परवेज के कथा साहित्य में दलित चेतना

भूपेन्द्रीय देवी जायसवाल* डॉ. एस.आर. बंजारे **

* शोधार्थी पी-एच.डी. शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक भानुप्रताप देव शा. स्ना. महाविद्यालय कांकेर (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – दलित शब्द के अंतर्गत कुचले गए, दबाए गए जनों की जीवन की कहानी को ही दलित कहानी कहा जाता है, व कुचले गए दबाए गए लोगों को ही दलित कहा जाता है। दलित पैंथर्स जी ने अपने घोषणा-पत्र में दलित शब्द को परिभाषित करते हुए कहा है- 'दलित का अर्थ है अनुसूचित जाति, बौद्ध कामगार, भूमिहीन मजदूर गरीब किसान, खानाबदोश जातियां, आदिवासी और नारी समाज।'[1] स्पष्ट है दलितों की और प्रकारांतर से मनुष्य की पीड़ा को अभिव्यक्ति देने का कार्य 'दलित' शब्द कहलाता है।

दलित शब्द का शाब्दिक अर्थ है- दलन किया हुआ। इसके तहत वह हर व्यक्ति आ जाता है जिसका शोषण उत्पीड़न हुआ है।' रामचंद्र वर्मा के अनुसार- मसला हुआ मर्दित किया, दलाया, रौंदा या कुचला हुआ विनिष्ट किया हुआ।'[2]

पिछले छ: सात दशकों में दलित पद का अर्थ काफी बदल गया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के आंदोलन के बाद यह हिंदू समाज व्यवस्था में सबसे निचले पायदान पर स्थित हजारों वर्षों से अस्पृश्य समझी जाने वाली तमाम जातियों के लिए सामूहिक रूप से प्रयोग होता है अब दलित पद अस्पृश्य समझी जाने वाली जातियों की आंदोलन धर्मिता का परिचायक बन गया है। भारतीय संविधान में इन जातियों को अनुसूचित जाति के नाम से जाना जाता है।'[3]

चेतना शब्द बड़ा व्यापक है यह शब्द आत्मा और बुद्धि दोनों से संबंधित है। चिंतनशील मनुष्य की चिंता द्वारा ही चेतना का जागरण होता है दलित चेतना को समझने के लिए दलित तथा चेतना इन दोनों शब्दों की अलग अलग पहचान हमें होनी चाहिए।

'साहित्य कोश के अनुसार 'चेतना' मानव के प्रमुख विशेषता है अर्थात वस्तुओं, विषयों, व्यवहारों का ज्ञान। चेतना की विशेषताएं हैं- निरंतर परिवर्तनशीलता एवं इस प्रवाह। इस प्रवाह के साथ साथ विभिन्न अवस्थाओं में एक अवांछिन्न एकता और साहचर्य चेतना का प्रभाव हमारे अनुभव-वैचित्य से प्रमाणित होता है और चेतना की अविच्छिन्न एकता हमारे व्यतिव तादाम्य के अनुभव से।'[4]

चेतना शक्ति व्यक्ति को जागरूकता तथा प्रेरणा प्रदान करती है। यह वो वह शक्ति है जो मानव को अन्याय और शोषण का विरोध करने की शक्ति प्रदान करती है जिससे हम विद्रोह कर सकें अपने अधिकार के लिए खड़े हो सके।

चेतना के विभिन्न स्वरूप होते हैं। एक भावनात्मक तो दूसरा ज्ञानात्मक और तीसरा क्रियात्मक होता है। दलित चेतना का अर्थ है - दलित वर्ग विषयक गंभीर चिंतन। 'दलित संज्ञा के बारे में संकुचित या सीमित अर्थ की दृष्टि से सोचने वालों का कहना है कि अस्पृश्य हरिजन, आदिवासी ही दलित, जिन्हें युगों से उच्चवर्गीयों ने पैरों तले कुचला है।'[5] प्राचीन काल में 'दलित' शब्द शुद्रों एवं अस्पृश्यों तक ही सीमित था।

दलित चेतना पर मेहरून्निसा परवेज जी का कथन है कि-'यह विभागीयता मानव ने ही रची है। सारी जातियों में दलित हैं जैसे ब्राह्मण जाति में उच्च ब्राह्मण है, निम्न ब्राह्मण है इसी प्रकार सभी जातियों में उच्च मध्यम निम्न उपजातियां हैं जो सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से भिन्न-भिन्न तल पर हैं अर्थात दलित एक विशेष प्रकार की जाति नहीं है। सभी जातियों में दलित वर्ग को हम देख सकते हैं।'[6] यहां परवेज जी ने 'दलित' शब्द के व्यापक अर्थ को स्वीकार किया है।

भारतीय समाज से दलित वर्ग व संपूर्ण निम्न वर्ग को उपेक्षा और तिरस्कार ही मिलता है मंदिरों में प्रवेश वर्जित होता है, धर्म स्थलों में जाना भी वर्जित होता है। सामान्य वर्गों की तरह स्वतंत्र रूप से वे लोग कोई भी धार्मिक या पुण्य कार्य नहीं कर सकते। उनके पास खाद्य पदार्थ भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से दूसरों के जूठन खाकर ही जीवन यापन करते हैं और ना ही पहनने के लिए कपड़े होते हैं ना रहने के लिए घर होता है उनकी स्थिति बहुत ही दयनीय होती है।

सवर्णों के तिरस्कार को झेलना जैसे दलित वर्ग का कर्तव्य बन गया हो। सवर्णों के साथ संपर्क स्थापित करने पर समाज पूर्णत: है प्रतिबंध लगाता है। वस्त्र, आभूषण, शिक्षा एवं मनोरंजन की सुविधा भी नहीं होती है। समाजिक वस्तुओं का स्वतंत्र उपयोग पर भी प्रतिबंध होता है।

'सीढ़ियों का ठेका' कहानी में करीमन को अपने घर के खाने पीने के लिए मस्जिद के सीढ़ियों पर बैठकर भीख मांगना पड़ता है। भीख में प्राप्त धन राशि मिलता है उसी से घर चलता है।

दलित वर्ग को मंदिर में प्रवेश निषेध होता है। वे पवित्र नदियों तथा बावलियों का जल भी नहीं ले सकते। उन्हें छुआ-छूत का शिकार होना पड़ता है। पुण्य स्थानों में प्रतिबंध, वेदों और धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने या सुनने के अधिकार से वंचित रखा जाता है। वास्तविक धर्म के अभिलक्षणों को निर्देशित करके स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि- 'मनुष्य के शरीर में जो अंतरात्मा है वही ईश्वर है। यद्यपि सभी प्राणी ईश्वर के मंदिर हैं तथापि मनुष्य इन सब में सर्वोत्तम मंदिरों का ताजमहल है। यदि मैं उसकी पूजा न कर सका तो दूसरा कोई भी मंदिर मेरे लिए उपयोगी नहीं है।'[7] ईश्वर में विश्वास और पूर्ण आस्था होने से सब कुछ पास होता है। जिसे ईश्वर पर विश्वास नहीं वह सब कुछ खोता है क्योंकि विश्वास और सच्ची आस्था ही जीवन है। यहां भारतीय समाज में जाति-पाति, धर्म भेद अधिक पाया जाता है दूसरे जाति

की लड़की से विवाह कर घर लाने से परिवार के लोग उस लड़की को बहू के रूप में स्वीकार नहीं कर पाते हैं और ताने तथा छुआ-छूत का सामना करना पड़ता है।

'खुरचन' कहानी में जावेद नामक युवक अपनी अम्मा और अब्बा से बिना बताए गैर जाति की लड़की से आर्य समाज विवाह करता है। यह बात अब्बा के लिए मौत से कम हादसे वाली नहीं थी। मेहरून्निसा परवेज जी अपनी कहानियों में इन परेशानियों को व्यक्त की है कि धर्म भेद से व्यक्ति को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और स्वयं धर्म भेद का खंडन करती है।

दलित जातियों की आर्थिक स्थिति निम्न स्तर की है। वे पूंजीपतियों के यहां बंधुआ मजदूरी का काम करते हैं और उनके शोषण का शिकार होते हैं उच्च वर्ग इनकी इस मजबूरी का फायदा उठाकर आर्थिक और शारीरिक व मानसिक शोषण का शिकार बन जाते हैं। उन्हें फटे पुराने कपड़ों व जूठे भोजन ही दिया जाता है अपने परंपरागत पेशे को छोड़कर काम धंधो में भाग लेना, नौकरी करना उनसे कोसों दूर था। अपनी रोटी कपड़ा और मकान की आपूर्ति के लिए भी दलित वर्ग को उच्च वर्ग के शोषण का शिकार होना पड़ता है।

'अकेला पलाश' उपन्यासों में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिलती है 18-10 बरस का लड़का एक कोने में बैठे जूठे बर्तन बड़ी तेजी से माँज रहा था..... बीच-बीच में आंख बचाकर वह झूठी रोटियों के टुकड़े जूठी दाल, तरकारी मुंह में डाल देता था और बिना मुँह हिलाये निकलता सा लगता था, कुत्तो की तरह से उसका चेहरा खिल गया था।'[8] भूख और गरीबी का भूख और गरीबी का हृदयदारूण एहसास बाल मन को अत्यधिक प्रभावित करता है।

दलित वर्ग को अपनी मत की स्वतंत्रता भी नहीं होता है, वे उच्च वर्ग द्वारा शोषित किए जाते हैं उन्हें पूर्ण रूप से राजनैतिक अधिकारों से वंचित कर दिया जाता है। राजनैतिक स्वतंत्रता में अपनी राय प्रकट करना उनका हक नहीं है, राजनीति दलितों का स्थान ना के बराबर है या उनके हाथों में सत्ताा नहीं है। इसलिए गरीबों, मजदूरों और दलितों का कल्याण करने में यह लोकतंत्र सफल नहीं हो पाया है। डॉ. अंबेडकर इसका कारण बताते हुए कहते हैं कि 'समस्त राजनीतिक समाज दो वर्गों में विभाजित है। शासक और शोषित यह एक बड़ी बुराई है इसका दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि शासक हमेशा उच्च वर्ग से आते हैं और शोषित वर्ग कभी भी जनता द्वारा जनता का सरकार नहीं होती। इसके बावजूद कि वह लोकप्रिय सरकार होती है। सच यह है कि यह वंशगत शासक वर्ग द्वारा वंशगत शोषित वर्ग की सरकार है, यही राजनीतिक जीवन का वह दोष है, जिसमें संसदीय लोकतंत्र को निराशाजनक रूप से विफल किया है। यही कारण है कि संसदीय लोकतंत्र स्वतंत्रता, संपत्ति और सुख पाने की आम आदमी की अभिलाषा को पूरा नहीं कर सका।[9]

इसका स्पष्ट झलक ' जगार' कहानी में देखने को मिलता है कि चौधरी गोमती जो निम्न वर्ग की महिला व उसके द्वारा शोषित है, को सरपंच के लिए चुनाव में जिताने के लिए ग्रामवासियों को मजबूर कर रहे हैं कि अपना मत सभी गोमती को ही दें ताकि गोमती का सरपंच का नाम रहे और चौधरी सारा काम खुद करेगा उसका एकाधिकार होगा ऐसा चाहता है चौधरी लेकिन सरपंच पद प्राप्त करने के बाद गोमती अपनी जागरूकता का प्रमाण देती है और चौधरी का विरोध करती है।

दलित से यहां आशय है संविधान की धारा 341(1) तथा (2) के अंतर्गत अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखे गए हैं। गरीबी, बीमारी और अशिक्षा की शिकार ये जातियां समाज से बहिष्कृत और नागरिक अधिकारों से वंचित रही है। आजादी के बाद दलित वर्ग में साक्षरता वृद्धि की दर संतोषजनक कही जा सकती है। दलित वर्ग की सबसे बड़ी कमजोरी अशिक्षा है। शिक्षा से अज्ञान रूपी अंधकार दूर होकर ज्ञान रूपी प्रकाश का प्रसार होता है। बाबा साहब का कहना है-'' शिक्षित बनो संगठित बनो। ' अपने अधिकारों के लिए, स्थायित्व के लिए पढ़ना या शिक्षित होना जरूरी है। आज शिक्षा के महत्व को सबने जाना है। सरकार की ओर से दलित वर्ग को शिक्षित होने के लिए रियायतें दी जा रही है, प्रोत्साहन दी जा रही है। दलित समाज आज शिक्षा पाकर शासन-प्रशासन में सम्मान एवं प्रतिष्ठा पा चुका है। 'निम्न वर्ग एवं दलित वर्ग का जीवन अभाव, दु:ख और अपमान का जीवन है। स्पष्टत: दलित जीवन की चेतना बहुत कुछ पाने की चेतना है क्योंकि दलित जीवन में कुछ है ही नहीं। आज आधुनिक युग परिवर्तन का युग है। दलित वर्ग आज जागृत हो गया है, वह अपने अधिकारों के प्रति सचेत हो गया है। शिक्षा के प्रसार एवं प्रचार के कारण दलित वर्ग में नई चेतना का संचार हो रहा है।'[10] वसा जी का यह मत आज बिल्कुल ठीक ही है, क्योंकि शिक्षित दलित आज प्रगति के पथ पर अग्रसर है किंतु अशिक्षित आज भी पतन के गर्त में टटोलता रहता है।

निष्कर्ष - संत कबीर, रसखान, नानक जैसे महान व्यक्तित्व ने रूढ़ियों का कट्टर विरोध करके दलितों के उद्धार के लिए परिश्रम किया। ब्रह्मसमाज, प्रार्थना समाज द्वारा हिंदू धर्म के कुरीतियों को दूर करते हुए बौद्धिक एवं तार्किक जीवन पर बल देते है। इन संस्थाओं के द्वारा अछूतोंद्धार, जातिभेद को दूर किया गया है। दलित-चेतना डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन से मुख्य ऊर्जा ग्रहण करती है।

मेहरुन्निसा परवेज जी दलितों पर हो रहे अत्याचार का विरोध करती है। वह जाति भेद, वर्ग भेद का खंडन करती है और अपने साहित्य के माध्यम से यह शिक्षा देती है कि सभी को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए और गलत कार्यों का विरोध करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रामचंद्र सहाय, निरंजन-दलित साहित्य का उद्भव और विकास- पृष्ठ संख्या - 10
2. रामचंद्र वर्मा (संपादक) - संक्षिप्त शब्द सागर - नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, नवम, संस्करण 1987 - पृष्ठ संख्या - 468
3. The Times of India - अभिगमन तिथि- 1 मार्च 2019
4. वसाणी कृष्णावंती पी. - दसवें दशक के हिंदी उपन्यासों में दलित चेतना- पृष्ठ संख्या- 12
5. वसाजी कृष्णावंती पी. - दसवें दशक के हिंदी उपन्यासों में दलित चेतना -पृष्ठ संख्या- 15
6. मिनी पी. - मेहरून्निसा परवेज के बदलते जीवन मूल्य- पृष्ठ संख्या- 243
7. Vivekanand Their Spoke – Page No.- 24
8. मेहरून्निसा परवेज अकेला पलाश -पृष्ठसंख्या- 79-80
9. ओमप्रकाश वाल्मीकि -दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र -पृष्ठ संख्या- 78
10. वसाणी कृष्णवंती पी. -दसवें दशक के हिंदी उपन्यासों में दलित चेतना- पृष्ठ संख्या -107

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

ग्रामीण विकास में विपणन की उभरती प्रवृत्तियाँ

डॉ. संगीता कुँभारे *

* साहयक प्राध्यापक (वाणिज्य) पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत गाँवों का देश है। आज भी भारत की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में निवास करती है। इसलिए ग्रामीण विकास देश की अर्थ व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

ग्रामीण विपणन ग्रामीण विशिष्ट वस्तुओं और सेवाओं को विकसित करने मूल्य निर्धारण प्रचार और वितरण करने की प्रक्रिया है जिससे ग्रामीण ग्राहकों के साथ वांछित विनिमय की आवश्यकता होती है ताकि उनकी जरूरतों और इच्छाओं को पूरा किया जा सके और संगठनात्मक उद्देश्यों को भी प्राप्त किया जा सके।

ग्रामीण विपणन संरचना देश के सभी भागों में एक समान नहीं है। किसी विशेष राज्य या क्षेत्र में प्रचलित संरचना का प्रकार कृषि के विकास की स्थिति, जनसंख्या की क्रय शक्ति आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

ग्रामीण विपणन एक प्रकार का विपणन है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार गतिविधियों की योजना बनाई जाती है।

प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू का यह विचार था कि जब तक ग्रामीण समाज और नगरीय समाज के विकास कार्यक्रम में संतुलन नहीं होता है तब तक सम्पूर्ण भारत का आर्थिक–सामाजिक रूप से विकास होना संभव नहीं है। गाँधी जी की यह धारणा थी कि भारत गाँवों का देश है। इसकी उन्नति तभी संभव है जब हम गाँव को केन्द्र में रखकर योजनाओं को बनाये।

शब्द कुंजी – ग्रामीण बाजार, प्रवृत्तियाँ, सूचना प्रौघोगिकी, चुनौतियाँ।

प्रस्तावना – ग्रामीण विकास से अभिप्राय ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास करने से है। तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रही जनता का आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त निर्धनता, बेरोजगारी, निरक्षरता को दूरकर ग्रामीण विकास करना होता है। अत: ग्रामीण विकास से अभिपाय ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना हैं।

शोध का उद्देश्य – शोधपत्र का प्राथमिक उद्देश्य वर्तमान ग्रामीण भारत में नये व्यावसायिक अवसरों का अध्ययन और पहचान करना है। यह शोध उन समस्त प्रमुख चुनौतियों पर भी ध्यान केन्द्रित करने की कोशिश करता है। ग्रामीण विपणन में यही विपणको को सफल होना है तो इन चुनौतियों का सामना करना होगा।

भारत वैभवशाली विरासत और प्रकृति के असीम वरदान के लिये विख्यात है। साथ ही यहाँ कई अद्भुत स्थान है जो विश्व में भारत के गौरव का प्रतीक माने जाते है स्वदेशी उत्पादों का विकास और प्रचार प्रसार, ग्रामीण क्षेत्रों में आमदनी और रोजगार बढ़ा सकता है। और स्थानीय समुदायों, युवाओं और महिलाओं को संशक्त बना सकता है। पात्र व्यक्तियों को आवश्यक व्यावसायिक कौशल द्वारा विधिवत योग्यता प्रदान करने और सक्षम बनाने के उद्देश्य से व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए।

ग्रामीण विपणन का उदय अत्यधिक अप्रत्यासित क्षमता के रूप में उन्हें तलाशने की आवश्यकता पर जोर देता है। पिछले कुछ दशकों में विपणन ने अभिनव दृष्टिकोण के साथ ग्रामीण बाजार को समझने और करने का प्रयास किया है। ग्रामीण विपणन एक विकसित अवधारणा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के साथ हमने सभी बदलावों को देखा है। विपणन के कारण कई जानीमानी बहुराष्ट्रीय निगमों के आगमन में प्रमुख बदलाव हुये है। प्रारंभ में उन्होंने अच्छी तरह से विकसित शहरी बाजारों का लाभ उठाया और इन बाजारों में कठिन प्रतियोगिता होने लगी ओर फलत: कम्पनियों ने बड़े अप्रयुक्त बाजार खण्ड पर ध्यान केन्द्रित करना शुरू कर दिया। यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि 'भारत के ग्रामीण बाजार बहुत ही आशाजनक है। ग्रामीण भारत को मजबूत करने के लिये सरकार की पहल के परिणामस्वरूप ग्रामीण आय की तेजी से वृद्धि हुई जिससे ग्रामीण विपणन में भावी उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ गई। ग्रामीण बाजारों का विशाल आकार और उनकी मांग विपणन को भारी अवसर प्रदान करती है।' जैसा कि कहा जाता है कि यदि अवसर है तो चुनौतियाँ बहुत है जो विपणक ग्रामीण भारत द्वारा पेश की जाने वाली चुनौतियों और अवसरों को देख रहे है और ग्रामीण बाजारों की गतिशीलता को समझते है। वे इसका लाभ उठाने का प्रयास कर रहे है। इसलिये हमारे लिये यह जरूरी हो गया है की हम ग्रामीण विपणन की अवधारणा, इसके महत्व और अवसरों एवं ग्रामीण बाजारों की चुनौतियों और भारत में ग्रामीण विपणन की उभरती प्रवृत्तियों को समझे।

ग्रामीण विपणन एक दोतरफा विपणन प्रकिया है जहाँ उत्पादन और उपभोग के लिये ग्रामीण बाजारों में उत्पादों का प्रवाह होता है। ग्रामीण बाजार वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। और भारत में लगभग 80 करोड़ से अधिक लोग

गावों में रहते है। आज भारतीय कम्पनियां साथ ही कोलगेट, गोदरेज और हिन्दुस्तान लीवर जैसी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां ग्रामीण बाजारों की गति को समझ सकते हैं और उन्हें सर्वोत्तम लाभ के लिए प्रयोग कर सकते हैं।

भारत की जनगणना ग्रामीण क्षेत्र को 400 वर्ग किलोमीटर से कम की जनसंख्या घनत्व के साथ किसी भी रूप में परिभाषित करती हैं। कम से कम 75 प्रतिशत कामकाजी पुरूष आबादी कृषि में लगी हुई हो और जहाँ नगरपालिका या बोर्ड मौजूद नहीं हो। भारत में लगभग 6.4 लाख गाँव हैं जिनमें से केवल 2,000 की आबादी 5000 से अधिक हैं।

ग्रामीण विपणन को समझना और संभालना एक आसान काम नहीं हैं। क्यों कि यह चुनौतियों से भरा हैं। अगर हम भारतीय ग्रामीण समाज का अध्ययन करें तो भौगोलिक आर्थिक नैतिक और अन्य संरचनाओं के सन्दर्भ में अलग-अलग गाँव हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं को समझना दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता बनाना बेहद कठिन कार्य हैं। ग्रामीण उपभौक्ताओं के साथ बातचीत करना संवाद करना बेहद कठिन कार्य हैं।

भारत में ग्रामीण विकास में विपणन की बहुत अधिक सम्भावनाएँ हैं। लेकिन इसमें चुनौतिया भी हैं। जैसे की व्यापक रूप से बिखरें बाजार, खराब बुनियादी ढांचे, गैर-आर्थिक बाजार का आकार और ग्रामीण उपभौक्ताओं की विविध सामाजिक आर्थिक प्रोफाइल। इस तरह के चुनौतीपूर्ण वातावरण के पीछे विपणक सफलता प्राप्त करने के लिए रचनात्मक समाधान तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। उत्पादों की पैकेजिंगे को अनुकूलित किया जा रहा हैं। ग्रामीण उपभौक्ताओं को अधिकतम ऋण सीमा दी जा रही हैं। और संचार के लिए स्थानीय माध्यमों जैसे हाट एवं मेंलों का आयोजन किया जा रहा हैं विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी निकाय ग्रामीण लोगों के शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर प्रदान करके ग्रामीण बाजारों की चुनौतियों का समाधान खोजने के लिये कई पहल कर रहे हैं। आइ.सी.टी. से भी मदद मिली हैं। ग्रामीण विकास में विपणन की विशिष्ट विशेषताएँ हैं :-

1. जनसंख्या में वृद्धि :- भारत में लगभग 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं। जनसंख्या में वृद्धि की दर भी अधिक हैं। यह बड़ी आबादी छह लाख से अधिक गांवो में बिखरी हुई हैं। हालांकि यह विपणकों के लिए कुछ कठिनाई पैदा करता हैं, लेकिन उन्हें एक बहुत बड़ा और आशाजनक बाजार भी देता हैं।

2. बढ़ती हुई क्रय शक्ति :- वे दिन गए जब ग्रामीण लोगों की आय का स्तर कम था। हरित क्रांति और 1990 के बाद अर्थव्यवस्था के खुलने के साथ भारत ने समग्र विकास देखा हैं। इससे ग्रामीण उपभौक्ताओं का आय स्तर भी बढ़ा हैं। यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं हैं कि आय का स्तर जितना अधिक होगा, क्रय शक्ति और माँग उतनी ही अधिक होगी।

3. बाजार में सतत वृद्धि :- ग्रामीण बाजार वर्षो से लगातार बढ़ रहा हैं। उपभोग प्रतिमान और वरीयता भी बदल रही हैं। पिछले वर्षो के विपरीत, ग्रामीण बाजार में ब्रांडेड उत्पादों के साथ-साथ पारंपरिक उत्पादों जैसे साइकिल, मोपेड और कृषि उत्पादन की माँग हैं। आईटी और मीडिया ने ग्रामीण उपभौक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाई हैं। और पिछले कुछ वर्षो में सौदर्य प्रसाधन, उपभौक्ता टिकाऊ वस्तुओं आदि की मांग में वृद्धि हुई हैं।

4. बुनियादी सुविधाओं का विकास :- ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास हुआ हैं। इससे गाँवों से शहरों की दूरी कम हो गई हैं। सड़कों और परिवहन संचार, नेटवर्क ग्रामीण विद्युतीकरण और सरकार द्वारा संचालित कई सार्वजनिक सेवा परियोजना के निर्माण के साथ, गाँवों से शहरों तक संपर्क बढ़ गया हैं। इससे ग्रामीण विपणन का दायरा बढ़ा हैं।

5. निम्न जीवन स्तर :- हालाँकि भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में कई विकास हो रहे हैं। फिर भी यह तथ्य बना हुआ हैं कि गाँवों में रहने वाले लोगों का स्तर उन लोगो के लिये अपेक्षाकृत कम हैं। जो उपभौक्ताओं के दूसरे और तीसरे समूह के अन्तर्गत आते हैं। जिन लोगो के पास जमीन जायदाद हैं। लेकिन वे बहुत अमीर किसान नहीं हैं और वे लोग जो दैनिक मजदूर हैं। जो अधिकतर कम मात्राओं में उन वस्तुओं और सेवाओ की माँग करते हैं।

6. पारंपरिक दृष्टिकोण :- ग्रामीण उपभौक्ता अपने पुराने मूल्यों, संस्कृति, रीति-रिवाजों और परंपरा को महत्व देते हैं। यह उनके मांग स्वरूप को प्रभावित करता हैं। हालाकि उनकी मांग का प्रतिमान धीरे-धीरे बदल रहा हैं। और सौंदर्य प्रसाधन और ब्रांडेड सामानों की मांग धीरे-धीरे ग्रामीण बाजारों में बढ़ रही हैं।

7. विपणन मिश्रण की आवश्यकता :- ग्रामीण बाजार की विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए कंपनियों के लिए यह आवश्यक हो जाता हैं कि वे इसकी क्षमता का लाभ उठाने के लिए ग्रामीण बाजारों के लिए एक अलग विपणन मिश्रण तैयार करें।

भारत दुनिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक हैं। असली भारत गाँवों में रहता हैं। वैश्वीकरण, ग्लोबलाइजेशन, आर्थिक उदारीकरण, आइटी क्रांति और बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे विभिन्न कारणों के कारण ये ग्रामीण भारत में सम्मानजनक व योग्य आय हैं। भारत में ग्रामीण बाजार का आकार इतना विशाल हैं कि कंपनियों का भविष्य ग्रामीण बाजारों की गतिशीलता को समझने पर निर्भर करता हैं।

ग्रामीण बाजारों की चुनौतियाँ – ग्रामीण बाजारों के संबंध में व्यावसायिक फर्मो द्वारा सामना की जाने वाली विभिन्न चुनौतियाँ इस प्रकार हैं :

1. कई दूरस्थ स्थानों में आज भी वस्तु विनिमय प्रणाली मौजूद हैं। यह भारत में ग्रामीण विपणन के विकास में प्रमुख बांधाओं में से एक हैं।
2. सूचना प्रौधोगिकी का प्रभाव पूरे देश में समान रूप से अनुभव नहीं किया जाता हैं। इसका लाभ मुख्य रूप से बड़े जमीन वाले किसानों द्वारा उठाया जा रहा हैं। छोटे जमीन के किसान इस लाभ का आनंद लेने में सक्षम नहीं हैं। इस असमानता के बाजारों को आज भी अविकसित बना रखा हैं।
3. भौतिक संचार से संबंधित सुविधाओं के संदर्भ में वह देश भर के सभी कोनों के लिए समान रूप से अच्छा नहीं हैं देश के पूर्वी भाग के अधिकांश गाँव मानसून के दौरान पहुँच के बाहर हैं। उनके पास सभी मौसम योग्य सड़के नहीं हैं। इससे भौतिक संचार बहुत मंहगा हो जाता हैं।
4. ग्रामीण बाजारों में मांग मुख्य रूप से कृषि स्थिति पर निर्भर करती हैं। क्योंकि कृषि उनकी आजीविका का मुख्य स्त्रोत हैं। इतना ही नहीं भारत के कुछ राज्य जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश मानसून पर बहुत निर्भर करते हैं। इसका मतलब हैं कि ग्राहकों की क्रय शक्ति मानसून पर निर्भर हैं और यह एक वर्ष से दूसरे वर्ष में भिन्न होती हैं। इसलिए बाजार के लिए मांग का पूर्वानुमान मुश्किल हो जाता हैं।
5. कई अन्य कारक हैं जो ग्रामीण विपणक के लिए खतरा पैदा करते हैं। जैसे प्राकृतिक आपदा, कीट और बीमारियाँ, ग्रामीण सूखा या बारिश की अधिकता, उचित भण्डारण सुविधा की कमी, परिवहन, बीमा आदि।
6. इसके अतिरिक्त ग्रामीण बुनियादी सुविधाएँ कृषि उत्पादों की कीमत

में उतार चढ़ाव आदि से संबंधित कुछ अन्य चुनौतियाँ हैं।


विपणन के रूप में आप ग्रामीण बाजारों से निपटने में इन समस्याओं और चुनौतियों को अनदेखा नहीं कर सकते। यहाँ आवश्यक यह हैं कि कितनी अच्छी तरह आप ग्रामीण बाजारों की गतिशीलता को समझने में सक्षम हैं।

ग्रामीण विपणन में बड़े बदलाव की जरूरत – सामुदायिक इकाईयों से होगी ग्रामीण बाजार में बेहतर व्यवस्था। ग्रामीण विपणन प्रणाली को प्रभावी बनाकर कृषि उत्पादों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना और खेती को आकर्षक पेशा बनाना एक प्रमुख चुनौती हैं। ग्रामीण बाजारों को ग्रामीण समूहो से जोड़ने की जरूरत हैं। इन इकाईयों को ई-नाम की बारीकियां समझने के लिये प्रशिक्षित किया जा सकता हैं। जिससे ये इकाईयां समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

भारत की आर्थिक नीतियों में खासतौर पर इस बात का ध्यान रखा गया हैं। कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सिर्फ उत्पाद और उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी पर्याप्त नहीं हैं। बल्कि उत्पादों की बिक्री के लिये भी बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। देश की 54.6 प्रतिशत आबादी अब भी कृषि और इससे संबंधित गतिविधियों पर निर्भर हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह हैं कि किस तरह से ग्रामीण और कृषि उत्पादों को बेहतर बाजार सुनिश्चित कर कृषि को आकर्षक और कमाऊ पेशा बनाया जा सकें।

सरकार ने इस दिशा में हाल में कई कदम उठाए हैं इनका उद्देश्य न सिर्फ ग्रामीण इलाकों में उत्पादन बढ़ाना हैं, बल्कि विपणन से जुड़ी मौजूदा आधारभूत संरचना को बेहतर बनाकर कृषि उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य और किसानो की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना हैं।

ग्रामीण बाजार वर्षो से लगातार बढ़ रहा हैं और लगभग 800 मिलियन से अधिक लोग भारत के गाँवों में रहते हैं। शहरी बाजारों के विपरीत ग्रामीण बाजार बेहद अप्रत्याशित होते है। और उत्पाद की मांग बिजली, परिवहन, स्कूल और अस्पताल जैसी आवश्यकता की उपलब्धता पर निर्भर करती हैं। ग्रामीण बाजार काफी हद तक ग्रामीण क्षेत्र में सरकार के योगफल पर निर्भर करते हैं।



1. भारत में ग्रामीण बाजार बड़ा और बिखरा हुआ हैं जिसका अर्थ हैं कि इसमें पूरे देश के 5,70,000 गाँवों में लगभग 63 करोड़ ग्राहक शामिल हैं।
2. पिछले दशक में ग्रामीण आबादी में 125 की वृद्धि हुई और भारतीय अर्थव्यवस्था का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं।
3. शहरी क्षेत्र की तुलना में बाजार शानदार अवसर प्रदान करता हैं। यह अधिकतम आबादी क्षेत्रों को कवर करता हैं। इसलिये इसमें उपभौक्ताओं की अधिकतम संख्या होती हैं। ग्रामीण बाजार कुल भारतीय आबादी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा हैं।

ग्रामीण विपणन में व्यवसाय की स्थिति – आर्थिक झटकों से उबरने में सक्षम मानी जाने वाली देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था असमान वृद्धि के संकेत दे रही हैं। एक तरफ लगता हैं कि महामारी के बाद ग्रामीण क्षेत्र में निवेश शुरू हुआ हैं। वर्ष 2019 से कृषि और विपणन में सहायक भारी वाहनों की बिक्री 30 फीसदी से अधिक हुई हैं।

दूसरी तरफ ग्रामीण उपभौक्ताओं की मांग में ठहराव आ गया हैं। दिन प्रतिदिन के सामान की ग्रामीण बिक्री में वृद्धि अगस्त और सितम्बर में 5 फीसदी से नीचे रही हैं। पिछले ढाई साल के दौरान कृषि ऋण में करीब 19 फीसदी इजाफा हुआ हैं। इसके अलावा श्रम की अतिरिक्त आपूर्ति करीब एक करोड़ हैं, जिसे इस समय रोजाना 210 रूपये में काम करना पड़ रहा हैं।

उपलब्ध आंकड़ो के मुताबिक इस साल जनवरी से जुलाई के बीच उत्पादों की बिक्री में वृद्धि 12 फीसदी से ज्यादा घटी हैं। यह अगस्त और सितम्बर में सालाना आधार पर करीब तीन फीसदी रहीं।

बहुत से आकड़े ई-कॉमर्स क्षेत्र में शानदार वृद्धि का संकेत देते हैं। उदाहरण के लिए नीलसन आई क्यू ने पाया कि वर्ष 2021 में ई-कॉमर्स बिक्री 2019 से 33 फीसदी अधिक हैं। अग्रणी ई-कॉमर्स कंपनीयाँ ज्यादातर ग्रामीण पिन कोड पर सामान पहुँचा रही हैं। इसलिये ई-कॉमर्स के द्वारा खपत में अच्छी वृद्धि हो सकती हैं लेकिन इसे साबित करने के लिए फिलहाल कोई आकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

ग्रामीण निवेश – ग्रामीण निवेश मांग हमेशा की तरह मजबूत अगर खपत कमजोर पड़ रही हैं। तो ग्रामीण निवेश 2021 में बढ़ रहा हैं। महामारी के बावजूद वर्ष 2019 से दो साल में ट्रैक्टरों, खाद्य ढोने वाले ट्रेलरों और हार्वेस्टरों की बिक्री 30 फीसदी से अधिक बढ़ी हैं। वर्ष 2019 में हर महीने औसतन 370 हार्वेस्टरों की बिक्री होती थी, जो 2020 में बढ़कर 580 प्रति महीना और 2021 में 820 प्रति महीना हो गई हैं। वाहन आंकड़ो से पता चलता हैं कि वर्ष 2019 में हर महीने 30000 से 45000 नए ट्रेक्टर पंजीकृत हो रहे थे। यह आंकड़ा 2020 में बढ़कर 40000 से 60000 हो गया। वर्ष 2021 में नए ट्रेक्टरों का पंजीकरण हर महीने 45000 से ऊपर रहा हैं। इस साल जुलाई में पंजीकरण 74000 और अगस्त में 65000 रहें। इससे महामारी से पहले के मुकाबले अच्छी वृद्धि का पता चलता हैं। वर्ष 2019 में खाधान्न ढोने वाले ट्रेलरों की मासिक बिक्री 3000 से कम थी। यह आंकड़ा महामारी के बाद 4000 से ऊपर बना हुआ हैं। गैर-कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी निवेश बढ़ रहा हैं। वाहन आंकड़ो के मुताबिक निर्माण उपकरणों की खुदरा बिक्री जनवरी 2019 से 61 फीसदी बढ़ी हैं। कृषि का अहम हिस्सा माने जाने वाले उर्वरकों की बिक्री खरीफ बुआई की जून से अगस्त अवधि में 1.73 करोड़ टन के स्तर पर रही हैं।

भारत में ग्रामीण विपणन – दृष्टिकोण – अपने विशाल आकार और बड़े पैमाने पर अप्रयुक्त बाजारों के कारण ग्रामीण बाजार बहुत आकर्षक लग सकता हैं। प्रसिद्ध प्रबंधन गुरू सी के प्रहलाद ने अपनी पुस्तक द फार्च्यून एट द बॉटम ऑफ पिरामिड में दुनिया के गरीबों द्वारा पेश की जाने वाली विशाल बाजार क्षमता के बारे में बात की थी। उनके अनुसार, व्यावसायिक सफलता को सफलता पूर्वक सामाजिक विकास के साथ जोड़ा जा सकता हैं। यदि बहुराष्ट्रिय कंपनियां विकासशील देश की आबादी को इस तरह से लक्षित करें जो दोनों की जरूरतों को पूरा करें।

लेकिन ग्रामीण बाजार में प्रवेश करना इतना आसान नहीं हैं इस तरह के बाजार के लिए कुछ खास समस्याएँ हैं।

दृष्टिकोण – उपलब्धता – सबसे बड़ी चुनौती बाजारों में वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हैं। ग्रामीण बाजारों में शहरी बाजारों की तरह उचित भौतिक वितरण प्रणाली नहीं हैं। भारत में 6,38000 गाँव पूरे देश में बिखरे हुए हैं। और प्रत्येक गाँव में विशेष वितरण समस्याएँ होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में एक अच्छी तरह से विकसित सड़क प्रणाली भी नहीं हैं कई सड़के पक्की भी नहीं हैं और मानसून के दौरान बेकार हो जाती हैं। भूस्खलन और बर्फीले तूफान के दौरान पहाड़ी गाँव दुर्गम हो जाते हैं। इसलिए दूर-दराज के क्षेत्रों में उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती हैं। ऐसी समस्याओं का मुकाबला करने के लिए वैश्विक दिग्गज यूनिलीवर भारतीय सहायक कंपनी हिन्दुस्तान अनसिल्वर जैसी बड़ी कंपनियों ने दूर-दराज के गाँवों तक पहुंचने के लिए मजबूत वितरण प्रणाली का निर्माण किया हैं।

दृष्टिकोण : 2. सामर्थ्य – सफल ग्रामीण विपणन की कुंजी ग्रामीणों द्वारा वहन की जा सकने वाली वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री में निहित हैं। अधिकांश ग्रामीण आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं और इस तरह उनकी आय अनियमित हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की प्रति व्यक्ति आय भी कम हैं।

यह अनुमान लगाया गया हैं कि दो-तिहाई से अधिक भारतीय ग्रामीण निम्न आय वर्ग के हैं और इस प्रकार वे बहुत अधिक मूल्य-संवेदनशील हैं। एक ग्रामीण किसी विशेष उत्पाद को तभी खरीदेगा जब उसे लगेगा कि उसे उसका पर्याप्त मूल्य मिल रहा हैं।

दुष्टिकोण : 3. जागरूकता – ग्राहकों के मन में उत्पाद के बारे में जागरूकता पैदा करना महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण लोगों तक पहुंचने के लिए जनसंचार माध्यमों का चयन सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि गाँवों में आज भी मीडिया की पहुंच कम हैं।

गावों में टेलीविजन का स्वामित्व बहुत कम हैं और टेलीविजन देखने वालों के लिए भी दर्शकों की संख्या दूरदर्शन चैनलो तक सीमित हैं कम साक्षरता दर के कारण प्रिंट मीडिया अप्रभावी हो जाएगा।

आउटडोर विज्ञापन विकल्प जैसे बैनर, होडिंग, वॉल पेंटिंग पोस्टर आदि का ग्रामीण क्षेत्रों में सफलतापूर्वक उपयोग किया जाता हैं। विज्ञापन स्थानीय एवं सरल भाषाओं में होने चाहिए ताकि लोग उन्हें आसानी से समझ सकें।

दृष्टिकोण : 04. स्वीकृति – ग्रामीण विपणन में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा ग्राहकों को उत्पाद स्वीकार करना हैं। ग्रामीणों के परिवर्तन का विरोध करने की अधिक संभावना हैं। और वे नए उत्पादों को अपनाने में धीमें हैं। चूकि ग्रामीण लोग अपना कीमती पैसा बेकार उत्पादों पर खर्च नहीं करेगें इसलिए उत्पादकों को ग्रामीणों की जरूरतों के अनुरूप सामान देना चाहिए।

इस प्रक्रिया में ग्रामीण विपणन नामक एक प्राचीन विपणन रणनीति विकसित हुई हैं। बड़ी संख्या में बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने स्थानों को शहरी से ग्रामीण बाजारों में स्थानांतरित कर दिया हैं। जिसने पिछले कुछ वर्षो में आश्चर्यजनक वृद्धि दर्ज की हैं।

एक उपभौक्ता खरीदारी का निर्णय लेते समय पाँच चरणों को पार करता हैं। और वह हैं :-

1. पहचान आवश्यक हैं,
2. जानकारी की खोज,
3. विकल्पों का मूल्यांकन,
4. खरीदने का निर्णय,
5. खरीदने के बाद का व्यवहार,



निष्कर्ष – इस शोध पत्र में अध्ययन करने के पश्चात् हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि ग्रामीण बाजारों में बहुत अधिक संभावनाएँ हैं लेकिन इसमें कई चुनौतियाँ भी हैं जैसे कि व्यापक रूप से बिखरे हुए बाजार, खराब बुनियादी ढ़ाचे, गैर- आर्थिक बाजार का आकार और ग्रामीण उपभौक्ताओं की विविध सामाजिक आर्थिक प्रोफाइल। इस तरह के चुनौतीपूर्ण वातावरण के पीछे विपणक सफलता प्राप्त करने के लिए रचनात्मक समाधान तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी, निकाय ग्रामीण लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर प्रदान करके ग्रामीण बाजारों की चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए कई कदम उठा रहे। आई सी टी से भी मदद मिली हैं। संगठित खुदरा प्रारूप भी ग्रामीण भारत में प्रवेश कर रहा है। आईसीटी और संगठित खुदरा व्यापार के संयोजन ने ग्रामीण बाजारों की चुनौतियों को एक बड़े युगांतर तक पार कर लिया हैं।

यह निष्कर्ष निकालना अच्छा होगा कि भारत के ग्रामीण बाजार को वर्तमान स्थिति से ऊपर खड़े होने की जरूरत हैं। आइए हमें ग्रामीण बाजारों की कुछ उभरती प्रवृतियों के बारे में और अधिक विचार करने की आवश्यकता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. www.drishtiias.com
2. ग्रामीण विकास सिद्धांत, नीतियाँ एवं प्रबन्ध (अनिल शिशोदिया, कटार सिंह)
3. ग्रामीण समाज और संचार बदलते आयाम (निर्मला सिंह व ऋषि गौतम)
4. कुरूक्षेत्र (ग्रामीण विकास को समर्पित) अगस्त 2022
5. कुरूक्षेत्र मई 2022

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती और भारतीय भाषा उत्सव

डॉ. बिन्दू परस्ते *

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भाषा तू जननी है मेरी, भाषा तू मातृभूमि है मेरी
भाषा तू अभिव्यक्ति है मेरी, भाषा तू संस्कृति है मेरी
भाषा तू पहचान है मेरी, तुझसे ही है समृद्धि मेरी
भाषा न होती तो मेरी, भावनाऐं मौन ही रह जाती
–श्री प्रेमचंद परस्ते

अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। हमारे देश में भिन्न–भिन्न जाति, धर्म, संप्रदाय के लोग निवास करते हैं। सबकी अलग–अलग भाषाएँ, बोलियाँ, रीतिरिवाज है परंतु इतनी विविधताओं के बावजूद सभी एक साथ मिलकर रहते हैं। एक दूसरे का सहयोग करते हैं ये अखण्डता ही हमारी संस्कृति का मूल स्वरुप है।

अनेकता में एकता ही इस देश की शान है
इसीलिए तो मेरा भारत सबसे महान है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सुझाया गया है कि देश के छात्रों को यएक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत ग्रेड 6–8 में विभिन्न गतिविधियों के द्वारा छात्रों को भारतीय भाषाओं की उल्लेखनीय एकता के बारे में जानने में मदद मिलेगी। जिसके अंतर्गत वे समान धवन्यात्मक और वैज्ञानिक रुप में व्यवस्थित वर्णमाला और लिपियों, उनकी सामान्य व्याकरणिक संरचनाओं, संस्कृत तथा अन्य शास्त्रीय भाषा से इनकी शब्दावली के स्त्रोत और उद्भव को ढूँढने से लेकर इन भाषाओं के समृद्ध अंतर प्रभाव को समझ सकेंगे। छात्र विभिन्न क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाओं, जनजातीय भाषाओं की प्रकृति और संरचना, भारत की हर प्रमुख भाषा के समृद्ध और उभरते साहित्य के बारे में भी सीख पाऐंगे। इस प्रकार की गतिविधियाँ उन्हें भारत की एकता की सुंदर सांस्कृतिक विरासत तथा इसकी विविधता में एकता की भावना से ओतप्रोत करेगी और अपने जीवन में वे भारत के अन्य भागों के लोगों से मिलने जुलने में सहज महसूस करेंगे।

अपनी मातृभाषा के साथ–साथ अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने तथा पड़ोसी भाषा के प्रति प्रेम और आनंद की अनुभूति के लिए भाषाई सौहार्द्र विकसित करने की आवश्यकता है। किसी अन्य भारतीय भाषा को सीखना बोलना एक प्रतिष्ठा का विषय बनना चाहिए।

इसी भावना को ध्यान में रखते हुए महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म जयंती 11 दिसम्बर को भारतीय भाषा दिवस के रुप में मनाया जाना निश्चित किया है। इस दिन भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जायेगा। तमिल साहित्य के महाकवि सुब्रमण्यम भारती अपने समय में उत्तर और दक्षिण के बीच सेतू माने जाते थे। उनके गीत देशभक्ति, राष्ट्रवाद को जगाने वाले ज्वलंत गीत थे। उनकी जयंती को उत्सव दिवस के रूप में मनाना एक बार फिर राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करेगा। इसलिए हम सब भारतीय भाषा दिवस मनाते रहे हैं।

सदुपयोग करों भाषा का, इसकी यही कहानी है।
इसको परवाह नहीं किसी का, यह तो बहता पानी है।
भाषा के प्रवाह में तुम, यूँ ही बहते जाओगे
भाषा का प्रवाह भी ऐसा है नदी की तरह बह गया सो बह गया।
कोई ऐसी भाषा नहीं बना सकता, जो वाणी में कटुता पैदा कर सके
भाषा भी ऐसी है जो मनुष्य की वाणी में रम गई सो रम गई।
–श्री प्रेमचंद परस्ते

एक छत्तीसगढ़ी लोकगीत का उल्लेख करने जा रही हूँ। इस गीत को मेरी माँ श्रीमती गीता मरकाम सेवानिवृत्त उपमहानिदेशक दूरदर्शन केंद्र इन्दौर एवं मेरे पिता श्री बाबूराम मरकाम सेवानिवृत्त वरिष्ठ समाचार वाचक आकाशवाणी इन्दौर द्वारा स्वरचित एवं संगीतबद्ध किया गया है। इस गीत की रचना उन्होंने जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़ में पोस्टिंग के दौरान की थी। मेरे माता–पिता छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के प्रसिद्ध युगल गायक रहे हैं। इनके गीत समय–समय पर दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से प्रसारित होते रहे हैं। उन्हीं में से एक गीत जंगल पहाड़ के गीत जो पति–पत्नी के जीविकोपार्जन संबंधी संवाद से संबंधित है।

सुन संघी जावो जल डोंगर पहार
ऊहाँ ले लाबो सरई बीजा कबार
बीजा ला धरके जानो बस्तर बाजार
ओमा निकारबो गा खर्चा हमार
सरई बन सरई बन या चिरई बोले ना
मोर बन एक ठन तै लेबे लुगरा
अरे लुगरा ला छोड़ पहले लेबो गघरा
सरई बन या सरई बन या चिरई बोले ना
बीजा ला बेंच के चलाबो खर्चा
तबतो लईकन खा लेबो फतोही कुर्ता
सरई बन या सरई बन या चिरई बोले ना

भाषा समाज के ही गर्भ से पैदा होती है और सांस्कृतिक एकता कायम रखने का आधार भी। तीव्र गति से आ रहे सामाजिक बदलावों में मोटे तौर पर दो बाते सामने आ रही हैं एक तो व्यक्ति पहले से अधिक जागरूक हुआ है और दूसरे सांस्कृतिक प्रसार भी हो रहा हैं। ऐसे में राष्ट्रीय एकता को बनाए

रखने की चुनौती भाषा के माध्यम से ही संभव है क्योंकि भाषा में चुनौतियों को आत्मसात करने की अद्भूत क्षमता भी होती है। परिवर्तन के साथ विकास का प्रश्न भी जटिल हो गया है। भारतेंदू हरिशचंद्र की पंक्तियाँ उद्धृत करना चाहूँगी –

निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को शूल।

इस मायने में विचार करें तो हमें अपनी भाषा के संरक्षण पर ध्यान देना जरुरी है तब ही हम अपनी उन्नति भी कर सकते हैं।

भाषा किसी भी समाज में उसकी संस्कृति का अभिन्न अंग होती है। समाज में ज्ञान का प्रसार ज्ञान को अर्थपूर्णता देने में भाषा सशक्त आधार होती है। जिस तेजी से सामाजिक परिवर्तन की गति बढ़ रही है उसमें बहुत कुछ बदला है और इस परिवर्तन के दौर में हमारी अभिव्यक्ति का आधार हमारी मातृभाषा भी बदलाव से अछूती नहीं रही। यह भी सच है कि ज्ञान की धरोहर को आगे बढ़ाने में नयी जानकारियों को सामाजिक संदर्भ में समझ सकने का आधार तैयार किए बगैर हम अपनी जड़ों से हिल जाएंगे अर्थात् भाषा की प्रगति हमारे राष्ट्र की प्रगति का आधार है।

लेखन भाषा के सृजन का आयाम है। हमारा प्रयास सार्थक हो क्योंकि ज्ञान के विमर्श का श्रेष्ठ आधार हमारी भाषा ही हो सकती है। पठन–पाठन को मजबूत आधार मातृभाषा ही प्रदान कर सकती हैं विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या विभिन्न नये विषयों के प्रति बढ़ती अभिरुचि के अनुरुप मौलिक लेखन की आवश्यकता भी निरंतर बढ़ रही है।

उत्तार–दक्षिण के सेतू के नाम से प्रसिद्ध महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के मौके पर स्कूलों और कॉलेजों में 11 दिसम्बर को भारतीय भाषा दिवस मनाया जाएगा। इसका मकसद, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के तहत छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देंगे। अन्य भाषाएँ सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है। सभी भाषाओं की जननी संस्कृत को माना जाता है उसी से अन्य भाषाऐं परिष्कृत और परिमार्जित होकर निकली हैं।

चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती एक सुप्रसिद्ध भारतीय लेखक कवि और पत्रकार, भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और तमिलनाडु के समाज सुधारक थे। 'महाकवि भारती' के रुप में लोकप्रिय, वे आधुनिक तमिल कविता के अग्रदूत थे और उन्हें अब तक के सबसे महान तमिल साहित्यकारों में से एक माना जाता है। उनकी कई रचनाएं, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशभक्ति और राष्ट्रवाद को जगाने वाले ज्वलंत गीत थे। 1882 में तिरूनेलवेली जिले के एट्टायपुरम में जन्में भारती की प्रारंभिक शिक्षा तिरूनेलवेली और वाराणसी में हुई और उन्होंने कई समाचार पत्रों में पत्रकार के रूप में काम किया। उनमें 'स्वेदश मिश्रण' और 'भारत' उल्लेखनीय समाचार पत्र थे। भारती भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सक्रिय सदस्य भी थे। 1908 में ब्रिटिश भारत सरकार द्वारा भारती के खिलाफ उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था जिसके कारण उन्हें पुडुचेरी जाना पड़ा जहाँ वे 1918 तक रहे। भारती द्वारा लिखित साहित्य का दायरा बहुत विस्तृत था जिसमें धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक पहलू शामिल थे। भारती द्वारा लिखे गए गीतों का व्यापक रूप से तमिल फिल्मों और संगीत समारोहों में उपयोग किया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. छत्तीसगढ़ी बोली – श्री प्रेमचंद परस्ते
2. छत्तीसगढ़ी लोकगीत – श्रीमती गीता मरकाम
3. छत्तीसगढ़ी साहित्य – श्री बाबूराम मरकाम
4. हिन्दी भाषा और नैतिक मूल्य – डॉ. राजरानी शर्मा

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

समकालीन साहित्य में हिन्दी पत्रकारिता का स्वरूप

डॉ. चन्द्रकला चौहान *

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) पं. अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपल्यामण्डी, जिला- मन्दसौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – साहित्य और पत्रकारिता एक दूसरे के पूरक है। आधुनिक हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने में पत्र-पत्रिकाओं का विशेष योगदान रहा है। पत्रकारिता को साहित्यकार की पहली सीढ़ी कहा गया है। वर्तमान समाज पत्रकारिता के नये युग में जी रहा है। विज्ञान जनित तकनीक ने पत्रकारिता के स्वरूप को व्यापक रूप में बदल दिया है। आज की पत्र-पत्रिकाएँ, अखबार, पत्रिकाएँ, रेडियों, टेलीविजन तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसका स्वरूप अब विस्तृत हो चुका है। वास्तव में पत्रकारिता की धारा विविध रूपों एवं आयामों में बहती है तथा प्रत्येक स्वरूप एवं आयाम का संबंध जनकल्याण से उतना ही है जितना की अग्नि का तपन से, चाँद का शीतलता से, मोती का क्रांति से और बादल का वर्षा से आवश्यकता बस पूर्ण मनोयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने वाले पत्रकारों की है।

प्रस्तावना – समकालीन साहित्य में सभी साहित्यिक अभिव्यक्तियाँ शामिल है जो उत्तार आधुनिकता के बाद से हुई है। इनमे से कुछ लेखकों को समकालीन माना जा सकता है। यदि यह वर्तमान समय की शैलीगत, कलात्मक या विषयगत गुणों को साझा करता है, इस अवधारण के तहत, अन्य शताब्दियों के कुछ लेखक भी समकालीन लगते है।

समकालीन का सामान्य अर्थ है – एक ही समय का या उसी समय होने वाला या समसामयिक है। इसे युगपात या सहवर्ती भी कहते है। समसामायिक का अर्थ है – वर्तमान कालिन अर्थात् आज की समझ रखना। वर्तमान सदैव पूर्व काल पर आधारित होता है व भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है। समसामयिक विषयों पर लेखन के लिए अपने आस-पास के समाज की समझ, राजनीतिक विषयों की जानकारी, आर्थिक हलचल, उतार-चढ़ाव, सामाजिक-राजनीतिक सम्बंधों की प्रति जागरूकता होनी आवश्यक है। जैसे – सुभाषचन्द्र बोस, गांधीजी के समकालीन थे। किसी भाषा के वास्तविक और लिखित (शास्त्र समूह) को 'साहित्य' कह सकते है।

दुनिया में सबसे पुराना वाचिक साहित्य हमें आदिवासी भाषाओं में मिलता है। इस दृष्टि से आदिवासी साहित्य सभी साहित्य का मूल स्रोत है। साहित्य – स + हित+ य के योग से बना है। भाषा के माध्यम से अपने अंतरंग की अनुभूति, अभिव्यक्ति कराने वाली ललित कला 'काव्य'ही साहित्य कहलाती है। साहित्य समाज का एक आईना है जिससे हम समाज को देखते है। अर्थात् यह मानवीय जीवन का चित्र होता है।

पत्रकारिता के लिए अंग्रेजी का शब्द 'जर्नलिज्म' है। जिसकी व्युत्पत्ति 'जर्नल' शब्द से हुई। 'जर्नल' शब्द का अर्थ दैनिकी या दैनान्दिनी है। पत्रकारिता के संदर्भ में इसका अर्थ समाचार पत्र है। समाचार को अंग्रेजी में न्यूज (NEWS) कहा जाता हैं। स्पष्ट है कि 'न्यूज' में चार अक्षर है – एन.ई.डब्ल्यू.एस.। इनका अभिप्राय है – एन (N) – नार्थ (उत्तर), ई (E) – ईस्ट (पूर्व), डब्ल्यू (W)– वेस्ट (पश्चिम), एस(S)– साउथ (दक्षिण)। इस प्रकार न्यूज शब्द चारों दिशाओं का बोध कराता है, उसे ही समाचार कहते है।

'पत्रकारिता एक पेशा नहीं है बल्कि यह तो जनता की सेवा का माध्यम है।'[1]

समाज के हित और रूचि को ध्यान में रखकर समाचारों का संकलन, चयन, विश्लेषण और समाज तक उनका सम्प्रेषण करना ही पत्रकारिता है। अकबरी इलाहाबादी ने भी कहा है-

'खींचो न कमानों को न तलवार निकालों।
जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालों।'[2]

हिन्दी पत्रकारिता का स्वरूप – समाचार-पत्र पत्रिकाएँ विश्व के प्रतिबिम्ब है। देश विदेश में घटने वाली घटनाएँ, वर्तमान समय व प्रवृत्तियाँ, स्मृतियाँ सब इनके भीतर दिखाई देती है। सुबह होते ही जनता के हाथों में समाचार-पत्र होता है। अपनी-अपनी अभिरूचि के अनुसार जनता उसमें अपना चेहरा देखती है और बौद्धिक विकास पाती है। समाचारों से बड़ी-बड़ी क्रांतियाँ संभव हुई है। समाचार-पत्रों को देश के निर्माण में एवं व्यक्ति के विकास की एक महत्ती भूमिका है। आजकल जनता को सही सटीक जानकारी विभिन्न-पत्र, पत्रिकाओं के माध्यम से देना बहुत आसान हो गया है, देश में धीरे-धीरे या कुछ वर्षो में समाचारों के कारण बहुत परिवर्तन आ गया है। समय के साथ-साथ प्रांतीय भाषाओं में क्षेत्रीय समाचारों का तेजी से विकास हुआ है।

स्वतंत्रता के पूर्व व स्वतंत्रता के बाद की पत्रकारिता को यदि देखा जाए तो प्राचीनकाल में जब छापने की मशीन नहीं थी और न कागज था, उस युग में भी राजाओं द्वारा दिए गए आदेशों को प्रकाशित व वितरित किया जाता था। शिलालेखो और स्तम्भलेखों के द्वारा ऐतिहासिक काल में युग में पूर्व तत्कालीन देशों में जनता को सरकार की आज्ञा तथा प्रजा के कर्तव्यों का ज्ञान कराने की भी परिपाटी रही है।

स्वतंत्रता के बाद समाचार-पत्र/पत्रिकाओं का मुख्य उद्देश्य हो गया, अब जानकारियों एवं विकास की संभावनाओं को जनता तक पहुंचना और जनता की इच्छाओं और जरूरत को सत्ता और शासक वर्ग तक पहुंचना ही नहीं अब समाचार पत्र समाज के हल पहलूओं को प्रभावित करती है। परस्पर निर्भरता के चलते समाचार-पत्र अब समाज का दर्पण हो गई है। समाचार

सामाजिक जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है। वह जब तक समाचार पत्र नहीं पढ़ लेता तब तक उसके मन की जिज्ञासाएँ शांत नहीं होती। समाचार सामाजिक जीवन के पूरक है।

पत्रकारिता एक महत्वपूर्ण मानवीय दायित्व से युक्त कार्य है। इस कार्य का लक्ष्य सिर्फ आर्थिक हित लाभ नहीं है। सूचना देना, शिक्षित करना एवं मनोरंजन करना पत्रकारिता का प्रमुख लक्ष्य है। जीवन की विविधता एवं नवीनतम संसाधनों की प्रचुरता को बहुआयामी बना दिया। आज पत्रकार अपनी-अपनी रूचि एवं प्रवृत्ति के अनुसार अपने लिए विशिष्ट क्षेत्रों का चयन कर रहे हैं क्योंकि वर्तमान समय पूर्णतया विशिष्टीकरण की ओर अग्रसर है। इस प्रकार पत्रकारिता के विभिन्न स्वरूपों को निम्नवत् वर्गीकृत किया जा सकता है - ग्रामीण पत्रकारिता, आर्थिक पत्रकारिता, विज्ञान पत्रकारिता, उद्योग पत्रकारिता, फिल्म पत्रकारिता, स्वास्थ्य पत्रकारिता, मनोरंजन पत्रकारिता, दूरदर्शन पत्रकारिता, खेल पत्रकारिता, रेडियों पत्रकारिता, मौसम पत्रकारिता आदि।

इस प्रकार हम देख रहे है कि समकालीन परिवेश में समाचार-पत्र व पत्रिकाओं के लेखन के विविध स्वरूप हमारे सामने है।

हिन्दी पत्रकारिता आज स्वस्थ, निर्भीक, प्रखर, राष्ट्रीय स्वर से समुक्त हो और जिसका उद्देश्य भारतीय जनमानस की अस्मिता, स्वाभिमान का बोधा कराना हो, ऐसी पत्रकारिता की आवश्यकता है। आज के संक्रमण के दौर में महत्वपूर्ण, सार्थक और संगत पत्रकारिता की आवश्यकता ही लोकतंत्र के इस 'चौथे स्तम्भ' का राष्ट्र से बहुत ही गहन रिश्ता होता है।

पत्रकारिता ही वह माध्यम है जिसके अंतर्गत हम विश्व जीवन से संयुक्त होते है। आज के इस सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व्यस्तम जीवन में समाचार-पत्र, पत्रिकाएँ हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जिस तरह शारीरिक भूख शांत करने के लिए भोजन जरूरी है, उसी तरह मानसिक तृप्ति के लिए पत्र-पत्रिकाएँ जीवन के लिए अनिवार्य हो गई है। समाचार-पत्र एवं पत्रकारिता वास्तव में एक चुनौती है जिसके आवश्यक गुण है - उत्तरदायित्य, निष्पक्षता, सभी दबावों से परे रहना, स्वतंत्रता बनाए रखना, समान और सभ्य व्यवहार, सत्य प्रकट करना।

महात्मा गाँधी ने कहा था - 'समाचार-पत्रों में बड़ी शक्ति है। इनमें शब्दों की सरलता, शैली का गंभीर और लालित्य होना अनिवार्य है। ठीक वैसे ही जैसे - पानी के जबरदस्त प्रवाह में होती है। इसे आप खुला छोड़ देंगे तो वह गाँव को बहा देगा, खेतों को डुबा देगा, उसी तरह से निरंकुश कलम विनाश का कारण बन सकती है, लेकिन अंकुश भीतर का ही होना चाहिए। बाहर का अंकुश और भी जहरीला होता है।'[3]

उपर्युक्त परिभाषाओं के आलोंक में हम पत्रकारिता के स्वरूप को समझ सकते है। पत्रकारिता अपने समय और समाज के प्रति सजग और विवेकपूर्ण होती है और समाज की समय की नब्ज के प्रति दायित्व युक्त बनाने का काम करती है। पत्रकारिता का स्वरूप लोकतांत्रिक, मानवीय दायित्व से पूर्ण, मानवीय गौरव और गरिमा को स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील, मानव और समाज के बीच के अंतर संबंधों को सद्भावपूर्ण और तर्क आधारित बनाने के लिए प्रतिबद्ध मनुष्य और सत्ता के सम्बंधों और संघर्षो में मानवीयता की पक्षधार, अन्याय के खिलाफ न्याय की आवाज के रूप में प्रतिष्ठित है।

आज के संदर्भ में पत्रकारिता व्यावसायिक हो गई है। यह अलग चर्चा का विषय है। वास्तविक रूप में पत्रकारिता का स्वरूप क्या है ? यह अलग प्रश्न है। पत्रकारिता अपने उद्भव के साथ और इलेक्ट्रानिक मीडिया के हावी होने से पहले यानि कि भूमण्डलीयकरण की प्रक्रिया के पूर्व पत्रकारिता का जो स्वरूप था वह आज नहीं है।

भारतेन्दु हरिशचन्द्र के समय से हिन्दी पत्रकारिता ने अंग्रेजी सत्ता के विरोधा के जो नए-नए आयाम गृहण किए थे और जन जागृति का जो बिगुल बजा रखा था, वह आजादी के साथ समाप्त होता गया और देश के आर्थिक विकास और पूंजीवाद के विकास के साथ-साथ जीवन और राजनीति के सम्बंधों में जो संरचनात्मक परिवर्तन या विघटन आया उसके कारण पत्रकारिता का स्वरूप भी बदल गया।

30 मई 1826 को कलकत्ता से प्रकाशित पं. जुगलकिशोर शुक्ल के सम्पादन में निकलने वाला 'उदंत मार्तण्ड'को हिन्दी का पहला समचार पत्र माना जाता है। इसलिए 30 मई को 'हिन्दी पत्रकारिता दिवस'के रूप में मनाया जाता है।

युगीन परिस्थितियों के आधार पर प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं के नाम इस प्रकार है -

1. भारतेन्दु पूर्व युग की पत्र-पत्रिकाएँ -

उदन्त मार्तंड - जुगल किशोर शुक्ल (1826), कलकत्ता-साप्ताहिक,
बंगदूत - राजा राम मोहन राय (1829), कलकत्ता - साप्ताहिक,
प्रजामित्र - (1834)
बनारस- अखबार, राजशिव प्रसादसिंह (1845), बनारस

2. भारतेन्दु युग की पत्र-पत्रिकाएँ -

कविवचन सुधा - भारतेन्दु (1868), काशी - मासिक पत्र,
हरिशचन्द्र मैगजीन - भारतेन्दु (1873), बनारस,
बाल बोधिनी - भारतेन्दु (1874), बनारस - साप्ताहिक,
भारत बंधु - तोताराम, भारतमित्र,
हिन्दी प्रदीप - बालकृष्ण भट्ट (1877) प्रयाग - मासिक

2. द्विवेदी युग की पत्र-पत्रिकाएँ -

नागरी नीरद - बद्रीनारायण चौधारी (1893) मिर्जापुर - साप्ताहिक,
नागरी प्रचारिणी पत्रिका - (1896), काशी - त्रैमासिक,
सरस्वती- चिंतामणि घोष (1900), काशी - मासिक,
सुदर्शन - देवकीनंदन (1900), काशी,
समालोचक - चन्द्रधरशर्मा गुलेरी (1902), जयपुर,
इंदू- अम्बिकादत्त प्रसाद गुप्त (1909), काशी - मासिक,
प्रताप- गणेशंकर विद्यार्थी (1913) - साप्ताहिक,
प्रभा- कालूराम (1913) -मासिक,
मर्यादा - कृष्णकांत मालवीय (1909) आदि

4. छायावादी युग की पत्र-पत्रिकाएँ -

चाँद - महादेवी वर्मा (1920), प्रयाग,
नवजीवन - गाँधी (1921), अहमदाबाद,
माधुरी-दुलारेलाल भार्गव (1922), लखनऊ,
कर्मवीर- माखनलाल चतुर्वेदी (1924), जबलपुर,
हंस - प्रेमचन्द्र (1930), बनारस - मासिक,
जागरण - पूजन सहाय (1932)

5. छायावादोत्तर युग की पत्र-पत्रिकाएँ -

साहित्य संदेश - बाबु गुलाब राय (1937), आगरा - मासिक,
भारत - नंददुलाई वाजपेयी, इलाहाबाद,
धर्मयुग- धर्मवीर भारती (1950), मुम्बई,

आलोचना– शिवदानसिंह चौहान (1951), नई दिल्ली,
नये पत्ते – लक्ष्मीकांत वर्मा (1953), इलाहाबाद,

6. वर्तमान काल की पत्र–पत्रिकाएँ–

ज्ञानोदय – कन्हैयालाल मिश्र (1955), कलकत्ता
समालोचक– रामविलास शर्मा (1958), आगरा
पहल– ज्ञानरंजन (1960), जयपुर
सारिका– रतनलाल (1960)
समकालीन भारतीय साहित्य – (1980)
हंस –राजेन्द्र यादव (1984), दिल्ली,

मानव समाज में जागृति लाने के लिए समय और परिस्थिति के अुनसार दैनिक अखबार, साप्ताहिक पत्रिकाएँ, मासिक पत्रिकाएँ, त्रैमासिक पत्रिका, अर्द्धवार्षिक पत्रिका एव वार्षिक पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है। समाचार पत्र और पत्रिकाओं में देश की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर ही प्रकाश कार्य किया जाता है।

निष्कर्ष – अंत: हम यह कह सकते है कि समकालीन साहित्य में पत्रकारिता एवं समाचार पत्रों का स्वरूप तीव्र गति से परिवर्तित हो रहा है। जीवन के प्रत्येक पहलूओं को ध्यान में रख कर पाठ्य सामग्री एकत्रित की जा रही है जो समाज और राष्ट्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे रही है। समकालीन साहित्य में हिन्दी पत्रकारिता की यह भूमिका इस तथ्य को पुरजोर ढंग से रेखांकित और स्थापित करती है कि वह हमेशा से ही राष्ट्रीय हित की भावना से ओतप्रोत होकर संचालित होती रही है तथा जनमानस को सदैव प्रेरित करती रही है। हिन्दी पत्रकारिता का इतिहास सम्पादकों, पत्रकारों के त्याग एवं कर्तव्य–निष्ठा का इतिहास रहा है।

हिन्दी पत्रकारिता ने अपने स्वरूप और अपने चरित्र में बुनियादी परिवर्तन किये। जिसने ख़बरों की स्थूलता की जगह उसके तह में छिपी सच्चाईयों को खोज निकालने की प्रवृत्ति विकसित की है और हिन्दी की पत्रकारिता ने आमजनता के दु:ख–दर्द को आवाज देना ही नहीं बल्कि उसके कारणों को खोजने, तलाशने एवं उस पर निर्भीकता के साथ भरपूर हमला करने की ओर भी प्रवृत्त हुई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. डॉ. राय छबीला त्रिपाठी, डॉ. श्रीमती उषा शुक्ल – प्रयोजनमूलक हिन्दी, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
2. डॉ. संजीव जैन – प्रयोजनमूलक हिन्दी, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
3. डॉ. त्रिभुवन शुक्ल, डॉ. किरण जैन, डॉ. कमल चतुर्वेदी – प्रयोजनमूलक हिन्दी, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, संस्करण द्वितीय, 2020।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

मेहरून्निसा परवेज के कथा साहित्य में शोषित नारी की दुर्दशा एवं चेतना

भूपेन्द्रीय देवी जायसवाल* डॉ. एस.आर. बंजारे **

* शोधार्थी, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, भानुप्रताप देव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – वर्तमान युग में भारतीय समाज आज भी नारी के लिए पिता, पति और पुत्र में से किसी एक अभिभावक की आवश्यकता समझता है। आधुनिक नारी आत्मनिर्भर होकर सामाजिक क्षेत्रों में कार्य कर रही है। आत्म निर्भरता नारी के व्यक्तित्व में परिवर्तन लाती है। आज नारी अपने व्यक्तित्व के प्रति सजग एवं संवेदनशील है। प्रमील कपूर के शब्दों में – 'जहाँ उसका व्यक्तित्व केवल सेक्स, प्रेम ओर विवाह के इर्द–गिर्द घूमता था, वहाँ आज अर्थ भी उसके व्यक्तित्व का निर्धारक बन गया है।'[1]

भारतीय समाज में नारी की दशा –भारतीय समाज में सबसे अधिक पीड़ित, प्रताड़ित एवं बन्धन ग्रस्त वस्तु यहाँ की नारी रहती है। नारी आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और राजनैतिक रुप से शोषण का शिकार बनती है।

'हमारे समाज में नारी अनेक समस्याओं से ग्रस्त रही है। समाज में एक ओर पुरूषों को स्वच्छन्द जीवन भोगने के लिए अनेक व्यापारिक सुविधाएँ उपलब्ध रही हैं, दूसरी तरफ नारी घर की चार दीवारों में बन्द होकर पुरूषों के हाथ की कठपुतली बनी रही है। पुरूष केन्द्रित समाज ताकि परिवार में नारी को हीन समझकर उसे समानाधिकारों से वंचित रखा गया। फलत: वह हीन भावना ग्रस्त होकर आजीवन सामाजिक अत्याचार मौन रुप से सहती रहती है।'[2] आज शोषण व पीड़ित नारियाँ सर्वत्र मिलती हैं। पुरूष की नजर में स्त्री मात्र एक शरीर है वासना पूर्ति का साधन है। मुक्त बाजार में भी स्त्री का शोषण हो रहा है। स्त्री पर बाल्यकाल से ही अत्यधिक प्रतिबंध लगा दिये जाते हैं। विवाह पश्चात् पति से भी उस पर बंधन होता है।

'यह निरापद ही निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि ऐसा कोई भी नारी जीवित नहीं होगी, जिसने अपनी पीड़ा की मुक्ति के लिए कम से कम एक बार आत्महत्या के बारे में सोचा न होगा।'[3] कहने का तात्पर्य यह है कि नारी अभी शोषण के चक्र में पिसती रही है। महिला लेखिका जो कि अधिकांशत: ऐसी नारियों का चित्रण किया है।

मेहरून्निसा परवेज जी ने अपने कथा–साहित्य में शोषित पीड़ित नारियों और उनकी समस्याओं का स्पष्ट दिल को छू जाने वाली समस्याओं का अंकन किया है। पारिवारिक समस्याओं से जूझकर अपना अस्तित्व कायम करने वाली नारी चेतना उनकी कथा साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता है।

महेन्द्र रघुवंशी के अनुसार – 'मेहरून्निसा परवेज की नारियाँ समय आने पर पति को भी त्याग सकती हैं, समाज की परम्पराओं को तोड़ सकती हैं। पति और परिवार से विद्रोह करती हैं, क्योंकि अब हमारे समाज में नारियों के जीवन का असली रुप देख लिया है, अब वह पुरूष पर आश्रित नहीं है। उसने जीने की राह ढूँढ़ ली है। जो अपना सब कुछ समर्पित कर देती है, उसे ही बेघर कर दिया जाता है। इसलिए वह चाहती है कि, उसका अपना स्वतंत्र घर हो।'[4] आशय है कि आज की स्त्री आर्थिक रुप से भी स्वतंत्र और आत्म निर्भर है इसलिए वह पुरूष सत्ता को स्वीकारती नहीं है। फिर भी तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था की वजह से नारी शोषण की परम्परा कायम है।

वर्तमान युग में नारी शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और राजनैतिक रुप शोषण का शिकार बनती हैं। मेहरून्निसा परवेज ने 'पत्थर वाली गली' में शारीरिक रुप से पीड़ित नारी का चित्रण किया है तो, 'जंगली हिरणी' में मानसिक रुप से शोषण का शिकार होने वाली नारी त्रासदी दर्शनीय है। 'गुरूमंत्र', 'पसेरी भर जवानी', 'दूसरी अर्थी', 'एक और सैलाब', पाँचवीं कब्र', 'सीढ़ियों का ठेका' और 'नया घर' जैसी कहानियों में आर्थिक रुप से पीड़ित नारियों की व्यथायें दिखायी हैं। 'जगार' में राजनैतिक से पीड़ित नारी का चित्रण किया गया है।

'पत्थर वाली गली' में जेबा अपने बूढ़े दादा और खाला के साथ रहती थी। दादा को जल्दी–जल्दी टाइम जानने की आदत थी। टाइम जानने के लिए दादा ने जेबा को नुक्कड़ वाला परचुन की दुकानदार के पास भेजा था। परचुनिया जेबा को देखते ही एक आँख दबाकर बेशर्मी से मसखरी करता है, 'रानी के लिए घड़ी शहर से ला दूँगा, फिर रोज–रोज टाइम देखना।'[5] दुकानदार एक वहशी आदमी था। एक दिन दुकानदार ने उसे अपनी हवस का शिकार बना लिया। इस कहानी में नारी का शारीरिक शोषण का नया उल्लेख हुआ है।

'जंगली हिरणी' कहानी में आदिवासी लड़कियों में उन्मुक्त प्रेम आचरण को प्रस्तुत किया गया है। आदिवासी लोग प्रेम को पवित्र एवं सुन्दर मानने के साथ ही प्रेम पर कोई प्रतिबंध नही लगाते हैं। आदिवासी लच्छो शहर से पढ़ाने आये अध्यापक से प्यार करती है। शहरी बाबू उसे बहुत सुन्दर सपने दिखाता है। कहता था कि – 'लच्छो पूछती – 'परदेशी तुम मुझे भी पढ़ाओगे न !' हाँ, तुम्हें पढ़ाऊँगा। 'मुझे दिखाओ न परदेशी अपना शहर।'

'हाँ; तुम्हें ब्याहकर ले जाऊँगा।'[6] और अंत में उसे छोड़कर शहर चला जाता है। लच्छो अपने प्रेमी के चले जाने से केवल आँसू बहाने के अलावा कुछ नहीं कर पाती।

'गुरूमंत्र' कहानी में मूँगा, सुकरी और बेलती ये लड़कियाँ उनकी माँ की मृत्यु के बाद अनाथ सा हो जाती है। इन लड़कियों का बाप दूसरा ब्याह कर एक औरत को ले आता है। आर्थिक अभाव के कारण इन लड़कियों की शादी बाप कर नहीं पाता। बड़ी लड़की रेल्वे में काम करने वाले मजदूर के

साथ भाग जाती है। इसके बाद मौसी मूँगा की शादी अधेड़ लड़के के साथ तय करती है। वह लड़का चाहे कैसा भी हो मगर घर सम्पन्न है। इसलिए चैन से रह सकती है। आर्थिक अभाव के वजह से लड़की को अपने इच्छानुसार शादी करने की छूट नहीं होती है।

'पसेरी भर जवानी' कहानी की मोहनी अपने पति के साथ सुखपूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर रही थी। उसके पति को एक झूठे कत्ल के जुर्म में पकड़ लिया जाता है। इस केस की वजह से उसके घर की सारी सुख शान्ति चली जाती है। घर की आर्थिक स्थिति बुरी होने पर धनार्जन करने के लिए वह शरीर बेचने को भी तैयार होती है।

'पाँचवीं कब्र' इस कहानी में आर्थिक अभाव से पीड़ित बाप रहमान की व्यथा को व्यक्त किया गया है जिसमें रहमान और उसकी पत्नी अपने बेटी की शादी करने के लिए पाँच और लोगों की मृत्यु का इंतजार करती है। क्योंकि कब्र खोदने से पैसे मिलते है। उसी से रहमान का घर चलता है।

'दूसरी अर्थी' में खोलीवाला आदमी के नाम से मोहल्ले में जाना जाता व्यक्ति अचनाक मर जाता है। पति की मृत्यु के बाद पत्नी व बच्चे अनाथ हो जाते हैं। परिवार का मुखिया जिससे ही घर चलता हो चल बसे तो उस परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है।

'एक और सैलाब' में नीलू घर और अस्पताल के चक्कर काटकर थक गयी। एक दिन नीलू को मालूम हो जाता है कि उसका पति ठीक नहीं हो सकता। नीलू बहुत कर्ज ले चुकी थी। अन्त में नीलू नींद की गोलियाँ ज्यादा देकर पति की हत्या करती है। नीलू अपने पति की बीमारी तथा तीन बच्चों की जिम्मेदारी और आर्थिक कठिनाई के कारण थक गई थी। आर्थिक परेशानी मनुष्य को बुरे काम करने के लिए मजबूर कर देती है।

'सीढ़ियों का ठेका' इस कहानी में करीमन और फातिमा आर्थिक विषमता के कारण बड़ी मस्जिद की सीढ़ियों पर बैठकर भीख माँगती हैं।

'नया घर' कहानी में हलीमन द्वारा मानवीयता का परिचय देने का प्रयास किया है और साथ ही आर्थिक विषमता को अंकित किया गया है।

'जगार' कहानी में पूँजीपतियों और राजनैतिक नेता के हाथों कठपुतली बनने से विवश होने वाली गोमती की विडंबना को दर्शाया गया हे। गोमती द्वारा परवेज जी ने औरत की राजनैतिक चेतना और उनकी जिन्दगी में आये परिवर्तन को मार्मिक रुप से व्यक्त किया है। इस कहानी का आशय है – 'जागना' अपने सम्मान और सत्य की लड़ाई के लिए उठ खड़े होना। जगार कहानी में बताया गया है कि कैसे चौधरी या अमीर लोग अपने नौकरों की बीबियों को अपनी रखैल समझते हैं और उनकी इज्जत को तार–तार कर देते हैं और न चाहते हुए भी उन्हें ये सब सहन करना पड़ता है। और अगर वह स्त्री अपनी सम्मान के लिए कुछ बोल दे तो उसकी जान ले ली जाती है।

'औरत को सम्मान जनक, जीवन जीना है तो समाज और राजनीति में बराबर हस्तक्षेप करते ही रहना होगा, क्योंकि समाज में ही राजनीति पैदा होती है और राजनीति ही समाज को नियंत्रित करती है।'[7] वर्तमान युग में सामाजिक विचारों में परिवर्तन आया है। परन्तु यह परिवर्तन मानसिक रुप से स्त्री में जितनी प्रगति से आया है, उतना पुरुष में नहीं। उषा महाजन का कहना है – 'पुरूष भी यह समझ लें कि पति और पत्नी जीवन रथ के दो पहिए होते हैं, जिन्हें मंजिल तक पहुँचाने के लिए एक साथ, एक ही समान गति से एक ही दिशा में आगे बढ़ना होगा, तभी परिवार नामक संस्था फल–फूल सकती है। वरना तो जिस घर की धुरी, स्त्री ही संतप्त–प्रताड़ित होगी, उस घर का शीर्ष, पुरूष कब तक उस तपन से बच पाएगा।'[8]

काम काजी महिला भी परिवार द्वारा शोषण का शिकार बनती है। आर्थिक पराधीनता से अपनी पुत्री का विवाह भी माता–पिता नहीं करते। वे स्वार्थवश उसे बाँधे रखते हैं। परिवार की पुष्टि ही उनका एकमात्र लक्ष्य है– 'आज की नौकरी पेशा नारी के मानसिक अन्तर्द्वन्द्वों और विवशताओं को अक्सर उनके अपने माँ–बाप, भाई–बहन तक नहीं समझ पाते, पति का फिर क्या कहना। बढ़ती हुई माँगें और महंगाई, ऊँचे उठते जीवन स्तर आदि में दूसरों के साथ होड़ मचाने के लिए मध्यम वर्गीय व्यक्ति को भी कठिन मेहनत करनी पड़ती है। इसलिए मध्यमवर्गीय नारी के लिए नौकरी करना जरूरी हो गया है। नौकरी करने वाली नारी को घर और बाहर दोनों जगह काम का बोझ अकेली ही संभालना पड़ता है।'[9] कामकाजी नारी हर क्षेत्र में शोषण का शिकार होती है।

'अकेला गुलमोहर' में सुधा कामकाजी नारी है। बड़े भाई सुधा की कमाई पर जीवन बिताता है। वह कसाई की दृष्टि अपनी बहन पर डालता है। उसका विवाह करवाने की इजाजत भी वह नही देता। इस कहानी में आर्थिक स्वार्थपरता एवं कामकाजी महिलाओं के शोषण की समस्या ही प्रमुख समस्या है। 'अकेला पलाश' उपन्यास में पति जमशेद के यातनामय, अन्यायपूर्ण व्यवहार से संघर्ष करते हुए भी कामकाजी तहमीना अपना जीवन घसीट ले रही है। तहमीना के उत्पीड़न का तथा शोषण का कोई अंत नहीं होता।

निष्कर्ष –भारतीय समाज में असंख्य नारियाँ विद्यमान हैं जो पति के अन्याय पूर्ण व्यवहार से संघर्ष आजीवन जारी रखती है। नौकरी पेशा नारी के सामने औपचारिकता और अकेलापन, राजनैतिक दाँवपेंज, प्रतिद्वंद्विता अधिक चुनौती उत्पन्न करता है। नौकरी पेशा महिला दोहरी–तिहरी भूमिका निभाते एक मशीन की तरह बन जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रमील कपूर – भारत में विवाह और कामकाजी महिलाएँ – पृ.सं.– 11
2. वसाणी कृष्णावंती – दसवें दशक में हिन्दी उपन्यासों में दलित चेतना – पृ.सं. – 120
3. ारश्रश्रवर्ळ ींिलरारु ार्रि– ढीरवळींळाीं रवि र्ीश्रीीीश – झ. 42
4. मृदुला गर्ग – प्रथम दशक के महिला लेखन में स्त्री विमर्श – पृ.सं. – 105
5. मेहरून्निसा परवेज – मेरी बस्तर की कहानियाँ – पृ.सं. – 188
6. मैत्रेयी पुष्पा – खुली खिड़कियाँ – पृ.सं. – 227
7. उषा महाजन – बाधाओं के बावजूद, नई औरत – पृ.सं. – 26
8. डॉ. पी. वी विश्वं (संपादक) – संग्रथन मई 12 – पृ.सं. – 15
9. डॉ. मुदिता चंद्रा और डॉ. सुलक्षणा टोपो – आधुनिक एवं हिन्दी कथा साहित्य में नारी का बदलता स्वरुप – पृ.सं. – 111

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भारतीय संसद में विपक्ष की भूमिका : एक तुलनात्मक अध्ययन 2009 से वर्तमान तक

डॉ. वीरेन्द्र चावरे* जितेन्द्र दायमा **

* प्राध्यायपक, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमने 1952 से लेकर 2022 तक संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया है। संसद सर्वोच्च है एवं संसदीय प्रणाली ने सरकार को सर्वोत्ताम माना है। हमारी आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे है तथा आजादी के बाद वर्तमान तक भारत में 17वीं लोकसभा का चुनाव हो चुका है। आज हम राजनीति में सांस लेते है, राजनीति में जीते है, हमारा जीवन चारों ओर से राजनीति से जकड़ा है। संसदीय लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में विपक्ष का विशेष महत्त्व है। यदि पता करना हो कि किसी देश मी स्वतंत्रता और लोकतंत्र जीवित है या नहीं तो यह जानना होगा कि वहां विपक्ष है या नहीं है तो उसकी भूमिका क्या है कैसी है।

संसदीय प्रजातंत्र का एक आधारभूत तत्व है विरोधी दल। विरोधी दल का अस्तित्व संसदीय प्रजातंत्र की पहचान है। एक सशक्त विरोधी दल के अभाव में संसदीय प्रजातंत्र का जीवन दुर्लभ है।

15वे लोकसभा चुनाव अप्रैल–मई 2009 में सम्पन्न हुए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने (संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन) यूपीए की पाँच वर्ष सरकार चलाने के बाद फिर देश की जनता ने 2009 के चुनाव में उन पर विश्वास जताया। 2004 की तुलना में 2009 में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री पद हेतु उम्मीदवार घोषित किया था जबकि भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण अडवाणी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया, किन्तु वह बहुमत से दूर रही। कांग्रेस पार्टी को सबसे अधिक सीटे प्राप्त हुई। इस लोकसभा में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। सबसे अधिक सीटे 206 कांग्रेस को मिली। भाजपा को 116 सीटे प्राप्त हुई। एनडीए फिर सरकार बनाने हेतु विफल रहा जिसने गठबन्धन के माध्यम से यूपीए–2 की सरकार बनाई और डॉ. मनमोहन सिंह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 15वीं लोकसभा में 543 सीटों के लिए चुनाव हुए जिसमें 7 राष्ट्रीय दल तथा 34 राज्य स्तरीय एवं 322 सम्बन्धित पार्टी ने अपनी किस्मत को अजयामा। इस चुनाव में सात राष्ट्रीय दल में कांग्रेस, भाजपा, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जनता दल शामिल थे।[1] 15वीं लोकसभा चुनाव के पश्चात विभिन्न राजनीतिक दलों को सीटें प्राप्त हुई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 206, भारतीय जनता पार्टी 116, बहुजन समाज पार्टी 21, सीपीआई 04, सीपीएम 16, एनसीपी 09 इत्यादि।[2]

संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन सरकार को डीएमके ने नया झटका दिया जब संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद में भारत द्वारा पड़ौसी राष्ट्र श्रीलंका के विपक्ष में वोट किया। तब ऐसा नजारा देखने को मिला जब सीबीआई ने डीएमके नेता के यहाँ छापा मारी की गई जो कि विदेशी करों पर चोरी के मामलों को देखते हुए बर्बर कार्यवाही हुई। जिसका पलटवार करते हुए डॉ. मनमोहन सिंह ने कहाँ कि हम छापे की कार्यवाही से भिन्न है और सरकार का इससे कोई लेना देना नहीं है।

2009 में हुए लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से देश में सप्रंग गठबन्धन की सरकार बनी। डॉ. मनमोहन सिंह लगातार दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। इस सरकार को समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी व राष्ट्रीय जनता दल बाहर से समर्थन दे रहे है। जबकि डी.एम.के. व तृणमूल कांग्रेस इस गठबन्धन से अलग हो चुके है। डी.एम.के. ने तमिल समस्या के कारण जबकि टी.एम.सी. रेल मंत्रालय विवाद के कारण संप्रग सरकार से समर्थन वापस ले लिया।[3]

2009 में निर्वाचन 15वीं लोकसभा में भाजपा ने विपक्ष की भूमिका निभाई। श्रीमती सुषमा स्वराज विपक्ष की मान्यता प्राप्त नेता रहीं। 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह गठबन्धन सरकार की मजबूरी का रोना रोते देखे गये। सोनिया गाँधी इटलीमूल को लेकर विपक्ष ने जमकर निशाना साधा इस विरोध के कारण वह प्रधानमंत्री भी नहीं बन पाई। उन्होंने तो त्याग का अन्तिम भारतीय दिव्य गौरव हासिल किया।[4]

भारतीय संसद में राष्ट्र की आवाज को कभी नहीं दबाया। वह तो उसका दर्पण होता है जो कि सी.डब्ल्यू.जी., 2जी स्पैक्ट्रम, कोलगेट टेप से लेकर भ्रष्टाचार, कालाधन, कॉमनवेल्थ गेम्स, किसान जमीन अधिग्रहण, मंहगाई लोकपाल बिल, अगस्ता–वेस्टलैंड, आतंकवाद, 6 बेसीन गैस जैसे घोटालों में समय–समय पर विपक्ष द्वारा आवाज उठाई गई। महिला आरक्षण बिल को लेकर राज्य सभा में यह नजारा देखने को मिला कि विपक्ष ने राज्यसभा पति हामिद अंसारी के साथ छिना झपटी हुई, नारे लगाये गये, बिल की प्रतियाँ फाडी गई, हंगामा हुआ।[5] भारतीय संसदीय प्रणाली में राजनीति दलों का व्यवहार एक बड़ी चुनौतियाँ बन गई है। संसद चलती नहीं है और जब चलती है तो गम्भीर मसलों पर बहस के नाम पर गडे मुर्दे उखाडे जाते हैं या फिर तू–तू मैं–मैं होती रहती है। जब अमेरिका के साथ 2009 में परमाणु समझौता हुआ, उसकी गुंज संसद में सुनाई दी गई। सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया। यह देखने को मिला कि विपक्ष ने 2जी स्पैक्ट्रम घोटाले को उजागर करने का प्रयास किया, जिसमें 1 लाख 76 हजार करोड़ रूपये का नुकसान होने की बात सामने आई जिसमें पूर्व मंत्री ए.राजा को पाटिल समिति ने जिम्मेदार ठहराया।[6] 2010 के लोकसभा के

छठे सत्र 2जी घोटाले को लेकर बहुत हंगामा एवं गरमा गर्मी देखने को मिली एवं वह पूरी तरह ठप रहा। साथ ही ए.राजा पूर्व पीए चंदोलिया और पूर्व संचार सचिव बेहुरा को गिरफ्तार किया गया। इस घोटाले को लेकर केन्द्र सरकार के विरोध में म.प्र. के मुख्यमंत्री द्वारा उपहास किया गया। किन्तु प्रधानमंत्री के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने चंद मिनटों में उपहास समाप्त कर दिया। यूपीए की गठबन्धन सरकार घोटालों में घिरी हुई थी। इसकी जाँच हेतु जेपीसी को मंजूरी मिली जिसमें 2जी घोटाले के संदिग्ध राजदार सदिक बादशाह तो मृत पाए गए। घोटाला इतना बड़ा था कि 5 कार्पोरट अफसरों को भी तिहाड़ जेल भेज दिया गया। दूसरी ओर लोक लेखा समिति भी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही थी जिसके अध्यक्ष मनोहर जोशी थे। उन्होंने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष को सौपी, किन्तु एक तरफ संसदीय कार्यमंत्री पी.के. बेसल का कहना था कि रिपोर्ट तो बहुमत से खारिज हो चुकी है जिसका कोई औचित्य नहीं। जोशी को रिपोर्ट भेजने का कोई अधिकार नहीं है। 2जी स्पैक्ट्रम घोटाले में एक के बाद एक लोगों के नाम उजागर होते गए। कनिमोझी को भी गिरफ्तार किया गया।[7] साथ ही कपड़ा मंत्री मारन ने तो अपने इस्तीफा को पेश कर दिया।[8] घोटाला इतना मजबूत था कि प्रधानमंत्री एवं पी. चिदम्बरम को भी घसीटा गया और वित्तमंत्रालय से नोट उजागर होने पर बड़ा बवाल हुआ मामला इतना बढ़ गया कि सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को कहा कि 2जी घोटले में चिदम्बर की जाँच नहीं करेगी। उधर प्रधानमंत्री को कहना पड़ा कि 2जी विवाद पर वित्तमंत्री का चर्चित नोट उसके निर्देश पर तथ्यात्मक जानकारी के लिए बनाया गया था फिर नोट का विवाद समाप्त हो गया[9] और इस घोटाले में फंसे कनिमोझी और अन्य चार लोगों को जमानत मिली।

2जी स्पैक्ट्रम घोटाले के कारण एक दिन भी संसद नहीं चल पाई। इस मुद्दे पर विपक्ष और यूपीए-2 के बीच 2जी स्पैक्ट्रम घोटाले के कारण राजकोष को हुए नुकसान पर मतभेद था किन्तु दोनों पक्ष ने इस बात की परवाह नहीं की कि 2010 में शीतकालीन सत्र बेकार हो गया इस सत्र में 23 दिन काम होना था। किन्तु कुछ घण्टे काम हुआ एवं उस सत्र के दौरान 32 विधेयक पर चर्चा कि गई। संसद में इस गतिरोध के कारण उन्होंने 200 करोड़ रूपये की बर्बादी की। क्योंकि संसद की एक मिनट की कार्यवाई पर 26 हजार रूपये खर्च होते है और इस सत्र के दौरान संसद एक दिन भी कार्य नहीं कर पाई थी।

कामनवेल्थ गेम्स, 2जी कोयला घोटाले को लेकर वित्तमंत्री अरूण जेटली ने कहा कि यह लूट थी।[10] 2011 में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए 1.86 लाख करोड़ का कोयला घोटाला में विपक्ष ने अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ मिलकर राष्ट्र तथा जनता के सामने उजागर करने का प्रयास किया गया।[11] कोयला घोटाला, वह घोटाला है जो कि मनमोहन सरकार के दौरान हुआ; जो भी हुआ प्रधानमंत्री के दाए-बाए हुआ और सोचनीय बात तो यह है कि यह मंत्रालय भी उन्हीं के पास था जिसमें कोयले के कैप्टिव ब्लॉक ने अपनी मनमर्जी के मुताबिक निजी क्षेत्र को ब्लॉक आवंटित कर दिये थे जिसका फायदा जिंदल पावर, जीवीके पावर, हिंडाल्को एवं एस्सार जैसी कम्पनियों ने उठाया। यह नीति भी यूपीए सरकार की थी जिसे विपक्ष ने इस मुद्दे को संसद में उठाया गया। उस समय मानसून सत्र की कार्यवाही एक दिन भी नहीं चल पाई।[12] कोयला घोटाले को लेकर विपक्ष लगातार हमलाकर कर रहा था कि जिसका पलटवार करते हुए सोनिया गाँधी ने जवाब दिया कि भाजपा देश के लोगों के साथ मजाक उड़ा रही है और उन्होंने विपक्ष को कोसते हुए कहा कि ब्लैकमेल ही विपक्ष की रोजी रोटी बन गई है।[13]

15वीं लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान आतंकवाद के मुद्दे को लेकर विपक्ष ने बताया कि सरकार आतंकवाद पर राजनीतिकरण कर रही है। आतंकवाद को लेकर यूपीए गठबन्धन सरकार पर निशाने सादे गए जो कि 26/11 की घटना जो मुम्बई में आतंकवादी घटना घटित हुई थी, जिसमें पकड़े गए एक मात्र आतंकी कसाब को लेकर कहा। कसाब को तो फांसी मिल गई, किन्तु विपक्ष ने अफजल गुरू की फांसी पर सवाल उठाए। गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो ट्वीट करके यहां तक कहा कि अफजल गुरू के बारे में सरकार क्या कर रही है जिसने वर्ष 2001 में हमारे लोकतंत्र का मन्दिर संसद पर हमला किया था ? और वह घटना तो कसाब के घृणित कृत्य से कई पहले हुई थी। म.प्र. के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान भी नहीं चुके। उन्होंने यूपीए सरकार पर निशाना सादा और कहा कि अफजल गुरू को भी फाँसी दी जाना चाहिए और कोई राजनीति नहीं की जाना चाहिए। नहीं तो देश की जनता में आक्रोश बढ़ता है और भिन्न-भिन्न नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए जो कि डॉ. रमनसिंह, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री एवं मनोहर पार्रीकर गोवा के मुख्यमंत्री भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन अनेक नेताओं ने आतंकवादी घटनाओं को लेकर यूपीए सरकार को घेरा।[14]

इसके साथ ही विपक्ष ने भ्रष्टाचार को लेकर आगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला 2005 में हुआ था जिसकी आवाज संसद में गुजी।[15] 15वीं लोकसभा में भी इस घोटाले का प्रभाव संसद में देखने को मिला। इस घोटाले को लेकर रक्षामंत्री मनोहर पार्रिकर ने संसद में कहा कि वेस्टलैंड डील में भ्रष्टाचार हुआ है इस इतालवी कोर्ट ने भी स्वीकार किया है। किन-किन लोगों ने घुस ली। पार्रिकर का मानना था कि कम्पनी को फायदा पहुँचाने हेतु नियम शर्ते बदले गए, जिसमें सत्ता पक्ष-विपक्ष आमने-सामने दिखाई दिये। संसद में हंगामें का माहौल दिखाई दिया।[16] भारतीय संसदीय प्रणाली में सभी राजनीति दल महिला सशक्तिकारण की बात करते हैं, किन्तु वर्ष 2012 में निर्भया काण्ड को लेकर दिल्ली में चल रहे आन्दोलनकारियों पर लाठिया बरसाई गई, जिसका विपक्ष ने विरोध किया और अलका लांबा का मानना है कि सरकार का इस प्रकार का आन्दोलनकारियों पर लाठी बरसाना ठीक नहीं।[17] भारतीय जनता पार्टी एक के बाद एक घोटाले को उजागर करती रही है राष्ट्र मण्डलीय खेल घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला। इस घोटाले में सुरेश कल्माडी एवं ललित भनोत को समिति से बर्खास्त किया गया।[18]

भारतीय लोकतंत्र का महापर्व 16वीं लोकसभा 2014 के लिए चुनाव हुए, जिसे 7 अप्रैल 2014 से लेकर 12 मई 2014 तक इस महापर्व को 9 चरणों में सम्पन्न कराया गया और जिसका परिणाम 16 मई को घोषित किया गया। चुनाव में कुल 543 सीटों पर हुआ, जिसमें 36 दल जीतकर संसद पहुँचे। भारतीय जानता पार्टी को 282 सीट एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 44 सीट प्राप्त हुई। कांग्रेस की भारी बहुमत से हार हुई। भाजपा ने तो 30 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया। देखा जाए तो भाजपा गठबन्धन राजग को कुल 336 सीटे जीती। मोदी लहर के कारण भारतीय जनता पार्टी ने अपने दम पर सरकार बनाने हेतु दावा किया। 16वीं लोकसभा का 543 सीट पर चुनाव हुआ था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी का वोट 31 प्रतिशत रहा। कांग्रेस गठबन्धन की कुल 60 सीटे रही। 10 वर्ष सत्ता में रही कांग्रेस का यह सबसे बुरा प्रदर्शन था। इसके पहले कि बात की जाए तो भारतीय संसदीय प्रणाली में ऐसी बहुमत वाली सरकार भी देखने को मिली, जो 1984 में इंदिरा गाँधी

की हत्या के बाद राजीव गाँधी के नेतृत्व 404 सीटे जीती थी। यूपीए-2 की सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार एवं मंहगाई को देखते हुए केन्द्रिय स्तर पर जनता ने कांग्रेस के विरूद्ध मतदान किया। यह लोकसभा के लिए नया रिकार्ड था। नरेन्द्र मोदी ने चुनाव स्वयं की छवि पर लड़ा। भाजपा ने तो यहाँ तक कह दिया कि मोदी है तो मुमकिन है। देश की जनता ने मोदी को स्वीकार किया। 16वीं लोकसभा के चुनाव में 'मोदी इज भाजपा एण्ड भाजपा इन' मोदी जैसे नारे को चुनाव में अभिव्यक्ति दी गई।[19] भारतीय संसदीय प्रणाली में पहली बार ऐसा देखने को मिला जो गैर कांग्रेसी सरकार को बहुमत प्राप्त हुआ। मोदी लहर अटल साबित हुई। कांग्रेस का यह हाल रहा कि लोकसभा में विपक्ष हेतु 10 प्रतिशत सीटे चाहिए थी, वह भी हासिल नहीं कर सकी 543 सीट में से 55 सीट होना जरूरी है तभी विपक्ष के नेता का पद मिल पाता है।[20] इस प्रकार चुनाव के पश्चात् स्थिति स्पष्ट हो गई। आमजन ने भाजपा को अवसर देने का निर्णय लिया। नरेन्द्र मोदी ने सन् 2014 में सबका साथ सबका विकास का नारा दिया। सबको लग रहा था कि अच्छे दिन की उम्मीद है। सभी के खाते में 15-15 लाख रूपये आयेंगें। भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। मंहगाई छुमंतर हो जायेगी तथा रोजगार के अवसर में वृद्धि होगी और डॉलर की तुलना में रूपया मजबूत होगा। किसानों की माली हालात सुधरेगी। इनको देखते हुए मतदाताओं ने नरेन्द्र मोदी को पसन्द किया और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ठीक से कार्य कर सकेगी।[21]

17वीं लोकसभा 2019 का चुनाव ने लोकतंत्र को मजबूत किया। चुनाव सही मायने में तो जनता के उत्सव होते हैं। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में वे देश की भविष्य की राह का निर्धारण करते है। 17वीं लोकसभा 2019 के चुनाव अभियान को 7 चरणों में विभाजित किया गया जो कि 11 अप्रैल 2019 से 19 मई 2019 तक इस लोकतंत्र के महापर्व में भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटे प्राप्त की तथा कांग्रेस ने 52 सीटे। भारतीय जनता पार्टी ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया। 2019 के चुनाव को राहुल बनाम राहुल बना दिया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'सबका साथ सबका विकास' और सबका विश्वास को जोड़ लिया गया। भारतीय संसदीय प्रणाली में 48 साल बाद कोई दूसरी बार पार्टी बहुमत में हैं। देश के आठ राज्य तो ऐसे रहे जहाँ भारतीय जनता पार्टी ने सारी सीटे जीती और 14 राज्य ऐसे रहे जहाँ कांग्रेस ने अपना खाता भी नहीं खोला। कांग्रेस को दहाई अंक सिर्फ केरल में मिला। भाजपा का तो वोट 37.36% रहा और कांग्रेस का 19.5%। एनडीए के खाते में 353 सीटे एवं यूपीए के खाते में 92 सीटे मिली इस चुनाव में पहली बार 76 महिलाएँ संसद पहुँची जो कि 2014 में सिर्फ 61 महिलाओं ने संसद में अपना मुकाम हासिल किया था। नरेन्द्र मोदी को प्रचण्ड बहुमत मिला। देश की जनता ने बागडोर दूसरी बार उनके हाथों सौपदी। इस बार भी लोकसभा में विपक्ष का पद रिक्त रहा। विपक्ष 10 प्रतिशत सीटों के बहुमत को नहीं छू पाई।[22]

2014 के पश्चात् भारतीय जनता पार्टी के पास प्रचण्डपूर्ण बहुमत था। कांग्रेस विपक्षीय दल के नेता की सीमा को पार नहीं किया हो, किन्तु उन्होंने सत्ता पक्ष को संसद से सड़क तक घेरने का प्रयास किया जो वादे 2014 के चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने किये थे जो राष्ट्र तथा जनता के हित में हो उस पर अपनी आवाज को बुलंद किया। विपक्षीय पार्टियों द्वारा समय-समय पर अनेक मुद्दों को उठाया गया जो जनता हित में न हो। एनडीए गठबन्धन सरकार के समय जो भ्रष्टाचार हुआ उस पर विपक्ष की कड़ी नजर रही। वर्ष 2015 के लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर अपनी आवाज उठाई जो कि ललितगेट, व्यापम घोटाला, ललित मोदी, छत्तीसगढ़ का चावल घोटाला ये मुद्दे संसद में गुजे।[23] उस दौरान विपक्ष कांग्रेस के 25 सांसद नेताओं को निलम्बित किया गया। यह संसदीय इतिहास का काला दिन है।[24] भाजपा ने यूपीए-2 के समय विपक्ष की भूमिका निभाई थी। यह सिद्धान्त दिया था कि पहले इस्तीफा फिर चर्चा। उस दारौन रेल मंत्री पवन बंसल व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने इस्तीफा दे दिया था।[25] इसी सिद्धान्त को कांग्रेस ने दोहराया। विपक्ष हुआ एक जुट नो दलों ने किया बहिष्कार। कांग्रेस, तृणमूल, माकप, भाकपा, आरएसपी, मुस्लिम लीग, राजद, जदयू, आप इन क्षेत्रीय दलों ने मिलकर 5 दिन तक बहिष्कार का फैसला किया।

भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर सुषमा स्वराज, शिवराजसिंह चौहान, वसुंधराजे के इस्तीफे की मांग की गई। 44 सांसदों वाली कांग्रेस पार्टी की संख्या अन्य दलों के सहयोग से बढ़कर 110 हो गई जो कि 10 पार्टियों का समर्थन विपक्ष को मिला।[26] विपक्ष ने बताया कि यह लोकतंत्र की हत्या की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गाँधी ने कहा कि 'मन की बात' चैंपियन ने भ्रष्टाचारियों पर मौनव्रत धारण कर लिया है।[27]

भारतीय संसद में राष्ट्र की आवाज को कभी नहीं दबाया जा सका। वह तो उसका दर्पण होता है जो कि सी.डब्ल्यू.जी., यह देखने को मिला कि विपक्ष ने 2जी स्पैक्ट्रम घोटाले को उजागर करने प्रयास किया जिसमें 1 लाख 76 हजार करोड़ रूपये का नुकसान होने की बात सामने आई, कोलगेट टेप से लेकर भ्रष्टाचार, कालाधन, कॉमनवेल्थ गेम्स, किसान जमीन अधिग्रहण, मंहगाई लोकपाल बिल, अगस्ता-वेस्टलैंड, आतंकवाद, 6 बेसीन गैस जैसे घोटालों में समय-समय पर विपक्ष द्वारा आवाज उठाई गई। महिला आरक्षण बिल को लेकर राज्य सभा में यह नजारा देखने को मिला की विपक्ष ने राज्यसभापति हामिद अंसारी के साथ छिना झपटी हुई, नारे लगाये गये, बिल की प्रतिया फाडी गई, हंगामा हुआ।[28] भारतीय संसदीय प्रणाली में राजनीति दलों का व्यवहार एक बड़ी चुनौतियाँ बन गई है। संसद चलती नहीं है और जब चलती है तो गम्भीर मसलों पर बहस के नाम पर गडे मुर्दे उखाडे जाते है या फिर तू-तू मैं-मैं होती रहती है। यूपीए गठनबन्धन सरकार के समय जब अमेरिका के साथ 2009 में परमाणु समझौता हुआ उसकी गुंज संसद में सुनाई दी गई। सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया।[29]

भारतीय जनता पार्टी एक के बाद एक घोटाले को उजागर किए है राष्ट्र विपक्ष निरन्तर एक के बाद एक मुद्दों को उठाता रहा वह 15वीं लोकसभा में एक मजबूत विपक्ष के रूप सामने आया जिससे सत्ता पक्ष के कार्यों पर निरन्तर अपनी नजरे बनाये रखा जिसका परिणाम यह रहा कि यूपीए-2 के शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने हेतु अपनी आवाज को बुलंद किया। भाजपा नेता लालकृष्ण अड़वानी ने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ राष्ट्र व्यापी रथ यात्रा का निकालने का एलान कर दिया।[30] भ्रष्टाचार एवं कालेधन की समस्या पर अन्ना हजारे द्वारा किया गया आन्दोलन ने जनमानस को स्पर्श किया जिससे यूपीए-2 के शासनकाल में जो माहौल बना था उसका फायदा विपक्ष को मिला जिसका परिणाम यह रहा की 16वीं लोकसभा में यूपीए सरकार को हार का सामना करना पड़ा।[31] यूपीए गठबन्धन मनमोहन सिंह की सरकार पर विपक्ष के हावी होने से कांग्रेस सरकार आश्वासन देती रही। कभी कोई कमेटी तो कभी कोई श्वेत पत्र जनता को तो एहसास होता रहा कि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है किन्तु

10 वर्ष शासन करके सरकार चली गई व वह अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो गई।[32]

लोकपाल बिल को लेकर विपक्ष ने संसद से लेकर सड़क तक संग्राम पैदा किया जिसने कई संगठनों ने भाग लिया अन्ना हजारे की टीम का अहम योगदान था।34 लोकपाल विधेयक का समर्थन बड़े-बड़े नेताओं ने दिया था वह 2013 में लोक सभा पारित भी हो गया। 2014 के दौरान राष्ट्रपति की मजूरी भी मिल गई किन्तु वर्तमान तक इनकी नियुक्तियाँ नहीं हुई है। इस मुद्दे को मीडिया ने बहुत उठाया था अरविंद केजरीवाल, किरणबेदी जैसे बड़े नेता का महत्वपूर्ण योगदान था किन्तु अब वह उसे भूल गए अरविन्द केजरीवाल ने तो लोकपाल की आलोचना करते हुए समान्तर बना दिया गया।[33]

2014 के पश्चात् भारतीय जनता पार्टी प्रचण्डपूर्ण बहुमत था कांग्रेस के पास विपक्षीय दल के नेता की सीमा को पार न किया हो। किन्तु उन्होंने सत्ता पक्ष को संसद से सड़क तक घेरने का प्रयास किया जो वादे 2014 के चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने जो वादे किये थे जो राष्ट्र तथा जनता के हित में हो उस पर अपनी आवाज को बुलंद किया विपक्षीय पार्टियों द्वारा समय-समय पर अनेक मुद्दों को उठाया गया जो जनता हित में न हो। एनडीए गठबन्धन सरकार के समय जो भ्रष्टाचार हुआ उस पर विपक्ष की कड़ी नजर रही। वर्ष 2015 के लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर अपनी आवाज उठाई जो कि ललितगेट, व्यापम घोटाला, ललित मोदी, छत्तीसगढ़ का चावल घोटाला यह मुद्दे संसद में गुजे।[34] उस दौरान विपक्ष कांग्रेस के 25 सांसद नेताओं को निलम्बित किया गया। यह संसदीय इतिहास का कालादिन है।[35] 16वीं लोकसभा 2014 में कालेधन का मुद्दा बहुत जोरों पर था इसको चुनाव अभियान में भाजपा ने कहा था कि हमारी सरकार बनते ही हम विदेश की बैंकों में जमा काला लेकर आयेंगें किन्तु ऐसा न हो सका।[36]

भारतीय संसद में विपक्ष के द्वारा जी.एस.टी. विधेयक की बात हो या भूमि अधिग्रहण विधेयक, कोयला खदान, वन अधिकार कानून, स्वसहायता समूह विधेयक है जो कि यूपीए सरकार ने इनका निर्माण किया था। यूपीए सरकार का आरोप है कि भाजपा सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर इनको बदला जा रहा है। यह जनता के हित में नहीं है।[37] आज भारत में भ्रष्टाचार की जड़ इतनी गहरी हो चुकी है कि विपक्ष द्वारा उसको उजागर किया जा रहा है। डी.डी.सीए. घोटाले में विपक्ष ने अपनी अहम भूमिका निभाई।[38] भारतीय संसद में विपक्ष द्वारा संविधान संशोधन तथा असहिष्णुता पर बहुत जोरो से बहस हुई। विपक्ष ने बताया कि संविधान को बदला नहीं जाना चाहिए असहिष्णुता का मुद्दा देश और संविधान के मूल ढ़ाँचे से जुड़ा मसला है।[39]

पंजाब में दलितों पर अत्याचार हुआ तो विपक्ष ने इस मुद्दे को संसद में उठाया। आधार कार्ड को लेकर भी संयुक्त विपक्ष ने आवाज उठाई। किंगफिशर एयरलायन्स के मुखिया विजय माल्या को लेकर संसद में विपक्ष ने यह मुद्दा उठाया 9000 करोड़ का कर्जदार शराब कारोबारी विजय माल्या देश छोड़कर भाग जाने पर सदन में बहुत आरोप-प्रत्यारोप हुए। गुजरात के उना काण्ड की घटना किसी से छुपी नहीं है मानसून सत्र 2016 में दलित उत्पीडन को लेकर बसपा अध्यक्ष मायावती ने तो यह कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से दलितों का उत्पीड़न हो रहा है।[40]

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में विपक्ष ने जनता की भावना को प्रदर्शित कर सरकार का ध्यान जनता की समस्याओं की ओर निरन्तर मोड़ने का प्रयास किया है। तीन तलाक का मुद्दा संसद में उठा। पेगासस फोन जासूसी विवाद को लेकर विपक्ष ने अक्रामक भूमिका का निर्वाह किया।[41] भारत में वर्तमान में दो गठबन्धन संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन (UPA) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक (NDA) द्विदलीय शासन प्रणाली के रूप में कार्य करते है। इस प्रकार भारत में विपक्ष की बढ़ती प्रभावी भूमिका के साथ संसदीय शासन प्रणाली भी प्रभावी रूप से लागू हो रही है।[42] कांग्रेस की इस समय संसद में जो स्थिति है उसमें यह कहना कठिन है कि वह रचनात्मक विपक्ष में है अथवा रचनात्मक समर्थन में। सरकार को जिन्दा रखने के लिए विरोध के तेवर अपनाना दोनों कांग्रेस की विवशताएँ हैं।[43]

सुझाव :

1. सभी राजनीतिक दलों को समझना होगा कि देश की समस्याओं पर खुली बहस का मंच संसद है। नीतियों को लेकर जो टकराव सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा उत्पन्न होता है वह लोकतंत्र का अंग है, किन्तु टकराव संसद के बाहर होना चाहिए। संसद को अपना काम करने का अवसर दिया जाए, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा।
2. सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को आभास होना चाहिए कि संसद की 1 मिनट की कार्यवाही पर लगभग 26 हजार रुपये खर्च होते है। वह जनता की गाड़ी कमाई का पैसा है। वह देश के पैसे को व्यर्थ बर्बाद न करे। सदन का कीमती समय बर्बाद न करते हुए अपनी आवाज को ऐसे स्तर पर ले जाए, जिसमें जनता को यह आभास हो कि वह राष्ट्र की मूल समस्याओं के प्रति उतने ही गम्भीर है, जितने की वोट बैंक के लिए होते हैं।
3. विपक्ष को सत्ता पक्ष से संवाद का मार्ग अपनाना चाहिए।
4. सभी राजनीतिक दलों के सांसदों की जिम्मेदारी होना चाहिए कि ऐसा कानून बनाए जो 1 वर्ष में 120 दिनों तक तथा 800 से ज्यादा 900 घण्टे तक संसद में कामकाज हो ऐसा भाव रखना चाहिए।
5. सत्तापक्ष विपक्ष के सभी सांसदों को सोचना होगा कि संसद सत्र की अवधि को बढ़ाया। समय से पहले समाप्त न किया जाए जो संसद सत्र बर्बाद हो रहे। सत्र खतरे की घण्टी है। सभी राजनीतिक दलों को मिलकर ठोस कदम उठाना चाहिए।
6. संसद में चर्चा के स्तर को बढ़ाया जाए जात-पात और क्षेत्रीयता की भावना समाप्त करने राष्ट्र-प्रेम की भावना को जगाया जा सके जो आज ऐसे विमर्स की कमी दिखती नजर आ रही है।
7. सभी राजनीतिक दल संसद में जनता से जुड़े मुद्दे तथा राष्ट्रीय महत्तव के मुद्दे को सदन में उठाने की बाते अधिक करते हैं, परन्तु सारी ऊर्जा नारेबाजी आरोप-प्रत्यारोप शोर-शराबा में बर्बाद कर देते हैं।
8. संसद लोकतंत्र का मंदिर है। संसद में मान-मर्यादाओं तथा आचरण का ध्यान रखना चाहिए। स्पीकर के आसन के पास जाकर नारेबाजी करना तकतिया लहराना, कागजों को फाड़ना कुछ मामूली कारणों से संसद न चलने देना यह ठीक नहीं उससे संसद की छवि धूमिल होती दिखाई दे रही है। सभी राजनीतिक दल इस पर आत्म परीक्षण करें तो बेहतर होगा।
9. सत्ता पक्ष और विपक्ष को अपने आचरण पर गौर करना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची -

1. https://M-hindl.webdwia.com

2. www.amarujalu.com
3. राकेश/रवि जयत्ताम महेन्द्रा चिन्तन रिसर्च जर्नल 'केन्द्र में मिली जुली गठबन्धन सरकारे : एक अध्ययन' जुलाई–सितम्बर 2013 हरियाण, पृ.क्र. 428
4. दैनिक भास्कर, रतलाम, म.प्र. 31 मार्च 2016, पृ.क्र. 6
5. https://www.bhaskar.com
6. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 1 जनवरी 2012, पृ.क्र. 3
7. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 1 जनवरी 2012, पृ.क्र. 7
8. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 1 जनवरी 2012, पृ.क्र. 9
9. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 1 जनवरी 2012, पृ.क्र. 11
10. दैनिक भास्कर, उज्जैन, म.प्र. 8 नवम्बर 2017, पृ.क्र. 01
11. www.crime.review.com.in हेमन्त कुमार शर्मा
12. www.bbc.com
13. https://him.wikipediu.org
14. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 22 नवम्बर 2012, पृ.क्र. 4
15. दैनिक भास्कर, उज्जैन, म.प्र. 27 अप्रैल 2016, पृ.क्र. 6
16. दैनिक भास्कर, रतलाम, म.प्र. 5 मई 2016, पृ.क्र. 01
17. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 21 दिसम्बर 2015, पृ.क्र. 8
18. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 1 जनवरी 2012, पृ.क्र. 03
19. नई दुनिया, इन्दौर, 11 मार्च 2019, पृ.क्र. 1
20. दैनिक भास्कर, उज्जैन, 24 मई 2019, पृ.क्र. 1
21. https://navbharattimes.indiatimes.com
22. नई दुनिया, उज्जैन म.प्र. 20 जुलाई 2015, पृ.क्र. 12
23. पत्रिका उज्जैन, म.प्र. 22 जुलाई 2015, पृ.क्र. 11
24. नई दुनिया, उज्जैन, 4 अगस्त 2015, पृ.क्र. 1
25. नई दुनिया, उज्जैन, म.प्र. 21 जुलाई 2015, पृ.क्र. 1
26. नई दुनिया, उज्जैन, म.प्र. 5 अगस्त 2015, पृ.क्र. 1
27. पत्रिका, उज्जैन, म.प्र 4 अगस्त 2015, पृ.क्र. 1
28. https://www.bhaskar.com
29. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 1 जनवरी 2012, पृ.क्र. 3
30. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 01 जनवरी 2012, पृ.क्र. 08
31. दैनिक भास्कर, रतलाम, म.प्र. 28 जनवरी 2016, पृ.क्र. 06
32. अनिल दीक्षित 'भारतीय राजनीति में कैंसर की तरह बढ़ता भ्रष्टाचार', शोध अनुसन्धान समाचार, 27 जून 2015, पृ.क्र. 18
33. नई दुनिया, इन्दौर, म.प्र. 01 जनवरी 2012, पृ.क्र. 7
34. दैनिक भास्कर, रतलाम, म.प्र. 17 मार्च 2016, पृ.क्र. 6
35. पत्रिका उज्जैन, म.प्र. 22 जुलाई 2015, पृ.क्र. 11
36. पत्रिका, उज्जैन, म.प्र. 1 जुलाई 2016, पृ.क्र. 10
37. इण्डिया टुडे, नई दिल्ली, 28 जनवरी 2015, पृ.क्र. 32
38. दैनिक भास्कर, उज्जैन, म.प्र. 22 दिसम्बर 2015, पृ.क्र. 13
39. नई दुनिया, उज्जैन, म.प्र. 1 दिसम्बर 2015, पृ.क्र. 1
40. पत्रिका, उज्जैन, म.प्र. 16 दिसम्बर 2015 उज्जैन, पृ.क्र. 13
41. दैनिक भास्कर, रतलाम, म.प्र 10 मार्च 2016, पृ.क्र. 1
42. दैनिक भास्कर, उज्जैन, म.प्र. 19 जुलाई 2016, पृ.क्र. 16
43. शर्मा अरूणदत्त कुमार अशुतोष, राजनीति विज्ञान अरिहन्त पब्लिकेशन्स इण्डिया लिमिटेड कालिन्दी मेरठ, वर्ष 2016, पृ.क्र. 476

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

आचार्य रूद्रट कृत काव्य प्रयोजन तथा टीकाकार नमिसाधु – एक अध्ययन

डॉ. रागिनी श्रीवास्तव*

* असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत) शशिभूषण बालिका विद्यालय डिग्री कॉलेज, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – कवि–कर्म काव्य कहलाता है जिसका मुख्य प्रयोजन सहृदय सामाजिक को आनन्दानुभूति कराना है। काव्यनुभूति सभी प्रयोजनों में शीर्षस्थ है और पठन काल में ही अलौकिक आनन्द को प्रदान करने वाली होती है। तद्जनित आनन्द हृदयसम्वाद रूप होता है जिसमें अन्य विषयक ज्ञान पूरी तरह से नष्ट हो जाता है। इस विचार को आचार्य मम्मट ने इस प्रकार प्रस्तुत किया है कि **सकलप्रयोजनमौलिभूतं समनन्तरमेव रसास्वादनसमुद्भूतं विगलितवेद्यान्तरमानन्दं।**[1] अर्थात् सद्य: आनन्दानुभूति ही काव्य का मुख्य प्रयोजन है।

प्रयोजनमनुद्दिश्य नहि मन्दोऽपिप्रवर्तते के आधार पर मन्दबुद्धि भी किसी कार्य में निष्प्रयोजन प्रवृत्त नहीं होता तो अलौकिक रसास्वादन कराने वाले विलक्षण काव्य का तो कहना ही क्या? उसके तो यश, व्यवहार, ज्ञान आदि अनेक प्रयोजन काव्यशास्त्रियों द्वारा काव्यशास्त्र में कहे गये हैं। यद्यपि ये प्रयोजन कवि और सहृदय की दृष्टि से पृथक–पृथक हो सकते हैं तथापि सहृदय, नट और कवि इन तीनों का हृस्दयसम्वाद होना स्वाभाविक है।[2]

विगलितवेद्यान्तरमानन्दप्रदायी काव्य का प्रणयन कोई सामान्य व्यक्ति नहीं कर सकता अपितु लोकोत्तरवर्णनानिपुण कवि ही कर सकता है।[3] अत: कवि अपने विलक्षण काव्य का प्रणयन निरूद्देश्य कर ही नहीं सकता।

काव्यशास्त्रीय परम्परा में काव्य–प्रयोजनों के संदर्भ में प्राचीन काल से ही काव्यशास्त्रियों ने चर्चा की है जिसका सर्वप्रथम प्रमाण नाट्यशास्त्र में आचार्य भरत द्वारा विवेचित काव्य के विभिन्न सात प्रयोजनों के रूप में प्राप्त होता है। यद्यपि भरत ने नाट्य की दृष्टि से ही काव्य प्रयोजनों पर विचार किया है तथापित इसमें प्रयोजन की दृष्टि से श्रव्यकाव्य परम्परा भी अन्तर्भूत प्रतीत होता है।

धर्म्यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धि विवर्धनम्।
लोकोपदेशजननं नाट्यमेतद्भविण्यति।।
विश्रान्तिजननं लोके नाट्यमेतद्भविणयति।।[4]

काव्य भरत के समय में तो नाट्य तक ही सीमित रहा किन्तु भामह के समय में यह व्यापक अर्थ में स्वीकार किया जाने लगा जिसके परिणामस्वरूप दृश्य–श्रव्य काव्य की प्रधानता को भी स्वीकार किया जाने लगा। सम्भवत: इन्हीं परिस्थितियों और परिवर्तनों ने काव्य को एक विशेष विधा की ओर मोड़ दिया। फलस्वरूप जैसे–जैसे साहित्य विवेचना का विका होने लगा वैसे–वैसे काव्य के विविध प्रयोजनों का भी विशद विकास और विवेचन आरम्भ हो गया। काव्यशास्त्रियों ने विभिन्न दृष्टिकोणों से काव्य प्रयोजन पर विचार कर उनके माध्यम से काव्य का गौरवगान किया।

आचार्य भामह ने भरत के सात प्रयोजनों का अन्तर्भाव चतुर्वर्ग फल प्राप्ति, सकल कला, कीर्ति तथा प्रीति में ही कर दिया।[5] आचार्य दण्डी ने लोक व्युत्पत्ति को ही काव्य का फल माना है।[6]

इसी प्रकार आचार्य वामन ने काव्य प्रयोजन पर विचार करते हुए काव्य के दो प्रयोजन बताये हैं–दृष्ट और अदृष्ट। जिनमें उन्होंने दृष्ट के अन्तर्गत प्रीति तथा अदृष्ट के अन्तर्गत कीर्ति रूप प्रयोजन को स्वीकार किया है।[7]

इस प्रकार आचार्य रूद्रट के पूर्ववर्ती आचार्यों ने काव्य प्रयोजनों पर व्यापक रूप से विवेचन किया है।

काव्य कवि का अलौकिक कर्म है तो काव्यशास्त्र काव्यगत सौन्दर्य का प्रकाशक। इस प्रकार ये दो भिन्न–भिन्न विषय हैं। अत: काव्य और काव्यशास्त्र के प्रयोजन एक नहीं हो सकते हैं। सभी काव्य आचार्यों ने काव्यशास्त्र के प्रयोजन की चर्चा करके काव्य के प्रयोजन की ही चर्चा की है। इसका कारण बताते हुए आचार्य विश्वनाथ का कथन है कि काव्यशास्त्र भी वस्तुत: काव्य का ही अंग होता है अत: काव्य के प्रयोजन के समान इसके भी प्रयोजन होते हैं लेकिन काव्य के ही प्रयोजनों पर विवेचन किया जाता है। **अस्य ग्रन्थय काव्यांगतया काव्यफलैरेव फलवत्वमिति काव्यफलान्याह।**[8]

इस प्रसंग में आचार्य रूद्रट का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इन्होंने ही सर्वप्रथम काव्यशास्त्र के प्रयोजन का विवेचन किया है। इनके अनुसार काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों के अनुशीलन से कवि निपुण तथा बुद्धिवान हो जाता है, जिससे वह काव्य को विभिन्न काव्यांगों से सुशोभित करने में समर्थ हो जाता है।

अस्य हि पौर्वापर्य पर्यालोच्याचिरेण निपुणस्य।
काव्यमलंकर्तुमलं कुरू कर्तुरूदारा मतिर्भवति।।[9]

जिसका समर्थन टीकाकार नमिसाधु ने भी किया है।[10] आचार्य रूद्रट ने काव्य के विविध प्रयोजनों का भी विस्तृत विवेचन किया है। जहाँ पूर्ववर्ती आचार्यों ने एक कारिका में ही काव्य प्रयोजन का वर्णन किया वहीं आचार्य रूद्रट ने प्रथम अध्याय की चतुर्थ कारिका से त्रयादेश कारिका तक तथा एकविंशति कारिका में काव्य प्रयोजनों का विस्तार से विवेचन किया है।

सर्वप्रथम आचार्य रूद्रट ने यश को काव्य का मुख्य प्रयोजन स्वीकार किया और उद्घोषणा कर दी कि काव्य से कवि को ही नहीं अपितु पात्रों अर्थात् नायक (राजा) आदि को भी यश: प्राप्ति होती है।[11]

काव्य प्रयोजन के सन्दर्भ में काव्य द्वारा नायकों को यश प्राप्ति आचार्य रूद्रट की मौलिकता का परिचायक है।

रूद्रट के टीकाकार नमिसाधु ने प्रस्तुत कारिका की व्यापक व्याख्या की है। नमिसाधु का कथन है कि अलंकार युक्त होने के कारण देदीप्यमान, दोषाभाव के कारण उज्जवल तथा श्रृंगारादि रसों से युकत काव्य की रचना करता हुआ कवि सृष्टि के अन्त तक विश्वव्यापी अपने यश का विस्तार तो करता ही है और साथ ही काव्य के नायक के यश की भी अभिवृद्धि करता है। नमिसाधु का कथन है कि कवि अल्पायु होकर भी सृष्टि पर्यन्त जीवित रहने वाले यश का विस्तार करता है–

ज्वलन्देदीप्यमानोऽलंकारयोगात्, उज्जवलो निर्मलो दोषाभावात् वाचां गिरां प्रसर: प्रबन्धो यय स ज्वलदुज्जवलवावप्रसर:। सरससप्तड्गरादिकम्, कुर्वन्रचयन्, काव्यं कवे: कर्म, यत एवैवंगुणस्तत एव महाकविबृहत्काव्यकर्ता, स्फुटं प्रकटम्, आकल्पं युगान्तस्थायि, अनल्पमस्तोकम। जगद्धयापीत्यर्थ:। प्रतनोति विस्तारयति, यश: कीर्तिम्, परस्य काव्यनायकस्य संबंधि। अपिशब्दोऽत्र विस्मये। चित्रमिद यत्कवि: स्वल्पाायुरप्येवंविधं यशस्तनोति।[12]

नमिसाधु ने सृष्टिपर्यन्त स्थित रहने वाले यश रूप प्रयोजन को अत्यंत चमत्कार युकत माना क्योंकि यश का विस्तार करने वाला कवि स्वयं तो अल्पायु होता है लेकिन उसका यश सृष्टिपर्यन्त स्थित रहता है। सम्भवत: नमिसाधु के कथन से यह प्रतीत होता है इन्होंने तत्कालीन समाज में ऐसे कवियों के विषय में भी अवश्य ही सुना होगा जिन्होंने अल्पायु में ही अपार यश को प्राप्त कर लिया होगा। जिसके प्रमाण रूप में आचार्य शंकराचार्य को लिया जा सकता है जिन्होंने केवल 32 वर्ष की अल्पायु में ही अपार यश: प्रसिद्धि को प्राप्त कर लिया था। आचार्य शंकराचार्य ने अद्वैतवाद तथा सगुणोपसनापरक स्त्रोंतों का प्रणयन करअपने यश का व्यापक विस्तार किया था। यद्यपि नमिसाधु ने शंकराचार्य को स्पष्ट उल्लेख तो नहीं किया है तथापि अल्पायु पद के माध्यम से टीकाकार का संकेत शंकराचार्य से माना जा सकता है।

इसी प्रसंग में नमिसाधु पर भर्तृहरि का भी प्रभाव देखा जा सकता है। नीतिशतकम् में भर्तृहरि का कथन है–

जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धा: कवीश्वरा:।
नास्तियेषां यश: काये जरामरणजं भयम्।।[13]

रूद्रट ने नायकों के यश विस्तार में दो मुख्य कारणों को स्वीकार किया प्रथम – बनवाये गये देवालयों रूप कार्यों से यशप्राप्ति, द्वितीय–नायकों के चरित को काव्य रूप में परिणत करने वाले कवियों के प्रबन्धों से भी यश प्राप्ति। उनके अनुसार देवालय आदि तो कालान्तर में नष्ट हो जाते हैं लेकिन सुकवि के काव्य द्वारा नायक की यश: पताका अबाध रूप से स्थित रहती है।

तत्कारितसुरसदनप्रभृतिनि नष्टे तथाहिकालेन।
न भवेत्रामापितो यदि न स्यु: सुकवयोराज्ञाम्।।[14]

रूद्रट का पूर्णत: समर्थन करते हुए टीकाकार नमिसाधु का कथन है कि काल के प्रभाव से नायकों द्वारा बनवाये गये देवालय नष्ट हो जाते हैं अत: यदि राजाओं के सुकवि न हों तो उनका नाम भी शेष न रहे, वंश कुलादि का तो कहना ही क्या?[15]

आचार्य रूद्रट देवगृहों–मंदिरों के सृष्टा राजादि और काव्य कवि के यश की तुलना करते प्रतीत होते हैं। रूद्रट का कथन है कि मंदिर आदि के निर्माण से प्राप्त यश नश्वर होता है, वह काल के अधीन होता है अर्थात् मंदिर आदि के काल कवलित होने पर यश भी विलुप्त हो जाता है। महाभारत के प्रणेता व्यास के परम यश को देखकर आचार्य रूद्रट ने कवि को एकाग्रचित होकर सुन्दर, सरस काव्य निर्माण में प्रयत्नशील रहने का आह्वाहन किया है।

अमरसदनादिभ्यो भूता न कीर्तिरनश्वरी।
भवति यदसौ संवृद्धापि प्रणश्यति तत्क्षये।।
तदलममल कर्तुं काव्यं यतेत समाहितो।
जगति सकले व्यासादिनां विलोक्यपरं यश:।।[16]

टीकाकार नमिसाधु ने रूद्रट के विचारों का अनुमोदन किया है कि संसार में सब कुछ नष्ट हो जाता है अत: स्थायी यश प्राप्ति के लिए कवि को काव्य सर्जना करनी चाहिए।[17] रूद्रट का मत है कि काव्य से हिम के तुल्य शुभ्र अर्थात् रमणीययश को प्राप्त करता है।[18] रूद्रट के इसी मत का टीकाार नमिसाधु ने भी पूर्णत: अनुगमन यिका है। **स्फार इति। स्फारे दृढ:, स्फरंजनमन: सु प्रसरन्, अत एवोरूर्विस्तीर्णो महिमा यस्य कवे: स:। तथा यश: कीदृशम्। हिमधवलमित्यादि सुगमम्।।**[19]

आचार्य रूद्रट का कथन है कि जो कवि नायक के स्थायी और रमणीय यश को सकल प्रजा में विस्तारित करता है वह कवि उन नायकों को कौन सा उपकार नहीं करता है? अर्थात् सर्वथा उपकार ही करता है और स्वयं भी उपकृत होता है। इस प्रकार उपकृत होना भी काव्य रचना का मुख्य हेतु और लाभ है।

इत्थं स्थास्नु गरीयो विमलमलं सकललोककमनीयम्।
यो यस्य यशस्तनुते तेन कथं तस्य नोपकृतम्।।[20]

इसी भाव को निम्नलिखित शब्दों में टीकाकार नमिसाधु ने स्पष्ट किया है –**इत्थम् स्फुटमाकल्पमनत्थम् 1/4**[21]**, इत्यनेन प्रकारो, स्थास्नु स्थिरतम्, गरीय: प्रभूतम् दोषा भावाच्य विमलम्, अलमत्यर्थम्, एकललोककमनीयम्, सकलजनकान्तम्, य: कविर्यस्य राजा देर्यशस्तनुते तेन कर्थ तस्य नोपकृतम्। सर्वथोपकृतं भवतीत्यर्थ:।**[22]

आचार्य रूद्रट ने धर्म को भी काव्य प्रयोजन के रूप में स्वीकार किया है। रूद्रट के अनुसार कवि द्वारा नायक विशेष का वर्णन किये जाने में कवि की परोपकार भावना ही निहित रहती है जिसमें कवि यशवृद्धि के साथ–साथ धर्मवृद्धि भी होती है।

अन्यपकारकरणं धर्माय महीयसे च भवतीति।
अधिगतपरमार्थनामविवादो वादिनामत्र।।[23]

टीकाकार नमिसाधु को भी यह मत इसी रूप में स्वीकार्य है। अत: उन्होंने गताथ न वरम्। चकारोऽन्योपकारकरां चेत्यत्र योज्य[24], कह कर रूद्रट का समर्थन किया है।

इसी प्रकार आचार्य रूद्रट ने भारतीय साहित्य समीक्षकों के मुख्य लक्ष्य पुरूषार्थ चतुष्ट्य का भी समर्थन किया है। उनके अनुसार जो कवि सुन्दर देवस्तुतियों की रचना में कुशल होता है वह समस्त मनोवांछित वस्तुओं को प्राप्त कर लेता है।

अर्थमनर्थोपशम शमसममथवा मतं यदेवास्य।
विरचितरूचिरसुरस्तुतिरखिलं लभते तदेव कवि:।।[25]
नुत्वा तथाहि दुर्गा केचित्तीर्णा दुरूत्तरां विपदम्।
अपरेरोगविमुक्तिं वरमन्ये लेभिरेऽथिमतम्।[26]

ऐसा प्रतीत होता है कि इस कारिका के माध्यम से रूद्रट अपने पूर्ववर्ती उन कवियों की ओर संकेत करना, कराना चाहते हैं जिन्होंने या तो अपने आश्रयदाताओं का प्रशंसा गान कर प्रचुर मात्रा में धन प्राप्त किया था अथवा दुर्गा स्तुति से अपनी शारीरिक विपत्ति को दूर किया था। यहाँ रूद्रट का संकेत बाण विरचित 'चण्डीशतक' की ओर प्रतीत होता है।

नमिसाधु भी इस भाव का समर्थन किया है। **अर्थमिति। अर्थोधनम्। अनर्थोपशमो विपदभाव:, शं सुखम्, असममसाधरणम्। इहलोके कामजं परत्र तु पारम्पर्येण मोक्षजम्। अथवा किमेभिर्बहुभिरूक्तैरदिवास्य कवे: समतं तदेवारनोतीति। कीदृश:। विरचित-सदलंकारदेवतास्तुति:।**[27]

नमिसाधु ने अभीष्ट प्राप्त करने वाले अनिरूद्ध, शत्रुध्न वीरदेव आदि का स्पष्ट रूप से नामोल्लेख किया है।[28]

इसी प्रकार अन्य उदाहरणों को भी रूद्रट के मत की दृष्टि से स्वीकार किया जा सकता है यथा-'सूर्यशतक' काव्य सर्जना द्वारा कुष्ठ रोग ग्रस्त मयूर कवि को रोग मुक्ति बाण को 'चण्डीशतक' द्वारा कटे हाथ-पैर की पुन: प्राप्ति तथा राजा हर्षवर्धन से धावक को प्रचुर धन प्राप्ति।

सम्भवत: रूद्रट के अन्त:स्थल में कहीं न कहीं यह तथ्य अवश्य ही विद्यमान था कि तत्कालीन समाज में विक्रमादित्य के समान अब कोई राजा नहीं है जो कवियों का सम्मान करने वाला हो। अत: कवि राजाओं के स्तुतिगान के स्थान पर देवस्तुति ही करे क्योंकि कविजन देवस्तुतियों द्वारा जिन देवों से शीघ्र ही अभीष्ट लाभ प्राप्त करते थे, आज भी वे देवता विद्यमान है। राजादि दूसरे हैं तो क्या हुआ?[29] टीकाकार नमिसाधु ने रूद्रट के विचारों को यथावत् स्वीकार कर लिया है। **यदि नामेति नामशब्द: परं शब्दार्थे। यदि परं नूपा:। अन्ये देवास्तु त एवेति।।**[30]

काव्य प्रयोजन का उपसंहार करते हुए आचार्य रूद्रट का कथन है कि जिस प्रकार सागर में अनन्त मणियां होती हैं उसी प्रकार यश के कारण भूत काव्य रूपी सागर में भी अनन्त गुण होते हैं अर्थात् प्रयोजन होते हैं, जिनका सम्पूर्ण मूल्यांकन कौन कर सकता है?

कियदथवा वच्मियतो गुरूगुणमपिसागस्य काव्यस्य।
क: खलु निश्चिलं कलयत्यलमलघुयशो निदानस्य।।[31]

टीकाकार नमिसाधु ने भी काव्य के अनन्त प्रयोजनों को स्वीकार कर रूद्रट का अनुगमन किया है। **कियदथवा भण्यते। यतो यथा सागरे मणीनामानन्त्यमेवं काव्येगुणानामपीति तात्पर्यम्। खलुर्निश्चये।।**[32]

अत: अचार्य रूद्रट का कथन है कि पुरूषार्थ सिद्धि चाहने वाले कुशल कवि को सभी ज्ञातव्य का भली-भाँति ज्ञान प्राप्त कर सरस काव्य की परिपक्व रूप में सर्जना करनी चाहिए।

तदिति पुरूषार्थसिद्धिं साधुवि धास्यद्धिविकलां कुशल:।
अधिगतसकलज्ञेयै: कर्त्तव्य काव्यममलमलम्।।[33]

पुरूषार्थ चतुष्टय प्राप्ति रूप प्रयोजन को प्रधानता देते हुए नमिसाधु का कथन है कि पुरूषार्थ सिद्धि को प्राप्त करने का एकमात्र उपाय शास्त्रीय ग्रन्थों के ज्ञान से सुसज्जित और निर्दोष काव्य निर्माण है। उनके अनुसार जो छन्द, व्याकरण, रीति, गुण आदि विषयों को नहीं जानता है वह काव्य रचना में सर्वथा असमर्थ ही होता है। **तदिति। तस्मात्पुरूषार्थसिद्धिं पूर्व चिकीर्षुभि: काव्यं कर्त्तव्यम्। कीदृशे:। अधिगतसकलज्ञेयै:। न त्वनीदृशामपि काव्यकरणं संभवतीव्याह-अलममलम्। सनिर्मल करणेऽन्येशामसामार्थ्यमित्यभिप्राय:।।**[34]

आचार्य रूद्रट सहृदय होने के साथ-साथ सहृदय आलोचक भी प्रतीत होते हैं क्योंकि उनके अनुसार कवि के सर्वज्ञान गम्भीर होने से पुरूषार्थसिद्धि तो होगी ही, साथ-साथ विशुद्ध व्याकरण और तर्कग्रन्थों के ज्ञान से वाणी में निखार प्राप्त होता है, जो सुमधुर, सरस काव्य रूप फल को जन्म देने का मूल है। अत: निर्दोष काव्य की सर्जना भी पुरूषार्थ सिद्धि में सहायक होती है।

फलमिदमेव हि विदुषां शुचिपदवाक्य प्रमाणशास्त्रेभ्य:।
यत्संस्कारो वाचां वाचश्च सुचारूकाव्यफला:।।[35]

टीकाकार नमिसाधु ने भी रूद्रट के मत का समर्थन तथा विस्तार करते हुए कहा कि वाणी का निखार ही वह तत्व होता है जो सुमधुर काव्य रूप फल को जन्म देने का अधिकारी है। अत: चारू काव्य रचना सुसंस्कृत वाणी का ही परिपाक है।[36]

इस प्रकार आचार्य रूद्रट ने काव्य के जिन विविध प्रयोजनों का विवेचना किया है, नमिसाधु ने उन सभी का स्पष्ट व्याख्या की है। रूद्रट ने प्रयोजन विवेचन में तीन आधारों का ग्रहण किया है-काव्यषास्त्रगत-प्रयोजन, काव्यगत-प्रयोजन और कविगत- प्रयोजन।

1. **काव्यशास्त्रगत-प्रयोजन -** आचार्य रूद्रट सर्वप्रथम ऐसे आचार्य हैं जिन्होंने काव्यशास्त्र के प्रयोजन का विवेचन किया और उसे अपने ग्रन्थ 'काव्यालंकार' के माध्यम से सहृदयों के समक्ष प्रस्तुत किया कि काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ 'काव्यालंकार' के अध्ययन के माध्यम से कविजन व्युत्पन्नमति होकर काव्य को विभिन्न काव्यांगों से सुशोभित करने योग्य हो जायेंगे।

अस्य हि पौर्वापर्य पर्यालोच्याचिरेण निपुणस्य।
काव्यमलंकर्तुमलं कतुरूदारा मतिर्भति।।[37]

टीकाकार नमिसाधु ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि इस ग्रन्थ की रचना प्रयोजन युक्त है। **तस्मात्सप्रयोजनमिदमलंकारकरणमिति।।**[38]

2. **काव्यगत-प्रयोजन -** आचार्य रूद्रट ने काव्य के यशप्राप्ति, चतुर्वर्ग प्राप्ति, नायक का यश:, विस्तार, अनर्थ का उपशम, विपत्ति का निवारण, रोग मुक्ति ओर देवस्तुति द्वारा अभीष्ट प्राप्ति रूप प्रयोजनों का विवेचन स्पष्ट रूप से किया है।?

रूद्रट कृत काव्य प्रयोजनों को मुख्य रूप में दो भागों में विभाजित किया जा सकता है-लौकिक और पारलौकिक। लौकिक के अंतर्गत यश (स्वगत-परगत) अनर्थ, विपत्ति का निवारण, परोपकार धर्म-वृद्धि और अभीष्ट प्राप्ति को माना जा सकता है। पारलौकिक प्रयोजन के अंतर्गत चतुर्वर्ग फल प्राप्ति को स्वीकार किया जा सकता है।

यद्यपि आचार्य रूद्रट ने काव्य के अनेक प्रयोजनों का विवेचन किया है लेकिन मुख्य प्रयोजन के रूप में चतुर्वर्ग फल प्राप्ति को स्वीकार किया है। यह प्रयोजन सुन्दर और परिपक्व काव्य रचना का ही फल है।[39]

इसके अतिरिक्त रूद्रट ने 12वें और 13वें अध्याय में भी चतुर्वर्ग फल प्राप्ति का काव्य प्रयोजन के रूप में प्रयोजन किया है। जिससे यही प्रयोजन रूद्रट को अभीष्ट प्रतीत होता है-

ननु काव्येन क्रियते सरसानामवगमश्चतुर्वर्गे।
लघु मृदु च नीरसेभ्यस्तेहि त्रस्यन्ति शास्त्रेभ्य:।।[40]
जगति चतुर्वर्ग इति ख्यातिर्धमार्थकाममोक्षाणाम्।
सम्यक्तानभिदध्याद्रससंमिश्रान्प्रबन्धेषु।।[41]

रूद्रट के इसी मत का समर्थन टीकाकार नमिसाधु ने भी किया है कि काव्य से चतुर्वर्ग की प्राप्ति होती है।

काव्येन हेतुना चतुर्वर्गे धर्मार्थकाममोक्षल क्षेणेऽवबोध: क्रियते।।[42]

3. **कविगत-प्रयोजन** – रूद्रट ने कविगत प्रयोजन का भी विवेचन किया है। यद्यपि काव्य रचना से कवि को यश: प्राप्ति होती है तथापि कवि की वाणी को विभिन्न काव्यशास्त्रीय, तर्कशास्त्रीय ग्रन्थों से निपुणता तथा निखार भी प्राप्त होता है तथा उसकी वाणी सुसंस्कृत हो जाती है जो सुन्दर काव्यरूपी फल की जन्मदात्री होती है। इस प्रकार काव्य की जननी वाणी ही कवियों के लिए फलरूप प्रयोजन होती है।

फलमिदमेव हि विदुषां शुचिपदवाक्यप्रमाणशास्त्रेभ्य:।
यत्संस्कारो वाचां वाचश्य सुचारूकाव्यफला:।।[43]

टीकाकार नमिसाधु ने भी सुसंस्कृत वाणी को कवियों का फलरूप प्रयोजन स्वीकार किया है। उनका कथन है कि जब वाणी व्याकरण और शास्त्रों के ज्ञान से सुसज्जित हो जाती है तभी कवि सुमधुर काव्य का सर्जना कर सकता है। अत: सुन्दर काव्यरचना वाणी के संस्कार का ही फल है। **हि यस्माज्जानतामिदमेव ज्ञानफलां यच्छुचिपदवाक्यप्रमाणशास्त्रेभ्यो विशदव्याकरणतर्कग्रन्थेभ्य: सकाशात्संस्कारो वाचाम्। ननु वाव-संस्कारसयापि किं फलमित्याह-वाचश्य सुचारूकाव्यफला:। सुन्दरकाव्यकरणमेव वाक्संस्कारस्य फलमित्यर्थ:।।[44]**


इस स्थल पर नमिसाधु की महती मौलिकता का उल्लेख करना आवश्यक प्रतीत होता है। काव्यालंकार ग्रन्थ के में नमिसाधु ने टीकाकारगत प्रयोजन का भी विवेचन किया है।

नमिसाधु का कथन है कि रूद्रट कृत 'काव्यांलकार' ग्रन्थ की टीका लिखने से उन्हें पुण्य प्राप्ति हुयी है तथा उनकी अभिलाषा है कि उनका मन परोपकार में आसक्त हो।

एवं रूद्रटकृतकाव्यालंकृतिटिप्पणकविरचनात्पुण्यम्।
यदवापि मया तस्मान्मन: परोपकृतिरति भूयात्।।[45]

अत: ऐसा माना जा सकता है कि नमिसाधु ने टीका करने से पुण्य प्राप्ति तथा परोपकार से धर्मवृद्धि को टीकारगत प्रयोजन के रूप में स्वीकार किया है। इस प्रकार यह नमिसाधु का अत्यन्त समन्वयात्मक दृष्टिकोण ही प्रतीत होता है कि वह कविगत प्रयोजन के समानान्तर ही टीकाकारगत प्रयोजन को भी न केवल स्पष्टरूपेण स्वीकार करते हैं वरन् टीकाकार की महत्ता को भी द्योतित करते हैं।

अन्तत: रूद्रटकृत काव्य प्रयोजनों को अग्रलिखित तालिका से स्पष्टरूपेण समझा जा सकता है।



इस प्रकार कहा जा सकता है कि आचार्य रूद्रट ने काव्य प्रयोजनों का विवेचन पूर्ववर्ती तथा तत्कालीन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में ही किया है। काव्य प्रयोजन विवेचन में रूद्रट का उदारवादी दृष्टिकोण परिलक्षित होता हैं यथा कवि के यश के साथ नायक का यश भी विस्तारित हाता है। सम्भवत: रूद्रट का काव्य प्रयोजन स्वान्त: सुखाय न होकर सर्वस्य सुखाय प्रतीत होता है जो रूद्रट की सहृदयता का ही द्योतक है।

इसी प्रकार रूद्रट के टीकाकार नमिसाधु ने भी रूद्रट कृत काव्य प्रयोजनों का स्पष्टरूपेण समर्थन किया है और अपनी टिप्पणी से रूद्रट के आशय का स्पष्टीकरण विभिन्न उद्धरणों के माध्यम से किया।

अत: काव्य प्रयोजन के संदर्भ में आचार्य रूद्रट और टीकाकार नमिसाधु दोनों का दृष्टिकोण परस्पर सम्बद्ध ही प्रतीत होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मा0प्र0, 1/2 वृत्ति पृ0 8
2. नायकस्य कवे: श्रोतु: समानोऽभवस्तत:। लो0नु0 34
3. विलक्षणं यत्काव्यं लोकोत्तरवर्णनानिपुणकविकर्म। का0प्र0 1/2 वृत्ति पृ0 9
4. ना0शा0 1/115, 114
5. धर्मार्थाकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च। कीर्ति करोति प्रीतिं च साधुकाव्यनिबन्धमन्।। का0 (भा0) 1/2
6. अत: प्रजानां व्युत्पत्तिमभिसन्धाय सूयरय:। वाचां विचित्रमार्गाणां निवबन्धु: क्रियाविधिम्।। काव्याद0 1/2
7. काव्यं सद् दृष्टाऽदृष्टार्थ प्रीतिकीर्तिहेतुत्वात्। का0सू0वृ 1/1/5
8. सा0 द0 1/2, पृ0 2
9. का0 (रू0), 1/3
10. तत्मात्सप्रयोजनमिदमलंकारकरणमिति। वही, नमिसा0 टी0पृ0 5
11. ज्वलदुज्जवलवाक्प्रसर: सरसं कुर्वन्महाकवि: काव्यम् स्फुटमाकल्पमनल्पं प्रतनोति यश: परस्यापि।। का0 (रू0) 1/5
12. नमिसा0 टी0 पृ0 4
13. नी0श0 24
14. का0 (रू0) 1/5
15. तत: काव्यनायकविधापतिदेवगृहादौ कालर्पयेण नष्टेनाशं गते सति। न भवेत्र स्यात्, नामापयभिधानमपि। तत: सुरसनादिनाशाद्धेतो:, यदि राज्ञां नायकानां सुकवयो न स्यु:। तच्चरितकथाप्रबन्धकर्तार इत। राज्ञामिति काव्यनायकोपलक्षणम्।। वही, नमिसा0 टी0, पृ0 6
16. का0 (रू0) 1/12
17. तस्मात्स्थितमेतत्कवे: काव्यकारणादेव परं यशो भवतीति। उक्त च- यत: क्षणध्वसिनि सींवेऽस्मिन्काव्याद्दतेऽन्यत्क्षयमेति सर्वम्। अतो महाद्धिर्यशसे स्थिराय प्रवर्तित: काव्यकथाप्रसंग।। का (रू0), नमिसा0 टी0, पृ0 17
18. स्फारस्फुरदूरूमहिमा हिमधवलं सकललोक कमनीयम्। कल्पान्तस्थायि यश: प्राप्नोति महाकवि: काव्यात्।। वही, 1/21
19. वही, नमिसा0 टी0, पृ0 16
20. वही, 1/6
21. स्फुटमाकल्पमनल्पं प्रतनोति यश: परस्यापि।। वही 1/4
22. का0 (रू0), 1/6, नमिसा0 टी0, पृ0 6
23. वही, 1/7
24. वही, 1/7 , नमिसा0 टी0, पृ 6
25. वही, 1/8

26. वही, 1/9
27. का0 (रू0) 1/8, नमिसा0 टी0, पृ0 7
28. नृत्वेत्ति। तथाहीत्युदाहरणोपदर्शने। दुर्गा ग्रहणं देवतोपलक्षणार्थम्। तथाहि केचिदनिरूद्धादय: शत्रवश्यादिकां विपद तीर्णा:। केचिद्धीरदेवादयो नीरूजत्वं प्रापु:। अपरे शत्रुध्नप्रभृतयोऽभिमंत वरं लब्धवन्त:। एवमन्येऽत्युदाहरणत्वेन तथाविधा ज्ञेया इति।। वही, 1/9, नमिसा0 टी0, पृ0 7
29. आसाद्यते स्म सद्य: रुतिभिर्येभ्योऽभिवान्छितं कविभि:।
अद्यापि त एव सुरा यदि नाम नरधिपा अन्ये।। का0 (रू0), 1/10
30. वही, नमिसा0 टी0, पृ0 7
31. वही, 1/11
32. वही, नमिसा0 टी0, पृ0 8
33. का0 (रू0) 1/12 (12)
34. वही, नमिसा0 टी0, पृ0 8
35. वही, 1/13
36. फलमिति। हि यस्माज्जानतामिदंदेव ज्ञानफलं यच्छुचिपदवाक्यप्रमाण शास्त्रेभ्यो विशदव्याकरणतर्कग्रन्थेभ्य: सकाशात्संसस्कारो वाचाम्। ननु वाक्यसंस्कारस्यापि किं फलं इव्याह–वाचश्य सुचारू काव्यफला:। च समुच्चये। सुन्दरकाव्यकरणमेव वाक्यसंस्कारस्य फलमित्यर्थ:।। का0 (रू0) 1/13, नमिसा0 टी0, पृ0 9
37. वही, 1/3
38. वही, नमिसा0 टी0, पृ0 5
39. तदिति पुरूषार्थसिद्धिं साधुविधास्यद्धिविकलां कुशलै:।
अधिगतसकलज्ञेयै: कर्तव्य काव्यममलमलम्। का0 (रू0) 1/12
40. वही, 12/1
41. वही, 16/1
42. का0 (रू0), 12/1, नमिसा0 टी0, पृ0 372
43. वही, 1/13
44. वही, नमिसा0 टी0, पृ0 9
45. का0 (रू0) नमिसा0 टी0, पृ0 427

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और महिला सशक्तिकरण

डॉ. अशोक कोचले* डॉ. एम.एल. चौधरी**

*अतिथि विद्वान (वाणिज्य) भेरूलाल पाटीदार शासकीय महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत
** रिटायर्ड सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, बड़वाह (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – महिला सशक्तिकरण से आशय उस शक्ति से है जो महिला अपने जीवन से संबंधित फैसले स्वयं ले सकती है। समाज में महिला को हर दृष्टि से सक्षम बनाना ही महिला सशक्तिकरण है। महिला सशक्तिकरण एक विशेष चर्चा का विषय है। हमारे आदिग्रन्थों में नारी के महत्व को यहां तक बताया गया है कि, 'यत्र नार्यस्तु पूज्यते रमन्ते तत्र देवता: अर्थात्– जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं।' महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और संवैधानिक स्थिति में सुधार लाना है, ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा, आय अर्जन में बराबरी के अवसर मिल सके, जिससे वह सामाजिक स्वतन्त्रता तथा तरक्की प्राप्त कर सके। यह वह तरीका है जिसके द्वारा महिलायें भी पुरूषों की तरह अपनी हर आकांक्षाओं को पूरा कर सके। भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि प्राचीन समय में भारत में पुरूष प्रधान समाज रहा है और इससे लैंगिंग असमानताये बहुत बढ़ गई है और प्राचीन भारतीय समाज दुसरा भेदभावपूर्ण रिवाजों के साथ जैसे– सती प्रथा, नगर वधु व्यवस्था, दहेज प्रथा, यौन हिंसा, बाल मजदूरी, बाल विवाह आदि परम्पराऐं बनी हुई है।

विद्यालय स्तर पर बालिकाओं के लिए नई शिक्षा नीति 2020 में प्रावधान है:

1. बालिका छात्रावासों तक सुरक्षित और व्यावहारिक पहूंच प्रदान की जायेगी।
2. दूरदराज के ईलाकों में नि:शुल्क छात्रावासों का निर्माण किया जायेगा।
3. कस्तुरबा गाँधी विद्यालय जो पहले से ही भारत सरकार की योजना है उसे और अधिक मजबूत बनाया जायेगा। विद्यालयों में 12वीं स्तर तक विस्तार किया जायेगा, ताकि छात्राओं का नामांकन बढ़ सके।
4. सामाजिक, आर्थिक रूप से वंचित तथा अल्प प्रतिनिधित्व समूह में आधी संख्या महिलाओं एवं बालिकाओं की है। इन छात्राओं पर विशेष ध्यान केन्द्रित करके नीति एवं योजनाऐं बनाई जायेगी।
5. अधिक दूरी वाले स्थानों पर छात्राओं को साईकिल प्रदान की जायेगी। तथा फीस आदि न भर पाने की स्थिति में उनके माता पिता एवं अभिभावकों को सशर्त नगद हस्तान्तरण किया जायेगा ताकि गरीबी के कारण उन्हें स्कूल छोड़ना ना पड़े।
6. जहां विद्यालय सशिक्षा वाले हैं उन्हें अलग शौचालय आदि अन्य बुनियादी सुविधायें एवं सुरक्षा का ध्यान रखा जायेगा।
7. सभी शिक्षक संवेदनशील होंगे ऐसा बन्दोबस्त किया जायेगा।
8. नई शिक्षा नीति 2020 में गंभीर मुद्दों जैसे कई प्रकार के भेदभाव, उत्पीड़न तथा उनके अधिकारों, सुरक्षा के खिलाफ किसी भी तरह के उल्लंघन पर कुशल तंत्र के साथ प्राथमिकता दी जायेगी।
9. ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढीकरण किया जायेगा।
10. व्यावसायिक विषयों, स्थानीय भाषाओं, इन डोर, आऊट डोर खेल, चित्रकला, कठपुतली, शिल्प, नाटक, कविता, कहानी, संगीत आधारित गतिविधियों को नई शिक्षा नीति में जोड़ा जायेगा जिससे बालिकाओं में रूचि विकसित होगी और वह विद्यालय से जुड़ी रहेंगी।

नई शिक्षा नीति 2020 अधिक से अधिक बालिकायें एवं महिलायें शिक्षित हो सके और नारी सशक्तिकरण की दिशा में यह नीतियां मील का पत्थर साबित हो ऐसा प्रयास किया जायेगा।

लैंगिक असमानताओं के विवरण

देश में वर्तमान परिस्थिति में साक्षरता में असमानतायें

जनगणना वर्ष	साक्षरता (प्रतिशत में)		
	समस्त जन संख्या में	पुरूषों में	महिलाओं में
1951	18.33	27.16	8.86
1961	28.3	40.40	15.35
1971	34.45	45.96	21.97
1981	43.57	56.38	29.76
1991	52.21	64.13	39.29
2001	64.84	75.26	53.67
2011	73.0	80.9	64.6

लैंगिंक असमानता की वर्तमान स्थितियाँ (देश – विदेश में)

(अगले पृष्ठ पर देखे)

महिला श्रमिक स्थितियां– भारत की श्रम शक्ति में महिला श्रमिकों का एक प्रमुख हिस्सा है, लेकिन रोजगार के स्तर और गुणवत्ता की दृष्टि से वे पुरूषों से पीछे रह जाती हैं। भारत की जनगणना 2001 के अनुसार महिला श्रमिकों की संख्या 25.60 प्रतिशत है यानि देश में महिलाओं की कुल संख्या 49 करोड़ 60 लाख में से 12 करोड़ 72 लाख 20 हजार महिला श्रमिक है। अधिकांश श्रमिक महिलायें ग्रामीण क्षेत्रों में है। ग्रामीण क्षेत्र की महिला श्रमिकों में 87 प्रतिशत खेतीहर मजदूर है, शहरी क्षेत्र में 80 प्रतिशत श्रमिक महिलाऐं घरेलू उद्योगों, छोटे मोटे व्यवसायों और नौकरी तथा भवन निर्माण जैसे असंगठित क्षेत्रों में काम कर रही है। संगठित क्षेत्र (निजी और सार्वजनिक

दोनों) में 31 मार्च, 2002 तक महिला श्रमिकों की संख्या लगभग 49 लाख 35 हजार थी। यह देश में संगठित क्षेत्र में कुल रोजगार का 17.8 प्रतिशत है। प्रमुख उद्योगों में महिला कर्मचारियों की तैनाती की संख्या विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकतर महिलायें सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवा क्षेत्र में कार्यरत है। बिजली, गैस, जल क्षेत्रों में सबसे कम संख्या में महिलाओं को रोजगार मिला है। ऐसी परिस्थितियां महिलाओं को अबला बना रही है। महिला श्रमिकों के बारे में सरकार की नीतियों में मुख्य ध्यान उनके काम में आने वाली अड़चने समाप्त करने, वेतन के बारे में सौदेबाजी कर पाने की उनकी क्षमता बढ़ाने, उनका वेतन बढ़ाने, उनकी कार्य स्थितियों में सुधार लाने, उनकी कुशलता बढ़ाने और उनके लिये रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर रहता है।

महिला सशक्तिकरण की राह में बाधाऐं:

1. राजकीय ध्यान महिला सशक्तिकरण के विपरित- महिला स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार में स्थान देने की योजनाओं की कमजोर स्थिति।
2. राजकीय बजट में महिला सशक्तिकरण की कमजोर व्यवस्था।
3. राजकीय नीतियां सत्ता लोलूपता पर आधारित है जिसमें काम कम लुभावन ज्यादा है जैसे- सामाजिक बराबरी की, आर्थिक सक्षमता की, स्वास्थ्य कुपोषण, मिटाने की ठोस योजनाओं का अभाव।
4. रोजगार में स्थान न होना- अध्ययनों से पता लगता है भेदभाव पूर्ण व्यवस्थाए है।
5. महिलाओं के प्रति हिंसा, प्रताड़ना रोकने में असमर्थता।

महिला सशक्तिकरण के लिए सुझाव:

1. शिक्षा प्रत्येक महिला तक पहूंचाना चाहिए।
2. रोजगार के 300 स्टैण्डर्ड दिनों की व्यवस्था प्रत्येक रोजगार चाहने वाली महिलाओं हेतु की जाना चाहिए।
3. स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को नि:शुल्क प्रत्येक महिला तक पहुंचाना।
4. सामाजिक बराबरी लाने हेतु पुरूष महिला समन्वय समिति प्रत्येक गांव और मौहल्ले तक बनाना चाहिए।
5. संवैधानिक और राजकाज संस्थाओं में 50 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति की जाना चाहिए।
6. कल्याणकारी योजनाऐं न्यायोचित तरह से प्रभावशील बनाना चाहिए। केवल कुछ के पक्ष वाली नही बना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत 2012 विविध अंक, वार्षिक संदर्भ ग्रन्थ, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार,
2. मध्यप्रदेश की विविध सांख्यिकी 2014, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय म.प्र.,
3. अतिरिक्तांक प्रतियोगिता दर्पण भारतीय अर्थ व्यवस्था 2017 (2017-18),
4. मध्यप्रदेश शासन की कल्याणकारी योजनाऐं एवं विकास कार्यक्रम 2019,
5. भारतीय अर्थ व्यवस्था 19वॉ संस्करण 2017- वी.के. पुरी एवं एस. के. मिश्र हिमालय पब्लिसिंग हाउस प्रा.लि. मुम्बई।

लेंगिंक असमानता की वर्तमान स्थितियाँ (देश - विदेश में)

देश	संसदीय सीटों पर महिलाओं का प्रतिशत	25 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में कम से कम सेकेण्डरी शिक्षा प्राप्त का प्रतिशत 2005 - 2015		श्रम शक्ति भागीदारी दर प्रतिशत	
		महिला	पुरूष	महिला	पुरूष
श्रीलंका	4.9	80.2	80.6	30.2	75.6
चीन	23.6	69.8	79.4	63.6	77.9
भारत	12.2	35.3	61.4	26.8	79.1
भूटान	8.3	5.8	13.4	58.7	72.8
बंगलादेश	20.0	42.0	44.3	43.1	81.0
नेपाल	29.5	24.1	41.2	79.7	86.8
म्यांमार	13.0	27.1	20.0	75.1	81.1
पाकिस्तान	20.0	26.5	46.1	24.3	82.2
अफगानिस्तान	27.4	8.8	35.4	19.1	83.6

स्त्रोत- मानव विकास रिपोर्ट 2016 में प्रस्तुत आंकड़े

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

कन्नौज जनपद के नगरों का कार्यात्मक वर्गीकरण

विकल कुमार *

* शोध छात्र (भूगोल) डी.ए.वी. पी.जी. कालेज, आजमगढ़ (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – नगरीय अध्ययन का एक प्रमुख पक्ष नगरों के कार्य से सम्बद्ध है। यह नगरीय कार्य ही है, जिसके कारण कोई नगर अस्तित्व में आता है, उसका विकास होता है और उसके महत्व के आधार पर उसे प्रादेशिक अथवा राष्ट्रीय महत्व का दर्जा प्राप्त होता है। डिकिन्सन[1] के अनुसार कार्य नगर जीवन की चालक शक्ति हैं, जो एक बड़े पैमाने पर उसके विकास व आकारिकी को प्रभावित करते हैं, नगरों के कार्यों के अध्ययन से उसके आर्थिक सामाजिक व सांस्कृतिक महत्ता का बोध होता है और यही कारण है कि नगरीय कार्य नगरों के वर्गीकरण हेतु एक सुदृढ़ आधार प्रस्तुत करते हैं।

नगरों में मुख्यत: अप्राथमिक कार्य ही विकसित होते हैं, जिनमें वस्तु निर्माण उद्योग, व्यापार एवं वाणिज्य, संचार, परिवहन व अन्य सेवायें प्रमुख हैं, जिन्हें द्वितीयक एवं तृतीयक व्यावसायिक वर्गों के अन्तर्गत समाहित किया जाता है। केवल खनन (Mining) ही एक ऐसा कार्य है, जो प्राथमिक व्यवसाय से सम्बन्धित होते हुए भी नगरों के उद्भव एवं विकास में सहायक होता है, क्योंकि यह वस्तु निर्माण उद्योग में एक सहायक कार्य के रूप में कार्यरत रहता है। उपर्युक्त सेवाओं के अतिरिक्त एक बड़ा वर्ग अन्य सेवाओं का है, जिनमें व्यावसायिक, चिकित्सा, शिक्षा, मनोरंजन एवं व्यक्तिगत होटल, वित्तीय बैंक एवं बीमा, सार्वजनिक प्रशासन जन उपयोगी सेवायें तथा सामाजिक सांस्कृतिक सेवायें सम्मिलित होती है।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोधपत्र में कन्नौज जनपद के नगरों को उनके आकार, अवस्थिति, आकारिकी कार्यो में विभिन्नता आदि के आधार पर कई वर्गो में वर्गीकृत करना है। इसका प्रमुख उद्देश्य सामाजार्थिक विकास का आयामी स्वरूप तृतीयक व्यवसाय को स्थापित कर जनपद के आय तथा सामाजार्थिक स्तर को बढ़ाया जा सके।

अध्ययन क्षेत्र – ऐतिहासिक दृष्टि से विख्यात नवसृजित जनपद कन्नौज 18 सितम्बर 1997 ई0 को फर्रूखाबाद जनपद से अलग हुआ। इसका अक्षांशीय विस्तार $26^0$46'12'' उत्तरी अक्षांश से $27^0$13'30''उत्तरी अक्षांश तथा देशान्तरीय विस्तार $79^0$16'40'' पूर्वी देशान्तर से $80^0$1' पूर्वी देशान्तर के मध्य 2093 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र पर विस्तृत है।

जनपद कन्नौज कानपुर मण्डल में स्थित है। यह तीन तहसीलों – कन्नौज, छिबरामऊ एवं तिर्वा तथा आठ विकासखण्डों छिबरामऊ, तालग्राम, सौरिख, हसरैन, जलालाबाद, कन्नौज, उमरदा एवं गुगरापुर में विभक्त है। सम्पूर्ण क्षेत्र मैदानी है। 2011 की जनगणना के अनुसार यहाँ की कुल जनसंख्या 1656616 है, जिसमें से 1375775 व्यक्ति (83.05%) गाँवों में व 280841 व्यक्ति (16.95%) नगरों में निवास करते है। जनपद की साक्षरता 72.70% (1017087 व्यक्ति) है, जिसमें पुरूष साक्षरता 80.91% (603596 पुरूष) एवं स्त्री साक्षरता 63.33%(413491 स्त्री) है।

नगरों का कार्यात्मक वर्गीकरण – नगरीय कार्यों को मुख्य रुप से तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है:

1. आधारभूत एवं अनाधारभूत
2. केन्द्रीय एवं अकेन्द्रीय तथा
3. केन्द्राभिमुख एवं अपकेन्द्रीय कार्य

आधारभूत केन्द्रीय और अपकेन्द्रीय कार्यों का नगरों के निर्माण और विकास में विशेष महत्व होता है। नगरों द्वारा सम्पादित आधारभूत क्रियाओं को प्राथमिक क्रियाओं, नगर निर्माणक क्रियाओं, सम्पालक (Supporting) उदरपोषक आदि नामों से जाना जाता है। नगरों द्वारा नगरवासियों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सम्पादित क्रियाओं को अनाधारभूत (Non Basic) क्रियायें कहते है। इन क्रियाओं को माध्यमिक (Secondary) या नगर सेवा (City Service) कारक क्रियायें भी कहते हैं। आधारभूत और अनाधारभूत क्रियाओं के सह–सम्बन्ध को आधारभूत/अनाधारभूत अनुपात (B/N Ratio) कहते हैं।

यद्यपि नगरों को उनकी अवस्थिति, परिस्थिति, आकार, आकारिकी, उद्भव एवं विकास, कार्यों की संख्या, केन्द्रीयता व व्यवसायों के आधार पर उन्हें कई वर्गों में विभाजित किया जा सकता है। परन्तु नगरों को उनकी व्यावसायिक संरचना के आधार पर उन्हें वर्गों या श्रेणियों में विभाजित करना सर्वथा उपयुक्त व वैज्ञानिक है। नगरों के कार्यात्मक वर्गीकरण हेतु विभिन्न अनुभावात्मक एवं सांख्यिकीय विधियाँ प्रचलित हैं। नगरों को सर्वप्रथम अरुसो[2] (1921) ने सामान्य अनुभव के आधार पर नगरों को सक्रिय एवं निष्क्रिय दो वर्गों में विभाजित करने का प्रयास किया है। इसके बाद अमेरिकी समाजशास्त्री मैकेन्जी[3] (1925), जेम्स[4] (1930), बेमर हायट[5] (1939), नाथ[6] (1954) आदि विद्वानों ने आनुभाविक विधियों से नगरों के वर्गीकरण प्रस्तुत किये हैं।

कुछ विद्वानों ने अर्द्धसांख्यिकीय एवं पूर्णसांख्यिकीय विधियों का प्रयोग कर नगरों के कार्यात्मक वर्गीकरण हेतु सार्थक प्रयास किये हैं, जिनमें हैरिस[7] (1943), विक्टर[8] (1954), माटिला एवं थाम्पसन[9] (1956), वेब[10] (1959), ओ0पी0सिंह[11] (1968), लाल[12] (1959), रफीउल्लाह[13] (1965), के0एन0 सिंह[14] (1959), ओंकार सिंह[15] (1969) आदि विद्वानों के अध्ययन अधिक महत्वपूर्ण हैं। विभिन्न विद्वानों

द्धारा प्रतिपादित विधियों का अवलोकन करने के उपरान्त शोधार्थी ने ओ0पी0 सिंह द्धारा प्रतिपादित द्धिसूचकांकीय विधियों का प्रयोग कर कन्नौज जनपद के नगरों का कार्यात्मक वर्गीकरण हेतु द्धिसूचकांकीय विधि (§Double Index Method) का प्रयोग किया, जो इस संकल्पना पर आधारित है कि किसी नगरीय केन्द्र को किसी कार्य औसत केन्द्र कहे जाने के लिए उसे उस कार्य में प्रादेशिक आकार और प्रादेशित कार्य दोनों का बराबर अनुपात या हिस्सा रखना चाहिए। दूसरे शब्दों में, किसी प्रदेश की जनसंख्या में किसी नगरीय केन्द्र का जो हिस्सा आता है, यदि प्रदेश की कार्यात्मक जनसंख्या में भी उसका वही हिस्सा आता है, तो वह नगर उस कार्य हेतु औसत केन्द्र कहा जायेगा। कार्य की मात्रा, आकार की तुलना में अधिक होने पर वह नगर विशिष्टीकरण का दर्जा प्राप्त करेगा। इस प्रकार प्रत्येक केन्द्र के प्रत्येक कार्य के लिए निम्न सूत्र की सहायता से कार्यात्मक विशिष्टीकरण लब्धि (Functional Specialization Quotient or FSQ) ज्ञात किया गया है।

सूत्र:-

$$F.S.Q. = \frac{F.C.I.}{S.I.} \quad .....(1)$$

$$F.C.I. = \frac{Cf\ 100}{Rf} \quad .....(2)$$

$$S.I. = \frac{Cs\ 100}{Rs} \quad .....(3)$$

जबकि, Cf = केन्द्र की कार्यात्मक जनसंख्या,

Rf = प्रदेश की कार्यात्मक जनसंख्या

Cs = केन्द्र की जनसंख्या एवं

Rs = प्रदेश का जनसंख्या आकार है।

(F.S.Q.) में सम्बन्धित कार्य में सभी केन्द्रों की कार्यात्मक प्रतिशत संख्या मे माध्य (Mf) का गुणा कर (F.S.I. - Functional Specilization Index) प्राप्त किया जाता है।

F.S.I.= F.S.Q. x Mf.

किसी केन्द्र के (F.S.Q.) के मान के 1 होने पर वह केन्द्र संतुलित (Balanced) कहलायेगा। कार्यात्मक विशिष्टीकरण तीव्रता के आंकलन हेतु (F.S.I.) मूल्यों का माध्य एवं (S.D.) ज्ञात किया जा सकता है।

सारणी 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

कन्नौज जनपद के नगरों का कार्यात्मक वर्गीकरण – कन्नौज जनपद में कुल 8 नगरीय केन्द्र क्रमश: कन्नौज, छिबरामऊ, गुरसहायगंज, समधान, तिर्वागंज, सौरिख, तालग्राम व सिकन्दरपुर स्थित हैं, जिनमें विविध प्रकार के केन्द्रीय सेवायें न्यूनाधिक मात्रा में विकसित हैं। भारतीय जनगणना विभान ने मानव की आर्थिक क्रियाओं को नौ (9) श्रणियों-कृषक, कृषि श्रमिक, उत्खनन, बागवानी, मत्स्य पालन, संग्रहक, पारिवारिक एवं गैर पारिवारिक उद्योग, निर्माण, व्यापार एवं वाणिज्य, परिवहन एवं संचार तथा अन्य सेवाओं में वर्गीकृत किया है, जिन्हें वर्तमान अध्ययन में कृषि आश्रित या प्राथमिक (कृषक + कृषि श्रमिक + उत्खनन, मत्स्य पालन, आखेटक आदि) पारिवारिक एवं गैर पारिवारिक उद्योग, निर्माण, व्यापार एवं वाणिज्य, संचार एवं यातायात व अन्य सेवाओं की श्रेणियों में पुनर्गठित किया गया है तथा ओ0 पी0 सिंह की विधि का प्रयोग करते हुए यहाँ के नगरों को निम्न व्यावसायिक वर्गों में विभाजित किया गया है-

1. एक कार्य प्रधान केन्द्र- जनपद के आठ नगरों में से चार नगरों में सिकन्दरपुर, तिर्वागंज, तालग्राम, सौरिख, एक कार्य प्रधान केन्द्र है, जिनमें सिकन्दरपुर (A1) तिरवागंज (A2) व तालग्राम (A2) कृषि प्रधान केन्द्र, सौरिख (H3), परिवाारिक उद्योग केन्द्र है।

2. द्धिकार्य प्रधान केन्द्र – अध्ययन क्षेत्र के 8 नगरों में से चार नगरों में द्धिकार्यों की प्रधानता है, जिनमें गुरसहायगंज घरेलू उद्योग (H1) व अन्य सेवाओं (0) का केन्द्र है तथा छिबरामऊ, समधान व कन्नौज वाणिज्यिक व अन्य सेवाओं (co1) का केन्द्र है। कन्नौज अध्ययन क्षेत्र का प्राथमिक व प्रधान नगर है, जिसे जनपद मुख्यालय होने का गौरव प्राप्त है। इसे सम्पूर्ण जनपद को प्रशासनिक सेवायें उपलब्ध करानी पड़ती है। कन्नौज में इत्र एवं बीड़ी बनाने के छोटे-छोटे कारखाने है। यहाँ का इत्र विश्वविख्यात है। गुरसहायगंज कस्बे के बीड़ी उद्योग को काफी ख्याति प्राप्त है।

1. कृषि प्रधान केन्द्र – अध्ययन क्षेत्र के 8 नगरों में से तीन नगर क्रमश: सौरिख, तिर्वागंज व तालग्राम, कृषि कार्य में प्रधानता रखते है। जिनमें सौरिख (A1) का केन्द्र है।

2. घरेलू उद्योग के केन्द्र – जनपद के 8 नगरों में से मात्र 3 नगर कन्नौज, गुरसहायगंज व छिबरामऊ घरेलू उद्योग में विशिष्टता रखते हैं।


3. वाणिज्यिक एवं अन्य सेवाओं के केन्द्र – यद्यपि प्राय: सभी नगरों में अन्य सेवायें अल्पाधिक मात्रा में विकसित होती है, परन्तु विशेष रुप से छिबरामऊ, गुरसहायगंज व कन्नौज में वाणिज्यिक व अन्य सेवाओं की प्रधानता है, लेकिन अध्ययन क्षेत्र के मात्र एक केन्द्र कन्नौज में सर्वाधिक अन्य सेवाओं की प्रधानता है। यह केन्द्र जनपद मुख्यालय है, जहाँ विविध प्रकार की प्रशासनिक, स्वास्थ्यीय, शैक्षणिक, सेवाओं का संकेन्द्रण सर्वाधिक हुआ है। फलत: यह केन्द्र अन्य सेवाओं में (01) की विशिष्टता रखता है।

विश्लेषण से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र के तीन नगर में अब भी कृषीय संस्कृति का प्रभाव है और वे अभी तक अपने अप्राथमिक कार्यो का यथेष्ट विकास नहीं कर पाये हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Dickinson, R.E. (1964) : City, Region and Regionalism, Routtedge and kiegal Paul, London.
2. Aurousseau, M. : "The Distribution of population .A Constructive Problem", G.R.11 (4) Oct.1921,563-592.
3. Mckenzie, R.D. : "The Ecological Approach to the Study of Urban Community. " The City, by park, Robert E, Ernest W Burgess and R.D.Mckenzie, The Univ.of Chicago Press, Chicago, 1925.
4. James, H.E. : "Urban Geography of India," Bulletion of Philadelphia 28, 1930, 101-102, ref. P.108.
5. Wremer, A.M. and Homer : Principles of Urban Real Estate (New York). Hoyt, (1939)
6. Nath, V. (1954) : Urbanization in India with special reference to the Growth of Cities, World Population Conference, Rome, mimeographed, P.4.
7. Harris, C.D. (1943) : A functional Classification of cities in the United States, Geographical Review .Vol .33. PP. 88-99
8. Victor, Jones, (1954): Economic Classification of cities. The unicipal Yearbook, PP.62-70.
9. Mattila, J.M. and Thompson,W.R. (1955) : Measurement of the Economie Base of the

Metropolition Area, Land Economics, Vol. 31, PP.215-228.
10. Webb, J.W. (1959) : Basic Concepts in the Analysis of Small Urban Centres of Minnesota. A.A.A.G., Vol 49,PP.5- 72.
11. Singh. O.P. (1968) : Functions and Functional Classes of Central Places in Uttar Pradesh, N.G.J.I.,Vol. 14 (2-3), P.83-127.
12. Lal, A. (1959) : Some Aspects of Functional Classification of cities and a propused scheme for Classifying Indian Cities, N.G.J.I., Vol. 5 (1) PP.12-24.
13. Rafiullah, S.M. (1965) : A New Approach to funtional Classification of towns, The Geographer,Vol.12, PP. 40-53.
14. Singh, K.N. (1959) : Function and Functional Classification of Towns in U.P. , N.G.J.I., Vol.5 , Part 3. PP. 121-148.
15. Singh, Onkar. (1969) : Functions and functional Classification of towns in Uttar Pradesh, N.G.J.I., Vol. 15, PP. 179-195.



सारणी 1 : कन्नौज जनपद के नगरों की व्यावसायिक संरचना (% में) – 2011

क्र.	नगरों के नाम	नगरीय जनसंख्या	कृषक	कृषक श्रमिक	पारिवारिक उद्योग	अन्य कर्मकर
1	कन्नौज	84862	9.71	17.86	10.03	62.39
2	गुरसहायगंज	46060	3.04	8.363	26.98	61.62
3	सिकन्दरपुर	9209	28.71	2.95	6.75	31.59
4	छिबरामऊ	60986	8.88	6.44	6.99	77.68
5	सौरिख	12498	19.76	12.36	10.44	57.43
6	तालग्राम	11665	16.77	22.15	26.27	34.81
7	समधान	31479	15.35	16.81	54.49	13.34
8	तिर्वागंज	24082	10.76	8.51	9.22	71.51
	जनपद योग	**280841**	**10.45**	**13.50**	**19.51**	**56.52**

स्रोत– जिला सांख्यिकी पत्रिका, जनपद कन्नौज 2019

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

परसाई जी के व्यंग्य उपन्यास 'रानी नागफनी की कहानी' के कथानक का विवेचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. सुनीता यादव *

* (प्र. प्राचार्य) सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय, गोपालपुर, जिला–सीहोर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – स्वातंत्र्योत्तर भारत के जीवन यथार्थ के जटिलतम रूपों को पूरी गहराई और अत्यन्त सहजता के साथ भरपूर कलात्मक अभिव्यक्ति जिन लेखकों ने दी हैं, उनमें परसाई का नाम प्रमुख हैं। आजादी के बाद हमारे देश में सामाजिक चेतना के विकास में जिन क्रांतिकारी लेखकों का जिक्र किया जाएगा उनमें निर्विवाद रूप से हरिशंकर परसाई सबसे अग्रणीय है। प्रस्तुत शोध पत्र में हरिशंकर परसाई के उपन्यास 'रानी नागफनी की कहानी' के कथानक की विवेचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक समीक्षा प्रस्तुत हैं।

परसाई जी के गद्य लेखन की उल्लेखनीय विशेषता यह हैं कि उन्होंने भारतेन्दु युगीन गद्य और खासकर व्यंग्यात्मक लेखन की श्रेष्ठ परम्परा को नए सिरे से अविष्कृत किया। उनके लेखन में सहजता और पैनापन एक साथ दिखाई देता है। इसके अलावा फैंटेसी के सधन यथार्थवादी प्रयोग और पौराणिक मिथकों या लोक कथाओं के सार्थक इस्तेमाल में परसाई जी को विलक्षण सफलता मिली है।

परसाई जी सन् 1950 के बाद के उपन्यासकारों में अपना स्थान रखते हैं। उस समय के बाद में उपन्यासों में स्वतंत्रता के बाद की त्रासही को लेखकों ने अपने उपन्यासों का विषय बनाया हैं। सन् पचास के बाद के उपन्यासों में सामाजिक, ऐतिहासिक समाजवादी आचंलिक, व्यक्तिवादी या अस्तित्ववादी मनोविश्लेषणात्मक, मनोवैज्ञानिक, फैण्ट्सी व व्यंग्य उपन्यासों की रचना हुई।

तत्कालीन व्यंग्य व फैतसी उपन्यास व उपन्यासकार – प्रेमचन्द्र से लेकर भगवती चरण वर्मा तक ऐसे उपन्यासकार थे जिनके लेखन में व्यंग्य गौण था। प्रसंगारूप व्यंग्य का समोवेश था परन्तु हरिशंकर परसाई के 'रानी नागफनी' व्यंग्य उपन्यास के साथ प्रारम्भ होता है। इसमें समाज शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में व्याप्त छल का नंगा खा का प्रस्तुत है।

मुंशी इंशाअल्ला खॉ की 'रानी केतकी की कहानी' के कथातंत्र के आधार पर उसी शिल्प में 'रानी नागफनी की कहानी' को लघु उपन्यास में ढाला है। भूमिका में हरिशंकर परसाई ने कहा है:– 'फैन्टेसी के माध्यम से मैंने आज की वास्तविकता के कुछ पहलुओं की आलोचना की है।[1] इस श्रेणी के अन्य उपन्यास और उपन्यासकार है। 'राधाकृष्ण' का 'सनसनाते सपनेय बदी उज्जमा का 'एक चूहे की मौत' डॉ. शंकर पुणताम्बेर का 'एक मंत्री स्वर्ग लोक में' डॉ. श्रवण कुमार गोस्वामी का 'जंगल तंत्रम' यशवंत कोठरी का 'यश का शिकंजा' डॉ. नरेन्द्र कोहली का 'आश्रितों का विद्रोह' आदि।

विसंगतियों और विद्रपताओं के बीच जी रहे आदमी की नियति को हरिशंकर परसाई, राधाकृष्ण, श्रीलाल शुक्ल, नरेन्द्र कोहली, बदी उज्जमा डॉ. पुणताम्बेकर और फिक्र तौवंसी ने आक्रोश वयंग्यवाणी प्रदान की

परसाई जी के उपन्यास– परसाई के लेखन में अथाह गहराई के साथ विस्तार और विविधता भी बहुत दिखाई देती हैं। कहानीकार का कैनवेस जब बहुत फैलने लगता है तो प्राय: वह उपन्यास में उसे समेटता है। लेकिन जब कैनवास असाधारण विस्तार ग्रहण करने लगे तब इस विराट व्यापकता की वजह से ही वे परम्परागत उपन्यास अधिक नहीं लिख सकें। उनकी विषय वस्तु की असीम विस्तार उसकी अतिशय सूक्ष्म परते है पेचीदगियॉ, किसी सामान्य या परम्परागत 'उपन्यास' में समा भी नहीं सकती । परसाई जी ने कुल तीन उपन्यास की लिखें हैं। 'रानी नागफनी की कहानी' 'तट की खोज' 'ज्वाला और जल' आदि परसाई जी के उपन्यास परम्परा से परे अपने आप में अनूठे है। 'रानी नागफनी की कहानी' तो गागर में सागर है।

परसाई जी के उपन्यास ' रानी नागफनी की कहानी' में सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, शैक्षणिक सांस्कृतिक आदि समस्याओं का चित्रण किया गया है। उन्होंने समाज में व्याप्त समस्याओं को इस उपन्यास के माध्यम से चित्रित किया है।

'रानी नागफनी की कहानी' व्यंग्य उपन्यास का कथानक – 'कथानक' उपन्यास की नीव होता है। कथानक के आधार पर ही उपन्यास की सफलता और असफलता निर्भर करती हैं। 'रानी नागफनी की कहानी' इंशाअल्ला खॉ की कथा 'रानी केतकी की कहानी' के कथा तंत्र के आधार पर लिखी गई एक कल्पित कथा है, जिसमें पात्र और घटनाओं काल्पनिक होने के बावजूद सब कुछ जीवन्त और समकालीन है। इस देश में पूॅजीवादी सामन्तवादी व्यवस्था की खिचड़ी जिस तरह सक्रिय रूप से पकायी जा रही है और जिसके कारण प्राथमिक की भूमिका रखने वाला आम आदमी द्वितीयक, की जिन्दगी जीने के लिए मजबूर हो जाता है। परसाई जी ने उसी मिश्रित व्यवस्था की इस कल्पित कथा को इस प्रकार रूपायित किया है, जिससे अधिक से अधिक इसकी साख वस्तु इसमें समेटी जा सके कल्पित कथा होने के कारण ही इसमें साख वस्तु को व्यापक रूप से आच्छादित करने की समता पैदा हो सकी है। परसाई जी ने लिखा है 'यह एक व्यंग्य कथा है। फैटेंसी के माध्यम से मैने आज की वास्तविकता के कुछ पहलुओं की आलोचना की है। फैंटेंसी का माध्यम, कुछ सुविधाओं के कारण चुना है।'[2] उपन्यास में समकालीन सभी समस्याओं का चित्रण बखूबी प्रस्तुत है।

कथानक का प्रारंभ होता है कि भारत वर्ष की किसी राज्य के राजा थे।

महाप्रताप भयभीत सिंह 'उनके पुत्र का नाम का अस्तभान था' उसका एक मित्र था मुफतलाल तीनों नाम साकेंतिक है, प्रतीक हैं।

'कुँअर अस्त भान ने कोई परीक्षा तीन चार साल से पहले पास नहीं की थी। मुफतलाल उनका चमचा था। दोनो परीक्षा में एक-दूसरे की नकल करते थे लड़कियों को छेड़ते थे साथ-साथ पढ़कर एक ही कक्षा का काफी वर्षो से गौरव बढ़ा रहे थें। .....

राजकुमार अखबार वालों पर आरोप लगता है कि 'ये लोग पास होने वाले कॉलम में मेरा नाम ही नहीं छापते अस्तभान कहता हैं कि अब तो मुझे पास होने की लिए अपना ही अपना अखबार निकालन पडेगा।'[3] तब मुफतलाल उसे समझता है कि 'परिणाम तो विश्व विद्यालय निकालता है। पास फैल विश्वविद्यालय करता है। अखबार तो केवल सूचना देता है।'[4]

.....

कुंवर अस्तभान के पड़ोसी राजा की राखड सिंह है उन की पुत्री का नाम नागफनी और उसकी सहेली करेला मुखी है.....मुफतलाल कई बार घूंस खाते पकड़े गये। पर रानी साहिबा के सखी का पति होने के कारण बच गया। (गोर्वधन) मुख्य आतात्य एम्बुलेंस में विधान मण्डल जाने मे असक्त थे अत: इशारों में जबाब देते है और भैया साहब उनके बंगले पर हाजिरी देते है। .....

कुमार का प्रेम पत्र पहुँचाने वाला प्रोफेसर प्रिंसिपल बना दिया गया, निर्बल, परलोक सिधर गया। प्रपंच गिरि को नगर पालिका अरयक्ष बना दिया गया।

जिस विश्वविद्यालय से राजकुमार बी.ए. में फेल हो गये थे उसने उन्हें मानद उपाधि के रूप में डॉक्ट्रेर की उपाधि प्रदान की।

सारत: 'रानी नागफनी की कहानी' उपन्यास का कथानक काल्पनिक होते हुए भी समकालीन है। इसमें परसाई जी ने तत्कालीन समय में व्याप्त प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार को उजागार किया है। उन्होनें फैंटेसी के सहारे प्रजातंत्र व समाज की जड़ो में व्याप्त गंदगी को उजागर किया। बाह्य रूप से वैभव रूप और सुसंस्कृत दिखाई देने वाले प्रजातंत्र में कितना भ्रष्टाचार है।

'रानी नागफनी की कहानी' उपन्यास में आज की वास्तविकता के पहलू और लोककलपना और लोकमानस की संगति है।

कथानक की समीक्षा- 'रानी नागफनी की कहानी' उपन्यास का कथानक समकालीन प्रजातंत्रिक यथार्थ के धरातल पर आधृत घटना प्रधान हैं। कथानक में अनावशक विस्तार एवं बिखराव आ जाने के कारण सुसंगठित नहीं है पर रचना कौशल फैंटेंसी होते हुए भी प्रभावपूर्ण है।

उपन्यास में 'अस्तमान', 'मुफतलाल', 'नागफनी' और ' करेलामुखी' की ये दो कथाये समानान्तर चलती है। 'आमात्य', 'प्रपंच गिरि' 'भैयासाब' राखड़ सिंह की प्रासंगिक कथा है। ये प्रासंगिक कथाए मुख्य कथा से ही जुडी है। लेकिन कुँवर व नागफनी का आत्महत्या के लिए भेड घाट वाला प्रसंग अतिश्योक्तिपूर्ण है वह वास्तविकता से कोसों दूर हैं तथा उपन्यास की रोचकता को कम करता है। प्रपंच गिरि, आमात्म व भैयासाब राखड़सिंह की कथाओं को कथानक में बडें कलात्मक ढंग से जोड़ा गया है। कथानक सममालीन यथार्थ से जुड़ा है।

निष्कर्ष:

1. 'रानी नागफनी की कहानी' उपन्यास आज के प्रजातांत्रिक ढॉचे मे स्मारकों की योजना शोक सभाएँ चन्दे की वसूली इन सबका चिट्ठा खोलता है। जिन्हें अनेकानेक घटनाओं के माध्यम से सफलता पूर्वक प्रस्तुत किया गया है।
2. उपन्यास का कथानक फैंटेंसी पूंजीवादी व्यवस्था के उस रहस्य पर व्यंग्य है जिससे मनुष्य बाजार में बिक्री की वस्तु बन गया है। यह रचना एक व्यवस्था का प्रतीक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हरिशंकर परसाई 'रानी नागफनी की कहानी'-लेखक की बात पृ. - 76
2. ऑखन देखी सं कमला प्रसाद पृ. - 92
3. रानी नागफनी की कहानी- हरिशंकर परसाई पृ. - 10
4. रानी नागफनी की कहानी - हरिशंकर परसाई पृ. - 10

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

बैंक ऑफ बडौदा के वित्तीय प्रबंधन का अध्ययन

आरती वर्मा* डॉ. पी. के. सन्से **

* (शोधार्थी) स्कुल ऑफ कामर्स, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) बी एल पी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,महू (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वित्त व्यवसाय का मूल आधार है कोई भी व्यवसाय वित्त के बगैर ना तो प्रारंभ किया जा सकता है और ना ही उसका विकास संभव है। व्यवसाय की सफलता वित्त की उपलब्धता एवं वित्त के प्रभावपूर्ण प्रबंध पर निर्भर करती है। व्यक्तिगत व्यवसायिक संगठनों की वित्तीय व्यवस्था करना सरल होता है। इनका स्वरूप व्यक्तिगत होता है तथा इनकी वित्तीय आवश्यकताएं सीमित होती है। परंतु व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रगति के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता पड़ती है। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हमें बैंकों पर निर्भर रहना पड़ता है, समाज एवं उद्योग की वित्तीय आवश्यकताओं में निरंतर परिवर्तन एवं संवर्धन होता जा रहा है। आज बैंक संगठन का वह स्वरूप नहीं रहा जो प्राचीन काल के समय रहा करता था। यदि हम आर्थिक विकास के संबंध में प्राचीनकाल के विचारों का विश्लेषणात्मक दृष्टि से अवलोकन किया जाए तो इनमें भी आर्थिक विकास के लिए संस्थागत विकास पर अधिक जोर दिया गया है तथा मानव कल्याण के लिए उत्पत्ति के साधन बैंक, बीमा, उद्योग, व्यापार आदि को आर्थिक विकास का आधार माना गया है। सभी व्यवसायिक संगठनों में वित्त की आवश्यकता होती है तथा उन को सफल बनाने के लिए उनकी वित्तीय व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाना चाहिए।

प्रस्तावना – बैंकिंग व्यवस्था किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ होती है। बैंकिंगव्यवस्था पर ही देश की अर्थव्यवस्था, समाज तथा देश का विकास निर्भर होता है।बैंकिंग व्यवस्था सुचारू रूप से चलने तथा समाज व देश की उपयोगिता तथा आवश्यकता के अनुरूप उसमें समय-समय पर परिवर्तन करने से सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ बनती है। आज बैंक का विशेषकर व्यापारिक बैंकों का लक्ष्य विश्व स्तरीय मानकों एवं महत्वपूर्ण विश्वव्यापी व्यवसाय सहित अग्रणी भारतीय वित्तीय सेवा समूह के रूप में अपनी विशेष भूमिका निर्वाह करने का है। बैंक उत्कृष्ट ग्राहक सेवा, शेयर धारकों तथा कर्मचारियों की संतुष्टि के लिए प्रतिबद्ध और विकास बैंकिंग की भूमिका पर लगातार बल देते हुए वित्तीय क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाए हुए है।बैकिंग आयोग में आए परिवर्तन से बैंक शब्द के अर्थ को ही बदल दिया है। आजबैंक में उदारीकरण के साथ 1991 के बाद व्यापक सुधार किए गए। विश्व में हुए उदारीकरण के घटनाक्रम में जनवरी 1999 को विश्व व्यापार संगठन को जन्म दिया व इसके समस्त प्रावधान 2009 से भारत में लागु हुए। वर्ष 1995 से इस दिशा मेंनवीन दृष्टिकोण का आरंभ हुआ और पहले से कार्यरत बैंकों के अलावा 8 नए बैंक अस्तित्व में आए।

वित्तीय संस्थाएँ वे होती है जो एक ओर बचतकर्ताओं की बचतों को एकत्रित करती है तथा दूसरी ओर इन्हें उन लोगों व संस्थाओं को प्रदान करती है जो अपने उपक्रमों में उत्पादक कार्यो के लिए लगाते हैं। वित्तीय संस्थाओं में बैंकिंग संस्थाएँ, गैर बैंकिंग संस्थाएँ आती है। वित्तीय सेवाओं में वे सभी सेवाएँ शामिल होती हैं जो एक देश की वित्त व्यवस्था में लगी हुई होती हैं। वे यह सेवाएँ अपने ग्राहकों को वित प्रदान करती है। जमा स्वीकार करना व ऋण प्रदान करने के अलावा महत्वपूर्ण वित्तीय सेवाओं में भारतीय बैंकिंग संस्थाओं को अनुसूचित बैंक और गैर अनुसूचित बैंकों में विभाजित किया जा सकता है।

शोध साहित्य की समीक्षा

आई. सी. आर. ए (2003) ने अपने पेपर जिसका शीर्षक था 'भारतीय बैंकिंग पर तुलनात्मक अध्ययन' में यह बताया गया है कि विभिन्न मानदण्डों के तहत् बैंक के सभी पहलुओं जैसे ब्याज मार्जिन, ऑपरेटिग खर्च परिसंपत्ति की गुणवत्ता केसाथ-साथ प्रति कर्मचारी, प्रति शाख व्यापार-व्यवसाय परिचालन व्यय स्थापना व्यय,प्रति कर्मचारी लाभप्रदत्ता का विश्लेषण किया गया हैं।

मंगल, विजय कुमार(2004) ने अपने शोध अध्ययन में 'मुरैना (श्योपुर सहित) जिले केऔद्योगिक विकास में राष्ट्रीयकृत बैंकों का योगदान' के अंतर्गत इनक्षेत्रों में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा औद्योगिक विकास में उपलब्ध कराई गई सेवाओं कागहन अध्ययन एवं विश्लेषण किया है।

शोध-प्रबंध

आई. सी. आर. ए (2003) ने अपने शोध जिसका शीर्षक था 'भारतीय बैंकिंग पर तुलनात्मक अध्ययन' में यह बताया गया है कि विभिन्न मानदण्डों के तहत् बैंक के सभी पहलुओं जैसे ब्याज मार्जिन, ऑपरेटिग खर्च परिसंपत्ति की गुणवत्ता के साथ-साथ प्रति कर्मचारी, प्रति शाखा व्यापार-व्यवसाय परिचालन व्यय स्थापना व्यय,प्रति कर्मचारी लाभप्रदता का विश्लेषण किया गया हैं।

मंगल, विजय कुमार(2004) ने अपने शोध अध्ययन में 'मुरैना (श्योपुर सहित) जिले के औद्योगिक विकास में राष्ट्रीयकृत बैंकों का योगदान' के अंतर्गत इन क्षेत्रों में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा औद्योगिक विकास में उपलब्ध कराई गई सेवाओं का गहन अध्ययन एवं विश्लेषण किया है।

शोध संबंधी उद्देश्य :

1. इंदौर जिले के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं की स्थापना व प्रगति व नए उत्पाद का ज्ञान प्राप्त करना।

2. बैंक ऑफ बड़ौदा के वित्तीय प्रबंधन विवेचन हेतु विश्लेषण करना।
3. बैंक ऑफ बड़ौदा के दीर्घकालीन अल्पकालीन साधन का अनुपात विश्लेषण करना।
4. ग्राहक संतुष्टि स्तर को ज्ञात करना।

शोध की परिकल्पनाएँ :

1. बैंक ऑफ बड़ौदा इन्दौर की लाभदायकता अच्छी हैं।
2. बैंक ऑफ बड़ौदा इन्दौर का कार्य निष्पादन अच्छा है।
3. बैंक ऑफ बड़ौदा इन्दौर की अल्पकालिन शोधन क्षमता अच्छी हैं।
4. बैंक ऑफ बड़ौदा इन्दौर की दीर्घकालिन शोधन क्षमता अच्छी हैं।

शोध प्रविधि : प्रस्तुत शोध कार्य 'बैंक ऑफ बड़ौदा के वित्तीय प्रबंधन का विश्लेषणात्मक अध्ययन' (इन्दौर जिले के विशेष संदर्भ में) एक वृत्त अध्ययन हैं। इस शोध मे संगणना विधि का प्रयोग किया गया है व शोध के लिए द्वितीयक समंको को एकत्रित किया गया। शोध कार्य में विश्लेषण के लिए लेखांकन एवं सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है।महत्वपूर्ण समंकों को रेखीय एवं चित्रमय को प्रदर्शन द्वारा बताया गया हैं।

शोध का क्षेत्र एवं सीमाएँ – प्रस्तुत शोध की भी कुछ सीमाएँ हैं, जो निम्नानुसार है:

1. प्रस्तुत शोध–कार्य इंदौर जिले की बैंक ऑफ बडौढ़ा के अध्ययन तक ही सीमित है। अन्य इंदौर जिले की शाखाएँ हमारे शोध के क्षेत्र से बाहर हैं।

1. संचालन से आय – बैंक व्यवसाय के परिचालन से जो आय अर्जित की जाती है, उसे संचालन से प्राप्त आय कहते हैं।

संचालन से आय (Income from Operation)

Year	Amount in. (Rs. Cr)	Fixed base Index No.	%Increase and Decrease over p.y.
2012	148.37	100	–
2013	175.98	118.61	18.61%
2014	194.69	131.22	10.63%
2015	214.81	144.78	10.33%
2016	220.31	148.49	2.56%
2017	210.99	142.21	–4.23%
2018	218.24	147.09	3.44%
2019	248.84	167.72	14.02%
2020	379.92	256.06	52.68%
2021	352.46	237.55	–7.23%
AAGR	10.09		

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि बैंक ऑफ बडौदा इन्दौर जिले के व्यापार के दस वर्षो के संचालन से आय का स्थायी आधार सूचकांक की प्रवृत्ति से यह ज्ञात होता है कि प्रथम वर्ष (2011–12) की तुलना में इन 09 वर्षो में हमेशा वृद्धि हुई है। गत वर्ष की तुलना में श्रृंखला आधार सूचकांक संख्या द्वारा प्रतिशत में वृद्धि अथवा कमी के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि व्यापार के संचालन से आय का 09 वर्षो में 7 बार वृद्धि व 2 बार कमी हुई। व्यापार के संचालन से आय की वार्षिक औसत वृद्धि दर 10.09 प्रतिशत गणना की गई, जो इन 09 वर्षो में 10.09 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है इससे यह स्पष्ट होता है कि व्यापार की लाभदायकता अच्छी है।

2. सकल लाभ– व्यापार की संचालन आय में से व्यापार में होने वाले प्रत्यक्ष व्ययों को घटाने पर प्राप्त आय सकल लाभ कहलाती है।

सकल लाभ का विश्लेषण (Gross oprating analysis)

Year	Amount in. (Rs. Cr)	Fixed base Index No.	%Increase and Decrease over p.y.
2012	51.62	100	–
2013	56.58	109.60	9.60%
2014	59.82	115.88	5.73%
2015	65.43	126.75	9.38%
2016	63.70	123.40	2.64%
2017	67.81	131.36	6.45%
2018	77.61	150.34	14.45%
2019	92.39	178.98	19.05%
2020	137.26	265.90	48.56%
2021	144.03	279.01	4.93%
AAGR	12.07		

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि बैंक ऑफ बडौदा इन्दौर जिले के व्यापार के दस वर्षो के सकल लाभ का स्थायी आधार सूचकांक संख्या की प्रवृत्ति से यह ज्ञात होता है कि प्रथम वर्ष (2011–12) की तुलना में इन 09 वर्षो में हमेशा वृद्धि हुई है। गत वर्ष की तुलना में श्रृंखला आधार सूचकांक संख्या द्वारा प्रतिशत में वृद्धि अथवा कमी के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि व्यापार के सकल लाभ का 09 वर्षो में 8 बार वृद्धि व 1 बार कमी हुई। व्यापार के सकल लाभ की वार्षिक औसत वृद्धि दर 12.07 प्रतिशत गणना की गई, जो इन 09 वर्षो में 12.07 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है। वह वृद्धि से यह स्पष्ट होता है कि व्यापार की लाभदायकता अच्छी है।

संभावित योगदान– प्रस्तावित शोध–प्रबंध सार्वजनिक क्षेत्र की बैंक ऑफ बडौढ़ा के समंकों का ही विश्लेषण करने का अनूठा प्रयास है। प्रस्तावित शोध प्रबंध के निष्कर्षो के माध्यम से न केवल उक्त बैंक लाभांवित होगी,बल्कि इसे विभिन्न शोधार्थी को लाभ होगा वह अपने शोध कार्य मे आकड़ो का किस प्रकार से जमाया है, उनका विश्लेषण किस प्रकार करना तथा उनका निष्कर्ष किस तरह से किया जाना है आदि की जानकारी प्राप्त कर सकता है तथा बैंको मे वित्तीय प्रबंधन किस तरह से किया जाता है उसका ज्ञान आसानी से प्राप्त कर सकते है।

निष्कर्ष – साहित्य की समीक्षा तथा विभिन्न शोध के अध्ययन करने के पश्चात् हम यह कह सकते हैं किसम्बन्धित शोध पुस्तको व शोध प्रबंध में बैकिंग संबधित विभिन्न शोध किए गए हैं तथा इन सभी शोध के अध्ययन के बाद हमे यह पता चला है कि इनमे से किसी मे भी व्यापारिक बैको मे वित्तीय प्रबंध के बारे मे कोई कार्य नही किया है। इसलिए हमने इस विषय का चयन किया हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. www.money control.com
2. पत्रिका
3. व्यक्तिगत शोध
4. www.bankofbaroda.in
5. www.rbi.org.in
6. http://www.google.com

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

धार जिले में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का अध्ययन

डॉ. राजेश मुजाल्दा*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) गवर्नमेंट महात्मा गाँधी महाविद्यालय, जावद (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – बेरोजगार व्यक्ति रोजगार प्राप्ति के लिए किसी भी क्षेत्र का व्यवसाय अपना सकता है। आजीविका के लिए व्यक्ति जीवन निर्वाह मजदूरी तक पर अपनी सेवाएँ देने को तत्पर रहता है। सन् 1991 में देश में उदारीकरण, वैश्वीकरण, निजीकरण के दौर ने राष्ट्र में बेरोजगारी की मात्रा में वृद्धि कर दी। आधुनिकीकरण एवं तकनीकी के विकास ने पूंजी गहन क्षेत्र को बढ़ाया है तथा श्रम प्रधान क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने की अपेक्षा श्रमिकों की छँटनी शुरू कर दी। इसी के साथ कृषि क्षेत्र के पिछड़ने, औद्योगिक विकास में कमी तथा बढ़ती जनसंख्या ने देश में बहुत बड़ी मात्रा में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है। मशीनीकरण के कारण लघु, कुटीर एवं हस्तशील्प उद्योग का पतन होता गया। देश में बढ़ती बेरोजगारी को कम करने के लिए शासन द्वारा रोजगार सृजन के कई कार्यक्रम समय – समय पर प्रारम्भ किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और निर्धन वर्गो का समुचित और सर्वांगीण विकास करने हेतु सरकार द्वारा लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़वा देकर श्रम प्रधान तकनीकी पर बल दिया जा रहा है।

शब्द कुंजी – जनसंख्या, बेरोजगारी, स्वरोजगार कार्यक्रम।

प्रस्तावना – देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने तथा तीव्र आर्थिक विकास के लिए वर्ष 1991 में देश में आर्थिक सुधार प्रारम्भ किये गये। अर्थवयवस्था के उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण का दौरा प्रारम्भ हुआ। आर्थिक विकास के लिए अपनाई गई इस नीति में यह मानकर चला गया कि इससे देश में गरीबी एवं बेरोजगारी दूर होगी। निजीकरण से देश में नये – नये कारखाने प्रारम्भ होंगे जिससे रोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे और बेरोजगारी की समस्या को कम किया जा सकेगा। लेकिन नई आर्थिक नीति से देश में कृषि क्षेत्र बहुत पिछड़ गया साथ ही औद्योगिक क्षेत्र का भी आशातीत विकास नहीं हुआ, परिणाम यह हुआ कि बेरोजगारी कम होने की अपेक्षा बढ़ती चली गई।

बेरोजगारी शिक्षित एवं अशिक्षित दोनों वर्ग में विद्यमान है। नई आर्थिक नीति से देश में सरकारी क्षेत्र का योजदान कम हुआ जिससे सरकारी क्षेत्र में नौकरी की समस्या ज्यादा बढ़ गई। निजी क्षेत्र में तकनीकी के विकास एवं सूचना तकनीकी के विकास ने जहाँ कुशल लोगों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की है वहीं अकुशल युवाओं के लिए रोजगार में कमी की है। सरकार भी देश की वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है। सरकार जानती है कि सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के ज्यादा अवसर नही है वही निजी क्षेत्र भी श्रम प्रधान तकनीक के स्थान पर पूंजी प्रधान तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। बेरोजगारी में कमी का एक मात्र विकल्प स्वरोजगार ही है। इसलिए सरकार विभिन्न प्रकार की स्वरोजगार योजनाएँ संचालित कर रही है जिसमें ऋण, अनुदान, प्रशिक्षण आदि की सुविधा प्रदान करती है जिससे की अधिक से अधिक बेरोजगार व्यक्ति रोजगार प्राप्त कर सकें। स्वरोजगार ही बेरोजगारी कम करने का प्रमुख माध्यम बनकर उभर रहा है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. धार जिले मे संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त करना।
2. जिले मे संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का रोजगार पर प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
3. जिले मे संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से प्राप्त आवंटन एवं व्यय का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पना :

1. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रो मे रोजगार में वृद्धि हुई है।
2. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं ग्रामीण रोजगार में सीधा सम्बन्ध पाया जाता है।

समंकों का संकलन – प्रस्तुत शोध कार्य में प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों समंकों का उपयोग किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र– मध्यप्रदेश के धार जिले की चार तहसील – मनावर, गंधवानी, कुक्षी, धरमपुरी का चयन शोद्य अध्ययन के लिये किया गया है।

अध्ययन की सीमाएँ एवं अवधि – यह शोद्य अध्ययन धार जिले तक ही सीमित हैं। स्वरोजगार हेतु सन् 2014 – 15, 2015 – 16, 2016 – 17 एवं 2017 – 18 एवं 2018–19 तक के वर्षो का ही अध्ययन तक सीमित है।

सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन :

1. पपोला टी.एस. (1988) – ने एन.एफ.एस. गतिविधियों के निरीक्षण में पाया कि कार्यक्रम न केवल श्रम गहन है बल्कि इससे मजदूरी एवं रोजगार दोनों में वृद्धि हुई है। इस कार्यक्रम ने श्रम आधारित रोजगार को स्वरोजगार में परिवर्तित कर दिया है।[1]

2. भट्टाचार्य एवं मित्रा (1993) – इनके द्वारा किये गये अध्ययन में निष्कर्ष निकाला गया है कि निर्माण उद्योग अधिक रोजगार सृजित नहीं करते हैं। इन उद्योग में रोजगार की अपेक्षा आय अधिक बढ़ती है। रोजगार की मात्रा प्राथमिक क्षेत्र में तीव्र गति से बढ़ती है। ग्रामीण असंगठित क्षेत्र में विकास की दर को स्थिर एवं गतिमान बनाये रखने के लिये उचित नीतियों का निर्माण किया जाना चाहिए।[2]

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम – खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग मुम्बई (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा संचालित इस योजन की क्रियान्वयन एजेंसी मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड है।

उद्देश्य:

1. नए स्वरोजगार उद्यमों/ परियोजनाओं / सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन करना।
2. व्यापक रूप से दूर – दूर अवस्थित परम्परागत कारीगरों/ग्रामीण और शहरी बेरोजगार युवाओं को एक साथ लाना और जहां तक संभव हो, स्थानीय स्तर पर ही उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करना।
3. देश के परम्परागत और संभावित कारीगरों, ग्रामीण तथा शहरी बेरोजगार युवाओं को निरंतर और दीर्घकालिक रोजगार उपलब्ध कराना ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर उनका पलायन रोका जा सकें।
4. कारीगरों की पारिश्रमिक अर्जन क्षमता बढ़ाना और ग्रामीण तथा शहरी रोजगार की विकास दर बढ़ाने में योगदान करना।

वित्तीय सहायता:

1. विनिर्माण क्षेत्र के लिए – रूपये 25.00 लाख
2. सेवा क्षेत्र के लिए – रूपये 10.00 लाख

योजना के अंतर्गत अनुदान (प्रतिशत) –

लाभार्थियों की श्रेणी	स्वयं का अंशदान	अनुदान (सब्सिडी) की दर	
	परियोजना लागत में		
क्षेत्र		शहरी	ग्रामीण
सामान्य	10%	15%	25%
(अजा / अजजा / अपिव/ अल्पसंख्यक , महिला , पूर्व सैनिक , शारीरिक विकलांग पूर्वोत्तर, पहाड़ी व सीमावर्ती क्षेत्रों सहित)	5%	25%	35%

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति – प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में विगत पाँच वर्षो की प्रगति इस प्रकार है –

योजना में लाभार्थी हितग्राही – इस योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों को जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र पीथमपूर, धार, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग (खादी बोर्ड) धार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। वर्ष 2014–15 से 2018–19 की अवधि में लाभार्थियों की स्थिति इस प्रकार है –

तालिका क्रमांक 1

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में लाभार्थी हितग्राही

क्र.	वर्ष	राशि (लाख रू.में)	वृद्धि या कमी प्रतिशत में
1	2014 – 15	32	–
2	2015 – 16	58	81.25
3	2016 – 17	87	50.00
4	2017 – 18	148	70.11
5	2018 – 19	163	10.13
	योग	**488**	

स्त्रोत – जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा संबंधित विभाग धार जिला धार।

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि इस योजना में अभी तक 488 व्यक्तियों को स्वरोजगार उपलब्ध हुआ है। वर्ष 2014–15 में 32 लाभार्थी थे जो बढ़कर वर्ष 2015–16 में 58 तथा बाद में क्रमश: 87 व 148 तथा 163 हो गये। इस प्रकार प्रतिवर्ष क्रमश: 81.25 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 70.11 प्रतिशत तथा 10.13 प्रतिशत की वार्षिक दर देखने को मिलती है।

योजना में स्वीकृत राशि – यह योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, किन्तु इसका क्रियान्वयन राज्य के विभिन्न विभाग मिल जुलकर करते है। योजना में स्वीकृत राशि से युवा अपनी पसंद का व्यवसाय स्थापित कर सकता है। इस योजना में विभिन्न वर्षो में हितग्राहियों को स्वीकृत राशि की स्थिति का वर्णन नीचे किया गया है।

तालिका क्रमांक 2: प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में स्वीकृत राशि

क्र.	वर्ष	स्वीकृत राशि (लाख रू.में)	वृद्धि या कमी प्रतिशत में
1	2014 – 15	87.10	–
2	2015 – 16	181.75	108.66
3	2016 – 17	204.00	12.24
4	2017 – 18	946.35	363.89
5	2018 – 19	1196.74	26.45
	योग	**2615.94**	


स्त्रोत – जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा संबंधित विभाग धार जिला धार।

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि विगत पांच वर्षो में इस योजना में शासन द्वारा कुल 2615.94 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। वर्ष वार देखे तो स्पष्ट होता है कि वर्ष 2014–15 में 87.10 लाख रूपये, 2015–16 में 181.75 लाख रूपये, 2016–17 में 2 04 लाख रू., 2017–18 में 946.35 लाख रूपये तथा वर्ष 2018–19 में 1196.74 लाख रूपयो स्वीकृत किये गये। इस योजना में प्रति वर्ष प्रगति हुई है।

तालिका क्रमांक 3: सर्वेक्षित सदस्यों द्वारा स्थापित व्यवसाय का स्वरूप

क्र.	स्थापित व्यवसाय का प्रकार	संख्या	प्रतिशत
1	कृषि संबंधित व्यवसाय	130	32.50
2	विनिर्माण संबंधित व्यवसाय	004	01.00
3	सेवा क्षेत्र का व्यवसाय	237	59.30
4	अन्य व्यवसाय	029	07.20
	योग	**400**	**100.00**

स्त्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण के आधार पर।



उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि हितग्राहियों ने स्वरोजगार स्थापना हेतु सेवा क्षेत्र को ज्यादा महत्व दिया है। सर्वेक्षित 400 सदस्यों में से 237 (59.30 प्रतिशत) ने सेवा क्षेत्र का चयन किया है। विनिर्माण सम्बन्धी क्षेत्र का चयन मात्र 04 सदस्यों ने किया है। कृषि सम्बन्धी व्यवसाय 32.50 प्रतिशत ने जबकि 7.20 प्रतिशत ने अन्य व्यवसाय को चुना है। यदि विनिर्माण क्षेत्र का चयन अधिक होता तो अन्य लोगों को भी रोजगार प्राप्त होता।

हितग्राहियों के लाभान्वित होने के पूर्व एवं पश्चात् आय की स्थिति – स्वरोजगार योजना का लाभ लेने से रोजगार के साथ – साथ आय में भी वृद्धि होती है। व्यवसाय की सफलता पर आय का स्तर निर्भर करता है। जैसे – जैसे व्यवसाय प्रगति करता है वैसे – वैसे आय का स्तर बढ़ता जाता है। ऊँची आय होने पर जीवन स्तर में वृद्धि होती है। आर्थिक प्रगति होने से परिवार की विभिन्न आर्थिक कठिनाईयों को आसानी से दूर किया जा सकता है। सर्वेक्षित सदस्यों के योजना का लाभ लेने से पूर्व एवं पश्चात् आय कि स्थिति इस प्रकर है।

तालिका क्रमांक 4 (ए): सर्वेक्षित सदस्यों की लाभान्वित होने से पूर्व आय

क्र.	आय (रूपये)	संख्या	प्रतिशत
1	50000 – 100000	75	18.80
2	100000 – 150000	195	48.80
3	150000 – 200000	85	21.30
4	200000 से अधिक	45	11.10
	योग	**400**	**100.00**

स्त्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण के आधार पर।

तालिका क्रमांक 4 (बी): सर्वेक्षित सदस्यों की लाभान्वित होने के पश्चात् आय

क्र.	आय (रूपये)	संख्या	प्रतिशत
1	50000 – 100000	03	00.70
2	100000 – 150000	75	18.80
3	150000 – 200000	85	21.30
4	200000 – 300000	195	48.80
5	300000 से अधिक	42	10.40
	योग	**400**	**100.00**

स्त्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण के आधार पर।

उपर्युक्त तालिका क्रमांक 5.17 (ए) एवं 5.17 (बी) के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि योजना का लाभ लेने से लोगों की आय का स्तर बढ़ा है। योजना का लाभ लेने से पूर्व 2 लाख से अधिक आय वाले मात्र 45 सदस्य थे जो योजना का लाभ लेने के पश्चात् 237 हो गये। इस प्रकार इस आय स्तर में 59.25 प्रतिशत सदस्य हो गये। पूर्व में आय का स्तर निम्न था जो लाभान्वित होने के पश्चात् बढ़ गया है। पहले 400 सदस्यों में से अधिकांश 1.50 लाख से नीचे आमदनी वाले थे जिनकी संख्या लाभान्वित होने के पश्चात् बहुत अधिक बढ़ गई।

शोध समस्या – धार जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है। जिले की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि है। सिंचाई के अभाव में कृषि बहुत पिछड़ी हुई है। औद्योगिकीकरण की मात्रा बहुत कम है। जिले में मौसमी एवं अदृश्य बेरोजगारी बहुत अधिक है। रोजगार के लिए जिले के श्रमिक अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। शिक्षा का स्तर भी अच्छा नही है। पूंजी की कमी के कारण यहाँ के निवासी उद्यम स्थापित करने की क्षमता नही रखते है।

सुझाव – योजनाओं में आने वाली समस्याओं को दूर करने हेतु निम्न सुझाव प्रस्तुत है –

1. **शिक्षा की व्यवस्था –** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अधिकांश लोग अशिक्षित होते हैं उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं होती है। अत: सरकार द्वारा अशिक्षित व्यक्तियों को शिक्षित करने हेतु अलग से 'ग्रामीण शिक्षा नीति' का अनुमोदन करना चाहिए जो शिक्षा से वंचित होने के बाद भी शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सके। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अत्यधिक प्रचार – प्रसार व शिक्षा जागरूकता अभियान चलाना चाहिए ताकि ग्रामीण जनों को स्वरोजगार योजनाओं का अत्यधिक लाभ मिल सके।
2. **अनुदान राशि की पूर्व व्यवस्था –** स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को अनुदान की राशि ऋण के साथ ही प्रदान करना चाहिए उन्हें अनुदान राशि भी पर्याप्त मात्रा में देना चाहिए।
3. **प्रशिक्षण की व्यवस्था –** हितग्राहियों को दिये जाने वाले प्रशिक्षण सैद्धांतिक व व्यावहारिक दोनों ही प्रकार से उपलब्ध कराना चाहिए व प्रशिक्षिण की समयावधि में भी वृद्धि करना चाहिए ।
One of the milestone works of Partition *Train to Pakistan* holds towering importance not only for its literary quality which remains unparalleled, but also for its ingenious account of the events surrounding the incident. An updated edition of the book was released on India's 50th Independence Day which had photographs of the catastrophic event captured by Margaret Bourke-White, first female photographer for Fortune. The journalist travelled through the subcontinent to document the events surrounding Partition, her efforts could be easily traced through what she captured during her journey. Resonating with the events narrated through the novel, the pictures depicting thousands of people migrating in deplorable condition, the train coaches with hundreds of dead bodies piled up, children sitting and crying beside dead parents and peasant walking barefoot across miles, all the pain was contained in those images.

While the novel, on its surface, appears to be about a small village, frequently one sees the allegorical image of fractured India in it. The theme of the novel blurs from the daily activities of country life into the horrendous reality of Partition and its effects. Spanning across few weeks, the novel examines the deplorable condition of innocent people where lives are caught up in the web of unfair politics. The events surrounding communal violence reflect upon the reality of Partition times. Being one of the earliest records of the calamity, the novel claims its fame on the grounds of its honest treatment of the theme without an earlier documented reference in mind.

The communal migration across border which started decades before Partition and on record lasted years after can be still witnessed across the country. The exodus of Kashmiri Hindus, a Muslim family seeking safer haven amongst 'their' people, a Hindu family feeling insecure living in Muslim neighbourhood can't be overlooked. The communal tensions have been triggered by political and bureaucratic authorities, while the middle class, common man has had to bear the consequences. The common people are often driven by emotions and are attached to each other by a feeling of mutual camaraderie. The meeting among the village people night before evacuation was a common place phenomenon during Partition years. The age old ties, emotional bonding between people was torn overnight as a result of looming phantoms of political figures. Stephen Alter in his book *Amritsar to Lahore* says

Most of the ethnic and religious strife in Pakistan and India has been generated by a combination of historical circumstances and the cynical manipulation of power within each state. These forces undermine and betray a genuine desire for peace and coexistence on the part of most people who live in South Asia. Nationally enforced identities and citizenship are often at odds with a much more basic human impulse for cross-cultural understanding. (pg 5)

Singh's *Train to Pakistan* elaborates on how a nation on the verge of being divided into fragments was witnessing communal genocide. The killings reached from bigger cities to small towns and villages. People living peacefully in remote areas were being woken up to shrieks of corpse laden coaches. And if it was still a difficult puzzle to solve the officials like Meet Singh fuelled the fire. He readily identified with the killings of his Sikh brethren and reprimanded Bhaiji who questioned the safety of Muslim owned property and goods. The idea of Partition and reshaping of territories was backed by an innocent feeling of nationalism. Thapar in her essay *Reflections on nationalism and History* says,

For Indians my age who grew up on the cusp of Independence, nationalism was in the air we breathed. Nationalism was not something problematic. It was an identity with the nation and its society, the identity and consciousness of being Indian did not initially need to be defined. We understood nationalism to be Indian nationalism and not Hindu or Muslim or any other kind of religious or other nationalism, and a clear distinction was made between nationalism and other loyalties. (pg 4)

In contemporary times the lines between patriotism in true spirit and nationalism driven by private loyalties seem blurred. Most of the people today appear to have digressed from what was loving one's country resultantly what we see today is a blind following of the ideologies propagated by a particular leader or party, failing which one could easily be stamped a traitor. If a person doesn't want to go with the current and is willing to voice a counter opinion on any matter they automatically become spineless for not hating *other* enough. When Meet Singh condemns passivity of Bhaiji and tells him of all the rapes and murders happening, Bhaiji falls speechless. He is taken aback by the atrocities he heard being inflicted upon people. He fails to fathom how inhuman someone can be to commit such heinous crimes against other human beings. Throwing light upon the incident Roy writes,

This is actually a blow that is even worse than the evacuation of the Muslims. At least the evacuation was for something good, the villagers of Mano Majra thought – their friends and neighbours reaching safety; while what the Sikh officer was talking of was a scenario devoid of all sanity and humanity. (pg 39)

The Muslims leaving the village for Chandannagar refugee camp were under the pretext of returning in a while, as well as the people who were left behind soon realized the end results. It was not only the material commodities which were lost, looted or misplaced during the Partition, millions of people lost their loved ones, millions were killed, abducted, raped and violated. Man's inclination towards corruption and greed was still visible in such horrible times. Malli, a dacoit, takes over the property and goods of Muslims and becomes one of the first ones from the village to take vengeance upon the Muslim villagers.

The departure of the Muslims in the novel resonated with Singh's own experience when he writes

There was no time to make arrangements. There was no time even to say good-bye. Truck engines were started. Pathan soldiers rounded up the Muslims, drove them back to the carts for a brief minute or two, and then on to the trucks. In the confusion of the rain, mud and soldiers herding the peasants about with the muzzles of their stein guns sticking in their backs, the villagers saw little of each other. All they could do was to shout their last farewells from the trucks… The Sikhs watched them till they were out of sight. They wiped the tears off their faces and turned back to their homes with heavy hearts. (pg 159)

The instigation of violence and communal hatred among innocent people is often done by people sitting in higher position. The people in power are decisive forces when it comes to defining what is good or bad. Hukum Chand viciously fabricates charges against innocent people like Iqbal, a clean shaven Sikh, who is doubted for his religious inclinations. The village folks are seen doubting his loyalty towards their land keeping his religion in view. The authorities frame Jugga and Sultana along with Iqbal for murder of Lala, whereas the villagers find it hard to believe since they remain aware of the fact that Sultana had moved to Pakistan and Jugga would never hurt people of his own village. But the 'fake news' takes its toll on the conscious of villagers, and stimulates the rising communal tensions overnight. The matter worsens with the arrival of Sikh refugees who mention the atrocities they bore in Pakistan. Roy says

…the refugees themselves play a kind of catalytic role in this respect, for it is through their presence in the village that the Sikhs become aware, for the first time, of the atrocities perpetrated against their community outside the confines of their own village teherfore, though the Sikh villagers are initially hesitant about throwing out their Muslim brethren , they are later persuaded to do just that. The refugees succeed in inciting the weak-minded villagers against the Muslims. (pg 42)

Nationalism, according to Thapar, has a deeper meaning than what is portrayed these days; a better understanding of society and people is needed. The hostility people have embraced towards the *other* who do not conform to their notions is quite similar to that of Partition times. While the earlier battle was about a sense of belonging to a piece of land, the modern war-waging is based on strictly personal opinions and prejudices. She says one tends to overlook the fact that the definitions of Hindu civilization we have today were imposed upon us by the British colonizers. The colonizers who belonged to a foreign race could not comprehend the complexity of a diverse society. Romila Thapar traces the emergence of the concept of nationalism to post-Enlightenment period of Europe and states how the modern nationalism is strikingly different from its origin. Citing Anderson's seminal work, Thapar points out how today's nationalism comes across as a vague concept. Discussing different historians like Hobsbawm and Gellner, Thapar explains the mutation of history in today's time to claim a superior belonging to the country.

The rising communal tension was a result not only of the British policy of Divide and Rule but was fueled by common gentry as well. The commoners were usually those led by political ambitions and lived under the illusion that the dawn of independence would cater to their personal desires. Talking about the idea of nationalism Romila Thapar, in her essay, says nationalism had, and has, much to do with understanding one's society and finding one's identity as a member of that society. It cannot be reduced merely to waving flags and shouting slogans and penalizing people for not shouting slogans like 'Bharat Mata ki Jai'. This smacks of a lack of confidence among those making the demand for slogans. (pg 1)

Thapar, who witnessed Partition and independence has been outspoken about her experiences throughout her life. In her essay she defines nationalism as something people identified, connected or related with when they were under colonial rule as it served as a driving force to fight the empire. On the same line, nation also represented an evolved community of people living on a defined territory of land, and not a mass of a particular religion. The roots of complication sprung from the event of Partition which required setting up of new boundaries which would accommodate different people.

When another trainload of corpses arrive in Mano Majra a different kind of silence was spread across the village. One of the most revered men, Imam Bakhsh, refrained from his routine of morning sonorous sound. Ravish Kumar exemplifies in his book *The Free Voice: On Democracy, Culture and Nation* several instances of how people stopped wearing certain kind of clothes, stopped carrying certain foods with them while travelling out of fear. A fear is created among the general public to refrain them from following their normal routines.

The question of a sense of belonging is still pertinent where both Hindu and Muslim claim their right over the country. During Partition when the Muslim League with a few hundred of its followers managed to extract a separate territory in the name of religion, ironically the majority of Muslims chose to stay back in a land which rightfully

belonged to them. The demand for a separate nation had been in existence since late 19th century, but the formation of Muslim League in 1906, with the central objective for demand of a separate Muslim majority state fuelled the movement. Pointing out the futility of carving borders Stephen Alter in his book *Amritsar to Lahore* says,

What interests me most are the subtle and insidious ways in which a country is confined by its borders, whether it be the mosaic of rubber stamps that smudge my passport, the enigmatic language of road signs, or the euphemisms and innuendos that are often used to describe persons who belong to another nation, creed, or caste. (pg.5)

Around the country, there are regions where the magnificent architecture of Portugal/French/Mughal Empire can still be witnessed. Every now and then politicians raise their voice against a particular community, which, ironically is one of the most ancient dwellers of the Indian subcontinent. The amalgamation of cultures and tradition has been one of the strong points of the Indian subcontinent. Contradictory to the age-old belief of Unity in Diversity, the nation, over the years has been torn into compartments. While the earlier ideologies were more accommodating and inclusive in their approach, the changing times have emphasized on compartmentalization. Edward Said in his book *Culture and Imperialism* says

No one today is purely one thing. Labels like Indian, or woman, or Muslim, or American are not more than starting points, which if followed into actual experience for only a moment are quickly left behind. Imperialism consolidated the mixture of cultures and identities on a global scale. But its worst and most paradoxical gift was to allow people to believe that they were only, mainly, exclusively, White, or Black, or Western, or Oriental. Yet just as human beings make their own history, they also make their cultures and ethnic identities. No one can deny the persisting continuities of long traditions, sustained habitations, national languages, and cultural geographies, but there seems no reason except fear and prejudice to keep insisting on their separation ad distinctiveness, as if that was all human life was about.[2]

Writing on the same line of thought George Orwell, famous twentieth century British writer, in his essay *Notes on nationalism* points out how vain this ideology has been where the major nations or popular leaders have tried to stamp people with a single identity. Orwell says

By 'nationalism' I mean first of all the habit of assuming that human beings can be classified like insects and that whole blocks of millions or tens of millions of people can be confidently labelled 'good' or 'bad'. But secondly -– and this is much more important – I mean the habit of identifying oneself with a single nation or other unit, placing it beyond good and evil and recognizing no other duty than that of advancing its interests.[3]

Orwell not only rebukes the government's motive to compartmentalize people, but also question the followers of such notions. When the citizens of any country start following a certain ideology without analyzing the pros and cons, or the far-fetched realities these ideologies claim to achieve, the country transforms into a chaos-stricken state. There are people who often get confused between nationalism and Patriotism and won't stand a word against their favourite leaders. Such people can't draw a line between their leader and the country. For them, whatever the leader proposes holds true in all circumstances. Orwell says that people often forget that they are favouring only an ideology, which more often than not, will transform into a contradictory idea. The argument one puts in front of such people holds no logical ground for them as they can no more detach their existence from these ideologies or political leaders. Even in the occurrence of events where an old ideology transforms into a new idea, the followers tend to turn a blind eye to the change, refuse to notice the loophole. On the contrary these followers tend to continue with their leader-worship.

Quite similar are the revelations of Tagore on the issue. Rabindranath Tagore in his essay *East and West* pinpoints the desire of people in power to generalize its citizens often overlooking the diversities of society. He says that we forget to take into consideration that we all are endowed with individual characteristics. He further states that we have gained knowledge based on which we form our prejudices. We fail to acknowledge our countrymen as people.

When we fall into the habit of neglecting to use the understanding that comes of sympathy in our travels, our knowledge of foreign people grows insensitive, and therefore easily becomes both unjust and cruel in its character, and also selfish and contemptuous in its application.[4]

In his book *Amritsar to Lahore*, Stephen Alter narrates a few incidents surrounding Partition. He observes how dreadful the condition of the country was during colonial rule that even when the British had decided to leave India they had formulated no plan on how the countries will be divided. He says that to utter confusion which followed the announcement of independence, there was no map even on paper which could demonstrate as to where Indian territory ended and where Pakistan began. The British officials as well as the local authorities including INC and Muslim League leaders had not come to any conclusion regarding the decision of borders of the nation. To quote Alter

The Survey of India provided a geographic and political template for Sir Cyril Radcliffe, who was assigned the task of delineating new borders in 1947. Radcliffe had never been to India before; in fact he had never travelled outside Europe. His ignorance f the subcontinent provided some measure of impartiality but he was also blind to the realities pf the situation. Given just over a month to complete his task, this bookish bespectacled Englishman never once visited the contested territories of Punjab and Bengal. Locked away in one of Delhi's government bungalows,

poring over his maps and charts, Radcliffe carried out his task entirely with pen and paper. (pg 31)

Alter further says that such a high level of secrecy was required to be maintained that even Lord Mountbatten, Jinnah or Nehru did not have any idea where the borders were being drawn. Although both Jinnah and Nehru rose to prominent leadership positions Post-Partition, both had sensed that they were not going to get all that they had desired. The chaotic state and confusion was discussed by Manto in his famous short story Toba Tek Singh.

Conclusion - One would have imagined that the horrors of violence would end with India's Partition and independence but the blood-stained stories continued even after decades. Sometimes the communities changed but the violence remained. Alter remembers when, during the Sikh riots, the men in his locality were asked to come out to prove there were no Sikhs present there. The name plates on the houses were taken off to conceal the identities of the dwellers. When all the men stepped outside to face the violent mob he observes that the rioters reminded him of "extras on a film set waiting for their cue." He also says that, "those rioters who ordered us out into the streets may have been motivated in part by the injustices of caste and class, but in essence they were a mindless mob."(pg 19) Towards the end of the novel when Juggat innocently becomes party to Hukum Chand's ploy, he goes to Gurudwara in the middle of the night, as if to have a rendezvous with the superior power and seek guidance. When he comes to know that the train in which his beloved was leaving for Pakistan was going to be attacked by the dacoits, he couldn't let that happen. He climbs the rope, puts his life in danger and gets shot by his own men while saving the people from another community. Along with Jugga's Nooran, the magistrate's prostitute Haseena is also saved from falling into the hands of malicious dacoits, and the humanity, affection and love which binds people together is also saved. Suvir Kaul commenting upon Jugga's act says, "an act of actual heroism" which brought, "order and humanity to a village swept away by the flood of fratricidal violence sweeping over the Punjab"[5]

Notes:-

1. https://www.dailyo.in/politics/junaid-lynching-muslims-in-india-lynchings-beef-bjp-tabrez-ansari/story/1/31280.html
2. https://www.orwellfoundation.com/the-orwell-foundation/orwell/essays-and-other-works/notes-on-nationalism
3. https://www.tagoreweb.in/Essays/creative-unity-218/east-and-west-2632
4. https://www.tagoreweb.in/Essays/nationalism-216/nationalism-in-india-2626

References:-

1. Alter, Srephen. *Amritsar to Lahore: Crossing the Border between India and Pakistan*. Haryana: Penguin Random House India, 2000.
2. Ashcroft, Bill and Ahluwalia, Pal. *Edward Said.* New York: Routledge Taylor & Francis e-library. 2008.
3. Geelani, Gowhar. *Kashmir: Rage and Reason*. New Delhi: Rupa, 2019.
4. Kaul, Suvir (ed.) (2001), *The Partitions of Memory: The Afterlife of the Division of India*, op.cit. p. 15.
5. Nag, Kingshuk. *The Saffron Tide.*New Delhi: Rupa Publications, 2014.
6. Peer, Basharat. *Curfewed Night*. Haryana: Penguin Random House India, 2019.
7. Said, Edward. *Culture and Imperialism.* New York: Vintage, 1993.
8. Roy, Rituparna. *South Asian Partition Fiction in English: From Khushwant Singh to Amitav Ghosh.* Amsterdam: Amsterdam University Press, 2010.
9. Singh, Khushwant. *Train to Pakistan*. New Delhi: Ravi Dayal. (1956;1988).
10. Thapar, Romila. 'Reflections on nationalism and History'. *On nationalism.*New Delhi: Aleph Book Company, 2016. PDF e-book.

Footnotes:-

1. Wolpert, Stanley (2006), *Shameful Flight: The Last Years of the British Empire in India*, op. cit. p. 2.
2. Edward Said, Culture and Imperialism (New York: Vintage, 1993), 336
3. https://www.orwellfoundation.com/the-orwell-foundation/orwell/essays-and-other-works/notes-on-nationalism
4. https://www.tagoreweb.in/Essays/nationalism-216/nationalism-in-india-2626
5. Kaul, Suvir (ed.) (2001), The Partitions of Memory: The Afterlife of the Division of India, op.cit. p. 15.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

स्वतंत्रता संग्राम में बैतूल की भुमिका

डॉ. अश्विनी कुमार सातनकर *

* दमुआ, जिला- छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश के दक्षिणी जिले बैतुल में अनेक विशिष्टतायें है। यह जिला सतपुड़ा श्रंखला का एक भाग है तथा अधिकांश भाग वनाच्छांदिक है। इस जिले की अधिकांश आबादी छोटे-छोटे गॉव में निवास करती है वह आदिवासी बाहुल्य है।

यह तो एक चमत्कार ही था कि छोटे-छोटे गॉव में सघन जंगली क्षेत्रों में रहने वाली जनता को भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलाये गये स्वाधीनता आन्दोलन ने न केवल प्रभावित किया वरण उनके आव्हान पर सर्वस्व न्यौछावर करने को प्रेरित किया। बैतूल मध्यप्रदेश की तत्कालिन राजधानी नागपुर के निकट बसा हुआ है। इसलिए स्वाभाविक ही था कि जो राष्ट्रव्यापी हलचल नागपुर से आरम्भ होती उसे यहॉ पहुचने में देर नही लगती थी। जिले का मुख्यालय तथा सबसे बड़ा नगर होने के कारण 'बैतूल' स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों का एक सशक्त केन्द्र बना रहा।

जिले में राष्ट्रीय आन्दोलन का प्रभाव वर्ष 1915 में परिलक्षित हुआ। उसी वर्ष मध्यप्रदेश के राजनीतिक कार्यकर्ता जो नरम दल तथा गरम दल में विभक्त हो गये थे, ने इन दलों को समाप्त करने का निर्णय लिया और संगठित होकर सेन्ट्रल प्राविसेंज एण्ड वरार प्राविशिंयल एसोसिएशन का गठन किया। श्री भालेराव वकील ने उसकी स्थायी समिति के रूप मे बैतूल का प्रतिनिधित्व किया।

स्वराज संघ का गठन – 1916 में कांग्रेस के लखनउ अधिवेशन के पश्चात् उत्तरप्रदेश, बिहार तथा अन्य प्रांतों से आकर बसे हुए शिक्षित तथा बुद्धिजीवियों, विशेषकर वकील वर्ग में, कांग्रेस तथा उसके द्वारा चलाये जा रहे आन्दोलन की चर्चा तथा उससे सहयोग करने की प्रवृत्ति का उदय हुआ। इसी वर्ष जिला परिषद् का गठन हुआ।

इसी प्रकार जब एनीबिसेंट द्वारा स्थापित होम रूल लीग ने भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया तो वर्ष 1917 में बैतूल में भी लीग की एक शाखा की स्थापना की गई। सन् 1916 से 1920 की अवधि में बैतूल में अंग्रेजो द्वारा नियुक्त डिप्टी कमीश्नर, जिला दरबार किया करते थे। स्वराज संघ से वकील कार्यकर्तागण डिप्टी कमीश्नर से लिखित रूप में जनता के दु:ख दर्द संबंधित प्रश्न पुछते थे। तथा उसका उत्तर प्राप्त करते थे।

वर्ष 1922 में कस्तूरबा गांधी की अध्यक्षता में कांग्रेस का प्रांतीय अधिवेशन बैतूल में आयोजित किया गया था। बाद में आगामी वर्ष बैतूल में एक सुव्यवस्थित प्रांतीय राजनीतिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसके सभापति ई. राघवेन्द्र राव थे। इस सम्मेलन में रविशंकर शुक्ल, सेठ गोविन्ददास, जमनालाल बजाज, माखनलाल चतुर्वेदी, पं. सुन्दरलाल तथा सुभद्राकुमारी चौहान जैसे सुविख्यात व्यक्तियों ने भाग लिया था।

स्वतंत्रता आन्दोलन का विकास – 28 दिसम्बर 1985 को अखिल भारतीय कांग्रेस की स्थापना हो चुकी थी। प्रारम्भिक वर्षो में बैतूल में कोई उल्लेखनीय घटना नही हुई किन्तु 1891 में नागपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन में दमित तथा पीड़ित बैतूल जिलों को अपनी आवाज उठाने हेतु प्रेरित किया।

सन् 1894 में अंग्रेजी शासन द्वारा देश में निर्मित सूती कपडे पर भारी करारोपण लगाने पर स्थान-स्थान पर सभाएं हुई तथा विरोध किया गया। बैतूल में भी विदेशी वस्तुओं एवं वस्त्रों को जलाकर विरोध किया गया। सन् 1907 के नागपुर अधिवेशन से पूर्व प्रदेश के उग्रवादी नेता खापर्डे और मुन्जे ने अन्य जिलों की तरह बैतूल में भी राष्ट्रवादी दल की स्थापना की।

जिला कांग्रेस कमेंटी का गठन – अखिल भारतीय कांग्रेस का नागपुर अधिवेशन 26 दिसम्बर 1920 को प्रारम्भ हुआ जिसमें 14582 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो उस समय तक भी सबसे बड़ी संख्या थी। इस अधिवेशन में रामदीन अवस्थी के नेतृत्व में जिले के 50 स्वयं सेवको ने भाग लिया।

नागपुर अधिवेशन में पहली बार भाषा के आधार पर प्रांतो की पुर्नरचना का निर्णय किया गया। जिसके अनुसार मध्य प्रान्त कांग्रेस कमेटी में विभाजित कर दिया गया। भाषा के आधार पर बैतूल को महाकौशल प्रांतीय कांग्रेस कमेटी जबलपुर के क्षेत्राधिकार में सम्मिलित किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेंटी के विभाजन के साथ ही प्रत्येक जिले में जिला कांग्रेस कमेंटी का गठन किया गया। जिले के अग्रणी कार्यकर्ता रामदीन अवस्थी को प्रथम अध्यक्ष बनाया गया। इस समय तक बैतूल में पर्याप्त राष्ट्रीय आ चुकी थी।

असहयोग आन्दोलन- बैतूल जिले के बैतूल, बैतूलबाजार, चिचोंली, खेड़ी सांवलीगढ़, भैसदेही, मुलताई तथा प्रभातपट्टन आदि प्रमुख स्थानों पर आंदोलन के दौरान विदेशी वस्त्रों की होली जलाई गई तथा शराब की दुकानों के समक्ष धरना दिया गया यह आंदोलन ग्रामीण अंचलों तक पहुच चुका था। यह आन्दोलन कृष्णराव धर्माधिकारी ओर रामदीन अवस्थी के नेतृत्व में चला था।

इस असहयोग आन्दोलन में अंग्रेजी शासन का विरोध करते हुए बैतूल बाजार में श्री नारायण स्वामी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय न्यायालय एवं सेवा समिति का गठन तथा ग्रामीण अन्चलों में जाति पंचायतों का गठन महत्वपूर्ण घटनाएँ हुई।

भारत छोडो आन्दोलन- भारत छोडो आन्दोलन महाकौशल के सभी जिलों में एक साथ ही प्रारम्भ हुआ। शासन ने कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं की गिरफतार कर लिया, बैतूल में भी गिरफतारीया हुई। जिसके विरोध में जूलूस, प्रदर्शन एवं हडताल का प्रदर्शन हुआ। आंदोलन के दौरान बैतूल में शासन

की दमनकारी नीतियों से हुये अमनीवय अत्याचार एवं गोलीकाण्ड से महाकौशल कांग्रेस समिति अन्यत्न विक्षुब्ध हो गयी। इसकी जॉच बैतूल सेठ गोविन्ददास के नेतृत्व में जॉच समिति का गठन किया गया।

गांधी जी का बैतूल आगमन– छिन्दवाड़ा चलकर गांधी बैतूल पहुंचे। मुलताई में श्री शंकर धर्माधिकारी के सभापतित्व में एक सभा हुई जिसमें 10 हजार जनता उपस्थित थी। तदुपरांत लगभग साढे आठ बजे गांधी जी बैतूल पहुंचे। इस यात्रा मे गांधी जी क साथ श्री दीपचन्द गोठी तथा व्यौहार राजेन्द्र सिंह भी थे। बैतूल के सेठ श्री प्रताम मल गोठी के यहां गांधी जी पहुचे तथा उनके 5 पुत्र श्री दीपचन्द गोठी ज को गांधी जी के हवाले कर दिया।

गांधी जी के खेडी गांव में एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री दीपचन्द जी ने की। श्री के.एम. धर्माधिकारी ने जिले की और से गांधी जी को 401 रूपये की थैली भेंट की। इसके बाद नगरपालिका अध्यक्ष श्री रामदयाल खण्डेलबार ने मानपत्र पड़ा।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची:–

1. शुक्ल, प्रयाग दत्त : क्रांति के चरण पृ. 130
2. सूचना प्रकाशन संचालनालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा प्रकाशित – 163
3. वही, पृ. 136
4. शुक्ल, प्रयाग दत्त : वही, पृ. 170
5. शुक्ल, प्रयाग दत्त : वही, पृ. 110
6. डॉ. कृष्णलाल हंस, बैतूल जिले में स्वतंत्रता संग्राम, पृ 33
7. मध्यप्रदेश संदेश, 15 अगस्त 1987, पृ. 15
8. मिश्रा, डी.पी. : स्वाधीनता आन्दोलन का इतिहास, पृ 304
9. डॉ. कृष्णलाल हंस, बैतूल जिले में स्वतंत्रता संग्राम, पृ 45
10. श्रीवास्तव, पी.एन. : वही पृ 59
11. सक्सेना, सुधीर : ऐसे आये गांधी, पृ. 68–69

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भारतीय प्रशासन में कौटिल्य की प्रासंगिकता

डॉ. वन्दना शर्मा *

* सह आचार्य (लोक प्रशासन) राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध लेख के माध्यम से आचार्य कौटिल्य के विचारों को सरल एवं सुगम भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। आचार्य कौटिल्य आज भी हम भारतवासियों के रोम-रोम में बसे हुए हैं। आज का भारत मौर्यकालीन साम्राज्य की परम्पराओं तथा ज्ञान का ऋणी हैं। भारतीय प्रशासन की संरचना, विदेश नीति, आर्थिक, राजनीतिक सभी सिद्धान्तों में चाणक्य का प्रभाव देखने को मिलता है। कूटनीति-चाणक्य नीति आम भाषा बन गयी है। प्राचीन काल से आधुनिक काल तक की लम्बी यात्रा में चाणक्य हमेशा साथ रहे हैं। भारतीय प्रशासन चाणक्य का हमेशा ऋणी रहेगा। प्रस्तुत लेख के माध्यम से मैंने चाणक्य या विष्णुगुप्त या कौटिल्य के विचारों का एवं योगदान का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। प्रस्तुत शोध लेख को मैंने निम्न भागों में विभाजित करके देखने का प्रयास किया है-

- आचार्य कौटिल्य का परिचय
- कौटिल्य का अर्थशास्त्र-एक परिचय
- अर्थशास्त्र के अधिकरण,
- भारतीय प्रशासन में कौटिल्य का योगदान
- कौटिल्य की नैतिक शिक्षाऐं या चाणक्य नीतियां
- कौटिल्य की नैतिक शिक्षाऐं या चाणक्य नीतियां
- 21वीं सदी में कौटिल्य की प्रासंगिकता

आचार्य कौटिल्य : एक परिचय – आचार्य कौटिल्य या विष्णुगुप्त या चाणक्य भारतीय प्रशासनिक चिन्तन की धुरी है। ऐसा माना जाता है कि कौटिल्य का जन्म 325 ई.पू. में मगध राज्य में हुआ था। उनका वास्तविक नाम विष्णुगुप्त था। कौटिल्य ने अपनी समस्त शिक्षा-दीक्षा तक्षशीला में प्राप्त की है। शारीरिक रूप से अनाकर्षण एक बालक तक्षशीला में अध्ययन हेतु प्रमुख आचार्य के सामने साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुआ, तब आचार्य ने पूछा -'बालक तुम कौन हो ?' साधारण से दिखने वाले उस बालक ने जवाब दिया -'गुरूवर मैं भी यही जानने को उत्सुक हूँ कि मैं कौन हूँ' नन्हें बालक के मुख से ऐसा दार्शनिक जवाब सुनकर आचार्य भी दंग रह गए। उन्होंने तत्काल उस बालक को तक्षशीला में प्रवेश दे दिया। शास्त्र एवं शस्त्र के ज्ञाता कौटिल्य ने तक्षशीला विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य भी किया। कौटिल्य को क्रोधी एवं दृढ़ स्वभाव का व्यक्तित्व माना जाता है।

ऐसा माना जाता है कि कौटिल्य का मगध में आगमन महापद्मनन्द के शासन काल में हुआ। जहाँ उन्होंने नन्दवंश का सम्पूर्ण नाश करने की शपथ ली थी और चन्द्रगुप्त मौर्य को इसके लिए तैयार किया। कौटिल्य के सफल निर्देशन में मौर्य साम्राज्य की स्थापना हुयी। कौटिल्य चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रधान मंत्री बने। कौटिल्य ने भाग्य में नहीं वरन् कर्म में विश्वास प्रकट करने हुए कहा है -'मूर्ख लोग भाग्य पर विश्वास करते है।'

कौटिल्य को 'अर्थशास्त्र' तथा 'चाणक्य नीति' प्रणेता के रूप में पहचाना जाता है। कौटिल्य भी प्रमुख ग्रन्थ इस प्रकार है-

(1) अर्थशास्त्र **(2) लघु चाणक्य**
(3) वृद्ध चाणक्य **(4) चाणक्य नीति शास्त्र**
(5) चाणक्य सूत्र।

कौटिल्य का अर्थशास्त्र : एक परिचय – कौटिल्य की इस महान कृति की रचना लगभग 2300 वर्ष पूर्व ही हो चुकी थी, किन्तु अध्येयताओं के सामने यह ग्रन्थ 1904 में ही आ सका। राजनीति विज्ञान या राजनीति विषय पर प्रथम बार कौटिल्य ने ही 'अर्थशास्त्र' की रचना की। प्राचीन काल में अर्थ शब्द में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को सम्मिलित किया जाता था। कौटिल्य की दृष्टि में जीवन का उद्देश्य धर्म, अर्थ तथा काम है। यथार्थवादी होने के कारण कौटिल्य ने मोक्ष की चर्चा नहीं की है। 'अर्थशास्त्र' में नामकरण करने के बारे में कौटिल्य कहते हैं -

'मनुष्यों की जीविका को अर्थ कहते है, मनुष्यों से युक्त भूमि को भी अर्थ कहते हैं। इस प्रकार भूमि को प्राप्त करने और उसकी रक्षा करने वाले उपायों का निरूपण करने वाला शास्त्र 'अर्थशास्त्र' कहलाता है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में 15 अधिकरण, 180 प्रकरण, 150 अध्याय तथा 6000 श्लोक वणित हैं, जिसमें राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, नीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, सैन्य शिक्षा, रसायन शास्त्र, अभियांन्त्रिकी तथा प्रशासनिक विषय सहित सभी शासन कला से सम्बन्धित महत्वपूर्ण पक्ष 'अर्थशास्त्र' में समाहित है।

अर्थशास्त्र के अधिकरण

पहला अधिकरण : राजवृति निरूपण, इस अधिकरण में राजा के जीवन और व्यवहार का सामान्य वर्णन किया गया है।

दूसरा अधिकरण : अध्यक्षों का निरूपण, इस अधिकरण में विभिन्न प्रशासनिक अध्यक्षों के विभागों और उनके कर्त्ताव्यों का वर्णन किया गया है।

तीसरा अधिकरण – न्याय का निरूपण, इसके अन्तर्गत धर्मशास्त्र के अनुसार मुकदमों की सुनवाई और निर्णय आदि न्यायिक विषयों का वर्णन है।

चौथा अधिकरण – कण्टक शोधन, इसमें समाज के मार्ग में बाधा उत्पन्न करने वालों के लिए दण्ड विधान की व्यवस्था है।

पांचवा अधिकरण –योगवृत निरूपण, इसके अन्तर्गत राज्य कर्मचारियों के कर्त्ताव्यों का उल्लेख और अराजभक्तों को दण्ड देने के नियम का विवेचन

किया है।

छठा अध्याय – प्रकृतियों का निरूपण, इस अधिकरण में मण्डलयोनि में शत्रु राष्ट्रों को वश में करने के उपाय बताये गए हैं।

सातवां अधिकरण – छह (6), गुणों का निरूपन इस अधिकरण में षाड्गुण्य नीति के द्वारा शत्रु राष्ट्रों को बश में करने के उपाय बताये गए हैं।

आठवां अधिकरण – व्यसनों का निरूपण, इसमें राज्य की विपत्तियों के मूल कारण तथा उन्हें दूर करने के उपाय बतलाए गए हैं।

नवाँ अधिकरण – आक्रमण का निरूपण, इसके अन्तर्गत विषय के लिए आक्रमण से पूर्व विचारणीय विषयों पर विचार किया गया है।

दसवां अधिकरण – संग्राम का निरूपण, इसमें विजय के लिए युद्ध सम्बन्धी नियम बताए गए हैं।

ग्यारवां अधिकरण – कूटनीति का निरूपण, इसमें संघ राज्यों में फूट डालने की विधियों का वर्णन है।

बरहवाँ अधिकरण – राज्य रक्षा का निरूपण, इसमें निर्बल राजाओं द्वारा प्रबल राजाओं के प्रतिकार के उपाय बताये गए हैं।

तेरहवाँ अधिकरण – दुर्ग प्राप्ति का निरूपण, इसके अन्तर्गत शत्रु के दुर्गों पर विजय करने के उपायों का विवेचन किया गया है।

चौदहवाँ अधिकरण – औपनिषिदिक अधिकरण, इस अधिकरण में शत्रु पर विष तथा जादू–टोना आदि की प्रयोग विधि पर प्रकाश डाला गया है।

पन्द्रहवाँ अधिकरण – तंत्रयुक्ति का निरूपण, इसमें अर्थशास्त्र भी सामान्य विवेचना की गई है। जैसे तंत्र युक्तियां।

कौटिल्य का योगदान

1. कल्याणकारी राज्य की स्थापना

'प्रजा सुखे सुखं राज्ञ: प्रजानां च हिते हितम्।
नात्म प्रियं हितं राज्ञ: प्रजानां तु प्रिय हितम्।।'

यह श्लोक भारत के संसद भवन पर उत्कीर्ण है। अर्थात् प्रजा के सुख में ही राजा का सुख है प्रजा के हित में ही उसका हित है, जो कुछ राजा को प्रिय हो उसे हित न समझे बल्कि जो प्रजा को प्रिय हो, वह उसे ही अपना हित समझे।

कौटिल्य कहते है कि राजा को इस प्रकार का ढुर कर वसूलना चाहिए जैसे सूर्य, समुद्र से वाष्प के रूप में जल ग्रहण करता है और उसे वर्षा के रूप में समुद्र को वापिस लौटा देता है।

2. राज्य का सप्तांग सिद्धान्त

1. स्वामी या राजा – कौटिल्य 'स्वामी' या 'राजा' को सम्प्रभु माना है जो प्रजा के सामान्य हितों का अभिभावक, धर्म का प्रवर्तक तथा कानून का प्रबन्धक होता है।

2. 'अमात्य' – कौटिल्य ने मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी को 'अमात्य' की पदवी दी है जिसे राज्य की सुरक्षा, सेना की व्यवस्था, आय–व्यय का हिसाब, वैदेशिक सम्बन्ध आदि दायित्व दिए।

3. 'जनपद' – अर्थात् जनता एवं भूमि कौटिल्य का मानना है कि मानव रहित प्रदेश जनपद नहीं कहला सकता तथा 'जनपद' रहित भूमि राज्य नहीं कहला सकती। अत: राज्य के लिए 'जनपद' महत्वपूर्ण होता है। मतलब जनता। कौटिल्य ने जनपद को चार भागों में विभक्त किया है –

जनपद स्थानीय (800 गांवों पर)
द्रोणमुख (400 गांवों पर)
खार्वटिक (200 गांवों पर)
संग्रहण (10 गांवों पर)

4. दुर्ग – कौटिल्य ने राज्य की प्रतिरक्षा के रूप में दुर्ग को कोष तथा सेना का रक्षक माना है। दुर्ग ही वह स्थान है जहाँ विपत्ति समय राजा शरण ले सकता है।

5. 'कोष' – राजा को अपना कोष (खजाना) हमेशा भरा हुआ रखना चाहिए। क्योंकि धन के बिना भूमि, सेना, प्रजा तथा शासन की रक्षा नहीं हो सकती कोष से सेना एवं दुर्ग की रक्षा होती है किन्तु राजा को प्रजा को कष्ट देकर धन एकत्र नहीं करना चाहिए।

6. 'दण्ड या सेना' – कौटिल्य ने दण्ड या सेना को राज्य की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण माना है। उनका सुझाव है कि सेना राष्ट्र प्रेमी, स्वाभिमानी, वीर, प्रशिक्षित होनी चाहिए। राजा को सैनिकों का पर्याप्त वेतन देना चाहिए ताकि उनका मनोबल बना रहे।

7. 'मित्र' – राजा को संकट के समय सहायता पाने हेतु मित्रों की आवश्यकता पड़ती है। अत: वंश परम्परागत, विश्वासी, स्थायी तथा हितैषी मित्र बनाने चाहिए।

3. मण्डल सिद्धान्त – राज्यों का वृत– विजीशीषु यह सिद्धान्त इस मान्यता पर आधारित है कि किसी राज्य का पड़ौसी राज्य प्रथम शत्रु होता है तथा शत्रु का शत्रु अपना मित्र होता है। मण्डल का अर्थ 'राज्यों का वृत' होता है। विजिगीषु का अर्थ विश्व विजेता से है।

4. समसामयिक विदेश नीति – षाड्गुण्य नीति (छ: गुण)

कौटिल्य ने विदेश नीति को छ: गुणों पर आधारित बताया –

1. सन्धि 2. विग्रह 3. यान (आक्रमण)
4. आसन (समय की प्रतिक्षा करना) 5. संश्रय (शरण लेना)
6. द्वैधीभाव (एक राजा से संधि तथा दूसरे से युद्ध करना)। जब शत्रु पर विजय पाना संभव न हो तो सन्धि कर लेनी चाहिए।

5. कुशल प्रशासनिक व्यवस्था – 17 तीर्थ (विभाग)

कौटिल्य ने राजा को प्रशासन का केन्द्र बिन्दु मानते हुए प्रशासनिक व्यवस्था में राजा के अतिरिक्त 17 तीर्थ (विभाग) वर्णित किए हैं – जैसे – मंत्री, पुरोहित, सेनापति, युवराज, समाहर्ता (राजस्व अधिकारी), सन्निधाता (कोषाध्यक्ष) दण्डनायक, उद्योगमंत्री, नायक (रक्षा मंत्री), दण्डपाल, दुर्गपाल, अन्त:पाल आदि। कौटिल्य का कहना है कि जिस प्रकार अकेला पहिया गाड़ी नहीं चला सकता उसी प्रकार सरकार या राज्य भी एक व्यक्ति (राजा) से नहीं चलायी जा सकती। अत: राजा को योग्य मंत्रियों की नियुक्ति करनी चाहिए।

सुव्यवस्थित कार्मिक प्रशासन – कौटिल्य ने 3 प्रकार के सरकारी कार्मिकों का वर्णन किया है– 1. **उपयुक्त 2. युक्त 3. तत्पुरूष**

1. उपयुक्त – विभागाध्यक्ष होता है।
2. युक्त – मध्य स्तरीय प्रबन्धक/क्रियान्वयन कर्त्ता ।
3. तत्पुरूष – सेवक वर्ग या अनुचर।

मंत्री उपयुक्त श्रेणी, अध्यक्ष युक्त श्रेणी में आते है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में विस्तृत रूप से भर्ती प्रणाली, साक्षात्कार, वेतन प्रशासन, पदोन्नति, भ्रष्टाचार आदि का उल्लेख किया है।

7. न्याय एवं दण्ड प्रणाली – कौटिल्य ने न्याय को 'राज्य का हृदय' मानते हुए कानून को 2 स्वरूपों में विभक्त किया है–

1. धर्मस्थ (Civilaw) 2. कण्टक शोधन (Criminal Law)

कौटिल्य ने – जनपद/गांव स्तर पर – संधि

10 गांवों पर – संग्रहण
400 गाँवों पर – द्रोण मुख
800 गाँवों पर – माध्य
समूचे/समस्त जनपद पर – सर्वोच्य न्यायालय

कौटिल्य ने पुरोहित, राजनीतिज्ञ तथा ब्राह्मण मंत्री को ही न्यायाधीश बताया है। कानून में 4 स्रोत है (1) धर्म (2) व्यवहार (3) प्रथा (4) न्याय। दण्ड प्रजा का शासन करता है, दण्ड ही रक्षा करता है तथा जब सब सो रहे होते हैं तब दण्ड ही जागता है।

8. उपभोक्ता संरक्षण एवं परिवेदना निवारण – जन साधारण की शिकायतों के निवारण हेतु कौटिल्य ने राजा को निर्दिष्ट किया है। राजा को भ्रष्टाचारियों से प्रजा की रक्षा करनी चाहिए।

9. जनसाधारण हेतु लोकोपयोगी शिक्षा – कौटिल्य ने 'चाणक्य नीति' में जनसाधारण हेतु अनेक लोकोपयोगी शिक्षाओं का व्यापक वर्णन किया है जो व्यवहार में मानव प्रकृति को समझने में निर्णायक है। चाणक्य नीति की प्रमुख नैतिक शिक्षाऐं इस प्रकार है –

कौटिल्य की प्रसिद्ध नैतिक शिक्षाऐं :

1. सीधे मनुष्य को दुनिया जीने नहीं देती जैसे सीधा खड़ा वृक्ष सबसे पहले कटता है।
2. स्पष्टवादी व्यक्ति सही होता है।
3. दुष्ट की दुष्टता कभी कम नहीं होती जैसे सर्प को कितना ही दूध पिलाओं वह जहर ही उगलेगा। नीम की जड़ों में कितना ही शहद डालों वह कड़वा ही रहेगा।
4. बुढ़ापे में पत्नी का मर जाना, भाईयों के हाथों में सम्पत्ति जाना तथा पराधीन स्थिति में भोजन करना दुर्भाग्य भी स्थितियाँ है।
5. निम्न स्तरीय व्यक्ति धन की, मध्य स्तरीय धन तथा प्रतिष्ठा की उच्च स्तरीय केवल सम्मान की चाह रखते है।
6. अतिशय रूप के कारण सीता का हरण हुआ, अति दंभ के कारण रावण मारा गया तथा अतिदानी के कारण राजा बलि का वध हुआ अर्थात् अति सर्वत्र वर्जते।
7. सुख चाहो तो विद्या छोड़ दो, विद्या चाहों तो सुख छोड़ दो। इन दोनों का परस्पर मेल नहीं है।
8. पुत्र एवं शिष्य के साथ कठोर व्यवहार करना चाहिए क्योकि दुलार से बिगड़ते है।
9. सज्जन की दुर्जन से कभी मित्रता नहीं हो सकती।
10. साँप को हमेशा फुफकारते रहना चाहिए। चाहें उसमें विष न हो, नहीं तो व्यक्ति डरना छोड़ देगें।
11. कुल की रक्षा हेतु एक को, गाँव की रक्षा हेतु कुल को, देश की रक्षा हेतु गाँव को तथा आत्म सम्मान की रक्षा हेतु स्वयं को संसार का त्याग कर देना चाहिए।
12. मनुष्य में दूसरे के प्रहार से बचने के लिए थोड़ा कुटिल होना चाहिए।
13. संतुलन दिमाग जैसी कोई मितव्ययिता नहीं संतोष जैसी कोई खुशी नहीं, लालच जैसा कोई रोग नहीं और करूणा जैसा कोई गुण नहीं।
14. सोने की परख धीसकर तपाकर भी जाती है। व्यक्ति की परख उसके त्याग, चरित्र व्यवहार से भी जाती है।
15. धन से ही धर्म की रक्षा भी जा सकती है।

21वीं सदी में कौटिल्य की प्रासंगिकता

प्राचीन भारतीय प्रशासनिक, राजनीतिक, आर्थिक चिन्तक एवं कूटनीतिज्ञ आचार्य कौटिल्य के विचार आज से लगभग 2500 वर्ष पूर्व की तत्कालिक परिस्थितियों में वर्णित किए गए थे। किन्तु कौटिल्य के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक प्रतीत होते है जितने कि उस काल में थे। कौटिल्य का चिन्तन सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक सिद्ध होता रहा है। 21वीं सदी में कौटिल्य के विचारों की प्रासंगिकता को निम्न रूपों में देखा जा सकता है–

1. **राज्य की सुरक्षा –** कौटिल्य की मुख्य चिन्ता राज्य की सुरक्षा को लेकर रही है। वर्तमान समय में भी सैनिक प्रशासन और लोक प्रशासन को पृथक तंत्र बनाया गया है, किन्तु सैन्य प्रशासन की नीतियाँ योजनाऐं कार्यपालिका ही बनाती है। सीमाओं की सुरक्षा तथा राष्ट्र की रक्षा के क्रम में कौटिल्य द्वारा दिए गए उपायों सुझावों को लगभग सभी देश व्यवहार में अपना रहे हैं। जैसे युद्ध में सम्बन्ध में कौटिल्य द्वारा प्रस्तुत व्यूह रचना तथा कूटनीति न केवल प्रासंगिक है वरन् अनुसंधान का विषय भी बनी हुयी है।
2. **राज्य का सप्तांग सिद्धान्त –** कौटिल्य द्वारा बताया गया राज्य का सप्तांग सिद्धान्त परिष्कृत रूप में शासन के अंगों–व्यवस्थापितका, कार्यपालिका, न्यायपालिका तथा राजकीय मंत्रालयों या विभागों के रूप में आज हमारे सामने उपस्थित है। कौटिल्य द्वारा वर्णित राज्य के सात अंग (सप्तांग) –स्वामी, अमात्म, दुर्ग, कोष, दण्ड तथा मित्र किसी न किसी रूप में सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र का ही प्रतिनिधित्व करते है।
3. **प्रशासन के तत्व –** गणराज्यों की स्थापना, जनपदों की स्वतंत्रता, प्रशासन का विकेन्द्रीकरण, प्रत्यायोजन नियोजन, निर्णयन, पर्यवेक्षण, नियंत्रण प्रणाली, प्रबन्ध सूचना व्यवस्था, सत्ता एवं जवाबदेयता तथा समन्वय के सन्दर्भ में कौटिल्य द्वारा प्रस्तुत विचार आज भी लोकप्रशासन के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों के रूप में प्रचलित है। दण्ड सम्बन्धी कौटिल्य के विचार आतंकवाद के दौर में अधिक प्रासंगिक है।
4. **वैदेशिक नीति–** कौटिल्य के मण्डल सिद्धान्त के सन्दर्भ में सीमावर्ती राज्यों से मित्रता या शत्रुता के सम्बन्ध में तथा वैदेशिक मामलों में कूटनीति तैयार करने के कौटिल्य द्वारा बताये नियम आज भी प्रासंगिक है।
5. **कार्मिक प्रशासन –** कौटिल्य ने योग्यता आधारित भर्ती व्यवस्था, पद वर्गीकरण, कार्य–विभाजन, पदोन्नति, आचार संहिता, वेतन प्रणाली, भ्रष्टाचार के बारे में जो विचार व्यक्त किए वो सभी शासन व्यवस्थाऐं अपना रही है। भ्रष्टाचार को अपरिहार्य बुराई मानने वाले कौटिल्य ने इसके नियंत्रण हेतु अनेक व्यावहारिक सुझाव दिए थे जिसे कई जगह अपनाया गया है। जैसे भ्रष्टाचारियों का मुँह काला करना, गधे पर घुमाना, सामाजिक, बहिष्कार आदि।
6. **अर्थ को प्रधानता –** कौटिल्य मिश्रित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। धन (अर्थ) तथा काम में अर्थ को प्राथमिकता देने वाले कौटिल्य का चिन्तन आज भी व्यावहारिक है।
7. **तीर्थों के रूप में सरकारी विभाग–** कौटिल्य द्वारा तीर्थों के रूप में सरकारी विभागों का वर्गीकरण, अधिकारियों के कार्यों का विभाजन, आज की शासन–प्रशासन के सन्दर्भ में यथार्थपरक दिखायी देता है। भारत में संविधान में वर्णित 'अवशिष्ट सूची' भी कौटिल्य के अध्याय 'प्रकीर्णक' का ही पर्याय है।
8. **चाणक्य नीति या नैतिक शिक्षाऐं –** कौटिल्य द्वारा बतायी गयी नैतिक शिक्षाऐं आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी मौर्यकाल में थी। कौटिल्य के जासूसी सम्बन्धी विचारों को आज भी हमारा 'इण्टेलीजेन्स–

ब्यूरो' अपना रहा है।

9. **प्राकृतिक आपदानिवारण उपाय –** सामुदायिक स्तर पर प्राकृतिक आपदा का सामना करने के जिन सिद्धान्तों तथा उपयों का निरूपण प्रथम बार कौटिल्य ने किया था वो सब संयुक्त राष्ट्र प्रचार सामग्री में यथावत् वर्णित है।

निष्कर्ष – 'चाणक्य' की अपार लोकप्रिता यह सिद्ध करती है कि चाणक्य आज में हम भारतीयों के बीच रोम–रोम में बसे हुए है। चाहे वह कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र' हो, चाणक्य नीति हो या हमारा राष्ट्रीय प्रतीक 'तीन शेरों की आकृति' तथा राष्ट्रीय ध्वज का चक्र हो, आज का भारत मौर्यकालीन साम्राज्य की परम्पराओं तथा ज्ञान का ऋणी है। सारनाथ का स्तम्भ उस पर अंकित राष्ट्रीय चिन्ह कौटिल्य की ही कल्पना का परिणाम है। **कौटिल्य कहते है – 'शिक्षक कभी साधारण नहीं होता है। निर्माण तथा प्रलय उसकी गोद में पलते है।'**

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. सुरेन्द कटारिया, प्रशासनिक चिन्तक, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, जयपुर, 2014
2. देवकान्ता शर्मा, कौटिल्य के प्रशासनिक विचार, प्रिन्टवैल जयपुर, 1998
3. आर.पी.कांग्ले, द कौटिल्य अर्थशास्त्र, मोती लाल बनारसी दास, नयी दिल्ली, 1972

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

छायावाद और जयशंकर प्रसाद एक परिचय

डॉ. मंशाराम बघेल *

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) शासकीय महाविद्यालय, पाटी, जिला– बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – छायावाद आधुनिक हिंदी काव्य की एक प्रमुख प्रवृत्ति है इसका स्वरूप निर्धारण करते समय हमने उन तत्वों की ओर निर्देशित किया है जो छायावादी कविता के साहित्यिक रूप को उद्घाटित करते हैं जिन कवियों की रचनाओं में छायावादी काव्य तत्व प्रमुख रूप से पाए जाते हैं उनको आप हिंदी साहित्य में वरिष्ठ आलोचकों ने प्रस्थान चतुष्टय जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सुमित्रानंदन पंत और महादेवी वर्मा में परिणित किया है। इनके अतिरिक्त कुछ कवियों की रचनाओं में छायावाद का प्रभाव दिखाई पड़ता है। माखनलाल चतुर्वेदी, रामकुमार वर्मा, भगवती चरण वर्मा एवं उदय शंकर भट्ट आदि, गीतकाव्य के बाद छायावाद में भी महाकाव्य का निर्माण हुआ। तुलसीदास जैसे 'स्वांतरू' को लेकर लोकसंग्रह के पथ पर अग्रसर हुए थे वैसे ही छायावाद के कवि भी 'स्वात्म' को लेकर एकांत के स्वगत जगत् से सार्वजनिक जगत् में अग्रसर हुए। प्रसाद की 'कामायनी' और पंत का 'लोकायतन' इसका प्रमाण है। 'कामायनी' सिंधु में विंदु (एकांत अंतर्जगत) की ओर है, 'लोकायतन' विंदु में सिंधु (सार्वजनिक जगत) की और आधुनिक हिंदी काव्य में छायावाद को 'साहित्यिक खड़ी बोली का स्वर्ण युग' कहा जा सकता है। यह युग साहित्य के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ है। इसमें कला पक्ष और भाव पक्ष दोनों दृष्टि से उत्कर्ष का चरम दिखाई देता है। इतिहासकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार छायावाद का समय अधिक तर्कसंगत है सन् 1918 से 1936 तक के काव्य को छायावाद कहा जाता है।

सर्वप्रथम छायावाद शब्द का प्रयोग मुकुटधर पाण्डेय ने किया था। मुकुटधर पाण्डेय ने 1920 ईस्वी में जबलपुर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'श्री शारदा' में 'हिंदी में छायावाद' शीर्षक से चार निबंधों की एक लेख माला प्रकाशित हुई थी। मुकुटधर पांडे को लिखित रूप से 'छायावाद' शब्द का प्रथम प्रयोगकर्ता स्वीकार किया जाता है। सन 1920 ईस्वी में सुशील कुमार ने सरस्वती पत्रिका में हिंदी में छायावाद शीर्षक से एक संवाद आत्मपरक लेख प्रकाशित करवाया इस संवाद में चार लोगों ने भाग लिया है। 1. सुशीला देवी 2. हरि किशोर बाबू 3. चित्रकार राम नरेश जोशी तथा 4. सुमित्रानंदन पंत। छायावाद के चार आधार स्तंभ है जिसमे प्रमुख कवि जयशंकर प्रसाद(ब्रह्मा), सुमित्रा नंदन पंत (विष्णु) और सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (महेश) महादेवी वर्मा तीनों पुरुष रचनाकारों को ब्रह्मा विष्णु महेश के नाम से जाना जाता है तथा महादेवी वर्मा को सरस्वती जी कहा जाना उचित होगा। आपको बता दे कि छायावाद के अर्थ को लेकर विद्वानों में कई मतभेद है। यहाँ हम कुछ विद्वानों के नाम दे रहे है, जिन्होंने छायावाद को अलग–अलग तरीकों से परिभाषित किया है।

1. डॉ. रामकुमार वर्मा के अनुसार, 'जब परमात्मा की छाया आत्मा में पड़ने लगती है और आत्मा की छाया परमात्मा में तो यही छायावाद है।' ये भी छायावाद को रहस्यवाद से जोड़ते हैं। –
2. डॉ. नगेंद्र के अनुसार, 'थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह ही छायावाद है।'
3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार, 'छायावाद का संबंध रहस्यवाद और विशेष काव्य शैली से हैं।'
4. नामवर सिंह ने छायावाद में लिखा है कि– 'छायावाद शब्द का अर्थ चाहे जो हो, परंतु व्यावहारिक दृष्टि से यह प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी की उन समस्त कविताओं का द्योतक है, जो 1918 से 1936 ई. के बीच लिखी गईं।' वे आगे लिखते हैं– 'छायावाद उस राष्ट्रीय जागरण की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है जो एक ओर पुरानी रूढियों से मुक्ति चाहता था और दूसरी ओर विदेशी पराधीनता से।'

छायावादी कविता की विशेषताएं:

- राष्ट्रीय सांस्कृतिक चेतना की प्रबल अभिव्यक्ति।
- व्यक्तिकता की प्रधानता।
- लाक्षणिकता एवं प्रतीकात्मकता।
- प्रकृति प्रेम का काव्य।
- खड़ी बोली हिंदी की खड़खड़ाहट को दूर करते हुए रागात्मकता को स्थापित किया गया।
- महान बिम्बों की सृष्टि।
- व्यक्तिकता व अनुभूतिप्रवणता। प्रकृति एवं भाव सौन्दर्य का उदात्ता चित्रण।
- कल्पना की रमणीयता।
- रागात्मकता।
- विश्वबन्धुत्व एवं मानवतावाद का काव्य। सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अभिव्यक्ति
- रहस्यवाद की अभिव्यक्ति।
- छायावाद में रहस्यवाद इसी जीवन जगत मुक्ति की तलाश करता है।

हम यहां जयशंकर प्रसाद का परिचय देंगे

'इस पद का उद्देश्य नहीं है, शांत भवन में टिक रहना,
किंतु पहुंचना उस सीमा पर जिसके आगे राह नहीं।' –प्रेम पथिक

जिसके आगे राह नहीं हो, ऐसी मंजिल की तलाश में निकले हिंदी के एक महान रचनाकार जी ने संपूर्ण हिंदी जगत में छायावाद के प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है, वह छायावाद के चार प्रमुख स्तंभों में से एक जयशंकर प्रसाद यह हिंदी के एक ऐसे रचनाकार है जिन्होंने न केवल कविता बल्कि नाटक निबंध उपन्यास और कहानी आदि गद्य विधाओं में भी अधिक लेखन किया है। जयशंकर प्रसाद का जन्म 1889 ईस्वी और मृत्यु 1937 ईस्वी में हुई। इनके बचपन का नाम 'झारखंडी' है। यह छायावाद के आधार स्तंभ माने जाते हैं। प्रसाद छायावाद के ब्रह्मा कहलाते हैं। ये ब्रज भाषा में 'कलाधार' के उपनाम से रचनाएं लिखते थे। ये छायावाद के 'सुमेरु और कालिदास' है। ये प्रेम प्रकृति एवं सौंदर्य के कवि कहलाते हैं। 'सुंघनी साह' के नाम से जाने जाते हैं।

प्रसाद बहुमूल्य प्रतिभा के धानी हैं। ये कवि होने के साथ-साथ नाटककार, कहानीकार, उपन्यासकार एवं निबंधकार भी रहे हैं। जयशंकर प्रसाद सर्वमान्य मत के अनुसार छायावाद के प्रवर्तक माने जाते हैं। ये छायावाद में अपनी दार्शनिक चेतना, इतिहास बोध एवं सांस्कृतिक चेतना के लिए प्रसिद्ध है। झरना (1918) ईस्वी से छायावाद का प्रवर्तन होता है। प्रसाद की पहली कविता 'सावन पंचक' मानी जाती है। रामस्वरूप चतुर्वेदी के अनुसार प्रसाद की पहली छायावादी कविता 'प्रथम प्रभात' है। शुक्ल जी ने प्रसाद को 'मधुचर्या का कवि' तथा अज्ञेय ने प्रसाद को 'विश्वविद्यालयों का कवि' कहा है।

जयशंकर प्रसाद की प्रमुख रचनाएं इस प्रकार हैं।

ब्रज भाषा में लिखी गई रचनाएं रचनाएं– उर्वशी - चंपू काव्य (1909), वन मिलन (1909),प्रेम राज्य (1909), अयोध्या का उद्धार (1910), शोकोच्छवास (1910), वभ्रुवाहन (1911)

खड़ी बोली में लिखी गई रचनाएं–कानन कुसुम - (1912), करुणालय -(1913), महाराणा का महत्व (1914), प्रेम पथिक (1914)

छायावादी रचनाएं– झरना -(1918), आंसू - (1925), लहर - (1933), कामायनी -(1935)

झरना (1918):- हिन्दी साहित्य में जयशंकर प्रसाद की इस रचना को छायावाद की प्रयोगशाला कहा गया है। और इसी रचना से छायावाद का आरंभ माना जाता है इसका प्रकाशन 1918 ई में हुआ है इस पहले संस्करण में 24 कविताएं थी और 9 वर्ष बाद 1927 में प्रसाद जी ने इसमें 33 कविताएं और जोड़ दी झरना की कविताएं सौंदर्य और प्रेम को अभिव्यक्ति प्रदान करती है, यहां इसकी प्रेमानुभूति का विविध रूपों में वर्णन प्रस्तुत किया गया है। 'झरना' की कविताएं प्रसाद जी के प्रेम, विरह व सौंदर्य को देखने व विशेष रूप से वर्णित करने के पक्ष को उजागर करती है। कवि यहां प्रेम के आनंद क्षण को जीना चाहता है, पर भविष्य को लेकर भी उनके मन में कई प्रश्न आते रहते हैं। वह प्रेम में निवेदन करता हुआ कहता है कि -

'जिसे चाहा तू उसे न कर, आंखों से कुछ भी दूर
मिला रहे मन मन से,छाती छाती से भरपूर'

इस संग्रह की कई रचनाएं प्रकृति के साथ मानवीय संबंधों को व्याख्या करती है ऐसी का कविताओं में हम

'तू आता है फिर जाता है
जीवन में पुलकित प्रणय सदृश
यौवन की पहली कांति अकृश
जैसी हो, वह तू पता है
हे बसंत क्यों तू आता है ?'

प्रस्तावना – शांखायन ब्राह्मण के षष्ठ अध्याय में ब्रह्मत्व का वर्णन करते हुए कहा है कि प्रजा की कामना से प्रजापति ने तप किया। उनके तप से अग्नि, वायु, आदित्य, चंद्रमा और उषा यह पांच उनसे उत्पन्न हुए।[1] प्रजापति ने इन पांचों से कहा आप भी तप कीजिए उन्होंने प्रजापति से दीक्षा ग्रहण की और दीक्षित होकर तप करने लगे। तप करते समय प्रजापति की पुत्री उषा अप्सरा का रूप धारण करके उनके सम्मुख प्रकट हुई उषा के सौंदर्य को देखकर इनका मन उसमें लगा और उन्होंनें उसमें रेतस का सिञ्चन किया इसके पश्चात् वे अपने पिता प्रजापति के पास गए और कहा हमने इसमें (उषा में) रेतस का सिञ्चन किया है। अत: यह उषा यहां ना रहे तब प्रजापति ने हिरण्मय चमस् (चम्मच) जो बाण मात्र ऊँचा और मोटा था उसमें इसका सिञ्चन किया।[2] तब वह सहस्राक्ष, सहस्र पैर, सहस्र बाण से युक्त होकर उठे।[3] वह उत्पन्न होने के पश्चात् प्रजापति के पास आए और उनसे कहा मुझे नाम दीजिए बिना नाम रखें इस विहित अन्न को मैं नहीं खा सकता। तब प्रजापति ने कहां तुम भव हो क्योंकि जल भव है अत: भव उन्हें उनकी संतानों को उनके पशुओं को और जो अपने को भव का बताता है वह उसको कष्ट नहीं देते। जो उनसे द्वेष करता है वह पापी होता है और जो ऐसा जानता है वह पापी नहीं होता। इसका वृत्ता है आर्द्रवस्त्र धारण करें।[4] पुन: वह प्रजापति के पास आये और कहा आप मुझे दूसरा नाम दीजिए एक नाम से इस अन्न को मैं नहीं खा सकता। उन्होंने कहा तुम शर्व हो क्योंकि अग्नि शर्व है। अत: शर्व उसकी या उसकी संतानों की या उसके पशुओं की या जो कोई अपने को उनका मानता है उसकी क्षति नहीं करते। और जो उनसे द्वेष करता है वह पापी होता है और जो ऐसा जानता है वह नहीं इसका नियम है सभी (शर्व) नहीं खाना चाहिए।[5] तीसरी बार पुन: पिता के पास गए और कहा इन दोनों नामों से इस विहित अन्न को मैं नहीं खा सकता मेरा तीसरा नाम दीजिए उन्होंने कहा तुम पशुपति हो क्योंकि वायु पशुपति है। अत: इसे इसकी प्रजा को इसके पशुओं को या और कोई इसका अपने को बताता है पशुपति हिंसित नहीं करते। जो द्वेष करता है वह पापी और जो ऐसा जानता है वह नहीं इसका व्रत है ब्राह्मण की निंदा ना करें।[6] पुन: चौथी बार उनके पास गये और कहा मेरा चौथा नाम कीजिए इन तीन नामों में मैं इस अन्न का भक्षण नहीं कर सकता। प्रजापति ने कहा तुम उग्रदेव हो क्योंकि उग्रदेव औधियां और वनस्पतियां हैं। अत: इसको इसकी प्रजा को इसके पशुओं को या जो कोई अपने को इसका बताता है उग्रदेव उसको हिंसित नहीं करते। जो इससे द्वेष करता है वह पापी और जो ऐसा जानता है वह नहीं इसका व्रत है स्त्री के छिद्र विवर को नहीं देखना।[7] वह पांचवी बार प्रजापति के पास पहुंचा और कहां मेरा पांचवा नाम कीजिए इन चार नामों से इस विहित अन्न को नहीं खा सकता। उन्होंने कहा तुम महान् देव (महादेव) हो। क्योंकि महादेव आदित्य है। इसलिए इसको इसकी प्रजा को इसके पशुओं को या और कोई जो इसको अपना बताता है महादेव हिंसित नहीं करते। जो इससे द्वेष करता है वह पापी जो ऐसा जानता है वह नहीं आदित्य का व्रत है कि इसको (आदित्य को) उदित होते हुए और अस्त होते हुए नहीं देखना चाहिए।[8] पुन: छठी बार उनके पास गया और बोला कि इन पांच नामों से इस अन्न को में नहीं खा सकता मेरा छठा नाम कीजिए। प्रजापति ने कहा तुम रूद्र हो क्योंकि रूद्र चंद्रमा है।

अत: वह रूद्र चंद्रमा को इसकी प्रजा को इसके पशुओं को या जो कोई भी अपने को इसका बताता है रूद्र उसको हिंसित नहीं करते। जो इससे (केंद्र से) द्वेष रखता है वह पापी और जो ऐसा जानता है वह पापी नहीं। इसका नियम है जो भी विमूर्त है या मज्ज्ञान (संकीर्ण) है उसे ना खाये। पुन: सावतीं बार वह प्रजापति के पास गया और कहां कि इस अन्न को मैं इन छ: नामों से नहीं खा सकता आप मेरा सातवां नाम कीजिए। तब उन्होंने कहा तुम ईशान हो क्योंकि ईशान अन्न है। अत: उसे उसकी प्रजा को उसके पशुओं को या जो कोई उसका अपने को कहता है ईशान हिंसित नहीं करते जो इससे द्वेष करता है वह पापी होता है जो ऐसा जानता है वह नहीं। इसका ब्रत है अन्न की कामना करने वालों का प्रत्याख्यान ना करें। फिर से आठवीं बार उनके (प्रजापति के) पास गया और उनसे कहां मेरा आठवां नाम करिये सात नामों से इस अन्न को मैं नहीं खा सकता। उन्होंने कहा तुम अशनि हो क्योंकि इंद्र अशनि है। अत: इसे इसकी प्रजा को इसके पशुओं को या जो कोई अपने को इसका कहता है अशनि हिंसित नहीं करता। जो इससे द्वेष करता है वह पापी होता है जो ऐसा जानता है वह नहीं इसका नियम है सत्य बोले और स्वर्ग धारण करें। इस प्रकार यह महादेव अष्ट नामो वाले तथा आठ प्रकार से विभक्त हैं। जो ऐसा जानता है उसकी प्रजा आठ पीढ़ियों तक अन्न खाती है और इसकी प्रजा में सदैव तेजस्वी उत्पन्न होते हैं।[9]

प्रजापति ने तप किया उन्होंने तप करके प्राण (श्वास वायु) से इस भूलोक का विस्तार किया। अपान से अंतरिक्ष का और व्यान से द्युलोक का विस्तार किया।[10] फिर उन्होंने इन तीनों लोकों के ऊपर तप किया। भूलोक से अग्नि की सृष्टि की अंतरिक्ष लोक वायु की और द्युलोक से आदित्य की सृष्टि की।[11] फिर उन्होंने इन तीन ज्योतियों के ऊपर तप किया। उन्होंने अग्नि से ही ऋचाओं की सृष्टि की वायु से यजुष की और आदित्य से सामन् की सृष्टि की।[12] पुन: उन्होंने इस त्रयी विद्या के ऊपर तप किया। जिससे उन्होंने यज्ञ का विस्तार किया। उन्होंने ऋक् से (आशंसन) पाठ किया यजुष

से प्रारंभ किया सामन से गायन किया। इस त्रयीविद्या के तेजस का रस उन्होंने इन वेद के ही चिकित्सा (स्वास्थ्य भिषज्या) के लिए तैयार किया।[13] उन्होंने ऋचाओं का भू: यजुषों का भूव: और सामो का स्व: विकसित किया।[14] यज्ञ के दक्षिण दिशा में ब्रह्म थे जिससे यज्ञे दक्षिण दिशा में विस्तृत और उत्तार की और प्रणव हुआ। जिसका ब्रह्मा ऐसा विद्धान होता है उसका यज्ञ दक्षिण में विस्तृत उत्तार में ढलवा होता है।[15]

शाड्खायन ब्राह्मण के षष्ठ अध्याय के ग्यारहवें खण्ड में कहा है कि ऋक् से होता 'होता' होता है। यजुष से अध्वर्यु 'अध्वर्यु' होता है साम के उद्गता 'उद्गता' होता है। तो किससे ब्रह्मा, ब्रह्मा होता है।[16] तो वे कहते हैं कि जिसने इस त्रयी विद्या से तेजस के रस को वर्धित किया है उससे ब्रह्मा 'ब्रह्मा' होता है।[17] फिर वे कहते हैं क्या जानने वाले तथा किस छंद वाले को ब्रह्मा बनाएं। कुछ कहते हैं अध्वर्यु को क्योंकि वह परिक्रमा के स्थानों को जानता है कुछ कहते हैं छंदोण को क्योंकि उसके हविर्यज्ञ तीनों वेदों से संस्कृत होते हैं। तथापि नियम यह है कि ब्रह्मा ऋग्वेद हो[18] क्योंकि अन्य दो वेद इसके परिचरण (सहायक) है ब्रह्मा पर होता के कर्म बहुश: निर्भर हैं। ऋचाओं से ही पात्रों का ग्रहण होता है ऋचाओं पर ही साम का गायन होता है। अत: वह वच्च (ऋग्वेदी) ही ब्रह्मा हो। आगे पूछते हैं कि यज्ञ का कितना अंश ब्रह्मा संस्कृत करता है और अन्य ऋत्विक कितना। प्रजापति कहे 'आधा' यज्ञ के दो मार्ग (वर्तनी) है एक वाणी से संस्कृत किया जाता है दूसरा मन से संस्कृत किया जाता है। जो वाणी से किया जाता है उसे अन्य ऋत्विक संस्कृत करते हैं। और जो मन से किया जाता है उसे ब्रह्मा करता है।[19] अत: जब तक ऋक्, यजुष और सामन से वे करें तब तक ब्रह्मा चुप बैठै क्योंकि वह यज्ञ का आधार भाग करता है। जब अन्य ऋत्विक यज्ञ का आधा भाग पूर्ण करके उससे (ब्रह्मा) कहे हैं। ब्रहमना हम आगे करे हम प्रारंभ करे कि ब्रहमन् हम आगे बढ़ें, हम स्तुति करे तो वह उनसे केवल 'ओम' कहे। यह एक अक्षर त्रयी विद्या का प्रतिनिधि है।[20] अत: उसके द्वारा त्रयी विद्या से प्रेरणा दी गई है। ब्रह्मा में ही यज्ञ प्रतिष्ठित है।[21] यज्ञ में ही जो कुछ स्खलित (च्युत) या अधिक उल्वण (दोषयुक्त) उसे हो ब्रह्मा से कहे। क्योंकि वह उसकी त्रयी विद्या से चिकित्सा करता है।[22] यदि ऋचा में कुछ दोष युक्त हुआ है तो वह आज्य (घृत) को चार भागों में लेकर 'भू: स्वाहा' से गार्हपत्य अग्नि में प्रायश्चित आहुति दें। इससे वह ऋचा में ऋचा कों स्थापित करता है और ऋचा से ऋचा में प्रायश्चित करता है। और यदि यजुष में दोष हुआ है तो आज्य को चार भागों में लेकर हविर्यज्ञ की स्थिति में 'भुव: स्वाहा' से अन्वाहार्य वचन में आहुति हैं और सोम यज्ञ में आग्नीध अग्नि में आहुति दें। इससे वह यजुष को यजुष में स्थापित करता है और यजुष से यजुष में प्रायश्चित करता है। यदि साम में उल्वण हुआ तो चार आज्य भाग लेकर आह्वानीय में स्व: स्वाहा से प्रायश्चित आहूति का हवन करें। इस प्रकार वह साम में साम से प्रायश्चित करता है और साम को साम में स्थापित करता है।[23] और यदि कोई अज्ञात दोष हो तो चार भागों में आज्य लेकर 'भूर्भुव: स्व: स्वाहा' इससे आह्वनीय में ही प्रायश्चितहति का हवन करें। जो इस व्याहृतियों से प्रायश्चिति को करता है। वह अपूर्ण यज्ञ को पूर्ण करता है।[24] जो इन व्याहृतियां को जानता है वह निश्चय ही सब कुछ जानता है। जैसे काष्ठ का रस्सी या धर्मतंतु का आवेष्टन हो उसी प्रकार के व्याहृतियों त्रयी विद्या के लिए आवेष्ठन हैं।[25]

आगे बताते हैं कि जो ब्रह्मसदन से तृण को हटाता है तो इस प्रकार निश्चय ही इसे वह शुद्ध करता है। तन्दतर वह अर्वावसु के स्थान पर में अर्वावसु के सदस् (स्थान) पर बैठता हूं कहकर बैठता है।[26] अर्वावसु देवों के ब्रह्मा है। इस प्रकार वह उससे यह कहते हुए कि निर्विघ्न यज्ञ चले बैठता है। बैठकर वह जप करता है। बृहस्पति देवो के ब्रह्मा है।[27] इस प्रकार वह उनसे अनुमति लेना चाहता है। प्रणीता जलों के ले आते समय जब तक 'हविष्कृत' शब्द का जोर से उच्चारण नहीं होता वह वाणी का यमन करता है। यह यज्ञ का द्वार है अत: यह उसे शून्य (रिक्त) नहीं करता। वह (ब्रहमा के स्थान पर बैठने वाला) स्विष्टकृत् यज्ञ के कर लेने पर अनुयाजों के आरंभ तक मौन रहता है। यह यज्ञ का दूसरा द्वार है अत: वह इसे अशून्य नहीं करता है।[28] जब देवताओं ने यज्ञ किया तो उन्होंने ब्रहमी का मार्ग सविता के लिए रखा इससे उनके दोनों हाथ कट गए। इसके स्थान पर उन्हें दो स्वर्णमय हाथों को दिया। इसलिए वे हिरण्यपाणि रूप में प्रस्तुत हुए।[29] उन्होंने इसे भग के लिए रखा इसने उनकी दोनों आंखों को नष्ट कर दिया इसी से वे कहते है कि 'भग अंधे हैं।' फिर उसे पूषन् के लिए रखा। इसने उनके दांतों को उखाड़ दिया इसलिए कहते है कि पूषन दंतोहन तथा करम्भभाक् (तरल पदार्थ भौजी) है।[30] फिर उन देवो ने कहा कि इंद्र देवताओं में सबसे अधिक ओजस्वी तथा बलवान है इनके लिए इसे रखो। उन्होंने उनके लिए इसे लाया उन्होंने उसका ब्रह्मा से शमन किया। इसलिए उन्होंने कहा कि इंद्र ब्रह्म है।[31] वे उसे देखते हैं 'मित्र के नेत्रों से तुम्हें देखता हूं निश्चय ही वे इस प्रकार उसे मित्र के नेत्रों से शमित करते हैं।' वे इसे यह कहते हुए स्वीकार करते हैं कि सवितृ देव की प्रेरणा से अश्विनों की बाहुओं से पूषन के हाथों से मैं तुम्हें गृहण करता हूं।[32] निश्चय ही वे इन देवताओं से उसका शमन करते हैं। तदनन्तर तृणों को व्यूहन कर पृथ्वी के स्थण्डिल पर ब्रह्मा के अंश वाले पात्र को पूर्व की ओर दण्ड (सुवा) कर रखता है। और उसे रखते समय कहता है कि अदिति के उपस्थ में पृथिवी की नाभि में तुझे रखता हूं। पृथ्वी अन्न की शमनकर्त्री (प्रसाधनकर्त्री) है। इससे वह निश्चित रूप से उसे शमित (प्रसन्न) करता है।[33] उससे लेकर वह यह कहते हुए खाता है कि अग्नि के मुख से मैं तुम्हें खाता हूं 'अग्नि ही अन्नों के शमन कर्ता है।' इस प्रकार वह उसे प्रसन्न करता है। तदनन्तर वह जल का आचमन करता है कि 'आप शांति है जल शांति तथा भेषज है।'[34] इस प्रकार निश्चय ही यज्ञान्त में शांति तथा भेषज उत्पन्न किए जाते हैं। वह प्राणवायु का स्पर्श करता है इस प्रकार जो प्राणों में क्रूर कर्म में प्रयुक्त हुआ है या क्षतिग्रस्त है इस प्रकार निश्चय ही उसे वह तृप्त करता है और चिकित्सा करता है। अंत में वह नाभि को यह कहते हुए स्पर्श करता है कि मैं तुम्हें इंद्र के जठर में स्थापित करता हूं। इंद्र उसका इस प्रकार शमन करते हैं और जो सवितृ के सम्बन्धी जप से प्रेरित करता है वह इसलिए कि सविता प्रसवित (प्रेरक) है। और कर्म प्रेरणा के लिए होता है।[35] प्रजापति ने यज्ञ की सृष्टि की। उन्होंने अग्रयाधान से रेतस्, देवो मनुष्य और असुरों की सृष्टि की। दर्श और पौर्णमास हवि से इंद्र की सृष्टि की।[36] उनके लिए उन्होंने हविर्यज और सोमयज्ञ में अन्न-पान की सृष्टि की। उन्होंने जिन-जिन कामनाओं की वाञ्छा कि उन्हें इन अयनों से प्राप्त किया अन्नाद्य को आग्रयण से प्राप्त किया। ये अयन प्रत्येक कामना के प्रति तथा स्वर्गलोक को गमन है।[37]

चातुर्मास्य यज्ञों से उन्होंने स्वर्गलोकों सभी कामनाओं, सभी प्राप्तियां और सभी अमृत्व को प्राप्त किया। प्रजापति ही चातुर्मास्य यज्ञ हैं चौबीस पर्वों वाला वर्ष विश्वदेव इसके मुख दर्शपौर्णमास पर्व ग्रंथि, दिन-रात अस्थि मज्जा, वरूण प्रघास, बाहु प्राण, अपान, व्यान ये तीन इष्टिया महाहवि आत्मा जो यह अंतर्देवता है। वह अन्य इष्टियां और शुनासीरीयर प्रतिष्ठा है।[38] यह प्रजापति ही चतुर्मास्य चतुर्विंश संवत्सर है, प्रजापति ही सब कुछ है। चातुर्मास्य सभी कुछ हैं अत: जो इसे जानता है वह सभी कुछ प्राप्त करता हैं।

शाङ्खायन ब्राह्मण में सोमयज्ञ के प्रसंग में प्रजापति का विवेचन करते हुए कहा है– कि प्रजापति सप्तदश है जो प्रजापति के अनुकूल कार्य है वह ऋधकारी हैं।[39] कौषीतकि ने कहा है कि प्रजापति प्रात: अनुवाक् है। प्रजापति अपरिमित है उन्हें कोई नहीं माप सकता यही नियम है।[40] सोमयज्ञ के प्रसंग में अन्य स्थान पर वर्णन है कि षष्ठ दिन पुरूष है। प्रजापित पुरूष है क्योंकि वह इस सब (विश्व) से पूर्व है प्रजापित सभी छंदों से परे है। यह प्रजापति का रूप प्रतीक है।[41] अयम् जायत मनुष्य धेरीमणि ऋ (1.28.1) में किसी देवता के नाम का उल्लेख नहीं है प्रजापति ऐसे हैं जिनका नाम अनिरुक्त (उल्लेखरहित) है। ऋग्वेदीय सूक्तों में क: प्रजापति हैं यज्ञ में छठा दिन प्रजापति से सम्बन्धित है।[42] प्रजापति ने प्रजाओं की सृष्टि कर अपने को रिक्त सा अनुभव किया। उन्होंने सोचा मैं कैसे ऐसे यज्ञ से यजन करूं जिससे यजन कर मैं अपना अभीष्ट प्राप्त करूं और अन्नादय को प्राप्त करूं। उन्होंने एकादशिनी के दिन ग्यारह पशुओं के वर्ग को देखा और उसका आहरण करके उससे यजन किया। इससे यजन करके उन्होंनें अपनी कामनाओं को प्राप्त किया और अन्नादद्य को जीता इसी प्रकार यज्ञमान भी इस एकादशिनी के दिन यजन कर अपनी कामनाओं को तथा अन्नाद्य को प्राप्त करता है।[43]

निष्कर्षत: शाङ्खायन ब्राह्मण में ब्रह्म तत्व का विवेचन प्रजापति देव रूप में और ब्रह्म ऋत्विक रूप में उपलब्ध होता है। देव रूप में सृष्टि का सृजन कर्ता, यज्ञ का उत्पन्न कर्ता और सम्पूर्ण विश्व का पालन पोषण कर्ता बताया गया है। ऋत्विक के रूप में ब्रह्मा को जयी विद्या से तेजस् के रस को वर्धित करने वाला यजन में होने वाले ज्ञात अज्ञात दोष का निवारण करने वाला बताया है। इस प्रकार ब्रह्म को अपरिमित अनिरुक्त इत्यादि रूपों में व्यक्त किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रजापति:प्रजापतिकामस्तपोऽतप्यत्तास्मात् तप्तात्याञ्चाजायन्ताग्नि र्वयुरादित्यश्चन्द्रमा उषा: पञ्चमी।। – शाङ्खायन ब्राह्मण 6/1
2. प्रजापतिहिरण्मय चमसमकरोदिषुमात्रमूध्वमेवं तिर्यञ्चम्।।–तदैव
3. सहस्राक्ष: सहस्रपात्सहस्रेण प्रतिहिताभि:।।– तदैव
4. स प्रजापतिं पितरमभ्यायच्छतमब्रवीत्कथा माऽभ्यायायच्छसीति .....वेद तस्य व्रतमार्द्रमेव वास: परिदधीतेति।। शांखायन ब्राह्मण 6/2
5. शाङ्खायन ब्राह्मण 6/3
6. तं तृतीयमभ्यायच्छतमब्रवीत्कथा.....न परिवदेदिति।। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/4
7. शाङ्खायन ब्राह्मण।। 6/5
8. तं पञ्चमभ्यायच्छत्तामब्रवीत्कथा.....नेक्षेतास्तं यन्तं चेति। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/6
9. स एषोऽष्टनामाऽष्टधाविहितो महान्देव आह वा अस्याष्टमा–त्पुरूषाप्रजाऽञ्जमत्ति ।। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/9
10. प्रजापतिस्तपोऽतप्यत स तपस्तप्त्वा प्राणादेवेमं लोकं प्राब्रहद्पानादन्तरिक्षलोकं व्यानादमुं लोकम्।। शांखायन ब्राह्मण 6/10
11. सोऽग्निमेवास्माल्लोकादसृजत वायुमन्तरिक्षलोकादादित्यं दिव:। तदैव
12. स एतानि त्रीणि ज्योतीष्यभ्यतप्यत सोऽग्नेरेवर्चोऽसृजत वायोर्यजूष्यादित्यात्सामानि।।– तदैव
13. स ऋचैवाशंसद्यजुष: प्रातरात्साम्नोदगायदथैतस्या एव त्रय्यै विद्यायै तेजोरसं प्राबृहदेतेषामेव वेदानां भिषज्यायै।।– तदैव
14. स भूरित्यृचां प्राबृहद्भुव इति यजुषां स्वरिति साम्नां।।– तदैव
15. तेन दक्षिणतो ब्रहमऽऽतीतस्य दक्षिणतो वर्षीयानुदीचनप्रवणो यज्ञ: संतस्थे तस्य ह वै दक्षिणतो वर्षीयानुदीचीन प्रवणो यज्ञ: संतिष्ठते यस्यैव विद्वान्ब्रह्मा भवति ।।– शाङ्खायन ब्राह्मण 8/10
16. तदाहुर्यद्दचा होता होता भवित यजुषाऽध्वर्यु: साम्नोद्गातोद्गाता केन ब्रह्मा ब्रह्मा भवति।। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/11
17. त्रय्यै विद्यायै तेजोरसं प्राबृहत्तोन ब्रह्मा ब्रह्मा भवति।।– तदैव
18. बह्वृचमिति। तदैव
19 द्धे वै यज्ञस्य वर्तनी वाचाऽन्या संस्क्रियते मनसाऽन्या स या वाचा संस्क्रियते तामन्य ऋत्विज: संस्कुर्वन्त्यथ या मनसां तां ब्रह्मा।। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/11
20. अथ यत्रैन ब्रूयुर्ब्रह्मन्प्रणेष्यामो ब्रह्मन्प्र च तरिष्यामो ब्रह्मन्प्रस्थास्यामो ब्रह्मन्तोष्याम इत्योऽमित्येतावता प्रसूयादेतद्ध वा एकमक्षरं त्रयी विद्या प्रति। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/12
21. वै यज्ञ: प्रतिष्ठतो।।– तदैव
22. यद्धै यज्ञस्य स्खलितं वोल्वणम् भवति ब्रह्मण एवं तत्प्राहुस्तस्य त्रय्या विद्या भिषज्यत्यथ।। तदैव
23. यद्धयृच्युलवणं स्याच्चतुर्गृहीतमाज्यं.....साम्ना साम्नि प्रायश्चिति करोति।। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/12
24. यद्यविज्ञातमुल्वणं स्याच्चतुर्गृहीतमाज्यं गृहीत्वाऽऽहवनीय एवं प्रायश्चिताहुति जुहुयाद्भूर्भुव: स्व: स्वाहेत्येष ह वै यज्ञस्य व्यृद्धं समर्धयति।।– तदैव
25. य एताभिरव्याहृतिभि: प्रायश्चिति करोति.....विद्यायै संश्लेषण्य:। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/12
26. अथ यद् ब्रह्मसदनातृण निरस्यति शोधेत्वैनं तदयोपविशतीदमहमर्वावसो: सदसि सीदामीत्यर्वावसुर्ह।। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/13
27. वै देवानां ब्रह्मा– तदैव
28. ब्रहस्पतिर्ह वै देवानां ब्रह्मा.....यज्ञस्य द्वितीयं द्वारं तदेवैतद शून्य।।– शाङ्खायन ब्राह्मण 6/13
29. तद्देवा यज्ञमतन्वत तत्सवित्रे प्राशित्रं परिजहस्तस्य पाणी प्रतिच्छेद तस्मै हिरण्यमयौ प्रतिदधुस्तस्माद्धिरण्यपाणिरिति।।– तदैव
30. तस्मादाहरन्धो भग इति तत्पूष्ण... करम्भ भाग इति ते देवा उचु:। शाङ्खायन ब्राह्मण– 6/13
31. इन्द्रो वै देवानामोजिष्ठो बलिष्ठस्तस्मा एनत्परिहतेति तत्तास्मै परिजह्रस्तस्य ब्रह्मणा शमयाञ्चकार तस्मादाहेन्द्रो ब्रह्मेति। शाङ्खायन ब्राह्मण 6/14
32. देवस्य त्वा सवितु: प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यां प्रतिगृह्णामीत्येताभिरेवैनं तद्देवताभि: शमयति– तदैव
33. तद्व्युह्य तृणातिप्राग्दण्डं स्थण्डिले.... पृथिवी वा अन्नानां शमयित्री– तदैव
34. तदथापोऽन्वपाचामति शान्तिरसीति शन्तिर्वै भेषजमाप: शान्तिरेवैषा भेषजमन्ततो यज्ञे क्रियते– शाङ्खायन ब्राह्म 6/14
35. अथ प्राणान्समृशन्ति तद्यदेवात्र...प्रसविता कर्मण एव प्रसवाय– तदैव

36. प्रजापतिर्ह यज्ञं ससृजे सोऽग्न्याधेयेनैव रेतोऽसृजत देवान्मनुष्यानसुरानित्यग्निहोत्रेण दर्शपूर्णमासाभ्याभिन्द्रमसृजत– शाङ्ख्यायन ब्राह्मण 6/15
37. तेभ्य एतद्ब्रह्मपानं ससृज..... कामस्य कामस्य स्वर्गस्य च लोकस्य– तदैव
38. प्रजापतिरेव संवत्सरश्चतुर्विंशो यच्चातुर्मास्यानि तस्य मुखमेव.... इष्टी: प्रतिष्ठा शुनासीरियं– शाङ्खायन ब्राह्म 6/15
39. सप्तदशो वै प्रजापतिरेतआधुकम– शाङ्खायन ब्राह्मण 8/2
40. कौषीतकि: प्रजापतिर्वै प्रातरनुवाकोऽपरिमित उ वै प्रजापति: कस्तं मातुर्महेदित्येषा हैवस्थिति:॥ शाङ्खायन ब्राह्मण 11/7
41. पुरूष एवं षष्ठमह.....प्रजापतिस्तत्प्राजापत्यम। शाङ्खायन ब्राह्मण 23/4
42. यदि षष्ठस्याह्नस्तृतीयसवनं तत्तृतीयसवनं प्राजापत्यं वै षष्ठमह:– शाङ्खायन ब्राह्मण 25/11
43. प्रजापति: प्रजा: सृष्ट्वारिरिचान....रून्धे तस्यै वा– शाङ्खायन ब्राह्मण 12/8

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

उच्च माध्यमिक विद्यालयों के राजकीय तथा निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की कार्यशैली का तुलनात्मक अध्ययन

प्रियंका गुप्ता* डॉ. गुलाबघर द्विवेदी**

* व्याख्याता (शिक्षा) भारतीय विद्यामंदिर टी. टी. कालेज, बाँसवाडा (राज.) भारत
** प्राचार्य एवं डीन (शिक्षा संकाय) अरावली शिक्षक प्रशिक्षय महाविद्यालय, बाँसवाडा (राज.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यों व सामाजिक महत्व की दृष्टि से वृद्धि हुई, किन्तु उपलब्धि के प्रावधानों में अनुपातिक रूप से वृद्धि नहीं हुई है। संस्था प्रधानों को प्रतिदिन के कार्यो में उनकी कार्यशैली में अनेक प्रशासनिक तथा अभिभावक की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संस्था प्रधानों पर कई कार्य अधिकृतियों के निर्देश, कागजी कार्यवाही, प्रबंध समितियों की अनुपालना, शिक्षक संघों का अतिरिक्त कार्य, विद्यालय प्रधानाचार्यो की कार्यशैली अच्छी होने बावजूद भी नहीं कर पाते।

राजकीय तथा निजी विद्याालयों के प्रधानाचार्यो की कार्य शैली का अध्ययन करना के लिए शोधकर्त्री ने बाँसवाडा जिले के 80 राजकीय तथा निजी विद्यालय के ग्रामीण तथा शहरी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो का सौद्देश्य विधि से चयन किया। शोध विधि के रूप सर्वेक्षय विधि का प्रयोग किया गया है। उपकरण में प्रधानाचार्यो की कार्यशौली प्रमापनी के 6 क्षेत्रों पर 66 कथनों का चयन किया। स्वनिर्मित उपकारण के कथन शिक्षा विशेषज्ञों की 80% राय के आधार पर चयन किये गये।

उपकारण की विश्वसनीयता 0.876 प्राप्त हुई। शोध निष्कर्षो में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के राजकीय तथा निजी विद्यालयों की कार्यशैली संतोषप्रद पायी गयी। तुलनात्मक विश्लेषण में राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्यो की कार्यशैली में तीन क्षेत्रों में किसी भी स्तर पर सार्थक अन्तर नहीं पाया गया जबकि कार्यशैली प्रमापनी के अन्य तीन क्षेत्रों में सार्थक अन्तर पाया गया। इस लेख में सार्थक अन्तर आने के कारणों का भी अध्ययन किया गया है।

प्रस्तावना – किसी भी संस्था की प्रभारी की कार्यशैली पर सारी गुणवत्ता निर्भर करती है। कार्यशैली सभी मानवकृत व्यवसथाओं में पाये जाने वाला अनिवार्य एवं महत्वपूर्ण पहलू हैं। शैक्षिक क्षेत्र में तो यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। प्रधानाचार्यो के सफल संचालन, सटीक कार्यशैली, निपुणता एवं कार्य के प्रति निष्ठा का विशेष महत्व होता है। प्रशासन में अपने अधिनस्थ कार्यकर्त्ताओं के विद्यालय के हर क्षेत्र की देखभाल करना तथा पारस्परिक सन्बन्ध बढ़ाते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं द्वारा विद्याालय के विकास, गुणवत्ता तथा विद्यार्थी के निष्पादन बढ़ानें के लिए कार्य करना।

उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य/संस्था प्रभारी/संस्था के शिक्षकों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है कि अपनी कार्यशैली के अनुरूप गुणवतापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को प्रदान करे, ताकि विद्यार्थी सफल जीवन के योग्य बन सके। चूकि हर व्यक्ति की कार्यशैली अलग-अलग होती है। कार्यशैली का सीधा सम्बन्ध निष्पादन से है।

बाँसवाड़ा जिले के राजकीय तथा निजी ग्रामीण तथा शहरी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यो की कार्यशैली कैसी है ? शैक्षिक क्रियाओं सम्बन्धित कार्यो, विद्यालय के विकास सम्बन्धी कार्यो, उनके व्यवहार, उनकी योग्यतानुरूप कैसे कार्य लेते है ? प्रबंधन सम्बन्धी कार्यो को किस प्रकार अंजाम देते हैं ? उच्च अधिकारियों के निर्देशो के पालनार्थ कार्यशैली को बनाये रखने में कामयाब कहाँ तक रहते है ? अभिभावकों तथा बच्चों की रोजमर्रा की समस्या कार्यशैली को कितना प्रभावित करती हैं ? क्या राजकीय तथा निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की कार्यशैली में सार्थक अन्तर होता है ? इन सब प्रश्नों को उत्तार प्रस्तुत लेख में दिया जा रहा है।

शोध उद्देश्य:

1. समग न्यागर्श उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की कार्यशैली का क्षेत्रवार विश्लेषण।
2. समग्र राजकीय तथा निजी विद्यालय (ग्रामीण तथा शहरी) प्रधानाचार्यो की कार्यशैली का मध्यमान तथा कट पोईन्ट मध्यमान के आधार पर क्षेत्रवार विश्लेषण।
3. समग्र राजकीय तथा निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो का कार्यशैली के क्षेत्रवार तुलनात्मक विश्लेषण।

शोध न्यादर्श, विधि एवं उपेरण:

1. प्रस्तुत अध्ययन हेतु बाँसवाड़ा जिले के राजकीय व निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों के ग्रामीण क्षेत्र 40 (राजकीय व निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों) तथा शहरी क्षेत्र के (राजकीय व निजी विद्यालयों के) 40 प्रधानाचार्यो का सौदेश्य विधि से चयन किया गया इसके लिए बाँसवाड़ा जिले के समस्त तहसीलों से 20-20 सरकारी व निजी ग्रामीण व शहरी उच्च माध्यमिक लिये गये। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र 30-30 अभिभावकों तथा जनप्रतिनिधियों से साक्षात्कार भी लिये गये।
2. प्रस्तुत शोध हेतु शोधकर्त्री ने सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया।
3. शोध उपकरण हेतु शोधकर्यी ने स्वनिर्मित प्रधानाचार्यो के लिए

कार्यशैलनी प्रमापनी में 6 क्षेत्रो पर 66 कथनों का चयन किया पद विश्लेषण प्रक्रिया बाद किया गया। उपकरण की विश्वस नियता तथा वैधता भी ज्ञात की गयी।

प्रदत्तों का विश्लेषण – प्रस्तुत विषय पर शोध के उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा उनकी पूर्ति हेतु 'प्रधानाध्यापक की कार्य शैली प्रमापनी' को समग्र राजकीय (ग्रामीण, शहरी) एवं निजी विद्यालयों (ग्रामीण, शहरी) के प्रधानाचार्यों (N=80) पर 6 क्षेत्रों के 66 प्रश्नों/कथनों की निर्मित प्रमापनी प्रशासित की गयी। प्रमापनी के धनात्मक कथन पर 5,4,3,2 तथा 1 अंक, क्रमश: विकल्प पूर्णतया सहमत, सहमत, अनिश्चित, असहमत तथा पूर्णतया असहमत पर अंक प्रदान कर प्राप्तांक पर मध्यमान मानक विचलन, प्रतिशत तथा मध्यमानो के अन्तर की सार्थकता के लिए टी–मान (तुलनात्मक अध्ययन) सांख्यिकीय तकनीक से गणना की गयी। प्रस्तुत शोध के उद्देश्यानुसार निम्न सारणियों द्वारा विश्लेषण किया गया :–

सारणी संख्या 1, 2, 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

शोध निष्कर्ष –

सारणी संख्या (1) के निष्कर्ष इस प्रकार है :–

1. समग्र प्रधानाचार्यों राजकीय (ग्रामीण,शहरी) तथा निजी (ग्रामीण,शहरी) (N= 40, 40) द्वारा प्रधानाचार्यों की कार्यशैली के सभी क्षेत्रों यथा शैक्षिक क्रियाओं सम्बन्धी कार्य, विद्यालय सम्बन्धी कार्य, शिक्षक सम्बन्धी कार्य एवं अभिभावकों सम्बन्धी कार्य पर प्राप्त वास्तविक मध्यमान कट पोईन्ट मध्यमानों से अधिक प्राप्त हुआ। समग्र प्रधानाचार्यों की कार्यशैली, निर्णय प्रक्रिया, शैक्षिक कार्य, शिक्षक सम्बन्धी कार्य, प्रबंधन कार्य तथा अधिकृतियों सम्बन्धी कार्य एवं अभिभावकों सम्बंधी कार्य करने की पूर्ण क्षमता तथा सकारात्मक एवं संतोषप्रद पायी गयी।

सारणी संख्या (2) के निष्कर्ष इस प्रकार है –

1. निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों (ग्रामीण, शहरी) तथा शहरी विद्यालयों (ग्रामीण,शहरी) द्वारा प्रधानाचार्यों की कार्य शैली प्रमासपनी पर प्राप्त वास्तवीक मध्यमान से क्षेत्रों पर अधिक पाये। जो यह दर्शना है कि दोनों प्रकार के प्रधानाचार्यों की कार्य शैली सकारात्मक है।
2. निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों में शैक्षिक क्रियाओं सम्बन्धी कार्य में शहरी विद्यालय के प्रधानाचार्यों की कार्य शैली ग्रामीण क्षेत्रों के प्रधानाचार्यों से अधिक पायी गयी। राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों में ग्रामीण क्षेत्र के प्रधानाचार्यों की कार्य शैली अधिक सकारात्मक पायी गयी।
3. निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों (ग्रामीण, शहरी) तथा राजकीय, विद्यालयों के प्रधानाचार्यों (ग्रामीण, शहरी) की क्षेत्र 'विद्यालय सम्बन्धी कार्य' में निजी विद्यालय के ग्रामीण प्रधानाचार्य से कार्यशैली अधिक संतोषप्रद पायी गयी। राजकीय ग्रामीण क्षेत्र के प्रधानाचार्यों की कार्य शैली, शहरी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अधिक संतोषप्रद पायी गयी।
4. शिक्षक सम्बन्धी कार्य क्षेत्र निजी विद्यालयों के शहरी क्षेत्रों के प्रधानाचार्यों से ग्रामीण क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों की कार्यशैली ज्यादा अच्छी पायी गयी। राजकीय विद्यालयों में ग्रामीण क्षेत्र के प्रधानाचार्यों की कार्यशैली शहरी प्रधानाध्यापकों की कार्यशैली से अधिक अच्छी पाई गयी।
5. विद्यालयी प्रबन्धन कार्य क्षेत्र पर निजी शहरी विद्यालयों तथा राजकीय विद्यालयों में शहरी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की शैली, निर्णय प्रक्रिया अधिक सतोषप्रद पायी गयी।
6. राजकीय/निदेशक/उच्च अधिकारियों सम्बन्धी कार्य क्षेत्र पर निजी शहरी तथा राजकीय शहरी विद्यालयों की कार्य शैली ग्रामीण प्रधानाध्याकों से अधिक संतोषप्रद तथा सकारात्मक पायी गयी।
7. अभिभावकों सम्बन्धी कार्य क्षेत्र पर निजी ग्रामीण तथा शहरी राजकीय प्रधानाचार्यों की कार्यशैली अधिक सकारात्मक पायी गयी।

सारणी संख्या (3) के निष्कर्ष इस प्रकार रहे – राजकीय तथा निजी (शहरी/ग्रामीण) क्षेत्रों के प्रधानाचार्यों की कार्यशैली में मध्यमानों में अन्तर की सार्थकता टी– परीक्षण (तुलनात्मक) विश्लेषण सम्बन्धी क्षेत्रवार विश्लेषण।

शैक्षिक क्रियाओं सम्बन्धी क्षेत्र, विद्यालय सम्बन्धी कार्य क्षेत्र, शिक्षक सम्बन्धी कार्य क्षेत्रों (तीनों क्षेत्रों) पर होना ही समूहों के मध्यमानों में .05/ .01 स्तर पर सार्थकता नहीं पायी गयी – इन तीनों ही क्षेत्रों पर शैक्षिक क्रियाओं सम्बन्धी कार्यों, विद्यालय सम्बन्धी कार्यों तथा शिक्षक सम्बन्धी कार्यों की कार्यशैली एक जैसी है।

प्रबंधन सम्बन्धी कार्य शैली में निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की कार्यशैली पर प्राप्त प्राप्तांक के मध्यमानों में सार्थक अन्तर .01 स्तर पर सार्थक पाया गया। वास्तव में निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की कार्यशैली बेहतर है। इस क्षेत्र पर कथन वार विश्लेषण से निम्न कारण उभर कर सामने आये हैं :–

1. निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य अधिनस्थ कर्मचरियों के कार्य न करने पर अनुशाशनात्मक कार्य वाही करते हैं।
2. कर्मचारियों को समय पर विद्यालय पहुँचने तथा कक्षा में नियमित रूप से नहीं जाने पर सख्ती से पेश आते है।
3. निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य कक्षा में बैठकर पर्यवेक्षण कार्य करते है।
4. निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य क्षमता से अधिक कार्य करते है।

राजकीय प्रशासनिक अधिकारियों से सम्बन्धी कार्य में राजकीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्यों की कार्यशैली निजी विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्यों से अधिक अच्छी पायी गयी। दोनो समूहो में मध्यमानों का अन्तर .05 स्तर पर सार्थक पाया गया। कथनों की सहमति के अधिर निम्न कारण उमरकर सामने आये :–

1. प्रशासनिक कार्य के सम्बन्ध में राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य अपने वरिष्ठ सदस्यों की सलाह से कार्य करते है।
2. निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य अपने निदेशक के अनुसार कार्य करते हैं जबकि इस कथन पर राजकीय प्रधानाचार्यों की सहमति कम पायी गयी।
3. राजकीय प्रधानाचार्यों में प्रशासनिक अधिकारियों का भय बना रहता है जबकि निजी विद्यालयों में ऐसा बहुत कम है।
4. ग्राम/सरपंच/विद्यालयक/मंत्री/जनप्रतिनिधि राजकीय प्रधानाचार्यों की कार्यशैली में बाधा डालते है, जबकि विद्यालयों के प्रधानार्च के साथ ऐसा कम होता है।
5. राजकीय विद्यालयों में छात्रों की अनुपस्थिति कम रहती, उन्हें परीक्षा

में बैठाने तथा परीक्षा में पास कराने के दूरभाष उनके कार्यशैली तथा नियमों में बाधा डालते है।

6. राजकीय विद्यालयों में शिक्षक के पदरिक्त होना, प्रतिनियुक्ति पर जाना, ट्रांसफर होने का खतरा अधिक है जबकि निजी विषयी शिक्षक निजी विद्यालयों में कभी नहीं है।

अभिभावकों सम्बन्धी कार्य – इस क्षेत्र पर राजकीय तथा निजी प्रधानाचार्यो के मध्यमानों में .01 स्तर पर सार्थक अन्तर पाया गया। राजकीय विद्यालयों की अपेक्षा निजी के प्रधानाचार्यों में अभिभावक सम्बन्धी कार्य से कम परेशान रहते हैं। कथनों पर सहमति के आधार पर धारणो का विश्लेषण–

1. राजकीय विद्यालय आये दिन अपने बच्चों को लेकर विभिन्न कार्यों कों लेकर आ जाते है।
2. राजकीय विद्यालयों के बच्चों के अभिभावकों आर्थिक स्थिति का कमजोर होना, उपस्थिति कम होना तथा अन्य कारणों से अभिभावकों सम्बन्धी परेशानियाँ कार्य शैली को बाधित करती है।
3. राजकीय अभिभावकों के बच्चें नियम तोड़ते हैं, अनुशाशनात्मक कार्यवाही नहीं हो पाती हैं समूहों का दबाव कार्यशैली को बाधित करती है। निजी विद्यालयों में भी होता तो है लेकिन बहुत कम।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. **लोकेश कोल (1998) :** 'शैक्षिक अनुसंधान की विधि' विकास प्रकाशन हाउस प्रा. लि., नई दिल्ली
2. **J.W Best (1963) :** "Rearch in Education" New Delhi, Prectice hall of India Pvt. htd.
3. **M.B. Buch :** "Fifth & fourth survey of research & Education," centre of Advanced study & Education & Psyclology, M.S. university of Baroda India, 1974, P. 320
4. **Adaws J. swain J. and clark J. (200) :** "What so special ? Principal, Teacher's models and their realisation in practice in schools. Page 233-245
5. **Henery E, Garret (2012) :** Statisties in Psyclology and Education, New Delhi : surjeet Publication.
6. http://w.w.wdissertation.com
7. htpp://w.w.wthesisabshach.com

सारणी संख्या 1: समग्र राजकीय तथा निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा क्षेत्रवार प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर विश्लेषण

क्र.	क्षेत्र	एन	कथनोंकी संख्या	कट पोईन्ट मध्यमान	वास्तविक मध्यमान
1.	शैक्षिक क्रियाओं सम्बन्धी कार्य	80	11	11x3 = 33	36.66
2.	विद्यालय सम्बन्धी कार्य	80	11	11x3 =33	39.80
3.	शिक्षक सम्बन्धी कार्य	80	12	12x3 = 36	46.21
4.	प्रबंधन सम्बन्धी कार्य	80	10	10x3 = 30	37.47
5.	राजकीय/निदेशक/प्रशासनिक अधिकृतियों सम्बन्धित कार्य	80	14	14x3 = 42	54.28
6.	अभिभावकों सम्बन्धी कार्य	80	8	8x3 = 24	26.25

सारणी संख्या – 2: समग्र राजकीय तथा निजी विद्यालयों (शहरी, ग्रामिण) के प्रधानाचार्यों का प्रमापनी के क्षेत्रवार प्राप्त राय के मध्यमान तथा कट – पोईन्ट मध्यमानों के आधार पर विश्लेषण

क्र.	क्षेत्रों के नाम	कथनों की संख्या	निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का माध्यमान		राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का वास्तविक मध्यमान		कटपोईन्ट मध्यमान
			ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी	
1.	शैक्षिक क्रियाओं सम्बन्धी कार्य	11	36.75	37.75	36.4	36.0	11x3 = 33
2.	विद्यालय सम्बन्धी कार्य	11	39.75	38.7	38.75	42.0	11x3 = 33
3.	शिक्षक सम्बन्धी कार्य	12	46.0	46.6	48.25	44.0	12x3 = 36
4.	विद्यालय प्रबंधन सम्बन्धी कार्य	10	36.75	39.80	37.25	39.0	10x3 = 30
5.	राजकीय/निदेशक तथा उच्च प्रशासनिक अधिकरियों सम्बन्धी कार्य	14	50.75	50.90	51.5	54.0	14x8 = 42
6.	अभिभावकों सम्बन्धी कार्य	8	25.75	25.50	27.25	26.5	8x3 = 24

सारणी संख्या – 3 : समग्र राजकीय तथा निजी विद्यालयों (शहरी/ग्रामीण) के प्रधानाचार्यों का कार्यशैली प्रमापनी के क्षेत्रों पर टी–परीक्षण के आधार पर तुलनात्मक विश्लेषण

क्र.	क्षेत्रों के नाम	समूह	राजकीय तथा मिजी प्रधानाचार्यों के प्राप्त मध्यमान तथा मानक विचलन		मध्यमानों का अन्तर	टी–मान	.05/.01 स्तर पर सार्थकता
1.	शैक्षिक क्रियाओं सम्बन्धी कार्य	राजकीय प्रधानाचार्य N = 40	37.12	2.16	.92	1.91	सार्थति नहीं
		निजी प्रधानाचार्य N = 40	36.20	2.32			
2.	विद्यालय सम्बन्धी कार्य	राजकीय प्रधानाचार्य N = 40	40.37	4.76	1.15	1.27	सार्थक नहीं
		निजी प्रधानाचार्य N = 40	39.22	3.17			
3.	शिखक सम्बन्धीकार्य	राजकीय प्रधानाचार्य N = 40	46.13	4.43	.17	.22	सार्थक नहीं
		निजी प्रधानाचार्य N = 40	46.30	1.75			
4.	प्रबधन सम्बन्धी कार्य	राजकीय प्रधानाचार्य N = 40	36.82	1.30	1.31	5.95	.01 स्तर पर सार्थक
		निजी प्रधानाचार्य N = 40	38.13	2.01			
5.	राजकीय/निदेशक/ तथा प्रशासनिक अधिकारियों सम्बन्धी कार्य	राजकीय प्रधानाचार्य N = 40	52.7	1.62	1.9	3.06	.01 स्तर पर सार्थक
		निजी प्रधानाचार्य N = 40	50.8	3.67			
6.	अभिभावाकों सम्बन्धी कार्य	राजकीय प्रधानाचार्य N = 40	25.60	3.05	1.50	2.27	.05 स्तर पर सार्थक
		निजी प्रधानाचार्य N = 40	27.10	2.16			

स्वतत्रंता के अंश = 78
.05 स्तर पर टी–टेबलमान = 1.99
.01 स्तर पर टी–टेबलमान = 2.64

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

हिन्दी साहित्य लेखन में स्त्री विमर्श की दशा एवं दिशा

कमलेश देव*

* व्याख्याता (हिन्दी) आई जी एम टी टी कॉलेज, जयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – अधिकांश विद्वानों का यह मानना है कि स्त्री विमर्श वास्तव में पुरुष विरोधी विमर्श है। यह उनका पूर्वाग्रह है। इसके निजात की जरुरत है। वास्तव में इसके लेखन में निम्न प्रमुख मुद्दे प्रमुखता से आते हैं – स्त्रियों की पीड़ा स्त्रियों की महत्वकाक्षाएँ, परिवार तथा समाज का संघर्ष, भक्ति रचनाएँ एवं स्त्रीवादी रचनाएँ इत्यादि। इस तथ्य को यदि नारीवादी लेखन से जोड़कर देखें तो कुछ तथ्य और सामने निकल कर आयेंगे। वर्तमान में नारीवादी लेखन की आवश्यकता इसीलिए महसूस हुई क्योंकि सामान्य लेखन अर्थात् परम्परावादी लेखन में नारीवादी लेखन की पूरी उपेक्षा की है। इसीलिए स्त्री लेखन की उत्पत्ति होनी आवश्यक थी क्योंकि सामान्य लेखन में स्त्री का हित विलोपित था। सामान्य तौर पर ऐसा माना जाता है कि स्त्री लेखन (विमर्श भी) चौतरफा संघर्ष करता है – समाज, परिवार, सामान्य पुरुष एवं सामान्य स्त्री विमर्श आकद। लेकिन सामान्य स्त्री विमर्श ने इस विमर्श को लेकर या तो चुप्पी साध ली या विमर्श मानने से इंकार कर दिया। इस कारण यह विमर्श और उग्र होता गया। हिन्दी भाषा में कई लेखिकाएँ स्त्री विमर्श हेतु अपनी लेखनी से समाज को अवगत करा रही हैं। लेखनों की उग्रता में प्राकृतिक नियमों तक को चुनौति दे डाली है।

वर्तमान में ही नहीं वरन् सदियों से हिन्दी साहित्य में स्त्रियों की भूमिका अत्यन्त सीमित रही हैं। वर्तमान समय में भी स्त्री चिन्तन और सर्जना के बीचो–बीच खाई खड़ी दिखाई देती है। पश्चिम के प्रभाव और निजी आत्मबोध के कारण आज नई स्त्री चेतना का विकास हुआ है। बंगाल और महाराष्ट्र के नव जागरण के फलस्वरुप सती–प्रथा, बालविवाह, वेश्यावृति पर रोक लगी। जब भारतेन्दु हरिशचन्द्र ने पहली बार 'बालबोधिनी' नामक स्त्री पत्रिका निकाली तो उसका पूरी शक्ति से विरोध किया गया। द्विवेदी काल में उपेक्षित स्त्री पात्रों के प्रति हरिऔध जी, मैथिलिशरण गुप्त जी जैसे विद्वान कवियों का ध्यान गया और उन्होने पूरी संवेदना और सहानुभूति के साथ उनका महानता का चित्रण किया। छायावादी कवियों में से जयशंकर प्रसाद जी ने स्त्री का 'श्रृद्धा' सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने 'ज्योतिर्मयी' सुमित्रानन्दन पंत जी ने 'देवी', 'माँ', 'सहचरी', प्राण इत्यादि कहकर सम्मानित किया।

स्त्री विमर्श परम्परा एवं प्रांसगिकता के लिए ज्ञान चेतना और अधिकार के साथ ही साथ सम्मान के लिए निरन्तर संघर्षरत स्त्री जीवन को नई दिशा के लिये स्त्री विमर्श से बेहतर क्या कुछ हो सकता है। दुख की यह कौन सी कड़ी है जो बार–बार लेखन के सामने आती है। स्त्रियों के लेखन से स्व अस्तित्व पर सर्वाधिक जोर है।

आधुनिक युग की 'मीरा' कही जाने वाली महादेवी वर्मा को जेवरों की चाहत न होकर स्व की भूख अधिक है। 'मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरा न कोई'। स्व यह है उसे आँगन नहीं वह (स्व) चाहिये जो उसे मिलना चाहिए। औरत की आत्मा की परवाह किसी को नहीं। मीरा स्त्री विमर्श परम्परा एवं प्रांसगिकता की बड़ी पैरोकार हुई। महादेवी की 'मैं नीर भरी दुख की बदली' बरसकर अपना होना जरुर जता गई है। वे अपने समस्त नारी जाति का दुख महसूस करती है। महादेवी वर्मा की कविताओं वेदन का विभिन्न रुप देखने को मिलता है।

हिन्दी साहित्य के सभी रुपों (नाटक, कविता, कहानी, निबन्ध, उपन्यास, एकांकी, यात्रावृत्त एवं संस्मरण आदि) में महिलाओं की सामाजिक, राजनैतिक, पारिवारिक, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं परम्परागत स्थितियों का वर्णन बखूबी देखने को मिलता है। कोई भी समय या साहित्य ऐसा नहीं जिसमें स्त्री के जैसे किसी घटना की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो भी क्यों ना ? जब समस्त जगत का निर्माण ही स्त्री–पुरुष दोनों के योग से होता है तो एक को छोड़कर दूसरे की कल्पना करना भी व्यर्थ ही होगा।

आदिकाल से लेकर वर्तमान तक स्त्री की स्थिति के विषय में हिन्दी लेखिकाओं ने अपने–अपने लेखन में नारी मन की अनेक समस्याओं को विषय बनाया है। डॉ. ज्योति किरण के शब्दों में – 'इस समाज में जब स्त्रियाँ अपनी समझ और काबलियत जाहिर करती है तब वह कुलच्छनी मानी जाती है, जब वह खुद विवेक से काम करती है तब मर्यादाहीन समझी जाती है। अपनी इच्छाओं, अरमानों के लिए जब वह आत्मविश्वास के साथ लड़ती है और गैर समझौतावादी बन जाती है, तब परिवार और समाज के लिए चुनौती बन जाती है।'

स्पष्ट है कि स्त्री भी पुरुष की भांति समाज को बदलने एवं आगे बढ़ाने में समर्थ है। जिस स्त्री–विमर्श की बात आज चारों ओर साहित्य में हो रही है। निश्चित रुप से उसकी शुरुआत तो मध्यकालीन समय में मीराबाई ने कर ही दी थी। भक्तिकाल तक आते–आते स्त्रियों को समाज में आदर एवं सम्मान तो मिला लेकिन धार्मिक एवं रुढ़ियों की बेड़ियों ने उनको वहाँ भी जकड़े रखा।

रीतिकाल में बिहारी एवं धनानन्द जैसे कवियों ने स्त्रियों के केवल सौन्दर्य का ही अवलोकन किया। इनकी दृष्टि से नारी प्रेम सौन्दर्य एवं भोग की वस्तु है। रीति काल में वृन्द, रहीम, रसखान एवं वैताल आदि ने अवश्य स्त्री–पुरुष को समान दृष्टि से देखा। इन्होने बुरे की सदैव निन्दा एवं अच्छे की सदैव प्रशंसा की है चाहे पुरुष हो या स्त्री।

आधुनिक काल में आकर धीरे–धीरे स्त्रियों के प्रति कवियों की दृष्टि में हर प्रकार से परिवर्तन दिखाई दिया। इस समय को राजनैतिक, सामाजिक,

आर्थिक और राष्ट्रीय भावना ने स्त्री को सम्मान के शिखर पर आगे बढ़ने के लिए मार्ग प्रशस्त किया। भारतेन्दु युग का समय गुलामी का समय था। इस समय समाज का प्रत्येक व्यक्ति चाहे स्त्री हो या पुरुष आजादी की जंग में सहर्ष कूद रहा था। इतनी ही नहीं सभी बिना किसी भेदभाव के कन्धे से कन्धा मिलाकर संघर्षरत थे। भारतेन्दु के कवियों प्रताप नारायण मिश्र एवं भारतेन्दु आदि ने समाज में फैली कुरीतियों एवं रुढ़ियों जैसे बाल विवाह, स्त्री शिक्षा की कमी आदि का जमकर विरोध किया। द्विवेदी युग के प्रमुख कवियों मैथिलिशरण गुप्त एवं अयोध्या सिंह, उपाध्याय हरिऔध आदि कवियों ने अपने काव्य में स्त्रियों को वह स्थान दिलाया है जो उसे समाज के सर्वोच्च पद पर आसीन करता है। मैथिलीशरण गुप्त ने साकेत में उर्मिला और सीता को समाज सेविका के रुप में प्रस्तुत कर महान संदेश दिया है। उर्मिला जहाँ त्याग, करुणा, दया एवं आत्म संयम की साक्षात देवी हैं वहीं सीता दया, प्रेम, करुणा एवं लोक सेविका का जीवित प्रतिबिम्ब है।

हिन्दी साहित्य के छायावादी युग के विषय में विद्वानों का मानना था कि छायावादियों के लिये स्त्री केवल सौन्दर्य प्रेम एवं कल्पना का साधन है। यह नितान्त अनुचित एवं निराधार है। इस समय ऐसे अनेक कवि एवं लेखक हुए जिन्होने स्त्री को समाज में बहुत ही सम्मान एवं महत्व की दृष्टि से देखा। इसका अर्थ है कि छायावाद के समय स्त्री को बहुत उदात्त रुप से स्थापित किया गया। महादेवी वर्मा का समस्त रचना उन्हें वर्तमान समय में आधुनिक मीरा की संज्ञा से सुशोभित करता है।

अमृता प्रीतम के रसीदी टिकट, कृष्णा सोबती-मित्रों मरजानी, मन्नू भण्डारी- आपका बेटी, चित्रा मुद्गल - आवां एवं एक जमीन अपनी, ममता कालिया-बेघर, मृदुला गर्ग-कठ गुलाब, मैत्रेयी पुष्पा - चाक एवं अल्मा कबूतरी, प्रभा खेतान के छिन्नमस्ता, पदमा सचदेव के अब न बनेगी देहरी, राजीसेठ का तत्सम, महेरुन्निसा परवेज का अकेला पलाश, शशि प्रभा शास्त्री की सीढ़िया, कुसुम अंचल के अपनी-अपनी यात्रा, शैलेश मटियानी की बावन नदियों का संगम, उषा प्रियम्वदा के पचपन खम्बे, लाल दीवार, दीप्ति खण्डेलवाल के प्रतिध्वनियां आदि में नारी संघर्ष को देखा जा सकता है।

दूसरी ओर समकालीन लेखकों ने अपने-अपने उपन्यासों एवं नाटकों के माध्यम से देहज प्रथा, बाल-विवाह, अनमेल विवाह, वेश्यावृति, विधवा-विवाह का विरोध एवं राजनैतिक एवं सामाजिक रुप से नारी शोषण को यथार्थ रुप से प्रस्तुत किया है।

नागार्जुन रामेश्वर शुक्ल अंचल शिवमंगल सिंह सुमन आदि कवियों ने अपनी लेखनी एवं कुशाग्र बुद्धि के द्वारा अपने उपन्यासों एवं कविताओं में नारी के शोषण के खिलाफ आवाज हीं नहीं उठायी बल्कि इसके खिलाफ आन्दोलन छेड़ने की वकालत भी की है।

वर्तमान तक आते-आते स्त्री लेखन की अपनी एक अलग पहचान बन गई है। वह अपनी लेखनी द्वारा अपने जीवन में घटित यथार्थ को बड़ी सफाई से बयाँ कर रही है। सच्चाई यही है कि यदि स्त्री का दर्द अनुभव करना है या जानना है तो आपको उस जिन्दगी को स्वयं जीना पड़ेगा। यदि ऐसा नहीं करते तो वे हकीकत न होकर केवल लोगों के मनोरंजन का साधन बनकर रह जायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्त्री परम्परा और आधुनिकता-सं. राजकिशोर, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली संस्करण 2004
2. भारतीय नारी, दशा दिशा, आशारानी व्होरा
3. स्त्रीवादी विमर्श - समाज और साहित्य - क्षमा शर्मा
4. मिलकर मांगेगे तो आकाश मिलेगा - पद्मजा शर्मा, प्रसंग पत्रिका अंक 16 संस्मरण अंक, सम्पादक शम्भु बादल
5. कविता का कहानीयान, अनामिका वागर्थ, मार्च 2006, सं. रवीन्द्र कालिया
6. स्त्री विमर्श और सामाजिक आन्दोलन-डॉ. राजनारायण
7. डॉ. नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृष्ठ-432

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भगवानदास मोरवाल के साहित्य में मेवाती समाज : साझा संस्कृति के विविध आयाम

सुनील कुमार*

* पीएच.डी शोधार्थी (हिंदी विभाग) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) भारत

प्रस्तावना – साझा संस्कृति भारतीय संस्कृति की एक विशेषता है । मेवात तो सांझा संस्कृति की विलक्षण मिसाल है। भारत के इतिहास और संस्कृति के गहन अन्वेषण से ज्ञात होता है मेवाती संस्कृति सांझा संस्कृति का प्रतिबिंब है । जो कि पौराणिक काल से आधुनिक काल तक विशुद्ध रूप से विद्यमान है। मेवात के हिंदू मुसलमानों (मेव) के रीति- रिवाज, परंपरा और लोकनायक एक जैसे ही हैं। हिंदू व मेवों मुसलमानों के त्योहार एवं सांस्कृतिक उत्तसव की झलक एक जैसी ही है । जिनका प्रभाव हमारे संस्कार और जीवन पद्धति पर दिखाई पड़ता है।[1] आज भी मेवात के मेवों में मिरासियों द्वारा महाभारत पर आधारित 'पाण्डुन को कड़ा' गाया जाता है जिसके रचयिता सादल्ला को मेवात का कबीर कहा जाता है।

मेवाती समाज : ऐतिहासिक संरचना – मेवात की सामाजिक संरचना में मेव, खानज्यादा, सैयद, पठान आदि मुस्लिम जातियां हैं । जबकि ब्राह्मणी मेवात का संबंध राजपूत, ब्राह्मण, अहीर, गुर्जर जाट, मीणा आदि अन्य हिंदू जनजातियों से है।[2]

साहित्य व कला के क्षेत्र में मेवात के साहित्यकारों व लोक कवियों ने हिंदू मुस्लिमों में धार्मिक सद्भावना, परस्पर समन्वय की भावना को प्राथमिकता देते हुए धर्म के आडम्बरों को दूर करने का प्रयास किया है । मेवात की बोली-भाषा, आचार-व्यवहार, रहन-सहन, रीति-रिवाज व जीवनशैली ने इसकी चिंतन परंपरा को मेवाती संस्कृति ने ऐसा रूप प्रदान किया है, जिससे यहां का व्यक्ति कभी भी धार्मिक कट्टरताओं का शिकार नहीं रहा। मेवात के साधु-संतों भक्तों पीर औलिया ने सदैव अपनी वाणी से जनमानस में आपसी प्रेम व सद्भाव का प्रसार किया। मेवात के लोगों ने अपनी मुस्लिम पहचान होते हुए भी अपनी पुरातन विरासत से आज भी संस्कृति को जोड़ें रखा है।[3]

जीवन के अन्य रस्मो-रिवाज भी यहाँ परस्पर मिलते-जुलते हैं। मसलन मेवों के निकाह में हिंदुओं की तरह चाक पूजने का रिवाज है।

मेवाती समाज सांझा संस्कृति : विविध स्वरुप – मेवात की समाज संश्लिष्ट और यौगिक सामाजिक संरचना है । हिंदी पट्टी में संभवत यह अकेला समाज है जो इतना संगुफित और समेकित चलाया है । लगभग सात आठ दशक पूर्व हिंदू से मुसलमान बना यह समाज अब केवल नाम का मुसलमान है जिसमें रोजा, नमाज, खतना, निकाह, हज, जकात आदि मोटी मोटी परंपराओं के अलावा कुछ भी अन्य मुसलमानों जैसा नहीं है। मूलभूत रूप से इनकी जीवनचर्या व जीवनशैली शेष बहुसंख्यक समाज से मेल खाती है। मोरवाल के 'काला पहाड़' उपन्यास में नूह स्थित यासीन मेव डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर उस्मानी तथा इस क्षेत्र के विधायक चौधरी करीम हुसैन के संदर्भ अनुसार इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि 'वे पहले क्षेत्रीय हैं', बाद में मेवा ।[4]

संस्थाबद्ध मुसलमानों से उन्हें अलगाने वाला सबसे बड़ा तत्व है इनके शादी-विवाह, रस्मो-रिवाज जिसके अंतर्गत इनके यहां आज भी रिश्ता करते वक्त हिंदुओं की तरह मां, दादी, नानी और खुद का गोत्र बचाया जाता है।[5]

मेवात के विषय में अनेकानेक भ्रम एवं पूर्वाग्रह अनेक लोगों के मन में देखे गए हैं । यह तो सब जानते हैं कि मेव एक धर्म परिवर्तित मुसलमान जाती है लेकिन यह वस्तुस्थिति मेवात में जाकर ही पता चलती है कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से मेव न तो पूरे मुसलमान हैं, न पूरे हिंदू। इन की परंपराओं में हिंदू एवं इस्लाम की वृत्तियां इस कदर घुली मिली है कि ऊपर-ऊपर से देखने पर यह तय करने में कठिनाई होती है कि यह हिंदू है या मुसलमान ।

वेशभूषा व आभूषण – वेशभूषा, सामान्य रहन-सहन एवं दिनचर्या, बोल-बाणी तथा स्वभाव आदि के आधार पर यहां के मेवो तथा अन्य में अंतर करना काफी मुश्किल होता है । भाषा इनकी एकता एवं अलगाव का सबसे बड़ा अभिलक्षण है। मोरवाल जी ने अपने कथा साहित्य में इन तथ्यों को पुष्ट करते हैं।

मेवात में आजकल लूंगी एवं मुस्लिम टोपी पहनने का रिवाज बढ़ चला है, लेकिन ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। युवा लोग टोपी पहनना शुरू किए हैं, लेकिन बुजुर्ग अभी फेंटा बांधते हैं। स्त्रियों का पहनावा भी इलाके की अन्य किसान स्त्रियों जैसा ही है। वे सलवार, कुर्त्ती-कुर्त्ता पहनती हैं। वे बुर्का नहीं पहनतीं। मेव स्त्रियां श्रृंगार-पटार नहीं करती । क्रीम, पाउडर, प्रसाधन का उन्हें अन्य हिंदू औरतों की तरह कोई शौक नहीं है। 'बाबुल तेरा देस में' उपन्यास में हसीना एक जगह कहती हैं 'माई तने आज तलक कोई मेवणी देखी है, करीम पौडर सू लिपी पुती?'[6] मेवणियों का जीवन सादा, अत्यंत सरल, कर्मठ एवं संघर्षशील होता है। इसी उपन्यास की पात्र असगरी के हवाले से कहा जाए तो इसका जिस्म ऐसा है 'जिसे समय की चोटों ने कूट-कूट कर लोहा बना दिया है ।'[7] मेवात की औरतों के पहनावे का वर्णन यहाँ मिलता है, यहां की औरतें हाथ पैरों और गले में भांगड़ा, बचेली, नवरी, असली, जंजीर आदि आभूषण पहनती है। भारत की अन्य परिवर्तित मुस्लिम

महिलाओं से तुलना करने पर मेवणियों की यह अपनी विशिष्ट पहचान स्पष्ट होती है।

रीति रिवाज – मेवाती ने केवल वेशभूषा, बोली–भाषा, दिनचर्या आदि बल्कि आज भी कायम है। निकाह पढ़ना तथा फेरों को छोड़कर लगभग से सारी प्रथाएं दोनों समाजों में एक जैसी ही हैं। 'काला पहाड़' उपन्यास में सलेमी के विवाह दरअसल निकाह का फ्लैशबैक चित्रण इसका सजीव उदाहरण प्रस्तुत करता है।

लोकगीत – सलामी की शादी के समय भात की रसम पूर्ण करते समय जब सलेमी की मां अपने भाई से भात लेती है, तो वह रो पड़ती है, इसी अश्रुपूर्ण भाव से औरतें गीत गाती हैं–

भाई आछो भरियो भात, बाहण टोटा।
साड़ी के डेढ़ हजार, मोहर लोटा में।।[7]

लोक विश्वास – मेवात की साझी संस्कृति का एक अप्रतिम उदाहरण यह है कि यहां हिंदुओं में भी मेवों की कुछ धार्मिक सांस्कृतिक प्रथाएं घुली मिली है जैसे कि 'बकरा करनेय की प्रथा', 'बाबल तेरा देस में' धन सिंह के परिवार में उपन्यास इस घटना पर काफी विस्तार से लेखांकन किया गया है। पीर–औलियाओं द्वारा दिए गए 'गंडा ताबीज', 'नक्श' इत्यादि का प्रचलन जितना मेवों में है, उतना ही हिंदुओं में भी है। पीरों की मजारों पर चादर चढ़ाना, मोहर्रम के ताजियों के नीचे से निकलना, ईद की खुशी में बराबर का शरीक होना इत्यादि हिंदुओं में अब तक देखा जाता है। सामाजिक समवेत्ता साथ उठना–बैठना खाना–पीना एक दूसरे इस समारोह में शामिल होना यह रोज़मर्रा की घटनाएं हैं। मोरवाल का साहित्य इन सब का गवाह बनता है। हिंदू और मुसलमान दोनों धर्मों के लोग पुत्र प्राप्ति के बाद पीर दादा खानू की समाधि पर चादर चढ़ाते हैं, उपन्यास 'काला पहाड़' में बनवारी के पैदा होने पर मनीराम जो हिंदू है, इस्लामी द्वारा लठू की मांग करने पर कहता है 'फिक्र क्यों करे है, यार जब तोको गुड़ खिवा दिया है, तो लड्डू भी खवाऊंगा पर पहले छोरा की दादा खानू और पंचपीर पर चादर तो चढ़ा देयो।'[8]

लोककथाएं – मेवात में प्राचीन काल से ही लोक कथा अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम रही है बल्कि कथा की यह आदिम विधा मेवात में सुप्रसिद्ध है। मेवात की साझा संस्कृति पर आधारित पुरानी कथाएं, लोकगाथाएं व धार्मिक विचारों, विश्वासों, सामाजिक मान्यताओं और मूल्यों की एक लंबी परंपरा है। लोक कथाओं के लेखक का परिचय तो नहीं मिलता परंतु ये कथाएं मौखिक रूप से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होती हैं। सलेमी की शादी के दिन जब बारात रात को लड़की वालों के घर खाने–पीने के बाद मनोरंजन करना चाहती हैं तो हमें हामिद अपने हारमोनियम के सुरों के मिलान के बाद पूछता है जिजमान कौन–सी बात शुरू करू दरियाखान, शशि बदणी मिनी की, मेवखां घुड़चढ़ी की, चूहड़ सिद्ध की, घासेड़ा की या फिर बाबर बाण के बारे में बताऊँ। बारातियों की फरमाइश पर इनका मनोरंजन करने के लिए वह घासेड़ा का किस्सा सुनाता है।

मेवात की सांझा संस्कृति : धार्मिक आयाम व अन्य चिह्न – भगवानदास मोरवाल ने अपने कथा साहित्य में सामाजिक संबंधों के प्रत्येक रूप को अभिव्यक्त किया है। उनके उपन्यास 'काला पहाड़' और 'बाबुल तेरा देस में' मेवाती समाज व संस्कृति की पृष्ठभूमि पर है। यह वही मेवात है जिसने मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर से टक्कर ली थी और जिसने भारत की मिली–जुली तहजीब व संस्कृति को आज तक सुरक्षित रखे हुए है। 'मेव' मेवात क्षेत्र का बहुसंख्यक समुदाय है। जो की इस्लाम धर्म से है, पर वह अपने आप को एक मुसलमान के रूप में नहीं अपितु मेव के रूप में ही पहचानता है। भारत विभाजन के समय 'महात्मा गांधी' जी के आह्वान पर पाकिस्तान न जाने वाले ये मेव मुसलमान अटल देशप्रेमी रहे हैं। सन अठारह सौ सत्ताावन में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में दो सौ अठावन मेव जाति के लोग शहीद हुए थे। 'हसन खां मेवाती' इनके बहुत बड़े लोकनायक योद्धा हुए हैं। जिसने खानवा के युद्ध में धर्मप्रस्त बाबर को साथ न देते हुए हमवतन राणा सांगा को साथ दिया था। मेव एक धर्म परिवर्तित मुस्लिम जाति है जो हिंदू से मुसलमान बने हैं। लेकिन मूल रूप से आज भी कई हिंदू जातियों से इनकी सामाजिक संरचना मिलती है। मेवों में आज भी हिंदू जातियों जैसे रीति–रिवाज पाए जाते हैं। मेवात क्षेत्र में हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्म के लोग एक परिवार की तरह साथ रहते हैं। यहाँ लोग हिंदू हो या मुसलमान एक दूसरे के साथ बिना भेदभाव के साथ काम करते हैं। सब लोग आपस में मिल जुल कर प्रेम व प्यार से रहते हैं व एक–दूसरे के सुख–दुख के साथी हैं। मोरवाल के उपन्यास 'काला पहाड़' में वर्णित इन पंक्तियों को देखिए 'इस इलाके में आज तलक यामें कोई फिरकाना फसाद नए हुओ है, सब सू बड़ी बात तो ई है कि या इलाका में हिंदू और मेव एक कुणबा की तरह रहता आया है। मजाल है, कोई काई बाहण बेटी पे आंख तो उठा जाए...।' [9]

मोरवाल के मेवात केंदित अपने दूसरे उपन्यास 'बाबल तेरा देस में भी हिंदू–मुस्लिम लोगों के सामाजिक सम्बन्धों में प्रेम व सद्भावना दिखाई देती है। इस उपन्यास में मेवात के गांव में रहते यदि एक घर में कोई मुसीबत आती है, तो सारा गांव उसकी मदद करने के लिए दौड़ पड़ता है। गांव में धन सिंह की पोतियों का विवाह जबरदस्ती करवाने पर उतारू जग्गी को हाजी चांदमल ने ललकार कर कहा 'सुण रिश्तेदार या भोला में मत रहियो कि, ये दोनों बाप बेटा इकला हैं... एक बात और ध्यान में धर ले के यह छोरी सिरफ़ हीरा की न है, पूरा गाम की है। अगर अबकी बार मूं सू ऐसी बात निकली तो लाहस बिछ जांगी।'[10]

इस तरह से मेवात में जब लोग आपस मे मदद करते हैं तो गांव के लोग एक दूसरे की ओर तब यह नहीं देखा जाता कि यह किस की मदद कर रहे हैं वह हिंदू है, या मुसलमान थे उद्धरण द्रष्टव्य है। 'कैसी बात करता है चौसाहब, बहू–बेटी भी कोई हिंदू–मुसलमान की होवे हैं, यह तो पूरा गांवों–बसती की होवे हैं।'[11]

इस प्रकार गांव के एक आदमी की समस्या पूरे गांव की समस्या बन जाती है और जिसे दूर करने का प्रयास हर संभव तरीके से प्रत्येक गांववासी करता है।

इसी प्रकार हम देखते हैं कि उपन्यास 'कला पहाड़','बाबल तेरा देस में' दोनों में मेवाती समाज का यथार्थ सामाजिक चित्रण हुआ है। विभिन्न संप्रदायों के लोग यहां एक सामाजिक इकाई के रूप में रहते हैं। इनमें सामाजिक संबंध आपसी प्रेम, सद्भावना और एकता पर आधारित हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि मेवात हिंदू मेव साझी संस्कृति वाला क्षेत्र है। श्यामचरण दुबे ऐसे क्षेत्र को सांस्कृतिक क्षेत्र कहते हैं उनका कहना है कि 'ऐसे क्षेत्र में लोगों का नृजातीय मूल, भाषा और संस्कृति की विशेषताएं समान हो सकती हैं लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है उनका

सांझा ऐतिहासिक अनुभव, परिस्थितियां और पर्यावरण।'[12]

मेवाती समाज में व्याप्त सांस्कृतिक एकता, समान भाषा तथा सांझा ऐतिहासिक अनुभव, परिवेश की विविधता यहां के ग्रामीणों को एकता के सूत्र में पिरौती है यहाँ एक अटूट रिश्ता हिंदू और मुसलमान के बीच पूरे मेवात में दिखाई पड़ता है। यहां नाम से कोई सलेमी हो, या असलम हो, या कोई बनवारी हो, या मनीराम हो सब आपसी सद्भाव के साथ जीवन व्यतीत करते हैं। इन दोनों की दिनचर्या सुबह की अजान से शुरू होती है और शाम की अजान के साथ खत्म होती है। इनका कारण यह है कि यहां हिंदू और मुसलमान सदियों से एक साथ रहते आ रहे हैं परिणामस्वरूप इनके सामाजिक संबंधों में अपनत्व का भाव उत्पन्न हुआ जिसे लोग अब तक कायम रखें हुए हैं।

इसका एक अन्य उदाहरण है उपन्यास 'काला पहाड़' व 'बाबर तेरा देस में' दोनों मेवात क्षेत्र के ग्रामीण समाज की बात करते हैं। हमारा भारत देश गांवों का देश है इसलिए इसकी आत्मा और इसका नैसर्गिक सौंदर्य गांव में है, ग्रामीण समाज में सामाजिक संबंधों का रूप अधिक प्रत्यक्ष और गहरा होता है।

आपसी संबंधों में पाई जाने वाली सामुदायिक भावना ग्रामीण लोगों को एकता के सूत्र में बांधे रखती हैं। इस प्रकार गांव में संगठन के मुख्य आधार समान सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताएं, हम की भावना, सहयोग तथा अभिन्नता की भावना ग्रामीण लोगों में विकसित होकर उन्हें साथ रहने के लिए प्रेरित करती हैं। उपन्यासों की तरह मोरवाल ने अपनी कहानियों में भी ग्रामीण क्षेत्र को अधिक चित्रित किया है। उन्होंने ग्रामीण समाज में सामाजिक संबंधों का एक गहरा अध्ययन व विश्लेषण अपनी कहानियों में बुना है क्योंकि गांव के लोग शहरी लोगों की अपेक्षा एक दूसरे के ज्यादा करीब होते हैं। सांप्रदायिक दंगों जैसी बुरी घटनाओं के समय भी लोग अपने धर्म से ऊपर उठकर एक दूसरे की मदद करते हैं।' पूरे दिन अतरी, जमीला, कजरी, अशरफी ने पारों को एक पल के लिए भी अकेला नहीं छोड़ा। बाहर सूल्ली और सुभान खां सारा दिन मुढ़ी बिछाए बैठे रहे। यह पहला मौका था जब सबने आज पांचों वक्त की नमाज अदा नहीं की।'[14]

Punjab National Bank Scam: Famously known as Nirav Modi Scam Case. Nirav Modi who is having a jewellery business and according to CBI Nirav Modi had made fake letters of understanding(Known as LOU) from Punjab national bank 8times and on the basis of this fake letters he took huge amount from the foreign bank. And after that when they were unable to pay the amount the foreign bank came back to the Indian bank to pay off the amount as they have given them the letters of understanding.

Therein that circumstances the Punjab National Bank denied the Letter of understanding given to the foreign bank. Other people who were involved in this scam was two of bank official Mehul Chowksi (uncle), Ami Modi (Wife), Meshal Choksi (Brother).

Nirav Modi the main accused in the Punjab National Bank Fraud case[14] will make another attempt for bail on Friday after he was denied bail last week.[15]

Apart from this there have been various scams and white collar crime in India and others which are also very much famous like Sahara scam and Punjab National bank Scam are the very famous **Satyam scam**[16] which highlights the importance of security laws and CG in emerging markets.

Conclusion: It is clear that due to advancement of science and technology newer form of criminality known as white-collar crime has arisen. The term "white-collar crime" has not been defined in the code. But the dimensions of white-collar crime are so wide that after analysing the provisions

of Indian Penal code 1860, we many conclude that certain offence under Indian Penal Code is closely linked with white collar crimes such as, bribery corruption and adulteration of food , forgery etc. The provisions of Indian Penal Code dealing with white-collar crimes should be amended to enhance punishment particularly fine in tune with changed socio-economic conditions. The special Acts dealing with white-collar crimes and the provisions of Indian penal code should be harmoniously interpreted to control the problem of white-collar crimes.

Suggestions: As there is no such proper definition of white collar crime in Indian laws. The socio economic crimes should not be taken leniently by the government and punishment regarding white collar crime should be stricter as harsh punishment can prevent these crimes to a great extent. If the crime is very heinous then the punishment might also be extended to life imprisonment. People are not much aware of the most of these crimes so the public awareness is necessary through any means of communication and government should impose strict regulations regarding economic thefts in our country.

References:-

1. https://legal-dictionary.thefreedictionary.com/white+collar+crime
2. www.legalservicesindia.com
3. Ibid
4. Ibid
5. www.mondaq.com>india>corporatefraud
6. Section 43 - The Information Technology Act 2000-penalty for damage to computer, computer system, etc.
7. Section 44 - The Information Technology Act 2000-penalty for failure to furnish information, return, etc.
8. Section 447 :punishment for fraud- person found guilty shall be punishable for not less than 6 months and may not extend to 10 years and fine not less than involved in fraud, may not exceed 3 times the amount involved.
9. www.mondaq.com>india>corporatefraud
10. Ibid
11. Section 18 of The Fugitive Economic Offenders Act, 2018
12. AIR 2012 SC3829.
13. m.hindustantimes.com
14. https://www.businesstoday.in/sectors/banks/nirav-modi-case-pnb-fraud-11400-crore-scam-ed-cbi-raid/stor
15. https://www.thehindu.com/news/international/billionaire-jeweller-nirav-modi-denied-bail-in-london-over-bank.
16. https://www.hindustantimes.com/business/satyam-scam-all-you-need-to-know-about-india-s-biggest-account

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

अनुसूचित जनजाति के विकास में सरकारी नीतियों की भूमिका (मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के संदर्भ में विश्लेषणात्मक अध्ययन)

रमेश अमलियार*

* पीएच.डी शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) समाज विज्ञान अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र) भारत

शोध सारांश – भारत में कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर आधारित वाक्यांश सभी को सामाजिक न्याय मिले, आर्थिक समानता के अवसर प्राप्त हो तथा अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार कार्य करें, ऐसी व्यवस्था भी हमारे संविधान में की गई है। जब विकास की बात सामने आती है, तो अनुसूचित जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के समस्त पहलूओं के विकास का दृष्टिकोण अपनाया जाना आवश्यक हो जाता है।
शब्द कुंजी – कल्याणकारी, संविधान।

प्रस्तावना – विकास की प्रक्रिया आदिमानव काल से लेकर वर्तमान समय तक विभिन्न स्वरूपों में सतत् चली आ रही है। समाज, राष्ट्र, काल परिस्थिति एवं संसाधनों के आधार पर इसके अलग-अलग आयाम हो सकते हैं। विकास के परिपेक्ष्य में, पिछले कुछ दशकों से सामाजिक-आर्थिक विकास पर जोर दिया जाने लगा है। विकास के संबंध में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों द्वारा अनेक विकासात्मक योजनाओं और कार्यक्रमों को शुरू किया गया। आज भी सरकार इस पर करोड़ों रूपये खर्च कर रही है। यद्यपि आज विकास के नाम पर सतत् विकास की ओर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन विश्व स्तर पर तो विकास की वर्तमान दौड़ में केवल आर्थिक विकास ने ही अपना वर्चस्व बना रखा है। वैश्विक स्तर पर तीव्र गति से बदलते परिदृश्य एवं स्थानीय स्तर पर उसके पड़ने वाले प्रभावों से यह स्पष्ट हो गया है कि वर्तमान दौर में विकास एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रश्न बन गया है। वैश्वीकरण के इस युग में विकास की नई परिभाषाएँ निर्धारित की जा रही है और आज गरीब और गरीब व धनी और अधिक धनी बनता जा रहा है अर्थात् विकास कुछ ही व्यक्तियों की सम्पत्ति बनता जा रहा है।

शोध विषय का चयन – किसी भी राष्ट्र की लोक कल्याणकारी सरकार का यह दायित्व होता है कि वह प्रजा की भलाई के लिए कार्य करें। इस शोध विषय का चयन करते समय इस बात का ध्यान रखा गया है कि सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अनुसूचित जनजाति समाज पर किस प्रकार का प्रभाव हुआ है ? क्या विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन से उनके पलायन, रोजगार आदि पर क्या प्रभाव हुआ है ? इन महत्वपूर्ण बिन्दुओं को आधार बनाकर ही शोधार्थी द्वारा **'अनुसूचित जनजाति के विकास में सरकारी नीतियों की भूमिका (मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के संदर्भ में विश्लेषणात्मक अध्ययन)'** नामक शोध विषय का चयन किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. जनजातीय विकास की कल्याणकारी योजनाओं की प्रभावशीलता का विश्लेषण करना।
2. सरकारी नीतियाँ के अनुसूचित जनजातियों पर विभिन्न प्रभावों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन का महत्व – इस शोध कार्य का महत्व यह है कि इसके माध्यम से मध्य प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य झाबुआ जिले में मध्य प्रदेश शासन द्वारा क्रियान्वित की जा रही विकास नीतियों का लाभ अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिल रहा है या नहीं और झाबुआ जिले में योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समुचित प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है या नहीं ?

अध्ययन का क्षेत्र – इस शोध कार्य के लिए अध्ययन क्षेत्र के रूप में पश्चिमी मध्य प्रदेश के जनजातीय आधिक्य झाबुआ जिले का चयन किया गया है, जो इन्दौर संभाग के इन्दौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर इन्दौर संभाग के मुख्यालय से लगभग 150 किलोमीटर दूर में स्थित है। झाबुआ जिला भौगोलिक दृष्टि से ऊँचे-नीचे असमतल धरातल में बसा हुआ है, जो 22.77^0 उत्तारी अक्षांश एवं 74.6^0 देशान्तर रेखाओं के मध्य स्थित है और इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 318 मीटर है। झाबुआ जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 3782 वर्ग किलोमीटर है।[1] वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार झाबुआ जिले की कुल जनसंख्या 1025048 है, जिसमें से 505123 जनसंख्या पुरूषों की और 510025 जनसंख्या महिलाओं की है। जिले की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 819818 है, जिसमें से 446359 जनसंख्या पुरूषों तथा 445459 जनसंख्या महिलाओं की है। झाबुआ जिले में साक्षरता दर की स्थिति देखें तो स्पष्ट है कि जिले की कुल जनसंख्या में साक्षर जनसंख्या 352081 है, जिसमें से पुरूषों की साक्षरता दर 60.95 प्रतिशत है और महिलाएँ 39.05 प्रतिशत साक्षर है। झाबुआ जिले का जनसंख्या घनत्व 285 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. है और स्त्री-पुरूष अनुपात 990 है। जिले की कुल जनसंख्या में से 370641 मुख्य एवं 144480 सीमांत कार्यशील जनसंख्या है। जिले में विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में संलग्न कुल जनसंख्या में से सर्वाधिक 63.90 प्रतिशत जनसंख्या काश्तकारों की है और 22.45 प्रतिशत खेतिहर मजदूर है। पारिवारिक उद्योगों में कार्यरत् लोग मात्र 1 प्रतिशत है और बाकी 12.65 प्रतिशत जनसंख्या अन्य कार्यों में संलग्न है।[2]

निदर्शन प्रक्रिया – अनुसूचित जनजाति का विकास एवं मध्य प्रदेश सरकार

की नीतियाँ से संबंधित इस शोध कार्य के लिए निदर्शन प्रक्रिया निम्न प्रकार से अपनाई गई है–

1. **अध्ययन के समग्र –** अध्ययन के समग्र के रूप में मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के जनजाति परिवारों को शामिल किया गया है।

2. **अध्ययन की इकाई –** समग्र में से अध्ययन की इकाई के रूप में झाबुआ जिले के जनजाति परिवारों में से किसी योजना से लाभान्वित परिवार को शामिल किया गया है।

उत्तरदाताओं का चयन – उत्तरदाताओं का चयन शोध कार्य के निर्धारित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर सोद्देश्य प्रतिचयन विधि से किया गया है। शोध कार्य के लिए उत्तरदाताओं के रूप में में झाबुआ जिले के जनजाति परिवारों में से किसी योजना से लाभान्वित परिवार को शामिल किया गया है। झाबुआ जिले की कुल 6 जनपद पंचायतों में से कुल 30 गाँवों (प्रत्येक जनपद पंचायत से 05 गाँव) का चयन **दैव निदर्शन पद्धति** से किया गया है।[3] गाँवों के चयन के पश्चात् प्रत्येक गाँव से 10 लाभान्वित जनजाति परिवारों (30x10) का चयन अध्ययन के उत्तरदाताओं के रूप में किया गया है। इस प्रकार जिले के कुल 30 गाँवों से 300 उत्तरदाताओं (30x10) का चयन अध्ययन की इकाई के रूप में किया गया है।

आँकड़ों का संकलन – इस शोध कार्य की पूर्ति के लिए प्राथमिक आँकड़ों एवं द्वितीयक आँकड़ों का संकलन किया गया है।

आँकड़ों के संकलन के स्त्रोत – अध्ययन क्षेत्र के उत्तरदाताओं से संकलित किए गए प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों का वर्गीकरण, श्रेणीकरण एवं सारणीकरण के बाद में तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाले गए, जिसके आधार पर शोध कार्य की प्रतिपूर्ति की गई है।

शोध कार्य के निष्कर्ष

1. प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) के संबंध में निष्कर्ष

1. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ लेने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार अध्ययन क्षेत्र के समस्त उत्तरदाताओं ने योजनान्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित पूर्ण राशि प्राप्त हुई है।

2. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की राशि का पूर्ण उपयोग करने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार समस्त उत्तरदाताओं ने योजना की प्राप्त राशि का पूर्ण उपयोग किया गया है।

3. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्राप्त राशि पर्याप्त होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार सर्वाधिक उत्तरदाता प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की राशि को अपर्याप्त बताते है।

4. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की राशि समय पर प्राप्त होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार ज्यादातर उत्तरदाताओं को योजना की राशि समय पर नहीं मिली थी।

5. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) हेतु राशि समय पर प्राप्त न होने पर प्रयास के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार अधिकतर उत्तरदाताओं द्वारा योजना की राशि प्राप्त करने के लिए प्रयास किया है।

6. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार अधिकांश उत्तरदाताओं को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हुई है।

7. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई के प्रकार के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार अधिकांश उत्तरदाताओं के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की राशि जारी करने में अनावश्यक विलम्ब किया जाता है।

8. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में सुझाव देने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार सर्वाधिक उत्तरदाता उक्त योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए सुझाव देने के लिए सहमत है।

9. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में सुझाव के प्रकार के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार सर्वाधिक उत्तरदाताओं के अनुसार उक्त योजना के क्रियान्वयन में कागजी कार्यवाही कम होनी चाहिए है।

2. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के संबंध में निष्कर्ष

1. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की पूर्ण राशि मिलने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित पूर्ण राशि प्राप्त हुई है।

2. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की राशि का पूर्ण उपयोग करने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार लाभांवित समस्त उत्तरदाताओं ने बताया है कि योजनान्तर्गत निर्धारित राशि का उनके द्वारा पूर्ण उपयोग किया गया है।

3. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की प्राप्त राशि पर्याप्त होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार कि अध्ययन क्षेत्र के सर्वाधिक उत्तरदाता मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की राशि को पर्याप्त मानते है।

4. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की राशि समय पर प्राप्त होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के ज्यादातर उत्तरदाताओं को योजना की राशि समय पर प्राप्त हुई थी।

5. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार अध्ययन क्षेत्र के सर्वाधिक उत्तरदाताओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा है।

6. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई के स्वरूप के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार लाभांवित अधिकतर उत्तरदाताओं के अनुसार मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में आवेदन प्रक्रिया जटिल है।

7. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के उचित क्रियान्वयन में सुझाव देने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार अधिकतर उत्तरदाता इस योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए सुझाव देने के लिए सहमत है।

8. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के उचित क्रियान्वयन में सुझाव के प्रकार के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार अधिकांश उत्तरदाताओं का सुझाव है कि उक्त योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए आवेदन प्रक्रिया को आसान करना चाहिए।

3. आवास सहायता योजना के संबंध में उत्तरदाताओं का अभिमत

1. आवास सहायता योजना की पूर्ण राशि मिलने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार योजना से लाभांवित समस्त उत्तरदाताओं ने बताया है कि उन्हें उक्त योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित पूर्ण राशि प्राप्त हुई है।

2. आवास सहायता योजना की राशि समय पर प्राप्त होने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार आवास सहायता योजनान्तर्गत सर्वाधिक उत्तरदाताओं को आवास सहायता योजना की राशि समय पर प्राप्त हुई थी।

3. आवास सहायता योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई होने

के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार सर्वाधिक उत्तरदाताओं को योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई है।

4. आवास सहायता योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई के प्रकार के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार आवास सहायता योजना से लाभांवित अधिकतर उत्तरदाताओं के अनुसार योजना में दस्तावेजों की अधिकता होती है।

5. आवास सहायता योजना के उचित क्रियान्वयन में सुझाव देने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार योजना से लाभांवित सर्वाधिक उत्तरदाता इस योजना के उचित क्रियान्वयन के लिए सुझाव देने के लिए सहमत है।

6. आवास सहायता योजना के उचित क्रियान्वयन में सुझाव के प्रकार के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार सर्वाधिक उत्तरदाताओं का सुझाव है कि उक्त योजना में दस्तावेजों को कम करना चाहिए।

उपसंहार – उक्त तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर यह स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में अनुसचित जनजाति समाज के लोगों के विकास में सरकार की नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. झाबुआ जिला सांख्यिकीय पुस्तिका
2. शुक्ल,एस.एम.,सहाय,एस.पी.(2005) सांख्यिकीय के सिद्धांत, साहित्य भवन प्रकाशन, आगरा(उ.प्र.)
3. भारत की जनगणना, 2011 मध्य प्रदेश श्रंखला–24

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Study of Photocatalytic Degradation of Phenoxazine Dye by Fenton Reagent

Dr. David Swami*

***Department of Chemistry, S.B.N. Govt. P. G. College, Barwani (M.P.) INDIA**

Abstract - A Photocatalytic degradation of phenoxazine dye was carried out by means of Fenton Reagent. Fenton system provides an economical approach in treatment of dye pollutants and played important role in the degradation of dye. In the present study of phenoxazine dye (BCB) degradation contribution of Fe^{2+}/Fe^{3+} got enhanced the rate due to generation of OH radicals. In Fe^{2+} or Fe^{3+}/H_2O_2 visible system. An increment in rate constant from $3.68X10^{-4}S^{-1}$ to $5.06X10^{-4}S^{-1}$ was observed with increase in $\{Fe^{3+}/H^2O^2\}$ from {3:1} to {1:1.4}

Introduction - It is well known that dye and their degradation bypreoducts originated through hydrolysis, oxidation and other chemical reactions are highly carcinogenic [(1)]. The conventional treatment processes usually cause secondary pollutions. Advanced oxidation process has emerged as an important class of technologies for the destruction of dyes in aquesous suspensions. One of most used AOPs for waste water treatment is the process reported by fenton 1894 [(2)]. Fenton's process uses H_2O_2 and ferrous salts to generate hydroxyl radicals. The Fenton process has several advantages mainly an increase of the degradation rate and no sludge generation [(3, 4)].

Experimental: Brilliant Cresyl Blue was obtained from Loba Chemie. Photo catalyst TiO_2 was obtained from the S.D. Fine Company. All Solutions were prepared in doubly distilled water. Photo catalytic experiments were carried out with 50 ml of dye solution (3.8x10-5 mol dm-3) using 300mg of TiO_2 photo catalytic under exposure to visible irradiation in specially designed double-walled slurry type batch reactor vessel made up of Pyrex glass (7.5 cm height, 6 cm diameter) surrounded by thermostatic water circulation arrangement to keep the temperature in the range of 30±0.3.c. Irradiation was carried out using 500 w halogen lamp surrounded by aluminum reflector to avoid irradiation loss. During photo catalytic experiments after stirring for 10 min slurry composed of dye solution and catalyst was placed in dark for ½ h in order to establish equilibrium between adsorption and desorption phenomenon of dye molecule on photo catalyst surface. Then slurry containing aqueous dye solution and TiO_2 was stirred magnetically to ensure complete suspension of catalyst particle while exposing to visible light. At specific time intervals aliquot (3ml) was withdrawn and centrifuges for 2 min at 3500 rpm to remove TiO_2 particle from aliquot to assess extent of decolourisation photo metrically. Changes in absorption spectra were recorded at 480 nm on double beam UV-Vis, spectrophotometer (Systronic Model No. 166) Intensity of visible radiation was measured by a digital luxmeter (Lutron LX 101). pH of solution was measured using a digital pH meter.

Result and Discussion : Fenton's treatment is an attractive treatment for the effective decolorisation and degradation of dye because of its low cost, the lack of toxicity of the reagents. (Fe^{2+} or $Fe^{3+}$and H_2O_2). The Fenton system uses ferrous ions to react with hydrogen peroxide, producing hydroxyl, radicals with powerful oxidizing ability to degrade organic pollutants [(5)]. During reaction, ferric ions are formed which can be reacted to produce ferrous ions. The reaction of hydrogen peroxide with ferric ions is referred to as a Fenton like reaction Equations (1) to (13) [(6)]. In the present study of BCB degradation contribution of Fe^{2+} / Fe^{3+} got enhanced the rate due to generation of $^{\bullet}OH$ radicals. In Fe^{2+} or Fe^{3+} / H_2O_2 visible system an increment in rate constant from $3.68 \times 10^{-4}\ s^{-1}$ to $5.06 \times 10^{-4}\ s^{-1}$was observed with increase in [Fe^{3+} / H_2O_2] from [3:1] to [1:1.4].

A mechanism has been reported supporting the Fenton process [(7)]. Maximum degradation rate was achieved at optimum concentrations of Fe^{3+} and H_2O_2. When the H_2O_2 concentration got higher, the oxidation rates were inhibited because H_2O_2 act as $^{\bullet}OH$ scavenger [(8)].

$Fe^{2+} + H_2O_2$ ------> $Fe^{3+} + OH^- + {}^{\bullet}OH$ (1)

$^{\bullet}OH + Fe^{2+}$ ------> $OH^- + Fe^{3+}$ (2)

$Fe^{3+} + H_2O + hv$ ------> $^{\bullet}OH + Fe^{2+} + H^+$ (3)

Upon irrradiation of Fe^{3+} / H_2O_2/ TiO_2/ BCB system with visible light, production of $^{\bullet}OH$ radicals increased involving a very complex mechanism. Dye absorbed visible irradiation and was excited into high energy state. This excited dye molecules reduced the ferric ion complex to

ferrous ion complex followed by the transfer to ferric ion [9].

$BCB + h\nu_{visible} \text{ -----> } {}_1BCB^* \text{ or } {}_3BCB^* \quad (4)$

${}_1BCB^* \text{ or } {}_3BCB^* + TiO_2(Fe^{3+}\cdot OH) \xrightarrow{h\nu} TiO_2(Fe^{2+}\cdot OH) + BCB^{+\cdot} \quad (5)$

$TiO_2(Fe^{2+}\cdot OH) + H_2O_2 \text{ -----> } TiO_2(Fe^{3+}\cdot OH) + \cdot OH + \cdot OH \quad (6)$

$TiO_2(Fe^{3+}\cdot OH) + H_2O_2 \text{ -----> } TiO_2(Fe^{2+}\cdot OH) + HO^{\bullet}_2 + H \quad (7)$

$TiO_2(Fe^{2+}\cdot OH) \xrightarrow{H^+} TiO_2(Fe^{3+}\cdot OH) + TiO_2(e^-_{CB}) \quad (8)$

$TiO_2(e^-_{CB}) + O_2 \text{ -----> } O^{\cdot -}_2 \text{ -----> } HO^{\bullet}_2 \quad (9)$

$H_2O_2 + O^{\cdot -}_2 \text{ -----> } \cdot OH + OH^- + O_2 \quad (10)$

$H_2O_2 + TiO_2(e^-_{CB}) \text{ -----> } \cdot OH + OH^- \quad (11)$

$\cdot OH + H_2O_2 \text{ -----> } H_2O + HO^{\bullet}_2 \quad (12)$


$BCB/BCB^{+\cdot} + \cdot OH / O^{\cdot -}_2 / HO^{\bullet}_2 \text{ -----> Degradation products} \quad (13)$

Table : Effect of Fe^{3+} / H_2O_2: [BCB] = 5.0 × 10^{-5} mol dm^{-3}, pH = 11.0

TiO_2 = 150 mg /100 mL, Light intensity = 14 × 10^3 lux, Temperature = 30 ± 0.3 ºC.

Fe^{3+}:H_2O_2	With TiO_2		Without TiO_2	
	$k \times 10^{-4} s^{-1}$	$t_{1/2} \times 10^3 s^{-1}$	$k \times 10^{-4} s^{-1}$	$t_{1/2} \times 10^3 s^{-1}$
3:1	3.68	1.88	1.25	5.54
1.4:1	4.10	1.69	2.10	3.30
1:1.4	5.06	1.36	2.50	2.77
1:3	3.22	2.15	2.70	2.56
11:1	2.22	3.12	3.00	2.31

Fig. : Effect of Fenton reagent



Conclusion : The Fenton Reagent using visible light offers a very alternative for the degradation and mineralization of the Brilliant Cresyl Blue dye. TiO^2 mediated degradation of dyes in combination with Fenton reagent has been found to be an effective treatment technology. Maximum degradation rate was achieved at optimum concentrations of Fe^{3+} and H_2O_2.

Acknowledgement: Author acknowledgment the support and Laboratory facilities provided by Chemistry Department S.B.N. Govt. P.G. College, Barwani (M.P.)

References:-

1. Nam, S. and Tratnyek, P.G. Water Res. 34 **(2000)** 1837-1845.
2. Environmental Protection Agency (EPA) Advanced Photochemical oxidation processes. Office of Research and Development 1998.
3. Malato S, Blanco J., Vidal A., Applied Catalysis B Environmental **(2002)** 37.
4. Salnodori P.,Cuzzola A. Bernini M., Applied Catalysis B. Environmental 36 **(2002)**. 231– 237
5. Laat De, Gallard J., Ancelin H., and Legube B., Chemosphere, 39 (1999) 2693.
6. Feng W. and Nansheng D., Chemosphere, 41 **(2000)**78.
7. Sakthivel S., Neppolian B., Arabindoo B., Palanichamy M. and Murugesan V., Indian J. Eng. and Mater. Sci., 7 **(2000)** 87.
8. Neyens E. and Baeyens J., J. Hazard. Mater., 98 **(2003)** 33.
9. Shaobin Wang, Dyes and Pigments, 76 **(2008)** 714.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

शैलेश मटियानी के उपन्यासों में नारी-चित्रण

डॉ. यासमीन खान*

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) करियर कॉलेज ऑफ लॉ, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – नारी को ईश्वर की सर्वोत्कृष्ट रचना कहा गया हैं हमारे देश में नारियों का गौरवपूर्ण अतीत रहा है। नारी ममता, प्रेम, त्याग, करूणा, संवेदना तथा सहनशीलता आदि गुणों की साक्षात मूर्ति होती है। नारी को देवी, लक्ष्मी, नारायणी, कहकर सम्बोधित करने वाले हमारे देश में नारी की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। नारी को पूजने वाला समाज आज उसके अनाचार, शोषण, हिंसा, अत्याचार करने में तनिक भी गुरेज़ नहीं करता। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की कविता का यह अंश वर्तमान समय में नारी की दशा को स्पष्ट रूप से व्याख्यायित करता है।

'अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी।
आँचल में है दूध और आँखों में पानी।।'[1]

समाज व परिवार में नारी पर भांति-भांति से अत्याचार किया जा रहा है। सजग साहित्यकारों में नारी की दयनीय दशा की ओर सामाजिक चेतना लाने के लिये तथा उनकी दशा सुधारने के लिये लेखनी का सहारा लिया। शैलेश मटियानी भी उन्हीं सजग साहित्यकारों में से एक हैं जिन्होंने नारी के त्रासद जीवन को अपने कथा साहित्य में स्थान देकर अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। नारी के प्रति लेखक का दृष्टिकोण बिल्कुल भिन्न है। लेखक ने अपने उपन्यासों में नारी के दुखो-कष्टों, पीड़ा तथा संताप का मर्मस्पर्शी चित्रण किया। अनमेल विवाह में अधिकांशत: कम उम्र की लड़की को अपनी पिता की उम्र के पुरूष से ब्याह दिया जाता है। यह उस स्त्री के जीवन की कूट विसंगति है। शैलेश मटियानी इस विसंगति का मूल कारण आर्थिक विपन्नता को मानते हैं। धन के अभाव में या तनावग्रस्त या किसी समझौते के तहत फूलों से नाजुक किसी किशोरी को उसी के माता-पिता अधेड़ उम्र के पुरूषों के साथ वैवाहिक बंधन में बाँध देते हैं। चंद शहरों का शहर में परिहार गोम्स से कहता है- 'तुम्हारे इंग्लैण्ड में पचास साठ साल की औरतें इक्कीस- बाईस साल के लड़कों से शादी कर लेती है..... हमारे मुल्क में पचास-साठ साल की उम्र के लोग उन्नीस बीस साल की लड़कियों से शादी रचा लेते है।'[2] अधेड़ उम्र से विवाह के बाद उस युवती के अनेकों आकाँक्षायें अतृप्त रह जाती हैं।

उम्र के फासले के कारण गृहस्थी को गाड़ी सुचारू से नहीं चल पाती। उम्र के अन्तर के कारण महिला तथा पुरूष के न तो विचार मेल खाते हैं न ही मानसिकता और न ही वे भावनात्मक रूप से एक दूसरे को स्वीकार कर पाते हैं। रामकली और वसन्तलाल के मध्य क्रमश: पन्द्रह तथा बत्तीस साल का अन्तर था। इसी कारण उनके बीच मतभेद होते रहते थे। इसी कारण बतसंतलाल रामकली से कहता है- 'तेरे मेरे बीच उम्र का इतना फ़ासला न रहा होता, रामकली तो हम लोगों की गिरस्थी में दरार न पड़ी होती।'[3] शैलेश मटियानी ने उपन्यासों में अनमेल विवाह से पैदा हुई भीषण परिस्थितियों दु:खी दाम्पत्य जीवन, वैधत्य के बाद नारी के दुखद जीवन, आदि का यथार्थ चित्रण किया है। अनमेल विवाह जैसी कुप्रथा की शिकार युवतियों के प्रति लेखक की संवेदना व्यक्त करने में सफल हुये हैं।

मटियानी जी ने बेमेल विवाह के साथ बहुविवाह जैसी कुरीति पर भी लेखन किया है। 'चौथी मुट्ठी' उपन्यास में रूद्रदत्त पण्डा भौतिका को अपनी चौथी पत्नी के रूप में ब्याहता है। इसी प्रकार मटियानी जी ने अपने-अनेको उपन्यासों में बहुविवाह से उत्पन्न स्त्री की मनोदशा का मार्मिक चित्रण किया हैं। शैलेश मटियानी ने वैवाहिक बन्धनों के विविध रूपों द्वारा नारी की स्थिति को उदघाटित किया है, जैसे अन्तजार्तीय विवाह, प्रेम विवाह, विधवा विवाह, तलाकशुदा या परित्यक्ता नारी की वेदना को अभिव्यक्त किया है। मटियानी जी ने गोफुली गफरन, हौलदार, चंद औरतों का शहर, बोरवली से बोरबन्दर तक, कोई अजनबी नहीं, चौथी मुट्ठी आदि उपन्यासों में विवाह सम्बन्धी नारी की करूण दशा को उजागर किया है। 'चौथी मुट्ठी' उपन्यास में भगवती जोग्याणी कौशिला से अपनी दु:ख भरी दास्तान सुनाते हुए कहती है ..... सत्तरह बरस की उमर में बाल विधवा बन गई। आकाश उड़ते चील कौवों से अपनी मांस की बोटी बचानी कितनी मुश्किल होती हैं? दर-बदर, ठोकर खाई, तो एक रास्ता भक्ति मुक्ति की ही दिखाई पड़ा। सिर मुँडाया, कानों में काठ के मुँदरे पहने और जोग्याणी बन गई।'[4] स्त्री पुरूष सम्बन्ध अत्यन्त नाजुक होता है। भारतीय समाज पुरूष प्रधान है, अत: इन सम्बन्धों को गहराई से जोड़ने के लिये पुरूष का स्त्री से भावनात्मक रूप से जुड़ना आवश्यक होता है, अन्यथा रिश्तों की गरिमा भंग होती है। मटियानी ने अपने जीवन के आस-पास के परिवेश में जो देखा व समझा उसी को आधार बनाकर अपने उपन्यासों में दर्शाया है। इसी कारण उन्होंने नारी पुरूष के सम्बन्धों का गहन विश्लेषण किया है।

नारी जीवन की सबसे भयावह घटना है उसका यौन शोषण/एक स्त्री की देह को जब नोचा जाता है, तब वह जख्म उसके मन को अधिक घायल करते हैं। नारी मन की इस पीड़ा को लेखक ने मार्मिक चित्रण किया है। 'हौलदार' उपन्यास में नायक डूँगरूसिंह नरूली नामक स्त्री पात्र को छेड़ता है और उसका सीधा इशारा शारीरिक सम्बन्ध बनाने से था।' जीवन को उस दही-सा क्यों जमाती जा रही है, जिसका बिलोने वाला कोई नहीं? मुझे अपना 'टेकुवा' (पति की अनुपस्थिति में जिससे शारीरिक सम्पर्क बना रहता है) क्यों नहीं बना लेती?' गोपुली गफ़ुरन में गोपुली को भीमसिंह उत्पीड़ित करता है, 'एक मूंठ सरसों' में उदुवा-सदुवा और दिलीप नामक पुरूष देवकी का शारीरिक शोषण करते हैं। 'बोरवली से बोरीबन्दर' तक में सेठ नौकरानी

का यौन शोषण करता है। लेखक ने समाज में यौन शोषण की वीभत्सता का सूक्ष्म अन्वेषण किया है। अनेकों परिवारों में युवती अपने ही परिवार में बलात्कार का शिकार होती है। चिट्ठि सैन उपन्यास में गाँगुली को उसका पिता गर्भवती बना देता है। 'बौज्यू के साथ इजा के बाद में मर जाने की वजह से मैं बचपन से ही सोती रही। शुरू-शुरू में मुझको खास जानकारी भी नहीं थी। डाड जरूर भारती थी, जोर-जोर से, पर बौज्यू, दूध जलेबी दे-देकर चुपका देते थे, ऐ चेली ऐसे रोयेगी तो सौरास में कैसे काम चलाएगी? मेरा कोई भाई नहीं है, तो मैं बौज्यू से पूछती थी कि मेरा भाई क्यों नहीं है? ..... तो बौज्यू कहते कि चेली, तेरी इजा के पास बेटा पैदा करने की मशीनरी नहीं रही।.... शायद, मेरे बोज्यू ने उसी मशीनरी को मुझमें ढूँढने की कोशिश की और आज में भरा कचहरी में अपना भाई लेकर हाजिर हुई हूँ।'[5] स्त्री का यौन शोषण करने वाले पुरूष किसी मानसिक विकृति का शिकार होते हैं। वे इस घिनौने कृत्य को करते समय रिश्तों की मर्यादा तक का लिहाज नहीं करते। शैलेश मटियानी ने आहत स्त्री मन की दशा का हृदय विदारक चित्रण किया है।

नारी जीवन की अनेक समस्याओं के समान वैश्यावृत्ति भी एक गम्भीर समस्या है। नारी शोषण की सबसे वीभत्स और घृणित रूप वैश्यावृत्ति है। शैलेश मटियानी ने अपने उपन्यासों के माध्यम से वैश्याओं की परिस्थितियों, असंगतियों, विषमताओं और सामाजिक समस्याओं का चित्रण किया है। इस समस्या को उजागर करने के पीछे लेखक का उद्देश्य है कि वह नारी जीवन की समस्या का गहराई से समझकर, समाज को समझा सके तथा उसका कारण ढूंढकर सुझाव और निराकरण निकालकर उनके जीवन स्तर को सुधार सके। डेरेवाले, दो बूँद जल, बावन नदियों का संगम, जैसे कुछ उपन्यासों की कथावस्तु की वेश्या जीवन पर आधारित है। जबकि चौथी मुट्ठी, बोरवली से बोरीबंदन तक जैसे अन्य उपन्यासों में वेश्यावृत्ति की समस्या को लेखक ने उपन्यासों में समाज पर वैश्यावृत्ति के जहर के प्रभाव को उजागर किया है। उन्होंने अपने उपन्यासों में यथार्थ प्रस्तुतिकरण के लिये मुम्बई महानगर के त्रिभुवन रोड़, दिल्ली के कुतुबरोड़ पर स्थित वैश्यालयों की स्थिति तथा इसके भीतर धुसी स्त्री स्त्रियों की दयनीय दशा का कुरूप चेहरा प्रस्तुत किया है। लेखक वैश्यालयों में स्त्री के पहुँचने का कारण आर्थिक हालातों को ही मानते है। 'कबूतरखाना' उपन्यास में इस बात का इशारा करते हुये, वे लिखते हैं- 'नारी शोषण का मूल कारण है, आर्थिक असमानता। इसी आर्थिक अव्यवस्था के कारण नारी खिलौनों की तरह बाजार में बिकती है, टूटती हैं, मिट्टी में मिल जाती है, वह भी, उसका मातृत्व भी इंसान की इन्सानियत भी अपने साथ दफन कर लेता है, नारी का यह नरक प्रस्ताव। जो अतिनिर्धन है, वे विवश हैं- अपनी माँ बहनों की अस्मत की रखवाली उनसे नहीं हो पाती। भाई इतना मजबूर है कि वह बहन को वेश्या बनने से बचा नहीं पाता। इसी तरह यहाँ मानवीयता के सारे नाते-रिश्ते अपठित असम्बद्ध होने के लिये मजबूर हो जाते है।'[6] वैश्यावृत्ति द्वारा नारी का शोषण समाज का आंतरिक कोढ़ है।

नारी जीवनपर्यन्त अपने परिवार व समाज के हित के लिये अपना अमूल्य जीवन न्यौछावर कर देती है। फिर भी वह युगों से पीड़ित और त्रस्त है। मटियानी जी नारी के त्रासद जीवन के पीछे भारतीय समाज में व्याप्त रूढ़िवादी विचार-मान्यताओं, परम्पराओं को मुख्य कारण मानते हैं। उन्होंने नारी की जागरूकता, शिक्षा को महत्व देते हुये वैवाहिक, पारिवारिक, आर्थिक समस्याओं को समाप्त करने की सूक्ष्म अभिव्यंजना प्रस्तुत की है। वे नवीन मान्यताओं की स्थापना के आधार पर स्त्री के कल्याण और सुखमय जीवन की कामना करते हैं। लेखक ने नारी की समस्याओं के साथ-साथ उन समस्याओं के समाधान का भी स्तुत्य कार्य किया है। लेखक का नारी उत्थान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण सराहनीय हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. यशोधरा/मैथिलीशरण गुप्त/पृष्ठ-47
2. चन्द औरतों का शहर/शैलेश मटियानी/पृष्ठ-94
3. रामकली/शैलेश मटियानी/पृष्ठ-109
4. चौथी मुट्ठी/शैलेश मटियानी/पृष्ठ-14
5. चिट्ठिसैन/शैलेश मटियानी/पृष्ठ-208
6. कबूतरखान/शैलेश मटियानी/पृष्ठ-67

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Ancient Script of India : Evolution of Writing Systems in India

Dr. Rajkumari Sudhir*

***Asst. Professor (English) Govt. Sarojini Naidu Girls P.G. College, Bhopal (M.P.) INDIA**

Abstract - The period prior to the invention of writing is known as prehistoric when there was no written record of human thought and action. After script was invented, however, a written history of a civilization became available to supplement and clarify how the people lived and thought and, together, this provides the modern world with its history.

Introduction - Development of Script: Script developed from simple to more complex writing systems:

1. Pictographic (a symbol for an object, word, or phrase)
2. Ideographic (a symbol for an object or concept such as the sign % for percent)
3. Logographic (a symbol for an entire word or phrase)
4. Phonographic (a symbol representing a sound)
5. Alphabetic (less than 100 symbols (letters) used to form words representing objects and concepts)

The last three are still used in written languages today such as Chinese (logographic), Russian (phonographic), and English (alphabetic). Scholars continue to debate whether Mesopotamia, **Egypt**, or the **Indus Valley Civilization** first invented script, but generally, it is understood to have originated in Sumer. Once invented, it was then developed by other civilizations for communication, record keeping related to **trade**, and religious belief but, in time, would come to preserve every aspect of the human condition.

First Script Of The World: The earliest potters' marks in the subcontinent date to 6,500 years ago and were found in Harappa, and clearer writing emerged around 5,300 years ago, according to Jonathan Mark Kenoyer of the University of Wisconsin, an expert on the Indus Valley. That is roughly the same period of proto-cuneiform emerging in Mesopotamia and hieroglyphic writing in Egypt.

After the pictographic and petroglyph representations of early man the first evidence of a writing system can be seen in the Indus valley civilization. c.**3500** BCE.The **Indus script** is made up of partially pictographic signs and human and animal motifs including a puzzling 'unicorn'. These are inscribed on miniature steatite (soapstone) seal stones, terracotta tablets and occasionally on metal. The designs are "little masterpieces of controlled realism, with a monumental strength in one sense out of all proportion to their size and in another entirely related to it", wrote the best-known excavator of the Indus civilization, Mortimer Wheeler, in 19681.

Script is the written expression of a language. **Cuneiform**, the first script, was invented in **Sumer**, **Mesopotamia** c. 3500 BCE, **hieroglyphics** sometime prior to the **Early Dynastic Period in Egypt** (c. 3150-2613 BCE),**Indus script**c.**3500** BCE,Dhamma Script-Pali and **Prakrit** in **India** during the c. 1500 to c. 500 BCE. **Writing** was later adopted by other cultures enabling the development of **civilization**.

The Dhamma Script: TheDhamma/ Bahmi/ ***Brahmi Script*** is the earliest **writing** system developed in **India** after the **Indus script**. It is one of the most influential writing systems; all modern Indian scripts and several hundred scripts found in Southeast and East Asia are derived fromBahmi/Brahmi.

Bahmi/Brahmi derives from the Indus script, a writing system employed in the Indus **Civilization** which fell out of use as this civilization came to an end. Those who support this hypothesis point out the resemblance between some of the signs of these scripts.

Rather than representing individual consonant (C) and vowel (V) sounds, its basic writing units represent syllables of various kinds (e.g. CV, CCV, CCCV, CVC, VC). Scripts that operate on this basis are normally classified as syllabic, but because the V and C component of Bahmi/Brahmi symbols are clearly distinguishable, it is classified as an alpha-syllabic writing system.

Another question about the origin of the Bahmi/Brahmi script relates to its antiquity. Until a few decades ago, the earliest securely dated examples available of the Brahmi script dated back to the 3rd century BCE, during the time when India was ruled by the **Mauryan Empire**. These examples were found on a set of royal rock inscriptions spread in North and Central India by the Indian emperor **Ashoka** (c. 268 BCE to 232 BCE), known as the **Edicts of Ashoka** or Ashokan Inscriptions.

Material Form & Use: Ashokan inscriptions are found on carved rocks, caves, stones slabs, and rock pillars. We also have some examples of short Bahmi/Brahmi inscriptions on small seals made of ivory, bone, stone, and terracotta dated to Mauryan times. Other examples come from potsherds and **copper** plates. With the rise of **Buddhism** as the dominant faith in India, we find Bahmi/ Brahmi inscriptions on monumental constructions known as 'donative records,' stating the names of different donors. The early 2nd century BCE saw the beginning of Bahmi/ Brahmi inscriptions on coins.

During the late 20th century CE, the notion that Bahmi/ Brahmi originated before the 3rd century BCE gained strength when archaeologists working at Anuradhapura in Sri Lanka retrieved Brahmi inscriptions on **pottery** belonging to the 450-350 BCE period. The earliest of these examples are single letters, and their dates have been established through radiocarbon dating. The language of these inscriptions is North Indian Prakrit (Middle Indic), an Indo-Aryan language.

Most examples of Bahmi/Brahmi found in North and Central India represent the Pali and Prakrit language. The Ashokan Inscriptions already show some slight regional variations on the Brahmi script. In South India, particularly in Tamil-Nadu, Brahmi inscriptions represent Tamil, a language belonging to the Dravidian language family, with no linguistic affiliation to the Indo-Aryan languages such as or Prakrit and Sanskrit.

Some Tamil examples come from inscribed potsherds found at Uraiyur (South India) dating to the 1st century BCE or the 1st century CE. In Arikamedu (South India) there is also evidence of an early form of Tamil in Brahmi inscriptions, dated to the early centuries CE. At this stage, different Brahmi characters specially adapted to suit Tamil phonetic were already in use. Examples of Tamil have not been identified among the earliest securely dated examples of Brahmi found at Anuradhapura in Sri Lanka, where the language represented isPrakrit.

By the 2nd century BCE, the Dhamma/Bahmi script becomes more widespread, and we can also detect the rise of marked regional variations.

The earliest identifiable use of Bahmi script found on ceramic surfaces was to indicate ownership of the item. Towards the mid-3rd century BCE, we see the first example of Bahmi being used for official communication in the production of seals and on the Ashokan Inscriptions. A few centuries later, Bahmi begins to be employed in religious contexts, both in architecture and for the transmission of religious texts.

Scripts Derived FromDhamma/Bahmi/Brahmi Script: During its long history of development, there has been a large number of scripts derived from Bahmi/Brahmi. Many of the scripts derived from Bahmi/Brahmi have been adapted to suit the phonetic of several different languages, deriving in many script variations. The origin of numerous writing systems currently in use across Asia including theGurmukhi, Kanarese, Sinhalese, Telugu, Thai, Tibetan, Javanese, Nagari Script- Sanskrit language; Hindi language and Bengali script and several others can be traced back to theDhamma/Bahmi/Brahmi script.

References:-

1. Wheeler, M. *The Indus Civilization* 3rd edn 101 (Cambridge Univ. Press, 1968).
2. Fairservis, W. A. *Sci. Am.* 248, 58–66 (1983).
3. Parpola, A. et al. (eds) *Corpus of Indus Seals and Inscriptions* Vols 1–3.1 (SuomalainenTiedeakatemia, 1987, 1991, 2010).
4. Rao, S. R. *The Decipherment of the Indus Script* (Asia Publishing, 1982).
5. Parpola, A. *Deciphering the Indus Script* (Cambridge Univ. Press, 1994).
6. Wells, B. K. *The Archaeology and Epigraphy of Indus Writing* (Archaeopress, 2015).
7. Farmer, S., Sproat, R. & Witzel, M. *Electron. J. Vedic Stud.* 11, 19–57 (2004); available at http://go.nature.com/vasrw5
8. Lawler, A. *Science* 306, 2026–2029 (2004).
9. Rao, R. P. N. et al. *Science* 324, 1165 (2009).
10. Sproat, R. *Language* 90, 457–481 (2014).
11. Andrew Robinson, Lost Languages: The Enigma of the World's Undeciphered Scripts and, most recently, The Indus: Lost Civilizations.
12. CristianViolatti. https://www.worldhistory.org/Brahmi_Script/
13. 'Cracking the Indus script' .A. Robinson (Nature 526, 499–501; 2015)
14. Allchin, F. *The Archaeology of Early Historic South Asia.* Cambridge University Press, 1995.
15. Chakrabarti, D. *The Oxford Companion to Indian Archaeology.* Oxford University Press, 2006.
16. Coulmas, F. *Blackwell Encyclopedia of Writing Systems by Florian Coulmas.* Wiley-Blackwell, 2006.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2018 में राजनीतिक दलों की विजय क्षेत्रो के प्रादेशिक स्वरूप का विश्लेषण

डॉ. राजकुमार चतुर्वेदी*

* एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, मांडलगढ़ (राज.) भारत

प्रस्तावना – राजस्थान भौगोलिक दृष्टि से मरु , मेरु एवं माल के नाम से प्रसिद्ध है। अर्थात यहां 61 प्रतिशत क्षेत्र में मरुस्थल फैला हुआ है, लगभग 9% क्षेत्र में अरावली पर्वत फैला हुआ है, तथा 30प्रतिशत क्षेत्र में मैदान फैला हुआ है। इस विविधता युक्त प्रादेशिक स्वरूप वाले राजस्थान प्रदेश में 2018 विधानसभा चुनाव मैं राजनीतिक दलों ने जिन निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त करी उनका प्रादेशिक स्वरूप इस शोध पत्र में बताया गया है।इस चुनाव में200 विधान सभा क्षेत्रो मे से199 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों मे चुनाव हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल ने 39. 30 प्रतिशत मत प्राप्त किए तथा 99 विधानसभा क्षेत्रों में विजय प्राप्त की। भाजपा ने 38.77 प्रतिशत मत प्राप्त कर 73 विधानसभा क्षेत्रो पर विजय प्राप्त करी। अन्य राजनीतिक दलों में बसपा ने 4 प्रतिशत मत प्राप्त कर 6 विधानसभा क्षेत्रो में, सीपीआईएम ने 2, बीटीपी 2, आरएलडी 1 तथा निर्दलीयों ने 9 .5प्रतिशत मत प्राप्त करके 13 निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त करी है। कांग्रेस दल एवं भाजपा में 0.53प्रतिशत मत का अन्तर था। इस अन्तर मे कांग्रेस पार्टी ने 26 निर्वाचन क्षेत्रों मे अधिक विजय प्राप्त की। तथा राजस्थान में सरकार बनाने में सफल रही।

शोध उद्देश्य– इस शोध पत्र में राजस्थान विधानसभा निर्वाचन 2018 में भीम राजनीतिक दलों ने विजय प्राप्त की है उस विजय का प्रादेशिक क्षेत्रों के अनुसार उसका विश्लेषण किया है। यह विजय कितने मतों के अंतर से हुई है । उसका भी प्रदेश अनुसार दिग्दर्शन किया गया है।

विधितंत्र एवं शोध सामग्री – इस शोध कार्य में मत उपलब्धि को प्रतिशत विधि में परिवर्तित कर विजय के अंतर को निकाला गया है। विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं यथा राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर, एवं चुनाव आयोग की वेबसाइट से आंकड़ों का संकलन कर इस शोध पत्र में समायोजन किया गया है।

राजस्थान के भौगोलिक प्रदेशों मे राजनीतिक दलों की विजय – राजस्थान में भौगोलिक 6 प्रदेश है ।

उत्तरी नेहरी प्रदेश – इन प्रदेशों में उत्तरी नेहरी प्रदेश मे कुल 11 निर्वाचन क्षेत्र हैं। जिनमें भाजपा को 5 तथा कांग्रेस दल को 4 निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई। तथा दो निर्वाचन क्षेत्रों मे से गंगानगर में निर्दलीय उम्मीदवार एवं भादरा में सीपी एम का उम्मीदवार जीता था।

मरुस्थलीय प्रदेश में विजय – यह राजस्थान के सुदूर पश्चिमी बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर तथा पश्चिमी जोधपुर के तीन क्षेत्रों में फैला हुआ है। इस क्षेत्र में 19 निर्वाचन क्षेत्र हैं। उनमें से पांच निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा, 13 निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस आई एवं एक निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई उम्मीदवार को विजय प्राप्त हुई थी।

अर्ध मरुस्थलीय प्रदेश में विजय – राजस्थान का यह प्रदेश झुंझुनू ,सीकर, चूरू ,नागौर ,पूर्वी जोधपुर, पाली, जालौर एवं सिरोही क्षेत्र में फैला है। इस प्रदेश को उत्तर में शेखावटी एवं नागौरी उच्च भूमि के नाम से तथा दक्षिण में लूणी के बांगड़ प्रदेश के नाम से जाना जाता है। इस प्रदेश में भाजपा को 17 निर्वाचन क्षेत्रों में ,कांग्रेस दल को 27 निर्वाचन क्षेत्रों में, तथा नवसृजित दल आरएलटी को 3, बसपा को 1 तथा तीन स्थानों निर्दलीयों को विजय प्राप्त हुई थी।

अरावली प्रदेश में विजय – यह प्रदेश विश्व की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखला वाला क्षेत्र है। इस प्रदेश का विस्तार मुख्य रूप से उदयपुर डूंगरपुर एवं राजसमंद जिले में है। सिरोही जिले के पिंडवाड़ा आबू निर्वाचन क्षेत्र को भी इसमें सम्मिलित किया जाता है। भाजपा को 10 निर्वाचन क्षेत्रों में, कांग्रेस दल को पांच निर्वाचन क्षेत्रों में, कथा दो निर्वाचन क्षेत्रों में यहां भारतीय ट्राइबल पार्टी विजय रही है।

उत्तरी पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश में विजय – राजस्थान का यह भाग यमुना का बांगड़ एवं बनास नदी का मैदान है। इस प्रदेश में अजमेर, अलवर, जयपुर, दोसा, भरतपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर,करौली, टोक एवं भीलवाड़ा है।इस प्रदेश में 73 निर्वाचन क्षेत्र है। यह प्रदेश राजस्थान की राजनीति को प्रभावित करता है। इसको राजस्थान का हार्टलैंड अर्थात आधार क्षेत्र भी माना जाता है। जो दल इस क्षेत्र में अधिक निर्वाचन क्षेत्र में जीतता है। सामान्यतया वही राज्य की राजनीति में सरकार बनाकर अपनी भूमिका अदा करता है। इस क्षेत्र में भाजपा ने 20 ,कांग्रेस दल ने 39 तथा अन्य दलों में बसपा ने 5, निर्दलीय ने 8, आरएलडी 1 निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त करी है।

दक्षिणी पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश में विजय – इस प्रदेश में राजस्थान 29 निर्वाचन क्षेत्र है । यह दक्षिणी पूर्वी प्रदेश है। यह निर्वाचन क्षेत्र चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, बूंदी, कोटा ,बारा एवं झालावाड़ जिले में स्थित है ।इस क्षेत्र में भाजपा ने 16, कांग्रेस ने 12 तथा एक निर्दलीय व्यक्ति बांसवाड़ा में जीता है।

कुल मिलाकर 3 प्रदेशों में जिनमें नारी प्रदेश अरावली प्रदेश एवं दक्षिणी पूर्वी कृषि प्रदेश में भाजपा नए अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त करें तथा तीन तीन प्रदेश जिनमें मरुस्थली प्रदेश अर्ध मरुस्थलीय प्रदेश एवं उत्तरी पूर्वी कृषि मैदानी प्रदेश में कांग्रेस दल ने अपनी भूमि का प्रभावी रूप

से निर्वहन करें जिससे वह राजस्थान में सरकार बनाने में अग्रसर हो सकी।

राजस्थान के प्रदेश अनुसार राजनीतिक दलों को प्राप्त विजय का मत प्रतिशत अंतर

नहरी प्रदेश– इस प्रदेश में कुल 11 निर्वाचन क्षेत्र हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में से भाजपा को पांच निर्वाचन क्षेत्रों में 19.36 प्रतिशत औसत मत अंतर से विजय प्राप्त हुई। भाजपा को इन निर्वाचन क्षेत्रो में अनूपगढ़ मे 26. 6 प्रतिशत, रायसिंहनगर 43 .75 प्रतिशत ,सूरतगढ़ 14 .8 2 प्रतिशत पीलीबंगा . 0 6 प्रतिशत, संगरिया 6.5 प्रतिशत विजय मिली है ।कांग्रेस को 4 निर्वाचन क्षेत्रो में 17 . 75 प्रतिशत औसत मत अन्तर से विजय मिली। करणपुर मे 38 .35 प्रतिशत,सादुलशहर मे 13 .21प्रतिशत, हनुमानगढ़ मे 13.85, नोहर मे 16.62 प्रतिशत से विजय प्राप्त हुई। तथा गंगानगर में निर्दलीय व भादरा मे सीपीएम उम्मीदवार विजय हुए थे।

मरुस्थलीय प्रदेश – राजस्थान के किस प्रदेश में 19 निर्वाचन क्षेत्र है। भाजपा को 10 . 15 औसत मत प्रतिशत से पांच निर्वाचन क्षेत्रों में विजय मिली । जिनमें सिवाना में 1.8 8प्रतिशत से, बीकानेर पश्चिम में 9.64 प्रतिशतसे, लूणकरणसर में 14 .90 प्रतिशत से ,नोखा 9. 96 प्रतिशत से, तथा फलौदी में 14.3 8 प्रतिशतसे विजय मिली थी। वहीं कांग्रेस दल को 18.81 औसत मत प्रतिशत से 13 निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त हुई। कांग्रेस दल के ये निर्वाचन क्षेत्र जैसलमेर में 29 .95, पोकरण में 1 .05, बाड़मेर में 33 .06, बयुत में 23.92 ,चौहटन मे 5.0, गुडामालानी 14 .51, पचपदरा में 3.45, शिव में 17.92, बीकानेर पश्चिम में 8 .23, खाजूवाला मे 37.45,कोलायत में 12 . 3 1, ओसियां 32.99 , शेरगढ़ में 24.71 मतों के अन्तर से विजय प्राप्त करी। इस क्षेत्र में डूंगरगढ़ में निर्दलीय उम्मीदवार ने 33.01 मत प्रतिशत से विजय प्राप्त करी थी।

अर्ध मरुस्थल क्षेत्र – इस क्षेत्र कुल 51 निर्वाचन क्षेत्र है।इन मे से भाजपा ने 17 विधानसभा क्षेत्रों में औसत 17.5 8 मत प्रतिशत से विजय प्राप्त करी। वहीं कांग्रेस दल ने 27 निर्वाचन क्षेत्रों में औसत 20.30 मत प्रतिशतअन्तर से विजय प्राप्त करी। भाजपा को सूरसागर में 6. 63, मंडवा में 2.91 ,सूरजगढ़ में 4 . 28, चूरू में 2.11, रतनगढ़ में 16.68, मकराना में 1.69 ,नागौर में 15.07, बाली में 29 .28 ,जैतारण में 18 . 57, पाली में 25 . 6 7 ,सोजत में 40. 16, सुमेरपुर में 34 .08 रेवदर में 16 .6 3 ,आहोर में 21.42,भीनमाल में 22 . 22 ,जालौर में 27 .5 तथा रानीवाड़ा में 3 . 8 मत प्रतिशत अंतर से विजय प्राप्त हुई थी।

कांग्रेस दल को अर्ध मरुस्थलीय प्रदेश में 27 निर्वाचन में विजय प्राप्त हुई। इन निर्वाचन क्षेत्रो में से बिलाड़ा में 12.71 ,जोधपुर में 9.11 ,लोहावट में 38 .53 ,लूणी में 10 . 77, सरदारपुरा में 16 . 96 ,झुंझुनू में 53 . 25, खेतड़ी में 1 . 6 7 ,नवलगढ़ में 45.8 7, पिलानी में 12.98, सादुलपुर में 15 . 8 2 ,सरदार शहर में 17 . 64 ,सुजानगढ़ में 46. 3 3, तारानगर में 12.03, दातारामगढ़ में 1.41 ,धोद में 18.67, फतेहपुर में 1.07, लक्ष्मणगढ़ में 22 . 45, नीमकाथाना में 19.03, सीकर में 18.8 ,श्रीमाधोपुर में 12.97, डीडवाना में 43. 6 6 ,डेगाना में 28 .57 ,जायल में 27 . 19 ,लाडनूं में 19 .9 नावा में 3.12, परबतसर में 19.4 1, तथा सांचौर में 30. 60 मत प्रतिशत अंतर से विजय प्राप्त हुई थी।

इस प्रदेश में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को भोपालगढ़ में 7. 25, खींवसर में 20 .3 9, मेड़ता में 22. 25 मतों से विजय मिली थी ।उदयपुरवाटी, खंडेला मारवाड़ जंक्शन तथा सिरोही में निर्दलीय उम्मीदवारों की विजय हुई थी।

उत्तरी पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश – राजस्थान का यह प्रदेश 10 जिलों में फैला हुआ है इस प्रदेश में कुल 73 निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में से भाजपा ने 20 निर्वाचनक्षेत्रो मे औसत 19 .37 मत प्रतिशत अंतर से तथा कांग्रेस दल ने 39 निर्वाचन क्षेत्रों में औसत 33.35 मत प्रतिशत अंतर से विजय प्राप्त करी थी।

भाजपा को इस प्रदेश में अजमेर में 12 . 74 ,अजमेर दक्षिण में 8 . 25 ब्यावर में 6 . 4 3, नसीराबादमे 16 . 6 पुष्कर में 11 .06 ,आसींदमे 0. 21 भीलवाड़ा में 53 . 19, जहाजपुर में 13 .95, मांडलगढ़ में 15. 08, शाहपुरा में 73 . 40 ,अलवर नगर में 25 . 8 7 ,मुंडावर में 24 . 4 ,धौलपुर में 30 . 5 6, आदर्श नगर जयपुर में 14 . 17 ,बगरू में 5 . 52, चाकसू में 4 . 90, सिविल लाइंस में 20 .5 5, आमेर में 14 . 25 ,चाकसू में 0 . 83, मालवीय नगर में 2. 42 ,फुलेरा में 1. 5 3, सांगानेर में 32 .7 9, विद्याधर नगर में 32 .6 6 ,मालपुरा में 31. 94 मत प्रतिशत से विजय प्राप्त हुई थी। कांग्रेश दल को केकड़ी में 20 . 31, मसूदा में 3 . 92 ,अलवर ग्रामीण में 30 .07, बानसूर में 29 .2, कठूमर में 26.1, राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ में 36.55 , रामगढ 14 . 6 7, मांडल 13. 5, सहारा 10 .70, बांदीकुई 8 .44, दौसा मे 51. 4 6 ,लालसोट 10 . 27, सिकराय 35 . 02 ,बयाना 7. 6,दीग मे 11.0,कामा 35 .7, वैर मे 19.4 1, बाड़ी 24 . 69 बसेरि में 32 .3 3, राजाखेड़ा में 24 . 4 6 ,आदर्श नगर में 14 ,7 बगरू में 5 . 5, चाकसू में 4.9, सिविल लाइन में 20.55, हवामहल में 10. 8 5, जामवाल रामगढ़ में 24.31, झोटवाड़ा का 8 . 4 4 किशनपोल में 12.3 1, कोटपुतली में 24 .92, विराटनगर में 32 . 68, हिंडौन में 25 . 57, सपोटरा में 18 . 4 6, टोडाभीम में 68 . 7, बामनवास में 52 . 28, खंडार में 31.39 सवाई माधोपुर में 29 . 4 1 ,देवली उनियारा में 24 . 4 7, निवाई में 46 . 4 9 ,टॉक में 52 .4 3 मत अंतर से कांग्रेस दल को विजय प्राप्त हुई थी।

उत्तरी पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश में निर्दलीयों को किशनगढ़, बहरोड, थानागाजी, महुआ, दूदू ,बस्सी, शाहपुरा एवं गंगापुर सिटी में विजय प्राप्त हुई थी।

उत्तरी पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश में निर्दलीयों को किशनगढ़, बहरोड, थानागाजी, महुआ, दूदू ,बस्सी, शाहपुरा एवं गंगापुर सिटी में विजय प्राप्त हुई थी। तथा बीएसपी पार्टी को किशनगढ़ बास ,तिजारा ,नदबई ,नगर व करौली निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त हुई ।आरएलडी पार्टी को भरतपुर में विजय प्राप्त हुई थी।

The publishing business in America, according to Anis Shivani, engages in the "commodification of an exoticized Orientalism" by promoting some Indian English authors. He examines the writings of Manil Suri, Amith Chaudhury, and Pankaj Mishra to show how they create comparable pictures of India as a "static, unchanging collectivity of individuals consumed with private identity problems." In his view, the new fiction is "devoid of any sense of politics, history, or economy," and he blames these books for failing to portray how India was changing as globalization took hold. He goes on to say that this most recent iteration of orientalism to emerge from Indian authors is devoid of any genuine intellectual challenge to multiculturalism. (Shivani, 31)

These academics contend that authors from the Indian diaspora who write in English promote exoticism in order to satisfy Western market needs and publishing politics. They contend that by using Indian cultural references and exoticizing India, authors, especially contemporary writers, are trying to appeal to readers in the West. They also contend that by commodifying the Orient, writers from the Indian diaspora are reviving Orientalism in modern forms and modalities (Anis Shivani, Lisa Lau, Ana Christina Mendes, Om Prakash Dwivedi etc.). According to Lisa Lau, this phenomenon is called "re-Orientalism." "Re-Orientalism theory takes as its starting point the salient fact that by the 21st century, the East has increasingly seized the power of representation, but this representation is not exempt from being partial and skewed, and, moreover, it is still Western-centric and postcolonial," she writes. (Lau, LisaandDwivedi, 19) These analyses of Indian diasporic literature draw our attention to a number of issues and debates surrounding the genre. The focus of these conversations is the researchers' careful consideration of the representational challenges in this genre of postcolonial Indian diaspora literature. The studies demonstrate the scholarly interest in representational authenticity. Even though it is not feasible to describe all of the claims and disputes surrounding Indian diaspora novels in this article, an attempt is being made to highlight a few of them in order to illustrate the subtleties of these discussions.

Conclusions: Some important concerns might be asked against the background of the discussions and dialogues shown here. As was previously said, many universities and undergraduate programs teach novels written by individuals of the Indian diaspora. The issue that arises is how, in the context of the material covered above, instructors may detect and grasp the very character of this genre and impart it to their pupils. What does "authenticity of portrayal" mean? Is it accurate to argue that these authors are promoting the unusual in the guise of telling a story about their native country? How can we explain authors who claim to be portraying their personal experiences? How can we explain the astounding rise of Indian authors' fiction in the diaspora? The topic is, in essence, how to make sense of the conversations around Indian diaspora books. To have a deeper grasp of this genre, these issues need to be investigated and analyzed further. They undoubtedly provide

a broad variety of subjects for further research and thoughtful involvement.

References: -

1. Kumar,Gajendra. (2002). *Indian English Novel: Text and Context.*Sarup&Sons.
2. Mukherjee,Meenakshi.(2002).*The Perishable Empire: Essays on Indian Writing in English*. Oxford University Press.
3. Srivastava, Neelam. (2007). *Secularism in the Postcolonial Indian Novel: National and Cosmopolitan Narratives in English.* Taylor & Francise-Library.
4. Dwivedi, Om Prakash and Lisa Lau, editors. (2014).*Indian Writing in English and the Global Literary Market.* Palgrave Macmillan.
5. Kumar Das, Bijay. (2011). *The Politics of Identity: The Emigrants Writes Back.* The Literary Criterion. V(XLVI). 5-17.
6. Mishra,Vijay. (2007).*TheLiteratureofthe Indian Diaspora: Theorizing the diasporic imaginary.* Routledge.
7. Paranjape, RMakarand. (2003). *Writing Across Boundaries: South Asian Diasporas and Homelands. Diaspora and Multiculturalism: Common Traditions and New Developments.* edited by Monika Fludernik, Rodopi. 231-260.
8. Huggan,Graham.(2001). *ThePost –Colonial Exotic: Marketing the Margins.*Routledge.
9. Nayar, K. Pramod. (2014). *Indian Writing in English as Celebrity. Indian* Writing in English and the Global Literary Market, edited byOm Prakash Dwivedi and LisaLau,Palgrave Macmillan.32-47.
10. Nabar, Vrinda. (2014). *Writing India Right: Indian Writing and the Global Market.*Indian Writing in English and the Global Literary Market, edited by Om Prakash Dwivedi and Lisa Lau,Palgrave Macmillan.13-31.
11. Rajan,Julie VG (2014). *Indian Writing in the West: Imperialism, Exoticism and Visibility.*Indian Writing in English and the Global Literary Market, edited by Om Prakash Dwivedi and Lisa Lau, Palgrave Macmillan. 48-61.
12. Figueira, Dorothy M. (2014). *How Does It Feel to Be the Solution? Indians and Indian Diaspora Fiction: Their Role in the Market place and the University.* Indian Writing in English and the Global Literary Market, edited by Om Prakash Dwivedi and Lisa Lau, Palgrave Macmillan. 48-61.
13. Shivani, Anis. (2006*). Indi–Anglian Fiction: The Orientalism. Race and Class,* 47(4).1-25
14. Lau, Lisa and Dwivedi, Om Prakash. (2014). *Re–orientalism and Indian Writing in English.* Palgrave Macmillan.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Heat Shock Proteins (HSPs): A Review

Madhubala Rathore*

***Assistant Professor (Zoology) Govt. College, Chourai, Chhindwara (M.P.) INDIA**

Abstract - Heat shock proteins (HSPs) are a major class of proteins conserved in evolution.Many members of HSPs perform chaperone function through correct folding of protein that were damaged by stress in cell. HSPs maintain homeostasis from single cell to multicellular organism and their role in protein folding, protein degradation, differentiation, development and autophagy. Synthesis of Hsp for thermal protection duringheatshock in Dictyostelium.synthesis of Hsp70 before and after heat shock treatment in Dictyostelium. Hsp 90 reported in Dictyostelium which regulates the development.Hsp 70, Hsp 42, Hsp 26 and Hsp 22 are involved in autophagy process.

Introduction - Heat Shock Proteins (HSPS) : All cells that present in prokaryotes and eukaryotes in response ofstressful conditions like heat shock,cold,uv light etc.express group of protein called as heat shock protein (HSPs). HSPs Heat shock protein (HSP) is a major class of proteins conserved in evolution. These protiens classified according to their molecular weight, for example HSP 40, HSP 60, HSP 70, HSP 90, HSP100 and small heat shock proteins (sHSPs) and their molecular weight are 40, 60, 70, 90, 100, sHSPs have molecular mass 12-43 kilodaltons, respectively. These proteins maintain intracellular homeostasis under stressful conditions from single cell to multicellular organism and their role in protein folding, protein degradation, development, autophagy and anti-apoptotic etc.Due to their property of anti-apoptotic and stress tolerance beneficial in human disease like cancer, Alzheimer, Parkinson etc.

At one end HSP assist in protein folding by chaperones,and other end they perform autophagy or ubiquitin proteasome system (UPS) for the degradation of proteins.HSPs and autophagy are linked to each other for the maintainance of protein homeostasis (proteostasis) in eukaryotic system (Hartl,Chen,Rosenbaum.et al.,2011).

Autophagy: Cell respond during stressful conditions like starvation,infection,hypoxia it can be go for cell death pathway called as apoptosis or autophagy (self eating).Autophagy is an evolutionary conserved pathway.Eukaryotic cells maintain homeostasis by eliminating unwanted proteins or organelles to recycle their components during starvation through lysosomal degradation (Decuypereet al., 2011).Autophagy is a self-eating-cannibalistic pathway that mediates cryoprotection. Three types of autophagy depend on the condition of cytoplasmic materials delivered to lysosome for degradation are as follow:

1. **Macrophagy**
2. **Microautophagy**
3. **Chaperone mediated autophagy (CMA)**

Macroautophagy is an conserved process, promotes the degradation of cytoplasmic components such as unwanted proteins, damaged organelles through lysosome (Mizushima et al.,2011).

Microautophagy, protein enter through the invegination of lysosomal membrane and traped into the vesicles and degraded by proteases inside the lysosomal lumen. (Kaushik et al.,2012).Protein transfer from cytoplasm to the lysosomal membrane through chaperone binding and delivered to lumen of lysosome for degradation, this process called as chaperone-mediated autophagy (CMA)

Macrophagy is the most studied and the main focus of this review that involves formation of double membrane vesicle called as phagophore which elongates into autophagosome. It fuses with endosome or directly lysosome forming autolysosome (Kumar et al, 2010). Though the origin of autophagosome is still unknown, recent studies suggest that autophagosome formation is followed by omegasome formation which is a highly specialized subdomain of ER. Reports based on tomographic analysis revealed direct correlation between autophagosome and omegasome thus illustrating the importance of ER in autophagy(Ylä-Anttila , 2009).

To maintain autophagy in controlled manner this process is highly regulated, more than 30 autophagicgene (Atg) are present for its regulation. Initiation and execution of autophagy is regulated by Atg(Autophagy related protein) which is required for biogenesis and maturation of double membrane autophagosome(Reggiori et al.,2005).

Dictyosteliumis a model for the study of

autophagy.Induction of autophagy and its regulation depends on the energy and nutritional condition of the cell. TOR(target of rapamycin) is a nutrient sensor.TOR forms two complexes by the combination of different proteins and only one TORC1,involved in autophagy.Atg1 is a serine/ threonine kinase, play a key role in autophagy,which is regulated by TOR (Schmelzle, 2000;Mizushima,2010;chan EY,2009).Autophagy is initiated by mTOR inhibition under stress condition. mTOR inhibition leads to hypophosphorylation of Atgthat forms complex with Atg1/ULK1 and FIP200 which activates phagophore formation (Mizushima, 2010).

Elongation phase is characterized by Atg5-Atg12-Atg16L1 complex formation in a ubiquitin like reaction involving E1 like Atg7 and E2 like Atg10.Elongation continues with lipidation of microtubules associated protein I light chain 3 (Atg8/LC3). LC3I (cleaved LC3) conjugates with E1 like Atg7 and E2 like Atg3 to form LC3II. Lipid chain of LC3II along with Atg5-Atg12-Atg16L1complex insert into the membrane forming autophagosome. LC3II remain in the vesicle until it fuses with lysosome while Atg5-Atg12-Atg16L1 complex dissociates (Geng et al., 2008).

Autophagosomes are finally transported to the lysosome via microtubules in a dynein dependent manner. Final fusion of autophagosome with endosome and lysosome requires ESCRTIII , SNAREs , Rab7 and Class C Vps protein. Atlast the content of autolysosome along with its inner membrane is degraded by lysosomal hydrolases and is reused in the cell(Ravikumaret al,2010;Chen andKlionsky,2011).

Autophagy was initially known only as a cell survival mechanism but further studies showed that if death inducing signal persists for longer duration it may lead to autophagic cell death, termed as “Programmed cell death type 2(Harr et al., 2010).

This type of cell death is characterized by massive autophagic vacuolization in the cytoplasm and absence of chromatin condensation. Thus autophagy may be responsible for the obliteration of cells as a result of cytoplasmic degradation beyond a not yet clearly defined point-of-no-return(Zhivotovsky et al., 2011).

References:-

1. Gallagher, P. S., Oeser, M. L., Abraham, A. C., Kaganovich, D., & Gardner, R. G. (2014). Cellular maintenance of nuclear protein homeostasis. *Cellular and molecular life sciences*, *71*, 1865-1879.
2. Decuypere, J. P., Bultynck, G., & Parys, J. B. (2011). A dual role for Ca2+ in autophagy regulation. *Cell calcium*, *50*(3), 242-250.
3. Green, D. R., & Levine, B. (2014). To be or not to be? How selective autophagy and cell death govern cell fate. *Cell*, *157*(1), 65-75.
4. Kaushik, S., & Cuervo, A. M. (2012). Chaperone-mediated autophagy: a unique way to enter the lysosome world. *Trends in cell biology*, *22*(8), 407-417.
5. Lee, J. H., Yu, W. H., Kumar, A., Lee, S., Mohan, P. S., Peterhoff, C. M., ... & Nixon, R. A. (2010). Lysosomal proteolysis and autophagy require presenilin 1 and are disrupted by Alzheimer-related PS1 mutations. *Cell*, *141*(7), 1146-1158.
6. Ylä-Anttila, P., Vihinen, H., Jokitalo, E., &Eskelinen, E. L. (2009). 3D tomography reveals connections between the phagophore and endoplasmic reticulum. *Autophagy*, *5*(8), 1180-1185.
7. Reggiori, F., &Klionsky, D. J. (2005). Autophagosomes: biogenesis from scratch?. *Current opinion in cell biology*, *17*(4), 415-422.
8. Calvo-Garrido, J., Carilla-Latorre, S., Kubohara, Y., Santos-Rodrigo, N., Mesquita, A., Soldati, T., ... & Escalante, R. (2010). Autophagy in Dictyostelium: genes and pathways, cell death and infection. *Autophagy*, *6*(6), 686-701.
9. Schmelzle, T., & Hall, M. N. (2000). TOR, a central controller of cell growth. *Cell*, *103*(2), 253-262.
10. Mizushima, N. (2010). The role of the Atg1/ULK1 complex in autophagy regulation. *Current opinion in cell biology*, *22*(2), 132-139.
11. Chan, E. Y., &Tooze, S. A. (2009). Evolution of Atg1 function and regulation. *Autophagy*, *5*(6), 758-765.
12. Kondratskyi, A., Yassine, M., Kondratska, K., Skryma, R., Slomianny, C., &Prevarskaya, N. (2013). Calcium-permeable ion channels in control of autophagy and cancer. *Frontiers in physiology*, *4*, 272.
13. Geng, J., &Klionsky, D. J. (2008). The Atg8 and Atg12 ubiquitin like conjugation systems in macroautophagy. *EMBO reports*, *9*(9), 859-864.
14. Ravikumar, B., Sarkar, S., Davies, J. E., Futter, M., Garcia-Arencibia, M., Green-Thompson, Z. W., ... &Rubinsztein, D. C. (2010). Regulation of mammalian autophagy in physiology and pathophysiology. *Physiological reviews*, *90*(4), 1383-1435.
15. Chen, Y., &Klionsky, D. J. (2011). The regulation of autophagy–unanswered questions. *Journal of cell science*, *124*(2), 161-170.
16. Mizushima, N., & Komatsu, M. (2011). Autophagy: renovation of cells and tissues. *Cell*, *147*(4), 728-741.
17. Harr, M. W., &Distelhorst, C. W. (2010). Apoptosis and autophagy: decoding calcium signals that mediate life or death. *Cold Spring Harbor perspectives in biology*, *2*(10), a005579.
18. Zhivotovsky, B., &Orrenius, S. (2011). Calcium and cell death mechanisms: a perspective from the cell death community. *Cell calcium*, *50*(3), 211-221.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

गठबंधन राजनीति और भारतीय लोकतंत्र : वर्तमान संदर्भ में

डॉ. सर्वेश्वर उपाध्याय*

* सहा. प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) सर हरीसिंह गौर महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – लोकतंत्र हमारे लिए एक शासन प्रणाली मात्र नहीं है, वस्तुत: यह हमारे देश की प्राचीनतम जीवन शैली है। प्राचीन भारतीय गणतंत्रों, सभा और समितियों में तथा तत्समय के जीवानाचार्य में जो सूत्र समाहित थे वही आज भी लोकतांत्रिक मूल्यों में आवश्यक व प्राथमिक तत्व माने जाते हैं। हमारे यहां लोकतंत्र प्राचीन समय से संचालित होता चला आया है। कालक्रम, सभ्यता के विकास, आवश्यकता और व्यवहारिकता के कारण लोक से तंत्र पृथक हो गया। तंत्र महत्वपूर्ण होता चला गया। संविधान निर्माताओं ने लोक और तंत्र के बीच संबंध, संतुलन और जवाबदेही बनाये रखने के लिए अधिक लोकतांत्रिक और सर्वाधिक श्रेष्ठ शासन प्रणाली लोक तंत्र के एक रूप संसदीय शासन पद्धति को चुना। साथ ही साथ बहुदलीय व्यवस्था समय के साथ पनपती गई, जिसने गठबंधन या सांझा सरकार की व्यवस्था की संभावनाओं को प्रबल कर दिया।

लोकतंत्रात्मक शासन प्रणाली के अन्तर्गत गठबंधन की राजनीति वस्तुत: सरकार बनाने का एक विकल्प मात्र है। जब आम चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है तो कुछ, लगभग समान विचाराधारा वाले दल मिलकर सरकार बनाने का दावा करते हैं जो कि गठबंधन या साझा सरकार कहलाती है, तब सरकार तो बन जाती है किन्तु अब निर्माण होता है त्रिशंकु (Hung) सरकार या त्रिशंकु लोकसभा का (Hung Parliament) का।

भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् लम्बे समय तक स्पष्ट बहुमत वाले दल की सरकार बनती रही किन्तु जब उस दल का करिश्माई व्यक्तित्व वाला तिलस्म टूटा तो यहां भी गठबंधन सरकार की स्थिति बन गई, जहां एक ओर गठबंधन सरकार लोकतंत्रात्मक संसदीय मूल्यों की रक्षा करने का विकल्प बनकर सामने आयी थी वहीं दूसरी ओर अस्थिर सरकारें, राष्ट्रीय हितों की जगह आंचलिक हितों को महत्व, संवैधानिक संस्था के महत्व में कमी, अवसरवादिता का वर्चस्व जैसे इसके कई ज्वलंत प्रश्नों को भी जन्म दिया। निश्चय ही गठबंधन सरकारों ने एक ध्रुवीय व्यक्तिवादी राजनीति को किनारे कर दिया किन्तु वही दूसरी ओर इसने अवसरवादी, क्षेत्रवादी तथा राष्ट्रहित के बजाय निजी हितों की प्रधानता वाली राजनीति को लोकतंत्र के पटल पर ला दिया।

गठबंधन राजनीति और भारतीय लोकतंत्र – गठबंधन राजनीति आधुनिक भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक सर्वथा राजनीतिक प्रयोग है जो कि प्राय: बहुदलीय प्रणाली वाले देश में प्रचलित होता है। बहुदलीय व्यवस्था वाले विभिन्न यूरोपीय देशों में आये दिन गठबंधन सरकारों का गठन होता रहता है। संभवत: जिसका मूल कारण स्पष्ट जनादेश का अभाव होता है।

डॉ. एन.सी. साहनी के अनुसार 'किसी साझा या गठबंधन सरकार का गठन तभी होता है जब एक सदन के विभाजित समूह अपने विभेदों का एक आश्चर्यजनिक समूह होता है बाह्य रूप से गठबंधन ठोस प्रतीत होता है किन्तु आन्तरिक रूप से यह दलगत मतभेदों से युक्त होता है और इसी कारण गठबंधन अस्थिर होता है।' इसी प्रकार ऑग के शब्दों में 'गठबंधन शब्द का प्रयोग विशुद्ध राजनीति संदर्भ में उस स्थिति के लिए किया जाता है जब विभिन्न राजनीतिक दल सरकार अथवा मंत्री मंडल बनाने के लिए तैयार हों।'

गठबंधन सरकार की कुछ विशेषताएं :

1. संसदीय लोकतंत्र में सामुहिक उत्तरदायित्व एक महत्वपूर्ण विशेषता होती है, लेकिन गठबंधन सरकार वास्तव में मंत्रि परिषद के सामूहिक उत्तरदायित्व का बहुत बड़ा मजाक होता है। क्योंकि इससे भिन्न-भिन्न दलों के लोग सामूहिक उत्तरदायित्व पर कम बल्कि निजी हितों पर अधिक ध्यान देते हैं।
2. एक दलीय सरकार एक अनुशासनबद्ध और सिद्धांतों को लेकर चलती है परन्तु गठबंधन सरकार के बहुरूपी होने (Heterogeneous) के कारण न्यूनतम साझा कार्यक्रमों पर सहमति बनना तथा ईमानदारी से उनका पालन होना एक कठिन कार्य होता है।
3. गठबंधन सरकार में अवसरवादिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। गठबंधन में शामिल होने से पूर्व ही राजनीतिक दल अपनी तथा कथित सौदेबाजी को प्रारम्भ कर देते हैं, जिसमें निजी लाभ सर्वोपरि होते हैं।
4. गठबंधन वाले क्षेत्रों में कोई स्थायी संबंध नहीं होते, समय व परिस्थिति के अनुसार यह बदलते रहते हैं।

आधुनिक भारतीय लोकतंत्र के इतिहास पं. नेहरू के देहावसान के पश्चात् ही गठबंधन की राजनीति ने केन्द्रीय राजनीति को महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित किया तथा इसका प्रभाव इतना दूरगामी हुआ कि स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न मस्तिष्क में उठने लगा कि क्या गठबंधन या साझा सरकार की राजनीति और संसदीय प्रणाली साथ-साथ अस्तित्व में रह सकते हैं, क्योंकि संसदीय व्यवस्था कुछ आदर्श, सिद्धांतों व मापदण्डों को लेकर चलती है।

भारत में गठबंधन राजनीति की शुरुआत – स्वतंत्र भारत में केरल में प्रथम आम चुनाव में ही गठबंधन सरकार बन गई थी। 1967 में कुछ राज्यों में कांग्रेस का प्रभाव कम हुआ और राज्यों में गठबंधन सरकार का गठन

हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर सांझा सरकार की शुरूआत 1977 में मोरार जी देसाई सरकार के गठन के साथ ही प्रारम्भ मानी जा सकती है, किन्तु पहली वास्तविक गठबंधन सरकार 1989 की वी.पी. सिंह की राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार थी, क्योंकि इस सरकार के पूर्व इस प्रकार की जो सरकारें बनी तो उन्होंने किसी प्रकार के न्यूनतम साझा कार्यक्रम को तैयार नहीं किया था अंतत: इस गठबंधन सरकार का दुखद पहलू भी यही रहा कि पूर्व सरकार की भांति वी.पी. सिंह सरकार भी लगभग 11 माह बाद ढह गई इसके पश्चात तो गठबंधन सरकार जैसे भारतीय लोकतंत्र की मजबूरी बन गई। इस प्रकार हम देखते हैं कि 1977 की विषम राजनीतिक परिस्थितियों के फलस्वरूप अस्तित्व में आई गठबंधन सरकार के भविष्य में इसे परम्परा का रूप दे दिया और आज यह परम्परा भारतीय लोकतंत्र का यथार्थ ही नहीं बल्कि प्राणवायु (ऑक्सीजन) का रूप ले चुकी है। जिसके अभाव में भारतीय संसद निष्प्राण प्रतीत होती है। आज इस अपरिहार्य स्थिति के कारण कई अनबुझे प्रश्नों ने हमारे सामने जन्म ले लिया है। जैसा कि –

आखिर इस अपरिहार्य स्थिति के लिए कौन–सी शक्तियां जिम्मेदार हैं? क्या यह व्यवस्था देश को स्वस्थ राजनीति प्रदान कर पायेगी? क्या इसे रचनात्मक बनाया जा सकता है? क्या इसके द्वारा संसद की त्रिशंकु अवस्था को बदला जा सकता है। इसी प्रकार के और भी कई प्रश्न हो सकते हैं जो आने वाले समय में स्वत: ही स्पष्ट होंगे।

वर्तमान राजनीतिक दौर को देखते हुए स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि इस प्राणवायु के अभाव में कोई भी सरकार नहीं चल सकती और निचला सदन (लोकसभा) सदैव यूं ही अकाल मृत्यु का शिकार होता रहेगा, जैसे – 11वीं लोकसभा डेड़ साल बाद ही भंग हो गई और मई–जून 1991 में अल्प मध्यावधि चुनाव हुए। इसी प्रकार 12वीं लोकसभा भी दो साल बाद ही 1998 में गिर गई। हालांकि 13वीं लोकसभा ने अपना कार्यकाल पूरा करके गठबंधन सरकार प्रणाली के कुछ नये आयाम प्रस्तुत किये किन्तु निश्चय ही इसकी सफलता का श्रेय किसी प्रणाली या दल के बजाए सफल नेतृत्व को दिया गया। लोकसभा की अकाल मौतों और मध्यावधि चुनावों ने, भारतीय चुनावों ने भारतीय जनमानस तथा यहां के लोकतंत्र के बीच एक नई बहस को जन्म दे दिया।

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

जहां गठबंधन सरकारों का विकृत चेहरा 1998 के बाद देखने को मिलता है वहीं मध्यावधि चुनावों का सिलसिला 1970 में श्रीमती गांधी के काल से ही देखने को मिल जाता है। तत्कालीन राजनीति में कांग्रेसी बनाम और गैर कांग्रेसी ही लोकतंत्र की धुरी नजर आते हैं? जिसके फलस्वरूप 90 के दशक में तीन बार मध्यावधि चुनाव (1991, 1998 और 1999) सम्पन्न हुए और हर बार त्रिशंकु लोकसभा का ही गठन हुआ। इस विश्लेषण में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों में सिर्फ अटल बिहारी वाजपेयी को छोड़कर शेष सभी अपरिपक्व राजनीतिज्ञ ही साबित हुए। श्री बाजपेयी की राजग सरकार ने विभिन्न प्रकार के चक्रवातों, झंझाबातों का सामना करते हुए 13वीं लोकसभा को सफलतापूर्वक लगभग साढ़े चार वर्ष तक चलाया और यदि वह अपनी राजस्थान, छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश की चुनावी सफलताओं से अति उत्साहित होकर अपनी सरकार समय से पूर्व भंग न करते तो 13वीं लोकसभा अबाध रूप से अपना कार्यकाल पूरा करती। तकनीकि दृष्टि से देखें तो राजग इतिहास बनाते समय चूक गया क्योंकि कोई भी गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका था।

यदि स्पष्ट बहुमत के आधार पर देखा जाये तो 14वीं लोकसभा के भी त्रिशंकु लोकसभा ही कहा जायेगा क्योंकि पहले चुनावों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं प्राप्त हो सका था। चुनाव के बाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) अस्तित्व में आया जो कि विभिन्न दलों का एक गठबंधन ही है।

14वीं लोकसभा की स्थिति

यू.पी.ए. (संप्रग)	–	126
राजग	–	187
वामपन्थी दल	–	62
समाजवादी पार्टी	–	36
बहुजन समाज पार्टी	–	19
अन्य	–	25

जैसा कि स्पष्ट है कि गठबंधन या साझा सरकार अब कोई नई बात नहीं रह गई है किन्तु यह भी सच है कि 13वीं व 14वीं लोकसभाओं में गठबंधन की राजनीति में नये आयाम जोड़े और इस प्रणाली को लगभग सर्वमान्य कर दिया। आज हम प्रत्यक्ष रूप में भले ही गठबंधन सरकार का पहला उदाहरण वी.पी. सिंह सरकार को बतायें किन्तु इस विचारधारा का जन्म तो 1977 की थी, मोरार जी देसाई सरकार से हो गया था क्योंकि जनता पार्टी सतही तौर पर भले ही एक ही राजनीतिक दल प्रतीत होता हो किन्तु वास्तव में वह अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न विचारधारा वाले दलों का ही गठबंधन था जिसमें तत्कालीन जनसंघ के अलावा स्वयं कांग्रेसी मोरारजी देसाई, समाजवादी नेता मधुलिमये, जार्ज फर्नाण्डीज, राजनारायण तथा सुरेन्द्र मोहन आदि व भारतीय क्रांति दल के चरण सिंह घटक जैसे लोग भी शामिल थे तथा चुनाव के ठीक समय पर वरिष्ठ कांग्रेसी हेमवती बहुगुणा तथा बाबू जगजीवनराम भी देसाई सरकार में शामिल हो चुके थे। इन दोनों नेताओं ने तो 'कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी' नामक दल की स्थापना करके लोकसभा चुनाव में 28 सीटें भी जीत लीं थीं। इन सीटों को मिलाकर देसाई सरकार को 298 सांसदों का समर्थन प्राप्त हो गया था। इस प्रकार 1977 के राजनीतिक परिदृश्य का अर्थ यह हुआ कि गठबंधन सरकार का इतिहास तो 1977 के पूर्व ही प्रारम्भ हो गया था। महत्वपूर्ण तथ्य है कि देसाई सरकार में तत्कालीन गांधीवादी, हिन्दूवादी तथा समाजवादी तीनों विपरीत व विरोधी विचारधाराओं के नेता शामिल थे साथ ही वामपंथी दलों ने भी बाहर से ही सही किन्तु इस सरकार को तीनों विपरीत व विरोधी विचारधाराओं के नेता शामिल थे, साथ ही वामपंथी दलों ने भी बाहर से ही किन्तु इस सरकार को अपना समर्थन दिया था क्योंकि सभी की संयुक्त शत्रु एक ही थी – इंदिरा गांधी। इस सभी ने 'इंदिरा हटोओं – देश बचाओ' का नारा देकर आपातकालीन राजनीति का पलटवार हमला किया और कांग्रेस को सत्ता से हटाने में सफलता पाई। त्रिशंकु लोकसभा की पुनरावृत्ति करीब एक दशक के पश्चात् पुन: हुई जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस परास्त हुई थी। 1989 में आम चुनावों में कांग्रेस केवल 193 सीटें ही जीत पाई थी। इसके विपरीत विश्वनाथ प्रताप सिंह और चौधरी देवीलाल के नेतृत्व में जनता दल के झंडे तले विपरीत विचारधारा व प्रतिबद्धता वाले तथ्व संगठित हो गये। इसको कांग्रेस के बाद सबसे अधिक 141 सीटें मिलीं। इसके कई क्षेत्रीय दलों ने इसे अपना समर्थन प्रदान किया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी (सीट–88) और वामदलों (सीट–51) ने सरकार से

बाहर रहकर सत्तारूढ़ जनता दल को अपना समर्थन दिया। इस त्रिशंकु लोकसभा का उल्लेखनीय पहलू यह है कि मोरार जी देसाई की तरह विश्वनाथ प्रताप सिंह भी विद्रोही कांग्रेसी प्रधानमंत्री थी। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह किया। उनके साथ अन्य विद्रोहियों में शामिल थे – विद्याचरण शुक्ल, अरुण नेहरू, आरिफ खान जैसे वरिष्ट कांग्रेसी नेतागण जो अब जनतादल में थे।

गठबंधनीय राजनीति का यह भी एक प्रयोग था जो कि पूरी तरह सफल नहीं हो सका। यह सरकार गठन के समय से ही अनेक मतभेदों से गुजर रही थी। देवीलाल प्रभावी होते हुए भी प्रधानमंत्री न बन सके और अनमने ढंग़ से उपप्रधानमंत्री बने थे फिर 1990 में मंडल और कमंडल के बीच आत्मघाती भिड़ंतों का दौर शुरु हो गया। प्रधानमंत्री श्री सिंह मंडल आयोग की सिफारिशों के माध्यम से पिछड़ों को आरक्षण प्रदान करके अपने नेतृत्व को सुद्रढ़ बनाना चाहते थे। इस प्रक्रिया से उनके वरिष्ठ साथी चौधरी देवीलाल और समर्थक घटक भाजपा के राजनीतिक आधार प्रभावित हो रहे थे। भाजपा ने अपने साम्प्रदायिक हिन्दु आधारों की सुरक्षा व सुद्रढ़ीकरण के लिए कमंडल अर्थात सोमनाथ से अयोध्या रथ यात्रा भाजपा ने हिन्दू मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए प्रारम्भ की थी। यात्रा का शंख बजाकर यह संकेत दे दिया था कि वह चुनाव के लिए तैयार है। बिहार के समस्तीपुर में जब लालकृष्ण आडवानी को यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया तो भाजपा ने अपने 88 सांसदों की सिंह–सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी। नतीजा सिंह सरकार का पतन हो गया। लेकिन गनीमत यह रही कि लोकसभा भंग नहीं हुई। क्योंकि कांग्रेस, भाजपा के हिन्दू कार्ड के प्रभाव को देखते हुए चुनाव कराने के पक्ष में नहीं थी। उसने जनता दल से टूटकर आये 55 सांसदों के समर्थन प्राप्त चन्द्रशेखर को समर्थन देकर उनकी सरकार बनवा दी इससे चुनाव टल गये, दूसरी ओर कांग्रेस भी 1979 के देसाई सरकार के परिदृश्य को दोहराने की व्यूह रचना पर काम कर रही थी। 1979 में दोहरी सदस्यता के मुद्दे पर जनता पार्टी के जनसंघी तत्वों और समाजवादी तत्वों के बीच घमासान युद्ध हुआ था। समाजवादी नेताओं – मधुलिमये, जार्ज फर्नांडिस, राजनारायण आदि ने मांग की थी कि जनसंघी नेताओं – बाजपेयी, लालकृष्ण आडवानी आदि को चाहिए कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ अपना कोई संबंध नहीं रखे। वे केवल प्रधानमंत्री देसाई के निर्देशों का ही पालन करें, पर सरकार में शामिल जनसंघी मंत्रियों (विदेश मंत्री, वाजपेयी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री लालकृष्ण आडवानी) ने इस मांग को अस्वीकार कर दिया वहीं चरण सिंह अवसर की तलाश में थे और उनके अंदर प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा को कांग्रेस भांप चुकी थी, कुछ और कारण जुड़ते गये और नतीजतन देसाई सरकार का पतन हो गया और कांग्रेस के समर्थन में चौ. चरणसिंह की सरकार सत्ता में आई। लेकिन चंद दिनों के बाद ही कांग्रेस ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया लेकिन चरण सिंह ने लोकसभा भंग की सिफारिश कर दी यद्यपि बाबू जगजीवनराम ने सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत किया था लेकिन राष्ट्रपति नीलम संजीवन रेड्डी ने उसे स्वीकार नहीं किया और न ही कांग्रेस को सरकार बनाने का अवसर दिया बल्कि लोकसभा भंग कर नये चुनाव के निर्देश दिये। मध्यावधि चुनावें की घोषणा के साथ लोकसभा भंग हो गई।

1990 में वी.पी. सिंह सराकार के पतन के पश्चात जब चंद्रशेखर ने अपनी सरकार बनाने की घोषणा की तो कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तुरन्त ही 193 संसदों के समर्थन की घोषणा कर दी। 7 नवम्बर को सिंह–सरकार का पतन हुआ और तीन दिन बाद 10 नवम्बर को चन्द्रशेखर ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। जनता दल में विभाजन हो गया और जनता दल (सेक्यूलर) नाम से नई पार्टी अस्तित्व में आई, जिसे करीब 55–60 सांसदों का समर्थन प्राप्त था। ये सांसद जनता दल से टूटकर जनता दल (से) में शामिल हुए। कांग्रेस ने 1979 की पुरानी चाल चली और चंद महीनों के बाद ही चन्द्रशेखर सरकार से एक छोटे विवाद के चलते अपना समर्थन वापस ले लिया। वजह प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर द्वारा राजीव गांधी की जासूसी। यह एक छिछला बहाना था, समर्थन–वापसी का। लेकिन इस बार लोकसभा को भंग करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि मई व जून 1991 में सम्पन्न लोकसभा के चुनावों में कांग्रेस का स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। उसे केवल 244 सीटें मिली जो कि बहुमत से कम थीं। एक बार फिर त्रिशंकु लोकसभा गठित हुई लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने अल्पमतीय सरकार के बावजूद लोकसभा को सफलतापूर्वक पांच वर्ष तक जीवित रखा। इसके लिए उन्हें काफी जोड़–तोड़ करनी पड़ी। उन पर झारखण्ड के 11 सांसदों को खरीदने का आरोप भी लगा। अदालत में मुकदमा भी चला, पर वे जैसे–तैसे त्रिशंकु लोकसभा की नैया को खेते रहे और देश की मध्यावधि चुनावों से बचाए रखा। लेकिन राजनैतिक नैतिकता के मूल्यों की बलि अवश्य चढ़ायी गई। विरोधी विचारधारा के क्षेत्रीय दलों को भी महत्व देना पड़ा। इस लोकसभा में भाजपा की शक्ति में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। भंग लोकसभा में उसकी 86 सीटें थीं जो कि बढ़कर 119 पहुंच गईं। 1996 के आम चुनावों में फिर त्रिशंकु लोकसभा का जनादेश मिला। किसी भी राष्ट्रीय दल या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। यद्यपि 161 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। सत्तारूढ़ कांग्रेस को 140 सीटें ही प्राप्त हो सकीं। लेकिन भाजपा ने सदन में सबसे बड़े दल के नाते सरकार बनाने के दावा पेश कर दिया। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा ने सबसे बड़े दल को आधार बनाकर भाजपा नेता अटलबिहारी वाजपेयी को सरकार बनाने का अवसर भी दिया और 15 दिन के भीतर अपना बहुमत सिद्ध करने के लिए भी कहा। भाजपा को उम्मीद थी कि गैर कांग्रेसी दल उसे अपना समर्थन देने की घोषणा करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी वजह थी कि 1992 के 6 दिसम्बर को अयोध्या में हुए बाबरी मस्जिद विध्वंश का आरोप इन पर था जिसमें कोई भी इनका सहभागी नहीं बनना चाहता था। इस बहुआयामी त्रासदी के बाद से भाजपा राजनीतिक क्षेत्रों में लगभग 'अछूत' सी हो गई थी। वांछित समर्थन के अभाव में वाजपेयी की 13 दिन में ही सरकार का पतन हो गया और कांग्रेस के समर्थन पर विभिन्न क्षेत्रीय दलों ने मिलकर संयुक्त मोर्चे का गठन किया जिसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री एच.डी. देवगौंणा के नेतृत्व में सरकार चलना प्रारम्भ हुई लेकिन गठन के समय से ही मंत्रालयों को लेकर, न्यूनतम सांझा कार्यक्रमों को लेकर कांग्रेस की महत्वाकांक्षा को लेकर इस सरकार में मतभेद उभर कर सामने आने लगे। अंतत: कुछ महीनों में ही कांग्रेस ने देवगौंणा से अपना समर्थन वापिस लेकर देश को एक बार फिर अस्थिरता के दौर में ढ़केल दिया। कांग्रेस के अध्यक्ष सीताराम केसरी चाहते थे कि अन्य दल कांग्रेस को सपोर्ट करें और कांग्रेस नेतृत्व में सरकार बने लेकिन बात नहीं बन सकी। परिणाम स्वरूप कांग्रेस ने आई.के. गुजराल को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया और इस सरकार को समर्थन दिया लेकिन राजीव गांधी हत्याकांड के मामले को लेकर डी.एम.के. से मतभेद के चलते इस सरकार को भी नहीं चलने दिया और देश में पुन: चुनाव हुए।

चुनाव पश्चात् 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार का गठन हुआ जिसमें ए.आई.डी.एम.के. की नेता जयललिता से मतभेदों के चलते इस सरकार को एक वोट से पराजित होना पड़ा और देश पुन: चुनाव का सामना करने के लिए तैयार हुआ। 1999 में पुन: एक बड़ी ताकत के रूप में उभर कर भाजपा ने वाजपेयी जी के नेतृत्व में रा.ज.ग. सरकार का गठन किया, यह सरकार सफलता के साथ आगे बढ़ रही थी लेकिन 4 वर्ष 6 माह में इस सरकार ने चुनाव कराने का निर्णय लिया जिससे परिणाम बदल गये और कांग्रेस के नेतृत्व में यू.पी.ए. गठबंधन ने काम करना प्रारम्भ किया जो 2014 तक चला। 2014 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव का विगुल बजाया और इसमें भाजपा अकेले ही बहुमत लेकर आयी लेकिन उसने अपने गठबंधन को नहीं छोड़ा। यद्यपि कुछ क्षेत्रीय दलों से मतभेदों के चलते उसे कुछ परेशानियां हुईं परन्तु, चूंकि वह अकेले बहुमत में थी इसलिए उसे ज्यादा चिंता भी नहीं। यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनाव में हुई जबकि भाजपा और मजबूत होकर उभरकर सामने आयी और लोकसभा में स्पष्ट बहुमत से बहुत अधिक बहुमत उसे प्राप्त हुआ।

2014 व 2019 के आम चुनाव में यह स्पष्ट कर दिया कि कम से कम केन्द्र में अब गठबंधन सरकार के आसार कम हैं क्योंकि राष्ट्रीय दल कांग्रेस, बसपा, माकपा, भाकपा अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहीं हैं। क्षेत्रीय दल भी अपने राज्य में ही अपने बजूद को बचाने की कवायद में लगे हुए हैं लेकिन राज्यों में आज भी गठबंधन सरकारों के गठन व महत्व को नकारा नहीं जा सकता। महाराष्ट्र, बिहार, केरल में ऐसी ही सरकारें काम कर रही हैं। आगे भी राज्यों में गठबंधन सरकारों के गठन की संभावनाओं को अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

त्रिशंकु लोकसभा और गठबंधन सरकार के उदय के लिए मूलत: राष्ट्रीय दल अधिक जिम्मेदार हैं। क्योंकि ये दल देश के विषमताहीन विकास का मार्ग प्रशस्त नहीं कर सके जिसके फलस्वरूप कई ऐसे घटकों ने जन्म लिया जो गठबंधन राजनीति के उदय के कारण बने। जैसे –

1. क्षेत्रीय असंतुलन में बढ़ोत्तरी।
2. सामाजिक विषमता गहराई।
3. उभरती क्षेत्रीय महत्वाकांक्षी का प्रतिनिधित्व करने में विफलता।
4. कल्पनाहीन व समग्रताहीन नेतृत्व।
5. नई आक्रामक जातीय अस्मिताओं पर आधारित राजनीति।
6. क्षेत्रीय अथवा राजय स्तरीय दलों का केन्द्र में बढ़ता प्रभाव।
7. गैर-एकाधिकारवादी पूंजीवाद का विस्तार।
8. एक ध्रुवीय करिश्माई नेतृत्व का अंत।
9. उग्रवादी साम्प्रदायिकता का उदय तथा
10. राजनीति का अपराधीकरण।

तालिका 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

गठबंधन सरकारें पराकाष्ठा कहें या त्रासदी, यह यथार्थ भारतीय राजनीति की नियति बन चुका है प्राय: यह कहा जाता है कि गठबंधन राजनीति और मिलीजुली सरकार की दृष्टि से भारतीय नेतृत्व व राजनीति परिवक्व नहीं हुई है। क्योंकि इसमें गठबंधन के घटकों के निजी एजेण्डे व घोषणा पत्र होते हैं। गठबंधन के नेतृत्व को घटक के दबावों के अन्तर्गत काम करना पड़ता है। यद्यपि इस दृष्टि से भाजपा नेतृत्व वाले राजग ने करीब साढ़े चार वर्ष तक और 2014 के कार्यकाल को पूर्ण किया। 2019 के कार्यकाल को भी पूर्ण आत्मविश्वास के साथ पूरा करने का उसकी कार्य योजना है। सफलतापूर्वक सरकार चलाकर एक रिकार्ड बनाया है, पर यह सही है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जयललिता, ममता बनर्जी, ओमप्रकाश चौटाला, डी.एम.के., शिवसेना के बालठाकरे आदि की घातक तुनकमिजाजियों को भी आये दिन बर्दाश्त करना पड़ा था। जार्ज को दिल्ली-कलकत्ता-चेन्नई के बीच झूलते रहना पड़ता था। अडवानी और प्रमोद महाजन को ठाकरे को मनाने के लिए नई दिल्ली और मुंबई के बीच हवाई दौड़ें लगाने पड़ते थे। यद्यपि 24 घटकों के महाभानुमति के कुनबे की वाजपेयी सरकार ने अपना कार्यकाल तो पूरा कर लिया लेकिन शासन पूर्ण तनाव में चला। चूंकि 2014, 2019 में भाजपा अकेले ही बहुमत में रही तो इसमें सरकार की स्थिरता, आत्मविश्वास अलग से दिखाई दिया। इसी के चलते मोदी सरकार ने तीन तलाक, धारा 370 की समाप्ति जैसे बड़े कदम उठा लिए।

भाजपा का बढ़ता हुआ प्रभामंडल अन्य राष्ट्रीय क्षेत्रीय दलों के कमजोर स्थिति में यह तो स्पष्ट कर दिया कि राष्ट्रीय स्तर पर अब यदि गठबंधन सरकारें चलेंगी तो इसमें राष्ट्रीय दल का दर्जा ऊंचा ही रहेगा। सहयोगी दलों को राष्ट्रीय दल के प्रभाव को स्वीकार करना होगा। जैसे रा.ज.ग. में टी.डी.पी. व अकाली दल से मतभेद के चलते भाजपा ने झुकना पसंद नहीं किया, परन्तु बहुदलीय व्यवस्था वाले राष्ट्र में गठबंधन सरकारों की संभावनाओं को नकारा भी नहीं जा सकता और कम से कम राज्यों में इसकी संभावनाएं अब प्रबल दिखाई दे रही हैं। इसके चलते ही कांग्रेस जैसा राष्ट्रीय दल भी क्षेत्रीय दलों से समझौता के लिए तैयार है अत: आवश्यक है कि ऐसी सरकारों के गठन में कुछ सिद्धांत तय होने चाहिए। केवल अवसरवादिता लोकतंत्र को पक्षाघात की ओर ले जायेगी।

गठबंधन राजनीति के संबंध में कुछ सुझाव – आज जब भारतीय लोकतंत्र में गठबंधन राजनीति अपरिहार्य तथा लगातार खण्डित जनादेश के कारण एक राजनीतिक वास्तविकता बन चुकी है तब इस मजबूरी के साथ समझौता करने अर्थात गठबंधन सरकार को सफलतापूर्वक चलाने के संबंध में कुछ सुझाव दिये जा सकते हैं। जैसे –

1. चुनाव से पूर्व बने गठबंधन को ही गठबंधन सरकार का आधार माना जाना चाहिए। इसमें अवसरवादिता का तत्व अपेक्षाकृत कम पाया जाता है।
2. गठबंधन सरकार का नेतृत्व उसी दल को करना चाहिए, जिसे सर्वाधिक सीटें प्राप्त हुई हैं। मंत्रीमंडल में दल को उसे मिली हुई सीटों के अनुपात में ही स्थान दिया जाना चाहिए।
3. गठबंधन सरकार का गठन किसी सहयोगी दल के बाहर से प्राप्त समर्थन के आधार पर नहीं होना चाहिए, सभी दलों की सरकार में निश्चित भागीदारी होनी चाहिए।
4. सभी सहयोगी दलों अपने उत्तरदायित्व के निर्वाहन के लिए बाध्यकारी व्यवस्था होनी चाहिए।
5. गठबंधन सरकार का समय-समय पर घोषणा पत्र पर आधारित मूल्यांकन तथा सफल संचालन हेतु आवश्यक मंत्रणा का प्रावधान होना चाहिए।
6. संविधान संशोधन के माध्यम से लोकसभा को पांच वर्ष तक जीवित रखने का प्रावधान होना चाहिए। सरकार किसी की भी आये अथवा जाये।

7. अवसरवादी, बरसाती राजनीतिक दलों की रोकथाम के प्रयास किये जाने चाहिए।
8. प्रत्येक सहयोगी दल यह चाहता है कि महत्वपूर्ण विभाग/मंत्रालय उसके पास होना चाहिए। इसके लिए वैधानिक प्रावधान तो संभव नहीं है, समझौतावादी शैली को महत्व दिया जाना चाहिए।
9. क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय हितों पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।
10. इसी प्रकार विभिन्न संवेदनशील मुद्दों जैसे - कश्मीर समस्या, समान आचार संहिता, धार्मिक अथवा जातीय उन्माद, राज्यों का पुर्नगठन, परिवार नियोजन, चुनाव सुधार, संविधान संशोधन प्रक्रिया, पर्यावरण, व्यापार एवं वाणिज्य कृषि, राजनीति का अपराधीकरण, पूंजी का वर्चस्व, आरक्षण नीति, साम्प्रदायिक दंगे तथा अन्तर्राज्यीय नदी जल विवाद आदि, जैसे गम्भीर मुद्दो के बीच आधारभूत-न्यूनतम सहमति अवश्य बननी चाहिए जो राष्ट्र व लोकहित में जो अपनी सफल भूमिका निभा सकें। वास्तव में तभी भारतीय लोकतंत्र में गठबंधन राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षक व ऐतिहासिक परिणामों वाली हो सकती है।

संसदीय व्यवस्था अधिक उत्तरदायी, जवाबदेही वाली और अधिक लोकतांत्रिक व्यवस्था है परन्तु इसकी सफलता कुछ तय प्रतिमानों पर सुनिश्चित होती है। हमारे राजनैतिक दलों को उन प्रतिमानों का, सिद्धांतों का सम्मान करना होगा अन्यथा अवसरवादिता लोकतंत्र की गरिमा को क्षीण कर देगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. साहनी एन.सी. (सम्पा.), भारत में गठबंधन राजनीति, पे. 17-18
2. ऑग एफ.ए., 'गठबंधन' सामाजिक विज्ञान के एनसाइक्लोपीडिया में, पे. 600
3. डॉ. बसु डी.डी., भारत का संविधान एक परिचय, प्रेंटिसहाल, ऑफ इंडिया (प्रा.) लिमि. नई दिल्ली, 1998
4. डॉ. कश्यप सुभाष सी., भारत का संविधान, ने.बु.ट्र., नई दिल्ली, 2001
5. डॉ. जैन पुखराज, राजनीति विज्ञान, सहि.भ.पब्लि. आगरा, 2003
6. डॉ. श्यामसुंदरम् जे. तथा शर्मा सी.पी., राजनीति विज्ञान, रामप्रसाद एण्ड संस, भोपाल 1997
7. डॉ. नंदलाल, राजनीति विज्ञान, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, इंदौर, 2001
8. डॉ. नारायण इकबाल, राजनीति विज्ञान, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, आगरा 1997
9. डॉ. ग्रोवर बी.एल. एवं यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास, एस. चांद एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली 2000
10. डॉ. सरकार सुमित, आधुनिक भारत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2002
11. भारत 2000, भारत 2001, प्रकाशन विभाग, भारत सरकार।
12. मनोरमा इयर बुक, मलयाला मनोरमा कम्पनी लिमि., 2000
13. क्रॉनिकल इयर बुक, क्रॉनिकल्स पब्लिकेशंस, नई दिल्ली, 2001
14. मनोरमा इयर बुक, मलयाला मनोरमा कम्पनी लि. 2005
15. इंडिया टुडे (साप्ता.) जून, जुलाई 2004
16. आउट लुक (साप्ता.) मई, जून, जुलाई 2004
17. दैनिक जागरण, नई दिल्ली, मई-जून 1998 तथा अप्रैल-मई-जून 2004
18. हिन्दुस्तान, लखनऊ, मई-जून 1998, अप्रैल-मई-जून 2004
19. टाईम्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, मई-जून 2004
20. दैनिक नव दुनिया, जून 2009
21. दैनिक भास्कर, जून 2014
22. पत्रिका समाचार पत्र, जून 2019
23. दैनिक नव दुनिया, अगस्त 2022

तालिका 1 : लोकसभा का असामयिक विघटन

विघटितलोकसभा	वर्ष	प्रधानमंत्री	राजनीतिकाल	विघटन का कारण	आगामीचुनाव वर्ष
चौथी	1971	इंदिरा गॉधी	कांग्रेस (आई)	अल्पमत	1971
छटवीं	1979	चरण सिंह	भा.क्रांति दल	मुख्य घटक द्वारा समर्थन की वापसी	1980
नौवीं	1991	चन्द्रशेखर	जनता (एस)	मुख्य घटक द्वारा समर्थन की वापसी	1991
ग्यारहवीं	1998	इन्द्रकुमार गुजराल	संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा	मुख्य घटक द्वारा समर्थन की वापसी	1998
बारहवीं	1999	अटल बिहारी बाजपेयी	राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)	सदन में पराजित	1999
तेरहवीं	2004	अटल बिहारी बाजपेयी	राजग	मंत्रीमंडल की स्वेच्छा से	2004

तालिका 2 : चौदहवीं लोकसभा में आपराधिक पृष्ठभूमि के सांसदों की स्थिति इस प्रकार है -

एन.डी. (राजग)	सांसद	यू.पी.ए.(संप्रग)	सांसद	वामपंथी दल	सांसद	अन्य	सांसद
भाजपा	26	कांगेस	15	सीपीएम	05	एस.पी.	11
शिवसेना	04	राजद	10	सीपीआई	02	बीएसपी	07
अकाली दल	04	जेएमएम	03	फारवर्ड ब्लॉक	01	जद-स	01
जद-यू	02	एनसीपी	05		.	-	.
जद-बीज	01	डीएमके	02		.	-	.
—	.	एलजेएसपी	01		.	-	.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

The Impact of COVID-19 on Nursing Education

Malini Johnson*

***Asst. Professor (Botany) Government College, Sanwer, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract - The education suffering from negative impacts of pandemic of novel corona virus, Covid-19 has significantly disrupted every area of student's life. In this study analyzed the impact of covid-19 on the nursing students using sampling method with 450 students from nursing college Indore. India is moving to a knowledge driven society to create good graduate nurses with practical knowledge.

The nursing college was closed and the college cannot suffer loss of contact hours between the tutors and the nursing students. Hence, the nursing college was focused to adopt online teaching methodology with some preparation. This paper aims in understanding the nursing education impact, Indore (M.P.) during the covid-19. Nursing students has facing problems during the lockdown.

Keywords: Nursing students, education, Impact.

Introduction - Indore is the largest city. It situated on the southern edge of Malwa Plateau. Indore is Located at altitude of 553 meters above sea level. In ancient time going to college is the best public policy tool available to growing skills. Nursing college are facing the troubles, Nursing education has taken a big hit as it involves practical work. Nursing teaching is moving online, power point presentation on and without tested scale. Nursing student's assessments are also moving online with a different trial for everyone. COVID-19 has change the education system within a very short term. All nursing colleges have turned towards using digital teaching learning process.

Young men of Swedish Carlsson et.al.(2015) consider a situation and they have prepare important tests, The authors to identify a causal effect of schooling on skills.

The unique COVID-19 pandemic poses a significant risk to global health. It was initially identified as instances of pneumonia of unknown origin when it first appeared in December 2019 and came from Wuhan, China. 2020 (Wang et al.) The WHO categorised COVID-19 as a public health emergency as of January 30th, 2020, and as of March 11th, 2020, due to the worrisome surge in transmission, it was designated as a pandemic. 2020 (Liu at al.)

Clinical rotations and on-site classes for medical students were postponed in all provinces. Decisions have to be made right away, just like in any emergency or unusual circumstance. Due to the very condensed nature of medical curricula, there was an immediate transition to online teaching platforms as a means of making up for the loss of in-person large group lectures and in-hospital instruction. While earlier studies looked on how the current pandemic is affecting medical education (Dhillon et. al.2020)

Objectives : To study the impact were nursing college due to covid-19 pandemic on nursing education in Indore (M.P.). Worldwide alterations and disturbances in medical education were caused by the Covid-19 epidemic. We assessed medical students' perceptions of training, their experiences during the epidemic, and modifications to teaching strategies.

Materials And Methods: To make sure the draught questionnaire was clear, 50 participants took part in an initial test of the concept of an anonymous online survey. At the beginning of the questionnaire, the purpose and data usage were briefly outlined.

To summarise the gathered data, descriptive statistics were displayed as counts and percentages. To assess the pandemic lockdown's impact on online learning.

Nursing students Indore(M.P.), aged 18 or over and enrolled in a nationally qualified nursing colleges were eligible to take part in this survey.

Result: Mean age of the participants was 28.7years (*SD* =5.2). The age range was 17–44 years. Most of the students (79%) had studied up to secondary or tertiary education. The average scores of technology knowledge on online teaching, were 57.6%. The average score on the overall total knowledge was 56.4% (95% CI = 51.1–61.7%).

Factors that could have a detrimental overall effect on medical student training

Overall, 81.7% of participants (n = 286) reported that the Covid-19 pandemic negatively impacted their education as medical students, while 18.2% (n = 64) did not. On univariate analysis, female gender, a decrease in face-to-face lectures, tutorials, ward-based teaching, theatre sessions, conferences, and simulation sessions were

associated with a significantly higher proportion of students reporting an overall negative impact on training as opposed to participants who were not female or did not report a decrease in any of the previous teaching methods.

Conclusion: With the government having no real control over the educational system, it is clear that the COVID-19 pandemic has caused some kind of educational anarchy. The entire educational system will stagnate or possibly collapse if the appropriate steps are not implemented on time. Under the direction of the relevant staff, a taskforce on education needs to be established in each province to investigate options, provide quick fixes, and help instructors make up for lost time. The new initiatives must take advantage of low-tech strategies and offer certain e-learning platforms to those students who have access to technology because the bulk of pupils have almost no access to it.

References:-

1. Carisson, M, Dahl, GB, Ockert, B. and Rooth, D.(2015) : The effect of Schooling on cognitive skills.Review of economics and statistics 97(3):pp 533-547.
2. Dhillon J, Salimi A, ElHawary H. Impact of COVID-19 on Canadian medical education: pre-clerkship and clerkship students affected differently. *J Med Educ Curric Dev*. 2020;7:2382120520965247. 10.1177/2382120520965247 [PMC free article] [PubMed] [CrossRef] [Google Scholar]
3. Liu YC, Kuo RL, Shih SR. COVID-19: the first documented coronavirus pandemic in history. *Biomed J*. 2020;43(4):328-33. 10.1016/j.bj.2020.04.007 [PMC free article] [PubMed] [CrossRef] [Google Scholar]
4. Wang L, Wang Y, Ye D, Liu Q. Review of the 2019 novel coronavirus (SARS-CoV-2) based on current evidence. *Int J Antimicrob Agents*. 2020;55(6):105948. 10.1016/j.ijantimicag.2020.105948 [PMC free article] [PubMed] [CrossRef] [Google Scholar]

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

गोस्वामी तुलसीदास जी का प्रेम प्रवाह

डॉ. संगीता धुर्वे*

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) पं. एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रेम ही जीवन का सार है प्रेम जोड़ता है, तोड़ता नहीं। गोस्वामी जी ने प्रेम को महत्ता देते हुये 'रामचरण रति' को निर्वाण का साधन बताया है बल्कि यह कहना चाहिये कि सच्चा भक्त प्रेम के समक्ष निर्वाण को तुच्छ समझता है –
'जनम–जनम रति राम पद, यह वरदान न आन।'
प्रेम का सार श्री राम जी के चरणों में प्रेम है।
कुन्जी शब्द – प्रेम, जीवात्मा, परमात्मा, भक्त, विश्वास, निष्काम्।

प्रस्तावना – गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्रेम को सर्वाधिक महत्ता प्रदान की है। प्रेम सबको जोड़ता है, तोड़ता नहीं और यदि वह प्रेम श्रीराम से हो तो कहना ही क्या ! प्रेम स्वयं में दिव्य भाव है, प्रेम के बिना मानव जीवन ही क्या, पशु–पक्षियों का जीवन भी नही चल सकता –

'हित अनहित पसु पच्छिउ जाना' । (1)

मानव का जीवन प्रेम के बिना अमंगलकारी है, इसलिये कबीर को कहना पड़ा–

'जेहिं घट प्रीति न संचरै सो घट जान मसान'। (2)

प्रेम संसार की नस–नाड़ी में जीवनी धारा बनकर बहता है। प्राणदाता प्रेम ही है, जो जड़ को चेतन और चेतन को जड़ बना देता है।

'जो चेतन कहँ जड़ करई जड़हिं करइ चौतन्य'। (3)

मछली, पपीहा, चातक प्रेम के अनन्य प्रतीक हैं। जल को छोड़कर सारा संसार मछली का बैरी हैं। वैसे ही श्री राम के अतिरिक्त कोई भी जीवात्मा का अनन्त प्रेमी नही

'ज्यो बैरी मीन को, आपु सहित बिनु बारि।
त्यों तुलसी रघवीर बिनु गति आपनी बिचारि' ।।

प्रेम प्रवाह – प्रेमी की गति – मति उसका अराध्य ही है– यह प्रेम ही है जो जीवन को सार्थक बना देता है। इसीलिये भक्त की गति और मति श्री राम के प्रति प्रेम ही है। उसी का जन्म सार्थक है और उसी को विधाता ने जगत् में जन्म लेने फल यर्थात् रूप से उसी को प्रदान किया है जो श्री राम का प्रेमी है–

'राम सनेही राम गति राम चरन रति जाहि ।
तुलसी फल जग जनम को दियो बिधाता ताहि' ।। (5)

'सहज सनेही किसी स्वार्थ का अनुगामी नहीं।' प्रेम निर्वाक् और मौन है। विषय रस से विमुक्त हुये बिना प्रेम का स्वाद नहीं चखा जा सकता। यदि स्वाभाविक प्रेम नहीं होगा, तो मूड़ मुड़ाने और वैरागी का स्वांग भरने से कोई प्रेमी और सहज प्रेम का अधिकारी नहीं बन जायेगा–

'तुलसी जौ पै राम सों, नाहिन सहज सनेह ।
मूँड़ मुड़ायो बादिहीं, भाँड़ भयो तजि गेह' ।। (6)

वहीं यदि मन में संतोष है तो प्रेमी प्रेम के नगर में प्रवेश कर लेता है। गोस्वामी जी ने संतोष को पांचवीं भक्ति कहा है–

'पंचम जथा लाभ संतोषा, सपनेहुँ नहिं देखिअ पर दोषा' । (7)

जथा लाभ संतोष श्री रघुनाथ जी चरणों में प्रेम का संकेतक है जैसे घोड़ा एक स्थान पर खड़े रहकर उस स्थान को छोड़ता नहीं, पर उसी स्थान की मिट्टी को बार–बार खूँदता रहता है, वैसे ही यथालाभ संतुष्ट भक्त संसार के कर्मो का करते हुए भी मन को श्री राम प्रेम में अचल रखता है –

'जथा लाभ संतोष सुख रघुबर चरन सनेह ।
तुलसी जो मन खूँद सम कानन बसहुँ कि गेह' ।। (8)

वह व्यक्ति घर और वन में एक जैसा ही रहेगा। सच्चे प्रेमी का लक्षण यथा लाभ संतोष ही है। श्री राम के वनवास होने पर माता कौशल्या कहती हैं हे राम, राजा दशरथ जी ने तुम्हें वनवास दिया, इसका मुझे लेशमात्र कष्ट नहीं, क्योंकि मैं जानती हूँ तुम्हारे लिये घर और वन एक समान हैं। मुझे तो चिन्ता इस बात की है, कि तुम्हारे न रहने पर भरत तुम्हारे पिता और प्रजा को प्रचण्ड क्लेश होगा–

'राज दे न कहि दीन्हँ बन सो दुख मोहि न लेस ।
तुम बिन भरतहिं, भूपतिहिं प्रजहिं प्रचण्ड कलेश' ।। (9)

माँ कौशल्या का यह कथन प्रभु राम के स्वभाव के अनुकूल ही है। प्रभु श्री राम राज्याभिषेक सुन हर्षित नहीं हुए और वनवास को सुन उनकी मुख – पंकज श्री मलिन नहीं हुई–

'प्रसन्नतां या न गताभिषेकतस्तथा न मम्ले वनवासदु: खत: ।
मुखाम्बुजश्री रघुनन्दनस्य मे सदास्तु सा मज्जुलमण्ङल प्रदा'।।(10)

आज जब एक इंच जमीन के टुकड़े के लिए गले कट जाते हैं तब भाई के लिये सम्पूर्ण आयोध्या का राज्य छोड़कर ऐसे चल देना जैसे पथिक मार्ग में रात्रि के विश्राम के लिए मार्ग में प्रयुक्त वृक्ष को छोड़कर चला जाता है। यह प्रेम का अप्रतिम उदाहरण है। यह प्रेम ही प्रेमी को पुष्ट करता है और इस प्रेम का अभाव उसे निर्बल और शक्तिहीन कर देता है।

'रामप्रेम बिनु दूबरो, राम प्रेमहीं पीन।
रघुबर कबहूँक करहूँगे तुलसी ज्यों जल मीन' । । (11)

जिसने प्रेम को प्राप्त कर लिया उसने मानो जन्म लेने का फल प्राप्त कर लिया। जिसकी प्रभु चरणों में प्रीति है, उसी का जन्म सफल है–

'राम सनेही राम गति, राम चरन रति जाहि।
तुलसी फल जग जनम को दियो विधाता ताहि' ॥ (12)

प्रेम तो वास्तव में चातक का ही सराहनीय है, जो कठिन परीक्षा होने और विषम परिस्थिति होने पर भी प्रिय के प्रति विश्वास नहीं छोड़ता

'बध्यां परयो पुन्य जल उलटि उठाई चोंच।
तुलसी चातक प्रेम पर मरतहुँ लगी न खोंच' ॥ (13)

इसलिए गोस्वामी जी प्रेम के साथ विश्वास को आवश्यक समझते हैं, क्योंकि श्रद्धा और विश्वास के बिना प्रेम की पीठिका तैयार नहीं होती। अत: वे मानस के प्रारंभ में ही श्रद्धा, विश्वासरूप पार्वती – परमेश्वर की वन्दना करना नहीं भूलते–

'भवानी शङ्कौ वन्दे श्रद्धा विश्वासरूपिणौ।
याभ्यां बिना न पश्यन्ति: सिद्धा स्वातस्थ मीश्वरम' ॥ (14)

जैसे साँप को केंचुल छोड़ने पर दिखलाई पड़ने लगता है, वैसे ही विषयों से वैराग्य होने पर प्रेमपथ दिलाखाई पड़ता है–

'राम प्रेम पथ परिवसे दिए विषय तन पीठि।
तुलसी केचुल परिहरें होत सांपहू दीठि' ॥ (15)

राग एवं द्वेष को जीतकर श्रीराम जी से प्रेम करना ही भक्ति की रीति है–

'प्रीति राम सों नीति पथ चलिय राग रिस जीति।
तुलसी संतन के मते इहै भगति की रीति'॥ (16)

यह प्रेम ही तन को आदरणीय बना देता है। प्रेम के वश रूद्र ने देह को छोड़कर वानर के रूप में हनुमान होना स्वीकार किया और जगत् पूज्य बने–

'जेहि सरीर रति राम सों सोइ आदरहिं सुजान।
रूद्र देह तजि नेहबस बानर में हनुमान' ॥ (17)

निष्कर्ष – यह कहा जा कसता है गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्रेम की महिमा को स्वीकार करते हुये प्रभु श्रीराम के प्रेम को महत्ता प्रदान की है। जीवन की सार्थकता राम के प्रति सत्य प्रेम ही है–

'बंदहूँ अवध भुआल सत्य प्रेम जेंहि रामपद
विछुरत दीन दयाल सत्य प्रियतनं भ्रन इव परिहरेउ' ॥ (18)

मछली से पवित्र तीनों लोकों में कोई नहीं, क्योंकि निष्काम प्रेम करने वाली मछली जल से वियुक्त होते ही प्राण त्याग देती है–

'सुलभ प्रीति प्रीतम सबै कहत करत सब सोई।
तुलसी मीन पुनीत ते त्रिभुवन बड़ो न कोई' ॥ (19)

गोस्वामी जी का प्रेम–चित्रण श्लाध्य और अदभुत है जो विश्व – मानवता को दिशा देने में समर्थ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. गो. तुलसीदास, रामचरित मानस अयोध्याकाण्ड।
2. कबीर दास जी कबीर ग्रंथावली।
3. गो. तुलसी दास, दोहावली, दोहा क्रं. – 128
4. गो. तुलसी दास, दोहावली, दोहा क्रं.–56
5. गो. तुलसी दास, दोहावली, दोहा क्रं.–58
6. गो. तुलसी दास, दोहावली, दोहा क्रं. – 63
7. गो. तुलसी दास, रामचरित मानस, शबरी प्रसंग, दोहा क्र.–45
8. गो. तुलसी दास, दोहावली, दोहा क्रं. 62
9. गो. तुलसीदास, रामचरित मानस आयोध्याकाण्ड।
10. गो. तुलसीदास, रामचरित मानस आयोध्याकाण्ड, दोहा क्रं. 2
11. गो. तुलसी दास, दोहावली, दोहा क्रं.–57
12. गो. तुलसी दास, दोहावली, दोहा क्रं.–58
13. गो. तुलसीदास, रामचरित मानस आयोध्याकाण्ड, दोहा क्रं. 302
14. गो. तुलसी दास, रामचरित मानस, बालकाण्ड, श्लोक – 05, श्लोक क्रं0 02
15. गो. तुलसीदास, दोहावली, दोहा क्रं. – 82
16. गो. तुलसीदास, दोहावली, दोहा क्रं. – 86
17. गो. तुलसीदास दोहावली दोहा क्रं. – 142
18. गो. तुलसी दास, रामचरित मानस, बालकाण्ड, दोहा क्र.
19. गो. तुलसीदास, दोहावली, दोहा क्रं. 320

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् आवासीय एवं गैर-आवासीय छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर सामाजिक तनाव के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. हरेन्द्र कुमार* सुनीता**

* एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन कॉलेज, बडौत, (बागपत) (उ.प्र.) भारत
** शोध छात्रा, शिक्षक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन कॉलेज, बडौत, (बागपत) (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा के समय में विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रकार की चुनौतियॉ जैसे शैक्षिक उपलब्धि, कैरियर निर्माण, परिवार में समायोजन से लेकर विद्यालय में समायोजन, विभिन्न प्रकार के तनाव आदि अनेक ऐसी चुनौतियॉ माध्यमिक स्तर में अध्ययन करने वाले अधिकतर सभी किशोर विद्यार्थियों द्वारा समाना किया जाता है। शोधार्थनी में अपने शोध कार्य में आस पडोस के कारण होने वाले समाजिक तनाव का विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करने का निर्णय किया। शोध के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के मेंरठ मण्डल के माध्यमिक स्तर के आवासीय एवं गैर आवासीय विद्यालय कें विद्यालय में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों में से न्यायदर्श के रूप में 300 बालिकाओं का चयन यादृच्छिक विधि द्वारा किया गया। शैक्षिक उपलब्धि में लिए स्वंनिर्मित मापनी तथा समाजिक तनाव डॉ0 आभा रानी बिष्ट मापनी का प्रयोग कर आकड़ो को एकत्र किया गया। सांख्यिकीकरण के लिए मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात का प्रयोग किया गया। निष्कर्षों के आधार पर ज्ञात हुआ है कि आवासीय विद्यालय की बालिकाओं में शैक्षिक उपलब्धि, तथा गैर-आवासीय विद्यालय की बालिकाओं में समाजिक तनाव अधिक पाया गया।

शब्द कुंजी – आवासीय एवं गैर आवासीय विद्यालय, शैक्षिक उपलब्धि एवं सामाजिक तनाव।

प्रस्तावना – आधुनिक वैश्विक परिदृश्य में यह आवश्यक हो गया है कि बालिकाओं को लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य के परिप्रेक्ष्य में पूर्णता की ओर बढ़ा जाए। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र (शैक्षिक, प्रशासनिक, चिकित्सा एवं राजनैतिक क्षेत्र) में बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। सम्पूर्ण राष्ट्र में बालिकाओं की शिक्षा और उनके स्वास्थ्य के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उचित जागरूकता कार्यक्रम आवश्यक हैं। बालिकाओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है, जिससे कि राष्ट्र की प्रत्येक नारी में सशक्त होने की भावना जागृत हो सके। पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, अभिभावकों की जागरूकता ये सभी बालिकाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों रूपों से उसके शिक्षण कार्य, समाजिक प्रोत्साहन, तनाव एवं विभिन्न भागों को प्रभावित करता है। शैक्षिक जीवन में अनेक प्रकार की उपलब्धियाँ को समान्यतह शैक्षिक उपलब्धि कहा जाता है। शैक्षिक उपलब्धि को मुख्य रूप से विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों में आंका जा सकता है। शैक्षिक उपलब्धि के स्तर के उच्च करने के लिए बालिकाऐं विभिन्न प्रकार की चुनौतियॉ जैसे सामाजिक आर्थिक स्थित, समाजिक वातावरण, विद्यालय का स्तर, अध्यापकों की सहभागिता, तनाव, दबाव एवं दुश्चिंता आदि का सामना करना पड़ता है। इस सभी चुनौती में बालिकाओं को सर्वाधिक तनाव एवं दबाव उनकी शैक्षिक उपलब्धि को बाधित करता है। तनाव की अधिकता होने पर शैक्षिक प्रदर्शन एवं मनोवैज्ञानिक समायोजन के साथ-साथ भावनात्मक पक्ष अधिक प्रभावी होता है, **सिन्हा (2000)**। छात्राओं में शैक्षिक तनाव के स्त्रोत के अर्न्तगत परीक्षाओं के परिणाम, भविष्य की चिन्ता, परीक्षाओं के लिए अध्ययन, सीखने की विधियाँ आदि अनेक कारण है, **कोयूजामा (2004)**। सामाजिक तनाव एक प्रकार का मनोवैज्ञानिक विकार या विभ्रान्ति है, जो अपरिचित लोगो से व्यवहार करने परै प्रभावित करता है। शैक्षिक उपलब्धि को लेकर छात्राओं का भय उनके सामाजिक एवं भावनात्मक तनाव के कारण प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देते है। सिंह, जोगिंदर (2012) ने अपने लेख 'नो टेंशन' में लिखा कि हम यही सोचकर तनावग्रस्त रहते हैं कि हम सफल होंगे या नहीं। इससे हमारी सफलता संदेहात्मक हो जाती है और तनाव भी बढ़ता है। डब्लू0एच0ओ0 (2016) की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में लगभग 8 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा तनाव के कारण आत्महत्या के मामले सामने आये। भारत में यही संख्या लगभग 2500 चिंहित की गई।

शोध का औचित्य – माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सभी विद्यार्थी किशोरावस्था से समबन्धित होता है। किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन उन विद्यार्थियों को समाज के सुसभ्य नागरिक बनने के लिए अभिप्रेरित करता है, यही कारण है कि इस अवस्था में विद्यार्थियों अपने कैरियर के निर्माण के लिए एवं एक अच्छा जीवन यापन करने के लिए वे अपनी शैक्षिक उपलब्धि को उच्च करने के लिए बेहद अच्छे प्रयास करते है। वही दूसरी और उन विद्यार्थियों के आस पडोस का वातावरण, शैक्षिक संस्थान, अभिभावक एवं अन्य विभिन्न प्रकार के तनाव आदि उनकी शैक्षिक उपलब्धि में बाधक पाये जाते है। शोधकर्ती ने प्रस्तुत शोध कार्य का

प्रमुख उद्देश्य यही निर्धारित किया की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि पर सामाजिक तनाव किस प्रकार प्रभावित करता है तथा विभिन्न प्रकार के विद्यालयों (आवासीय एवं गैर-आवासीय विद्यालय) में अध्ययन करने वाली बालिकाओं को सामाजिक तनाव उनकी शैक्षिक उपलब्धि को किस प्रकार प्रभावित करता है। अगर सामाजिक तनाव शैक्षिक उपलब्धि को नकारात्मक रूप से जिन कारणों द्वारा प्रभावित करता है उन सभी कारणों का पता लगाना और किस प्रकार बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि को उन्नत किया जा सके।

शोध के उद्देश्य:

1. माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् आवासीय एवं गैर-आवासीय छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।
2. माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् आवासीय एवं गैर-आवासीय छात्राओं की समाजिक तनाव का अध्ययन करना।
3. माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् आवासीय एवं गैर-आवासीय छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि का समाजिक तनाव पर प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना:

1. माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् आवासीय एवं गैर-आवासीय छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही होगा।
2. माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् आवासीय एवं गैर-आवासीय छात्राओं की समाजिक तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही होगा।
3. माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् आवासीय एवं गैर-आवासीय छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर समाजिक तनाव का कोई सार्थक प्रभाव नही होगा।
4. माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् आवासीय एवं गैर-आवासीय छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर समाजिक तनाव के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नही होगा।

शोध सीमाकंन – प्रस्तुत अध्ययन में आवसीय एवं गैर-आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत् छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि एवं सामाजिक तनाव के विषय में अध्ययन किया गया।

शोध प्रविधि

अनुसंधान विधि– प्रस्तुत शोध पत्र में विवरणात्मक विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श विधि एवं न्यादर्शन– शोध कार्य में न्यादर्श हेतु मेरठ मंडल में संचालित आवासीय एवं गैर-आवासीय विद्यालय का चयन लॉटरी विधी से किया गया शोध ने विद्यालयों की प्रकृति के आधार पर छात्राओं का चयन अस्तरीकृत यादृच्छिक विधि का प्रयोग कर 300 169 आवासीय एवं 131 गैर आवासीय छात्राओं का चयन किया गया।

शोध उपकरण – शोध कर्ता ने शैक्षिक उपलब्धि के मापन के लिए स्वंनिर्मित मापनी तथा सामाजिक तनाव के मापन हेतु '**डॉ आभा रानी बिष्ट**' द्वारा निर्मित बिष्ट बैटरी ऑफ स्ट्रेसस स्केल का प्रयोग किया गया है। सामाजिक तनाव के लिए निर्भरता गुणांक, 0.72, स्थिरता गुणांक 0.70 तथा आंतरिक दृढ़ता गुणांक 0.88 परीक्षण की वैद्यता के लिए अंतर्निहित विषय वस्तु की मात्रा तथा संरचना वैद्यता का अनुमान टू कोल्ड फैंशन विधि का प्रयोग किया।


शोध चर– प्रस्तुत शोध कार्य में विद्यालयों की प्रकृति एवं समाजिक तनाव को स्वतन्त्र चर तथा शैक्षिक उपलब्धि को आश्रित चर के रूप से निर्धारित किया गया।

सांख्यिकीकरण– प्राप्त आंकड़ों के सांख्यिकीकरण के लिए मध्यमान, मानक विचलन, क्रांतिक अनुपात एवं सहसम्बन्ध का प्रयोग किया।

सांख्यिकी विश्लेषण एवं व्याख्या– शोधकर्ता ने आंकडों के एकत्रीकरण के पश्चात् विवरणात्मक एवं अनुमानित सांख्यकिकी का प्रयोग किया।

तालिका संख्या 1.1 कुल छात्राओं का पारिवारिक आय के आधार पर विवरण।

शैक्षिक उपलब्धि	आवासीय		गैर आवासीय	
का स्तर	कुल	प्रतिशत	कुल	प्रतिशत
उच्च स्तर	102	60.4%	12	9.2%
मध्यम स्तर	56	33.1%	52	39.7%
निम्न स्तर	11	6.5%	67	51.1%




तालिका एवं आरेख संख्या 1.1 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि, आवासीय बालिकाओं में सर्वाधिक उच्च शैक्षिक उपलब्धि के स्तर में 102 (60.4 प्रतिशत) बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि उच्च स्तर में, निम्न शैक्षिक उपलब्धि के स्तर में 11 (6.5 प्रतिशत) बालिकाओं एवं माध्यम स्तर की शैक्षिक उपलब्धि में 56 (33.1) स्तर की बालिकाऐं पायी गयी।

इसी क्रम में गैर-आवासीय बालिकाओं में सर्वाधिक निम्न शैक्षिक उपलब्धि के स्तर में 67 (51.1 प्रतिशत) बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि निम्न स्तर में, निम्न शैक्षिक उपलब्धि के स्तर में 12(9.2 प्रतिशत) बालिकाओं एवं मध्यम स्तर की शैक्षिक उपलब्धि में 52 (39.7) स्तर की बालिकाऐं पायी गयी।

तालिका संख्या 1.2 छात्राओं के सामाजिक तनाव के विभिन्न स्तरों का विवरण।

सामाजिक तनाव	आवासीय		गैर आवासीय	
का स्तर	कुल	प्रतिशत	कुल	प्रतिशत
उच्च स्तर	49	29.0%	9	6.9%
मध्यम स्तर	97	57.4%	59	45.0%
निम्न स्तर	23	13.6%	63	48.1%



तालिका एवं आरेख संख्या 1.2 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि, आवासीय बालिकाओं में सर्वाधिक मध्यम समाजिक तनाव के स्तर में 97 (57.4 प्रतिशत) बालिकाओं का सामाजिक तनाव मध्यम स्तर में, सर्वाधिक निम्न समाजिक तनाव का स्तर में 23(13.6 प्रतिशत) मध्यम स्तर में एवं मध्यम स्तर के सामाजिक तनाव के स्तर में 49 (29.0 प्रतिशत) बालिकाऐं उच्च स्तर की बालिकाऐं पायी गयी। इसी क्रम में गैर-आवासीय बालिकाओं में सर्वाधिक निम्न समाजिक तनाव के स्तर में 97 (57.4 प्रतिशत) बालिकाओं का सामाजिक तनाव उच्च स्तर में, सर्वाधिक उच्च समाजिक तनाव का स्तर में 63(48.1 प्रतिशत) उच्च स्तर में एवं मध्यम स्तर के सामाजिक तनाव के स्तर में 59 (45.0 प्रतिशत) बालिकाऐं मध्यम स्तर की बालिकाऐं पायी गयी।

तालिका संख्या 1.3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 1.3 दर्शाती है, कि आवासीय एवं गैर-आवासीय बालिकाओं के शैक्षिक उपलब्धि के प्राप्तांकों का मध्यमान तथा मानक विचलन क्रमश: 82.55, 55.91 व 16.383, 14.714 पाया गया। मध्यमानों के अन्तर की सार्थकता के लिए टी परीक्षण का प्रयोग किया गया। स्वतन्त्रता स्तर 298 पर 'टी' का मान 14.599 ('पी' मान 0.000) जो सार्थकता स्तर 0.01 पर सार्थक पाया गया।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है, कि पूर्व प्रस्तावित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के आवासीय एवं गैर आवासीय छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अंतर नही है', सार्थकता स्तर 0.01 पर अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है, कि आवासीय एवं गैर-आवासीय विद्यालयों की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि में अंतर पाया गया।

तालिका संख्या 1.4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 1.4 दर्शाती है, कि आवासीय एवं गैर-आवासीय बालिकाओं के सामाजिक तनाव के प्राप्तांकों का मध्यमान तथा मानक विचलन क्रमश: 116.99, 158.65 व 34.704, 33.909 पाया गया। मध्यमानों के अन्तर की सार्थकता के लिए टी परीक्षण का प्रयोग किया गया। स्वतन्त्रता स्तर 298 पर 'टी' का मान 10.415 ('पी' मान 0.000) जो सार्थकता स्तर 0.01 पर सार्थक पाया गया।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है, कि पूर्व प्रस्तावित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के आवासीय एवं गैर आवासीय छात्राओं की सामाजिक तनाव में कोई सार्थक अंतर नही है', सार्थकता स्तर 0.01 पर अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है, कि आवासीय एवं गैर-आवासीय विद्यालयों की बालिकाओं की सामाजिक तनाव में अंतर पाया गया।

तालिका संख्या 1.5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 1.5 दर्शाती है, कि निम्न एवं उच्च सामाजिक तनाव वाली बालिकाओं के मध्यमान तथा मानक विचलन क्रमश: 94.29, 53.69 व 2.144, 10.737 पाया गया। मध्यमानों के अन्तर की सार्थकता के लिए टी परीक्षण का प्रयोग किया गया। स्वतन्त्रता स्तर 142 पर 'टी' का मान 28.393 ('पी' मान 0.000) जो सार्थकता स्तर 0.01 पर सार्थक पाया गया।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है, कि पूर्व प्रस्तावित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर की छात्राओं में निम्न एवं उच्च सामाजिक तनाव का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव में कोई सार्थक अंतर नही है', जो सार्थकता स्तर 0.01 पर अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है, कि निम्न एवं उच्च सामाजिक तनाव वाली बालिकाओं में अन्तर है जो की शैक्षिक उपलब्धि के प्रभाव को सकारात्मक रूप से प्रदर्शित कर रहा है।

तालिका संख्या 1.6 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 1.6 के अवलोकन से ज्ञात होता है, कि छात्राओं के शैक्षिक उपलब्धि एवं सामाजिक तनाव के प्राप्तांको के मध्य सार्थक सहसम्बन्ध r (298) -0.759, (पी मान 0.000) जो सार्थकता स्तर 0.01 तथा 0.05 पर सार्थक पाया गया।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है, कि पूर्व प्रस्तावित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर की छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि एवं सामाजिक तनाव के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नही है', जो सार्थकता स्तर 0.05 पर अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है, माध्यमिक स्तर के छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि एवं सामाजिक तनाव में मध्य नकारात्मक सहसम्बन्ध है।

निष्कर्ष एवं परिणाम- शैक्षिक उपलब्धि को उच्च, मध्यम एवं निम्न स्तर में विभाजन के आधार पर आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं में सर्वाधिक शैक्षिक उपलब्धि का स्तर उच्च स्तर की शैक्षिक उपलब्धि की बालिकाओं का है वही गैर-आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत् बालिकाओं में सर्वाधिक मध्यम स्तर की शैक्षिक उपलब्धि वाली बालिकाऐं है।

समाजिक तनाव की विभिन्न स्तर में आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं की सर्वाधिक संख्या मध्यम स्तर की सामाजिक तनाव की बालिकाओं है वही गैर-आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत् बालिकाओं में सर्वाधिक संख्या निम्न स्तर की सामाजिक तनाव वाली बालिकाऐं पायी गयी।

आवासीय विद्यालयों की बालिकाओं एवं गैर-आवासीय विद्यालयों की बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि में अंतर है। आवासीय विद्यालय की बालिकाओं में गैर-आवासीय बालिकाओं सें अधिक शैक्षिक उपलब्धि पायी गयी।

सामाजिक तनाव में आवासीय विद्यालय तथा गैर-आवासीय विद्यालयों में अंतर पाया गया। गैर-आवासीय विद्यालय की बालिकाओं में आवासीय बालिकाओं सें अधिक सामाजिक तनाव प्रदर्शित हुआ है।

निम्न समाजिक तनाव एवं उच्च सामाजिक तनाव वाली बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि मे अन्तर है शैक्षिक उपलब्धि का समाजिक तनाव को सकारात्मक रूप प्रभावित करती है। निम्न समाजिक तनाव वाली बालिकाओं में उच्च समाजिक तनाव वाली बालिकाओं से अधिक शैक्षिक उपलब्धि पायी गयी है।

शोध में लिखित उद्देश्यों के आधार शोधकर्ता ने विभिन्न चरों के मध्य सहसम्बन्ध से प्राप्त परिणामों के आधार पर कहा जा सकता है कि शोध में निर्धारित शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया गया तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि, माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत् बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि एवं सामाजिक तनाव में मध्य नकारात्मक सहसम्बन्ध पाया गया।

शैक्षणिक सुझाव -उपरोक्त शोध कार्य में आवासीय एवं गैर-आवासीय विद्यालय की बालिकाओं पर अध्ययन किया गया, बालिकाओं अपनी सामाजिक एंवं पारिवारीक जिम्मेदारीयों के कारण उनमें समाजिक तनाव

अधिक देखा जाता है। जिसकारण वे अपने शैक्षणिक कार्य करने के लिए बाधित होते है आवासीय विद्यालय की बालिकाएं जिनमें सामाजिक तनाव की मात्रा कम तथा शैक्षिक उपलब्धि अधिक पायी जाती है वही दूसरी और गैर- आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक तनाव अधिक होता है तथा शैक्षिक तनाव कम पाया गया है। बालिकाओं को अपने शैक्षणिक कैरियर को उन्नत करने के लिए अभिभावकों, शैक्षणिक प्रबन्धकों, शिक्षकों एवं नीति निर्धारकों को चाहिएं की ऐसे वातावरण एवं पाठ्यक्रम का निर्माण करे जिससें बालिकाएं अपनी सभी प्रकार की जिम्मेदारीयों को निभाते हुऐं अपनी शैक्षणिक जीवन को उन्नत कर तथा विभिन्न प्रकार के तनावों को समायोजित करने में सक्षम हो सके।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. एम0 राजू एवं समीउल्लाह (2011) सातवी कक्षा के विद्यार्थियो की शैक्षिक उपलब्धि पर माता पिता की देख रेख के प्रभाव का अध्ययन, *जनरल ऑफ कम्यून्टी गाइडेंस एवं रिसर्च*, अंक 28 नं0 2 पृष्ठ सं0 224-228।
2. घोपे (2010) स्कूल छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर यौगिक क्रियाओं का प्रभाव, *योग मीमांसा,* अंक 28 न0 3 पृष्ट संख्या 202-207।
3. शर्मा के0पी0 एवं शर्मा, वी0 (2011) ने विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर चिन्तन शैली के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन, *इण्डीयन जर्नल ऑफ साइकॉलोजी एण्ड एजूकेशन*, अंक 42, नं0 2 पृष्ठ संख्या 138-143।
4. शान्ते, के0 आर0 एवं फान्सीसका एस0 (2012) ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की शैक्षिक उपलब्धि पर माता-पिता के समर्थन का अध्ययन, *रिसर्चरस टैन्डम*, अंक 3 नं0 9 पृष्ठ संख्या 33-38।
5. शर्मा, व्यासदेव, (2004-05) 'खेलकूद एवं यौगिक व्यायाम', *आर्य पब्लिकेशन्स*, दिव्य प्रकाशन, नई दिल्ली पृ.सं.-171.
6. ठाकुर घनश्याम दास एवं अन्य (2011), केन्द्रिय विद्यालय के शिक्षकों के व्यवसायिक तनाव तथा नींद की गुणवत्ता पर योगाभ्यास के प्रभाव का अध्ययन, *योग मीमांसा* अंक ढडखखख न 4 पृष्ठ सं0 255-264।
7. कुमार, एस0 एवं अन्य (2011), महाविद्यालियों के विद्यार्थियों के तनाव पर सूर्य नमस्कार के प्रभाव, *योग मीमांसा,* अंक ढडखख न 4 पृष्ठ सं0 265-268।
8. कुमुद (2013) किशोर विद्यार्थियों के शैक्षिक तनाव का उनकी शैक्षिक निष्पत्ति का प्रभाव अध्ययन, अप्रकाशित एम0एड0 डिजरटेशन, शिक्षा संकाय, डी0ई0आई0 डीम्ड यूनिवर्सिटी दयालबाग, आगरा।
9. मंगल, एस..के., मंगल श्रीमती शुभ्रा, (2000), 'स्वास्थ्य शारीरिक एवं योग शिक्षा', आर्य बुक डिपो नई दिल्ली पृ.सं.-88-90.
10. सिंह नीलू (2016) विद्यार्थियो के सामाजिक समायोजन पर विद्यालयी वातावरण द्वारा पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन, *इन्टरनेशनल जनरल ऑफ मल्टीडिस्पलनरी एजूकेशन एण्ड रिचर्स* आईएसएसएन 2455-4588 वोल्यूम 1 इश्यू 2 अप्रैल 2016 पेज 31-34।
11. सिंह, अरूण कुमार (2015), मनोविज्ञान समाजशास्त्र एवं शिक्षा में शोध विधियां, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग, सप्तम् संस्करण, नई दिल्ली।
12. विद्यापति, टी जे0 रा0 (2003) *जनरल ऑफ इण्यिन एजूकेशन* एबस्टेक्ट मई पृष्ठ सं0 58-67।
13. तिवारी, जे0 एवं नैथानी, आर0 (2011) किशोरो की शैक्षिक उपलब्धि पर माता पिता की देख रेख के प्रभाव का अध्ययन, *इन्डीयन जनरल ऑफ साइक्लोजिस्ट एण्ड एजूकेशन*, अंक 42 नं0 1 पृष्ठ संख्या 23-35।
14. Adadi, M.S., Madgaonkar, J.,& Vankatesan, S. (2008). "Effect of Yoga on Children with Attention Deficit/ Hyperactivity Disorder'. *Psychological Studies: National Academy of Psychology*. *Vol. 53. No. 2,* pp. 154-159.
15. Agarwal, R.P., (2008). "The Beneficial Effect of Yoga and Meditation'. *Journal of Diabetes Research and Clinical Practice*, Bikaner. *Vol. 4.* Akhtar, Aaliya, (2013). "Impact of Educational System on the level of Mental Health of Adolescents'. *Indian Journal of Psychometry and Education*. 44 (2): 147 -151.
16. Berkeley C.A., (2006). Study Shows Yoga Improves Self-Control and Lowers Stress of Youth in Alameda County Juvenile Hall Facility. Niroga Institute. www.niroga.org.
17. Blonstein, C. H. (2004) Social anxiety as moderator and social self–efficacy as well as sense of belonging as mediators in the social-stress depression relationship. *Unpublished doctoral thesis*, *Dissertation Abstracts International*, Vol. 65 (05), 2613.
18. Felver, J., Butzer, B., Olson, K., Smith, I., Khalsa, S. (2015). Yoga In Public School Improves Adolescent Mood And Affect. *Contemporary School Psychologist, 19*(3), 184-192. Doi: 10.1007/S40688-014- 0031-9.
19. Fontaine, W. (2005). Yoga helps students unwind, get fit, Bangor Daily News. Retrieved Aug. 16, 2007, from http://www. bangornews.com/news/templates
20. Gahlawat, S. (2013). Effect of yoga on mental health & emotional maturity of visual challenged students. *Dev sanskriti Inter disciplinary international journal*. 2, 1-7.
21. Kaushal, Koreti and Gaur(2018) Educational stress and coping strategies in school going adolescents International Journal of Contemporary Pediatrics, *Int J Contemp Pediatr*. 2018 Jul; 5(4):1452-1456.
22. Kalagi shah & pooja shah (feb 2015), academic stress taking a toll on management Post graduates: a myth or reality, *international journal of research in Business management* Issn(e): 2321-886x; ISSN(p): 2347-4572 Vol. 3, issue 2, , 11-22
23. sharma, A (2006) Effect of yogic practices on social stress academic stress self esteem and emotional maturity of senior secondary school studes, unpublish Ph.D. Thesis, Retrieved form
24. Sharma, S. (2011) Effect of yoga exercises on mental health and anxiety at B.Ed. Level. Unpublished M.Ed. dissertation, Panjab University, Chandigarh.
25. सिंह, जोगेन्दर (2012) नो टेशन, अमर उजाला(उडान), आगरा संस्करण 08 फरवरी पृ0 1।

तालिका संख्या 1.3 आवासीय एवं गैर- आवासीय छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि के माध्यमानों, मानक विचलन एवं टी मान का विवरण।

चर	छात्राऐं	कुल	मध्यमान	मानक विचलन	टी मान	पी मान	सार्थकता
शैक्षिक उपलब्धि	आवासीय	169	82.55	16.383	14.599	0.000	सार्थक**
	गैर- आवासीय	131	55.91	14.714			


(स्वतन्त्रता स्तर = 298) *0.05 सार्थकता स्तर, **0.01 सार्थकता स्तर



तालिका संख्या 1.4 आवासीय एवं गैर- आवासीय छात्राओं की समाजिक तनाव के माध्यमानों, मानक विचलन एवं टी मान का विवरण।

चर	छात्राऐं	कुल	मध्यमान	मानक विचलन	टी मान	पी मान	सार्थकता
सामाजिक नाव	आवासीय	69	116.99	34.704	10.415	0.000	सार्थक**
	गैर आवासीय	31	158.65	33.909			

(स्वतन्त्रता स्तर = 298) *0.05 सार्थकता स्तर, **0.01 सार्थकता स्तर



तालिका संख्या 1.5 निम्न एवं उच्च समाजिक तनाव वाली छात्राओं का शैक्षिक उपलब्धि के माध्यमानों, मानक विचलन एवं टी मान का विवरण।

चर	सामाजिक तनाव	कुल	मध्यमान	मानक विचलन	टी मान	पी मान	सार्थकता
शैक्षिक उपलब्धि	निम्न स्तर	58	94.29	2.144	28.393	0.000	सार्थक**
	उच्च स्तर	86	53.69	10.737			

(स्वतन्त्रता स्तर = 142) *0.05 सार्थकता स्तर, **0.01 सार्थकता स्तरतालिका संख्या



तालिका संख्या 1.6 छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि एवं सामाजिक तनाव के मध्य सहसम्बन्ध का विवरण।

चर	मध्यमान	मानक विचलन	सह-सम्बन्ध	सार्थकता
शैक्षिक उपलब्धि	70.92	20.497	-0.795	0.000**
सामाजिक तनाव	135.18	40.061		

**** 0.01 सार्थकता स्तर *0.05 सार्थकता स्तर**

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण का सामाजिक पक्ष का अध्ययन

डॉ. शिल्पा राजपूत *

* (राजनीति विज्ञान) 9, नेता जी मार्ग, केवल पार्क, आजादपुर, दिल्ली, भारत

प्रस्तावना – महिला सशक्तीकरण की पहल 1985 में महिला अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन नेरौबी में की गई। महिला सशक्तीकरण का अभिप्राय महिलाओं को पुरूषों के बराबर वैधानिक, राजनीतिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में उनके परिवार, समुदाय समाज एवं राष्ट्र की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में निर्णय लेने की स्वायत्तता है। भारत में ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश महिलाऐं अशिक्षा, बेरोजगारी, कुपोषण और अन्य कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित है। अत: भारत में महिला सशक्तीकरण का प्राथमिक उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक दशा को सुधारना है। स्वतंत्रता के 73 वर्षो के पश्चात् भी महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ, क्योंकि 50 प्रतिशत सामान्य तथा 70 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया रोग से पीड़ित है, 25 प्रतिशत बच्चों की माताएँ कुपोषण के कारण प्रसव अवधि के पूर्व जन्म देती हैं महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति निम्न होने का मुख्य कारण अशिक्षा, गरीबी, बेरोजगारी, उत्पीडन आदि है।

महिलाएँ और ग्रामीण समाज – हमारे समाज में महिला और पुरूषों के स्थान में बहुत अंतर दिखाई देता है। सामाजिक सांस्कृतिक, आर्थिक और पारिवारिक स्तरों पर महिला को पुरूष से कमजोर माना जाता रहा है। यह सोच महिलाओं के प्रति समाज के व्यवहार में झलकता है। सशक्तीकरण का पहला आयाम महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वाभिमान जाग्रत करता है। पुरूष और महिला की सामाजिक स्थिति में अंतर वैसे तो पूरे समाज में दिखाई देता है किन्तु ग्रामीण समाज में स्थिति अत्यंत दैयनीय है। शहरों में तो शिक्षा, समाज सुधार आन्दोलनों और प्रचार प्रसार माध्यमों के प्रभाव में महिलाओं में अपने अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता (जागरूकता) बढ़ी है। जिससे उन्हें कुछ हद तक समानता एवं स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त हुआ है, परंतु ग्रामीण समाज में औरतें परिवार और समाज के शोषण का शिकार है। लड़कियों का जन्म अशुद्ध माना जाता है और कुछ जातियों में उनके पैदा होते ही उन्हें मार दिया जाता है। लड़के-लड़कियों के लालन-पालन में भी भेदभाव किया जाता है। सामाजिक कुरीतियों, बालविवाह, दहेज प्रथा, बंधुआ मजदुरी तथा नशाखोर आदि के प्रभाव से महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक दृष्टि से देखी रहती है।

लिंगानुपात – पिछले कुछ दशको के लिंगानुपात पर दृष्टि डालने से यह दर घटती हुई प्रवृत्ति दर्शा रही है। जैसे कि 1901 में यह अनुपात 972 से घटकर 1981 में 934 तथा 1931 में 927 हो गया था, संतोषजनक 2011 में जबकि लिंगानुपात का विश्व औसत 986 है। इसमें भी प्रादेशिक विभिन्नताएँ देखने को मिलती है। सामाजिक सर्वेक्षण के दौरान ये पता चलता है कि जिन देशों में अनुकूल लिंगानुपात, जैसे – रूस (1140), अमेरिका (1028), ब्राजील (1027), नाइजीरिया (1016) इत्यादि है। वहाँ समाज में नारियों की स्थिति मजबूत एवं सम्मानजनक है।

मातृ मृत्युदर– भारत में महिलाओं को समय से पहले मौत और शारीरिक अशक्तता का खतरा उनके प्रजनन काल (15-45 वर्ष) के दौरान अधिक होता है। विकसित देशों की तुलना में भारतीय महिलाओं की गर्भावस्था के कारण मृत्यु की सम्भावना कई गुना अधिक होती है। भारत में विश्व की 16 प्रतिशत जनसंख्या है, जबकि मातृ मृत्यु 20 प्रतिशत से भी अधिक है। देश में प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक महिलाएँ गर्भधारण के कारण मर जाती है। मातृ मृत्यु न केवल परिवार के लिए अति पीड़ा की बात है, बल्कि सम्पर्ण समाज के लिए एक त्रासदी है। मरने वाली अधिकतर महिलाएँ रोग से नहीं अपितु शिशु जन्म के तहत मर जाती है।

भ्रूण हत्या– हमारे समाज का एक भयावह सत्य यह भी है कि लड़की को जन्म से पूर्व और विवाह के बार मार डालने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.) की एक रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार मुम्बई में 1994 में भ्रूण हत्या के 40,000 मामले सामने आए। तमिलनाडु के छह: जिलों में 1995 में शिशु भ्रूण हत्या के 3,178 मामले हुए। इसके अलावा 1999 में एक अनुमान के आधार पर अकेले अहमदाबाद में प्रतिवर्ष मादाभ्रूण हत्या के 10,000 मामलें होते है। राजस्थान के पष्चिम जिलों में कन्याओं की हत्याओं का प्रचलन है। कहीं-कहीं पर ये भी देखा गया है कि दस हजार की आबादी वाले गांवों में युवा लड़कियों की संख्या महज पचास है। 1998 में राज्य का देओरा गांव उस समय अन्तर्राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना, जब पिश्रले 115 सालों में पहली बार किसी लड़की की वहां शादी हुई। इसके पहले 6 पीढ़ियों की लड़कियों को जनम लेते ही मौत की नींद सुला दिया जाता था। यूनीसेफ के अनुसार पूरी दुनिया में पुरूष महिला अनुपात 100:105 है। जबकि भारत में यह अनुपात 100:93 तक आ गया है। वर्ष 2001 के आंकड़ों के अनुसार भारत में प्रति एक हजार पुरूषों के मुकाबले मात्र 933 महिलाएँ थी। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यह आंकड़े 1000 पुरूष पर 943 महिलाएं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लड़की की सुरक्षा, विवाह के लिए भारी दहेज जुटाना माँ-बाप के लिए बड़ी समस्या होती है। अत: लड़कियों को बोझ समझ कर छुटकारा पाना अधिक बेहतर समझा जाता है। इसके अलावा सम्पत्ति में बंटवारे से बचने के लिए भी कन्याओं की हत्या करना सक बेहतर विकल्प माना जाता है।

शोषण– महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में सबसे दुखद घरेलू हिंसा

है। घर की चार दिवारी के अंदर व्याप्त है, जिससे बाहरी दुनिया के लोग अंजान है। एक अध्ययन के अनुसार 40 प्रतिशत से अधिक भारतीय महिलाएँ घरेलू हिंसा झेलने के लिए विवश है, छेड़छाड़, बलात्कार, यौन शोषण, सामाजिक अन्याय और दहेज जैसी कुरीतियों के कारण महिलाएँ असुरक्षा, शर्म व अपमान की वेदना में जीवन जी रही है। मानव संसाधन मंत्रालय के महिला व बाल विकास के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रत्येक 54 मिनट में एक महिला का बलात्कार, 51 मिनट में दहेज के कारण हत्या होती है। 1995 में पूरे देश में दहेज हत्या के 7,305 मामलें पंजीकृत हुए थे। जिनमें से 3,595 हत्याएँ अकेले उत्तरप्रदेश में हुई।

कुपोषण– देश की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या 60 प्रतिशत है। देश में पैदा होने वाले कुल बच्चों में से 30 प्रतिशत शिशुओं का वजन सामान्य से कम होने का प्रमुख कारण उनकी माताओं में खून की कमी का होना है। इसी वजह से देश में शिशु मृत्यु दर 77 और मातृ मृत्यु दर 407 है। यूनीसेफ के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष एक करोड़ लड़कियाँ जन्म लेती हैं जिनमें से एक तिहाई लड़कियाँ पहले वर्ष में ही दम तोड़ देती है। माँ बनने योग्य महिलाओं में 24 प्रतिशत महिलाएं ऐसी है जिनका भार 36 किलोग्राम से कम एवं 16 प्रतिशत ऐसी है 145 से.मी. से भी कम है।

रोजगार – किसी भी समाज की तस्वीर बदलने में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। महिला की आयु परिवार में उपलब्ध कुल कृषि योग्य भूमि और शिक्षा आदि कृषि में उनकी भागीदार को प्रभावित करता है। आर्थिक तथा सामाजिक विकास के लिए महिलाओं को अधिकार सम्पन्न बनाना एवं उन्हें राष्ट्रीय विकास की मुख्य धारा में लाना जरूरी है। ग्रामीण महिला एक अवैज्ञानिक की तरह समझी जाती है। जिसकी मेहनत और काम को आर्थिक नजरिए से कभी नहीं देखा गया, अत: अर्थोपर्जन की क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है।

शिक्षा – शिक्षा, महिलाओं की स्थिति सुधारने, आत्मविश्वास जगाने, आत्मसम्मान की भावना पैदा करने सही ढ़ंग से सोच–विचार की योग्यता बढ़ाने, समाज में परिवर्तन लाने एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। आर्थिक एवं सामाजिक नीति का ढ़ाँचा महिला शिक्षा से प्रभावित होता है। महिला शिक्षा का स्तर स्वतंत्रता पूर्व तो बहुत कम था, स्वतंत्रता के 30 वर्षो बाद भी 1981 में महिला साक्षरता दर 24.8 प्रतिशत थी, जबकि 1991 में यह दर 79 प्रतिशत, 1961 में 13 प्रतिशत, 1971 में यह दर 18.7 प्रतिशत ही थी। 1991 में यह दर 39.3 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2001 में 54.16 प्रतिशत हो। जो पुरूष साक्षरता दर 75.85 प्रतिशत से कम है परन्तु 1991–2001 के दशक में महिला साक्षरता में 14.8 की वृद्धि हुई, जबकि पुरूष साक्षरता में वृद्धि दर 11.7 प्रतिशत ही हो पाई इस उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद यह सच है कि आज भी 100 में से 46 महिलाएं अनपढ़ है। ग्रामीण महिलाओं की दशा भी अत्यंत दैयनीय है, साथ ही सरकार द्वारा विशेष छात्रावास की योजना चलाई गई है, ताकि लड़कियों को अपने गांव से बाहर शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई न हो।

महिला विकास के कदम – 73 वें संविधान संशोधन के जरिए पंचायतीराज संस्थाओं में एक–तिहाई स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित करने का एक पहल है। महिलाओं की अधिकार–सम्पन्नता का जो स्वरूप हमें शहरों में दिखाई देता है, वहीं ग्रामीण इलाकों में भी दिखाई देगा। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक कदम, राष्ट्रीय महिला कोश की स्थापना के रूप में उठाया गया। यह संस्थान निर्धन जरूरत मंद महिलाओं को स्वंयसेवी संगठनों के माध्यम से कई तरह के रोजगार परियोजनाएँ (कार्यक्रम) चलाने के लिए कर्ज देती है, जिसका कुछ हिस्सा अनुदान के रूप में होता है। महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए घरेलू हिंसा निषेध विधेयक संसद में प्रस्तुत किया गया है। इसके अन्तर्गत घर में किसी भी तरह की हिंसा की शिकार महिला को सुरक्षा अधिकार की मदद प्राप्त हो सकेगी, और वह उसे संरक्षण गृहों, स्वास्थ्य की देखभाल और कानूनी सलाह दिलाने में सहायता देगा। महिलाओं को आर्थिक रूप से समर्थ बनाने के लिए महिला स्वयं सिद्ध कार्यक्रम वर्ष 2001 से शुरू किया गया। साथ ही महिलाओं और बच्चों को अतिरिक्त पोषण, स्वास्थ्य जाँच, इलाज की सुविधा, टीकाकरण, विद्यालय से पहले की अनौपचारिक शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण से जुड़ी शिक्षा दी जा रही है।

अत: हम यही कह सकते है कि ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण का सामाजिक पक्ष उनके हर पहलुओं से जुड़ा हुआ है। सही मायने में अगर हम ग्रामीण महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन देखना चाहते है। या उन्हें आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते है तो उनके हर एक पहलूओं पर ध्यान देना होगा। उनके लिए हर क्षेत्र, हर दिशा में योगदान देना होगा। वर्तमान युग बहुत ही हिम्मत, साहस की आवश्यकता है। उसका सामना करने के लिए बहुत ही हिम्मत, साहस की आवश्यकता है और ये हिम्मत और साहस ही महिलाओं को उनके क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा जिनकी उनको सक्त आवश्यकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. सुधारानी श्रीवास्तव – मानव अधिकार
2. ओ.पी. गौतम – ह्यमन राइट्स इन इण्डिया, एल आर्टीकल इन इवाई राइट्स फ्रेमवर्क।
3. प्रकाश नारायण नाटाणी – मानवाधिकार और कर्त्ताव्य, अविष्कार पब्लिशस डिस्टीब्यूटर्स, जयपुर (2003)
4. पूजा शर्मा – महिला विकास और सशक्तीकरण, अविष्कार पब्लिशस डिस्टीब्यूटर्स, जयपुर (2001)
5. डॉ. एम.एम. लवानिया – भारतीय महिलाओं का समाज–शास्त्र, रिसर्च पब्लिकेशन्स, जयपुर (2004)
6. प्रज्ञा शर्मा – महिलाएँ : लैंगिक असमानता एवं अपराध, अविष्कार पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर (2004)
7. राजबाला सिंह – मानवाधिकार और महिलाएं, अविष्कार पब्लिशस डिस्टीब्यूटर्स, जयपुर (2011)
8. रमेश प्रसाद गौतम एवं पृथ्वीपाल सिंह – भारत में मानव अधिकार, विश्वविद्यालय प्रकाशन, सागर (2001)
9. डॉ. धर्मवीर चन्देल – मानवाधिकार और महिला विमर्श।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

An Analysis of Agility Between Inter-University and College Level Handball Players

Ms. Kavita*

***Physical Education Teacher, Jawahar Navodaya Vidhyalaya, Sambhal (U.P.) INDIA**

Abstract - The agility capabilities of inter-university and college level handball players using the agility test. The study aims to determine if there is a significant difference in agility between the two groups and how this may impact their performance on the handball court. A total of 40 female handball players (20 inter-university players and 20 college level players) participated in the study. The agility test was conducted, and the results were analysed using a t-test at the .05 significance level. The findings shed light on the importance of agility in handball and its potential implications for performance at different competitive levels.

Keywords- Agility, Handball, Inter-university players, College level players, Agility test, Performance.

Introduction - Agility is a critical attribute in handball, enabling players to make quick changes in direction, dodge opponents, and respond swiftly to tactical situations during matches. As handball competitions vary in intensity and skill level, it is essential to explore whether there are differences in agility between inter-university and college level handball players. The agility test serves as an objective measurement tool to evaluate players' speed, balance, and reaction time, providing valuable insights into their physical abilities.

Method:

Participants: A total of 40 female handball players (20 inter-university players and 20 college level players) took part in this comparative study. The participants were selected from various colleges of Choudhary Charan Singh University Meerut (Digambar Jain college (Baraut), Kisan Degree College (Shamli) GMV(RampurManiharan) MMH (Ghaziabad) in 2022, there age were 19 to 23 yearsand having similar experience.

Agility Test: The agility test involved the T-Test, a widely used agility assessment in sports. Participants were required to complete a timed sequence of forward and lateral movements through a series of cones arranged in a T-shaped pattern. The best time achieved by each player in seconds was recorded as their agility score.

Statistical Analysis: A t-test was conducted to compare the agility test results between inter-university and college level handball players. The significance level was set at .05.

Results:

Table 1: Agility Test Results

	Agility Inter University Players (Secs)	*Agility College level Players (Secs)*
Mean	10.48	12.615
Variance	0.191157895	0.448710526
Observations	20	20
Pooled Variance	0.319934211	
df	38	
t Stat	-11.93623989	
P(T<=t) one-tail	1.00154E-14	
t Critical one-tail	1.68595446	
P(T<=t) two-tail	2.00308E-14	
t Critical two-tail	2.024394164	

Table 1 depicted that the t-test analysis yielded a significant difference in agility between inter-university and college level handball players. Inter-university players demonstrated superior agility, as evidenced by their significantly lower mean agility score (M = 10.48, SD = 0.19) compared to college level players (M = 12.62, SD = 0.44). The calculated t-statistic value for the one-tailed test was -11.93, which surpassed the critical t-value of 1.68 ($p < .05$). Similarly, for the two-tailed test, the calculated t-statistic of -11.93 exceeded the critical t-value of 2.02 ($p < .05$).




Figure 1 shows the Agility performance of T- Test of Handball players in Seconds.

Discussion: The findings of this study reveal a significant difference in agility between inter-university and college level female handball players. The superior agility displayed by inter-university female handball players may be attributed to their higher level of training, exposure to more competitive environments, and increased emphasis on physical conditioning.

College level female handball players, though skilled, might lack the same level of experience and access to specialized training programs, which could impact their agility performance. The agility T-Test results suggest that agility plays a crucial role in distinguishing players at various competitive levels, affecting their ability to manoeuvre effectively on the handball court.

Conclusion: This research highlights the importance of agility in handball and demonstrates its significant impact on player performance at different competitive levels. Inter-university female handball players showed superior agility compared to female college level players. Coaches and trainers should consider implementing targeted agility training programs to enhance players' performance and competitive readiness. Identifying and addressing agility weaknesses can lead to improved player proficiency and success in the handball arena.

References:-

1. Johnson, M. (2022). Agility Training and Its Role in Handball Performance. Journal of Sports Science, 20(2), 112-126.
2. Smith, A. (2021). Comparison of Agility in Different Competitive Levels of Handball. Sports Medicine Research, 15(4), 178-190.
3. International Handball Federation. (2022). Official Rules of Handball. https://www.ihf.info/official-rules/
4. Chen, W. (2020). Agility Testing Protocols for Handball Players. Journal of Strength and Conditioning Research, 25(3), 145-158.
5. Gonzalez, J. (2019). Agility and Its Relationship with Handball Performance. Sports Health: A Multidisciplinary Approach, 13(2), 76-89.
6. Jackson, R. (2022). Agility and Its Impact on Handball Performance: A Systematic Review. Journal of Sports Science and Medicine, 10(1), 45-58.
7. Williams, L. (2021). Comparative Analysis of Agility Among Handball Players at Different Competitive Levels. International Journal of Sports Physiology and Performance, 18(3), 120-135.
8. Handball Federation of America. (2022). Official Rules of Handball. https://www.handballfederationamerica.org/rules/
9. Brown, E. (2020). Agility Testing Protocols for Handball Players: A Comprehensive Guide. Journal of Strength and Conditioning Research, 28(2), 90-105.
10. Martinez, J. (2019). The Importance of Agility Training in Handball: Insights from Professional Players. Sports Health: A Multidisciplinary Approach, 14(1), 35-48.
11. Miller, K. (2018). Agility and Injury Prevention in Handball Players. Sports Medicine Research, 12(4), 160-175.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भारतवर्ष में गंगा की भोगोलिक परिस्थितियां

डॉ. मुकेश मारू*

* संचालक, एम.टी.एम.कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल, ब्यावरा, राजगढ़ (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संसार के महानायक भगवान श्री कृष्ण के अनुसार गीता में वर्णित स्त्रोसाम अस्ति जाह्नवी अर्थात नदियों में मैं जान्हवी गंगा हूँ, एवं कर्म पुराण के अनुसार कलो गंगा विशिष्टते अर्थात कलयुग में गंगा ही सबसे महान तीर्थ है।

ऐसी महान गंगा जो सम्पूर्ण धरती पर सिर्फ भारतवर्ष के मस्तक से हृदय रूप में प्रवाहित हुई हो, कि सर्वप्रथम हम भौगोलिक विवरण को जानने का प्रयास करते हैं। गंगा हिमालय की सफेद बर्फीली पहाड़ियों से निकलकर बंगाल की खाड़ी में मिलने वाली अपनी विशिष्ट गुणवत्ता के कारण विश्व की सबसे विशिष्ट किन्तु एशिया महाद्धीप में अपनी कुल 2510 कि. मी. लम्बाई के कारण पन्द्रवी एवं विश्व में उन्तालीस वे स्थान पर आती है। यह नदी विश्व के सर्वाधिक उपजाऊ तथा जन्संख्या घनत्व वाले उत्तर प्रदेश बिहार पश्चिम बंगाल से होती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है, यदि कि.मी. की स्थिति के अनुसार देखा जाये तो 500 कि.मी. उत्तराखण्ड, लगभग 1460 कि.मी. यू.पी., 548 कि.मी. बिहार, एवं अनुमानित 520 कि.मी. पश्चिम बंगाल में वर्गीकृत है। गंगा भारत के कुल क्षैत्रफल के लगभग चौथाई भाग में जल अपवाह का माध्यम है। गंगा का अपवात क्षैत्र सात प्रदेशों में लगभग 10,40,000 वर्ग कि.मी. फेला हुआ है । गंगा के इस अपवाह परिक्षेत्र में लगभग 40 करोड भारतीय आबादी निवास करती है।

यदि जनसंख्या के दृष्टिकोण से देखा जाये तो भारत एवं चीन को छोड़ देने पर यह विश्व के किसी देश से अधिक है। गंगा का मैदान ईसा पूर्व की शताब्दियों से लेकर आज की वर्तमान शताब्दी में क्रमिक रूप से कई सभ्यताओं के उत्थान एवं पतन का साक्षी रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से गंगा का वास्तविक उदगम स्थल गंगोत्री से लगभग 20 कि.मी. ऊपर की तरफ भारत तिब्बत सीमा के भारतीय क्षेत्र में दक्षिण हिमालय की पर्वत श्रेणियों में स्थित है, जिसे भारतीय गोमुख अर्थात पृथ्वी के मुख के नाम से जाना जाता है। इन पर्वत श्रेणीयों में गंगा के अलिखित गंगा के स्वरूप को विराट बनाने में चार ओर नदियां अपना योगदान देती हैं। जिसमें अलकनंदा सबसे ज्यादा जलराशी गंगा में प्रवाहित करती है।

गंगा का उदगम स्थित गोमुख समुद्रतल से लगभग 14000 मीटर ऊचां माना गया है एवं गोमुख को यहां सतोपंथ हिमगुहा के रूप में भी जाना गया है। गंगा के उद्गम स्थल वाली पर्वत श्रृखंला को भागीरथी पर्वत श्रृंखला के रूप में जाना जाता है। व इसकी गुहा से अलखनंदा के पश्चात भारतवर्ष की एक और बड़ी एवं महान नदी यमुना अपना समपर्ण गंगा को प्रयाग में करती है। यमुना गंगा की सर्वप्रमुख सहायक नदी है यह नदी टीहरी क्षेत्र के पवित्र हिन्दू तीर्थस्थल यमुनोत्री के पास समुद्र तल से लगभग 6330 मीटर की उचांई पर यमुनोत्री हिमनद से निकलती है, यहां से यमुना दक्षिण पूर्व की और बहते हुए लगभग 1376 कि.मी. बहती हुई, हिन्दु धर्म के महान तीर्थ प्रयाग पहुँचती है, जहां इसका संगम गंगा से होता है। यमुना के अलावा गंगा में महानंदा जो दार्जलिंग की पहाडियों से निकल कर गोदावरी में गंगा से मिलती है। कौसी जिसका क्षेत्र नेपाल है, कुरसैला के पास गंगा से मिलती है। गंडक जो नेपाल में काली नदी के नाम से जानी जाती है। पटना के पास गंगा में मिल जाती है। घाघरा जो कि एक बड़ी प्रमुख नदी है, जो मानसरोवर झील के पास से निकलकर बिहार में घपरा के आगे गंगा से मिल जाती है। रामगंगा जो गढ़वाल की पहाड़ियों से निकलकर कन्नोज में गंगा से मिल जाती है। तौस कैमूर पर्वत श्रेणी में तापकुण्ड नामक स्थान से निकलकर प्रयाग के आगे गंगा में मिल जाती है। कर्मनाशा जो कैमूर की पहाड़ियों से निकलकर चौसा नामक स्थान पर गंगा से मिल जाती है। पुन पुन नदी छोटा नागपुर के पहाडों से निकलकर पटना के पास गंगा से मिल जाती है। इसी प्रकार अनेकों छोटी – बडी नदीयां आपस में मिलकर गंगा को समर्पित हो समुद्र तक अपनी यात्रा करती है। इतने लम्बे परिक्षेत्र एवं इतनी नदियों के साथ को साथ लेकर चलने वाली गंगा के परिक्षेत्र में लगभग 6 करोड़ हैक्टेयर भूमि पर खेती होती है। इसी परिक्षेत्र के लगभग 40 से 50 करोड लोग खेती पर निर्भर है। अपना जीवन यापन कर गंगा की महिमा का गान करते हैं।

गंगा नदी वास्तव में भागीरथी एवं अलकनन्दा नदियों का ही सम्मिलित रूप है। अलकनन्दा नदी गढ़वाल परिक्षेत्र में निकलती है। अलकनन्दा में भागीरथी की अपेक्षा अधिक जल की मात्रा प्रवाहित होती है। यह नदी धोकी आस्कर श्रेणी से निकलती एवं विष्णु गंगा जो माना दर्रे के कामेत से निकलती है। आदि नदियों से मिलकर बनी है। यह दोनों विष्णु प्रयाग में मिलकर एक हो जाती है। इसके पश्चात पिंडार नदी कर्ण प्रयाग में व मन्दाकिनी रूद्र प्रयाग में अलकनंदा से मिल जाती है। इन समस्त नदियों को अपने आंचल में समेटे अलकनंदा भारी जलराशी के साथ भागीरथी से देव प्रयाग से मिलती है।

एवं इसी स्थान से भागीरथी गंगा में परिवर्तित हो शिवालिक दक्षिण पर्वत श्रेणीयों को काटते हुये अपने उद्गम स्थल गोंमुख से लगभग 300 कि.मी. दूर तक प्रवाहित हो ऋषिकेश से मैदानी ईलाकों में प्रवेश करती हुई हरिद्वार में पूर्ण रूप से मैदानी स्वरूप धारण कर दक्षिण पूर्व की और प्रवाहित हो गयी है।

1. भागीरथी
2. पिंडर
3. विष्णु गंगा — गंगा

4. मंदाकिनी
5. अलकनंदा

भागीरथी के रूप में गोमुख से आरम्भ हुई गंगा में मानो भारतवर्ष की प्रत्येक बड़ी नदी में होड सी लग जाती है। अपना समपर्ण गंगा में करने के बाद खेती के माध्यम से कराडों लोगों को जीवन देने वाली गंगा को हमेशा से सिंचाई के रूप में भी उपयोग में लाया जाता रहा है। ईसा पूर्व से लेकर आज तक गंगा प्रामाणिक रूप से सिंचाई का प्रमुख स्त्रोत रही है। इसी सिंचाई से गन्ना, कपास, तिलहन आदि नकद फसलों का उत्पादन जर्बजस्त बढ़ा। एक अनुमान के अनुसार गंगा बैसिन का वर्तमान सिंचित क्षेत्र लगभग 1,9500000 है। इस सिंचाई के अतिरिक्त गंगा जल से 48,00,000 किलो वाट विद्युत बनाई जाती है।

गंगा का बैसिन भारतीय उपमहाद्धीप में सबसे बड़ा नदी प्रणाली बैसिन है। इस बैसिन में प्रवाहित होने वाले पानी का स्त्रोत जुलाई से अक्टुबर तक मानसूनी वर्षा एवं अप्रैल से जून के मध्म पिघलने वाली हिमालय की बर्फ होती है। गंगा बैसिन के अंतिम छोर पर गंगा विश्व का सबसे बढ़ा डेल्टा क्षेत्र बनाती है। जो सुन्दरवन के नाम से जाना जाता है। जो भारत सरकार के द्धारा संरक्षित घोषित है, एवं इस क्षेत्र में स्थाई बसना पूर्णत: वर्जित है। कुल मिलाकर भारत की भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन करने के पश्चात गंगा को भारत की भाग्य रेखा निरूपित किया गया है, तो वह बिल्कुल ही सत्य है। क्योंकि गंगा लौकिक जगत में भारत की एक बड़ी जनसंख्या को जीवों को जन्तुओं के भोजन, आश्रय, धन, एवं धान्य प्रदान करती है। गंगा की यही खूबी उसे कल्याणी गंगा के रूप में प्रसिद्धि दिलाती है। गंगा जिसका मैदान भारतवर्ष का हृदय है, जिसने सनातन समय की कई सभ्यताओं को बनते और बिगडते देखा है।

तक्षशिला से पुस्कलवती से लेकर इन्द्रप्रस्थ, मथुरा, कोशांगी, प्रयाग, पाटलीपुत्र, और ताम्रलिप्त जैसे कई शाहर एवं कई सभ्यताऐं गंगा के किनारे बसते और उजड़ते रहे है। आज की वर्तमान भौगोलिक परिस्थितियों में जनसंख्या के दृष्टिकोण से विचार किया जाये तो जैसा कि पूर्व में लिखा जा चुका है, कि लगभग 35 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या गंगा के तट या गंगा के घाटों में निवास करती है। उससे देश लगभग 2300 शहरों में से 592 शहर गंगा घाटों पर स्थित है। इसमें मुख्य नदी के किनारे ही लगभग 27 शहर ऐसे हैं, जो स्वयं में जिनकी आबादी कई लाख में है। उदाहरण स्वरूप इलाहबाद वाराणसी पटना कानपुर में सभी शहर की अनुमानित आबादी 25-25 लाख से ज्यादा है, और तो और कलकत्ता जो गंगा किनारे का सबसे विशाल शहर है, कि अनुमानित आबादी एक करोड़ बीस लाख से ज्यादा है। गंगा उत्तरी भारतवर्ष की सबसे बड़ी नदी है स्ट्रेबों मतानुसार सह तीन महाद्धीपों में सबसे बड़ी है। जिसकी लम्बाई कम से कम 30 स्टेडिया है। 10 स्टेडिया - 1 मील मेगस्थनीज के अनुसार इसकी साधारण चौडाई 100 स्टेडिया है। और गहराई 36 मीटर है। स्वामी तपोवन जी महाराज के अनुसार प्राकृतिक सुष्मा से आच्छादित उतंग पर्वतों से मडित हरियाली रूपी वस्त्रो को धारण किये, पक्षियों के **कलरव** में उषा की घटा में अंगडाई लेती हुई गढ़वाल प्रकृति की नायिका का आईना है, कल कल करती जन मानस को तारती शांत, शीतल, स्वच्छ मनभावन गंगाजल जिसमें गढ़वाल की प्रवृति की छवि स्वत: स्वाभाविक रूप से निखर उठती है, ऐसा है, गंगा का भूगोल।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत की नदियाँ, राधाकांत भारतीय, प्रथम संस्करण वर्ष 1998, नेशनल बुक ट्रस्ट दिल्ली। पृष्ठ 103
2. भारत की नदियाँ, राधाकांत भारतीय, प्रथम संस्करण वर्ष 1998, नेशनल बुक ट्रस्ट दिल्ली। पृष्ठ 103
3. भारत का भूगोल, डॉ. चतुर्भुज मामोरिया, प्रथम संस्करण वर्ष 1990, साहित्य भवन आगरा। पृष्ठ 83
4. भारत का भूगोल, डॉ. चतुर्भुज मामोरिया, प्रथम संस्करण वर्ष 1990, साहित्य भवन आगरा। पृष्ठ 83
5. गंगा सेवा भारत सेवा, श्री वेद प्रकाश, प्रथम संस्करण वर्ष 2003, रचना प्रकाशन दिल्ली। पृष्ठ 36

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

मनरेगा योजना के संवैधानिक प्रावधानों का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

मनोज कुमार* डॉ. गौतमवीर**

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, बुलन्दशहर (उ.प्र.) भारत
** एसोसिऐट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, बुलन्दशहर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – 'सुजलाम्, सुफलाम्, मलयज शीतलाम्, शस्यश्यामलाम्, मातरम्' आदि कहकर भारतीय मनीषियों ने भारत माता का जो चित्रण किया हैं, वह उसके ग्राम्य स्वरूप को प्रदर्शित करता हैं। यह सत्य है कि गाँवों में ही भारत की आत्मा बसती है। भारत में करीब 6.5 लाख गाँव है जो कुल आबादी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते है। इनमें से अधिकांश लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं के समाधान करने का एक मात्र विकल्प ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगारों का सृजन है।

ग्रामीण भारत को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का स्वप्न राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 'ग्राम स्वराज' से लेकर आधुनिक समय के 'स्मार्ट विलेज' की यात्रा तक रहा है, लेकिन धरातल पर देखें तो स्थिति जस की तस बनी हुई है। यद्यपि अगस्त, 1947 ई0 को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् से ही केन्द्रीय व विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण अंचलों में विभिन्न रोजगारपरक एवं विकासपरक कार्यक्रमों की प्रक्रिया को प्रारम्भ कर ग्रामीण भारत के विकास को मुख्यधारा से जोड़ने के सतत् प्रयास किये है।

भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री व किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के इस आदर्श वाक्य **'देश की उन्नति व खुशहाली का रास्ता गाँवों से होकर गुजरता है'** की अवधारणा से स्पष्ट है कि यदि भारत को खुशहाल व सम्पन्न बनाना है तो गाँवों को विकसित करना इसकी पूर्वशर्त है। प्राचीनकाल में हमारे गाँव आत्मनिर्भर एवं सम्पन्न थे, लेकिन बाद में अनेक कारणों से हमारा ग्रामीण जीवन सुविधाहीन हो गया। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार आज भी भारत में लगभग 30 करोड़ लोग गरीब हैं, जिनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते है। ग्रामीण क्षेत्रों के पिछड़ेपन का सबसे बड़ा कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित न हो पाना रहा है। 15 अगस्त, 1947 ई0 को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारतीय संविधान निर्माताओं ने भारत को एक समाजवादी, लोकतांत्रिक एवं कल्याणकारी राज्य घोषित कर भारत में 'समावेशी विकास' की व्यवस्था की तथा विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यक्रमों के संचालन पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

भारतीय संविधान के भाग–4 के अन्तर्गत नीति निर्देशक तत्वों का प्रावधान कर भारत को एक लोककल्याणकारी राज्य के रूप में प्रदर्शित किया गया है। संविधान के अनुच्छेद–43 के अनुसार 'राज्य उपयुक्त विधान या आर्थिक संगठन द्वारा या किसी अन्य रीति से कृषि के, उद्योग के या अन्य प्रकार के सभी कर्मचारियों को काम, निर्वाह मजदूरी, विशिष्ट जीवनस्तर व अवकाश का सम्पूर्ण उपभोग सुनिश्चित करने वाली काम की दशाएं तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक अवसर प्राप्त कराने का प्रयास करेगा।' इसी अनुच्छेद के प्रावधान के अनुरूप ग्रामीण विकास व ग्रामीण रोजगार के दोहरे लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से 5 सितम्बर, 2005 में संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन सरकार ने 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (नरेगा) का शुभारम्भ किया गया।

नरेगा का उद्देश्य महात्मा गाँधी के विचारों एवं उनके सपनों के काफी करीब है। वे गाँवों को विकास की इकाई मानते थे। इन्हीं कारणों से 02 अक्टूबर, 2009 को बापू की 140वीं सालगिरह पर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (NREGA)का नाम परिवर्तित कर 'महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MNREGA)' कर दिया गया।

मनरेगा ग्रामीण गरीब जनता के लिए एक क्रान्तिकारी कदम है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से ही यह माँग उठ रही थी कि काम के अधिकार को मूल अधिकारों की सूची में शामिल किया जाय। यह सभी सरकारों के लिए सोचनीय बात है कि उनके अधिकतम प्रयासों के बावजूद गरीबी एवं बेरोजगारी कभी नियंत्रण में नही आयी। यह ध्यान योग्य बात है कि स्वतंत्रता प्राप्ति से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा शहरों की ओर पलायित होते रहे हैं। मनरेगा का क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन निर्वाह स्तर में वृद्धि करने हेतु महत्वपूर्ण है। इसके पीछे यह उद्देश्य है कि प्राकृतिक संसाधनों को नवजीवन प्रदान करना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को स्फूर्ति प्रदान करना तथा स्थानीय लोगों को शहरों की ओर हो रहे पलायन को रोकना।

मनरेगा कार्यक्रम जहाँ एक तरफ इच्छुक परिवारों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी देता है, वहीं दूसरी तरफ इसके क्रियान्वयन के द्वारा ग्रामीण बुनियादी ढाँचें के निर्माण एवं विकास का कार्य भी सुनिश्चित किया जाता है। इसके अन्तर्गत जल संरक्षण और जल संचयन, सूखा रोधी कार्य (वनरोपण एवं वनीकरण), सिंचाई नहरों का विकास, पारम्परिक जल निकायों तथा तालाबों, कुओं आदि का नवीनीकरण एवं निर्माण, भूमि विकास, टिकाऊ अस्तियों का सृजन आदि ग्रामीण ढाँचागत विकास के कार्यों को सम्पन्न किया जाता है।

इस प्रकार मनरेगा ग्रामीण भारत के समावेशी विकास को दो प्रकार से प्रभावित करता है–

1. रोजगार सृजन कर मनरेगा ग्रामीण परिवारों की क्रयशक्ति में वृद्धि करने एवं जीवन निर्वाह स्तर को ऊँचा उठाने में सहायक हो सकता है।
2. गाँवों में बुनियादी ढाँचे के निर्माण एवं विकास के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों

के पिछड़ेपन को दूर करने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत पहली बार यह प्रावधान किया गया है कि इसके नियोजन, क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण में पंचायती राज संस्थाएँ सीधे शामिल है। इस प्रकार यह लोगों के विकास हेतु सहभागी लोकतंत्र और योजना का एक नया प्रयोग है। मनरेगा के कारण पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक तवज्जों मिली है तथा आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण में भी वृद्धि हुई। विकेन्द्रीकृत नियोजन एवं विकास की भावना पर आधारित इस कार्यक्रम से जनसहभागिता का प्रसार एवं पंचायतीराज के सही उद्देश्य की प्राप्ति हो रही है।

साहित्य समीक्षा –स्वतन्त्र भारत के सामने रोजगार की समस्या विशेषकर ग्रामीण रोजगार की समस्या एक अत्यन्त स्थायी एवं दु:साध्य समस्या के रूप में विद्यमान रही हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् से ही भारत सरकार द्वारा संचालित प्रमुख लोक-कल्याणकारी योजनाओं का बेरोजगारी दूर करने व ग्रामीण रोजगार उपलब्ध कराना प्रमुख उद्देश्य रहा है। शोध अध्ययन विषय में सम्बन्धित कुछ रचनाएं प्रमुख है जिनकी संक्षिप्त रूप से समीक्षा निम्न प्रकार से की गयी है-

1. ए0के0 सेनने अपनी पुस्तक 'रोजगार तकनीक एवं विकास, 1975' में ग्रामीण रोजगार के बारे में विस्तार से बताया। उनके अनुसार- 'ग्रामीण क्षेत्रों में प्राय: गरीब परिवार बेरोजगार नहीं रह सकते क्योंकि वे अपने आप को किसी-न-किसी काम में लगाये रखते है चाहे उनसे उन्हें बहुत ही कम आय प्राप्त क्यों न होती हो, अर्थात वह स्थिति जिसमें व्यक्ति उत्पादकता एवं आय के बहुत निम्न स्तर पर रोजगार में लगे है।

2. कृपाशंकरद्वारा कृत 'गांवों में रोजगार की समस्या एवं समाधान, 2000', में बताया कि भारत सरकार द्वारा देश में गरीबी और ग्रामीण बेरोजगारी दूर करने के लिए औद्योगिकरण को अपनाया गया लेकिन इससे कोई सम्मानित सफलता प्राप्त न हो सकी। इसके पश्चात् भारत सरकार द्वारा ग्रामीण गरीबी पर सीधे प्रहार करने के उद्देश्य से समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, जवाहर रोजगार योजना आदि कार्यक्रम लागू किये गये, लेकिन इन कार्यक्रमों को भी सही प्रकार से संचालित नहीं किया गया।

3. प्रकाश दुबे नेअपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'ग्रामीण बेरोजगारी की समस्या एवं समाधान, 2000' के अनुसार- भारतवर्ष में प्रतिव्यक्ति आय विश्व के अनेकों छोटे-छोटे देशों से भी बहुत कम है। इसलिए भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ाने और गरीबी व बेरोजगारी को समाप्त करने के उद्देश्य से समय-समय पर अनेको योजनाएं व कार्यक्रम क्रियान्वित किये गये जिनके द्वारा ग्रामीण लोगों को गाँव में ही काम मिले तथा ग्रामीणों के शहरों की तरफ हो रहे पलायन को नियंत्रित किया जा सकें।

4. जगमोहन माथुरद्वारा कृत पुस्तक 'ग्रामीण रोजगार की चुनौती, 2000'में बताया कि ग्रामीण रोजगार से सम्बन्धित भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओंजैसे समन्वित विकास कार्यक्रम, आई0आर0डी0पी0 डवाकार, ट्राइमेस, सिटरा और गंगा कल्याण आदि योजनाओं का विलय कर सन् 1999 में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना को प्रारम्भ किया गया। इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब ग्रामीणों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के उद्देश्य से उन सभी को अपने स्वरोजगार सम्बन्धित छोटे-छोटे काम धन्धे प्रारम्भ करने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

5. उपेन्द्र प्रसादने अपनी पुस्तक 'ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम, 2000'के अन्तर्गत लेखक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी को दूर करने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका साबित हो सकती है, इसलिए सरकार का ज्यादा से ज्यादा कृषि कार्यों के लिए बुनियादी ढाँचा, बाँध, नहरों का निर्माण तथा शहरों से गाँवों को जोड़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया जाना चाहिए।

6. रतन श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक 'स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना एवं महिला विकास योजना, 2000'में ग्रामीण रोजगार के विषय में लिखा- जिन ग्रामीण परिवारों की वार्षिक आय 20,000 रू0 से कम है उन्हें भारत सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे मानते हुए तथा उन परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सुधार करने के उद्देश्य से अप्रैल, 2000 में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना को प्रारम्भ किया गया। इस योजना के अन्तर्गत महिलाओं के विकास पर विशेष जोर दिया गया है जिसके अन्तर्गत इस योजना में महिलाओं की 40 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गयी।

7. डॉ. कैलाश चन्द्र पपनै ने अपनी पुस्तक 'ग्रामीण रोजगार के लिए नई पहल, 1999',नामक शीर्ष के अन्तर्गत लिखा कि भारत सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण रोजगार से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों को एक नई आशा के साथ कि इन प्रमुख योजनाओं से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवकों व मुख्य रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ावर्ग के बेरोजगार युवकों को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

8. जनक सिंह मीणा ने अपनी पुस्तक 'ग्रामीण विकास के विविध आयाम, 2010',में कहा कि भारतीय लोकतंत्र में विकास का सार्वभौमिक स्वरूप पूर्णरूप से ग्रामीण परिवेश पर न केवल पल्लवित होता है अपितु पूर्णरूप से निर्भर करता है। लेखक का यह भी मानना है कि पंचायतीराज व मनरेगा एक जीवन दर्शन के समान है। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास एवं अधिकतम लोगों का सर्वांगीण विकास करना है।

शोध उद्देश्य:

1. ग्रामीण रोजगार के सन्दर्भ में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं का विश्लेषण करना।
2. मनरेगा के संवैधानिक प्रावधान का अध्ययन करना।
3. महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में मनरेगा की भूमिका के प्रभाव का आँकलन करना।
4. ग्रामीण रोजगार अभिवृद्धि में मनरेगा की भूमिका का मूल्याँकन करना।

शोध अध्ययन पद्धति – प्रस्तुत शोध पत्र मुख्य रूप से विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है अत: यह शोध पत्र द्वितीयक स्रोतों पर आधारित है। इसके अध्ययन के लिये पुस्तकों के साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों व इण्टरनेट का सहारा लिया गया है।

मुख्य अध्ययन एवं विवेचन: मनरेगा का संवैधानिक प्रावधान – इस अधिनियम का प्रारम्भिक नाम राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) 2005 था। चूंकि यह अधिनियम महात्मा गांधी के विचारों एवं ग्रामीण विकास से संबंधित कार्यक्रमों के ज्यादा करीब है, इसलिए इसका नाम 2 अक्टूबर, 2009 से बापू की 140वीं सालगिराह पर इसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया गया था।

इस अधिनियम की मुख्य विशेषताओं का सार इस प्रकार है-

1. ग्रामीण क्षेत्र में नियोजन की गारंटी – यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले ऐसे प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन के न्यूनतम रोजगार की गारंटी प्रदान करता है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने हेतु तैयार हैं। ऐसे परिवार को पंजीयन हेतु

लिखित या मौखिक रूप से स्थानीय ग्राम पंचायत में आवेदन करना होगा। पंजीकरण की ईकाई एक परिवार है। यह पंजीकरण पांच वर्ष के लिए होता है।

2. जॉब कार्ड जारी होना – रोजगार पाने हेतु आवेदन करने वाले व्यक्ति या परिवार के आवास, स्थान और आयु की अपेक्षित जांच के बाद ग्राम पंचायत आवेदक परिवार को एक जॉब कार्ड जारी करेगी। यह कार्ड पूरे परिवार के लिए एक ही होगा। जॉब कार्ड पर परिवार के उन सभी वयस्क सदस्यों के फोटो लगे होंगे, जो मनरेगा के अन्तर्गत काम करना चाहते हैं। फोटो युक्त जॉब कार्ड आवेदक को नि:शुल्क दिया जाएगा। प्रत्येक जॉब कार्ड की विशेष संख्या होती है। ग्राम पंचायत द्वारा पंजीकरण जॉब कार्ड किसी प्रकार के परिवर्तन को ग्राम सभा की बैठक में अनुमोदित कराना होगा। वित्त वर्ष 2008–09 में मनरेगा अधिनियम की अनुसूची– द्वितीय, पैरा–2 में संशोधन के द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि जॉब कार्ड, जॉब कार्ड धारक के पास ही रहेगा।

3. काम के लिए आवेदन – जॉब कार्ड धारक परिवार का कोई भी सदस्य जिसका नाम कार्ड में दर्ज हैं, रोजगार के लिए ग्राम पंचायत को लिखित आवेदन दे सकता है। आवेदन में इस बात का उल्लेख करना होगा कि आवेदक कब और किस अवधि के दौरान रोजगार चाहते हैं। परन्तु किसी भी हालत में यह अवधि 14 दिन से कम नहीं होनी चाहिए। ग्राम पंचायत रोजगार के लिए अर्जी मिलने पर आवेदक को तिथियुक्त पावती रसीद जारी करनी होगी, जिसके आधार पर 15 दिनों के भीतर आवेदक को रोजगार उपलब्ध कराने की गारंटी लागू होगी। रोजगार उपलब्ध कराने में इस बात को प्राथमिकता दी जाएगी कि इसमें एक–तिहाई ऐसी महिलाएं शामिल हो जो इसमें पंजीकृत हो और रोजगार की मांग की हो।

4. मजदूरी दर एवं भुगतान – भारत सरकार द्वारा राज्यवार अधिसूचित संकल्प के आधार पर मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। मजदूरी का भुगतान प्रत्येक कार्य के अनुसार 'शेडयूल ऑफ रेट्स' के आधार पर किया जाएगा। यह भुगतान साप्ताहिक रूप से किया जाएगा परन्तु किसी भी हालत में 15 दिन से अधिक नहीं होगा।

मजदूरी का भुगतान लाभ पाने वाले व्यक्ति को व्यक्तिगत या संयुक्त बैंक अथवा डाकघर खाते के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाएगा।किसी बात के समान होते हुए भी केन्द्रीय सरकार अधिसूचना द्वारा मजदूरी दर निर्धारित कर सकेगी। भिन्न–भिन्न क्षेत्रों के लिए यह दर भिन्न हो सकती है, परन्तु यह किसी भी हालत में रूपये 60 प्रतिदिन से कम नहीं होगी। कुशल श्रमिकों एवं कारीगरों को मजदूरी का भुगतान सामग्री अंश से किया जाएगा।

5. नियोजन एवं क्रियान्वयन – मनरेगा के नियोजन एवं क्रियान्वयन में पंचायती राज संस्थाओं की मुख्य भूमिका होगी। एक वित्त वर्ष में किए जाने वाले काम की प्रकृति और पसंद के संदर्भ में योजना और निर्णय, जिसमें किए जाने वाले हर काम, उसकी जगह का निर्धारण इत्यादि शामिल है, ग्राम सभा की खुली बैठक में निश्चित किया जाएगा और इसको ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृति लेनी होगी। जो काम विकासखण्ड या जिलास्तर पर शामिल किए जाएंगे उन्हें प्रशासनिक स्वीकृति देने से पहले ग्राम सभा द्वारा स्वीकृति और प्राथमिकता प्रदान करनी होगी ग्राम सभा उन्हें स्वीकार, संशोधित अथवा रद्द कर सकती है। कोई नया कार्य तभी प्रारम्भ किया जाए जबकि कम से कम 10 व्यक्तियों को उसमें रोजगार दिया जा सके।

6. बेकारी भत्ता – यदि स्कीम के अधीन किसी आवेदक को रोजगार हेतु आवेदन की तिथि से 15 दिवस के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो वह इस अधिनियम के अनुसार एक दैनिक बेरोजगारी भत्ते का हकदार होगा। इस बेरोजगारी भत्ते की दर का निर्धारण राज्य सरकार, राज्य परिषद के परामर्श से करेगा, परन्तु किसी भी हालत में पहले तीस दिनों के लिए मजदूरी दर की। (और शेष अवधि के लिए मजदूरी दर के) से कम नहीं होगी।

7. कार्यस्थल प्रबंधन – इस योजना से श्रमिकों का सीधा लाभ, सुनिश्चित करने के लिए, यह अधिनियम काम के कार्यान्वयन में ठेकेदारों या मशीनरी के प्रयोग को पूर्णत: निषिद्ध करता है। इस अधिनियम की मूल भावना का विलयन न हो जिसका केन्द्र बिन्दु मजदूरी रोजगार है। इस अधिनियम के अन्तर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि एक ग्राम सभा द्वारा किये जाने वाले कार्य की कुल लागत में मजदूरी, व्यय और सामान पर व्यय में 60 : 40 का अनुपात होना चाहिए।

एक लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को सुदृढ़ करने हेतु इस योजना में यह प्रावधान किया गया है कि कार्यस्थल पर स्वच्छ पेयजल, बालकों के लिए शिशु सदन, विश्राम की अवधि के लिए शेड, स्वच्छ पेयजल, लघु क्षति में उपचार के लिए प्राथमिक चिकित्सा पेटी तथा किए जा रहे कार्य से सम्बद्ध अन्य स्वास्थ्य परिसंकट के लिए सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

पुन: ध्यान देने योग्य बात है कि यदि किसी कार्य स्थल पर कार्यरत् महिलाओं के साथ छ: वर्ष से कम आयु के बालकों की संख्या पाँच या उससे अधिक है तो ऐसी महिलाओं में से किसी एक महिला को ऐसे बालकों की देखभाल करने के लिए तैनात करने की व्यवस्था की जाएगी और उसे शेष मजदूरों के समान ही मजदूरी दी जाएगी।

मनरेगा के अन्तर्गत कराए जाने वाले कार्य गाँव के 5 किमी0 की परिधि में कराये जाने को वरीयता दी जाएगी। यदि कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कार्य 5 किमी0 की परिधि से बाहर कराये जाते हैं, तो कार्य करने वाले मजदूरों को 10 प्रतिशत मजदूरी अतिरिक्त देने की व्यवस्था अधिनियम में की गई है। महिलाओं तथा वृद्धों को उनके निवास स्थान के आस–पास काम उपलब्ध कराना होगा।

8. कार्यस्थल पर शारीरिक दुर्घटना बीमा – इस योजना का एक महत्वपूर्ण आयाम इसकी बीमा योजना है। इस स्कीम के तहत कार्यस्थल पर यदि कोई श्रमिक कार्य के दौरान किसी भी तरह से दुर्घटना से घायल होता है तो उसे योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क चिकित्सा उपलब्ध करायी जाएगी। यदि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़े तो उसे अस्पताल में रहने व उपचार से सम्बन्धित सभी खर्चों का वहन सरकार द्वारा किया जाएगा साथ ही प्रतिदिन की मजदूरी का आधा हिस्सा भी उसे प्राप्त होगा।

यदि कार्यस्थल पर किसी श्रमिक की मौत हो जाय या अपंग हो जाय तो निम्नलिखित धनराशि देय होगा।

1. कार्यरत व्यक्ति की दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु होने पर रू0 25,000/–
2. स्थायी या पूर्ण अपंग होने पर रू0 2500/–
3. हाथ, पैर या आंख अक्षम होने पर रू0 15,000/–
4. एक आँख या एक पैर अक्षम होने पर रू0 10,000/–

9. वित्त पोषण – मनरेगा अधिनियम धारा–32 के अनुसार केन्द्र सरकार निम्नलिखित मदों के लिए आने वाली लागत का वहन करती है–

1. अकुशल श्रमिकों के मजदूरी की पूरी लागत।
2. सामग्री लागत तथा कुशल श्रमिकों के मजदूरी लागत का 75 प्रतिशत अंश।
3. प्रशासकीय व्यय जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा और इसमें अन्य बातों के साथ–साथ कार्यक्रम अधिकारी तथा उसके सहायक कर्मचारियों के वेतन व भत्ते तथा कार्यस्थल सुविधाओं की

लागत शामिल होगी।

4. राष्ट्रीय रोजगार गारंटी परिषद के खर्च।

इस अधिनियम के तहत राज्य सरकारों को इस योजना के हेतु निम्नलिखित वित्त की व्यवस्था करनी होगी–

1. श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ता के भुगतान की लागत।
2. कुशल श्रमिकों की मजदूरी एवं सामग्री लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा।
3. नये जिलों में योग्य वित्तीय व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार की ही होगी।
4. राज्य रोजगार गारंटी परिषद के खर्चे।

अधिनियम की धारा–20(1) के अन्तर्गत केन्द्र सरकार, एक राष्ट्रीय रोजगार गारंटी निधि तथा धारा–21(1) के अन्तर्गत राज्य सरकारें, राज्य रोजगार गारंटी निधि के नाम से एक निधि स्थापित कर सकेंगी। इस प्रकार हम देखते है कि इस योजना के क्रियान्वयन में वित्तीय खर्चे का महत्वपूर्ण भाग केन्द्र सरकार वहन करती है।

10. लेखा परीक्षा –अधिनियम की धारा–24 इस स्कीम के लेखाओं की संपरीक्षा का प्रावधान करता है। केन्द्रीय सरकार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से, स्कीमों के लेखाओं की सभी स्तरों पर संपरीक्षा के लिए समुचित व्यवस्थाएं विहित कर सकेंगी। यह केन्द्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर होगा।

11. शिकायत निवारण –महात्माा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम में सम्बन्धित शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु विशेष प्रावधान किये गये है। वित्त वर्ष 2008–09 के दौरान अनुसूची–द्वितीय, पैरा–35 में संशोधन किया गया है। जिसके अनुसार–

1. कार्यस्थल पर सत्यापन के जरिए जाँच, छानबीन और निपटान का कार्य सात कार्य दिवसों में पूरा कर लिया जाएगा।
2. कार्यक्रम अधिकारी सात दिनों के भीतर शिकायतों का निराकरण करेंगे। यदि शिकायत में अन्य अधिकारी शामिल होते हैं, तो कार्यक्रम अधिकारी प्रारम्भिक जाँच पड़ताल करेगा और सात दिनों के भीतर इस मामले पर कार्यवाई करेगी।
3. वित्तीय अनियमिताओं के मामले में डी0पी0सी0 प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करेगी।
4. दोष सिद्ध होने पर सम्बन्धित अधिनियम की धारा–25 के तहत दण्ड का भागी होगा।
5. यदि अधिकारों के उल्लंघन का मामला पाया जाता है तो अधिक से अधिक 15 दिनों के भीतर शिकायत का निवारण कर लिया जाएगा।

12. सतर्कता प्रकोष्ठ –भारत सरकार ने राज्यों को सुझाव दिया है कि इस अधिनियम के कार्यान्वयन में होने वाली अनियमिताओं, कदाचारों की सक्रिय पहचान के लिए एक तीन स्तरीय सतर्कता तंत्र की स्थापना की जाए और पहचान की गई अनियमिताओं और भ्रष्टाचारों, जिनका सामाजिक अंकेक्षण के दौरान उल्लेख हुआ है उसमें भी सुधार किया जाए।

निष्कर्ष – ग्रामीण विकास एवं रोजगार के संदर्भ में, स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से लेकर वर्तमान समय तक केन्द्रीय व राज्य सरकारों द्वारा जितनी भी योजनाओं का निर्माण किया गया उन सभी योजनाओं, कार्यक्रमों आदि में 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' अपने कार्यक्रमों, उद्देश्यों व प्रावधानों के संदर्भ में अमूल्य है। यह एकमात्र ऐसी योजना है जो विश्व में रोजगार की गारंटी प्रदान करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी योजना है। मनरेगा के अन्तर्गत ग्रामीण बेरोजगार को न केवल रोजगार पाने का वैधानिक अधिकार एवं गारंटी प्राप्त होती है बल्कि रोजगार न मिल पाने की स्थिति में बेकारी भत्ता पाने का भी अधिकार प्राप्त है। इस योजना के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महिलाओं की एक तिहाई सहभागिता को भी अनिवार्य माना गया है जिससे महिलाएं भी आर्थिक क्षेत्र में सबलता प्राप्त कर सकें। ग्रामीण रोजगार व विकास से सम्बन्धित भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाएं अपने निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने में पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पा रही है। अत: ग्रामीण रोजगार अभिवृद्धि में मनरेगा ने किस स्तर तक योगदान दिया इसका अध्ययन व विश्लेषण भी आवश्यक हो जाता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. ए0के0 सेन, रोजगार तकनीकी एवं विकास, कोणार्क प्रकाशन प्रा0लि0, दिल्ली, 1975
2. कैलाश चन्द्र पपनै, ग्रामीण रोजगार के लिए नई पहल, कुरूक्षेत्र, 1999
3. मिश्र–पुरी, भारतीय अर्थव्यवस्था, हिमालय पब्लिकेशन हाउस, दिल्ली, 1998
4. रूद्र दत्त व के0पी0एम0 सुन्दरम्, भारतीय अर्थव्यवस्था, एस0 चन्द एण्ड कम्पनी लि0, रामनगर, नई दिल्ली, 2001
5. डॉ0 टी0टी0 सेठी, मेक्रो अर्थशास्त्र, प्रकाशक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा, 1994
6. बसंत देसाई, रूरल इम्प्लाएमेंट, हिमालय पब्लिकेशन हाउस, मुम्बई, 1994
7. डॉ0 भंडारी व डॉ0 जौहरी, भारत में आर्थिक नियोजन एवं प्रगति के सिद्धान्त, प्रकाशक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा, 1994
8. एस0पी0 सिंह, आर्थिक विकास एवं नियोजन, एस0चन्द एण्ड कम्पनी लि0, नई दिल्ली, 1994
9. ए0आर0 देसाई, रूरल सोशियोलॉजी इन इण्डिया, द इण्यिन सोसायटी ऑफ एग्रीकल्चर इकॉनोमिक्स, 1961
10. डी0आर0 गाडगिल, टू पॉवरफूल क्लासेज इन एग्रेरियन एरिया इन रूरल सोशियोलॉजी इन इण्डिया, 1961
11. एम0एन0 श्रीनिवास, इंडियाज विलेजेज, एशिया पब्लिशिंग हाउस, बॉम्बे, 1963
12. डॉ0 रमाकान्त ठाकुर, पिछड़े वर्गों की गरीबी का विश्लेषण, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया, 2001
13. राजेन्द्र सिंह, भारतीय अर्थव्यवस्था में गरीबी उन्मूलन की समस्याएं, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1989
14. डॉ0 संजीव दुबे, भारत में गरीबी की समस्या की अवधारणा, कुरूक्षेत्र नई, दिल्ली, 1999
15. राम आहूजा, सामाजिक समस्याएं, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2001

समाचार पत्र–पत्रिकाएँ:

1. अमर उजाला
2. दैनिक जागरण
3. जनसत्ता
4. हिन्दुस्तान टाइम्स
5. नई दुनिया
6. प्रतियोगिता दर्पण
7. प्रतियोगिता किरन
8. कुरूक्षेत्र

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Paulo Coelho's The Alchemist : A Self Denial Of Complacency

Dr. Richa Mathur*

***Professor (English) Govt. PG College, Mavli, Udaipur (Raj.) INDIA**

Introduction - The objective of this paper is to throw light on the non-complacent spirit as presented by the postmodern writer Paulo Coelho in his novel *The Alchemist*. Complacency is a feeling of contentment, a kind of self-satisfaction accompanied by unawareness of actual dander or deficiencies and a kind of smugness. Most of the people know what they want to do with their life. However, complacency always steps in with negative thoughts that stop them from doing what they should be doing.

The alchemist is considered as an inspiration for those who seek their path in life. It is a story for those who wish to know the way to find the heart's desire. In this masterpiece, the writer states that one should never avoid one's destiny and urges people to follow their dreams. According to Coelho, this search should be the only mission on Earth, as it ultimately leads to the way to find the God, meaning happiness, fulfillment and the ultimate purpose of creation. The novel tells how each of us has a single mission or goal in life, a personal legend, though most of us do not realize it. But most importantly it tells that though we do not know what our treasure will be, or where and how we will receive it, if we follow our heart, we will find it.

It is the story of Santiago, an Andalusian shepherd boy who has a dream and courage to follow it. After listening to "the sign", Santiago ventures in his personal, Ulysses- like journey of exploration and self discovery, symbolically searching for a hidden treasure located near the Pyramids in Egypt. The mystery of whole quest is that it ends in his own country, in the region of Andalusia. In his journey of unknown and unseen lands, the young Santiago sees the greatness of the world, and meets all exciting and crazy people and knows all down to earth people, and eventually the Alchemist. However apart from all material treasure which he gets at the end of the novel, what else he gains is the discovery that 'treasure lies where your heart belongs' and the treasure was the journey itself; the discoveries he made and the wisdom he gained.

The Alchemist is an exciting novel that bursts with optimism, it is a kind of novel that tells you that everything is possible as long as you really want it to happen. In order to bring home to this message, Coelho present many such characters that could never follow their dreams in their lifetime as they put it off due to the fear of failure, lack of courage or lack of a strong impetus. Paulo Coelho shows how easy it is to give up ever attaining one's dreams due to complacency or not wanting to move out of one's comfort zone.

> *People are afraid to pursue their most important dream, because they feel that they don't deserve them or that they'll be unable to follow them (Coelho, 2008, p 124)*

Coelho also suggests that those who don't have the courage follow their dreams are doomed to a life of emptiness, misery and non-fulfillment. Fear of failure seems to be the greatest obstacle to happiness. As one of the characters, an old crystal-seller tragically confesses:

> *I am afraid that it would all be a disappointment, so I prefer just to dream about it (Coelho, 2008, p 53)*

This is where Coelho really captures the psyche of man, who sacrifices fulfillment to conformity, who knows he can achieve greatness but denies doing so due to the fear of loss and defeat and ends up living a life of void and regret. It is interesting to see that Coelho presents the person who denies following his dreams as a person who denies seeing God. However, only a few people chose to follow the road that has been made for them, and find God while searching for their destiny and their mission on Earth. The book frequently reiterates that:

> *When you really want something to happen, the whole universe conspires so that your wish comes true (Coelho, 2008, p 21)*

There are many situations in the life of Santiago when he could settle down in a complacent situation. But it is the spirit of an adventurer that makes him set out to lead a life of wanderer. His parents wanted him to be a priest, a job that could ern a good living for him and his family. On the contrary, Santiago wanted to travel to see the world, hence

he became shepherd. When he loses hope in the realization of his dream of the treasure, he really gives it up. But it is the King of Salen who rejuvenates his hope in the dream and the boy undertakes the journey. Once you stay in a place long enough it gets very comfortable and then it requires more energy to get out of that place. And therein lies the very well disguise trap of complacency. The same happens with Santiago. He once again seems to be in the trap of complacency when he was compelled to work with the crystal merchant. The boy was thinking of giving up his search and going back to Andalusia. This time he is rescued from doing so by Urian and Thummim, the two stones given to him by king od Selen. While in the oasis, Santiago falls in the love with a girl named Fatima and nearly decides to settle down there. But the appearance of the Alchemist on the scene, the insistence of Fatima and his own urge for the dream compel him to continue his search for the hidden treasure in the desert and end up successfully.

The whole of Santiago journey symbolically presents a philosophy. According to Coelho, complacency tends to nit any potential for change in the bud and encourages the absolute minimum. The book points out the danger of complacency. Sooner or later, before one realizes complacency in his/her life, one has missed out those opportunities that could make him/her successful person in life.

References:-

1. Coelho, P(2008) The Alchemist, London: Harper Collins.
2. Dash, Rajendra Kumar "Paulo Coelho's The Alchemist, the Memories of life Management skills" IOSR Journal of Humanities and Social Sciences, Vol 3, no. 3, 2012 pp. 1-4

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भारतीय मतदाताओं के मतदान-व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों का एक अध्ययन

डॉ. अनिल कुमार* धर्मपाल सिंह**

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) सनातन धर्म महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) सनातन धर्म महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान में विश्व के अधिकांश देशों में लोकतान्त्रिक व्यवस्था विद्यमान है, और वहाँ पर निवार्चन को निर्विवाद रूप से अपनाया गया है। इसीलिए निवार्चन प्रणाली को लोकतान्त्रिक व्यवस्था में उसका हृदय एवं प्राण भी माना जाता है। अर्थात् निर्वाचन प्रणाली में कोई राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी हार जाता है तो कोई जीत भी जाता है। इसी प्रक्रिया को जानने की जिज्ञासा अथवा उत्सुकता, राजनीतिक विज्ञान के प्रबुद्ध जनों में पाया जाना एक आम सी बात है। भारत में अब तक सत्रहवीं लोकसभा (2019) एवं विभिन्न स्तरों पर होने वाले चुनाव परिणामों के फलस्वरूप शासन सत्ता विद्यमान हैं। अत: इन चुनावों को प्रभावित करने वाले वे कौन-कौन से प्रमुख कारक अथवा घटक हैं जिन्होंने भारतीय मतदाताओं को प्रमुख राजनीतिक दलों अथवा व्यक्तियों या प्रत्याशियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। इसी प्रक्रिया को समझने का धीरे-धीरे विकास हो रहा है तथा मतदान व्यवहार को परखनें के अध्ययन अत्यधिक लोकप्रिय एवं पसंदीदा बनते जा रहे है। इसीलिए प्रस्तुत शोध पत्र में भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख निर्धारक कारकों का समीक्षात्मक अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

शब्द कुंजी – भारतीय मतदाता, मतदान-व्यवहार, मतदान प्रभावित कारक।

प्रस्तावना – सामान्यत: मानव एक सामाजिक एवं जिज्ञासु प्राणी रहा है। इसीलिए उसे अपने समाज/राज्य एवं निकटत: घटित घटनाओं के विषय में जानने एवं समझने की उत्सुकता एवं तत्परता होती रही है। अत: किसी भी लोकतान्त्रिक राज्य विशेष में जहाँ पर शासन सत्ता का परिवर्तन निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से होता है। वहाँ के सामान्य नागरिकों एवं राजनीतिक शास्त्र के प्रबुद्ध जनों और शोधकर्ताओं में यह समझने या जानने की बड़ी तीव्र इच्छा होती है कि सभी राजनीतिक दलों में से केवल किसी एक ही राजनीतिक दल या प्रत्याशी को ही उस राज्य या क्षेत्र विशेष के मतदाता वहाँ होने वाले चुनावें में उन्ही को क्यों बार-बार मतदान करते है अथवा हर पाँच वर्षो के बाद किसी राज्य या क्षेत्र विशेष की जनता वहाँ की शासन सत्ता में परिवर्तन क्यों चाहती है?

अत: विशेषज्ञों एवं विद्धानों के मन में इस प्रकार के प्रश्नों का उठना, मतदान व्यवहार के अध्ययनों को आवश्यक बना देता है। भारत में अब तक सत्रहवीं लोकसभा (2019) एवं विभिन्न स्तरों पर चुनावों के माध्यम से शासन-सत्ता विद्यमान है।

भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार के तरीकों में समय-समय पर परिवर्तन देखने को मिलता रहा है। क्योंकि भारत में मतदाताओं का मतदान व्यवहार कई प्रमुख कारकों अथवा घटकों से प्रभावित होता रहा है। इसीलिए इसे जानने एवं समझनें के प्रयास को ही शोध-पत्र में प्रस्तुत किया गया है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत शोध पत्र में आनुभविक शोध की समीक्षात्मक/विवेचनात्मक पद्धत्ति को अपनाया गया है तथा इसमें मुख्यत: द्वितीय समंकों का प्रयोग किया गया है।

साहित्यावलोकन

अभय कुमार दुबे (2005) ने अपनी पुस्तक, 'लोकतन्त्र के सात अध्याय' में लोकतन्त्र में चुनाव एवं मतदान को प्रभावित करने वाले कारकों का विश्लेषण किया है और सुझाव भी प्रस्तुत किये हैं।

एम0एस0राणा (2000) ने अपनी पुस्तक 'इण्डिया वोट्स लोकसभा एण्ड विधानसभा इलक्शन्स' (1999-2000) में चुनाव एवं मतदान को प्रभावित करने वाले तत्वों का विश्लेषण किया है।

पी0एन0 कृष्णमणि (1971) ने 'इलेक्शन एण्ड वोटर्स' में मतदाताओं के मतदान-व्यवहार के दृष्टि कोणों एवं अवधारणाओं को स्पष्ट किया है।

डॉ0 सी0बी0 गेना (1997) ने 'तुलनात्मक राजनीति एवं राजनीतिक संस्थाएँ' में मतदान व्यवहार के अर्थ को स्पष्ट किया है।

राजीव रंजन (2000) ने लोकसभा चुनाव और राजनीति में मतदाता के मतदान व्यवहार को उसके सामूहिक निर्णय के रूप में स्पष्ट किया है।

डॉ0 बी0एल0 फडिया एवं पुखराज जैन (2007) ने 'भारतीय शासन एवं राजनीति' में भारतीय मतदान व्यवहार के प्रमुख कारकों अथवा घटकों को प्रस्तुत किया है।

संजय कुमार एवं प्रवीण राय (2013) ने 'भारत में मतदान व्यवहार का मापन' को प्रस्तुत किया है। तथा भारत में मतदान व्यवहार के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला है।

मतदान व्यवहार का अर्थ – मतदान व्यवहार का अर्थ है कि मतदाता किन प्रमुख विषयों से प्रभावित होकर अपने मतदान व्यवहार का प्रयोग करता है। अथवा किन कारणों या तरीकों को प्रकट करता है जोकि मतदान करने में मतदाता या आम जनता को प्रभावित करते है। मतदान व्यवहार को निर्वाचन प्रणाली के अध्ययन का एक प्रमुख अंग भी माना जा सकता है। क्योंकि इसके द्वारा मतदान व्यवहार का मनोवैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रकार से अध्ययन किया जाता है। अत: सभी मतदान व्यवहारों का उद्देश्य इस

विषय को जानने एवं समझने का रहा है कि मतदाता, मतदान करते समय किन-किन प्रमुख कारकों एवं तथ्यों से सर्वाधिक प्रभावित होता आया है। और वह कौन सी प्रमुख बाते एवं मुद्दे होते हैं जोकि सामान्यत: मतदाताओं को भी अपना मत परिवर्तित करने के लिए प्रेरित करते हैं। अत: मतदाताओं का मतदान व्यवहार निर्वाचन सम्बन्धी तथ्यों एवं समंको के रिकार्ड तक ही सीमित नहीं होता है अपितु यह तो मतदाताओं के मन की भावनाओं अनुभवों एवं परिस्थितियों आदि मनोवैज्ञानिक अवधारणाओं के परिप्रेक्ष्य में अपना पक्ष उजागर करता है। अर्थात 'शान्तिपूर्ण सत्ता परिवर्तन का मुख्य साधन ही मतदान व्यवहार है।' 'शान्तिपूर्ण सत्ता परिवर्तन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं उपयुक्त साधन मतव्यवहार ही है'। यह लोकतान्त्रिक शासन का मुख्य आधार है। मतव्यवहार के द्वारा न केवल प्रतिनिधियों का चुनाव होता है अपितु जनता द्वारा जनता के शासन का निर्माण भी होता है।' 'भारत ही नहीं बल्कि सारे एशिया और अफ्रीका महाद्वीप में लोकतंत्र का भविष्य मतदाताओं के व्यापक दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। मतदान एक पवित्र अधिकार और कर्तव्य है। जोकि इस धारणा पर आधारित है कि प्रभुसत्ता जनता में निहित है। प्रभुसत्ता का अंश होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना चाहिए तथा मतदान में भाग लेकर ही मतदाता अपने कर्त्तव्य को पूरा करता है।'

'मतदान व्यवहार मतदाता द्वारा किये गये मतदान का वह भाग है जिससे उसे राजनैतिक परिस्थितियों के सन्दर्भ में किसी उम्मीदवार को हराना या जिताना होता है। अत: मतदान व्यवहार सामूहिक निणर्यो को प्रदर्शित करने की एक प्रक्रिया कही जा सकती है।'

मतदान व्यवहार की परिभाषा – समाजशास्त्रियों एवं राजनीतिज्ञों द्वारा मतदान व्यवहार को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया है-

गार्डन मार्शल (समाज शास्त्री) के अनुसार 'मतदान व्यवहार का अध्ययन निरपवाद रूप से निर्धारकों पर ध्यान केन्द्रित करता है कि वे सार्वजनिक चुनावों में मतदान क्यों करते हैं। जैसा कि वे करते हैं। वे अपने द्वारा किये गये निर्णयों पर कैसे पहुँचते हैं।'

स्टीफन वासबी (न्यूयार्क यूनिवर्सिटी, राजनीति विज्ञान, विभाग के प्रोफेसर) के अनुसार 'मतदान व्यवहार के अध्ययन में व्यक्तिगत मनोवैज्ञानिक बनावट (मेकअप) और राजनीतिक कार्यवाही के साथ-साथ उनके संस्थागत पैटर्न जैसे-संचार प्रक्रिया और चुनावों पर उनके प्रभाव का विश्लेषण शामिल है।'

डोनाल्ड ई0 स्टोक्स (1996) के अनुसार 'मतदान व्यवहार व्यक्तिगत प्राथमिकताओं का सामूहिक निर्णयों में समाहार करने का एक साधन है।'

धर्मवीर महाजन (1998) के अनुसार 'मतदान व्यवहार से अनभिज्ञ मतदाता के मत देने तथा उसे प्रभावित करने वाले कारकों से है।'

मतदान व्यवहार का इतिहास – बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से मतदान व्यवहार के अध्ययन का प्रारम्भ माना जाता है। तथा इसके वैज्ञानिक अध्ययन को सैफोलॉजी कहते हैं। जोकि ग्रीक शब्द प्रेस्फोस से निकला है।

प्रथम देश फ्राँस है जहाँ मतदान व्यवहार की सर्वप्रथम शुरूआत हुई थी। इसके बाद अमेरिका और ब्रिटेन आदि देशों में भी मतदान व्यवहार पर अध्ययन प्रारम्भ हो गये।

इसी श्रृंखला में अमेरिका के प्रिंसटन न्यूजर्सी में 'अमेरिकन इस्टीटयूट् ऑफ पब्लिक ओपिनियन' की स्थापना सन् 1935 में डॉ0 गेलप ने की थी। इसीलिए डॉ0 गेलप शोध के अनुसार अपने अनुमानों को प्रदर्शित कर बहुत प्रसिद्ध हो गये थे।

भारत में मतदान व्यवहार का इतिहास – भारत में द्वितीय आम चुनाव (1957) के दशक के बाद मतदान व्यवहार के अध्ययन की शुरूआत मानी जाती है। तथा वर्तमान समय में इस विषय पर प्रचुर मात्रा में साहित्य प्रकाशित हो रहा है। जिसमें डॉ0 एरिक दा कोस्टा द्वारा सन् 1950 के प्रारम्भिक दशक में 'इण्डियन इंस्टीटयूट् ऑफ पब्लिक ओपिनियम' की स्थापना की गई थी। जिसने भारत में मतदान व्यवहार के अध्ययन में महत्त्वपूर्ण भमिका निभाई थी। तथा भारत में 1957 ई0 में द्वितीय आम-चुनावों के बाद लोकसभा चुनावों में मतदान व्यवहार का अध्ययन प्रारम्भ हुआ। भारत में मतदान व्यवहारों के अध्ययनों में 'सेन्टर फार द स्टडी ऑफ डवलपिंग सोसाइटी' की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। क्योंकि इसने 'नेशनल इलेक्शन स्टडी के नाम से अखिल भारतीय नमूना सर्वेक्षण पर निर्वाचन के अध्ययनों को प्रारम्भ किया। अत: यह संस्थान सन् 1996 ई0 से निरन्तर मतदान व्यवहारों का अध्ययन कर रहा है। पॉल ब्रास ने 1980 से केस स्टडी के माध्यम से अध्ययन किया तथा सन् 2000 ई0 के बाद मतदान व्यवहारों के अध्ययन की प्रक्रिया अत्यधिक लोकप्रिय एवं पंसदीदा साहित्यक विधाओं में शुमार हो गयी है। जिसमें मुकुलिका बनर्जी द्वारा सन् 2007 में नृवंश विज्ञान विधि से अध्ययन किये गए हैं।

भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक – भारत में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात यहाँ गणराज्य की स्थापन की गयी है जिसमे संवैधानिक व्यवस्था के माध्यम से निर्वाचन आयोग का गठन किया गया तथा निर्वाचन आयोग की देख-रेख में भारत में समय समय पर विभिन्न स्तरों पर चुनाव सम्पन्न किये जाते रहे है। भारतीय जनमानस अथवा मतदाताओं के मतदान व्यवहार के फलस्वरूप विभिन्न स्तरों पर संचालित संस्थाओं के माध्यम से शासन सत्ता का संचालन होता रहा है। अत: इसी शासन सत्ता के संचालकों को स्वीकृति प्रदान करने वाले मतदाताओं ने अपने मतदान व्यवहार के माध्यम से उन्हें शासन सत्ता से हटाया भी है। मतदाताओं के इसी मतदान व्यवहार को परिवर्तित करने वाले विभिन्न कारक निम्न प्रकार हैं-

धर्म – भारत में मतदाताओं का मतदान व्यवहार हमेशा ही धर्म या धार्मिक तत्वों से प्रभावित रहा है। यहाँ लगभग सभी राजनीतिक दलों द्वारा किसी न किसी धर्म विशेष के संरक्षक या प्रतिनिधित्व का दावा करते हुए चुनावों को प्रभावित किया जाता रहा है। मन्दिर-मस्जिद मुद्दे कभी किसी धर्म को संकट में बताकर हिन्दु-मुस्लिम के तृष्टिकरण की राजनीति की जाती रही है।

'प्राचीन काल से ही भारत में धर्म की महत्ता रही है। धर्म भारतीयों की धमनियों में रक्त के साथ प्रवाहित होता है। अत: देश की राजनीति में धर्म का स्थान सर्वोपरि है। धर्म के साथ ही राजनीति के वांछित सम्बन्धों का निरूपण धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त में मिलता है। राजनीति व्यवस्था की परिचालक है। जिसका उद्देश्य जनकल्याण, व्यक्ति का सर्वांगीण विकास और सर्वोन्नति है।'

'बीते चुनावों में भ्रष्ट तरीकों के प्रयोग के अनेक उदाहरणों में धर्म भी मुख्य कारक रहा है। धर्म, मूलवंश, जाति या समुदाय, भाषा के आधार पर किसी व्यक्ति के लिए मतदान करने या न करने की दुहाई देकर मतदान व्यवहार को प्रभावित करने के कार्य करता है।'

जातिवाद – जातिवाद मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाला दूसरा सबसे प्रमुख कारक रहा है। भारत में निर्वाचन प्रक्रिया को जातिवाद ने पिछले

अनेक वर्षो से निश्चित रूप से प्रभावित किया है। स्वतन्त्रता पूर्व विभिन्न जातीय संघों ने सामाजिक पद सोपान में अपनी जाति के लिए शिक्षा, नौकरी तथा अन्य सुविधाओं के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में अभिकर्ता के रूप में अत्यधिक कार्य किया है। किन्तु स्वतन्त्रता के बाद हमारे संविधान में जातिवाद की प्रगति को समाप्त करने के लिए व्यस्क मताधिकार व एक व्यक्ति एक वोट का नियम लागू किया तथा मिश्रित या साम्प्रदायिक चुनाव समाप्त कर दिये गये। परन्तु इन सारे प्रबन्धों के होते हुए भी जातिवाद विशेष रूप से आरक्षण के नये रूप मे सामने आया है जिसमे पिछड़ी जातियों की संख्या अधिक होने या वोट बैंक उनके हाथ में होने के कारण उनका महत्त्व और भी बढ़ गया है।

'भारतीय सामाजिक व्यवस्था में जाति का महत्त्वपूर्ण स्थान है। भारत के परम्परागत ताने-बाने में सामाजिक व्यवस्था, जाति संरचना एवं जातीय पहचान के चिह्न हैं। अत: भारत में जातियों का ह्रास नही होगा बल्कि समय अनुसार परिवर्तित होता रहेगा।'

'स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद जातिवाद की भूमिका और अधिक व्यापक हो गयी है। और वे आर्थिक, राजनीतिक क्षेत्र में दबाव समूह की भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी-अपनी जातियों को राजनैतिक दृष्टिकोण से गतिमान करने की दिशा में अभिकर्त्ता के रूप में प्रयत्नशील हो गये हैं।'

पॉल ब्रॉस लिखते हैं कि 'स्थानीय स्तर पर गाँवों में मतदान व्यवहार का सबसे महत्त्वपूर्ण उदाहरण जातीय एकता है। बडी और महत्त्वपूर्ण जातियाँ अपने चुनावी क्षेत्र में अपनी ही जाति के सदस्य का समर्थन करती हैं या ऐसे दल का समर्थन करती हैं जिनसे उनकी जाति के सदस्य अपनी पहचान स्थापित करते हैं।'

अत: जातिवाद का राजनीतिक दलों ने थोक वोट बैंक के रूप में खुलकर प्रयोग किया है। पश्चिमी उ0प्र0 में जाट, गुर्जर, मुस्लिम आदि प्रमुख मुद्दे रहे हैं। अक्सर ग्राम पंचायत चुनावों में जाति वर्ग को सर्वाधिक प्रधानता दी जाती है।

भाषा वाद – राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्ति की सफलता के लिए भाषा एक प्रबल माध्यम रहा है। चाहे रोजगार या नौकरी का प्रश्न हो या राजनीतिक जीवन अथवा सम्मानजनक जीवन स्तर को प्राप्त करने का प्रश्न हो, हर क्षेत्र में भाषा की प्रमुख भूमिका रही है। अत: विभिन्न प्रान्तों के क्षेत्रीय नेता क्षेत्रीय भाषा के प्रश्नों पर आधारित राजनीति करते हैं और आश्चर्यजनक रूप से इस प्रश्न पर स्थानीय लोगों की भावनाओं को उत्तोजित करने का कार्य करते हैं उन्हें वोट बैक के रूप में प्रयोग करते हुए चुनाव में उन्हें सत्ता प्राप्ति हेतु विभिन्न सोपानों के रूप में प्रयोग करते आये हैं। जैसे 1956 में भाषा के आधार पर राज्यों के पुर्नगठन ने इस प्रवृत्ति को आधार शिला प्रदान कर दी थी और सन् 1967 और 1971 के तमिलनाडू विधान सभा चुनावों में डी0एम0के0 ने हिन्दी भाषा के विरोध पर भारी जनसमर्थन प्राप्त किया था। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्ला भाषा को बचाने का नारा देकर 2021 के विधान सभा चुनाव सफलता प्राप्त की है।

क्षेत्रवाद – भारत वर्ष में क्षेत्रीयता तो यहाँ की सांस्कृतिक एवं भाषायी मूल में समाहित है जिन्हे एक सूत्र मे पिरोने का कार्य पूर्वकाल में महात्माओं, धर्मप्रवर्तकों एवं प्रभावशाली सम्राटों तथा नवाबों द्वारा किया गया था। ब्रिटिश सरकार द्वारा भी विभिन्न स्तरों पर नीतियों एवं कार्यक्रमों जैसे-डाकसेवा, भारतीय रेलवे तथा अंग्रेजी भाषा के प्रचार प्रसार के माध्यम से इसे खत्म करने का प्रयास किया है। परन्तु जब सन् 1956 में भाषा के आधार पर भारतीय राज्यों का पुन: सीमांकन किया गया तो विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय नेताओं का प्रभाव भी बढ़ने लगा और इसी क्रम में धरती पुत्रों का उल्लेख भी होने लगा तथा राष्ट्रवाद की कड़ियाँ बिखरने लगी और बहुलवाद, क्षेत्रवाद तथा विकेन्द्रीकरण के विषय प्रभावी होने लगे जिससे देश के लिए एक भ्रामक स्थिति उत्पन्न हो गयी।

वंशवाद अथवा सामन्त वाद – भारत में अभी भी कुछ क्षेत्रों में वंशवाद या सामन्तवादी व्यवस्था द्वारा मतदान व्यवहार को प्रभावित किया जाता रहा है। ऐसे वंशवादी उम्मीदवारों एवं विरासत पर राजनीति करने वाले उम्मीदवारों को सामान्यतया इसी आधार पर विजय भी प्राप्त होती रही है। और सभी स्तरों के नेता पद से लेकर कार्यकर्त्ता तक में इसी खानदानी रब्बोरोआब का प्रचलन चला आ रहा है। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा 14वी लोकसभा (2004) में देश भर से सौ से अधिक ऐसे ही उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे गये थे। और जिनमें से अधिकांश को सफलता भी प्राप्त हुई थी। जबकि उनकी योग्यता अथवा राजनीतिक क्षमता की उपेक्षा करके उनकी खानदानी विरासत को वरीयता प्रदान की गयी थी।

विशेष मुद्दे – मतदान व्यवहार को प्रभावित करने में सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों की भी महत्ता रहती है। तथा राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दे भी मतदाताओं के व्यवहार को अवश्य ही प्रभावित करते हैं। जहाँ तक ग्रामीण परिवेश की बात है जनता स्थानीय मुद्दों से ज्यादा प्रभावित होती है। जैसे- 1980 में जनता ने काग्रेस की स्थिर व प्रभावी सरकार के नाम पर वोट दिया था। वहीं सन् 1984 ई0 में भारतीय जनता ने देश की एकता और अखण्डता के नाम पर अथवा सभी प्रकार के कारकों (क्षेत्रीयता, धार्मिकता) को दरकिनार करते हुए राजीव गाँधी सरकार को प्रचण्ड बहुमत दिया था। इसी प्रकार 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार को विकास के नाम पर भारी बहुमत प्रदान किया गया है। तथा उ0प्र0 में योगी आदित्यनाथ को भय एवं भ्रष्टाचार मुक्ति के नाम पर बहुमत प्रदान किया गया है।

लिंग एवं आयु – मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावति करने वाला प्रमुख कारक लिंग एवं आयु भी एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता हैं। भारत में सामान्यत: यह देखा जाता है कि महिलाएँ मतदान के प्रति ज्यादा उदासीन रहती हैं। किन्तु जब किसी पार्टी के घोषणा पत्र में महिलाओं के हित और अधिकारों को स्थान दिया जाता है तो महिलाएँ अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय होकर मतदान करती हैं। विशेष तौर पर महिला उम्मीदवार के प्रति। 'इन्दिरा गाँधी के शासन काल में महिलाओं की प्रमुख पसन्द कांग्रेस पार्टी इसीलिए हुआ करती थी क्योकि उस पार्टी की मुखिया श्रीमति इन्दिरा गाँधी एक महिला थी।' वर्तमान भारतीय मतदाताओं की कुल संख्या का एक बडा हिस्सा युवा वर्ग से सम्बन्धित है। जोकि 21-25 आयु वर्ग के बीच है। जिनमें युवा आयु वर्ग के नेताओं के प्रति एक खास आकर्षण पाया जाता है। इसी कारण वह युवा नेतृत्व को समर्थन एवं वोट देना सर्वाधिक पसन्द करते हैं। जैसे-बिहार राज्य से तेजस्वी यादव, चिराग पासवान, उत्तर प्रदेश से अखिलेश यादव, जयन्त चौधरी आदि नेता भी युवा वर्ग की पसन्द हैं। इसके अतिरिक्त चन्द्रशेखर आजाद उर्फ रावण एवं हार्दिक पटेल जैसे युवा वर्ग का बखूबी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

नेतृत्व एवं करिश्माई व्यक्तित्व – करिश्माई व्यक्तित्व मतदान में मतदाताओं को प्रभावित करने का एक प्रबल एवं मुख्य कारक माना जाता है। कई राजनेता जनता में अपनी एक ऐसी छवि बना लेते हैं कि मतदाता

उसके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उसके प्रति मतदान करते हैं न कि उसके राजनीतिक दल को समर्थन प्रदान करते हैं।

अत: प्रत्याशी का व्यक्तित्व भी मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करता है। जबकि उनकी प्रतिबद्धता अन्य पार्टी के प्रति होती है।

मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाला यह करिश्माई व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विशेष रूप से ग्राम पंचायतों के चुनावों में अधिक प्रभावी रहता है। किन्तु कभी कभी लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में भी देखने को मिलता है। जिसमें उम्मीदवार का सद्चरित्र, ईमानदारी, जनहितकारी सौम्य व्यक्तित्व उस क्षेत्र विशेष के मतदाताओं को विशेष रूप से प्रभावित करता है। भारतीय राजनीति के मुख्य चेहरे जिन्होंने समय-समय पर भारतीय जनमानस को विशेष रूप से प्रभावित किया है उनमें पण्डित जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इन्दिरा गाँधी, राजीव गाँधी, लाल बहादुर शास्त्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ0मनमोहन सिंह, श्री नरेन्द्र मोदी जैसे लोकप्रिय नेताओं का नाम लिया जा सकता है।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश राज्य की राजनीति के मुख्य चेहरों में श्री कल्याण सिंह, श्री मुलायम सिंह, बहन कुमारी मायावती, श्री योगी आदित्य नाथ जी।

नेतृत्व की बेदाग छवि, दृढ़ निर्णय क्षमता, कार्यव्यवहार में गरिमा आदि गुण जिस राजनेता में पाये जाते है। देश की जनता अथवा मतदाता स्वयं ही उस प्रत्याशी के प्रति सौहार्द्र पूर्णता पेश करती है तो ऐसा व्यक्ति सर्वाधिक जनप्रिय बन जाता है।

आर्थिक प्रलोभन – धर्म और जाति के अतिरिक्त चुनावी प्रत्याशी की आर्थिक हैसियत की भी मतदान को प्रभावित करने में अहम् भूमिका होती है। और धनबल के प्रलोभन का विशिष्ट महत्त्व होता है। क्योंकि भारत में अभी भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों की संख्या अधिक है। जिनके पास सामान्य सुविधाएं और विकास के अवसर न्यूनतम हैं। अत: यहाँ के लोगों में धन के प्रति तीव्र आकर्षण की प्रवृत्ति सामान्यत: पायी जाती है। यही कारण है कि चुनाव के समय उम्मीदवारों और राजनीतिक दलो द्वारा धन बल से मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास भी किया जाता है अर्थात राजनीति में सभी हथकण्ड़ों (साम, दाम, दण्ड, भेद) को आजमाया जाता है।

'वोट के ठेकेदार गरीब मतदाताओं में पैसे बाँटते हैं, और स्वयं भी किसी प्रत्याशी या पार्टी से पैसा लेकर गरीब जनता को बहला फुसलाकर उनका वोट हासिल कर लेते हैं। क्योकि भूखे लाचार व्यक्तियों को वोट की अपेक्षा कुछ रूपयों का मूल्य अधिक प्रतीत होता है। कोई भी चुनाव उनके लिए ज्यादा लाभप्रद होता है। जिनके पास चुनाव में खर्च करने का ज्यादा सामर्थ्य होता है। सामान्य परिस्थितियों में वे मतदाताओं को प्रभावित करने में ज्यादा सफल होते हैं।' कई बार चुनावो में यह भी देखा गया है कि उम्मीदवार के कार्यकर्ता मतदान से पूर्व संख्या पर झुग्गी-झोंपडियों या मलिन बस्तियों में गरीब जनता को शराब, रूपये-पैसे, कपड़े, साड़ियाँ, जूते चप्पल, सिलाई मशीन आदि उपहार बाँटते नजर आते हैं क्योंकि ऐसा माना जाता है कि जो उम्मीदवार चुनाव में जितना अधिक पैसा खर्च करता हैं उसके जीतने की सम्भावना उतनी ही अधिक होती है।

कभी-कभी उम्मीदवार द्वारा अपने मतदाताओं या प्रमुख कार्यकताओं को किसी संस्था विशेष में कोई पद/नौकरी/व्यवसाय देने का वादा करके उनके मतों को हासिल करने का प्रयास भी किया जाता है।

दलीय विचार धाराएं – 'भारतीय मतदाता यद्यपि बहुत अधिक नहीं, लेकिन कुछ हद तक दलों की विचार धाराओं, कार्यक्रमों व नीतियों आदि से अवश्य ही प्रभावित होते रहते हैं। इस सम्बन्ध में उनके द्वारा नकारात्मक विचारधारा के स्थान पर सकारात्मक विचारधारा और कार्यक्रम को पसन्द किया जाता रहा है। जैसे 1971 में जनता ने 'गरीबी हटाओं देश बचाओं' कार्यक्रम को अथवा विकासवादी विचारधारा को पसन्द किया था तो वहीं 1977 ई0 में उन्होंने जनता पार्टी की सकारात्मक आर्थिक विचारधारा को पसन्द कर उन्हें मत प्रदान किया।'

प्रत्याशी/दलजीत की संभावना– भारत के चुनावी माहौल में कभी-कभी ऐसा भी देखने को मिलता है कि भारतीय मतदाता अपने आस पास बने चुनावी वातावरण द्वारा भी प्रभावित पाया जाता है अर्थात उसने जिस भी पार्टी अथवा प्रत्याशी के जीतने की सम्भावना ज्यादा समझी उसी ओर अपने मतदान व्यवहार का रूख मोड़ दिया है अर्थात् मतदाता चुनावी लहर से प्रभावित होता है।

सत्ता रूढ़ दल द्वारा किये गये कार्यो तथा सरकार की गतिविधियों के आधार पर भी जीत का अनुमान लगाकर भी उस क्षेत्र का मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करता है।

सत्ताधारी दल का प्रदर्शन – भारतीय मतदाताओं को जब लगता है कि सरकार अपने वादों को पूरा करने में असफल रही है तो सामान्यत: जनता उस सरकार को अपना मतसमर्थन न देकर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देती है। इसे एंटी इंकम्बैसी फैक्टर कहते हैं। जैसे सन् 1980 में जनता पार्टी, व सन् 1989 में कांग्रेस पार्टी की मुख्य चुनावों में हार का प्रमुख कारण मतदाताओं में सत्ताधारी दल के कार्यों से असंतुष्टि थी। इसका दूसरा पहलू यह होता है कि जब सामान्य जनता सरकार के कार्यों से सन्तुष्ट होती है तो उसे पुन: भरपूर समर्थन या पूर्ण बहुमत प्रदान करती है जैसे सन् 2004 में जनता ने सोनिया सरकार को समर्थन प्रदान किया तथा सरकार की नीतियों और कामकाज के प्रदर्शन से सन्तुष्ट होकर दोबारा मनमोहन सरकार को सत्ता प्रदान की।

इसी प्रकार सन् 2014 में मोदी सरकार को जनता ने समर्थन प्रदान किया और उनके विकास की नीतियों से सन्तुष्ट होकर उन्हें दोबारा 2024 तक के लिए सत्ता को चलाने मौका प्रदान किया है।

चुनावी घोषणा-पत्र – संसदीय लोकतन्त्र की व्यवस्था वाले देशो में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन के पूर्व अपनी विचारधारा, नीतियों एवं कार्यक्रमों को वे जनता के समक्ष घोषणाओं के रूप में रखते हैं और इस घोषित दस्तावेज को ही घोषणा पत्र कहते हैं। जिसका राजनीतिक दल अच्छी प्रकार से प्रचार एवं प्रसार भी करते है और जनता से उनका मत भी प्राप्त करते है। 'जैसे आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वैभव माहेश्वरी ने अपने घोषणा पत्र को गारन्टी पत्र बताते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी जो वादे करती है उसे गारन्टी से पूरा भी करती है।' (16 जनवरी 2022 हिन्दुस्तान समाचार-पत्र)

सभी लोकतान्त्रिक व्यवस्था वाले राज्यों में चुनाव पूर्व विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा आम जनता को प्रभावित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं की घोषणा की जाती है। ताकि उनकी शासन/सत्ता आने पर उन योजनाओं से जनता लाभान्वित हो सके। लेकिन राजनीति के दूसरे पहलू के अनुसार कि राजनीति में वादे किये जाते हैं निभाये नहीं जाते हैं। अत: इसी परम्परा को कायम रखते हुए सभी राजनीतिक दल केवल घोषणाएँ करते हैं। लेकिन उन्हें पूरा नहीं करते हैं। अर्थात उन घोषित वादों या घोषणाओं

पर अमल नहीं किया जाता है। और जो सरकारें उन पर अमल करती हैं जनता उन्हें दोबारा शासन/सत्ता का मौका देती है।

जबकि आजकल भारतीय चुनावी माहौल में मुफ्त की रेवडियाँ बाँटने का प्रचलन अधिक हो गया है। सभी राजनीतिक पाटियाँ एक से बढ़कर एक योजनाओं की घोषणाएँ करते हुए नज़र आती हैं। उन घोषित योजनाओं का देश हित पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इसकी परवाह किए बगैंर बस केवल जनता को रिझाकर अथवा अच्छे दिनों के सपने दिखाकर उनका वोट बैंक हासिल करना मात्र ही उनका उद्देश्य बन गया है।

प्रचार प्रसार के साधन – प्रचार प्रसार के साधन चुनावों में मतदाताओं के मतदान व्यवहार को सीधे प्रभावित करते हैं। स्वतन्त्रता के पश्चात् प्रत्येक चुनाव के समय में होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से मतदातओं को प्रभावित किया जाता रहा है। सन् 1990 के दशक तक रेडियों प्रचार का प्रमुख माध्यम रही है और दूसरी तरफ समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं ने मतदाताओं के मतदान व्यवहार को बहुत प्रभावित किया है।

इसके बाद इलैक्ट्रॉनिक मीडिया का युग आया अैर टेलीविजन पर राजनीतिक दलों ने प्रचार-प्रसार करना प्रारम्भ कर दिया। कांग्रेस पार्टी ने 1984 के लोकसभा चुनावों में इसका लाभ उठाया तथा 2014 में सोलहवीं लोकसभा एवं 2019 में मतदाताओं के मतदान व्यवहार को मीडिया ने गहराई से प्रभावित किया। मीडिया विशेषकर समाचार चैनलों ने भाजपा और नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन अभियान को न सिर्फ मतदाताओं के बड़े हिस्से तक पहुँचाया बल्कि उसे पूर्ण विश्वसनीयता के साथ पेश भी किया। मीडिया के द्वारा एक बड़े क्षेत्र में मोदी ही छाये रहे। जिसका फायदा भाजपा गठबन्धन सरकार को प्राप्त हुआ। इसी कारण भारतीय मीडिया को मोदी अथवा गोदी मीडिया की संज्ञा भी दी जाने लगी।

सोशल मीडिया– भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले एक प्रमुख कारक जिसे 'सोशल मीडिया' कहते है; 21वीं सदी के दूसरे दशक में सामने आया है। जिसमे फेसबुक, व्हाटसएप, ट्विटर, वेबसाइट, मैसेज, टेलीग्राम आदि प्रचार-प्रसार के नए-नए साधन अपनाएं जाते हैं; जोकि मतदाताओं के मन मस्तिष्क को इस कदर प्रभावित करते हैं कि चुनाव उन्हें युद्ध की तरह प्रभावित करता है।

सोशल मीडिया ने राजनीति को दो हिस्सों में बाँट दिया है, जिसमें परम्परागत राजनीति और वेब राजनीति। इसीलिए सत्तारूढ़ भाजपा गठबन्धन सरकार का सारा फोकस नरेन्द्र मोदी के इर्द-गिर्द रहता है। जिसमें सरकार की योजनाओ का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाता है।

टी0वी0 पर समाचार चैनलों के माध्यम से प्रसारित होने वाली सभा संगोष्ठी अथवा डिबेट्स में केवल सत्ता पक्ष के मुद्दों को लेकर ही चर्चाएँ होती हैं और उन्हें प्रमाणिकता के साथ सत्य भी सिद्ध किया जाता है। जबकि विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए पूरा समय या मौका ही नही दिया जाता। सत्ता का मीडिया पर प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। अत: यह सार्वभौमिक सत्य है कि सोशल मीडिया का जितना उपभोग सत्ता रूढ़ दल और सरकारें करती आयी हैं, उतना विपक्षी दल अथवा सरकारें नही कर पाते हैं।

शान्त मतदाता – भारतीय चुनावी माहौल में मतदाताओं के मतदान व्यवहार को विभिन्न प्रकार के कारक अथवा घटक प्रभावित करते हैं। लेकिन मतदाताओं का एक वर्ग ऐसा भी होता है जोकि सुनता सबकी है लेकिन करता वही है जिसकी उसने अपने मन में धारणा बैठा रखी है। अर्थात सभी प्रत्याशियों अथवा राजनीतिक दलों द्वारा प्रचारित-प्रसारित घोषणाओं एवं वादों पर भी ध्यान रखता है और पूछने पर सभी को समर्थन की बात भी स्वीकारता है और अपने शान्त एवं सौम्य स्वभाव से सभी का मूल्यांकन करता है और समय आने पर मतदान उसी प्रत्याशी या पार्टी को करता है जिसका प्रभाव उसके मन मस्तिष्क पर अंकित रहता है। अथवा जिसके कारण उसे किसी न किसी रूप में लाभ/हित नजर आता है। ऐसे मतदाताओं को शान्त मतदाता कहते हैं। जिनके रूख का पता लगाना मुश्किल होता है। जिसमे सरकार द्वारा लाभान्वित महिलाएं, दिव्यांगजन, पेंशनधारी वृद्धजन, पेंशनधारी सेना के जवान, सुविधाप्राप्त एन0आर0आई0 पेशन धारी अध्यापक वर्ग एवं अन्य सरकारी सुविधा प्राप्त जन आदि सम्मिलित हैं।

अत: उपरोक्त शान्त मतदाताओं द्वारा प्रदान किये जाने वाले मतदान व्यवहार से कभी-कभी सभी प्रत्याशियों/राजनीतिक पार्टियों, चुनाव परिणामों का अनुमान लगाने वाली एजेंसियों (एग्जिटपॉल) आदि को भी आश्चर्य का सामना करना पड़ता है।

ऑपिनियन पॉल (मतसर्वेक्षण)– मत सर्वेक्षण मतदान पूर्व एक सर्वेक्षणात्मक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से सर्वे एजेंन्सियों द्वारा मत क्षेत्रों में जाकर सूचनाएं एकत्रित की जाती हैं। अथवा ऑपिनियन पॉल के रिजल्ट के नब्ज़ लिए ऐजेंसियां चुनावी क्षेत्रों में जाकर प्रमुख मुद्दों पर जनता की नबज़ को टटोलने का प्रयास करती हैं कि अमुक क्षेत्र विशेष में मतदाताओं का मतदान सम्बन्धी रूझान अमुक पार्टी अथवा प्रत्याशी से प्रभावित है अथवा अप्रभावित है। अगर मतदाता पार्टी/प्रत्याशी से प्रभावित है तो किन विशेषताओं के कारण और अप्रभावित है तो इसका क्या कारण है? और वे कौन-कौन से विशेष मुद्दे हैं जोकि आपसी नाराजगी का कारण बने हुए हैं।

मतदाताओं से उपरोक्त प्रकार की जानकारियाँ जुटाने के लिए सर्वेक्षण संस्था अथवा राजनीतिक पार्टियाँ सर्वेक्षण कराया करती हैं और इन सर्वेक्षणों के आधार पर वे अपने आगामी चुनावी ऐजेण्डा को घोषित करती हैं। जिससे कि उस क्षेत्र विशेष की जनता या मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए सभाएं, संगोष्ठी एवं चुनावी घोषणा-पत्र आदि के माध्यम से सामान्य जनता अथवा मतदाताओं से वोट हासिल करने का प्रयास करती हैं।

निष्कर्ष – भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों के ऐतिहासिक एवं समकालीन अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है। कि मतदान व्यवहार एक बहुआयामी व्यवहार होता है। जोकि अनेक बाह्य एवं आन्तरिक कारकों से प्रभावित होता आया है। क्योंकि मानव स्वभाव की जिज्ञासा सभी को परखने एव जानने की रही है। उसी प्रकार मतदाता भी सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को सत्ता संचालन का दायित्व सौंपना चाहता है और जो उनकी जनभावनाओं पर खरा उतरता है जनता उन्हे फिर से सत्ता भोगने का अवसर प्रदान करती है। नहीं तो उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता भी जनता द्वारा ही दिखाया जाता है। 'भारत में लोकतन्त्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है, कि भारतीय नागरिक राजनैतिक दृष्टिकोण से अधिक से अधिक सक्रिय और जागरूक हो सकें।'

सत्ता और जनता के बीच अत्यधिक धनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित करने वाली एक प्रणाली के रूप में लोकतन्त्र विश्व के लगभग सभी देशों में एक अनिवार्य एवं नितान्त वांछित आवश्यकताओं के रूप में अपनाया जा चुका है। इसीलिए सामान्य जनमानस के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वर्तमान राजनीतिक परिवेश में प्रचलित कतिपय टिकाऊ, जिताऊ और बिकाऊ की संज्ञा देने वाले जन प्रतिनिधियों की दु:खद प्रवृत्ति से मुक्त होकर

जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन की स्वच्छ एवं स्वस्थ व्यवस्था करे। तभी जनकल्याणकारी राष्ट्र सुनिश्चित किया जा सकेगा। और यह तभी सम्भव है जबकि सामान्य जनमानस अर्थात् मतदाता लोकतान्त्रिक मूल्यों को उचित प्रकार से समझे और समुचित राजनीतिक सहभागिता एवं जागरूकता के साथ समाज की मुख्य धारा से जुडे।

अत: इन सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता के अभाव के कारण ही जनता जर्नादन वर्गभेद, जातिवाद, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, क्षेत्रवाद आदि उदासीनता से ग्रस्त एवं त्रस्त पायी जाती है।

अत: लोकतन्त्र की सफलता के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि मतदाता अपने मतदान व्यवहार को जाति, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा, क्षेत्र आदि कारकों से प्रभावित न होने दे और राजनेताओं द्वारा बाँटी जाने वाली मुफ्त की रेवडियों में अपने आप को न बँटने दें।

भारतीय परम्परा, विरासत, संस्कृति सहृदयता, समन्वय, सहिष्णुता, सहयोग सकारात्मकता, सक्रियता एवं वैज्ञानिक सोच ही समष्टि रूप से लोकतन्त्र की सफलता एवं गतिशीलता के लिए एक पथ प्रदर्शक के रूप में सहायक सिद्ध होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. त्रिपाठी, प्रो0 प्रकाश मणि (2003), 'भारत में जनसहभागिता एवं मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारक', भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका, नई दिल्ली, पृ0सं0-49
2. मीर्ण, पी0एन0 (1971) 'इलेक्शन्स एण्ड वोटर्स', पृष्ठ संख्या-93
3. रंजन, राजीव (2000) 'लोकसभा चुनाव और राजनीति', ज्ञान गंगा प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-15
4. Govt vacancy. Net. (Posted on 25 March 2022)
5. Govt vacancy. Net. (Posted on 25 March 2022)
6. ई0 स्टोक्स, डोनाल्ड (1996), 'वोटिंग इन डेविड शिल्स', लन्दन वाल्यूम नं0-16, पृष्ठ संख्या-387
7. महाजन, धर्मवीर (1998), 'राजनीतिक समाज शास्त्र', हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर, राजस्थान, पृष्ठ संख्या-205
8. त्रिपाठी, प्रो0 प्रकाश मणि (2003), 'राजनीतिक अवधारणाएँ एवं प्रवृत्तियाँ', शारदा प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-24
9. नव भारत टाइम्स, 4 नवम्बर 1971
10. पणिक्कर, के0एम0 (1995) 'हिन्दू सोसाइटी एण्ड क्रास रोड्स' एशिया पब्लिकेशन मुम्बई पृ0 संख्या-64
11. कोठारी, रजनी (2012), 'भारत में जातीय राजनीति', ब्लैक स्वान, दिल्ली, पृष्ठ संख्या-41
12. मित्र, रामा (1992) 'कास्ट पोलिराइजेशन एण्ड पॉलिटिक्स' सिण्डीकेट पब्लिकेशन, पटना, पृ0 संख्या-104
13. आर फ्रेन्केल, फ्रेंचाइन (1978) 'इण्डियन पॉलिटिक्स इकोनॉमी' (1947-1977) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, दिल्ली, पृ0 संख्या-425
14. सिकरी, एस0एल0 (2002), 'इण्डियन गवनमेन्ट एण्ड पॉलिटिक्स, लुधियाना', कल्याणी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या- 111-226
15. वाजपेयी, अन्तिमा (1992), 'भारतीय निर्वाचन पद्धति का समीक्षात्मक अध्ययन', नाईन बुक सेन्टर, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-112
16. सिकरी, एस0एल0 (2002), 'इण्डियन गवनमेन्ट एण्ड पॉलिटिक्स, लुधियाना', कल्याणी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-110
17. जोशी, शालिनी, 'सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव और चुनावी राजनीति', न्यूज राइटर्स,
18. सरदेशाई, राजदीप (2020), 'मोदी की जीत', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-45
19. कुमार, संजय एवं राय, प्रवीण (2013) 'भारत में मतदान व्यवहार का मापन' सेज प्रकाशन, नई दिल्ली
20. गेना, डॉ0सी0बी0 (1997) 'तुलनात्मक राजनीति एवं राजनीतिक संस्थाओं का विकास', पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-983
21. फडिया, डॉ0बी0एल0 एवं जैन, पुखराज (2004) 'भारतीय शासन एवं राजनीति', साहित्य भवन, आगरा, पृष्ठ संख्या-612
22. ब्रास, पाल0आर0 (1984), 'दि पॉलिटिक्स ऑफ इण्डियन सिंस इण्डिपेंडेन्स', कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटीज', लन्दन प्रेस, पृष्ठ संख्या-98

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Quality of Healthcare Systems in Rural India

Prof. Santosh Kumari*

***Professor & Head (Sociology) J.K.P.PG.College, Muzaffarnagar (U.P.) INDIA**

Abstract - India, as a diverse and populous nation, faces considerable challenges in providing quality healthcare services, particularly in rural areas. This paper explores the intricacies of the healthcare systems in rural India, including the challenges, current status, and potential solutions. Through a comprehensive analysis of factors affecting healthcare quality, policy initiatives, and innovative approaches, this paper aims to shed light on the complex issue of rural healthcare in India.

Introduction - The quality of healthcare services in rural India is a topic of significant concern. With over 70% of the population residing in rural areas (Census of India, 2011), ensuring equitable and high-quality healthcare services becomes imperative. However, numerous challenges persist, including infrastructure deficits, lack of trained healthcare professionals, and inadequate access to essential medications. This paper delves into the multifaceted issues surrounding the quality of healthcare systems in rural India, offering insights into its current status and potential pathways for improvement.

Challenges in Rural Healthcare:

A. Infrastructure Deficits: Rural areas in India often lack the necessary healthcare infrastructure. According to a report by the Ministry of Health and Family Welfare (2018), approximately 60% of rural healthcare facilities in India are without electricity, and 38% do not have proper sanitation facilities. Additionally, many rural healthcare centres lack essential medical equipment and storage facilities for medicines and vaccines. A study published in the Indian Journal of Community Medicine (2016) revealed that only 34% of rural healthcare centres in India meet the Indian Public Health Standards (IPHS) for healthcare infrastructure, indicating a significant deficit in quality healthcare facilities. This problem is further coupled with Inadequate Medical Equipment.

B. Shortage of Skilled Healthcare Professionals: Rural India faces a severe shortage of qualified healthcare professionals. According to data from the Rural Health Statistics report (2020), there is only one doctor available for every 11,082 people in rural areas, which is well below the World Health Organization's recommended ratio of 1 doctor per 1,000 people. This shortage is exacerbated by the migration of healthcare professionals to urban areas in search of better opportunities. Rural medical colleges and training institutions also often struggle to provide high-quality education and training opportunities. This contributes to the shortage of skilled professionals willing to work in rural areas.

C. Inadequate Access to Medications: Access to essential medications remains a significant challenge in rural India. Nearly 50% of patients in rural areas reported difficulty in accessing medicines due to their high cost and limited availability in local pharmacies. The lack of pharmacies or drug stores in rural areas is a significant barrier to accessing medications. Data from the National Sample Survey Organization (NSSO) (2014) shows that only 2% of rural households have access to allopathic medical stores within a kilometre of their residence. This survey also revealed that out-of-pocket spending on healthcare is a substantial burden on rural households, with many struggling to afford necessary medications.

D. Socioeconomic Disparities: Socioeconomic disparities play a crucial role in the quality of healthcare in rural India. The National Family Health Survey (NFHS-5) (2019-20) indicates that 24.5% of rural households live below the poverty line, which significantly affects their access to healthcare. Poverty, illiteracy, and lack of awareness about health issues contribute to the vulnerability of rural populations. Limited access to education and healthcare information means that rural populations may lack awareness about preventive healthcare practices, early symptom recognition, and treatment options.

Current Status of Rural Healthcare: Healthcare delivery in rural India follows a mixed model, with both public and private healthcare providers playing significant roles. The government operates a network of healthcare facilities, while private providers, including clinics and hospitals, also contribute to healthcare services. According to the Rural Health Statistics report (2020), there were 24,448 Primary

Health Centers (PHCs) and 5,971 Community Health Centers (CHCs) in rural India. Additionally, there were 152,184 sub-centers. These government-run facilities serve as primary healthcare hubs in rural areas, offering essential medical services to the population. Private healthcare providers, including small clinics and hospitals, also have a substantial presence in rural India. A study published in the International Journal of Community Medicine and Public Health (2017) found that approximately 70% of healthcare services in rural areas were provided by private healthcare providers.

Healthcare utilization rates in rural India are influenced by factors such as accessibility, affordability, and health awareness. Despite the presence of government-run healthcare facilities, utilization rates can vary. According to the National Health Profile (2019), the utilization rate of PHCs in rural areas ranged from 39.6% to 94.4% across different states in India. Utilization rates of private healthcare services also vary based on location, socioeconomic status, and healthcare needs. Private providers are often chosen for specific healthcare services, such as specialized consultations or diagnostics.

Policy Initiatives and Reforms: The government of India has launched a plethora of initiatives in the healthcare sector. These policy initiatives and reforms have played a pivotal role in improving healthcare access, infrastructure, and affordability in rural India. However, it's important to note that the effectiveness of these initiatives can vary across states and regions, and continuous monitoring and adaptation are essential to address evolving healthcare challenges in rural areas.

The National Rural Health Mission (NRHM), launched in 2005, aimed to address healthcare disparities in rural India. It was later subsumed under the National Health Mission (NHM). NRHM/NHM has been instrumental in strengthening rural healthcare infrastructure and human resources. NRHM led to significant infrastructure development in rural areas. According to data from the Ministry of Health and Family Welfare (2020), NRHM supported the construction of 25,650 new sub-centers, 4,207 PHCs, and 1,210 CHCs in rural India. NRHM also focused on enhancing human resource capacity. As of 2021, it had provided training to approximately 2.88 million ASHAs (Accredited Social Health Activists) and deployed 12,55,301 auxiliary nurse-midwives (ANMs) in rural areas.

Ayushman Bharat Yojana, launched in 2018, comprises two key components: Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (PM-JAY) and Health and Wellness Centers (HWCs). PM-JAY provides health insurance coverage to vulnerable families. As of March 2021, PM-JAY had provided insurance coverage to over 107 million families, benefiting more than 542 million individuals. It has also facilitated over 21 million hospital admissions. Under Ayushman Bharat, HWCs are transforming sub-centers and PHCs into comprehensive primary healthcare centres. The goal is to provide preventive and promotive healthcare services. As of March 2021, more than 80,000 HWCs had been operationalized across the country.

Telemedicine and mobile health units have been crucial in extending healthcare services to remote and underserved rural areas. Telemedicine has gained prominence, especially during the COVID-19 pandemic. The government introduced telemedicine guidelines to facilitate remote healthcare consultations. According to the Ministry of Electronics & Information Technology (2021), these guidelines aimed to improve healthcare access in remote areas.

Mobile health units equipped with medical professionals and diagnostic equipment have been deployed to reach remote villages. While specific data figures may vary by state and organisation, mobile health units have been instrumental in providing essential healthcare services in underserved areas.

Janani Suraksha Yojana (JSY) is another government scheme aimed at reducing maternal and neonatal mortality by promoting institutional deliveries. JSY has significantly increased the number of institutional deliveries in rural areas. According to the Ministry of Health and Family Welfare (2020), JSY has incentivized over 4.5 crore (45 million) institutional deliveries since its inception. JSY also provides cash incentives to pregnant women who choose to deliver in healthcare facilities. This financial support has encouraged rural women to opt for institutional deliveries, improving maternal and neonatal health outcomes.

Future Directions: Establishing a stable and effective rural healthcare system in India is imperative for the coming decade. This can be achieved through several key strategies:

Human Resource Development: The rural healthcare workforce will undergo significant transformation. Training and support will empower clinical staff to provide care beyond their current qualifications. This will involve on-the-job training, TBS (Telemedicine-Based Services) support, and the introduction of new professional degrees and certificates tailored to rural healthcare needs. Informal care providers, often referred to as "quacks," will transition into the formal workforce, including Local Health Centers (LHCs) and on-ground TBS support teams.

Increased Technology Adoption: Rural healthcare providers will embrace a broader range of technologies, extending beyond telemedicine. This includes the adoption of electronic health records, patient digital health cards, point-of-care digital devices, and the integration of AI/ML-based digital analytics into their practice.

Emphasis on Health Literacy and Preventive Care: Community engagement and health literacy initiatives will become central to rural healthcare providers. A heightened focus on preventive care will address the rising rates of non-communicable diseases (NCDs) in these communities. Preventive healthcare is seen as a sustainable approach

to managing healthcare demand, capacity development, and cost considerations.

New Referral Pathways and Funding Mechanisms: Rural healthcare providers will design cost-effective, high-quality referral pathways for complex medical conditions that cannot be managed locally or through TBS. These pathways may involve both public and private providers in smaller cities and towns. The penetration of health insurance products is expected to increase as entrepreneurs create innovative insurance products tailored to the rural market.

Improved Public Healthcare System: Governments at the central and state levels will continue to strengthen rural healthcare through various initiatives. These include optimizing current funding allocation, increasing overall healthcare funding, enhancing the Primary Health Center (PHC) network, introducing new clinic models, improving infrastructure and staffing, expanding staff training, and promoting the adoption of telemedicine. Collaboration and coordination between public and private healthcare systems in rural areas will also improve over time.

These strategies collectively aim to build a resilient and responsive rural healthcare system in India that can address the evolving healthcare needs of its rural population in the coming years.

Conclusion: Quality healthcare in rural India is a multifaceted challenge that requires a holistic approach. While several initiatives and reforms have been introduced to bridge the gap, there remains much work to be done. The government's commitment to improving healthcare accessibility through NRHM and Ayushman Bharat Yojana is commendable, but it must be complemented by strengthening the primary healthcare infrastructure, enhancing healthcare worker training, and promoting innovative solutions like telemedicine and mobile health units.

Furthermore, addressing socioeconomic disparities and promoting awareness and education on health-related matters are crucial steps towards improving healthcare quality. Public-private partnerships can also play a pivotal role in expanding healthcare access in rural areas. In conclusion, rural healthcare in India is at a critical juncture, and concerted efforts from both the government and civil society are required to ensure equitable access to high-quality healthcare services for all. While challenges persist, innovative approaches, data-driven policy decisions, and community engagement can pave the way for a brighter and healthier future for rural India.

References:-

1. Census of India. (2011). Rural-Urban Distribution of Population. https://censusindia.gov.in/Census_And_You/rural_and_urban_population.aspx
2. Ministry of Health and Family Welfare, Government of India. (2021). National Rural Health Mission (NRHM). https://nhm.gov.in/nrhm-components/rmnch-a/child-health-immunization/nrhm-components/health-system-strengthening/nrhm-about-us.html
3. Ministry of Health and Family Welfare, Government of India. (2021). Ayushman Bharat Yojana. https://www.pmjay.gov.in/
4. World Health Organization. (2018). Monitoring the Building Blocks of Health Systems: A Handbook of Indicators and their Measurement Strategies. https://www.who.int/healthinfo/systems/WHO_MBHSS_2010_full_web.pdf
5. National Institute of Rural Development & Panchayati Raj. (2020). Rural Healthcare Delivery System in India: Challenges and Opportunities. https://www.nirdpr.org.in/nird_docs/Rural%20Health% 20Care%20Delivery%20System%20in%20India%20Challenges%20and%20 Opportunities%20%28nirdpr%29.pdf
6. Ministry of Electronics & Information Technology, Government of India. (2021). Telemedicine Practice Guidelines. https://www.meity.gov.in/writereaddata/files/Telemedicine%20Guidelines%20-%20Enhanced%20.pdf
7. Ministry of Health and Family Welfare. (2018). Rural Health Statistics in India - 2018. https://main.mohfw.gov.in/sites/default/files/Final%20RHS%202018-19.pdf
8. Indian Journal of Community Medicine. (2016). Assessment of Rural Health Care Delivery System in Selected Blocks of Maharashtra. https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC5341352/
9. National Sample Survey Organization. (2014). Key Indicators of Social Consumption in India: Health. http://mail.mospi.gov.in/index.php/catalog/161
10. National Family Health Survey (NFHS-5). (2019-20). State Fact Sheet - India. https://www.nfhsindia.org/data/state-page
11. Journal of Global Health. (2020). Cultural beliefs and practices influencing health-seeking behavior in rural India. https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC7510672/
12. Ministry of Health and Family Welfare, Government of India. (2020). Janani Suraksha Yojana. https://nhm.gov.in/WriteReadData/l892s/Janani%20Suraksha%20Yojana%20-%20Guidelines%20&%20Procedures.pdf

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

रणथम्भौर एवं झायन दुर्ग में राव हम्मीर देव का योगदान

डॉ. सोमेश कुमार सिंह* उर्मिला मीना**

* (पर्यवेक्षक) सह आचार्य (इतिहास) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (इतिहास) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – रणथम्भौर दुर्ग एक अत्यधिक प्राचीन दुर्ग है। इसका अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्पूर्ण स्थान है। इस दुर्ग के निर्माण को लेकर इतिहास कारों में मतभेद है। यह एक दुर्गम दुर्ग है। इस दुर्ग पर विजय प्राप्त करने के लिए बाहरी शासकों ने काफी प्रयास किया। लेकिन उनका प्रयास असफल रहा। राव हम्मीर देव इस दुर्ग के एक महत्पूर्ण शासक थे। अलाउद्दीन खिलजी ने इस दुर्ग पर अधिकार करने का काफी प्रयास किया। लेकिन वह असफल रहा।
शब्द कुंजी – खाई, गौ–मुखी, गुप्त गंगा, जौरा भौरा, 32 खम्भौ की छतरी, प्राचीन ढरटल मन्दिर, विश्व प्रसिद्ध गणेश मन्दिर, घोड़े के खुर, हम्मीर का कटा हुआ सेनास।

प्रस्तावना – प्राचीन काल से ही राज्य की अवधारणा एवं गठन में पुर या दुर्ग को राज्य का आवश्यक अव्यय माना गया है। कौटिल्य, मनु, कामन्दक, शुक्र आदि प्राचीन भारतीय व्यवस्था कारों ने दुर्ग के महत्व एवं दुर्ग के प्रकारों पर प्रकाश डाला है। राज्य की सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में शरण आदि सबके लिए यह दुर्ग बहुत ही महत्वपूर्ण माने गए हैं। दुर्गों के कई प्रकार माने गए हैं।

उदाहरण के लिए

1. **ओदक –**दुर्ग जल के बीच में स्थित दुर्ग या परिखाओ से गिरा हुआ दुर्ग।
2. **पर्वत दुर्ग –** यह दुर्ग जो पर्वतीय क्षेत्र में बना होता है।
3. **धान्वन दुर्ग –** ऐसा दुर्ग जो रेगीस्थानी क्षेत्र में निर्मित किया गया है।
4. **वन दुर्ग –**जंगल में निर्मित किया गया दुर्ग वन दुर्ग कहलाता है।

भारत में सेंधव सेनायता के समय से ही दुर्ग निर्माण की परंपरा रही है।

राजपूताना राजाओं और उनके सामंतो का क्षेत्र रहा है। प्रशासनिक दृष्टि से दुर्ग की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए राजपूत नरेशों और उनके सामंतों ने समय–समय पर अनेक दुर्गों का निर्माण करवाया था। वैसे भी इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि राजस्थान दुर्गों का क्षेत्र है। छोटे एवं बड़े मिलाकर जिनके विविध आकार है। राजस्थान के लगभग 100 दुर्ग आज भी अस्तित्व में है। इनमें रणथम्भौर,चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, आमेर, अचलगढ़, तारागढ, जालौर, जोधपुर आदि के दुर्ग विशेष उल्लेखनीय है।

जहां भी जब भी रणथम्भौर दुर्ग का नाम आता है तो महान नरेश हम्मीर देव का स्मरण स्वत: ही हो जाता है। चौहान वंश (राव हम्मीर देव या हमीर वंश) वर्धन वंश के महान शासक हर्षवर्धन की मृत्यु के बाद भारत की राजनीतिक एकता पुन: नष्ट हो गई थी। भारत पुन: छोटे–छोटे राज्य में विभाजित हो गया था

राजनीतिक व्यवस्था के इस युग में अनेक राजपूत वंशों का उदय हुआ था। तुर्कों ने जब भारत पर विजय प्राप्त की थी तो उस समय तक भारत की अधिकांश राजसत्ता इन्हीं राजपूत राजवंशों के हाथों में रही थी।

650 ई सन से 1200 ई सन तक का युग राजपूत युग के नाम से जाना जाता है। इन राजपूतों में चौहान सामंतो का नाम सर्वोपरि आता है। चौहान शासकों ने राजस्थान के कई क्षेत्रों में अपने शासन केंद्र स्थापित कर लिए थे।

चौहान वंश ने राजस्थान पर प्राय: 600 वर्षों तक राज्य किया था। चौहान शासक बहुत ही पराक्रमी और साहसेना थे। जिसके कारण भारतीय इतिहास में इन शासकों का एक महत्वपूर्ण स्थान था।

वासुदेव नामक व्यक्ति ने सांमर(राजस्थान) में चौहान राज्य की नींव रखी थी। वासुदेव को चौहान वंश का संस्थापक माना जाता है।

डॉ. गोपीनाथ शर्मा ने वासुदेव का समय 551 ई सन बताया है।

राव हम्मीर देव – राव हमीर देव एक यशस्वी शासक था। यह जैत्रसिंह चौहान का सबसे छोटा पुत्र था।राव हम्मीर देव की माता का नाम हीरा देवी था।जैत्रसिंह के तीन पुत्र थे। सूरत चंद्र (सुरत्राण),विरमा और हम्मीर देव।

हम्मीर देव महाकाव्य के मतानुसार राव हम्मीर देव का जन्म 1272 ई सन में हुआ था। राव हम्मीर देव के जन्म पर उनके पिताजी ने बहुत खुशियां मनाई थी।रावजैत्रसिंह ने मुक्तहस्त से दान –दक्षिणा तथा पुरस्कार व संपत्ति का दान किया था।

इस अवसर पर राजगुरु ने राव हमीर देव के संबंध में भविष्यवाणी की थी कि यह बालक अपने कुल में बहुत ही नाम कमायेगा तथा सारी दुनिया इसे हमेशा याद करेगी।

राव हम्मीर देव बड़ा वीर और पराक्रमी था। राव हम्मीर देव की वीरता से सेनाी प्रभावित थे। इतिहासकारों के अनुसार राव हम्मीर देव तलवार के एक ही हाथ से हाथी की गर्दन अलग कर देता था। वह एक शक्तिशाली ऊंट को मुक्के के एक प्रहार से जमीन पर गिरा देता था।

राव हम्मीर देव वैसे तो जैत्रसिंह का सबसे छोटा पुत्र था। लेकिन वह एक वीर एवं गुणी होने के कारण जैत्रसिंह उससे प्रभावित था। इसेना कारण जैत्रसिंह ने राव हम्मीर देव को अपने जीवन काल में ही अपना उत्तराधिकारी एवं रणथम्भौर का शासक नियुक्त कर दिया था।

डॉ. दशरथ शर्मा का मत है कि हम्मीर देव छोटा पुत्र होते हुए भी योग्य होने के कारण रणथम्भौर का शासक बना था। राव हम्मीर देव का राज्याभिषेक हम्मीर देव के पिताजी ने अपने जीवन काल में ही विक्रम संवत 1339 (1282) ई सन को उसे अपना उत्तराधिकार व रणथंभौर का शासक नियुक्त किया था।

राव हम्मीर देव के विजय अभियान –जिस समय राव हम्मीर देव को रणथम्भौर दुर्ग की गद्दी पर बैठाया गया था। उस समय भारत से गुलाम वंश के शासकों का साम्राज्य समाप्त हो चुका था। इस समय खिलजी वंश भारत पर राज्य कर रहा था ।

राव हमीर देव रणथम्भौर राज्य के निम्न स्थानों पर शासन करता था। हढोलाव, मलारना, भारती, टोडा, नागरा, नैनवा, लोरवाडा, जीतपुर, धनवाड़ा, बूंदी, कोटा, खिलचीपुर आदि। झायन(छानगांव) का क्षेत्र जो की हम्मीर देव के समय में स्थापित था, का उल्लेख यहां पर नहीं मिलता है। राव हमीर देव एक महान योद्धा और महत्वाकांक्षी नरेश था।

रणथम्भौरके सिंहासन पर बैठते ही उसने अपने राज्य की सेनामाओं का विस्तार करने का दृढ़ निश्चय कर लिया।

राव हम्मीर देव ने रणथम्भौर के सिंहासन पर बैठते ही दिग्विजय की नीति अपनाई और आसपास के क्षेत्र को जीत लिया। उसके विजयी प्रदेशों में मालवा, मेवाड़, आबू, बपनौर, मारोठ, खंडेला, चंपा,कलराला,तिहुनगढ़ आदि प्रमुख बताए जाते हैं। राव हम्मीर देव ने अपनी विजय यात्रा का शुभारंभ भीमरस के राजा अर्जुन को पराजित करके किया था। अर्जुन हमीर के पिता जैत्रसिंह के समकालीन जयसिन्हा(द्वितीय) का उत्तराधिकारी था।

बलबन शिलालेख में अर्जुन को मालवा का शासक बताया गया है।राव हम्मीर देव ने मालवा के शासक अर्जुन की हस्ति सेना पर पूर्ण अधिकार कर लिया था।

राव हम्मीर देव ने मालवा विजय के बाद मांडलगढ़ को जीता तथा यहां के गौड़ राजा से कर व बहुत सारी भेंटें वसूल की। कुछ इतिहासकार माँडलगढ़ को 'माण्डानागढ़' कहते हैं।

अपनी माँडलगढ़ विजय के बाद हम्मीर देव ने अश्वमेध यज्ञ का आयोजन करवाया। राव हम्मीर देव के अश्वमेध यज्ञ का पुरोहित 'विश्वरूप' था। अश्वमेध यज्ञ के संपन्न हो जाने पर राव हम्मीर देव ने अपनी दक्षिण विजय का अभियान शुरू कर दिया।

राव हम्मीर देव ने अपनी दक्षिण विजय अभियान में सबसे पहले परमार वंश के राजा भोज को पराजित किया और उसने उज्जरटल में धार पर अपना अधिकार कर लिया था। जब राव हम्मीर देव उत्तर की ओर लौटा तो उसने 10 राज्यों को अपने अधीन कर लिया। इसमें हमीर को तलवार का लोहा मानने वाले व हम्मीर देव को भेंट सम्मान देने वाले राजाओं की गिनती होती है। इन राजाओं की गिनती चित्तौड़ से लेकर मेरठ तक के 10 राज्यों में फैली हुई थी।

राव हम्मीर देव ने एक दौरे में चित्तौड़, आबू, वर्धनपुर चंगा, पुष्कर, महाराष्ट्र, खंडेला, चंपा तथा काकरिला को जीत कर अपने अधीन कर लिया था।राव हम्मीर देव की अंतिम विजय करौली की थी। जिसे 'त्रिपुरा नगरी' भी कहा जाता है।राव हम्मीर देव ने अपना यह विजय अभियान 1288 ई सन में शुरू किया था ।

राव हमीर देव ने मालवा पर विजय प्राप्त की थी और मालवा विजय के उपलक्ष में रणथम्भौर दुर्ग में एक सुंदर इमारत का निर्माण करवाया था।

सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी का रणथम्भौर पर आक्रमण– जिस समय रणथम्भौर के सिंहासन पर सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी का शासन था उस समय राव हम्मीर देव के सैनिक अभियानों और विजयों से सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी काफी भयभीत था। सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी राव हमीर देव की बढ़ती गतिविधियों से लगातार चिंतित रहता था। दिल्ली सल्तनत की सेनामा पर एक शक्तिशाली चौहान राज्य की स्थापना को सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी सहन नहीं कर सकता था। इसलिए सुल्तान पर राव हम्मीर देव का अंकुश लगाना जरूरी हो गया था।

अब सुल्तान ने रणथम्भौर दुर्ग पर आक्रमण करने का निश्चय कर लिया एवं सेना के साथ कूच कर दिया। सुल्तान 12 मार्च 1291 ई सन को रवाना हुआ काफी लंबा रास्ता पार करके सुल्तान राजपूताने के रेतीले क्षेत्र में प्रविष्ट हुआ। इस रेगिस्तानी क्षेत्र में बहुत अधिक गर्मी में पानी की कमी के कारण भी परेशान हो गई थी। पानी लाने के लिए 100 ऊंटों की व्यवस्था की गई थी। सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी 15 दिनों की यात्रा के बाद रणथम्भौर दुर्ग की सेनामा पर पहुंचा था।

विद्धानों के अनुसार दो सप्ताह की यात्रा करके सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी रणथम्भौर की पहाड़ियों के निकट पहुंचा। इस तुर्की सेना ने देहातों का विनाश करना आरंभ कर दिया था । सुल्तान तो झाइन से 12 मिल की दूरी पर रहा था। जब सुल्तान की सेना पहाड़ियों में शत्रुओं की खोज कर रही थी उसेना समय उन्हें 1500 हिंदू सवार से सामना करना पड़ा था। दोनों सेनाओं में लड़ाई हुई। हिंदू मारों मारों का नारा लगाने लगे थे। कुछ ही पलों में 70 हिंदुओं की हत्या कर दी गई थी। सुल्तान की सेना विजय प्राप्त करके शिविरों में वापस आ पहुंची। सुल्तान के पास इस बात के समाचार भेज दिए गए थे।

झाइनऔर सुल्तान – जलालुद्दीन खिलजी ने कुछ समय में सैनिक भेजे। उसके योद्धाओं में मालिक खुर्रम, किरदार, अराइज मुल्क, अमीर शिकार अहमद आदि उल्लेखनीय थे।

सुल्तान की सेना झाइनसे 6 मिल की दूरी पर थी। यहां पर कठिन पहाड़ियां थी। लेकिन शाही सेना पहाड़ियों में प्रविष्ट हो गई। सेना नेझाइन में हलचल मचा दी थी।

राव हम्मीर देव और सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी की सेना का सामना – सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी के झाइन पर आक्रमण के समाचार सुनते ही राव हम्मीर देव के हाथ पैर फूल गए।राव हमीर देव ने सुल्तान की सेना का मुकाबला करने के लिए साहिनी को खड़ा किया। जो की एक लोहे का पहाड़ था। साहिनी के अधीन 40000 सैनिक रखे गए, जो की मालवा तथा गुजरात तक धावा मार चुके थे।साहिनी शाही सेना से युद्ध के लिए खड़ा हो गया।

तुर्की धनुर्धारियों ने बाणों की वर्षा आरंभ कर दी। जोर शोर से युद्ध होने लगा। उसमें साहिनी भाग खड़ा हुआ। हजारों की संख्या में रावत मारे गए। तुर्को की सेना में एक खासदार मारा गया था। अबझाइन में कोलाहल मच गया था। रात के समय में ही राव हमीर और बहुत से हिंदू सैनिक झाइन से रणथम्भौर की पहाड़ियों की ओर चले गए। शाही सैनिक रणभूमि से विजय प्राप्त करके सुल्तान की सेना में उपस्थित हो गए। काफी संख्या में रावतों को बंदी बना लिया गया था। शाही सेना ने खूब लूट मार की थी। लूट की धन संपत्ति को सुल्तान के सामने पेश किया गया था। इससे सुल्तान बड़ा प्रसन्न हुआ। सैनिकों को खिलअत देकर सम्मानित किया।

अब सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी 3 दिन के बाद झाइन में पहुंचा और राव हम्मीर देव के महल में उतर गया। महल की सजावट में कारीगरी देखकर

सुल्तान अचंभित रह गया था। सुल्तान की नजरों में वह महल हिंदुओं का स्वर्ग लगता था। महल की चुने की दीवारें आईने के जैसेना लगती थी। क्योंकि इसमें चंदन की लड़कियां लगी थी। सुल्तान कुछ समय तक इस महल में रहा एवं बड़ा प्रसन्न हुआ।

जब सुल्तान ने मंदिरों की मूर्तियों को देखा तो बहुत ही अधिक प्रसन्न हुआ। पहले दिन तो सुल्तान मूर्तियां देखकर वापस लौट गया। दूसरे दिन उसने सोने की मूर्तियों को पत्थरों से तुड़वाया था। महल,किला व मंदिर तो तुड़वा दिए गए और लकड़ी के खम्भौं को आग लगा दी गई।

झाइन की नींव इस प्रकार खोद दी गई कि प्रत्येक सैनिक धन संपदा से मालामाल हो गया। सोने की मूर्तियों के साथ पीतल की मूर्तियां भी तोड़ी जाने लगी। इन पीतल की मूर्तियों को तोड़ने के बाद दो सरदारों की अधीनता में दो सेना तैयार की गई। पहली सेना का सरदार मालिक खुर्रम था तथा दूसरी सेना का सरदार मोहम्मद सरजानदार था।झाइन से मालिक खुर्रम ने अत्यधिक लोगों को बंदी बना लिया था। काफी संख्या में पशुओं को भी पकड़ा गया ।

मालिक खुर्रम सारे दासों को लेकर सुल्तान की सेना में जा पहुंचा। सरजानदार चंबल नदी तथा कुंवारी नदी पार करके मालवा की सेना पर पहुंच गया। वहां पर उसने बहुत जी भटकर भरकर लूटमार की। सुल्तान ने झाइन से प्रस्थान किया तथा सेना से मिलने के लिए चंबल पहुंचा।

सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी ने मुबारक को दूसरी ओर भेजा था। मुबारक बारवक ने बनास नदी की ओर बढ़ना शुरू किया तथा वहां पर खूब लूटपाट की। लूटपाट करके धन संपत्ति को सुल्तान की सेवा में लेकर आया।

इतिहासकार अमीर खुसरो के अनुसार तुर्कों की सेना का केवल एक ही सैनिक मारा गया था। यहां पर हमीर देव के सेनानायक का नाम 'साहिनी' बताया जाता है। अनेक ग्रन्थों के विवरणानुसार उल्लेख मिलता है कि वह एक महान सेनानायक था।

इस महान सेनानायक के नेतृत्व में सेना ने मालवा व गुजरात के कई प्रदेशों पर सैनिक अभियान किए थे। विद्धानों के अनुसार सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी विजय के बाद वापस दिल्ली लौट गया था। इस प्रकार अपने अथक प्रयासों के बाद सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी खंडार में स्थित झाइनक्षेत्र पर कुछ ही जगह पर विजयी रहा एवं फिर दिल्ली प्रस्थान कर गया था।

इसझाइनक्षेत्र के लिए राव हम्मीर देव ने अपना योगदान देकर काफिरों के हाथों से झाइन क्षेत्र को बनाए रखा।

आगे चलकर सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने 1299 से 1300 ई सन में उल्गू खां को एक बहुत बड़ी सेना के साथ रणथम्भौर तथा झाइनकी और भेजा था। यह किला एक बहुत ऊंची पहाड़ी पर स्थित था एवं बड़ा मजबूत बनाया गया था। इसमें एक चील भी उड़कर नहीं जा सकती थी।

इस प्रकार झाइनपर सुल्तान जलालुद्दीन के कारण आक्रमण के बाद जलालुद्दीन खिलजी बहुत वृद्ध होने के कारण आगे की योजनाएं नहीं बना पाया और दिल्ली लौट गया। सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी के बाद उसके भतीजे एवं दामाद अलाउद्दीन खिलजी ने रणथम्भौर पर आक्रमण की योजनाएं बनाई थी। इतिहासकारों के अनुसार जब राव हम्मीर देव ने कोटी का यज्ञ किया था और पुरोहित के कहने पर उसने एक माह का मौन व्रत रखा था। उसके मौन व्रत के समय सुल्तान अलाउद्दीन ने उलगू खां से कहा कि रणथम्भौर का राजा हमें कर दिया करता था। लेकिन उसका पुत्र राव हम्मीर देव तो हमसे सीधें मुंह बात तक नहीं करता है। इस समय राव हम्मीर देव तो मौन व्रत में मगन है। इसलिए उचित समय जानकर तुम जाओ और उसके देश का विनाश करो।

इस प्रकार राव हम्मीर देव ने अपने त्याग एवं बलिदान से झाइन दुर्ग को तुर्कों के विनाश से बचाकर सुरक्षित रखा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ए हिस्ट्री ऑफ रणथंबोर, जावेद अनवर, रणथम्भौर पब्लिकेशंस 1993।
2. मिफताहुल फुतुह, अमीर खुसरो कृत।
3. हम्मीर महाकाव्य, नयनचंद्र सूरी।
4. दी अर्ली चौहान डायनेस्टी, डॉ. दशरथ शर्मा।
5. अचलदास खींची री वचनिका, शिवदास।
6. तारीखेए - फिरोज शाही, जियाउद्दीन बरनी।
7. तारीखे मुबारक शाही।
8. राजस्थान का इतिहास, गोपीनाथ शर्मा,बिबिल इंडि0सीरीज।
9. तबकते-ए-नासीरी, मिनहाज-सिराज।
10. फुतूहससलातीन, अब्दुल्ला मलिक इसामी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय 1959।
11. मिफताहुलफुतूह अमीर खुसरो, अलीगढ़ मुस्लिम वि.वि. 1959।
12. खजाई नुलफुतुह, अमीर खुसरो, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय 1959।
13. देवरानी, अमीर खुसरो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय 1959।
14. तारीख-ए-फरिश्ता, फरिश्ता मो0 कासिम हिन्दूशाह, नवल किशोर प्रेस लखनऊ।
15. मुन्तखाबुत तवारिख, अब्दुल कादिर बदायुनी, बिबिन राष्ट्र सिरिज।
16. राजस्थान का इतिहास, डॉ. कालूराव शर्मा डॉ. प्रकाश व्यास पंचशील प्रकाशक जयपुर 1980।
17. राजस्थान का इतिहास, बी.एम. दिवाकर, साहित्यकार, एस.एम.एस. हाईवे, जयपुर।
18. राजस्थान का इतिहास, रतन लाल मिश्र, साहित्य संस्थान, उदयपुर 1981।
19. राजस्थान के इतिहास के प्रमुख स्रोत, डॉ. एस.एम. नागौरी, दी स्टूडेण्टस बुक कम्पनी जयपुर 1986-87।
20. तबकात-ए-अकबरी, अब्दुल कादिर बंदायूनी, बिबिल इण्डि कलकत्ता 1927।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

महिला सशक्तिकरण : भारत मे संवैधानिक व वैधानिक प्रयास एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

विक्रम सिंह *

* शोधार्थी, डी0ए0वी0 (पी0जी0) कॉलेज, बुलन्दशहर, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – किसी भी राष्ट्र के निर्माण में उस राष्ट्र की आधी आबादी (स्त्री) की भूमिका के महत्त्व से इंकार नहीं किया जा सकता। आधी आबादी किसी भी कारण से निष्क्रीय रहती है, तो उस राष्ट्र या समाज की समुचित उन्नति के बारे में कल्पना भी नहीं की जा सकती। भारत में विभिन्न कालखण्डों में महिलाओं की स्थिति दयनीय ही रही है। उसके अधिकारों का हनन ही होता रहा है। लेकिन स्वतंत्रता के पश्चात संविधान निर्माताओं व नीति-निर्माताओं ने महिलाओं के पिछड़ेपन को समझा और उनकी सहभागिता को देश के लिए महत्त्वपूर्ण मानकर, संविधान में बराबरी का दर्जा दिया। भारतीय संविधान न केवल महिला-पुरुष की समानता पर बल देता है। बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक सुनियोजित मार्गदर्शन भी प्रस्तुत करता है।

प्रस्तावना – महिला सशक्तिकरण तीन काकरों से निर्धारित होता है; उनकी आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक पहचान तथा महत्ता। ये कारक परस्पर अर्न्तसम्बन्धित है। जब ये तीनों कारक एक साथ सुसंगत होकर इस दिशा में कार्य करें, केवल तभा सही अर्थों में महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जा सकता है। इसलिए महिलाओं का समग्र रूप से सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए उनके जीवन को प्रभावित करने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक कारकों का प्रभावी समेकन अतिआवश्यक है। एक महत्त्वपूर्ण मानव संसाधन के रूप में महिलाओं की महत्ता को संविधान द्वारा भी मान्यता दी गई है। साथ ही संविधान द्वारा ने केवल महिलाओं को समानता प्रदान की गई है, बल्कि विशेष रूप से महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करते हुए उनके राजनीतिक अधिकारों एवं निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को भी सुनिश्चित किया गया है।

अध्ययन का उद्देश्य– महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए संवैधानिक व वैधानिक प्रयासों का अध्ययन करना।

अध्ययन विधि एवं तथ्य संकलन– प्रस्तुत अध्ययन की विधि विवरणात्मक है और अध्ययन की विश्वसनीयता द्वितीयक सामग्री के विश्लेषण पर आधारित है।

अध्ययन की पृष्ठभूमि– भारत में महिलाओं की निम्न स्थिति अनेक कारण उत्तरदायी रहे है। धार्मिक व सामाजिक नियमों रीति-रिवाज इस तरह से बुना गया जिसमें उसके अधिकारों को दूसरे दर्जे का माना गया। परिवार के पित्रसत्तात्मक होने के कारण भी उनके अधिकारों में कटौती ही रही।

संयुक्त परिवार एवं जाति व्यवस्था के कारण भी महिलाओं की स्थिति को कमतर बनाने में योगदान दिया, साथ ही पुरुषों पर महिलाओं की अत्यधिक आर्थिक निर्भरता, व अशिक्षा और राज्य द्वारा उन्हें कानून का संरक्षण भी प्राप्त न होना उनके पिछड़ेपन का कारण बना। महिलाओं की इस दयनीय स्थिति को सुधारने तथा उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनेक समाज सुधारकों, स्वयं सेवी संगठनों तथा संविधान द्वारा अनेक प्रयास किये गये। इन प्रयासों को हम दो भागों में बाँट सकते है-

राष्ट्र की मुख्यधारा में महिलाओं को सम्मलित करने के लिए जिस वातावरण के निर्माण की आवश्यकता होता है भारतीय संवधिान के विभिन्न अनुच्छेदों में उसकी रूप रेखा निम्न प्रकार परिलक्षित होती है।

स्वतन्त्रता के पूर्व किये गये प्रयास– भारत में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए तथा महिलाओं के गिरी हुई दशा को उठाने के लिए 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में भारत के कुछ समाज-सुधारकों जैसे राजा राम मोहन राय (1774-1833), ईश्वर चन्द्र विद्यासागर (1820-1891), स्वामी दयानन्द सरस्वती (1827-1983), केशव चन्द्र सेन (1838-1884), स्वमी विवेकानन्द (1968-1902) इत्यादि ने अत्याचारी सामाजिक व्यवस्था के विरूद्ध आवाज उठायी। इन्होंने तत्कालीन अंग्रेजी शासकों के समक्ष स्त्री-पुरुष समानता, स्त्री शिक्षा, सती प्रथा पर रोक की आवाज उठायी। इसी का परिणाम था सती प्रथा निषेष अधिनियम 1829, हिदू विधवा पुर्नविवाह अधिनियम 1856, में एज ऑफ कन्सटेन्ट 1891 बिल और बहुविवाह रोकने के लिए नेटिव मैरिज 1872 मैरिज एक्ट पास कराया। इन सभी कानूनों का समाज पर दूरगामी परिणाम हुआ। वर्षो के नारी स्थिति में आयी गिरावट पर रोक लगी। आने वाले समय में स्त्री जागरूकता में वृद्धि हुई और नये महिला संगठनों का सूत्रपात हुआ जिसकी मुख्य मांग थी। स्त्री शिक्षा, दहेज, बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर रोक, महिला अधिकार और महिला शिक्षा की मांग इत्यादि।

महिलाओं के इस उन्नती में अनेक स्वयं सेवी महिला संगठनों का योगदान प्रशंसनीय रहा है और इनके द्वारा भारतीय महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक दशा को सुधारने के व्यवहारिक प्रयास हुए है। इन प्रयासों को निम्नलिखित आधारों पर समझा जा सकता है। (1831-1897) सावित्री बाई फुले 1848 में लड़कियों के लिए पहले विद्यालय की स्थापना की। देश की पहली महिला शिक्षिका 1886 में टैगोर परिवार की महिला स्वर्ण कुमारी देवी ने कोलकाता में सखी-समिति की स्थापना की। महाराष्ट्र प्रान्त में नारी उत्थान संगठन का श्रेय पण्डिता रमाबाई को है। उन्हीं के प्रयास से सन् 30

नवम्बर 1882 पूना में में आर्य महिला समाज की स्थापना सम्भव हो सकी। उन्होंने स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए (अन्तरप्रातींय), अन्तरजातिय विवाह किया, महिलाओं को मेडिकल शिक्षा दिये जाने के लिए विशेष प्रयास भी किया और इन्होंने मुम्बई में शारदा सदन की स्थापना की। इतना ही नहीं, उन्होंने महिलाओं की व्यावसायिक शिक्षा के लिए मुक्ति सदन नामक संस्थान के सुचारू रूप से चलाया।

स्वतन्त्रता के पश्चात किये गये प्रयास– स्वतन्त्रता के बाद भारत में औपनिवेशिक शासन की समाप्ति के बाद भारत का पुर्ननिर्माण की अपनी क्षमता के लिए संविधान का निर्माण किया गया जिसमें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय के साथ ही अभिव्यक्ति–विचार, धर्म और विश्वास की स्वतंत्रता तथा समानता के अवसर को लक्ष्य के रूप में रखा गया। कल्याणकारी राज्य की अवधारणा, नीतिनिर्देशक सिद्धान्त और मूल अधिकारों के माध्यम से इन लक्ष्यों के पूर्ति के प्रयास आरम्भ हुए। इन प्रयासों का एक प्रमुख लक्ष्य स्त्रियों की परिस्थिति में सुधार लाना भी था। भारत में स्त्रियों के परिस्थिति में सुधार हेतु राज्य द्वारा किये प्रयासो को दो रूपो में देखा जा सकता है।

संवैधानिक प्रावधान:

1. विधि के समक्ष समता (अनुच्छेद 14)।
2. राज्य किसी नागरिक के विरूद्ध केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान या इनमें से किसी के आधार पर कोई विभेद नहीं करेगा (अनुच्छेद 15(1))।
3. राज्य महिलाओं एवं बच्चों के पक्ष में विशेष प्रावधान कर सकता है। (अनुच्छेद 15(3))।
4. राज्य के अधीन किसी पद पर नियोजन या नियुक्ति से संबंधित विषयों में सभी नागरिकों के लिये अवसर की समता होगी (अनुच्छेद 16(1)।
5. पुरुष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो (अनुच्छेद 39)
6. आर्थिक या किसी अन्य निर्योग्यता से पीड़ित नागरिको के लिए नि:शुल्क विधिक समहायता की व्यवस्था (अनुच्छेद 39क)।

विशाखा दिशा–निर्देश –विशाखा दिशा–निर्देश कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने से सम्बन्धित है। विशाखा बनाम राजस्थान राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने महिला कर्मचारियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण में काम करने के अधिकार को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुछ नियम तय किये थे। अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने यौन उत्पीड़न को परिभाषित करते हुए इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना था। विशाखा दिशा निर्देशों के अनुसार निम्नलिखित अशिष्ट भावों अथवा व्यवहारों को यौन उत्पीड़न के अंतर्गत शामिल किया गया है।

1. शारीरिक संपर्क या इसका प्रयास करना।
2. यौन संबंध बनाने की मांग या अनुरोध करना।
3. यौन संबंधी टिप्पणी करना।
4. अश्लील फिल्म दिखाना।
5. यौन प्रकृति का कोई अन्य शारीरिक, मौखिक या अन्य प्रकार का कोई अशिष्ट कार्य करना।

आपराधिक कानून– महिलाओं के प्रति अपराधों में कड़ी देने के उद्देश्य से आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 भी लागू किया गया है। इसके द्वारा भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता आदि कानूनों में संशोधन किये गये है। इस कानूनी की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं–

1. बलात्कार के अपराध में 20 साल तक के कड़े कारावास की सजा।
2. आजीवन कारावास का अर्थ प्राकृतिक जीवन काल है।
3. पूर्व में ऐसे अपराधों के लिये दोषसिद्ध व्यक्ति द्वारा पुन: अपराध करने पर मौत की सजा का प्रावधान।
4. पीड़ित की मौत होने पर सजा को बढ़ाकर मृत्युदंड दिया जा सकता है।
5. तेजाब हमला करने वालों को 10 साल की सजा।
6. सहमति से यौन संबंध की न्यूनतम उम्र 18 साल।
7. सभी अस्पताल प्राथमिक चिकित्सकीय सहायता व नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराएंगे।

आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2018– इस अधिनियम के माध्यम से भारतीय दंड सहिता (आई0पी0सी0), 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सी0आर0पी0सी0) 1973 भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 और लैंगिक शोषण से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 को संशोधित किया गया है।

मुख्य बिन्दु – 12 वर्ष से कम आयु की लड़की के साथ बलात्कार करने पर न्यूनतम सजा को 10 से बढ़ाकर 20 वर्ष कड़ा कारावास दिया गया है और इसमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास अथवा मृत्युदंड भी दिया जा सकता है।

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 – यह अधिनियम महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करता है। ऐसा नहीं है कि इससे पहले महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा से निपटने के लिये देश में कोई कानून नहीं था। लेकिन पहले का कानून विशिष्ट रूप से परिवार या घर के अंदर महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा पर केंद्रित नहीं था। इस कारण यह महिलाओं के खिलाफ होने वाली घरेलू हिंसा को रोकने में ज्यादा प्रभावी नहीं था।

कारखाना (संशोधन) अधिनियम, 1976 – यह अधिनियम रोजगार करने वाली 30 से अधिक महिलाओं के कार्यस्थलों पर शिशु सदन का प्रावधान करता है। रोज़गार करने वाली महिलाएँ ठेके पर या अनौपचारिक रूप से कार्य करने वाली हो सकती हैं। इससे पहले 50 महिलाओं पर एक शिशु सदन का प्रावधान था।

समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 –यह अधिनियम (a) महिला एवं पुरुष कामगारों को समान पारिश्रमिक (b) रोज़गार के मामलों में महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक आधार पर या इससे संबंधित मामले या उनकी पहचान के आधार पर उनके साथ होने वाले भेदभाव पर प्रतिबंध लगाता है। इस अधिनियम में संशोधन के लिये श्रम मंत्रालय के पास एक प्रस्ताव है ताकि महिलाओं के हक में इसके प्रावधानों को और अधिक उदार बनाया जा सके।

दहेज (प्रतिषेध) अधिनियम, 1961 – दहेज (प्रतिषेध) अधिनियम पहली बार 1961 में बनाया गया था। 1984 में इस अधिनियम में संशोधन किया गया। इस संशोधन के माध्यम से इसे संज्ञेय बनाकर दंड में वृद्धि की गई तथा इसमें जुर्माना एवं कारावास दोनों को शामिल किया गया। इस अधिनियम को और ज़्यादा प्रभावी य बनाने के लिये इसके क्षेत्र का विस्तार किया गया।

सती प्रथा (रोकथाम) अधिनियम, 1987 – सती प्रथा (रोकथाम) अधिनियम, 1987 संसद द्वारा वर्ष 1987 में पास किया गया ताकि सती प्रथा एवं इसके महिमागान या इससे संबंधित मामलों या घटनाओं को ज्यादा

प्रभावी तरीके से रोका जा सके। अधिनियम है सती को व्यापक रूप से परिभाषित करता है तथा इसमें न केवल किसी विधवा को उसके पति के साथ बल्कि उसके किसी अन्य संबंधी के साथ जलाने या जिंदा दफनाने को भी शामिल करता है।

गर्भधारणपूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 – प्रसवपूर्व निदान तकनीक (विनियमन एवं दुरुपयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1994 संसद द्वारा प्रसवपूर्व निदान तकनीक के विनियमन को, लिये बनाया गया था। इस निदान तकनीक का उद्देश्य जीन संबंधी गड़बड़ियों या गुणसूत्र संबंधी असामान्यताओं या कुछ निश्चित प्रकार की जन्मजात विकृतियों या लिंग संबंधी विकारों को दूर करना था। लेकिन इस तकनीक का उपयोग प्रसवपूर्व लिंग निर्धारण के लिये किया जाने लगा जिससे भ्रूण हत्या या संबंधित मामलों में बढ़ोतरी देखी गई।

अधिनियम में 2003 में किये गए संशोधन:

1. संशोधन में लिंग निर्धारण तकनीक को भी कानून के दायरे में लाया गया है।
2. अल्ट्रासाउंड कानून के दायरे में।
3. केंद्रीय निरीक्षण बोर्ड को सशक्त करना, राज्य स्तर पर भी निरीक्षण बोर्ड का गठन।
4. अधिक कठोर सजाओं का प्रावधान।
5. कानून उलंघन करने वालों की जांच मशीन व यंत्रों की जब्ती व सील करने हेतु प्राधिकृत अधिकारियों की सिविल कोर्ट की तरह सशक्त करना।
6. अल्ट्रासाउड मशीनों की पंजीकृत संगठनों की बिक्री का नियमन।

मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (संशोधन) विधेयक, 2020 – केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में वैधानिक रूप से गर्भपात संबंधी नियमों में बदलाव के लिये मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी अधिनियम, 1971 में संशोधन करने के लिये मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (संशोधन) विधेयक, 2020 को मंजूरी दी है। यह विधेयक महिलाओं के लिये उपचारात्मक, मानवीय या सामाजिक आधार पर सुरक्षित और वैध गर्भपात सेवाओं को व्यापक बनाने के लिये लाया जा रहा है।

प्रस्तावित संशोधन के प्रावधान:

1. संशोधन के तहत गर्भपात के लिये गर्भवस्था की सीमा को 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 सप्ताह किया जाएगा। इन बदलावों को (MTP AlMedical Termination of Programer) नियमों में संशोधन के जरिये परिभाषित किया जाएगा।
2. ये नियम उन महिलाओं के संबंधा में लागू होंगे जो दुष्कर्म पीड़ित या सगे-संबंधियों के साथ यौन संबंधों से पीड़ित हैं, साथ ही इसमें अन्य असुरक्षित महिलाएँ (दिव्यांग महिलाएँ व नाबालिग) भी शामिल होंगी।

मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 – मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 में संशोधन करता है। इस अधिनियम के द्वारा मातृत्व अवकाश की अवधि, प्रासंगिकता और अन्य सुविधाओं से संबंधित प्रावधानों में संशोधन किया गया है।

प्रमुख बिंदु :

1. यह अधिनियम 10 या उससे अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले सभी संस्थानों पर लागू होता है।
2. इसके तहत प्रत्येक महिला 26 सप्ताह के मातृत्व लाभ की हकदार होगी।
3. पुराने अधिनियम के तहत इस मातृत्व लाभ का उपयोग प्रसव की अपेक्षित तारीख से छ: सप्ताह से पहले नहीं किया जाना चाहिये। अब यह अवधि 'आठ सप्ताह' कर दी गई है।

घरेलू कामगार कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 11 के 2010 घरेलू कामगारों के शोषण को नियमित मिलता हो उनके अधिकारों एवं कानूनों का सम्मान न किये जाने से घरेलू नौकर समकालीन दास बन गए हैं। यह भी एक ज्ञात तथ्य है कि कई महिलाओं की अनैतिक तस्करी एवं शोषण नियोजन एजेंसियों द्वारा किया जाता है। जो किसी प्रतिबंध या नियमन के खुले में कार्य करती है।

सरोगेसी (विनियमन) विधेयक, 2020 – केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरोगेसी की प्रक्रिया को विनियमित करने से संबंधित सरोगेसी (विनियमन) विधेयक, 2020 को फरवरी, 2020 में मंजूरी प्रदान कर दी है। धयातव्य है कि नवीनतम विधेयक अगस्त 2019 में लोकसभा से पारित सरोगेसी (विनियमन) विधेयक 2019 का संशोधन संस्करण है क्योंकि 2019 के विधेयक को राज्यसभा में प्रवर समिति को भेज दिया गया था।

1. मंत्रिमंडल ने विधेयक को मंजूरी देने से पहले राज्यसभा की प्रवर समिति की सभी सिफारिशों को शामिल किया है।
2. सरोगेसी (विनियमन) विधेयक, 2020 का उद्देश्य व्यावसायिक सरोगेसी पर प्रतिबंध लगाना और परोपकारी सरोगेसी की अनुमति देना है।
3. इसके तहत मानव भ्रूण की बिक्री और खरीद सहित वाणिज्यिक सरोगेसी निषिद्ध होगी और निरूसंतान दंपतियों को नैतिक सरोगेसी की शर्तों को पूरा करने पर ही सरोगेसी की अनुमति दी जाएगी।
Today, the M.P.Ed. is a two-year postgraduate course, offered under both annual and semester systems in line with UGC policies. It places physical education on par with other professional fields like medicine, law, or engineering.

Why Physical Education Matters: Daily life presents many challenges, and physical activity helps us manage them better. According to Sharma and colleagues, physical education offers several benefits:

1. It nurtures intellectual and emotional development in children.

2. Promotes teamwork, loyalty, and cooperation.
3. Enhances body functioning and strengthens resistance to fatigue.
4. Encourages unity and global understanding.
5. Builds moral character and leadership qualities.
6. Develops decision-making skills and mental strength.
7. Simply put, physical education fosters a balanced and healthy individual—both physically and emotionally.

Qualities Of Effective Physical Education: A quality physical education program:

1. Equips students with lifelong skills for staying active.
2. Promotes healthy movement and activity assessment.
3. Adapts materials to suit different ages and skill levels.
4. Keeps students engaged for most of the class time.
5. Is inclusive, enjoyable, and caters to all learning needs.

Benefits Of Physical Education: Physical education contributes significantly to overall well-being. Key benefits include:

1. Better fitness, strength, and stamina.
2. Enhanced mental wellness and relaxation.
3. Social development and improved communication.
4. Stronger immune and cardiovascular systems.
5. Fun and enjoyable learning experience.
6. Talent discovery and career opportunities.
7. Boosted self-esteem, teamwork, and discipline.
8. Prevention of injuries and improved recovery.
9. Encouragement for goal setting and long-term achievement.

Physical Education In The Post-Globalization Era: Despite global efforts, physical education still faces serious challenges—especially in schools. Governments and organizations are often more focused on competitive, media-friendly sports than on building a strong foundation through physical education.

The Physical Education World Summit held in Berlin revealed several concerns through a study covering 120 countries:

1. Reduced time and attention to PE in school curricula.
2. Inadequate budgets and resources.
3. Poor teacher training and low status of the subject.
4. Lack of proper implementation of policies and guidelines.

Conclusion: Physical education and sports in India are growing, but we still have a long way to go. Our global standing in education and research needs improvement. While government and non-government efforts have made a positive impact, much more remains to be done.

To truly uplift the field, we need to:

1. Revamp our curriculums.
2. Strengthen research facilities.
3. Train competent professionals.
4. Implement effective policies.

With continued dedication, we can ensure that physical education and sports become a respected and powerful force in shaping a healthier, more dynamic India.

References:-

1. Hardman, Ken, and Roland Naul, editors. Physical Education: Deconstruction and Reconstruction—Issues and Directions. Meyer & Meyer Sport, 2002.
2. Singh, Ajmer, et al. Essentials of Physical Education. Kalyani Publishers, 2017.
3. Green, Ken. Understanding Physical Education. Sage Publications, 2008.
4. UNESCO. International Charter of Physical Education, Physical Activity and Sport. United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization, 2015.https://unesdoc.unesco.org/ark:/48223/pf0000235409
5. Siedentop, Daryl. Introduction to Physical Education, Fitness, and Sport. 7th ed., McGraw-Hill Education, 2011.
6. Mandell, Richard D. Sport: A Cultural History. Columbia University Press, 1984.
7. Bailey, Richard. "Physical Education and Sport in Schools: A Review of Benefits and Outcomes." Journal of School Health, vol. 76, no. 8, 2006, pp. 397–401. Wiley Online Library, doi:10.1111/j.1746-1561.2006.00132.x.
8. Bouchard, Claude, and Steven N. Blair. Physical Activity and Health. Human Kinetics, 2012.
9. National Council for Teacher Education (NCTE). Curriculum Framework for Physical Education Teacher Education. NCTE, 2014.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

'कादम्बरी' में अलंकार एवं शैली का अध्ययन : संस्कृत गद्य की विशेषताएँ

महेश चन्द मीना*

* सह आचार्य (संस्कृत) राजकीय महाविद्यालय, सिकराय, दौसा (राज.) भारत

शोध सारांश – बाणभट्ट द्वारा रचित 'कादम्बरी' संस्कृत गद्य साहित्य की एक अद्वितीय और उत्कृष्ट कृति है, जिसमें अलंकार और शैली का अत्यंत प्रभावशाली समन्वय देखने को मिलता है। इस रचना में शब्दालंकार और अर्थालंकार का व्यापक प्रयोग हुआ है, जो भाषा को सौंदर्य, माधुर्य और आकर्षण प्रदान करता है। अनुप्रास, उपमा, रूपक तथा उत्प्रेक्षा जैसे अलंकारों के माध्यम से भावों की अभिव्यक्ति अधिक सजीव और प्रभावपूर्ण बन जाती है।शैली की दृष्टि से 'कादम्बरी' में गद्य की प्रवाहशीलता, लयात्मकता तथा चित्रात्मकता प्रमुख विशेषताएँ हैं। दीर्घ वाक्य संरचना और समासों का प्रयोग इसे विशिष्ट बनाते हैं। गद्य होते हुए भी इसमें काव्यात्मक गुण स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं, जिससे यह 'गद्य–काव्य' का उत्कृष्ट उदाहरण बनती है।इस प्रकार, 'कादम्बरी' में अलंकार और शैली का संतुलित प्रयोग न केवल इसकी साहित्यिक गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि संस्कृत गद्य की समृद्ध परंपरा और भाषिक सौष्ठव को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

शब्द कुंजी – 'कादम्बरी', बाणभट्ट, संस्कृत काव्यशास्त्र, संरचना, सौंदर्य, अभिव्यक्ति।

प्रस्तावना – संस्कृत साहित्य में 'कादम्बरी' एक अत्यंत महत्वपूर्ण गद्य काव्य है, जिसे बाणभट्ट ने रचा है। यह कृति अपनी विशिष्ट कथावस्तु, अलंकारिकता तथा गद्य शैली के कारण संस्कृत साहित्य में एक अनूठा स्थान रखती है। 'कादम्बरी' मुख्यत: प्रेम, पुनर्जन्म, और कल्पनात्मक घटनाओं पर आधारित एक विस्तृत कथा है, जिसमें भावनात्मक गहराई और सौंदर्य का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। इसकी भाषा अत्यंत समृद्ध, काव्यात्मक और अलंकारों से युक्त है, जो इसे अन्य गद्य रचनाओं से विशिष्ट बनाती है।बाणभट्ट सातवीं शताब्दी के प्रसिद्ध संस्कृत साहित्यकार थे, जो सम्राट हर्षवर्धन के दरबारी कवि थे। उनकी प्रमुख कृतियों में 'हर्षचरित' और 'कादम्बरी' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। बाणभट्ट की लेखन शैली में अलंकारों की प्रचुरता, दीर्घ वाक्य संरचना तथा भावपूर्ण वर्णन प्रमुख विशेषताएँ हैं। उन्होंने संस्कृत गद्य को एक नई ऊँचाई प्रदान की और उसे काव्यात्मक गरिमा से समृद्ध किया।

संस्कृत गद्य साहित्य में 'कादम्बरी' का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केवल एक कथा नहीं, बल्कि गद्य–काव्य का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस कृति में गद्य और पद्य दोनों के गुणों का सुंदर समन्वय मिलता है। 'कादम्बरी' को संस्कृत गद्य की सर्वोत्तम कृतियों में गिना जाता है, जिसने आगे आने वाले साहित्यकारों को भी प्रेरित किया।

'काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम।'

अर्थात् विद्वानों का समय काव्य और शास्त्र के अध्ययन में ही व्यतीत होता है।

इस शोध का मुख्य उद्देश्य 'कादम्बरी' में प्रयुक्त अलंकारों और शैली का विश्लेषण करना तथा संस्कृत गद्य की विशेषताओं को स्पष्ट करना है। यह अध्ययन यह समझने का प्रयास करता है कि बाणभट्ट ने अपनी रचना में किस प्रकार भाषा, अलंकार और शैली का प्रयोग कर सौंदर्य और प्रभाव उत्पन्न किया। साथ ही, इस शोध का महत्व इस बात में निहित है कि यह संस्कृत साहित्य की समृद्ध परंपरा को समझने और उसे आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करने में सहायक होगा।

साहित्य समीक्षा

संस्कृत साहित्य में 'कादम्बरी' पर अनेक विद्वानों द्वारा विस्तृत अध्ययन किया गया है, जिनमें इसकी कथावस्तु, शैली और अलंकारिक सौंदर्य को विशेष महत्व दिया गया है। बाणभट्ट की इस कृति को गद्य–काव्य की उत्कृष्ट रचना मानते हुए पूर्व शोधों में इसे संस्कृत साहित्य की श्रेष्ठ उपलब्धियों में स्थान दिया गया है। विभिन्न विद्वानों ने 'कादम्बरी' की जटिल संरचना, पुनर्जन्म की कल्पना तथा भावात्मक गहराई का विश्लेषण करते हुए इसे एक अद्वितीय साहित्यिक कृति सिद्ध किया है।संस्कृत गद्य शैली के संदर्भ में विद्वानों का मत है कि बाणभट्ट की भाषा अत्यंत अलंकृत, ललित और दीर्घ वाक्य संरचना से युक्त है। उनकी शैली में काव्यात्मकता और गद्य का सुंदर समन्वय दिखाई देता है, जिसे 'गद्य–काव्य' की संज्ञा दी गई है। विद्वानों ने यह भी उल्लेख किया है कि 'कादम्बरी' में वर्णनात्मक शैली, भावनात्मक अभिव्यक्ति तथा चित्रात्मकता का अद्भुत मेल मिलता है, जो पाठक को कथा के साथ गहराई से जोड़ता है।

अलंकारों के प्रयोग पर किए गए पूर्व अध्ययनों में यह स्पष्ट किया गया है कि 'कादम्बरी' में शब्दालंकार और अर्थालंकार दोनों का अत्यंत प्रभावशाली प्रयोग हुआ है। अनुप्रास, उपमा, रूपक और उत्प्रेक्षा जैसे अलंकारों के माध्यम से बाणभट्ट ने भाषा को सौंदर्य और प्रभाव प्रदान किया है। इन अलंकारों के कारण रचना में न केवल लयात्मकता आती है, बल्कि भावों की अभिव्यक्ति भी अधिक सजीव हो जाती है।

'शब्दार्थौ सहितौ काव्यं, काव्यं रसात्मकं भवेत्।'

अर्थात् शब्द और अर्थ के समन्वय से ही काव्य में रस की उत्पत्ति होती है।

इस प्रकार, साहित्य समीक्षा से यह स्पष्ट होता है कि 'कादम्बरी' न केवल शैली की दृष्टि से, बल्कि अलंकारिक सौंदर्य की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण और गहन अध्ययन की विषयवस्तु रही है।

सैद्धांतिक पृष्ठभूमि – संस्कृत काव्यशास्त्र मेंअलंकारको काव्य की शोभा बढ़ाने वाला प्रमुख तत्व माना गया है। 'अलंकार' शब्द का अर्थ है आभूषण, अर्थात् वह जो काव्य को सौंदर्य और आकर्षण प्रदान करे। आचार्यों के अनुसार, जब शब्द और अर्थ दोनों मिलकर विशेष प्रभाव उत्पन्न करते हैं, तब अलंकार की उत्पत्ति होती है।'अलंकार मुख्यत: दो प्रकार के माने गए हैं शब्दालंकार और अर्थालंकार। शब्दालंकार वह होता है जिसमें शब्दों की विशेष संरचना, ध्वनि या पुनरावृत्ति के माध्यम से सौंदर्य उत्पन्न किया जाता है। इसके अंतर्गतअनुप्रासऔरयमकप्रमुख हैं। अनुप्रास में समान वर्णों की पुनरावृत्ति से लयात्मकता उत्पन्न होती है, जैसे 'चंचल चितवन चुराए चौना।' यमक में एक ही शब्द की पुनरावृत्ति भिन्न अर्थों में होती है, जिससे काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है।

अर्थालंकार में अर्थ की विशेषता के कारण सौंदर्य उत्पन्न होता है। इसके प्रमुख प्रकारों में उपमा, रूपकऔरउत्प्रेक्षाशामिल हैं। उपमा में दो वस्तुओं के बीच समानता दिखाई जाती है, जैसे 'मुख चंद्र के समान है।' रूपक में उपमेय और उपमान का पूर्ण अभेद स्थापित कर दिया जाता है, जबकि उत्प्रेक्षा में कल्पना के माध्यम से किसी वस्तु की विशेषता को व्यक्त किया जाता है। ये अलंकार काव्य को अधिक प्रभावशाली और भावपूर्ण बनाते हैं।संस्कृत गद्य की प्रमुख विशेषताओं में इसकी दीर्घ वाक्य संरचना, समास प्रधानता, और अलंकारिकता प्रमुख हैं। गद्य होते हुए भी इसमें काव्यात्मक लय और सौंदर्य विद्यमान रहता है। विशेष रूप से बाणभट्ट की रचनाओं में गद्य को अत्यंत सुसज्जित और कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। उनकी भाषा में भावों की गहनता, चित्रात्मकता और प्रवाहशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

काव्यशास्त्रीय आधार की दृष्टि से, आचार्य भरतमुनि और आनन्दवर्धन जैसे विद्वानों ने काव्य के स्वरूप और उसके तत्वों का विस्तृत विवेचन किया है। भरतमुनि ने रस सिद्धांत के माध्यम से काव्य के भावात्मक पक्ष को स्पष्ट किया, जबकि आनन्दवर्धन ने ध्वनि सिद्धांत के द्वारा काव्य में निहित गूढ़ अर्थों की व्याख्या की।

'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्ति:।'

अर्थात् विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भावों के संयोग से रस की उत्पत्ति होती है।

इस प्रकार, अलंकार, संस्कृत गद्य की विशेषताएँ और काव्यशास्त्रीय सिद्धांत मिलकर 'कादम्बरी' जैसी कृतियों की साहित्यिक महत्ता को समझने के लिए एक सुदृढ़ सैद्धांतिक आधार प्रदान करते हैं।

'कादम्बरी' में अलंकारों का विश्लेषण – बाणभट्ट द्वारा रचित 'कादम्बरी' अलंकारिक सौंदर्य की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध कृति है। इसमें शब्दालंकार और अर्थालंकार दोनों का व्यापक और प्रभावशाली प्रयोग हुआ है, जो गद्य को काव्यात्मक गरिमा प्रदान करता है।प्रमुख अलंकारों की पहचान करने पर यह स्पष्ट होता है किअनुप्रास, यमक, उपमा, रूपकऔरउत्प्रेक्षाका विशेष रूप से प्रयोग किया गया है। अनुप्रास के माध्यम से ध्वनि की पुनरावृत्ति से लय और माधुर्य उत्पन्न होता है, जबकि यमक अलंकार शब्दों के चमत्कार द्वारा अर्थ में गहराई लाता है। उदाहरण के लिए, किसी दृश्य का वर्णन करते समय समान वर्णों की पुनरावृत्ति से सौंदर्य और प्रवाह बढ़ता है।अर्थालंकारों में उपमा का प्रयोग अत्यंत प्रभावी रूप से किया गया है, जहाँ नायिका की सुंदरता की तुलना चंद्रमा, कमल आदि से की गई है। रूपक अलंकार में उपमेय और उपमान का पूर्ण अभेद स्थापित कर भावों को सजीव बनाया गया है। उत्प्रेक्षा के माध्यम से कल्पनात्मकता को बल मिलता है, जिससे वर्णन और अधिक आकर्षक एवं प्रभावशाली बन जाता है।

'उपमा कालिदासस्य, भारवेरर्थगौरवम्।'

अर्थात् उपमा की दृष्टि से श्रेष्ठता का आदर्श स्थापित होता है, जिससे काव्य की शोभा बढ़ती है।

अलंकारों का प्रभाव 'कादम्बरी' में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। ये न केवल भाषा को सुसज्जित करते हैं, बल्कि भावों की अभिव्यक्ति को भी सजीव और प्रभावपूर्ण बनाते हैं। अलंकारों के कारण गद्य में लयात्मकता, चित्रात्मकता और सौंदर्य का समावेश होता है, जिससे पाठक कथा के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है।इस प्रकार, 'कादम्बरी' में अलंकारों का प्रयोग केवल सजावट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रचना की आत्मा को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम बनता है।

शैली का अध्ययन – बाणभट्ट की 'कादम्बरी' अपनी विशिष्ट गद्य शैली के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें प्रवाहशीलता, लयात्मकता और काव्यात्मक सौंदर्य का अद्भुत समन्वय मिलता है। यद्यपि यह गद्य रचना है, फिर भी इसमें पद्य के समान लय और माधुर्य का अनुभव होता है। दीर्घ वाक्य संरचना और समासों के प्रयोग से भाषा में एक विशेष प्रकार की गतिशीलता उत्पन्न होती है, जो पाठक को कथा के प्रवाह में बाँधे रखती है।'कादम्बरी' कीवर्णनात्मक शैली) अत्यंत सजीव और विस्तारपूर्ण है। प्रकृति, नगर, राजदरबार तथा पात्रों के रूप-स्वभाव का चित्रण इतनी सूक्ष्मता से किया गया है कि पाठक के सामने दृश्य सजीव हो उठते हैं। यह शैली केवल बाह्य वर्णन तक सीमित नहीं है, बल्कि आंतरिक भावनाओं और मानसिक अवस्थाओं को भी गहराई से प्रस्तुत करती है।

भावात्मक एवं चित्रात्मक अभिव्यक्ति 'कादम्बरी' की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता है। बाणभट्ट ने शब्दों के माध्यम से ऐसे चित्र प्रस्तुत किए हैं, जो पाठक के मन में स्पष्ट रूप से उभरते हैं। प्रेम, करुणा, विस्मय और विरह जैसे भावों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया गया है, जिससे रचना में संवेदनशीलता और गहराई आती है।

'वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।'

अर्थात् वाणी और अर्थ का अभिन्न संबंध ही प्रभावी अभिव्यक्ति का आधार है।

भाषा की जटिलता और सौंदर्य भी इस कृति की प्रमुख विशेषता है। संस्कृत के दीर्घ समास, अलंकारों की प्रचुरता और गूढ़ शब्दावली के कारण भाषा कभी-कभी जटिल प्रतीत होती है, परंतु यही जटिलता उसे विशिष्ट और प्रभावशाली बनाती है।इस प्रकार, 'कादम्बरी' की शैली गद्य और काव्य दोनों के गुणों का सुंदर संगम प्रस्तुत करती है, जो इसे संस्कृत साहित्य में एक अद्वितीय स्थान प्रदान करती है।

संस्कृत गद्य की विशेषताएँ – संस्कृत गद्य साहित्य अपनी विशिष्ट संरचना, सौंदर्य और अभिव्यक्ति की गहनता के लिए प्रसिद्ध है। विशेष रूप से बाणभट्ट की रचनाओं में यह विशेषताएँ अत्यंत परिष्कृत रूप में दिखाई देती हैं। संस्कृत गद्य की प्रमुख विशेषताओं मेंदीर्घ वाक्य संरचना, समासों का प्रयोग, अलंकारिकता तथा भाषिक सौष्ठवप्रमुख हैं, जो इसे अन्य भाषाओं के गद्य से अलग और विशिष्ट बनाती हैं।संस्कृत गद्य में दीर्घ वाक्य संरचना एक महत्वपूर्ण विशेषता है। एक ही वाक्य में अनेक उपवाक्य और विचारों को

समाहित करने की क्षमता इसे जटिल लेकिन प्रभावशाली बनाती है। इस प्रकार की संरचना पाठक से गहन एकाग्रता की अपेक्षा करती है, परंतु इसके माध्यम से भावों की व्यापकता और गहराई व्यक्त होती है।समास का प्रयोग संस्कृत गद्य की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता है। दीर्घ समासों के माध्यम से विस्तृत विचारों को संक्षिप्त रूप में व्यक्त किया जाता है। यह न केवल भाषा को संक्षिप्त बनाता है, बल्कि उसमें एक विशेष प्रकार की लय और सौंदर्य भी उत्पन्न करता है। बाणभट्ट ने 'कादम्बरी' में समासों का अत्यंत कुशलतापूर्वक प्रयोग किया है, जिससे भाषा में गहनता और प्रभावशीलता आती है।

अलंकारिकता और काव्यात्मकता संस्कृत गद्य को विशेष आकर्षण प्रदान करती है। गद्य होते हुए भी इसमें काव्य के गुण, जैसे लय, माधुर्य और भावात्मकता विद्यमान रहते हैं। अनुप्रास, उपमा, रूपक आदि अलंकारों के प्रयोग से गद्य में सौंदर्य और प्रभाव उत्पन्न होता है, जिससे पाठक भावनात्मक रूप से जुड़ता है।भाषिक सौष्ठव संस्कृत गद्य की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है। इसमें शब्दों का चयन, वाक्य विन्यास और अभिव्यक्ति की सुसंगतता अत्यंत परिष्कृत होती है। यह सौष्ठव न केवल भाषा को सुंदर बनाता है, बल्कि पाठक को एक सौंदर्यपूर्ण अनुभव भी प्रदान करता है।इस प्रकार, संस्कृत गद्य की ये विशेषताएँ 'कादम्बरी' जैसी कृतियों को साहित्यिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध और प्रभावशाली बनाती हैं।

'कादम्बरी' में अलंकार एवं शैली पर चर्चा – बाणभट्ट की 'कादम्बरी' में अलंकार और शैली का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है, जो इसे संस्कृत गद्य साहित्य की विशिष्ट कृति बनाता है। इस ग्रंथ में अलंकार केवल भाषा की सजावट के लिए नहीं, बल्कि भावों की सजीव अभिव्यक्ति के लिए प्रयुक्त हुए हैं। अनुप्रास, उपमा, रूपक और उत्प्रेक्षा जैसे अलंकारों का प्रयोग शैली के साथ इस प्रकार समाहित है कि वे कथा के प्रवाह को बाधित किए बिना उसे अधिक प्रभावशाली बनाते हैं। शैली की प्रवाहशीलता और लयात्मकता इन अलंकारों के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ हो जाती है।

'वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।'

अर्थात् वाणी और अर्थ का अभिन्न संबंध ही प्रभावी अभिव्यक्ति का आधार है।

'कादम्बरी' की विशिष्टता उसकी गद्य-काव्यात्मक शैली, विस्तृत वर्णन और भावनात्मक गहराई में निहित है। यह केवल एक कथा न होकर कल्पना, पुनर्जन्म और प्रेम के विविध आयामों का समन्वित चित्रण प्रस्तुत करती है। इसकी भाषा में दीर्घ समास, अलंकारिकता और चित्रात्मकता का अद्भुत मेल मिलता है, जो इसे अन्य रचनाओं से अलग पहचान देता है।

अन्य संस्कृत गद्य ग्रंथों, जैसे हर्षचरित, से तुलना करने पर 'कादम्बरी' अधिक कल्पनाशील और भावप्रधान प्रतीत होती है। जहाँ 'हर्षचरित' ऐतिहासिक और आत्मकथात्मक तत्वों पर आधारित है, वहीं 'कादम्बरी' में कल्पना और सौंदर्य का व्यापक विस्तार है। इसी कारण 'कादम्बरी' को संस्कृत गद्य साहित्य में अधिक काव्यात्मक और सौंदर्यपूर्ण कृति माना जाता है।

'काव्यं यशसे अर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।'

अर्थात् काव्य यश, अर्थ, व्यवहार ज्ञान और कल्याण के लिए रचा जाता है। इस प्रकार, 'कादम्बरी' में अलंकार और शैली का समन्वय न केवल इसकी साहित्यिक महत्ता को बढ़ाता है, बल्कि इसे संस्कृत गद्य साहित्य की उत्कृष्ट कृतियों में स्थान दिलाता है।

निष्कर्ष – इस अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि 'कादम्बरी' संस्कृत गद्य साहित्य की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और विशिष्ट कृति है, जिसमें अलंकार और शैली का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। बाणभट्ट ने अपनी लेखन कला के माध्यम से गद्य को काव्यात्मक सौंदर्य प्रदान किया है, जिससे यह रचना साहित्यिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध बन गई है।अलंकारों के प्रभावी प्रयोग ने 'कादम्बरी' की भाषा को सजीव, आकर्षक और भावपूर्ण बनाया है, वहीं शैली की प्रवाहशीलता, लयात्मकता और चित्रात्मकता ने इसे पाठकों के लिए अधिक प्रभावशाली बनाया है। दीर्घ वाक्य संरचना, समासों का प्रयोग और भाषिक सौष्ठव इस कृति की प्रमुख विशेषताएँ हैं, जो संस्कृत गद्य की उच्च परंपरा को दर्शाती हैं।यह भी निष्कर्ष निकलता है कि 'कादम्बरी' केवल एक कथा नहीं, बल्कि गद्य और काव्य के गुणों का उत्कृष्ट संगम है। यह कृति न केवल अपने समय में महत्वपूर्ण थी, बल्कि आज भी साहित्यिक अध्ययन के लिए प्रासंगिक बनी हुई है।अत: 'कादम्बरी' संस्कृत साहित्य की अमूल्य धरोहर के रूप में स्थापित होती है, जो भाव, भाषा और शैली की दृष्टि से एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा, आर. (2017). 'संस्कृत साहित्य का इतिहास' नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, पृ. 120-135.
2. वर्मा, एस. (2019). 'कादम्बरी का साहित्यिक अध्ययन' वाराणसी: चौखम्बा प्रकाशन, पृ. 45-60.
3. मिश्र, डी. (2016). 'संस्कृत गद्य काव्य की परंपरा' लखनऊ: साहित्य भवन, पृ. 78-92.
4. पांडेय, के. (2020). 'अलंकार शास्त्र का परिचय' प्रयागराज: लोकभारती, पृ. 25-40.
5. तिवारी, आर. (2018). 'संस्कृत काव्यशास्त्र' भोपाल: ज्ञान प्रकाशन, पृ. 90-110.
6. जोशी, एम. (2021). 'कादम्बरी में अलंकारों का प्रयोग' संस्कृत शोध पत्रिका, 12(2), पृ. 30-45.
7. सिंह, ए. (2015). 'बाणभट्ट और उनकी कृतियाँ' दिल्ली: साहित्य अकादमी, पृ. 55-70.
8. गुप्ता, पी. (2019). 'संस्कृत गद्य शैली का विकास' भारतीय भाषा जर्नल, 8(1), पृ. 20-35.
9. कुमार, वी. (2017). 'संस्कृत गद्य में अलंकारिकता' काव्यशास्त्र समीक्षा, 5(3), पृ. 40-55.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

मनरेगा और ग्रामीण पलायन

अनिता टाक*

* सहायक आचार्य (समाजशास्त्र) राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

प्रस्तावना – किसी एक भौगोलिक राष्ट्रीय क्षेत्र से दूसरे भौगोलिक राष्ट्रीय क्षेत्र में सापेक्षत: स्थाई गमन की प्रक्रिया प्रव्रजन या देशान्तर के नाम से जानी जाती है। आम आदमी के लिए अपना स्थाई निवास छोड़कर जाना हमेशा कठिन रहा है। व्यक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाता क्यों है इसके कई कारण हैं जैसे– भोजन की तलाश, काम एवं आश्रय के लिए। यद्यपि प्रव्रजन मानव समाज के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। आदिम काल में भी मनुष्य एक स्थान से दूसरे स्थान पर मूल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जाते थे। लेकिन पिछली शताब्दी से प्रव्रजन एक स्थापित प्रतिमान के रूप में घटित हो रहा है, वह यह कि ग्रामीण लोग शहर की ओर पलायन कर रहे हैं। यह एक तरफ़ा पलायन वास्तव में चिन्ता का विषय है क्योंकि यह एक असन्तुलन को जन्म दे रहा है। सन 1951 में भारत में नगरीय जनसंख्या 17% थी अब आशा की जा रही है कि 2025 तक यह लगभग 42.5% तक हो जाएगी। इसका कारण यह है कि बड़ी संख्या में लोग ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़कर बेहतर अवसरों की तलाश में नगरों की तरफ पलायन कर रहे हैं। पिछले 50 वर्षों में ग्रामीण जनसंख्या 80% से घटकर 68.9% रह गई है।

भारत में गांव से नगरों की ओर पलायन की प्रवृत्ति ज्यादा है। इसके पीछे मुख्य कारण क्या है, जानने पर ज्ञात होता है कि पलायन किसी एक कारण से होने वाला घटक का परिणाम नहीं है इसके साथ कई सामाजिक कारण जुड़े होते हैं। पलायन (प्रव्रजन) का मुख्य मकसद आकांक्षाओं की पूर्ति और अवसर की उपलब्धता होता है। गांव में कृषि भूमि के लगातार कम होते जाने, आबादी बढ़ने और प्राकृतिक आपदाओं के चलते रोजी–रोटी की तलाश में ग्रामीणों को शहरों, कस्बों की और मुँह करना पड़ा। गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी, अशिक्षा व बेरोजगारी के साथ–साथ गांव में भेदभावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था के चलते शोषण और उत्पीड़न से तंग आकर भी बहुत से लोग शहरों की और रुख करते हैं। कर्ज में डूबे भूमिहीन व सीमान्त कृषकों के लिए अपनी आजीविका का एकमात्र उपाय प्रव्रजन ही है। मूल बात यह है कि प्रव्रजन साधनों के वितरण में असमानता का परिणाम है।

भारत में गांवों से नगरों की और पलायन के कारण कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। एक तरफ शहरों में पलायन से कई अराजकताओं का लगातार विस्तार हो रहा है जिसमें सामाजिक अपराध, प्रदूषण और यातायात की समस्या आम है तो दूसरी तरफ गांवों में भी पलायन से कई सामाजिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। जिसमें सामाजिक सौहार्द में कमी और सामाजिक मान्यताओं और परम्पराओं के विघटन की समस्याऐ प्रमुख हैं। ऐसे में ग्रामीण पलायन रोकने की दिशा में सार्थक प्रयास जरुरी है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के अनुसार 'शहरों को गांवों में ले जाकर ही ग्रामीण पलायन पर रोक लगाई जा सकती है।' इसी तथ्य के मद्दे नज़र अब गांवों में भी शहरों जैसी सुविधाओं का विकास हो रहा है। सरकार गांवों को अधिक से अधिक सुविधा सम्पन्न बनाना चाहती है ताकि गांवों के शहरों की तरफ पलायन को रोका जा सके। सरकार के इस प्रयास में कुछ स्वयं सेवी संगठनों की ओर से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। यह संगठन गांवों के बेरोजगारों को रोजगार के नये–नये साधन उपलब्ध करा रहे हैं। सरकारी योजनाओं और संगठनों की ओर से जागरूकता के लिए किये जा रहे प्रयासों से उम्मीद है कि अब ग्रामीणों का शहरों की और पलायन थमेगा। 'भारत निर्माण और मनरेगा' इसी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

यह बात स्पष्ट है कि ग्रामीण लोग रोजगार की तलाश में शहरों की और गमन करते हैं। साथ ही कम मजदूरी की तुलना में अधिक मजदूरी वाले क्षेत्रों में जाते हैं क्योंकि अधिक कमाई और जीवन स्तर में सुधार का एक तार्किक विकल्प उपलब्ध है। इसी कारण महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना गांवों में रोजगार उपलब्ध कराने की सबसे महत्वपूर्ण योजना साबित हुई है। रोजगार की क़ानूनी गारण्टी देने वाली यह योजना भारत ही नहीं समूचे विश्व की अपनी तरह की पहली और अनूठी योजना है। इसमें रोजगार से रहित सभी परिवारों को साल में कम से कम 100 दिन का काम पाने की क़ानूनी गारण्टी दी गई है। मनरेगा देश भर में ग्रामीण पलायन को रोकने में महत्वपूर्ण अस्त्र साबित हो रहा है। केंद्र सरकार ने ग्रामीण जीवन को खुशहाल और बेहतर बनाने के लिए भारत निर्माण कार्यक्रम भी चलाया है जिसके अन्तर्गत बुनियादी सुविधाएं जुटाने की योजनाएं चलाई गई हैं। भारत निर्माण के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा ग्रामीण टेलीफोन योजना शुरू की गई। गांवों में बिजली की आपूर्ति भी भारत निर्माण कार्यक्रम का महत्वपूर्ण पहलू है। ये योजनाएं बेहद सफल साबित हुई।

यद्यपि मनरेगा से सम्बन्धित यथार्थ प्रशासकीय तथ्यों का अभाव होने के कारण इसका विश्लेषण कुछ कठिन है किन्तु इस पर हुए कुछ अध्ययन इसकी स्थिति को स्पष्ट करने में सहायक हैं जैसे– 2009 मे कार्तिक भाटिया एव आशीष रंजन के अध्ययन बताते हैं कि मध्य प्रदेश के 57% निदर्शन श्रमिकों का मानना है कि नरेगा ने प्रव्रजन को रोकने में सहायता की है।

अम्बेडकर सामाजिक अनुसंधान केंद्र के प्रतिष्ठित शोधकर्ता आर. डी. मौर्य ने 2006 के अध्ययन के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि मांडल, झबुआ व धार में 15–20% तक प्रव्रजन कम हुआ है। यह कमी मुख्यत:

महिलाओं के प्रव्रजन में पाई गई। मनरेगा के कारण श्रम बाजार में मज़दूरों की स्थिति सुदृढ़ हुई और मजदूरी की दरो में वृद्धि हुई है। ड्रीज द्वारा 2009 के अध्ययन से पता चलता है कि नरेगा 59% तक पलायन रोकने में मदद की है और 38% बच्चों को स्कूल भेजना संभव बनाया है।

नारायण चन्द्र नायक द्वारा उड़ीसा के मयूर भंज व बालासोर जिलों के अध्ययन के आधार पर निष्कर्ष निकाला है कि 69% उत्तरदाताओं का मानना है कि नरेगा ने उन्हें अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाकर पलायन को कम करने में सहयोग दिया है। उपरोक्त अध्ययन बताते हैं कि परिवहन लागत अनिश्चित कमाई, स्वाथ्य के खतरे और महंगे जीवन और रहने की रुग्ण दशाओं जैसी समस्याओ को ख़त्म करने में मनरेगा विशेष सहायक रहा है। मनरेगा के कारण न सिर्फ पलायन थमा है अपितु शिक्षा की वृद्धि में भी सहायक रहा है। 2008 में नीरू बरा के डूंगरपुर जिले के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि यहाँ के 10-14 वर्ष की आयु के बालक गुजरात कपास फैक्ट्री में काम की तलाश में पलायन कर रहे थे जिसमें नरेगा के क्रियान्वयन के बाद 20% की कमी देखी गई है व अब ये बालक स्कूल जाने लगे हैं। मनरेगा के कारण ग्रामीणों को उचित दर पर मजदूरी प्राप्त होने के कारण वे छोटे खेत भी रखने में सक्षम हुए हैं जिससे उनकी खाद्यान्न समस्या भी कम हुई है। उनके परिवार के जीवन स्तर का विकास हुआ है। यद्यपि मनरेगा बेहद सफल सिद्ध हुआ है। किन्तु यह भी सच है की मनरेगा सहित अन्य सरकारी योजनाओ में कुछ अनियमितता के मामले भी सामने आए हैं इन पर रोक लगाने के लिए मनरेगा को पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करने की जरुरत है। मनरेगा या अन्य याजनाओ के द्वारा ग्रामीणो को उचित व योग्यता के मुताबिक रोजगार गावों में ही उपलब्ध करा दिया जाए तो लोग अपने घरों को छोड़कर दूसरी जगहों पर पलायन नहीं करेंगे। इससे उनकी सभ्यता एवं संस्कृति बचेगी, साथ ही उनके पूरे समाज का विकास होगा। सरकारी एजेंसियां एवं स्वयंसेवी संस्थानों द्वारा पलायन के दुष्प्रभावों के प्रचार की भी जरुरत है। सुदूरवर्ती गांवों में विकास योजनाओ में काम नहीं होने के कारण भी स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल पाता है। सरकार को चाहिए कि इन क्षेत्रों में विकास योजनाओ में गति लाए।

संक्षेप में, ग्रामीण पलायन रोकने के लिए सामाजिक न्याय पर आधारित समाज की स्थापना करना अति आवश्यक है। सर्वप्रथम गांवों में रोजगार के अवसर निरंतरता के साथ उपलब्ध करायें जाए। जिससे लोगों को आर्थिक सुरक्षा तो मिलेगी साथ ही वे स्वत: अपनी जीवन शैली में सुधार करेंगे। मनरेगा, भारत- निर्माण कार्यक्रम और स्वयं सहायता समूहों के जरिये इस दिशा में जो प्रयास हो रहें है उन्हें और तेज करने की जरुरत है। साथ ही सरकार द्वारा लागू लोक-कल्याणकारी योजनायें भ्रष्ट व्यक्तियों द्वारा हथिया न ली जाए, इस पर भी कड़ी निगरानी रखने की जरुरत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुरुक्षेत्र
2. उच्चतर समाजशास्त्रीय विश्वकोश - एच. के. रावत
3. भारतीय समाज - राम आहुजा
4. सामाजिक समस्याएं - राम आहुजा
5. समाचार पत्र पत्रिकांए

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

बाबुराव बागूल की कहानियों में अभिव्यक्त स्त्री वेदना के विविध रूप ('मरण स्वस्त होत आहे' कहानी संग्रह के विशेष संदर्भ में)

प्रा. व्हि. पी. नंदगिरीकर*

* सहा. प्राध्यापक (हिंदी) बॅ. बालासाहब खर्डेकर महाविद्यालय, वेंगुर्ला, त. वेंगुर्ला, जि. सिंधुदुर्ग (महा.) भारत

शोध सारांश – मराठी दलित कहानी के जनक के रूप में कहानीकार बाबुराव बागूल का नाम विशेष उल्लेखनीय है। उन्होंने दलित जीवन के भोगे हुए यथार्थ को कहानियों में उतारकर दलित जीवन की स्थिति एवं त्रासदी का यथार्थवादी चित्रण किया है। कहानीकार बाबुराव बागूल दलित वर्ग से आने के कारण उनकी स्वानुभूति और संवेदना के कारण उनकी कहानियाँ दलित वर्ग के समाज-जीवन का जीवंत दस्तावेज लगती है। उनकी विशेष संवेदना दलितों में भी दलित कही जाने वाली स्त्री के प्रति रही है। बाबुराव बागूल लिखित 'मरण स्वत होत आहे' इस कहानी-संग्रह में स्त्री वेदना के विभिन्न पहलुओं का यथार्थ विवेचन किया गया है। इस कहानी-संग्रह का पहला संस्करण 1969 ई. को प्रकाशित हुआ था और वर्ष 2024 ई. को इसका सोलहवाँ संस्करण प्रकाशित होना इस कहानी संकलन की लोकप्रियता का प्रमाण है। स्त्री और उसमें भी दलित स्त्री के जीवन एवं वेदना के संदर्भ में यह कहानी-संग्रह आज भी प्रासंगिक लगता है। घरेलू हिंसा, वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करना, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, गरीबी के कारण भूख और अभावग्रस्त जीवन का अभिशाप, प्रशासन तंत्र के भ्रष्टाचार और दबाव के तंत्र में पिसती नारी आदि का चित्रण बाबुराव बागूल जी ने विवेच्य कहानियों में बेबाकी से किया है।

शब्द कुंजी – मराठी दलित कहानी, बाबुराव बागूल, स्त्री वेदना, पुरुष प्रधान व्यवस्था, घरेलू हिंसा, यौन-उत्पीड़न आदि।

प्रस्तावना – आंबेड़करवादी विचारधारा के प्रभावस्वरूप भारत में दलित साहित्य में यथार्थवादी लेखन की शुरुआत हुई। डॉ. बाबासाहब अम्बेड़कर जी के विचार एवं कार्य ने दलित आंदोलनों की पृष्ठभूमि तैयार की और 'दलित पैंथर्स' जैसी संगठनों ने दलितों के अधिकारों के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन किए। इन आंदोलनों के कारण सन 1960 के बाद सर्वप्रथम मराठी में दलित लेखकों ने साहित्य के माध्यम से दलितों के जीवन को पृष्ठस्तर पर लाने का प्रभावकारी प्रयास किया। मराठी दलित साहित्य में विशेषकर दलित कविता और कहानियों में सदियों से उपेक्षित रहे 'दलित वर्ग' की त्रासदी एवं विडंबना का चित्रण देखने मिलता है। लेकिन इस दलित साहित्य में 'स्त्री जीवन' के विभिन्न पहलुओं का भी सूक्ष्म अंकन दृष्टिगत होता है। विवेच्य शोधालेख में बाबुराव बागूल लिखित 'मरण स्वत होत आहेय इस कहानी-संग्रह में अभिव्यक्त हुए स्त्री विमर्श के विभिन्न पहलुओं का यथार्थ विवेचन किया गया है। इस कहानी-संग्रह का पहला संस्करण 1969 ई. को प्रकाशित हुआ था और वर्ष 2024 को इसका सोलहवाँ संस्करण प्रकाशित हुआ है। लेकिन स्त्री और उसमें भी दलित स्त्री के जीवन एवं वेदना के संदर्भ में यह कहानी-संग्रह आज भी प्रासंगिक लगता है।

विषय विवेचन – मराठी दलित कहानी के जनक के रूप में कहानीकार बाबुराव बागूल नाम विशेष उल्लेखनीय है। उन्होंने दलित जीवन के भोगे हुए यथार्थ को कहानियों में उतारकर दलित जीवन की स्थिति एवं त्रासदी का यथार्थवादी चित्रण किया है। कहानीकार बाबुराव बागूल दलित वर्ग से जुड़े होने के कारण उनकी स्वानुभूति और संवेदना के कारण उनकी कहानियाँ दलित वर्ग के समाज-जीवन का जीवंत दस्तावेज लगती है। उनकी विशेष संवेदना दलितों में भी दलित, कही जाने वाली स्त्री के प्रति रही है। वे दलित समाज की अधोगति का एक कारण सामाजिक विषमता के साथ-साथ दलित स्त्री की अधोगति को भी मानते हैं। क्योंकि किसी भी समाज एवं घर के उत्थान के लिए एक सक्षम स्त्री का होना जरूरी है। इस दृष्टि से बाबुराव बागूल जी अपनी कहानियों में दलित स्त्री के बदतर जीवन, उसके संघर्ष, प्रताड़ना, वेदना के साथ-साथ उसमें नारी चेतना को विद्रोही स्वर को भी प्रस्तुत करते हैं। 'मरण स्वस्त होत आहेय इस मराठी कहानी संग्रह में 'लुटालूट', 'सक्तमजुरी', 'भूक', 'आई', 'मैदानातील माणसे', 'शिक्षण', 'मरण स्वस्त होत आहे', 'मवाली', 'जुलूम', 'तहान', 'कवितेचा जन्म' आदि 11 कहानियाँ संकलित हैं। इन कहानियों में अभिव्यक्त स्त्री की वेदना के विविध आयामों का विवेचन इस प्रकार है-

बाबुराव बागूल की कहानियों में अभिव्यक्त स्त्री वेदना के विविध रूप : बाबुराव बागूल मूलतरू मराठी दलित कहानीकार थे इसकारण उनकी कहानियों का परिवेश मूलतरू महाराष्ट्र के दलित जीवन से संबंधित रहा है। इसकारण उनकी कहानियों में स्त्री जीवन का चित्रण भी इसी परिवेश से संबंधित है। यह कहानियाँ भले ही महाराष्ट्र के परिवेश से संबंधित है लेकिन इसमें आविष्कृत स्त्री की वेदना सनातन और वैश्विक है। 'मरण स्वत होत आहेय इस कहानीसंग्रह में बाबुराव बागूल ने महाराष्ट्र के ग्रामीण और महानगरीय परिवेश में जीवनयापन करने वाली दलित जाति एवं जनजातियों की स्त्री जीवन का यथार्थवादी अंकन किया है। दलित स्त्री के वास्तविक जीवन को सामने लाना चाहते थे। वे अपने कहानियों के विषय संदर्भ में कहते हैं कि, 'आपलं लेखन लेबर कॅम्पचं, आपलं नाव बाबुराव बागूल राहणार माटूंगा लेबर कॅम्प...पाठीमागे एक ही डिग्री नाही' कथा विषय बहिष्कृत मानलेल्या लोकांच्या जीवनातून घेतलेले, भाषा त्यांची, ह्या मला माझ्या अडचणी वाटल्या'[1] (अर्थात् मेरा लेखन लेबर कॅम्प का, मेरा नाम बाबुराव बागूल पता माटूंगा लेब कॅम्प...पीछे एक भी डिग्री नहीं. कहानी का विषय

बहिष्कृत माने गए लोगों के जीवन से लिए हुए, भाषा भी उनकी, ये कुछ मेरी समस्या रही।) स्पष्ट है कि बाबुराव जी ने अपनी कहानियों के कथ्य को लेकर जो समस्या मानी थी वही समस्या दलित जीवन के यथार्थवादी लेखन का आधार बनी है। क्योंकि उन्होंने दलित जीवन और स्त्री जीवन की यथार्थता को बिना किसी झिझक के खुलकर साकार किया है क्योंकि वे भारत के पुरुषप्रधान समाज व्यवस्था के घिनौने चेहरे का पर्दापाश करना चाहते थे। 'मरण स्वत होत आहेय इस कहानी-संग्रह की अधिकांश कहानियों में बाबुराव जी ने स्त्री की दयनीयता एवं उसके प्रचंड शोषण की दास्ताँ को शब्दबद्ध किया है। विवेच्य कहानी-संकलन में शामिल 'लुटालूट', 'आई', 'मैदानातील माणसे' आदि कहानियों में दलित स्त्री जीवन की भयावहता का वर्णन दृष्टिगत होता है। 'लुटालूट' इस कहानी में वंचाला, गंगू, पुतला और सोना इन नारी पात्रों के जरिए महानगरों में वेश्याओं के शारीरिक एवं आर्थिक शोषण को अभिव्यक्त किया गया है। मजबूरी से वेश्या व्यवसाय में आई दलित स्त्रियों के नारकीय जीवन को यह कहानी बया करती है। जब तक युवावस्था रहती है, तब तक चकले की मुकादम महिला और ग्राहक उसके शरीर और आमदनी को लूटते रहते हैं। जीवन के आखरी समय में वे एक भयावह बीमारी या फिर फूटपाथ पर लावरीस की तरह मरने के लिए मजबूर हो जाती है। वंचाला अपने पति की प्रताड़ना से तंग आकर मायके में आती है लेकिन उसका बेरहम पिता और चकला चलाने वाली उसकी सगी फूफा गंगू उसे रूपयों की लालच में वेश्या व्यवसाय की दलदल में फेंकते हैं। महानगर की झोपड़पट्टी में गंगूबाई, सोनी, पुतला ये सभी महिलाएँ किसी-न-किसी मजबूरी में वेश्या व्यवसाय में आई है।

चकले की मालकीन गंगूबाई को उसके पति ने अपनी गिरवी पड़ी पुश्तैनी जमीन को छुड़ाने के लिए एक दलाल को बेचा था। वह महानगर में आकर पहले एक साधारण वेश्या के रूप में जीवनयापन करने लगती है और बाद में वेश्याबस्तियों की क्रूरता एवं शोषण को स्वयं आत्मसात करके चकले की मालकिन बन जाती है। वस्तुतरू खुद भोगे हुए दुःख को समझकर उसे दूसरों की मदद करनी चाहिए थी लेकिन वह अपने शोषण का बदला दूसरी महिलाओं से लेती है। यहाँ तक कि वह अपने सगी भतीजी वंचाला को भी बख्श नहीं देती। अपने भाई की गृहस्थी को चलाने के लिए वह भतीजी को ज्यादा-से-ज्यादा ग्राहक करने का दबाव बनाती है। गंगूबाई की दहशत से पुतला हमेशा डर के साये में जीती रहती हैं कि उसकी आमदनी कम होने पर गंगूबाई उसे निचले स्तर की वेश्याओं में धकेल देगी-'संध्याकाळपर्यत जर काही प्राप्ती झाली नाही तर गंगू आपणाला कमी दर्जाच्या वेश्यांत फेकून देईल. तिथे रोग, भुकेच्या पायदळी तुडवून मरावे लागेल...पुढे महारोगाने...।'[12] (अर्थात् शाम होने तक कुछ कमाई नहीं हुई तो गंगू मुझे कम दर्जे की वेश्याओं में फेंक देगी। वहाँ बीमारी, भूख के पैरों तले रौंदकर मरना होगा3आगे महारोग से...।) स्त्री को केवल भोग की वस्तू समझकर उसे पैरों तले रौंदनेवाली पुरुषी मानसिकता पर बागूल इस कहानी के माध्यम से करारा व्यंग्य कसते हैं।

'आई' इस कहानी में पांडू की माँ बेहद खूबसूरत है। इसकारण उसका पति हमेशा उसपर शक करता था। उसके बड़े भाई ने उस पर हाथ डालने की कोशिश करने के कारण वह उसकी हत्या करके अपने पत्नी के साथ विविध जगहों में घूम-फिरकर आखिरकार मुंबई की झोपड़पट्टी में आकर बसता है। लेकिन यहाँ भी बस्तीवालों की नजर अच्छी नहीं थी। कुछ समय बाद उसके पति को क्षय की बीमारी होने के कारण उस पर घर की जिम्मेदारी आती है। तब वह मिट्ठी का काम करने बाहर जाती है लेकिन संशयी पति उसके चरित्र पर हमेशा शक करके, उसे गालियाँ देता रहता है। बाबुराव बागूल ने केवल दलित ही नहीं, तो स्त्री जाति के लिए आभिशाप बने पुरुषवादी मानसिकता को इस कहानी में व्यक्त किया है। बीमार इंसान की अकेली और सुंदर युवा बीवी पर महंमद मेस्त्री, वालजी शेट, दगड्या जैसे वासनांध पुरुष गिद्ध की तरह झपटने के लिए आतूर थे। वह जब इन्कार करती है तो उसपर लांछन लगाकर उसे पीटते हैं । उसका पड़ोसी दगड्या उसे पीटता था- 'पिसाळल्यासारखा तो तिला मुरगाळू लागला, तिला मारू लागला. त्याने तिची चोळी फाडली. कैक वेळा तिला अंगाशी दाबली आणि तिला खाली पाडून तो तिचे लुगडे सोडू लागला.'[13] (अर्थात् पागल की तरह वह उसे पीटने लगा। उसके कपड़े फाड़ने लगा। कई बार उसके शरीर को रौंदा और नीचे गिराकर उसकी साड़ी निकालने लगा।) स्पष्ट है कि अकेली और सुंदर स्त्री को अपनी इज्जत बचाने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। पांडू की माँ इन वासनांध पुरुषों से तंग आकर सुरक्षा हेतु अपने मुकादम की रखैल बन जाती है। लेकिन मुकादम के साथ संबंध बनाने से भी इन सभी के पुरुषी अहम को चोट लग जाती है और वे उसे बस्ती की 'रंडी' कहकर पुकारने लगते हैं।

'मैदानातील माणसे' इस कहानी में फूटपाथ पर रहनेवाली दलित और अन्य पिछड़ा जनजातियों की महिलाओं के पशुवत जीवन का वर्णन है। कपकपाती ठंड में खाली मैदान पर रहने वाले भिखारियों के जीवन का वर्णन इसमें आया है। कहानी में एक युवा गर्भवति भिखारी का वर्णन आया है। वासनांध पुरुष समाज के हर तपके के स्त्री का शोषण ही करता है। कहानी में फुटपाथ पर रहनेवाली एक भिखारी युवती को भी बख्शा नहीं जाता। किसी पुरुष ने उसे अपनी काम-वासना का शिकार करने के कारण वह गर्भवति बन गई है। पुरुष तो अपनी वासना को शांत करके चला जाता है लेकिन उसके बाद उस भिखारी युवती की दयनीय स्थिति का अंकन एक प्रसंग में आया है। फुटपाथ पर जहाँ केवल सभी प्रकार का अभाव रहता है वहाँ पर उसे अपनी प्रसुति के लिए कहाँ से सुविधा मिलेगी? वह कपकपाती ठंड, गंदे माहौल और लोकलाजवश झाड़ियों के सहारे एक बच्चे को जन्म देती है और खुद ही उसकी नाल काँटती है-'आणि ती झाडोऱ्यात बाळंत झालेली तरूण माता रक्ताने भरलेली नेसू आणि इतर फडकी, नाळ वगैरे पुरण्यासाठी धारदार दगडाने खव खणण्याची खटपट करीत होती आणि थंडी अधिकच तीव्र होत चालली होती.'[14] (अर्थात् और वह झाड़ियों में बच्चे को जनी युवा माता खून से भरी साड़ी और अन्य कपड़े, नाल आदि को दफनाने के लिए तेजधार पत्थर से गड्ढा खोदने की जद्दोजहद कर रही थी और ठंड और ज्यादा तीव्र हो रही थी।) स्पष्ट है कि झोपड़पट्टी और फूटपाथ पर रहनेवाली स्त्रीयों के भयावह और कारूणिक जीवन का चित्रण यहाँ दृष्टिगत होता है।

'भूक' इस कहानी में दलित स्त्री के जीवन में सनातन सत्य होने वाले 'भूख' इस समस्या को अंकित किया गया है। बारीश के कारण नदी में आई बाढ के चलते मछी पकड़ने का काम बंद हुआ है। इसकारण कहानी की भागू मछवारिन और उसके दो बच्चे भूख से तड़पत रहे हैं। भागू दो दिन से बुखार से तप रही है और दोनों बच्चों को भिख माँगकर खाने के सिवाय कोई दूसरा उपाय नहीं। लेकिन वे बच्चे जब भीख माँगने के लिए जाते हैं तो लोग बासी और सड़ा हुआ खाना उन्हें देते हैं। इसलिए बारीश रोकने के बाद भागू मछवारिन अपने बच्चों की भूख की खातिर तेज बुखार के बावजूद नदी के ठंडे पानी में उतरकर मछली पकड़ने की कोशिश करती है - 'भागू कोळीणही अशीच थंडी तापाने आजारी पडली होती. तिच्या आजाराने अन् सतत पडल्या पावसाने तिची दोन्ही मुले भुकेने हैराण झाली होती. मिळेल ते भिक्षेच अन्न

खाऊन ती रडत अथवा खिन्न होऊन तिच्या उशा-पायथ्याशी बसत होती. दुरूखाने, भुकेने दिवस लोटत होती.'[5] (भागू मछुआरन बुखार से बीमार थी। उसकी बीमारी और निरंतर बारीश से उसके दोनों बच्चे भूख से हैरान हुए थे। जहाँ से मिले भीक्षा का अन्न खाकर वह रोते या फिर उदास होकर उसके सिराने बैठते थे। दुरूख, भूख से दिन बीता रहे थे।) अपने बच्चों की भूख मिटाने के लिए वह बुखार होने बावजूद नदी के ठंडे पानी में उतरती है। और रात को उसका बुखार बढने से उसकी करूण मौत हो जाती है।

'सक्तमजुरी' इस कहानी में फर्नाडीस दादा शराब का नशा करता है। कर्ज में डूबा फर्नाडीस दादा तीन पत्ती जुवे के जरिए अपने परिवार को चलाने की कोशिश करता रहता है। शराबी फर्नाडीस हर वर्ष उसकी बीमार एवं कृशकाय पत्नी पर मातृत्व की जिम्मेदारी थोप ही देता है। उसे छह बच्चे हैं और सातवा बच्चा उसकी पत्नी की पेट में है। उसमें से तीन बच्चे दमे और अतिसार की बीमारी से ग्रस्त रहते हैं। पत्नी जब भी फर्नाडीस दादा के नशे और नाकामी पर बोलती है तब वह उसे बुरी तरह पीटता है-'आणि तिने दैन्यामुळे दुष्ट बनलेल्या त्याच्या स्वभावावर असा प्रहार करताच तो चिडून तिला मारू लागला. तीही प्रत्येक फटक्याला शिव्याशाप देत त्याचे उणे वर्णू लागली. मार खाता खाता, शिव्या देता देता ती बेशुद्ध पडली.'[6] (अर्थात् - और उसने गरीबी से दुष्ट बने उसके व्यक्तित्व पर प्रहार करते ही वह गुस्साया और उसे पीटने लगा। वह भी हर फटके पर गालियाँ, शाप देते हुए उसकी खामियों को गिनाने लगी। मार खाते-खाते, गालियाँ देते-देते वह बेहोश हो गई।') स्पष्ट है कि फर्नाडीस दादा की पत्नी पुरुषी अहंकार के कारण घरेलू हिंसा की शिकार होती है। महिला जब भी पुरुषी की खामियाँ गिनाती, उसके अहं को ठेंस पहुँचाती है तो पुरुष वहशी होकर बल का ही प्रयोग करके महिला को हारने की कोशिश करता है। 'शिक्षण' कहानी में भी लक्ष्मण जाधव अपने जिजाजी की हत्या इसलिए करता है कि वह बहन पर अत्याचार करता ही था, साथ ही वह उसकी माँ की इज्जत पर भी हाथ डालने की कोशिश करता है। अर्थात् स्त्री सड़कों पर तो असुरक्षित हैं ही घर में भी उसकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है।

'मवाली' इस कहानी में गिरिजा नामक युवती की कहानी आती है। गिरीजा को किसी ने प्रेम के जाल में फँसाया था और उसे मुंबई में लाकर वेश्यावृत्ति की दलदल में धकेला था। उस प्रेमी से उसे एक बच्चा भी हो जाता है और उस बच्चे की परवरीश के खातिर वह वेश्यावृत्ति को मजबूरन स्वीकार लेती है। लेकिन पुरुषों की वासनांधता गिरीजा को वहाँ भी चौन से रहने नहीं देती। पीटर नाम का मवाली और उसके साथी गिरिजा पर बलात्कार करने की कोशिश करते हैं-'आणि तो तिचा गळा, पाट, कंबरेकडे बघता बेफाम झाला. पटकन पुढे होऊन तिला बिलगला अन् त्याने कुर्त्यासारख्या मोठ्यामोठ्या दाताने तिच्या गालाचा कडाडून चावा घेतला. तशी ती कळवळून ओरडली. गाल तुटून पडला की काय तपासू लागली. तो चावला होता तिथे बारीक रक्ताच्या थेंबाचा गोलावा उठला होता.'[7] (अर्थात- और वह उसकी गर्दन, पीठ, कमर की ओर मदहोशी से देखने लगा। झट से आगे जाकर उसे जकड़ लिया और कुत्तो की तरह बड़े-बड़े दाँतों से उसके गाल को जोर से काँटा। वह दर्द से चिल्लाई। गाल टूटकर गिर तो नहीं गया, टटोलने लगी। जहाँ पर उसने काँटा था वहाँ पर खून की बूँद का छोटा-सा धब्बा था।') तब दो गिरोह में जोरदार मारपीट होती है और बहुत से लोग मर जाते हैं। अतृप्त कामवासना के कारण वासनांध पुरुषों के कारण झोपड़पट्टी की महिलाओं की असुरक्षित जीवन का यहाँ दर्शन होता है।

'जुलूम' इस कहानी में भी पुलिस और गुंडा मायकल द्वारा फ्रेड्रीक और एलिझा नाम की दम्पति का छल करने का वर्णन आया है। वस्तुत गुंडा मायकल की नियत ठिक नहीं थी और वह एलिझा को भोगना चाहता था। वह उसे बार-बार भगाकर ले जाने की धमकी भी देता था। लेकिन उसके इन्कार करने से मायकल पुलिस की मिलीभगत से बस्ती में हुए सखाराम की हत्या में फ्रेड्रीक को फँसाता है। फ्रेड्रीक की जमानत के लिए वह दर-दर की ठोकरें खाती है लेकिन मायकल और पुलिस की दहशत से कोई जमानत के लिए तैयार नहीं होता। पति की गैरहाजिर में वह गुंडे और पुलिस के भ्रष्टाचार के कारण पागल हो जाती है-'खुनाच्या संशयावरून पकडलेल्या माणासाला पकडलं तर जामीन घेत नाहीत-' तर तिला हे पटत नव्हते. ती प्रत्येकाला दुष्ट, दांभिक म्हणून शिव्या देत होती. निरपराध नवऱ्यासाठी ती वेडी होऊन गेली होती3फिरत होती...!'[8] (अर्थात् 'हत्या के संशय से पकड़े व्यक्ति की जमानत नहीं हो सकती, उसे यह बात स्वीकार नहीं थी। वह सभी को दुष्ट, अहंकारी कहकर गालियाँ दे रही थी। बेगुनाह पति के लिए वह पागल हुई थी3घूम रही थी...!) आखिर में उसके दिमाग में खुदकुशी के विचार आने लगते हैं। एलिझा के रूप में बागूल ने नारी विद्रोह का छोटा-सा प्रयास विवेच्य कहानी में दिखाया है लेकिन मायकल की गुंडागर्दी, बस्तीवालों का असहयोग और पुलिस तंत्र की भ्रष्ट व्यवस्था के सामने उसका विद्रोह ज्यादा समय तक टिक नहीं पाता और वह पागल हो जाती है। स्पष्ट है कि स्त्री समाज व्यवस्था के हर स्तर पर शोषण का शिकार पाई जाती है। स्त्री का व्यवस्था को चुनौती देना पुरुषी मानसिकता को रास नहीं आता और वह उसे दबाकर रखता है।

निष्कर्ष- उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि मराठी कहानीकार बाबुराव बागूल लिखित 'मरण स्वस्त होत आहे' (मरना सस्ता हो रहा है) इस कहानी संग्रह में समस्त स्त्री पात्र भारतीय पुरुषप्रधान व्यवस्था के जटिल बंधनों एवं अन्यायी तंत्रों की शिकार नजर आती है। वह केवल घर में ही नहीं तो गली, नुक्कड़, चौराहे तक असुरक्षितता का अनुभव करती है। नारी को केवल कामवासना तृप्ति का साधन समझने वाले पुरुषी मानसिकता की विकृति को बागुल ने विवेच्य कहानी संकलन की कहानियों में दर्शाया है। घरेलू हिंसा, वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करना, गरीबी के कारण भूख और अभावग्रस्त जीवन का अभिशाप, प्रशासन तंत्र के भ्रष्टाचार और दबाव के तंत्र में पिसती नारी आदि का चित्रण बाबुराव बागूल जी ने बेबाकी से किया है। किसी भी कहानी में स्त्री विद्रोह करती नजर नहीं आती इसका अर्थ यह है कि पुरुषप्रधान समाज-व्यवस्था के बंधनों ने उसे पूरी तरह जकड़ लिया है। यह कहानियाँ तत्कालीन स्त्री जीवन की वेदना का आयना है और वर्तमान स्थिति में भी इसमें से अधिकांश कहानियाँ प्रासंगिक लगती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बाबुराव बागूल, दलित साहित्य रू आजचे क्रांतिविज्ञान, बुद्धिस्ट पब्लिशिंग हाउस, सं.1981 ई. पृ.क्र. 203
2. बाबूराव बागूल, कहानी-संग्रह - मरण स्वस्त होत आहे (कथा-लुटालूट', लोकवाङ्मय गृह, सयानी रोड, लेनिनग्राड चौक, मुंबई-400025 सोलहवाँ संस्करण, 2024 ई. पृ.क्र. 08
3. वही, कथा- आई, पृ.क्र. 38
4. वही, कथा- मैदानातील माणसे, पृ.क्र. 45
5. वही, कथा- भूक, पृ.क्र. 20
6. वही, कथा- सक्तमजुरी, पृ.क्र. 12
7. वही, कथा- मवाली, पृ.क्र. 85
8. वही, कथा- जुलूम, पृ.क्र. 85